थू – ब्राह्मणवाद

विषय–सूचि

अध्याय : 1 ब्राह्मणवाद क्या है ?

1.1 ब्राह्मणवाद :

मानसिकता कि ब्राह्मण सर्वोच्च है

1.1.1 ब्राह्मणवाद : सदैव असत्यमेव जयते

1.1.2 ब्राह्मणधर्म बनाम हिन्दुधर्म

1.1.3 "ब्राह्मणिक आर्य" नस्ल नहीं : भक्षण संस्कृति

1.2 ब्राह्मण का अर्थ

1.2.1 कर्म सें ब्राह्मण

1.2.2 जन्म सें ब्राह्मण

1.2.3 शुद्धिकरण सें ब्राह्मण

1.3 भारतीय इतिहास का अहम मोड़ **(Turning Point of History of India)**

1.4 ब्राह्मण की सर्वोच्चता

1.4.1 ब्राह्मण सर्वोच्च कैसे बना

1.4.2 सर्वोच्चता के लिए खून की नदियां बहाईं

1.4.2.1 क्षत्रियों का बीजनाश किया

1.4.2.2 बौद्धों जैनों का कत्लेआम किया

1.4.2.3 मूल भारतीयों का कत्लेआम किया (असुर दैत्य रक्षक आदि)

1.4.3 सर्वोच्चता के लिए शास्त्र प्रयोग

1.5 ब्राह्मणवाद का वास्तविक चेहरा

1.6 धूर्त चालें : सर्वोच्च बने रहने के हत्थकण्डे

1.6.1 धार्मिक गुलगण्डी खाई

1.6.2 ब्राह्मण को पण्डित घोषित किया

1.6.3 ब्राह्मण को ''पाप प्रूफ'' घोषित किया

1.6.4 इतिहास में जोड़ तोड़

1.6.5 भारत देश का नाम बदचलन लोगों के नाम किया

1.6.6 विजेता हमलावरों को क्षत्रिय घोषित किया

1.6.7 नित्य नए हत्थकण्डे

अध्याय : 2

साम, दाम, दण्ड, भेद

(अर्थात ब्राह्मणवाद की सनातन नीति : फूट डालो और राज करो)

2.1 साम

2.2 दाम

2.3 दण्ड

2.4 भेद

अध्याय 3

ब्राह्मणवाद के चार सतम्भ : धर्म अर्थ काम मोक्ष

3.1 धर्म : वास्तविक अर्थ
3.1.1 ब्राह्मणिक धर्म का अर्थ
3.1.2 ब्राह्मण धर्म के गूढ़ रहस्य
3.1.3 दयानन्दी आर्य धर्म
3.1.4 पाप हटाने के ब्राह्मणवादी रास्ते

3.2 अर्थ
3.2.1 पैसा बनाने के हत्थकण्डे
- देवताओं की फौज खड़ी की
- मृत्यु : कमाई का मुख्य साधन
- सती होने में भी कमाई
- "उपाय" कोई बच नहीं पाये
- पुरोहिताई

3.2.2 ब्राह्मण को दान देने के नियम
3.2.2.1 दक्षिणा दो कुछ भी करवाओ

.

3.3 काम
3.4 मोक्ष
मोक्ष और निर्वाण में कोई समानता नहीं

अध्याय 4
गोधर्म
ब्राह्मणवाद यानि गोधर्म

4.1 गोधर्म का आरम्भ
4.2 गोधर्म : ब्राह्मणों का सनातन धर्म
4.3 नियोग ही धर्म है
4.4 विवाह–प्रथा भी गोधर्म की सूचक
4.5 गोधर्म सें उत्पन पुत्रों की किस्में
4.6 वेश्यावृति भी धर्म / वेश्यावृति भी ब्राह्मण धर्म का अंग
4.6.1 वेश्याओं की किस्में
4.6.2 सनातन धर्म में वेश्या की स्थिति
4.6.3 अनंगव्रत का उपाय
4.6.4 ब्राह्मणधर्म की आध्यात्मिक वेश्याएं
4.6.5 देवदासी : धर्म की आड़ में ऐयाशी
– देवदासियों की सात किस्में

4.7 भगवन बुद्ध द्वारा गणिका उद्धार

अध्याय 5

ब्राह्मणवाद के ध्वजवाहक

5.1 हरामी व नपुंसक ऋषि

5.2 हरामी व नपुंसक देवता
5.3 हरामी व नपुंसक नायक
5.4 ब्राह्मण–धर्म की देवियां भी कम नहीं
5.5 महानायक : राम
5.5.1 राम जन्म वृतांत
– यजुर्वेद की विधि
– यह पयस क्या है ?
5.5.2 राम .... और मर्यादा
– जन्म सें अंत तक
– भरत जैसे भाई सें भी धोखा
– यह थी रघुकुल रीत
– भगवन वाल्मिकी की नजर में राम
5.5.3 राम कथा की सत्यता
5.6 महानायक : कृष्ण
5.6.1 बचपन सें मरने तक
5.6.2 राधा और गोपियों के साथ ऐयाशी
5.6.3 कृष्ण और कुब्जा
5.6.4 बाकी उम्र की जालसाजियां
– कृष्ण की गांधीगिरी
– कर्ण को घिनौनी ऑफर
5.6.5 महाभारत : भारत के वीर मरवाए
5.6.6 गोहत्या में भागीदार

अध्याय 6
यज्ञ

6.1 यज्ञ का अर्थ
6.2 यज्ञ में खूनखराबा अनिवार्य
6.3 यज्ञ में व्यभिचार अनिवार्य
6.4 यज्ञ में शराब अनिवार्य
6.5 यज्ञ में माँस भक्षण अनिवार्य
6.5.1 नरमेध यज्ञ
6.5.1.1 ऋग्वेद में नरमेध
6.5.1.2 पुराणों में नरमेध
– पुराणों की नरभक्षी देवियां
6.5.1.3 यजुर्वेद में नरमेध
6.5.1.4 राम राज्य में नर माँस
6.5.1.5 नर भक्षण के अन्य प्रसंग

6.5.2 गोमेध यज्ञ
– गाय काटने व गोमांस बांटने के नियम
– गोमेध के ब्राह्मणिक लाभ
6.5.3 अश्वमेध यज्ञ
– लीद यज्ञ
– अश्व मिलाप
6.6 यज्ञ में दक्षिणा : धन कमाने का साधन

अध्याय 7
गाय भक्षण सें गाय पूजा का पैंतरा

7.1 गोमांस प्रिय भोजन
7.2 श्राद्ध में गोमांस
7.3 मधुपर्क में गोमांस
7.4 गाय भक्षक : ब्राह्मण ऋषि
7.5 गाय भक्षक : देवता
7.6 गाय हन्ता : अवतार

अध्याय 8
ब्राह्मणवाद यानि स्त्रियों की दल्लागिरी

8.1 नारी शोषण : सतीत्व की परिभाषा
8.2 नारी शोषण : देवों का धर्म कार्य
——देवों की धाक
8.3 नारी शोषण : ऋषियों का धर्म कार्य
8.4 ब्राह्मणधर्म के अमानवीय नियम
8.5 आर्य नारी : मात्र जूए का दांव
8.6 सती प्रथा : पतिव्रता होने की सजा
8.7 नारी को गर्क करने वाल : तुलसी
8.8 देवों, ऋषियों तथा ब्राह्मणों द्वारा औरतों की दल्लागिरी
—— दासी प्रथा
8.9
8.10

अध्याय 9

सुधारकों का क्रूर दमन

9.1 प्रथम सुधारक : महात्मा रावण
9.1.1 क्या महात्मा रावण बौद्ध थे?
9.1.2 क्या उनकी लंका सिन्धु साम्राज्य है? (तबाह की इन्द्र ने. कहानी गढी राम की)
लंका में सभी के भवन एक समान थे. महाराजा रावण का महल भी दूसरे भवनों सें भिन्न नहीं था. सिन्धु साम्राज्य के मोहनजोदड़ो हड़प्पा नगरों में कहीं भी राजा का महल नहीं मिला है. सभी भवन एक जैसे मिले हैं.
9.1.3 महात्मा रावण की देन

9.2 असुर आंदोलन
9.2.1 जालन्धर दैत्यराज का यूटोपिया नष्ट किया विष्णु ने
9.2.2 प्रहलाद : इन्द्र को मारने वाला
9.2.3 भैरव
9.2.4
9.3 क्षत्रियों का विद्रोह यानि शूद्रों की उत्पत्ति
9.4 बौद्ध व जैनों का नर संहार
9.5 आंतरिक संघर्ष

अध्याय 10

दिमागी गुलामी के सिद्धांत

10.1 गीता : दिमागी दिवालियेपन की पुस्तक
10.1.1 अवतार का सिद्धांत

भगवन बुद्ध और अवतार : कभी नहीं!
10.1.2 आत्मा का सिद्धांत
10.1.3 कर्म का सिद्धांत
10.2 वेद : ऐसे ज्ञान के भण्डार
10.3 उपनिषदों का धूर्त ज्ञान
10.4 सत्ययुग बनाम कलियुग
10.5 गायत्री मन्त्र
10.6 श्राद्ध
10.7 पुराण महाभारत : महागप्पें
10.8 जातिवाद

अध्याय 11

सत्य का दमन

11.1 ऋषि आश्रम अर्थात ऐयाशी के अड्डे
11.2 ब्राह्मणों की रक्त शुद्धता?
11.3 ब्राह्मणों की रक्त पिपासा
11.4

अध्याय 12

ब्राह्मण-पूजक महान घोषित किये गये चाहे.......

12.1 गांधी : मक्कार
12.2 शिवाजी :
12.3 अकबर : जंवाई
12.4 पेशवा : अग्रजों के पिठू

अध्याय 13

अगर उन्होने आज ऐसा किया होता तो • • • •
1.2.4 शब्दावली : असुर, राक्षस, दैत्य, देव, किन्नर, गंधर्व, यक्ष, दानव, अप्सरा, इन्द्र,गणिका, नियोग, गोधर्म, साम–दाम, यज्ञ, मेध, गौमेध, अश्वमेध, नरमेध, हवि, यज्ञशेष, आश्रम, अवतार, चार आश्रम, चार युग, चार लक्ष्य, श्राद्ध, उपनिषद, गायत्री

अध्याय 14

तो हल क्या है • • • •

प्रस्तावना

"..that the real method of breaking up the Caste System was not to bring about inter-caste dinners and inter-caste marriages but to destroy the religious notions on which Caste was founded."

"...that only the Shudras can destroy the systems of caste and varna".

Dr. Babab Sahib Ambedkar (Vol. 7.18)

अर्थात "जातिवाद को समाप्त करने का सही व कारगर ढंग मात्र सह–भोज तथा अन्तरजातीय शादियां नहीं हैं. जातिवाद को समाप्त करने का एक मात्र रास्ता है कि *उन धार्मिक सिद्धांतों को नष्ट किया जाए जिन पर जातिवाद की नींव रखी गई है."*

"मात्र शूद्र ही जातिवाद को नष्ट करेंगे!" बाबा साहिब अम्बेडकर

यह शब्द बाबा साहिब ने आधी सदी पहले कहे थे, जो आज भी उतने ही सत्य हैं जितने उस समय थे. पिछले 60 सालों में दुनिया बदल गई मगर जातिवाद और छूआछात वहीं की वहीं है. आज भी वे बातें वैसे की वैसे सच हैं. आदमी चांद तक हो आया मगर ब्राह्मण आज भी पुरोहित है तथा भंगी आज भी वैसे ही सिर पर पाखाना ढो रहा है. मरे हुए पशु की खाल आज भी वही "चमार" उतार रहा है. व्यापार पर पहले भी बनिये का कब्जा था आज भी वही कब्जा किए बैठा है. जमीन पर पहले भी ठाकुरों और ब्राह्मणों का कब्जा था. आज भी वही जमींदार है.

दूसरी महत्वपूर्ण बात जो बाबा साहिब ने कही वह यह है कि दलितों को अपनी आजादी स्वयं अपने दम पर हासिल करनी पड़ेगी. किसी ब्राह्मण बनिये सें यह उम्मीद करना कि वह हमें इस नर्क सें मुक्ति दिलाएगा, सरासर बेवकूफी है. हमें अपनी गुलामी की जंजीरें स्वयं काटनी पड़ेंगी.

प्रश्न उठता है कि हम इस सिस्टम को बदल क्यों नहीं पाए. इसका उत्तर है कि जब तक शंकाएं नहीं उपजतीं, तब तक प्रगति अथवा बदलाव असंभव है. ब्राह्मणिक अध्यात्मवाद में सवाल करने या शंका उठाने की मनाही है. वेद का वचन ही अंतिम सत्य है. किसी धूर्त ने उस में जातिवाद धुसेड़ दिया तो आज जातिवाद भगवान का आदेश बन गया है. किसी को भी जातिवाद या छूआछात की वैधता पर सवाल उठाने का अधिकार नहीं है. हम जी जान सें कोशिश करके भी इस वेद वचन को लोगों के मन सें निकाल नहीं पाए हैं.

अतः बाबा साहिब ने सत्य कहा है कि यदि जातिवाद की ऊँच नीच को समाप्त करना है तथा भारत को प्रगति करनी है तो ब्राह्मणवाद का ढ़कोसला जड़ मूल सें खत्म करना होगा. वेद और दूसरे धर्म ग्रन्थ बेकार की रचनायें हैं. अब समय आ गया है कि हिन्दू इस अंधे कूंए सें बाहर आयें. उन सड़ियल विचारों को त्यागें जो ब्राह्मणों ने फैला रखे हैं. ब्राह्मणवाद सें मुक्ति पाये बिना भारत का कोई भविष्य नहीं है. (खण्ड 8.16)

ब्राह्मणिक सिस्टम सड़ चुका है. उनकी सभ्यता और संस्कृति एक सड़े हुए बदबूदार पोखर जैसी हो गई है. जब तक भारतीय इस बदबूदार पोखर सें बाहर नहीं आएंगे, वे जान ही नहीं पाएंगे कि बिना ऊँचनीच के समाज में कैसी बयार बहती है.

लेकिन ब्राह्मणवाद के सड़ियलपन के सत्य को उजागर करना हर एक के बस की बात नहीं है. कबीर साहेब ने छः सदी पहले कहा था :

साधो देखो जग बौराना !
सांच कहै तो मारन धावै, झूठे जग पतियाना!!

अर्थात देखो हे लोगो, यह जगत पगला गया है. जब कोई सच्ची बात कहता है तो लोग उसे मारने को दौड़ते हैं लेकिन जो उन्हें झूठ बोल कर गुमराह करता है वे उसके पांव पूजते हैं.

महात्मा रावण सें लेकर गुरू रैदास तक को ब्राह्मणवाद के विरुद्ध सच बोलने पर सरेआम कत्ल किया गया. लेकिन सच्चा व्यक्ति मार के डर सें सच कहने सें नहीं डरता. अगर सच्चा आदमी ऐसे ही डरता तो इस दुनिया सें सत्य तो कभी का मर लिया होता! इसीलिए बाबा बुल्ले शाह बोले :

मूंह आई गल्ल ना रैहंदी ए,
झूठ आखां ते कुझ बचदा ए, सच्च आख्यिां भांभड़ मचदा ए!
अेह लाजम बात अदब दी ए, सानू बात मलूम सब दी ए!!

अर्थात सच्चे आदमी की जुबान पर आया सच्च कभी नहीं रुकता है. अगर मैं सच बोलता हूँ तो आग के शोले भड़क उठते हैं. अगर झूठ बोलूं तो कुछ बचाव हो जाता है. यह बात पक्के तौर पर सामाजिक व धार्मिक कायदे यानि नियमों की बात है. मुझे सब की पोल पता है.

कबीर साहेब ने सत्य कहने के अपने इरादे को बयान करते हुए कहा :

> सूरा सोई सहारिये, लड़ै दीन के हेत!
> पुरजा पुरजा होय रहै तोउ ना छाडै खेत!!

अर्थात वीर पुरुष वही है जो दबे कुचले हुए लोगों के लिए संघर्ष करता है तथा तब तक अपना संघर्ष जारी रखता है जब तक उसके शरीर की आखिरी बोटी तक जमीन पर नहीं गिर पड़ती.

उन्हीं के आदेशों का पालन करते हुए बाद बाबा साहेब अम्बेडकर आखिरी सांस तक दलितों की आजादी के लिए संघर्षरत रहे. लोगों के मन सें ब्राह्मणवाद के भूत को भगाने के लिए उन्होंने सैंकड़ों ग्रन्थों की रचना की. इन्हीं ग्रन्थों पर जब हो–हल्ला मचा मगर वे शेर की तरह ललकार कर बोले : मैंने हर तरह की जोखिम जान कर यह रचना की है. मैं इसके परिणामों सें नहीं डरता. (खण्ड 8.16)

सच्चा आदमी सच क्यों बोलता है, इसके उत्तर में गुरू कबीर बोले :

> क्या किया हम आयके, क्या करैंगे जाय!
> इतके भए न उत के चाले मूल गंवाए!!
>
> सबे सहायक सबल के, कोऊ न निबल सहाय!
> पवन जगावत अनल को, दीपहिं देव बुझाय!!

अर्थात हमने आदमी की तरह जन्म लेकर क्या किया और मरने के बाद तो कुछ कर नहीं पाएंगे. मानव की तरह जन्म लेकर अगर हम मानवता वाले काम नहीं कर पाए तो हमारा तो जन्म लेना ही बेकार गया. अगर हमने मानवता के साथ जीवन नहीं बिताना है तो मानव होने का अर्थ ही क्या रह जाता है. निर्बल तथा दबे कुचले लोगों का सहारा बनना ही मानव की पहचान है. अन्यथा आंधी की तरह बड़ा होने में क्या धरा है जो मामूली दीपक तो बुझा देती है मगर जंगल की बड़ी आग को बढ़ा देती है.

नैतिकता धर्म के प्राण होते हैं. ब्राह्मणधर्म में नैतिकता कभी की मर चुकी. धर्म के नाम पर उनके पास केवल कर्मकांडों की गली सड़ी लाश है. आर एस एस तथा महासभा वाले इसे संभाले रखने के लिए बहुत जोर शोर सें हाथ पांव मार रहे हैं लेकिन लाश को वे कितने दिन तक और संभाले रखेंगे. एक न एक दिन इसका अंतिम संस्कार तो उन्हें करना ही होगा!! यह तो सिर्फ बौद्ध भिक्षुओं की नाकामी है कि ब्राह्मणवाद आज तक सांस ले रहा है. अगर उन्होंने हिम्मत की होती तो आज ब्राह्मणवाद इतिहास की वस्तु बन गया होता!!

आज भारत के करोड़ों दलित इसीलिए पीड़ित हैं क्योंकि वे कबीर, रैदास आदि सन्तों के साथ ब्राह्मणवाद के दलाल राम कृष्ण को भी ग्रहण करते हैं. धम्मपद की शिक्षाओं पर चलते हैं मगर भागवत की पूजा करते हैं. ब्राह्मणवाद का नाश तभी होगा जब लोगों को ब्राह्मणिक कर्मकाण्डों सें मुक्ति दिलाई जाएगी. लोगों को बताना होगा कि सन्तों का अमृत और ब्राह्मणवाद का जहर एक साथ ग्रहण नहीं किए जा सकते. अगर ब्राह्मणवाद का जहर सेवन किया जाएगा तो वह अमृत का नाश तो करेगा ही जीवन का नाश भी करेगा.

महान चीन के महान कॉमरेड माओ–त्से–तुंग ने कहा “Know the enemy and know yourself and you can fight hundred battles with no danger of defeat” अर्थात ”अपने दुश्मन को पहचानो तथा अपने आप को पहचानो, फिर चाहे आप सैंकड़ों लाड़ाइयां लड़ो, हारने का डर ही नहीं रहेगा.” सारी दुनिया जानती है कि उन्होंने चीन को ”अफीमचियों के देश” सें विश्व की एक नम्बर ताकत बना दिया. उनका सामना दुनिया के क्रूरतम शासकों सें हुआ. कॉमरेड विजयी हुए. उन्होंने अपने देश में जनता का शासन स्थापित किया.

भारत और भारतीय दुनिया में किसी सें कम नहीं हैं. इस पुस्तक का उद्देश्य लोगों को ब्राह्मणवादी कर्मकांड के चंगुल सें मुक्त करके शुद्ध मानव बनाना है. अगर भारतीयों के दिमाग सें ब्राह्मणवाद का भूत उतर जाए तो हम भारतीयों जैसा दुनिया में कोई नहीं है. ब्राह्मणधर्म की वजह सें आज पूरा भारत अलगाववाद और आतंकवाद की आग में जल रहा है. आदमी जब अपनी अक्ल सें काम लेता है तो प्रेम भाईचारे की बातें करता है, देवताओं के बीच में आते ही खूनखराबा करने पर उतारू हो जाता है. (उपनिषदों की कहानियां 7)

क्या यह सत्य नहीं है कि जहां भी झगड़े फसाद होते हैं वहां एक पार्टी ब्राह्मणधर्म के लोग होते हैं? पंजाब में हिन्दु–सिख की लड़ाई हो, उड़ीसा, नागालैंड में हिन्दु–ईसाई की लड़ाई हो, यूपी बिहार गुजरात में हिन्दु–मुस्लिम की लड़ाई हो, हर जगह झगड़ा करने वाले ब्राह्मणधर्मी ही होते हैं. ऐसा कभी नहीं हुआ कि मुस्लिम, सिख, बौद्ध, ईसाई आदि कभी आपस में लड़े हों.

लगभग 4000 सालों तक हम भारतीय इस अंदाज सें यहां मस्ती सें जीते रहे. खून जलता है यह सोच कर कि उस समय जिन लोगों के यहां पर टॉयलैट होते थे आज उन्हीं के वारिस सिर पर पाखाना ढोने के लिए मजबूर हैं. 5000 साल पहले जो लोग आलीशान भवनों में रहते थे आज उनके वारिसों को गंदी बस्तियों में रहने के लिए मजबूर किया हुआ है.

जिस धर्म के देवी देवता अपने आठ आठ हाथों में फरसे, भाले, तलवारें लिये घूमते हों और जिनकी मातायें गले में आदमी की खोपड़ियों की माला पहनती हों, खून खराबा करना उन्हीं का काम है. भारतीयों को अगर शांति चाहिए तो गुण्डों की तरह हथियार लहराने वाले इन भगवानों और माताओं को दफन करना होगा. जाति, वंश अथवा नस्ल के आधार पर कत्ल करने वाले भगवानों को गुण्डा करार देना होगा.

धर्म के नाम पर मानव सें मानव के बीच खड़ी की गई जाति पाति और छुआछूत की दीवारों को गिराने के लिए उन धर्म ग्रन्थों को दफन करना पड़ेगा जो जाति के आधार पर मानव को ऊँचा नीचा बताते हैं.

अध्याय 1

ब्राह्मणवाद क्या है

ब्राह्मणवाद वह सिस्टम है जो आज पूरे भारत को अपनी जकड़ में कसे हुए है. हम कोई भी काम ब्राह्मण को पूछे बिना नहीं करना चाहते या चाह कर भी उसके बिना कर नहीं पाते. हमें हर काम में कर्मकांड करने ही पड़ते हैं. नैतिकता परे चली गई है मात्र ढकोसले ही धर्म का स्थान ले चुके हैं. रात रात भर ढोल नगाड़े पीट पीट कर चिल्लाने को हम सत्संग कहने लग गए हैं. श्राद्धों में गाय और ब्राह्मण को ढूंढ ढूंढ कर लाते हैं तथा उन्हें खीर पूरी खिलाते हैं ताकि हमारे मृत पूर्वजों को खाना मिल जाए. चाँद पर राकेट भेजना हो तो भी पहले मुहूर्त निकलवाते हैं, नारियल चढ़ाते हैं कि राकेट सही दिशा में जाए! विज्ञान में एम एस सी करने वाला विद्यार्थी भी परीक्षा देने जाते समय मंदिर में प्रसाद चढ़ा कर जाता है कि उसके अच्छे अंक आएं. यही ब्राह्मणवाद है.

एक ओर वसुदैव कुटुम्बम अर्थात 'सारी दुनिया एक परिवार है' का नारा लगाते हैं मगर अपने ही धर्म का भंगी अगर छू जाए तो ब्राह्मण जब तक गंगाजल सें स्नान न करले, अशुद्ध ही रहता है. एक ओर विश्व शांति की बातें की जाती हैं तो दूसरी ओर जूए में हारी गई सम्पत्ति को वापिस पाने के लिए की गई मारकाट को धर्मयुध का नाम दिया जाता है. यही ब्राह्मणवाद है.

1.1 मानसिकता कि ब्राह्मण सर्वोच्च है

सदियों सें भारत ब्राह्मणवाद सें ग्रस्त और त्रस्त है. उसकी जड़ें कैंसर की तरह भारत के हर काम, हर क्रियाकलाप में मौजूद हैं. सदियों सें ब्राह्मणधर्मी यह प्रचार करते आ रहे हैं कि ब्राह्मण सें बढ़ कर कोई नहीं है. आज आलम यह है कि बहुत सें काम ब्राह्मण के बिना किए ही नहीं जा सकते. उदाहरणतः शादी की रस्में ब्राह्मण के बिना कोई अन्य आदमी करवा ही नहीं सकता. किसी भी घाट पर ब्राह्मण के सिवाय कोई अन्य जाति वाला अपना डेरा नहीं लगा सकता! किसी भी मन्दिर का पुरोहित ब्राह्मण के सिवाय अन्य जाति वाला नहीं मिलेगा. इन बातों को जायज मानना ही ब्राह्मणवाद है.

किसी के दिमाग में यह विचार तक नहीं आता कि मन्दिर का पुरोहित कोई अब्राह्मण व्यक्ति भी हो सकता है. एक बनिया, एक ठाकुर, एक चमार कभी यह सोचने की हिम्मत ही नहीं कर पाता कि वह भी अपने मन्दिर का पुरोहित बन जाए. अतः सभी ब्राह्मणधर्मी इस मानसिकता सें ग्रस्त हैं कि मात्र ब्राह्मण ही ऐसे काम करने का हकदार है. यह मानसिकता ही ब्राह्मणवाद है.

यह मानसिकता उस प्राणी को ब्राह्मण को ही श्रेष्ठ मानने के लिए मजबूर करती है जिसने ब्राह्मण बाप के घर जन्म लिया हो. ब्राह्मण को श्रेष्ठ मानने की मानसिकता सें ग्रस्त लोग अन्य जातियों को उससें हीन मानते है तथा "श्रेष्ठ" ब्राह्मण द्वारा निर्धारित कायदे कानून मानने के लिए भी तैयार रहते हैं. इसी कारण ब्राह्मण द्वारा पूजनीय बताए गए 'बेटी भोगी' ब्रह्मा को भी वह भगवान मान लेता है. कृष्ण जैसे लम्पट व ऐयाश को भी भगवान मान लेता है तथा परशु जैसे हत्यारे को भी अवतार मान लेता है.

ब्राह्मण को सर्वश्रेष्ठ स्वीकार करने का अर्थ है यह मानना कि :

1. **जाति जन्म सें निर्धारित** होती है, कर्म सें नहीं होती. ब्राह्मण का बेटा ब्राह्मण और भंगी का बेटा भंगी ही बनेगा चाहे उनें कैसे भी गुण क्यों न हों. गुण अथवा कामों की बजाए जन्म के आधार पर ही मनुष्य ऊँचे या नीचे हैं.
2. **ब्राह्मण सर्वश्रेष्ठ** है तथा शेष सभी जाति वाले उससें निम्नतर हैं.
3. **हर व्यक्ति केवल अपनी जाति का काम** ही करेगा. मनु स्मृति (1.88) का आदेश है कि विभिन्न जाति के लोग निम्नलिखित काम **ही** करेंगे:

   ब्राह्मण : 1. वेद पढ़ना 2. वेद पढ़ाना 3. यज्ञ करना. 4. यज्ञ कराना 5. दान लेना 6. दान देना

क्षत्रिय : 1. ब्राह्मण की रक्षा करना 2. ब्राह्मण को दान देना 3. यज्ञ करना 4. ब्राह्मण सें पढ़ना

वैश्य : 1. ब्राह्मण की रक्षा करना 2. ब्राह्मण को दान देना 3. यज्ञ करना 4. ब्राह्मण सें वेद पढ़ना 5. व्यापार करना 6. खेती करना 7. ब्याज लेना.

शूद्र : एक ही काम है कि उपरोक्त तीनों जाति के लोगों की चुपचाप सेवा करना.

मनु ने आगे आदेश किया कि जो क्रमशः नीची जाति वाला ऊपरी जाति का काम अपनाए तो राजा उसका सारा धन लेकर (ब्राह्मणों को दे दे) और उस आदमी को देश सें बाहर निकाल दे (10.96) यह मात्र कागजी आदेश नहीं थे. इन्हें सख्ती सें लागू भी किया गया.

इस आदेश का परिणाम यह हुआ कि ब्राह्मण की पुरोहिताइ को कोई चैलेंज नहीं कर पाया. ब्राह्मणों ने अपने काम के साथ दूसरों के काम भी कर लिये मगर दूसरी जाति वाले पुरोहिताइ की ओर झांक भी नहीं सके. ब्राह्मण द्रोण ने क्षत्रियों तक को हथियार चलाने तक की शिक्षा दे दी मगर क्षत्रिय विश्वामित्र पुरोहित नहीं बन पाया. पशु पालना वैश्यों का काम था मगर ब्राह्मण ऋषियों ने दुनिया भर के पशु पाले और खाए भी लेकिन कोई वैश्य ऋषि बन कर आश्रम नहीं खोल पाया. यही है ब्राह्मणवाद!! आज भी भारत के समस्त मन्दिरों में ब्राह्मण ही पुरोहित हैं. यहां तक कि भारत के गैर ब्राह्मणिक धर्मों : ईसाई, बौद्ध, मुस्लिम आदि में भी धर्म परवर्तित किए ब्राह्मणों का ही बोलबाला है.

4. **मात्र ब्राह्मण ही पठन पाठन करेगा** : ब्राह्मणों ने पढ़ने पढ़ाने का काम अपने तक सीमित रखा. आम तौर पर लोग कह देते हैं कि अगर ब्राह्मणों ने पढ़ाई अपने तक ही सीमित तो किसी का क्या नुक्सान हो गया. लेकिन विदेश सें आए ब्राह्मणों की पूरे भारतीय समाज के विरूद्ध यह बहुत गहरी साजिश थी. उनका यह ठण्डे और शैतानी दिमाग सें रचा गया षडयन्त्र था कि समस्त भारतीय समाज को अपने चंगुल में किस प्रकार सें फंसा कर रखा जाए. इस विषय पर माननीय ज्योतिबा की कविता एकदम सटीक हैः

विद्या बिन गई मति,
मति बिन गई नीति,
नीति बिन गई गति,
गति बिन गया वित्त,
वित्त बिना चरमराये शूद्र,
एक अविद्या ने किए
इतने अनर्थ!!

5. **केवल ब्राह्मण ही उपनयन संस्कार करेगा.** उपनयन का आज की भाषा में अर्थ है स्कूल में दाखिला देना यानि ब्राह्मण ही यह तय करेगा कि किस को पढ़ाना है और किस जाति को नहीं पढ़ाना. शेष पुरोहताई का अधिकार भी उसी का रहेगा. इस अधिकार के तहत ही ब्राह्मणों ने चारों वर्णों के स्त्री समाज को अनपढ़ रहने को मजबूर किया. **माननीय बुद्ध शरण हंस ने सही कहा है कि इसी कारण सरस्वती के ही देश में हिन्दू सबसें बड़ी अनपढ़ जमात बन गए.** (कमेरी दुनिया अक्तू. 08)
6. **ब्राह्मण हर हाल में पूजनीय** है चाहे वह बेअक्ल हो, चरित्रहीन हो. दस साल का ब्राह्मण सौ साल के क्षत्रिय सें भी वरिष्ठ कहा गया. जब सौ साल का क्षत्रिय बुजुर्ग भी दस साल के ब्राह्मण बालक को साष्टांग प्रणाम करने को मजबूर है तो वैश्य और शूद्र की तो औकात ही कुछ नहीं बचती.
7. **ब्राह्मण को पाप नहीं लगता** चाहे वह कुछ भी करे और वह **दूसरों के पाप उतार सकता है**. जैसे अग्नि सब कुछ जला कर भी अपवित्र नहीं होती वैसे ही ब्राह्मण कुछ भी करके अपवित्र नहीं होता.
8. **ब्राह्मण भू—देव है** वह किसी की भी सम्पत्ति मांग कर अथवा छीन कर ले सकता है.
9. **ब्राह्मण किसी भी जाति की स्त्री सें शारीरिक सम्बन्ध बना सकता है. स्त्री की सहमति होना आवश्यक नहीं थी.**
10. **शूद्र तथा अछूत ब्राह्मण के जन्मजात गुलाम हैं.**

ब्राह्मणों ने जैसे अन्य वर्ण वालों को जातियो उपजातियों में बांटा है स्वयं को भी असंख्य उपजातियों में बांट रखा है. उनमें असंख्य उपजातियां हैं. एक गोत्र में आगे अनेक उपगोत्र हैं. एक कथा है कि एक मुस्लिम व्यक्ति कहीं दूसरे गांव जा रहा था. रास्ते में एक पंडाल में बैठे कुछ लोग दावत खा रहे थे. उन्हे देख उसे भी भूख लग आई. वह भी पंडाल में जा बैठा.

भोजन परोसने वाले ने उससें पूछा ''आप कौन हो?''

वह व्यक्ति हिन्दुओं की जाति प्रथा सें कुछ परिचित था. बोला ''भाई द्विज हूँ''

'' कौन से द्विज हो ?''

'' ब्राह्मण हूँ ''

'' कौन से ब्राह्मण हो ?''

'' भई गौड़ ब्राह्मण हूँ '' उसने साहस बटोर कर कहा.

'' कौन से गौड़ ब्राह्मण हो ?''

उसका साहस जवाब दे गया. बोला '' हे अल्लाह! गौड़ में भी जोड़''

ब्राह्मणों के हर गोत्र वाला व्यक्ति यह घोषित करता है कि उसके गोत्र वाले ब्राह्मण शेष सभी ब्राह्मणों सें श्रेष्ठ हैं. चाहे वह गोस्वामी हो, चाहे गौड़ हो, चाहे चितपावन हो या कोई अन्य. लेकिन उनमें एक बात खास है कि चाहे प्रत्येक गोत्र का ब्राह्मण दूसरे शेष सभी ब्राह्मणों सें श्रेष्ठ होने का तो दावा करता है मगर कोई भी ब्राह्मण किसी अन्य ब्राह्मण को दूसरी जाति वालों सें निम्नतर नहीं बताता. सब के सब ब्राह्मण एक बात पर एकमत हैं कि ब्राह्मण होने के कारण वे शेष सभी जाति वालों सें श्रेष्ठ हैं तथा बाकी सारी जातियों वाले उनसें हीन हैं!

इस व्यवस्था के विरूद्ध किसी भी ब्राह्मण ने कभी भी आवाज नहीं उठाई. बाबा साहिब ने सत्य कहा है कि ब्राह्मणों नें कभी कोई वाल्टेयर पैदा नहीं किया जो पुरोहित होते हुए भी अन्यायी प्रथा के विरूद्ध आवाज उठा सका हो. दयानन्द जैसा ढकोसले बाज "क्रांतिकारी" भी ब्राह्मणों को ही श्रेष्ठ घोषित करने में लगा रहा. उसने यह नहीं कहा कि जो ज्ञान प्राप्त कर ले वही श्रेष्ठ है बल्कि वह तो अब्राह्मणों को ब्राह्मण बनाने में उनकी श्रेष्ठता ढूंढता रहा. **उसने कभी किसी ब्राह्मण को अब्राह्मण घोषित नहीं किया चाहे वह कितना भी नीच, जाहिल अथवा असंस्कृत क्यों न हो. बल्कि वह तो अब्राह्मणों को वेद पढा कर ब्राह्मण बनाने में लगा रहा**. और इस तरह उसने ब्राह्मणों की संख्या बढ़ा दी. दयानन्द ने बौद्ध, सिख, मुस्लिम आदि धर्मों के विरूद्ध जी भर के लिखा लेकिन जब उसके जाति भाईयों के कुकर्म बताने की बारी आई तो उनके कुकर्त्यों को ''पोपलीला" यानि पोप के काम बता कर बात टाल गया.

इसी ब्राह्मणवादी व्यवस्था का परिणाम है कि जब ब्राह्मण पार्टी की सरकार गिरा कर एक दलित को मुख्य मन्त्री बनाया जाता है तो हाई कोर्ट का जज घर बैठे ही आर्डर कर देता है कि सूरज डूबने सें पहले ही विधान सभा का सत्र बुलाओ और शक्ति परीक्षण करो. लेकिन जब दलित पार्टी के विधायक दल बदली करके दूसरी पार्टी की सरकार बनवा देते हैं तो वही हाई कोर्ट सालों तक उस केस की सुनवाई ही नहीं करती.

इसी नियम के तहत जब अडवानी, कल्याण जैसे लोग बाबरी मस्जिद गिरवा कर पूरे भारत में दंगों के जरिये सैंकड़ों लोगों को मरवा देते हैं तो सुप्रीम कोर्ट द्वारा उसको दण्ड के नाम पर एक दिन की कैद की सजा सुनाई जाती है. दलित महिला सें बलात्कार हो जाए तो जॅज यह कह कर अपनी जाति के बलात्कारियों को बरी कर देता है कि ऊँची जाति का पुरूष तो दलित महिला को छूता भी नहीं है उससें शारीरिक सम्बंध बना ही नहीं सकता. लेकिन वह जॅज भूल जाता है कि उसी के प्रदेश में ज्यादा नहीं तो आधी आबादी गोलों की है जो कि दलित वर्ग की दासियों की कोख सें तथाकथित ऊँची जाति के ठाकुरों द्वारा पैदा किए गए हैं.

1.1.1 असत्यमेव जयते

ब्राह्मणवाद : सदैव असत्य की प्रतिष्ठा

ब्राह्मणवादी बड़े जोर शोर सें नारा लगाते हैं **"सत्यमेव जयते सत्यं जयति नानतृं"** अर्थात सच्चाई की सदा जीत होती है, सत्य ही जीतता है झूठ नहीं जीतता! सम्राट अशोक के चार शेरों वाली मूर्ति जो कि आजकल भारत देश का राष्ट्रीय चिन्ह है, उसके नीचे भी "सत्यमेव जयते" लिखा गया है. दावा तथा प्रचार किया जाता है कि यह नारा मण्डूक नामक उपनिषद सें लिया गया है. अतः ब्राह्मणवादी यह दावा करते हैं कि उनका धर्म सत्य की जीत होने की बातें करता है. लेकिन यह नारा ब्राह्मण धर्म पर **हमेशा** झूठा साबित हुआ है क्योंकि **ब्राह्मण धर्म में सत्य की कभी जीत हुई ही नहीं.** ब्राह्मण धर्म का पूरा इतिहास इस बात का गवाह है कि उन्होंने हमेशा सच्चाई, इमानदारी और नैतिकता की हत्या करके "सत्यमेव जयते" का नारा लगाया है. उदाहरणतः

☞ अपनी बेटी सें बलात्कार तथा अपनी पोतियों सें कुकर्म करने वाला उनका सृष्टिकर्ता है सबसें बड़ा भगवान! सती साध्वी नारियों सें बलात्कार करने वाले को सृष्टि पालक बताया जाता है. अपने लिंग को पुजवाने वाला, दिन के चौबीसों घंटे वासना में लिप्त रहने वाला कामदेव को नष्ट करने वाला बताया जाता है! फिर भी सत्यमेव जयते!

☞ मातृतुल्य (माँ के बराबर) नारियों सें व्यभिचार करने वाला, भाई के हाथों भाई को मरवाने वाला, सगी बहन को शादीशुदा पुरुष के हाथों अगवा करवाने वाला, सगी मामी सें नित्य मैथुन करने वाला, "धर्म की रक्षा" के लिये अवतरित "भगवान" बताया जाता है. फिर भी सत्यमेव जयते!

☞ अपनी पूरे दिनों की गर्भवती पत्नि को धोखे सें घर सें निकालने वाला, लोगों को छिप कर धोखे सें मारने वाला, लोगों की बहन बेटियों के नाक कान काटने वाला, पूजा करते सन्तों की हत्या करने वाला, तन और मन सें नपुंसक आज "मर्यादा पुरुषोत्तम" कहा जाता है. फिर भी सत्यमेव जयते!

☞ जिन लोगों ने यज्ञ की आग में बैल, घोड़े, बकरे और गायें भून भून कर खाईं, सरेआम शराब पीकर सबके सामने पराई औरतों के साथ व्यभिचार किया, वेश्याएं देखते ही जिनके वीर्य सख्लित हुए वे ऋषि मुनि यानि मन को वश में करने वाले साधु-सन्त कहे जाते है. फिर भी सत्यमेव जयते!

☞ वेद, पुराण, स्मृति, उपनिषद, महाभारत, रामायण, गीता में एक घटना तो क्या एक लाइन भी नहीं है जो सच्चाई पर, नैतिकता पर चलने की शिक्षा देती हो. नाईट क्लबों सें भी अधिक अश्लीलता सें भरे पड़े है इनके ग्रन्थ. तब भी इन्हें धार्मिक बताया जाता है! फिर भी सत्यमेव जयते!

☞ कसाई भी शर्मिंदा हो जाए ऐसी वीभत्स, खौफनाक बलियों सें भरे पड़े हैं उनके यज्ञ. दो हजार गायें रोजाना यज्ञ में काट कर ब्राह्मणों को खिलाने वाला रन्तिदेव को ये ब्राह्मण महादानी बताते हैं. बीस बैल एक बार के यज्ञ में भून कर खा जाने वाले इन्द्र को देवताओं का राजा बताया जाता है. अपनी शादी में सैंकड़ों गायें कटवाने वाले कृष्ण को गोपाल यानि गाय पालने वाला कहा जाता है. ऐसे लोगों को गो–रक्षक बताया जाता है. फिर भी सत्यमेव जयते!

☞ विवेकानन्द जैसे ब्राह्मणवादी जब पश्चिमी जगत को ''लेडीज एण्ड जैंटलमॅन'' की जगह 'भाईओ और बहनों" कह कर सम्बोधन करते हैं तो बरबस मनोज कुमार का वह गाना याद आ जाता है ''कपड़ा है देसी और मुहर लगी जापान की, जय बोलो बेइमान की" विवेकानन्द को पक्का पता था कि ब्राह्मणों के किसी भी ऋषि, किसी भी भगवान, किसी भी नायक ने कभी किसी पराई औरत को बहन, बेटी या माँ का दर्जा नहीं दिया. ब्रह्मा सें लेकर गांधी तक सभी ब्राह्मणवादियों ने नारी का शारीरिक, मानसिक व नैतिक शोषण किया है. अगर नारी को इज्जत दी तो गौतम बुद्ध और महावीर स्वामी ने दी या उन्हीं की श्रमण संस्कृति के मशालची सन्तों कबीर, रैदास, नानक ने दी. फिर भी विवेकानन्द की यह घृष्टता ही थी कि उसने बुद्ध महावीर की शिक्षाओं को ब्राह्मणिक बता कर लोगों के सामने परोसा! ब्राह्मणों का कोई देव पराई तो क्या अपनी बहन को भी बहन कहने वाला नहीं हुआ. लेकिन विवेकानन्द जैसे लोग हिन्दुओं को ऐसे देवों पर गर्व करने की बात कहते है. फिर भी सत्यमेव जयते!

☞ सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने अपनी पुस्तक "धर्म और समाज" में लिखा कि हिन्दू वह है जो चारों वेदों को धर्म का मूल माने, चारों आश्रमों तथा चारों प्रयोजनों को अपनाए. अपनी अन्य पुस्तक "भारतीय दर्शन" में उसने लिखा कि भगवन बुद्ध हिन्दू जन्मे थे, हिन्दू जीए तथा हिन्दू ही मृत्यु को प्राप्त हुए. वह बिल्कुल अच्छी तरह जानता था कि भगवन बुद्ध ने हमेशा वेदों की निन्दा की है. उनके चारों आश्रमों और चारों प्रयोजनों का खण्डन किया है. उन्हें किसी भी आधार पर हिन्दू नहीं कहा जा सकता. लेकिन राधाकृष्णन ने लोगों को गुमराह करने के लिए धूर्ततापूर्ण झूठ बोला. ऐसे झूठे और धूर्त आदमी के जन्मदिन पर "अध्यापक दिवस" मनाया जाता है. फिर भी सत्यमेव जयते!

☞ भगवन बुद्ध, महावीर के होने सें पहले सनातनी ब्राह्मण जानते ही नहीं थे कि सुसंस्कृत होना किसे कहते हैं. माँ, बहन और पत्नि में कौन भोग्या है कौन नहीं, वेद पुराण महाभारत के नायक जानते ही नहीं थे. ऋषि विश्वामित्र का बाप का नाम गाधि था. उसकी बेटी का नाम सत्यवती था जिसको ब्राह्मण ऋचीक को सोंपा गया था. एक दिन ऋचीक और गाधि में पत्नियों की अदला बदली हो गई और उनके बच्चे भी हो गए तब उन्हें अपनी गलती का पता लगा और तब वे फिर सें अपनी अपनी असली पत्नियों के पास गए!! कृष्ण का बेटा सांब अपने बाप की रखैल को ही ले उड़ा था. दयानन्द का आर्य समाज आज भी कहता है वेद काल में लौट चलो. जहां हर स्त्री को मादा पशु की तरह ग्यारह पुत्र पैदा करने अनिवार्य हैं. अगर किसी स्त्री का पति मर जाए तो भी उसे ग्यारह अन्य मर्दों सें नियोग (व्यभिचार) करवा कर ग्यारह पुत्र तो पैदा करने ही होंगे. कोई भी आर्य समाजी अपनी विधवा बहन बेटी सें दयानन्दी "धर्म" यानि कुकर्म करवाने की हिम्मत नहीं कर पाता परन्तु दयानन्द के गुणगान जरूर गाएगा. फिर भी सत्यमेव जयते!

☞ आर्य अपनी बेटियों को दांव पर लगा देते थे. शर्त जीतो और लड़की ले जाओ. सीता को उसके बाप ने दांव पर लगाया : कोई भी धनुष उठाओ सीता को ले जाओ. जिस समय सीता को दांव पर लगाया गया वह मात्र छः बरस की थी. उस बेचारी बालिका को तो पता भी नहीं था कि कोई उसे जीत कर ले जा रहा

है. द्रोपदी के साथ भी ऐसा ही हुआ. ऐसी घटनाओं को स्वयंवर अर्थात वधु द्वारा मन मर्जी का वर स्वयं चुनना कहा जाता है! फिर भी सत्यमेव जयते!

☞ आर्य पांडव इतने पक्के और नीच जुआरी थे कि धन सम्पति तो हारे ही, अपनी पत्नि तक को जूए में हार गये. फिर वे जूए में हारी सम्पति के लिए अपने भाईयों सें लड़ मरे. जूए की सम्पति के लिए की गई मार काट को **धर्म–युद्ध** का नाम दिया जाता है. फिर भी सत्यमेव जयते!

☞ ब्राह्मणों का कोई देव, कोई देवी बिना हथियारों के नहीं है. उनमें कोई ऐसा नहीं जिसने कत्ल न किये हों. लेकिन दावा किया जाता है कि ब्राह्मणवाद "धर्म" है! अहिंसा प्रिय धर्म!!. फिर भी सत्यमेव जयते!

☞ महाभारत में महावीर एकलव्य को सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर बताया गया है. लेकिन अर्जुन को सबसें बड़ा धनुर्धर साबित करने के लिए ब्राह्मण द्रोण ने महावीर एकलव्य का दाहिना अंगूठा काट लिया. इस तरह सर्वश्रेष्ठ "शिष्य" को अपंग करने वाले द्रोण के नाम पर आजकल सर्वश्रेष्ठ अध्यापक का पुरस्कार दिया जाता है और जो "खिलाड़ी" इस तरह सें धोखा करके प्रथम आया उसके नाम पर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया जाता है. फिर भी सत्यमेव जयते!

☞ ब्राह्मण धर्मी नारा देते हैं "वसुधैव कुटुम्बम" अर्थात सारी दुनिया एक ही परिवार है. जबकि सच्चाई यह है कि बाह्मणवादियों ने पूरे समाज को हजारों जातियों उपजातियों में बांट रखा है. एक का छूआ दूसरा नहीं खाता. भंगी राह चलता हुआ चकरा कर गिर जाये कोई द्विज उसे देखने तक नहीं आयेगा, उसे उठा कर हस्पताल ले जाने की तो कल्पना भी नहीं की जा सकती और दावा दिया जाता है वसुधैव कुटुम्बम. ब्रह्मो समाज का संस्थापक ब्राह्मण मोहन राय अपनी बीवी के हाथ का बना खाना नहीं खाता था. वह मानता था स्त्री तो अछूत होती है उसके हाथ का छूआ नहीं खाया जा सकता. राम अपने ही भाई की गद्दी हथियाने कर साजिश करता है. ब्राह्मण ऋषि अजीगर्त अपने बेटे को न केवल पैसे के लिये बेच देता है बल्कि पैसों की खातिर उसे यज्ञ में काटने को भी तैयार हो जाता है. ब्राह्मणों के ग्रन्थ ऋग्वेद सें गीता तक ऐसी घटनाओं सें भरे पड़े हैं जहां उनके देवों और भगवानों ने उन लागों की हत्या की जो उनकी जाति, धर्म, अथवा सिद्धांतों को नहीं मानते थे.! उनकी गर्भवती स्त्रियों के पेट फाड़ डाले ताकि उनका बीजनाश ही हो जाए. चाहे वे सारी दुनिया को एक परिवार होने की बात कहें लेकिन उनके हीरो वह लोग हैं जो धन के लिए भाई सें लड़ मरे. धन के लिए दादा नाना मामा गुरू चाचा ताया सभी मार गिराये. ब्राह्मणिक संस्कृति वाले राम ने अनार्य रक्ष संस्कृति वाले बेकसूर लोगों को मार गिराया. कृष्ण ने नाग जाति के मनुष्यों सें भरा पूरा जंगल जला कर खाक कर दिया. पुराण रामायण महाभारत सभी आपसी लड़ाइयों की दास्तानों से भरे पड़े है. गीता में तो धन के लिये लड़ने मरने को धर्म बताया गया है. मगर नारा दिया जाता है "वसुधैव कुटुम्बम"! फिर भी सत्यमेव जयते!

☞ अगर ब्राह्मण ग्रन्थों को सत्य मान लिया जाये तो ब्राह्मणों ने लाखों करोड़ों जीव यज्ञ वेदी पर काट कर यज्ञ अग्नि में भून कर खा लिये. फिर भी वे दावा करते हैं कि उनका धर्म अहिंसावादी हैं. **वे कहते हैं यज्ञ में पशु मार कर खाना तो अहिंसा ही है क्योंकि जब पशु को यज्ञवेदी पर काटा जाता है खड़ग सें प्रार्थना की जाती है, "हे खड़ग, इस पशु को मत मारना." अर्थात इसे बगैर मारे ही काट देना.** लाखों करोड़ों गाय घोड़े बकरे काटकर खा लेने के बाद भी अहिंसामयी हैं ब्राह्मण. फिर भी सत्यमेव जयते!

☞ "सत्य" की खोज में तर्क और बुद्धि सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं. और उधर ब्राह्मणों के संविधान मनु स्मृति (2.11) का आदेश है कि जो व्यक्ति तर्क अथवा बुद्धि के आधार पर वेदों स्मृतियों का खंडन/अपमान करे वह सज्जनों द्वारा बहिष्कृत करने योग्य है. बुद्धि और तर्क यानि सत्य सें काम लेने वाले लोगों को या तो मार दिया जाता था या फिर जाति सें बाहर करके व्रात्या बना दिया जाता था. फिर भी सत्यमेव जयते!

☞ जब सरदार भगत सिंह सरीखे नौजवान अंग्रेजों को भारत सें खदेड़ने के लिए अपना खून बहा रहे थे, गांधी गांव गांव घूम कर भारतीय नौजवानों को अंग्रेजी सेना में भर्ती करवा रहा था. आज अंग्रेजों के तलवे चाटने वाले उस ब्राह्मणवादी को आजादी का योद्धा बताया जाता है. उसे "राष्ट्रपिता" कहा जाता है, दलितों की पीठ में हमेशा छुरा घोंपने वाला गांधी दलितों का सबसें बड़ा हितरक्षक बताया जाता है. फिर भी सत्यमेव जयते!

☞ अगर ब्राह्मण ग्रन्थों को सत्य मान लें तो आज गाय को माता कहने वाले ब्राह्मणों के पूर्वजों ने करोड़ों गायें मार कर खा लीं. (गोमाँस 73) कहावत है नौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली. ब्राह्मणों ने तो करोड़ों गायें खाकर डकार भी नहीं ली. ऐसे करोड़ों गाय खाने वाले आज गाय पूजक बने फिरते हैं. देवी भागवत, महाभारत, विष्णु पुराण जैसे ग्रन्थ आज भी गोहत्या और गोमाँस खाने को धार्मिक कार्य बताते हैं. दयानन्द भी सत्यार्थ प्रकाश मे बूढ़ी गाय मार कर खाने की बात करता है. फिर भी सत्यमेव जयते!

☞ राम को अपने भाई की गद्दी हड़पने के जुर्म में चैत्र मास (मार्च अप्रैल) में अयोध्या सें बनवास जानेकी सजा हुई थी. वह चौदह साल बाद चैत्र मास (मार्च अप्रैल) को ही वापिस आया था. कार्तिक मास (अक्तूबर नवंबर) की दीपावली सें उसका कहीं कोई सम्बंध नहीं है लेकिन पूरा ब्राह्मण वर्ग इसे राम के साथ जोड़े हुए है. सभी पढ़े लिखे 'विद्वान' ब्राह्मण (सर्वपल्ली राधाकृष्णन समेत) इस महाझूठ, महासाजिश में शामिल हैं. पूरे समाज को महाझूठ में गुमराह करके भी नारा दिया जाता है सत्यमेव जयते!!

☞ जब 1911 में अंग्रेज सम्राट जार्ज पंजम भारत आया तो टैगोर ने उसकी स्तुति में गीत लिखा "जन, गण, मन अधिनायक जय हे! भारत भाग्य विधाता . . . . जय हे!" यह गीत लिखने के एवज में टैगोर को 'सर' की उपाधि यानि सिपेसलारी मिली तथा नोबल पुरस्कार दिया गया. सारे भारत में जहां जहां सम्राट गया गांधी भक्तों ने उसके चरणों में बैठ कर यह स्तुति गान गाया. आज अंग्रेज सम्राट की शान में गाया गया वही स्तुति गीत हमारा राष्ट्रगान है! गांधी और उनके वंशज आज तक सम्राट की स्तुति गा कर तथा पूरे भारत सें गवा कर देशभक्त कहलवाते हैं! फिर भी सत्यमेव जयते!

☞ **समस्त ब्राह्मण ग्रन्थ जहां जहां ब्राह्मणिक आर्य रहते थे उस स्थान को आर्यवर्त कहते थे या ब्रह्मावर्त कहते थे. इस आर्यवर्त या ब्रह्मावर्त के बाहर के क्षेत्र को वे "भारत" कहते थे. अब वे दावा करते हैं कि हमारे भारत देश का नाम एक वेश्या (मेनका) की बदचलन बेटी शकुन्तला की नाजायज सन्तान के नाम पर रखा गया है. इस तरह वे समस्त भारतीयों को ही नहीं पूरे भारतवर्ष को बदचलन/हरामी होने की गाली देते हैं. साथ में नारा लगाते हैं सत्यमेव जयते सत्यं जयति नानतृं!!**

☞ अगर हिन्दू संस्कृति में सें बौद्ध, सिख, जैन धर्म के सिद्धांतों को अलग कर दें तो जो शेष रहेगा वह होगा ब्राह्मणों का सनातन धर्म : धर्म के नाम पर बदनुमा दाग. आदमी को आदमी न समझने वाला. बलात्कारियों व्यभिचारियों को भगवान बताने वाला मजहब. एक गली सड़ी परम्पराओं का गन्दा नाला!! बदबूदार अनैतिकता के कीड़ों सें भरा छप्पड़! फिर भी सत्यमेव जयते का नारा लगा कर फलने फूलने वाला मजहब!!

☞ सत्य की परिभाषा देते हुए ब्राह्मणधर्म ग्रन्थ कहते हैं कि ब्राह्मण के शब्द झूठ नहीं होते (विष्णु स्मृति 19.20. 22). इसका अर्थ यह हुआ कि सत्य वह है जो ब्राह्मण कहे. इसलिए वह "सत्य" होगा जो ब्राह्मण के मुख सें निकलेगा और उसके कहे की ही जय होगी. ब्राह्मणधर्म में यही सत्य है.

☞ शतपथ ब्राह्मण (9.5.1.18) के अनुसार तद्यत्सत्यंत्रयी सा विद्या अर्थात वेदों में केवल सत्य है. जो सत्य है वही वेद हैं. सभी ब्राह्मण दर्शन वेद को भगवान की कृति बताते हैं. उसमें कही हर बात को सत्य की कसौटी बताते हैं. अतः ब्राह्मणों का "सत्य" वही है जो वेद बताते हैं. इसलिए बाप द्वारा बेटी सें कुकर्म करना, बहन द्वारा भाई को कुकर्म के लिए उकसाना, बीस बैल एक बार में पका कर खाना, सब उनके लिए सत्य है. इन कुकर्मों का विरोध करने वाले झूठे हैं. यही उनका सत्य जयते और झूठ की हार है.

ब्राह्मण धर्म में जब सत्यमेव जयते का नारा लगाया जाता है तो अग्रेजी की एक कहानी याद ताजा हो जाती है जिसमें कुछ लोग एक राजा का कत्ल कर देते हैं और फिर वही कातिल नारा लगाते हैं, "राजा चिरायु हो". **ऐसा ही कुछ ब्राह्मणधर्मी करते हैं. वे सत्य का कत्ल करके नारा लगाते हैं सत्यमेव जयते!!**

1.1.2 ब्राह्मणवाद बनाम हिन्दूधर्म

कौन हिन्दू है?

इस प्रश्न का कोई सीधा उत्तर नहीं है. संविधान में हिन्दू धर्म की जो परिभाषा दी गई है वह विचारनीय है. भारतीय संविधान के अनुसार निम्नलिखित मत्त **हिन्दू-धर्म** हैं :

1. **हिन्दुमत्त**
2. **जैनमत्त**
3. **बौद्धमत्त**
4. **सिखमत्त.**

हमारे विचार में उपरोक्त परिभाषा में प्रथम स्थान पर जो "हिन्दूमत्त" शब्द आया है उसकी जगह **"ब्राह्मणमत्त"** शब्द आना चाहिए क्योंकि संविधान के अनुसार "हिन्दू" में तो जैन, बौद्ध और सिख धर्म भी शामिल हैं. अतः जब कोई हिन्दुओं की बात करे तो स्पष्ट रहना चाहिए कि कौन से "हिन्दू" की बात हो रही है. इस बात को स्पष्ट करने के लिए ही हमने अपनी पुस्तक में हिन्दूमत्त के लिए ब्राह्मणवाद या ब्राह्मणधर्म शब्दों का प्रयोग किया

है. ऐसा इसलिए भी किया गया हैं क्योंकि **ब्राह्मणमत के सिवाय हिन्दू की परिभाषा में आने वाले शेष तीनों धर्मों में ब्राह्मण के लिए कोई स्थान नहीं है.** केवल और केवल ब्राह्मणवाद में ब्राह्मण की पूछ है उसकी सर्वोच्चता है. अतः जहां भी "ब्राह्मणवाद" शब्द का प्रयोग किया गया है उसका अर्थ उस सिस्टम सें है जो ब्राह्मण को सर्वोच्च मानता है, वेदों में आस्था रखता है, जातिवाद को धर्म मानता है, राम अथवा ऐसे ही किसी देव को भगवान मानता है आदि.

"हिन्दू बनाम हिन्दूधर्मी" : बाबा साहिब के अनुसार सब धर्मों में सें यह बताना सबसें कठिन है कि हिन्दूधर्मी किसे कहा जा सकता है. दुनिया भर के धर्मों में "हिन्दू धर्म" को छोड़ कर शेष सभी धर्मों की सीधी परिभाषा है. बौद्ध वह है जो भगवन बुद्ध को अपना आदर्श माने और धम्मपद के अनुसार जीवन बिताए. जैन वह है जो महावीर स्वामी को अपना आदर्श माने और अहिंसा के सिद्धांत अनुसार अपना जीवन बिताए. सिख वह है जो दस गुरूओं में आस्था रखे तथा गुरू ग्रन्थ साहिब के अनुसार अपना जीवन बिताए. मुस्लिम वह है जो पैगम्बर साहिब पर विश्वास करे और कुरान में आस्था रखे.

हिन्दूधर्मी के बारे में ऐसी कोई सीधी परिभाषा नहीं है. यहां वेदों को पूजने वाला भी हिन्दूधर्मी है तथा वेदों को कुत्तों की भों भों कहने वाला भी हिन्दूधर्मी है. राधा को परकीया (वेश्या) कहने वाला भी हिन्दूधर्मी है तथा रोज सुबह शाम राधे राधे जपने वाला भी हिन्दूधर्मी है. ब्रह्मा को बेटीचोद कहने वाला भी हिन्दूधर्मी है तथा उसे सृष्टिकर्ता कहने वाला भी हिन्दूधर्मी है. सवाल उठता है कि हिन्दुधर्मी ऐसा क्यों है?

इस सवाल का उत्तर है कि **"हिन्दू होना" और "हिन्दूधर्मी होना" दो अलग अलग चीजें हैं. हिन्दू होना किसी धर्म की निशानी नहीं है.** किसी का **हिन्दू होना या न होना धार्मिक होने की बजाए "सामाजिक" तथा भौगोलिक अधिक है.** हिन्दू सोमवार को व्रत कर लेता है, वीरवार को पीर की मजार पर माथा टेक लेता है और रविवार को चर्च में जाकर मोमबती भी जला लेता है. गुरू ग्रन्थ साहिब की सवारी जाती हो तो वहां भी श्रद्धा सें सिर नवा लेता है. विपति आ जाये तो बिना कोई विचार किये किसी के लिए भी खून दान कर देगा. उसमें कट्टरता नहीं होती. अ-कट्टर होना, दयावान होना उसका "हिन्दूपन" है. यह उसका जिन्दगी जीने का ढंग है.

लेकिन वही आदमी भंगी के हाथ का छूआ खाना नहीं खाना चाहेगा. अपनी जाति सें बाहर विवाह सम्बंध नहीं बनाना चाहेगा. ब्राह्मण को पूछे बिना कोई भी बड़ा काम नहीं करना चाहेगा. दयाभाव इतना कि पांव भी देख कर रखता है कि कहीं नीचे कोई चींटी दब कर न मर जाये!! लेकिन वही आदमी ब्राह्मणों के कहने पर कामख्या और काली के मंदिरों में बलि देने के लिए हर प्रकार के पशु कटवाने के लिए तैयार हो जाता है. **यह उसका हिन्दुधर्म या ब्राह्मणवाद है.**

यही ब्राह्मणवाद लगभग 2500 साल पहले अधिकतर भारत को ग्रस्त किए हुए था. तब भगवन बुद्ध ने लोगों को सही धर्म की राह दिखाई. उन्होंने तथा उनके अनुयायी सन्तों ने 1500 सालों तक लगातार ब्राह्मणवाद को टक्कर दी है. लेकिन **आठवीं सदी में संकर ने आकर बहुत गहरी शाजिश के तहत बुद्ध धर्म का सफाया कर दिया. उसने तलवार के दम पर बौद्ध भिक्षुओं का कत्ल किया और साथ के साथ बुद्ध धर्म के नियमों को अपने धर्म में मिला लिया. नतीजा यह हुआ कि ब्राह्मणधर्म एक सुपर बाजार की तरह बन गया. वहां बलि देने सें लेकर जीवों पर दया करने तक के सभी सिद्धांज उपलब्ध हो गए. उसके ही चेलों ने अपने नए धर्म का नाम हिन्दू धर्म रख लिया. नतीजा यह हुआ कि गाय की बलि देने वाला इन्द्र भी हिन्दूधर्मी हो गया तथा गाय को पूजने वाला कृष्ण भी हिन्दू हो गया.**

ब्राह्मणधर्मियों ने नियम तो बुद्ध धर्म वाले अपना लिए मगर अपनी जालसाजियां नहीं छोड़ी. ब्राह्मण को भगवान सें ऊपर बताना तथा भंगी को अछूत बताना नहीं छोड़ा.

हम भारतीयों में जो नैतिकता या अकट्टरपन दिखता है वह सब भारत माँ के सबसें महान सपूत भगवन बुद्ध की देन है. उनके जैसा न कोई हुआ, न है और न कोई होगा. भारत और विश्व में आज जो भी नैतिकता दिखती है वह भगवन बुद्ध की ही देन है. ब्राह्मणवाद में कभी कोई देवता, कोई ऋषि, कोई भगवान कभी भी नैतिक, सदाचारी नहीं हुआ बल्कि उन्होंने एक सें बढ़ कर एक अनैतिक काम किये. उन्होंने पशुओं की तरह अपनी माँ बहन बेटी सें यौन सम्बंध बनाये. भेड़ियों की तरह पशुओं का मांस खाया. पानी की तरह सोम (शराब) पी. स्त्री विशेषकर पत्नि को पांव की जूती समझा. उनके किसी भी धार्मिक कहे जाने वाले ग्रन्थ में सदाचार को अपनाने की बात नहीं की गई है. पाप करो और बस गंगा में डुबकी लगाओ ब्राह्मणों को दान दो सब पाप साफ. ऐसा उन ग्रन्थों का कहना है.

अगर आज हिन्दू कहे जाने वाले लोग नैतिक, सदाचारी तथा सहिष्णु हैं तो मात्र इसलिए कि हम सब के पूर्वज बौद्ध थे. मौर्य काल में पूरा भारत बौद्ध धर्मी बन गया था. गुप्तकाल में भी मात्र राजा ही बलि यज्ञ करते थे जनता तो बौद्ध आचरण करती थी. संकर जैसे हत्यारों ने बौद्धों का कत्लेआम किया मगर वह भी भारतीयों के मन सें बुद्ध की शिक्षाओं को नहीं निकाल पाया. भारतीय समाज सदा बौद्धमय रहा है उसका एक सबूत यह है कि ब्राह्मणों के किसी ग्रन्थ में पीपल की महिमा नहीं की गई है तो भी पूरे भारत के लोग पीपल की पूजा करते हैं

क्योंकि भगवन बुद्ध को पीपल के नीचे ही ज्ञान मिला था. पीपल काटना गाय काटने के समान पाप समझा जाता है लेकिन सदियों तक ब्राह्मणों ने बौद्धों पर जुल्म किए, इसलिए पीपल का पेड़ अपने घर में उगाना 'अभिशाप' बन गया.

हत्यारे ब्राह्मण पुष्यमित्र और संकर द्वारा किए गए नरसंहार का असर यह हुआ कि भिक्षुओं को भारत छोड़ना पड़ा. भिक्षुओं की अनुपस्थिति में उन्होंने लोगों में ब्राह्मणिक कर्मकांड भर दिये लेकिन वे लोगों को भगवन बुद्ध के सदाचार के मार्ग सें नहीं हटा पाये. नतीजा यह हुआ कि लोग सदाचारी और खुले दिमाग (**open mind)** वाला जीवन तो "बौद्ध" वाला जीते हैं लेकिन कर्मकांड ब्राह्मणधर्म वाले कर लेते हैं. यही कर्मकांड छूआछूत, जातिवाद, दिमागी अन्धापन उसका "ब्राह्मणवाद" है.

हमारा संघर्ष इसी ब्राह्मणवाद के विरुद्ध है तथा इसी ब्राह्मणवाद के ध्वजवाहकों के विरुद्ध है. यह ध्वजवाहक उनके ग्रन्थ हैं जो यह कहते हैं 'पूजिये विप्र गुण सील हीना, सूद्र न गुण ज्ञान प्रवीणा'. वे हत्यारे हैं जिन्होंने सन्त शम्बूक, गुरू रैदास का कत्ल किया, वे ऋषि हैं जिन्होंने धर्म की आड़ में वासना और वीभत्सता का नंगा नाच किया. और वे लोग हैं जिन्होंने धर्म के नाम पर लोगों का खून बहाया और बहा रहे हैं. ऐसे लोग उनके धर्मगुरू कहलाने वाले हो सकते हैं देवता हो सकते हैं या आज के लीडर हो सकते हैं.

हिन्दू शब्द का इतिहास : "हिन्दू" शब्द वास्तव में धार्मिक शब्द है ही नहीं. यह तो विदेशियों द्वारा समस्त भारतीयों के लिए प्रयोग किया गया शब्द है. वह भारतीय चाहे हिन्दूधर्मी हो, सिख हो, बौद्ध हो, जैन हो या अन्य धर्मी हो. उन्होंने पूरे भारत को हिन्दोस्तान कहा तथा भारतीयों को हिन्दू कहा. यह तो ब्राह्मणों की चालबाजी और जालसाजी है कि उन्होंने अपने सनातन अथवा वैदिक धर्म का नाम हिन्दूधर्म रख लिया **जबकि उनके किसी भी धर्म ग्रन्थ में हिन्दू शब्द नहीं है!!**

इस तरह हिन्दूधर्म दुनिया का एक मात्र धर्म है जिसके ग्रन्थों में अपने धर्म का नाम ही नहीं है. ब्राह्मणिक धर्म के वेदों पुराणों गीता में "हिन्दू" शब्द का न होना इस बात को साबित करता है कि "हिन्दू" एक विदेशी नाम है. आज भी भारत सें बाहर भारतीयों को हिन्दू ही कहा जाता है चाहे वह मुस्लिम हो बौद्ध हो या हिन्दूधर्मी हो.

हिन्दू शब्द का फारसी में अर्थ ठग चोर डाकू है. अतः जब फारसी हमलावरों ने भारत पर अपनी हकूमत कायम की तो यहां की ठगी, चोरबाजारी देख कर यहां रहने वालों को हिन्दू कहना शुरू का दिया. आज के समय में जैसे पंजाब हरियाणा में यूपी बिहार सें काम करने आने वाले सभी मजदूर किस्म के लोगों को "भईया" कहा जाता है चाहे वह किसी भी जाति या धर्म सें सम्बंध रखता हो. पंजाबी में "भईया" का अर्थ ही मजदूर बन गया है, बिल्कुल वैसे ही विदेशियों ने भारतीयों को "हिन्दू" यानि चोर कहना शुरू किया. हो सकता है उन्होंने पण्डों पुरोहितों द्वारा की जा रही लूटखसोट के कारण केवल ब्राह्मणों को हिन्दू कहा हो लेकिन बाद में उन्होंने पूरे भारत को यही नाम दे दिया.

प्राचीन कथा कहानियां तथा इतिहास इस बात का सबूत हैं कि भारत में जगह जगह लूटमार, राहजनी व ठगी आम बात थी. ऋग्वेद में तो असंख्य श्लोक हैं जहां देवों सें प्रार्थना की गई है वे दूसरों का धन लूट कर उन्हें दे दिया जाए. अतः लूटमार ब्राह्मणधर्म के जन्म सें ही उसके साथ है. आज के दिन भी उनका हर तीर्थ स्थान लूट मार का केन्द्र बना हुआ है. हर तीर्थ यात्री वहां सें लुटा पिटा परेशान वापिस आता है.

इस गाली में भी ब्राह्मणों को छुपा हुआ वरदान मिल गया. उनके धर्म के चार स्तम्भों में सें एक "अर्थ" यानि धन कमाना भी है. जब विदेशियों ने सारे भारतीयों को हिन्दू कह कर गाली दी तो पूरे भारत के लोगों को अपने चंगुल में करने के लिए ब्राह्मणों ने अपने धर्म का नाम ही हिन्दूधर्म रख लिया. शिक्षा पर केवल उनका ही अधिकार था. अतः जैसा उन्होंने लोगों का पढ़ाया, वैसा लोगों ने मान लिया. इस तरह सें हिन्दू नाम सारे भारतीयों के लिए प्रयोग किया जाने लगा. चाहे वह भारतीय किसी भी जाति नस्ल अथवा धर्म का हो. इससें यह हुआ कि वेद को पूजने वाला और वेद को कुत्ते की भौं भौं बताने दानों धर्मों के लोग "हिन्दू" कहे जाने लगे.

पिछले कुछेक सदियों सें हिन्दू नाम केवल ब्राह्मणधर्म तक सीमित हो कर रह गया है. अतः आज हिन्दू और हिन्दूधर्मी का अर्थ एक समान हो गया है. **लेकिन अब फिर सें इनको अलग करने की जरूरत है क्योंकि जब सें बीजेपी यानि ब्राह्मण जाति पार्टी को सत्ता मिली है उन्होंने हिन्दू को हिन्दूधर्मी में बदलने का काम किया है.** इसका सबूत गुजरात व अन्य जगहों पर हुए दंगे हैं. **इन दंगों में नित्य दरगाह पर माथा रगड़ने वाले हिन्दूओं ने भी हिन्दूधर्मी बन कर आगजनी लूटमार और हत्याएं की हैं.**

हमारे विचार में किसी भी धर्म को अपने लिए "हिन्दू" शब्द प्रयोग करने की मनाही होनी चाहिए. कानून द्वारा यह पाबंदी लगनी चाहिए कि ब्राह्मण अपने धर्म को "हिन्दू" नहीं कहेंगे. **वैसे भी किसी भी ब्राह्मण ग्रन्थ में हिन्दू शब्द नहीं है. वहां धर्म के लिए सनातन या वैदिक धर्म का प्रयोग हुआ है.** अतः ब्राह्मणों को चाहिए कि वे अपने धर्म का नाम ब्राह्मण धर्म या वैदिक धर्म या सनातन धर्म रखें. **उनका धर्म "हिन्दू" नहीं है. आर एस एस, शिव सेना तथा विश्व हिन्दू परिषद वाले लोग जो बाबरी मस्जिद तोड़ कर राम मंदिर बनाने की बात करते हैं वे वास्तव में वे "हिन्दू" नहीं हैं बल्कि वे वास्तव में ब्राह्मण धर्मी हैं.**

ब्राह्मणवाद के नए अवतार राधाकृष्णन (भूतपूर्व राष्ट्रपति) के अनुसार (ब्राह्मणधर्मी) हिन्दू वह है जो चारों वर्णों को माने, चारों आश्रमों को माने और चार प्रयोजन (धर्म, अर्थ काम मोक्ष) पूरे करे. वेदों को धर्म का मूल आधार माने. (धर्म और समाज पृ 109–111) मनु का भी कहना है कि वेद **ही** धर्म का आधार हैं. (मनु 2.6)

उपरोक्त परिभाषा के आधार पर ब्राह्मणिक हिन्दू वह है :

1. **जो चारों वर्णों यानि ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र के विभाजन और उनकी ऊँच नीच को वैध माने तथा भगवान का आदेश माने.**
2. **जो चार आश्रमों यानि ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और सन्यास को पालन करे.**
3. **जो चार प्रयोजन यानि धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति का यत्न करे.**
4. **वेदों को सर्वोच्च माने. उन्हें धर्म का आधार माने.**

आज भारत के **99 प्रतिशत सें ज्यादा "हिन्दूधर्मी" उपरोक्त परिभाषा के अनुसार हिन्दू नहीं हैं** क्योंकि उनमें सें कोई भी जातिवाद के अलावा अन्य तीन आधारों पर खरा नहीं उतरता. आज के समय कोई भी हिन्दू "चार आश्रमों" के ढकोसलों को नहीं मानता, अधिकतर हिन्दू वेदों को मानना तो दूर उनका नाम तक नहीं जानते. यज्ञ, बलि, तीर्थ स्नान आदि सब ढकोसलों को युवा पीढ़ी भुला चुकी है. न ही कोई बाप अपनी बेटी को दांव पर लगाने का धर्म कर सकता है कि कोई भी मछली की आँख में तीर मारो और बेटी को ले जाओ या धनुष उठाओ और बेटी को ले जाओ! वेदों का "धर्म" यानि दयानन्दी आर्य धर्म आज कोई नहीं मान सकता क्योंकि कोई भी स्त्री आज ग्यारह आदमियों सें ग्यारह पुत्र पैदा नहीं करवा सकती.

अतः समय आ गया है कि "हिन्दुओं" सें "हिन्दुधर्मियों" को अलग किया जाए. किसी भी धर्म को अपना नाम हिन्दू रखने पर पाबंदी होनी चाहिए. हिन्दुधर्मियों का नाम ब्राह्मणधर्म रखा जाना चाहिए ताकि उनकी असलीयत बताते समय असली हिन्दू अलग रहें.

1.1.3 ब्राह्मणधर्म : आर्य संस्कृति

भारतीय आर्य बनाम ब्राह्मणिक आर्य

भारत का इतिहास नष्ट करने के इरादे सें संकर तथा राधाकृष्णन जैसे पढ़े लिखे बाह्मणों ने हर चीज में गड़बड़ी की है. सबसें बड़ी गड़बड़ उन्होंने इतिहास के साथ की है. ऐतिहासिक घटनाओं को उन्होंने किस्से कहानियों में बदल दिया और किस्से कहानियों को इतिहास का रूप दे दिया. बहुत सी वस्तुओं का नाम बदले बगैर उनके काम बदल दिए. इसी गड़बड़ घोटाले में एक शब्द "आर्य" भी है. जितना घालमेल आर्य शब्द को लेकर हुआ है उतना शायद किसी अन्य शब्द के साथ नहीं हुआ है.

आर्य शब्द का इतिहास : वास्तव में "आर्य" शब्द सिन्धु साम्राज्य की भाषा का शब्द है. सिन्धु साम्राज्य में दो प्रकार के लोग रहते थे. एक सिपाही अर्थात कुलीन वर्ग दूसरा कारीगर एवं व्यापारी वर्ग. इनमें कोई जातिगत बंधन नहीं था. कोई भी आदमी कोई भी काम कर सकता था. सिपाही वर्ग में केवल शारीरिक तौर पर तगड़े लोग ही शामिल होते थे तथा उनके पास राजकीय शक्ति भी होती थी. अतः यह स्वाभाविक ही था कि ऐसे लोगों को इज्जत की नजर सें देखा जाता था. **इसी कारण सिन्धु साम्राज्य के सिपाही वर्ग को आदर सें "आर्य" बुलाया जाता था.** प्राचीन ग्रन्थों में आर्य शब्द केवल सिपाही वर्ग यानि क्षत्रियों को सम्बोधन के लिए प्रयोग किया जाता था. उनको आर्य बुलाना ऐसा ही था जैसे आज हम अध्यापकों और अधिकारियों को 'सर' कह कर बुलाते हैं.

लगभग 3500 साल पहले भारत के इतिहास में एक घिनौनी घटना हुई. अब्राहम की संतान 'ब्राह्मण' ने भारत में अपने गंदे पांव रखे. **मात्र ब्राह्मण बाहर सें आए थे. शेष तीन वर्ण और जातियां यहीं के लोगों सें बने हैं.** ब्राह्मणों के आने के बहुत समय बाद तक भारत में तीन ही वर्ण थे. कर्मकांड करने वाले ब्राह्मण, राज करने वाले सिपाही या क्षत्रिय तथा खेती व व्यापार करने वाले वैश्य. मजदूरी करने वाले दास भी होते थे. इस तथ्य का बाबा साहिब ने अपने ग्रन्थ "शूद्र कौन थे?" में उल्लेख किया है. भगवन बुद्ध के समय तक आर्य शब्द किसी जाति या वर्ण का सूचक न होकर 'क्षत्रिय' अर्थात सिपाही वर्ग को सम्मान देने का सूचक था.

सम्राट वृहदर्थ की हत्या के बाद जब पढ़े लिखे धूर्त ब्राह्मणों ने भारत के इतिहास के साथ घालमेल किया तो उस समय उन्होंने "आर्य" शब्द का अर्थ भी बदल दिया. उन्होंने आर्य शब्द का प्रयोग मात्र सिपाही वर्ग की बजाए पूरे उस समाज के लिए करना शुरू कर दिया जिसने ब्राह्मणिक विचारधारा को अपना लिया था. पढ़ने लिखने के साधन क्योंकि ब्राह्मणों के कब्जे में थे इसलिए उन्होंने जो पढ़ा दिया लोगों ने उसे सही मान लिया.

आज के समय में कुछेक शब्द इसी तरह सें अर्थ बदल रहे हैं. एक शब्द है 'महाशय' दूसरा शब्द है 'जैन' तथा तीसरा शब्द है 'हरिजन'. पचास साठ के दशकों तक आर्य समाजी लोग एक दूसरे को सम्बोधन में 'महाशय'

शब्द का प्रयोग करते थे. अतः महाशय का अर्थ होता था आर्य समाजी! पंजाब में जब तक आर्य समाज का जोर रहा यह शब्द अपने सही रूप में प्रयोग किया जाता रहा. अब पंजाब में आर्य समाज तो मर चुका है लेकिन महाशय शब्द अब भी पुराने **आर्य समाजी बनियों** के परिवारों के साथ चिपका हुआ है. दलित आर्य समाजियों के वंशजों को महाशय नहीं कहा जाता. आज वहां महाशय का अर्थ 'बनिया' के अतिरिक्त कुछ भी नहीं है.

किसी समय "जैन" होने का अर्थ थाः नास्तिक होना, ब्राह्मणधर्म का दुश्मन होना. आज जैन का अर्थ है ब्राह्मणधर्म का वह भाग जो अन्य ब्राह्मणिक भगवानों के साथ महावीर स्वामी की पूजा भी करता है. दक्षिण भारत के ब्राह्मण मंदिरों की नींवों में जिंदा चिन दिये गए जैनों के वंशज आज पूरे ब्राह्मणधर्मी बन चुके हैं.

सबसें अधिक परिवर्तन जिस शब्द में आ रहा है वह है "हरिजन". इसका शाब्दिक अर्थ है 'भगवान की संतान'. दलित सन्तों ने हरिजन का अर्थ किया थाः **नैतिक मनुष्य.** गांधी ने इसका प्रयोग किया उन दबे कुचले लोगों (Depressed Classes) के लिए जिनको आजादी दिलवाने के लिए बाबा साहिब ने संघर्ष किया था लेकिन इसका प्रयोग सीमित रहा मात्र अछूतों तक! हरिजन का अर्थ था अछूत! लेकिन पिछले कुछ सालों सें अछूत वर्ग के वे लोग जो आर्थिक तौर पर सम्पन्न हो गए हैं अथवा अच्छे ओहदों पर लग गए हैं, वे 'हरिजन' के दायरे सें बाहर आ रहे हैं.

पिछले कुछ बरसों सें हरिजन शब्द मात्र सफाई कर्ता भंगी जाति तक सीमित किया जा रहा है. यहां तक कि बड़े शहरों में रहने वाले शड्यूल्ड कास्ट अधिकारी भी मात्र गली में झाड़ू लगाने वाले के लिए 'हरिजन' शब्द का प्रयोग करते हैं. अक्तूबर 2008 के अंत में मद्रास हाई कोर्ट में वाल्मिकी वर्ग की ओर सें एक याचिका दायर की गई कि अनुसूचित जाति को मिलने वाले आरक्षण में सें "हरिजनों" के लिए अलग सें आरक्षण की सीमा होनी चाहिए. याचिका में कहा गया था कि अनुसूचित जातियों को मिलने वाले आरक्षण में सें चर्मकार वर्ग बहुत अधिक हिस्सा ले जाता है. अतः आरक्षण कोटे में सें कुछ प्रतिशत 'हरिजनों' यानि भंगियों के लिए निश्चित किया जाए. इस प्रकार उन लोगों ने स्वयं को हरिजन कहा और अन्य अछूत जातियों को अनुसूचित जाति कहा.

अगर ऐसा ही दौर चलता रहा तो आने वाले कुछेक सालों में हरिजन का अर्थ मात्र सफाई करने वाले जमादारों तक सीमित हो जाएगा.

* **वेदों को भगवान द्वारा रचित बता कर इन्हें शूद्रों आदि द्वारा पढ़ने पर पाबंदी लगाई. लेकिन साथ में ही वैदिक देवों को निरस्त करके उनकी जगह नये नये भगवान घढ़े गये. अवतार का नया शोशा खोजा गया.** ऐसे अवतारों की कहानियां घढ़ी गईं जो केवल ब्राह्मणों का हित करने ही पैदा हुए थे. जहां राम ने ब्राह्मणों की खातिर निरपराध असुर स्त्री पुरुष और बच्चे कत्ल किये वहीं कृष्ण ने वह पानी पीया जो ब्राह्मण सुदामा के पैर धोकर मैला हो गया था. शेष सभी अवतारों ने भी ऐसा ही किया. परशु ने तो ब्राह्मणों का विरोध करने वाले क्षत्रिय समूल नाश कर दिये.

  ब्राह्मणों ने पुराने भगवानों : इन्द्र वरुण सूर्य अग्नि पूषाण उषा आदि को दफन करने के लिए उनकी असलीयत बयान की अर्थात इनकी करतूतें बताईं गईं. साथ में नये भगवानों सें ऐसे काम करवाये गये जो आज के समय में अनैतिक या पाप समझे जाते हैं. जिस समय इन पुराणों की रचना की गई ब्राह्मणों को लगता था कि उनका सूर्य कभी अस्त नहीं होगा. अतः उन्होंने जो मन में आया अपने ग्रन्थों में लिख लिया. उस काल में ही नहीं कुछ साल पहले ही तुलसी ने भी यही कहा थाः "ढोल गंवार सूद्र पसु नारी; सब ताड़न के अधिकारी" उसने कभी सपने में भी कल्पना नहीं की होगी कि उसके ऐसा लिखने के मात्र तीन सदियां बाद ही उसकी ऐसी थू थू होगी कि गीता प्रेस भी उसका यह फरमान छापने की हिम्मत नहीं जुटा पायेगी.
* **एक ओर बलि में गाय बकरे घोड़े मार कर खाने को धर्म घोषित किया तो दूसरी ओर महात्मा रावण द्वारा शुरू किये गए हवन को भी अपना लिया गया.** यज्ञ ब्राह्मणधर्म का मूल पेशा होते थे जिसमें कम सें कम सोलह ब्राह्मण द्वारा कर्मकांड किया जाता था. लोग इन यज्ञों सें बेहद परेशान थे. महाराज रावण ने सोलह ब्राह्मणों वाले यज्ञों की जगह स्वयं हवन करने की प्रथा चलाई. सम्राट वृहदर्थ की हत्या करने के बाद ब्राह्मणों ने राजा और सेठों के यहां तो पशु बलि वाले खर्चीले यज्ञ करने शुरू किये वहीं आम जनता घर पर ही हवन कर करने शुरू कर दिये. इससें पहले उन्होंने हमेशा 16 ऋत्विकों वाले मंहगे यज्ञ ही किये थे.
* **इतिहास भ्रष्ट किया : सम्राट वृहदर्थ की हत्या के बाद ब्राह्मणों ने जो सबसें घिनौना काम किया वह यह कि भारत का इतिहास नष्ट कर दिया.** उस समय पुराण केवल एक होता था जिसे सूत (दास या शूद्र) जुबानी याद करते थे, गाते थे और समय समय पर संशोधन करते थे. लिखने की प्रथा उस समय तक विकसित नहीं हुई थी. हत्यारे पुष्यमित्र के काल में सबसें पहले तो ब्राह्मणों ने प्राचीन पुराण को नष्ट कर दिया. उसकी सच्ची घटनाओं के साथ असंख्य झूठे किस्से जोड़ दिये गये. सूतों सें पुराण ब्राह्मणों ने अपने कब्जे में ले लिया. सूतों के पढ़ने लिखने और धार्मिक प्रचार पर पाबंदी लगा दी गई थी. इसलिए कुछेक पीढ़ियों बाद उनके द्वारा याद किया गया इतिहास समाप्त हो गया. ब्राह्मणों ने एक की जगह 18 पुराण बना दिये. पुराने पुराण के अध्यायों के नाम वही रखे गये परन्तु उनमें ऊल जलूल किस्से घुसेड़ दिये. रामायण में भी दो अध्याय और जोड़ दिये गये. महाभारत में हजारों नये श्लोक घुसेड़ दिये गये. कृष्ण जैसे लम्पट और चरित्रहीन, परशु जैसे दरिंदे को अपने भगवान का अवतार बताया गया. पशुओं और अर्धपशुओं को भी अवतार बना दिया गया. मनु स्मृति को बिल्कुल ही बिगाड़ दिया गया. भांग पीकर जैसी शक्लें उन्हें दिखी ब्राह्मणों ने वैसे ही राक्षसों और असुरों की कल्पना कर डाली.
* **साम दाम दण्ड भेद की नीति बनाई गई और उसके अनुसार काम किये गये.** नैतिकता के मामले में वे महावीर बुद्ध की शिक्षाओं के सामने टिक नहीं पाये. अतः साम नीति का सहारा लेते हुए अनेकों ब्राह्मण बौद्ध धर्म में शामिल हो गये. वहां जाकर उन्होंने धर्म विरोधी आचरण किया और बौद्ध धर्म को बदनाम किया. नागार्जुन जैसा प्रसिद्ध ब्राह्मण जानबूझ कर बौद्ध बन गया. कुछ समय वहां रहा. जब उसकी पहचान बौद्ध के रूप सब ओर फैल गई तो उसने वहां ब्राह्मणिक कर्मकांडों का जहर घोलना शुरू कर दिया. इसी नीति तहत ब्राह्मणों ने धम्मपद की तर्ज पर गीता तैयार की. जहां धम्मपद में नैतिकता की शिक्षा है गीता में अवतार आत्मा और कर्म के ढकोसले भरे पड़े हैं.

* **इसी समय स्त्रियों के विरुद्ध नियम बनाये गये.** शादी करके एक ही पति के साथ जीवन बिताने वाली पतिव्रता नारियों के विरुद्ध फतवे जारी किये गये. ऐसी नारियों के विधवा होने पर उन्हें पति के साथ ही जल मरने के लिये मजबूर किया गया. चरित्रहीन स्त्रियां आजादी सें घूमती रहीं. अनेक पुरुषों के साथ यौन सम्बंध बनाने वाली राधाएं "देवी" बना दी गईं और पतिव्रता रुक्मणियां कृष्ण के साथ जला कर सती कर दी गईं.

  विधवा के दूसरे विवाह पर तो सख्ती सें पाबंदी लगाई गई लेकिन कुंआरी, विधवा और सधवा सभी को नियोग करके पुत्र पैदा करने की छूट दी गई. जवान लेकिन अविवाहित कुन्ती और मत्स्यगंधाएं ब्राह्मण ऋषिओं के बच्चों की मांएं बनने के बावजूद "कौमार्यशील" बताई गईं, माद्रीयां विधवा होकर भी ब्राह्मणों द्वारा कई कई बच्चों की माँ बन कर "सौभाग्यवती" कहलाईं. एक पतिव्रता रुक्मणियां कृष्ण के साथ सती की गईं तो कृष्ण की रखैलें अनंगव्रत के नाम पर ब्राह्मणों की हवस का शिकार हुईं.

* **स्त्रियों** के पढ़ने पर पाबंदी लगाई गई. पुरुष वर्ग में तो केवल क्षत्रियों की पढ़ाई बंद की गई. उनका उपनयन संस्कार बंद कर दिया गया मगर स्त्रियों के विषय में किसी भी वर्ण या जाति की स्त्री को नहीं बख्शा गया. हर वर्ण की स्त्री का उपनयन संस्कार बंद कर दिया गया. केवल शादी की रस्म को ही स्त्री का उपनयन माना गया. ससुराल उसका आश्रम तथा घर में चूल्हा जलाना उसका अग्निहोत्र निष्चित किया गया. (मनु 2.67) (धर्म और समाज 146)

* **स्त्री निन्दा धर्म का अंग बनी.** छटी सदी में जहां संकर ने स्त्री को मात्र भोग की वस्तु बताया तथा उसके द्वारा किसी भी पुरुष सें यौन सम्बंध बनाने सें इन्कार करने पर उसे मारने पीटने तथा बांझ बनाने के मन्त्र बनाए गए वहीं ब्राह्मण तुलसी ने उसें वासना की पिटारी बताया तथा यहां तक कह दिया कि सुन्दर पुरुष देखते ही स्त्री विचलित हो जाती है चाहे वह उसके अपने गर्भ सें जाया पुत्र ही क्यों न हो. ऐसा ही ऋग्वेद (7.33.17) में कहा गया है. (धर्म और समाज 147)

* **बौद्ध भिक्षु संघ** को समाप्त करने के लिए पत्नि सें अलग रहने तथा तलाक प्रथा को बन्द कर दिया गया. एक बार शादी हो जाने पर उसे अटूट करार दे दिया गया. ऐसा इसलिए किया गया ताकि लोग घर बार छोड़ कर भिक्षु न बन सकें. (धर्म और समाज 189)

4. चौथा एवं अंतिम अहम मोड़ : भारतीय इतिहास में चौथा और आखिरी मोड़ तब आया जब **विजयदशमी के दिन 14 अक्तूबर 1956 को बाबा साहिब अम्बेडकर अपने लाखों अनुयाइयों को उनके असली धर्म में वापिस ले गए.** बाबा साहिब के बिगुल बजाने के बाद सें अब तक लाखों भारतीय और विदेशी बुद्ध धर्म की शरण में आए है. **आज के दिन बुद्ध धर्म दुनिया में सबसें तेज गति सें बढ़ता हुआ धर्म है.**

बाबा साहिब की तरह श्रमण संस्कृति के सन्तों व नायकों ने ब्राह्मणधर्म के अमानवीय और नीच नियमों के विरुद्ध संघर्ष किया है. **बाबा साहिब ने बिल्कुल सही कहा है कि भारत का इतिहास और कुछ नहीं यह बौद्ध (श्रमण) संस्कृति और ब्राह्मणवाद के बीच जातीय संघर्ष का इतिहास मात्र है.** यह दुर्भाग्य की बात है कि भारत में केवल ब्राह्मण ही पढ़े लिखे होते थे. अतः इन्हीं लोगों ने भारत का इतिहास लिखा और जो बात उनके विरुद्ध जाती थी उन्होंने इतिहास लिखते समय उसे बदल दिया. पश्चिमी इतिहासकार केवल इस बात को इतिहास कहते हैं कि कौन से सन में कौन राजा बना, उसने कौन सी लड़ाई जीती कौन सी हारी और वह कब मर गया. उस समय जनता का क्या हाल था; यह उनके लिए इतिहास का विषय वस्तु नहीं है.

समय समय पर श्रमण संस्कृति के ध्वजवाहकों ने ब्राह्मणवाद को टक्कर दी है लेकिन हर बार ब्राह्मण साम दाम की नीति अपना कर बच निकले हैं. महात्मा रावण सें लेकर बाबा साहिब अम्बेडकर तक सभी ने ब्राह्मणवाद को टक्कर दी है. जैसे दीपक बुझने सें पहले पूरी जोर सें जलता है ब्राह्मणवाद भी आज पूरी जोर सें जल रहा है. इसका अन्त बहुत शीघ्र आने वाला है. आर एस एस तथा महासभा वाले इसे संभाले रखने के लिए बहुत जोर शोर सें हाथ पांव मार रहे हैं लेकिन लाश को वे कितने दिन तक और संभाले रखेंगे. एक न एक दिन इसका अंतिम संस्कार तो उन्हें करना ही होगा!! यह तो सिर्फ बौद्ध भिक्षुओं की कमी है कि ब्राह्मणवाद आज तक सांस ले रहा है. अगर उन्होंने यथोचित हिम्मत दिखाई होती तो आज ब्राह्मणवाद इतिहास की वस्तु बन गया होता!!

1.4 ब्राह्मण की सर्वोच्चता

भारत में दो "गांधी" मारे गए. 1. करम चन्द गांधी, 2. इन्दिरा गांधी. पहले गांधी को उसके लोग "बापू" भी कहते हैं. जब उसका वध हुआ तब देश का बंटवारा अभी हुआ ही था और लाखों लोग इस बंटवारे की भेंट चढ गए थे. आज भी पंजाब के लोग 1947 को "आजादी का साल" कहने की बजाए "कटा–वडी दा साल" अर्थात मार

काट का साल कह कर याद करते हैं. जब गांधी मारा गया तब तक मार काट का खून अभी सूखा भी न था. इन्दिरा गांधी जब मारी गई तब भी पंजाब में खून बह रहा था. अतः दोनों का वध तब हुआ जब पंजाब में खून बह रहा था और पंजाब में बहते खून के लिए दोनों ही जिम्मेवार थे.

लेकिन इन दो गांधियों के वध के बाद एक बात बहुत अलग हुई कि उनके बापू के वध पर तो कोई बोला भी नहीं लेकिन इन्दिरा गांधी के वध पर हजारों बेगुनाह कत्ल कर दिये गए.

इसका एक ही कारण है : वह है ब्राह्मणवाद. करम चन्द गांधी वैश्य था जिसको एक ब्राह्मण गोडसे ने मारा था यानि एक बनिये को एक ब्राह्मण ने मारा था. इन्दिरा गांधी ब्राह्मण थी जिसको एक दलित सरदार बेअंत सिंह ने मारा था यानि एक ब्राह्मण को दलित ने मारा था. ब्राह्मणधर्म के धर्म ग्रन्थों के अनुसार ब्राह्मण किसी को भी मार सकता है लेकिन दलित किसी ब्राह्मण को मार दे तो कयामत आ जाती है. **यह तो शुक्र है कि बाबा साहिब ने सब दलितों को ब्राह्मण के बराबर वोट का अधिकार दे रखा है. इसलिए बात यहीं समाप्त हो गई. कहीं यह घटना आजादी सें पहले हो जाती तो भागवत में एक कथा और जुड़ जाती कि किस प्रकार इंदिरा के वध के बाद भगवान ने हत्यारों के रूप में अवतार लिया और हजारों सिख दो दिन में ही मार गिराए!**

यह विडम्बना ही है कि चाहे भारत में कहने को तो कानून सर्वोपरि है लेकिन असलीयत में आज भी ब्राह्मण द्वारा बनाए नियम ही सर्वोपरि हैं. ब्राह्मण किसी को भी मार दे कुछ अन्तर नहीं पड़ता लेकिन अगर कोई गैर–ब्राह्मण उसकी तरफ आँख उठा कर भी देख ले तो कयामत आ जाती है.

इतिहास में ऐसा कोई प्रसंग अथवा उदाहरण नहीं मिलता जब वैश्यों ने कभी ब्राह्मण–सत्ता अथवा ब्राह्मण वर्ग को चुनौती दी हो. ब्राह्मणों को चुनौती दी तो मात्र क्षत्रिय अथवा शूद्रों ने. बनिये तो हमेशा सें ही ब्राह्मण भक्त रहे हैं. बाबा साहिब अम्बेडकर के अनुसार शुरू में तीन ही वर्ण थे – ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य. समयावधि में सर्वोच्चता के लिए ब्राह्मण और क्षत्रिय वर्गों में संघर्ष हुआ जिस में क्षत्रिय हार गए और उनका चौथा वर्ण शूद्र बना दिया गया. शूद्र बनने के बावजूद उन्होंने अपना संघर्ष जारी रखा. गुरू रैदास तथा सन्त कबीर ने संघर्ष का झण्डा बुलन्द रखा. जहां एक ओर गुरू रैदास ने कहा :

रैदास जनम के कारणे होत ना कोय नीच,
नर को नीच कर डाले है ओछे करमों की कीच!!

तो सन्त कबीर ने साफ शब्दों में कहा : **जो तू बामण बामणी जाया तो आण बाट क्यों नहीं आया!!**

आजादी सें पहले तक ब्राह्मण की सत्ता लगभग अक्षुण थी. वेद काल में वे देवों सें मिल कर शेष समाज पर हावी रहते थे. ऋषि उद्दालक की पत्नि को आम ब्राह्मण पकड़ ले जाता है. उसका बेटा आपत्ति करता है लेकिन बाप उसे रोक देता है कि यह तो ब्राह्मण का अधिकार है. महाभारत काल में द्रोण जैसा ब्राह्मण महावीर एकलव्य का अंगूठा काटने सें न झिझकता था. ब्राह्मण ऋषि पराशर सबके सामने गंगा के बीच में सत्यवती सें बलात्कार करने को अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानता था.

रामायण काल में महाराज रावण जब सीता के स्तनों, जांघों की तारीफ करते हैं तो सीता बुरा भला कहने की बजाए उन्हें फल मेवे भेंट करती है क्योंकि तब वे ब्राह्मण वेश में होते हैं. तुलसी बेझिझक कहता है पूजिए विप्र सील गुण ज्ञान हीना. पराशर भी कहता है ब्राह्मण चरित्रहीन भी पूजनीय है शूद्र जितेन्द्रीय भी पूजनीय नहीं. (पराशर स्मृति 8.33) दयानन्द ब्राह्मणों को सुधारने की बजाए शुद्धिकरण करके लोगों को ब्राह्मण बनाता है. बनिए ‘‘बापू’’ गांधी का वध होता है तो कोई नहीं बोलता लेकिन ब्राह्मण गांधी का वध होता है तो हजारों बेगुनाह कत्ल कर दिए जाते हैं.

ऐसी है ब्राह्मण की सर्वोच्चता!!

1.4.1 ब्राह्मण सर्वोच्च कैसे बना

आज भारत में ब्राह्मण जाति सर्वोच्च मानी जाती है. चाहे वह किसी भी धर्म में हो. चाहे वह सिख बने, ईसाई बने या मुस्लमान बने या बौद्ध बने उसकी सर्वोच्चता अखण्ड रहती है. ऐसा नहीं है कि ब्राह्मण सदा सें ही सर्वोच्च माना जाता रहा है. अगर उनके धर्म ग्रन्थों को ही प्रमाण मान लें तो अपनी सर्वोच्चता हासिल करने के लिए उसने इतना खून बहाया है जितना गंगा में पानी नहीं होगा! आज शांतिप्रियता और मासूमियत का लबादा ओढने वाला ब्राह्मण कभी भेड़िये सें भी ज्यादा निर्दयी और खूंखार होता था.

आज भारत में वर्ण नाम की चीज लगभग लुप्त हो गई है. आज केवल जातियां ही जातियां हैं. साथ में यह नियम भी बन गया है कि जिस जाति का बाप होगा उसी जाति का बेटा होगा. बेटे में चाहे कैसे भी गुण हों उसे जाति अपने पिता वाली ही मिलती है. कभी समय था जब बच्चे का वर्ण सप्त ऋषि निर्धारित किया करते थे. फिर वर्ण निर्धारण का कार्य गुरू करने लगे और अन्त में समय ऐसा आया जब बाप का वर्ण ही बच्चे का वर्ण

माना जाने लगा. तब वर्ण ने जाति का रूप ले लिया. बाप ब्राह्मण तो बेटा भी ब्राह्मण, बाप चमार तो बेटा भी चमार.

जब वर्ण निर्धारण की प्रथा में अंतर आ रहा था तो उस समय दो ऋषियों में भयंकर संघर्ष हुआ. एक ब्राह्मण ऋषि वशिष्ठ तथा दूसरा क्षत्रिय ऋषि विश्वामित्र. विश्वामित्र ने पूरा जोर लगाया कि वह भी ब्राह्मण वर्ण प्राप्त कर ले परन्तु वह असफल रहा. जब अन्य ब्राह्मण ऋषियों ने उसे ब्राह्मण बनाने सें इन्कार कर दिया तो उसने अपना अलग सें यज्ञ आदि का सिस्टम बना लिया. इस बात पर नतीजा यह हुआ कि बाह्मणों और क्षत्रियों में संघर्ष शुरु हो गया जिसमें क्षत्रिय हार गये. सजा के तौर पर ब्राह्मणों ने क्षत्रियों का उपनयन संस्कार करना बन्द कर दिया. उनकी विद्या के द्वार बन्द कर दिये गए. समाज में सें उनका स्तर दूसरे स्थान सें हटा का चौथे स्थान पर शूद्र वर्ण बना दिया गया. (बाबा साहिब : शूद्रों की खोज़) वैश्यों ने तो कभी ब्राह्मणों को चुनौती देने का साहस किया ही नहीं. क्षत्रिय ''धर्म'' की लड़ाई हार ही चुके थे कि रही सही कसर परशु ने निकाल दी. उसने तो क्षत्रियों का बच्चा बच्चा कत्ल करके उनका समूल नाश कर दिया.

अतः ब्राह्मण को चुनौती देने वाला कोई बचा ही नहीं. समाज में ब्राह्मण सर्वोच्च बन गया. चुनौती देने वाले क्षत्रियों को शूद्र बना देने के बाद उन पर जो जुल्म उन्होंने किए, उससें किसी भी जाति ने उसके विरुद्ध आवाज उठाने की हिम्मत नहीं की. ब्राह्मण हर क्षेत्र में हावी हो गए. विशेषकर सत्ता के हर अंग पर उन्होंने अपनी पकड़ बना ली. शास्त्रों के अनुसार ब्राह्मण मात्र दान पर जिन्दा रहना वाला प्राणी था मगर क्षत्रियों का नाश करने के बाद वह राजा भी बनने लग गए, सेनापति, मुख्य न्यायधीश, प्रधान मन्त्री तक के पद ब्राह्मण ने अपने कब्जे में कर लिए.

भारत के आजाद हो जाने के बाद भी 50 सालों तक राष्ट्रपति, प्रधानमन्त्री, मुख्य न्यायधीश, सेनाध्यक्ष आदि के पदों पर ब्राह्मण ही काबिज रहा. यहां तक कि समस्त राजनीतिक पार्टियों के प्रधान भी ब्राह्मण बन गए. नतीजा यह हुआ कि राम द्वारा सन्त शम्बूक की निर्मम हत्या को आस्था का प्रश्न माना गया. मनु की शूद्रों के विरुद्ध जहर उगलने की बातों को धार्मिक आस्था माना गया. तथाकथित ऊँची जाति के बलात्कारियों को इस आधार पर बरी कर दिया गया कि उनके लिए तो शूद्र नारी को छूना भी पाप है. (राजस्थान में हुआ 'भंवरी देवी केस')

1.4.2 सर्वोच्चता के लिए खून की नदियां बहाईं

ब्राह्मण धर्म में शुरू में तीन भाग होते थे ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य. बाद में चौथा भाग बनाया गया शूद्र. उसके बाद पांचवां भाग बनाया गया अछूत. अतः ब्राह्मणधर्म में कुल पाँच भाग होते थे पहले चार भाग वर्ण कहे जाते थे तथा पांचवां भाग अवर्ण कहा जाता था. समय के साथ यह पांचों भाग "जातियां" बन चुकी हैं. सीधे साफ शब्दों में वर्ण गुणों पर आधारित होता था. जैसा बच्चे का गुण वैसा उसका वर्ण. जाति पैतृक होती है. जो बाप की जाति वही बेटे की जाति, बच्चे में गुण चाहे जैसे भी हों. **इस वर्ण की पद्धति को जाति में बदलने के लिए ब्राह्मणों ने कड़ा संघर्ष किया है. लाखों करोड़ों लोग इसमें बेमौत मारे गए हैं तथा मारे जा रहे हैं.**

आज इतिहास को इस ढंग सें पेश किया जाता है जैसे कि ब्राह्मण सृष्टि के निर्माण सें ही सर्वोच्च पैदा हुआ था. उसके पास पढ़ने पढ़ाने के सिवाय अन्य कोई काम नहीं था. दान पर ही उसका गुजारा होता था. लेकिन सच्चाई इसके विपरीत है. ऋग्वेद सें लेकर भागवत तक में दर्ज इतिहास के अनुसार ब्राह्मणों ने समाज की अन्य जातियों पर वर्चस्व हासिल करने के लिए लाखों करोड़ों लोगों का खून बहाया है तथा यह खून बहाना बन्द नहीं हुआ है. यह खून बहाना अब भी जारी है. पहले जहां वे भेड़ियों और लकड़बग्घों की तरह खून बहाते थे अब वे शातिर ठग की तरह शूद्रों को आपस में लड़वाते हैं तथा जोंक की तरह मरने और मारने वाले दोनों का खून चूसते हैं. पहले जहां ब्राह्मण सीधे सीधे क्षत्रियों यानि शूद्रों सें लड़ते थे अब उन के वंशज यादव, कुर्मी, अहीर, चमार भंगी को आपस में ही लड़वाते मरवाते हैं. नतीजा यह है कि 85 प्रतिशत होने पर भी गैर–द्विज समाज मात्र 3 प्रतिशत ब्राह्मणों की गुलामी करने पर मजबूर हैं.

1.4.2.1 क्षत्रियों का बीजनाश किया

इतिहास की ओर नजर दौड़ाएं तो हम पाते हैं कि बुद्ध काल तक क्षत्रियों को सर्वोच्चता हासिल थी. वर्ण तो चार बन चुके थे मगर अछूतपन अभी पैदा नहीं हुआ था. केवल चांडाल ही नीच या बुरे समझे जाते थे मगर वे भी बाजार सें हरीश्चंद्र जैसे दास खरीद सकते थे. उनके समय में राजसत्ता तथा धर्म प्रचार पर क्षत्रियों का लगभग वर्चस्व था. बुद्ध महावीर आदि सभी क्षत्रिय थे.

उपनिषद भी उस समय क्षत्रियों द्वारा बनाये जा रहे थे जिनमें ब्रह्मज्ञान व आत्मा सम्बंधी बेतुकी बातें की जा रहीं थी. बृहदारण्यक उपनिषद (6.2.8) के अनुसार उपनिषदों के रचियता क्षत्रिय अपने उपनिषदिक ब्रह्मज्ञान को ब्राह्मणों व अन्य आर्य लोगों सें छुपा कर रखते थे. उनके मांगने पर भी क्षत्रिय उन्हें यह ज्ञान नहीं देते थे. छांदोग्य उपनिषद (4.3.7) के अनुसार क्षत्रिय पूरे लोक पर अपना प्रशासन मानते थे. (वैदिक संस्कृति 47). बौद्ध और ब्राह्मण ग्रन्थों में ऐसे अनेक किस्से मिलते हैं कि ब्राह्मण और क्षत्रियों में श्रेष्ठता का संघर्ष जारी था.

उस समय के आसपास निम्नलिखित क्षत्रिय राजाओं ने सरेआम ब्राह्मणों के कर्मकांड बन्द किये थे. उन्होंने ब्राह्मणों की तथाकथित श्रेष्ठता को अपने राज्य में मानने सें इंकार कर दिया था. उन्होंने वर्ण व्यवस्था तथा वैदिक यज्ञों आदि का बहिष्कार किया या उन पर पाबंदी लगाई. नतीजा यह हुआ कि ब्राह्मणों के हाथों अपनी जान गंवानी पड़ी. वे क्षत्रिय जिन्होंने ब्राह्मणिक कर्मकांड करने छोड़ दिए थे, उन्हें शूद्र बना दिया गया. (खण्ड 8.218)

1. **वेणः** वेण मनु का वंशज बताया जाता है. उसकी और ब्राह्मणों में इस बात को लेकर तनातनी हो गई कि राजा बड़ा है या ब्राह्मण बड़े हैं. उसने फतवा दिया कि राज्य में राजा सबसें बड़ा अधिकारी होता है. सभी पुरोहित आम जनता की तरह उसके अधीन होते हैं. राजा उनके अधीन नहीं होता. राजा उन्हें वैसे ही दण्ड दे सकता है जैसे वह अन्य अपराधियों को दण्ड दे सकता है. ब्राह्मण इस बात सें भड़क उठे और उन्होंने मिल कर राजा की डण्डों सें पीट पीट कर हत्या कर दी. उसकी हत्या के बाद उसके शरीर को क्षत विक्षत कर दिया. उसके बेटे पृथु को राजा बना दिया. (आप्टे :पृथु एवं वेण) (खण्ड 7.35)
2. **पृथु :** बाप के कत्ल के बाद राजा बनने पर पृथु ने कुछ समय तो ब्राह्मणों का साथ दिया मगर जल्दी ही वह भी उनके हिंसामयी व अश्लील कर्मकांडों सें तंग आ गया और उसने भी ब्राह्मणवाद का त्याग करके जैन धर्म अपना लिया. जैन धर्म स्वीकार कर लेने के बाद उसने ब्राह्मणिक जाति व्यवस्था को समाप्त कर दिया जिससें लोग बिना जाति का विचार करके आपस में रिश्ते बनाने लग गए. इससें वर्ण संकर औलाद पैदा होने लग गई और वर्ण व्यवस्था छिन्न भिन्न हो गई. (आप्टे : पृथु) अतः आज कोई भी ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य या शूद्र अपना खून शुद्ध होने का दावा नहीं कर सकता. हम सब भारतियों में सांझा खून है.
3. **पुरुरवा :** वह क्षत्रियों के चन्द्रवंश का प्रवर्तक था. पुरुरवा ने ब्राह्मणिक व्यवस्था के विरुद्ध फतवा दिया कि राजा को अधिकार है कि आवश्यकता पड़ने पर वह अन्य लागों की तरह ब्राह्मणों की सम्पत्ति भी जब्त कर सकता है. उस समय ऐसा करना अत्यंत साहसिक कदम था. (आप्टे)
4. **नहुष :** उसने आज्ञा जारी की कि जैसे अन्य लोगों सें राजा दासों वाले काम ले सकता है वैसा ही काम ब्राह्मणों सें ले सकता है. उसने इन्द्र को हरा कर उसके राज्य पर कब्जा कर लिया. तब इन्द्र की पत्नि शची ने इस शर्त पर उससें सम्बंध बनाने की बात स्वीकार की कि नहुष की पालकी ब्राह्मण उठा कर लाएं. उसने ब्राह्मणों सें पालकी उठवाई. इससें ब्राह्मणों ने उसका विरोध किया और उसे पतित बना दिया. उसके साथ वही व्यवहार किया गया जो दास या शूद्र के साथ किया जाता था.
5. **निमिः** वह जनक के राजवंश सें था. उसने नियम बनाया कि राजा ब्राह्मणों सें ही यज्ञ करवाने के लिए बाध्य नहीं है. राजा अपनी इच्छा सें किसी भी वर्ण के मनुष्य सें यज्ञ आदि करवा सकता है. ब्राह्मण सें यज्ञ न करवाने का अर्थ था ब्राह्मणों सें सीधी टक्कर लेना. मारा गया बेचारा.
6. **सुदास :** उसने फतवा जारी किया कि पुरोहित बनने के लिए ब्राह्मण होना जरूरी नहीं है. किसी भी जाति का मनुष्य पुरोहताई कर सकता है. आज इक्कीसवीं सदी में भी ब्राह्मण के सिवाय कोई पुरोहित नहीं मिलता. वेद काल में जब ब्राह्मण भगवान सें भी बढ़ कर था उस समय किसी राजा द्वारा ऐसा कहना सचमुच साहस की बात थी. ब्राह्मण वशिष्ठ को हटा कर क्षत्रिय विश्वामित्र को अपना पुरोहित बनाया. ब्राह्मणों ने पूरे क्षत्रिय वंश का उपनयन संस्कार बंद कर दिया. क्षत्रिय दूसरे स्थान सें चौथे पर आ गए.
7. **असुर, राक्षस व दैत्य क्षत्रिय राजा :** ब्राह्मण ग्रन्थ पढ़ कर ऐसा लगता है कि उपरोक्त राजा उस क्षत्रिय वंश सें थे जिन के पूर्वजों ब्राह्मणधर्म

आम क्षत्रियों का दमन व दलन : ऋग्वेद के समय क्षत्रियों को समाज में वर्चस्व हासिल था. वेदकाल में ही ब्राह्मणों और क्षत्रियों में श्रेष्ठता के लिए संघर्ष आरंभ हो गया था. प्राचीन ब्राह्मण ऋषि भृगु ने भी चन्द्रवंशी क्षत्रिय राजाओं के विरुद्ध विद्रोह किया था. पुरुषसूक्त बनाने सें पहले तक उन में संघर्ष जारी था. वेद पढ़ने पढ़ाने का काम मात्र ब्राह्मणों के हाथ में था. **अतः उस समय क्षत्रियों ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करने के लिए वेदों का अन्त करने वाले उपनिषदों की रचना की.** जहां वेदों में मात्र बलि चढ़ाने के कर्मकांड भरे पड़े थे, क्षत्रियों ने उपनिषदों में गूढ़ ज्ञान की बातें कीं जैसे कि मरने के बाद आदमी का क्या होता है, आदमी और भगवान एक ही हैं या भिन्न भिन्न हैं, आत्मा क्या और कैसी होती है. चाहे ऐसे प्रश्नों का उत्तर बिल्कुल बचकाना या फूहड़ ढंग सें बताया गया है तो भी वेदों की तुलना में उनमें कुछ तो ज्ञान की बात की गई है. ऐसी व्यर्थ की बातों और उनके फूहड़ उत्तरों

को "ब्रह्मज्ञान" कहा गया. इस ब्रह्मज्ञान को क्षत्रियों ने ब्राह्मणों सें दूर रखा. क्षत्रिय ब्राह्मणों को अपना "ब्रह्मज्ञान" नहीं देते थे. (दृग स्पर्श 64)

भगवन बुद्ध ने भी कई बार इस बात पर व्याख्यान दिए हैं कि कई मामलों में क्षत्रिय ब्राह्मणों सें श्रेष्ठ हैं. कई ब्राह्मणों ने उनके सामने अपनी जाति को श्रेष्ठ सिद्ध करने की कोशिश की मगर हर बार उन्हें यह मानना पड़ा कि क्षत्रिय ब्राह्मणों सें श्रेष्ठ हैं. उन्होंने ब्राह्मणों द्वारा रचित वेदों के बारे में कहा कि वे बिन पानी का तालाब हैं अथवा ऐसे जंगल के समान हैं जिसमें सें रास्ता नहीं सूझता है. उन्होंने क्षत्रियों द्वारा दिए गये आत्मा के सिद्वांत को तो नकार दिया मगर उन पर इस तरह सें टिप्पणी नहीं की.

आरम्भ के उपनिषद क्षत्रियों द्वारा बनाए गए थे लेकिन क्षत्रियों का दमन व दलन करने के बाद ब्राह्मणों ने समय के साथ अपनी साम दाम की नीति का सहारा लेते हुए उपनिषदों को ज्ञान हासिल किया. प्रथम सदी में सम्राट वृहदर्थ की हत्या करने के बाद तो उन्होंने पूरे इतिहास को मटियामेट कर दिया. आज पता ही नहीं चलता कि कौन ग्रन्थ कब और किसने रचा है.

परशुराम पहला ब्राह्मण था जिसने हथियार उठाया. उसने ब्राह्मण–क्षत्रिय विवाद को चरम सीमा पर पहुंचाया तथा क्षत्रियों को निर्णायक हार दी. परशु ने हथियार प्रयोग करके ब्राह्मणों को शस्त्र के महत्व सें परिचित करवाया. जब ब्राह्मण–क्षत्रिय संघर्ष में परशु का शस्त्र प्रयोग सफल रहा तो लगभग सभी ब्राह्मण ऋषियों ने हथियार जमा करने शुरू कर दिये. उनके आश्रम हथियारों के अड्डे बन गए. पहले केवल पठन–पाठन और यज्ञ तक सीमित रहने वाले ब्राह्मण अब हथियारों के सौदागर भी बन गए. और तो और हथियार चलाने की शिक्षा भी ब्राह्मणों के हाथ आ गई. ब्राह्मण द्रोण सबसें बड़ा शस्त्र परीक्षिक बन गया.

अगर परशु की कथा को सत्य मान लें तो भारत में कोई भी क्षत्रिय उसके हाथों जिन्दा नहीं बच पाया था. उसने क्षत्राणियों के गर्भ में पल रहे अजन्मे बच्चे तक काट डाले थे. अतः आज जो भी क्षत्रिय होने का दावा करते हैं वह वे विदेशी हैं जिन्हें दक्षिणा आदि के लालच में ब्राह्मणों ने क्षत्रिय घोषित किया हुआ है. अगर परशु को कल्पना की उडान मान लें तो भी यह तथ्य है कि ब्राह्मणों ने क्षत्रियों का उपनयन संस्कार बन्द करके उन्हें शूद्र बना दिया था. उन्हें शूद्र घोषित करने के बाद उनके विरूद्ध अमानवीय नियम बनाए ताकि वे फिर सें कभी सिर उठाने की सोच भी न सकें. लेकिन आपसी वैर होने के बावजूद जहां अनार्य लोगों को दबाने का सवाल आया तो ब्राह्मण ऋषि आपसी वैर भुला कर क्षत्रिय देवों को हथियार सप्लाई कर देते थे. रक्ष संस्कृति के वीरों को मारने के लिए अकेले राम को कई ब्राह्मण ऋषियों ने हथियार सप्लाई किये.

परशु के शस्त्र प्रयोग सें पहले ब्राह्मण मात्र क्षत्रिय देवों (इन्द्र आदि) सें प्रार्थना करते थे कि वह उनकी रक्षा करे. ऋग्वेद ऐसी प्रार्थनाओं सें भरा पड़ा है. वेद काल में इन्द्र उनका सबसें बड़ा भगवान होता था. अतः अधिकतर प्रार्थनाएं उसी सें की गईं हैं. लेकिन परशुराम की कथा के बाद उन्होंने यह कहना आरंभ कर दिया कि जो क्षत्रिय ब्राह्मण को मारता है वह अपना ही मूल नाश करता है.

-

1.4.2.2 बौद्ध जैनों का कत्लेआम किया :

भारत में ब्राह्मणधर्म के ठेकेदारों यानि ब्राह्मणों के काले कामों के विरुद्ध बुद्ध धर्म तथा जैन धर्म ने आवाज उठाई. इससें उनकी रोजी रोटी और ऐयाशी पर आंच आई. नतीजा यह हुआ कि जैसे ही ब्राह्मणधर्मियों को सत्ता का सहारा मिला उन्होंने अपने विरुद्ध आवाज उठाने वाले दोनों धर्मों के अनुयाइयों को कुचल दिया. सम्राट वृहदर्थ के कत्ल के बौद्धों का कत्लेआम सभी जानते हैं. बौद्धों को अपना घरबार छोड़ कर भागना पड़ा. बाबा साहिब के अनुसार यह छितराये हुए बौद्ध अछूत बना दिए गए. ब्राह्मणों की करतूतों का विरोध करने की सजा वे आज भी भुगत रहे हैं.

विदेशी बौद्ध समर्थक राजाओं के शासन में बौद्ध धर्म फिर सें कुछ जीवित हुआ तो आठवीं सदी में ब्राह्मण गिरोह के मुखिया संकर ने शशांक और सुन्धवा की सेना को साथ लेकर फिर सें बौद्धों का दमन किया. उसका नतीजा यह हुआ कि आज भी दलित जाति के बहुत सें लोग बौद्ध अनुष्ठान करते हैं मगर उनमें "डर" समाहित होता है. उदाहरतः जब दलित जाति के रैगर समुदाय में किसी के घर पुत्र पैदा होता है तो उस बच्चे को बुद्ध की शरण में ले जाने के लिए "सात्या" की रस्म की जाती है. इसके लिए घर के अन्दर गोबर सें ही धर्मचक्र तथा सात्या के निशान बनाए जाते हैं तथा रस्म पूरी होते ही उसे खुरच कर उतार दिया जाता है तथा सारे सामान को कूएं में डाल दिया जाता है कि कहीं किसी ब्राह्मणधर्मी को इसका पता न चल जाए. समय के साथ आज यह प्रथा उनमें रिवाज बन गई है.

अरकाट के राजा ने जैनियों के साथ जो मारकाट हुई उसके प्रमाण आज भी वहां के मंदिरों में मिल जाते हैं.

1.4.2.3 मूल भारतीयों का कत्लेआम : ब्राह्मणों ने हर उस को नष्ट किया जो उनके रास्ते में आए. ब्राह्मण ऋषियों के कहने पर उनके राजा इन्द्र ने लाखों लोगों का कत्ल किया. अकेले ऋग्वेद में ही उसकी अनेकों करतूतों का वर्णन है:

- हे इन्द्र, तू यज्ञ का अभिलाषी है. जो तेरी निंदा करे तू उसका धन छीन कर राजी होता है. हे धनवान इन्द्र, तू हमें अपनी जांघों में छुपा ले. शत्रु को मार दो. (ऋ.व. 8.59.10)
- इन्द्र ने शराब नहीं पीने वालों (असुरों) के धन पर वैसे ही कब्जा लिया जैसे सोये हुए आदमी के धन पर कब्जा किया जाता है. (ऋ.व. 1.53.1)
- इन्द्र और अग्नि ने एक ही वार में दासों के 90 पुर नष्ट कर दिये. (ऋ.व. 1.130.7)
- इन्द्र बोला मैने शराब में धुत होकर राजा शंबर के 99 पुरों को तबाह कर दिया. (ऋ.व. 4.26.3) सत्ययुग
- इन्द्र बोला इन्द्राणी के कहने पर लोग मेरे लिए 15/20 सांड या बैल पकाते हैं और मेरे दोनों कांधों पर लोग शराब लाद देते हैं. (ऋव 10.86.14)
- हे इन्द्र, हमारे चारों ओर दस्यु (जमीन के मालिक) बसते हैं. वे दस्यु हैं क्यों कि वे यज्ञ नहीं करते. हमारे रीति रिवाज नहीं मानते. दूसरे धर्म को मानते हैं. तू उनको भेद दे, मार दे! (ऋ.व. 10.22.8)
- हे इन्द्र, तू उन सारे लोगों को मार दे जो हमारे धर्म या रीति रिवाज को नहीं मानते. (ऋ.व. 1.113.5)
- हे इन्द्र तूने पचास हजार काले लोगों को मारा. (ऋ.व. 4.16.13)
- तूने दास को मार कर जमीन पर पटक दिया. (ऋ.व. 1.174.7)
- जैसे सुनसान जगह में चोर लोगों को मार देता है वैसे ही इन्द्र ने हजारों सेनाओं को मारा (ऋ.व. 4.28.3)

1.4.3 सर्वोच्चता के लिए शास्त्रों का प्रयोग :

1.4.3.1 शिक्षा पर एकाधिकार : अपने एकमात्र शत्रु क्षत्रियों को रौंद देने के बाद ब्राह्मणों का धर्म तथा समाज पर हर प्रकार सें वर्चस्व हो गया. लेकिन क्षत्रियों को दबा कर रखना आसान नहीं था. क्षत्रियों को सदा के लिए अपने पैरों तले दबा कर रखने के लिए ब्राह्मणों ने गहरी साजिश रची. उन्होंने ठण्डे दिमाग सें लेकिन कठोरतम निर्दयता के साथ क्षत्रियों के लिए शिक्षा के दरवाजे बन्द कर दिए.

इस काम को अन्जाम देने के लिए ब्राह्मणों ने **तीन दुस्साहस पूर्ण कदम** उठाए :

I. **ऋग्वेद में पुरुषसूक्त घुसेड़ा** जिसमें यह बताया गया कि ब्राह्मण भगवान के मुख सें पैदा हुए हैं तथा क्षत्रिय भुजाओं सें पैदा हुए हैं. अतः जैसे बाहें मुख की रक्षा करती हैं वैसे ही क्षत्रिय ब्राह्मणों की रक्षा करने के लिए पैदा हुए हैं. उसी समय कृष्ण सुदामा जैसे किस्से भी घढ़े गए जहां "भगवान" को भी साधारण से ब्राह्मण के पैर धोकर गंदा हुआ पानी पीकर धन्य होता हुआ बताया गया. रामायण में ऐसे किस्से घुसेड़े गए कि ब्राह्मण के बयान देने मात्र सें राजा का यह फर्ज बनता है कि सामने वाले को दोषी मान कर दण्ड दे दे. सन्त शम्बूक की हत्या इसी आधार पर की गई.

II. **क्षत्रिय देवों को दरवाजा दिखाया :** क्षत्रियों के हार जाते ही ब्राह्मणों ने क्षत्रिय देवों को भी उठा कर बाहर फैंक दिया तथा ब्राह्मण भक्त उपेन्द्र विष्णु को सबसें बड़ा भगवान बना दिया. इन्द्र, वरुण, सोम, रूद्र, मेघ, यम, मृत्यु, ईशान आदि सभी बड़े देव **क्षत्रिय** थे. (शतपथ ब्राह्मण 14.4.2.23 Vol.7.39) राजसूय यज्ञ जो उस समय प्रमुख यज्ञ होता था उसमें क्षत्रिय आसन पर बैठते थे और ब्राह्मण नीचे जमीन पर बैठ कर उनकी पूजा करते थे. ब्रह्मा को भी क्षत्रिस योनि माना जाता था. **स एष क्षत्रस्य योनिः यत् ब्रह्म.** (उपनिषद कहानियां 29) ब्रह्मा की पोल खोली गई कि उसने अपनी बेटी पोतियों सें यौन सम्बंध बनाए हैं. इन्द्र जो कि स्वर्ग और सारे देवताओं का राजा होता था उसे मात्र बरसात करने वाला देव बना दिया गया जबकि इन्द्र ने ब्राह्मणों के लिए लाखों लोगों की हत्याएं की थीं.

III. **उपनयन संस्कार का घातकतम प्रयोग :** ब्राह्मण धर्म का सबसें महत्वपूर्ण संस्कार जनेऊ धारण करना यानि उपनयन संस्कार करना है. बाबा साहिब ने तथ्यों के आधार पर अकाट्य खोज की है कि ब्राह्मणों और क्षत्रियों की लड़ाई में जब क्षत्रिय हार गए तो ब्राह्मणों ने उनका **उपनयन संस्कार बन्द करके उन्हें शूद्र बना दिया.** साधारण भाषा में जो जातियां जनेऊ धारण नहीं करती वे अद्विज हैं अर्थात शूद्र हैं. अलबरूनी दसवीं शताब्दी में भारत आया. उसने उस समय का हाल अपनी पुस्तक (अलबरनी का भारत) में लिखा है. उसके अनुसार शूद्रों और वैश्यों में कोई विशेष अंतर नहीं है. वे गांवों के बाहर सभी इक्कठे रहते हैं तथा उनमें रोटी बेटी का रिश्ता भी है. उसने यह भी लिखा है कि कृष्ण यादव था जो कि शूद्र होते हैं तथा जाट भी निम्न जाति के शूद्र होते हैं. आज भी इन जातियों में जनेऊ धारण नहीं किया जाता. मनु स्मृति में भी नियम है कि नाभि सें ऊपर पवित्र अंग हैं तथा नाभि सें नीचे वाले अंग अपवित्र हैं. (5.132) अतः मुख और बाहू सें पैदा ब्राह्मण और क्षत्रिय पवित्र माने गए तथा जंघा तथा पैरों सें पैदा शूद्र नीच माने गए.

मनु ने कुल सोलह संस्कार गिनाए हैं. यह इस प्रकार सें हैं.

1. **गर्भाधान** : सन्तान प्राप्ति के लिए गर्भ धारण करना.
2. **पुंसवन** : गर्भ धारण करने के तीसरे माह में "पुत्र ही पैदा हो" इसके लिए यज्ञ आदि करना. आर्यों में दस पुत्र पैदा करने की वेदाज्ञा थी. (सम1.16)अतः यह संस्कार कर्मकांड किया ही इसलिए जाता था कि पुत्र ही पैदा हों! वेद पुराण लड़ाई मार काट की घटनाओं सें भरे पड़े हैं. अतः आर्यो को लड़ने मरने के लिए पुत्रों की आवश्यकता तो रहती ही थी. वैसे भी वेद की आज्ञा थी कि स्त्री (बेटी) सें मैत्री नहीं हो सकती क्योंकि उनके दिल लकड़बग्घों जैसे होते हैं. (ऋग. 10.95.15) अतः ऐसे दिल वाली बेटी कौन चाहेगा!!
3. **सीमन्तोन्नयन** : गर्भ धारण करने के चौथे माह में जच्चा बच्चा के आरोग्य रहने का कार्य.
4. **जातकर्म** : बच्चा पैदा होने पर उसे घी शहद चटाना.
5. **नामकरण** : दसवें बाहरवें दिन बच्चे का नाम रखने का कार्य.
6. **निष्क्रमण** : चौथे महीने बच्चे को घर सें बाहर निकालना.
7. **अन्नप्राशन** : छठे महीने बच्चे को अन्न खिलाना.
8. **मुण्डन (चूड़ाकर्म)** : तीसरे साल में बच्चे का मुण्डन करना.
9. **उपनयन** : **बालक को यज्ञोपवीत (जनेऊ) धारण कराना** तथा शिक्षा के लिए गुरू के पास छोड़ना. जनेऊ धारण करने के बाद ही बालक द्विज बनता था.
10. **वेदाराम्भ** : गुरू के पास वेद पढ़ना. शिक्षा लेना.
11. **केशान्त** : ब्राह्मण 16 साल, क्षत्रिय 22 साल तथा वैश्य 24 साल का होने पर बाल कटवाना.
12. **समावर्तन** : विद्या प्राप्ति के बाद गुरूकुल छोड़ना.
13. **गृहाश्रम** : विवाह करना तथा सन्तान पैदा करना.
14. **वानप्रस्थ** : 50 साल की आयु होने पर घर त्याग का वन में रहने की दीक्षा लेना.
15. **सन्यास** : सभी को त्याग कर मोक्ष प्राप्ति का यत्न करना.
16. **अन्त्येष्टि** : मृत्यु होने पर शव को अग्नि देना.

इन सभी संस्कारों में सें सबसें अधिक महत्वपूर्ण **उपनयन संस्कार** है क्योंकि यही संस्कार कभी आर्यो में वर्ण निर्धारित किया करता था. बाबा साहिब ने अपने खोजपूर्ण ग्रन्थ Who were Shudras? (हिन्दी अनुवाद "शूद्रों की खोज") में ब्राह्मणवाद के अन्धे इतिहास सें एक महान खोज की है कि प्राचीन काल में आर्य समाज में वर्ण मात्र तीन ही होते थे : ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य. चौथा वर्ण शूद्र बहुत बाद में बनाया गया. चौथा वर्ण शूद्र क्यों बनाया गया, इस बात का उन्होंने विस्तृत विवेचन किया है. नीचे हम उनकी खोज को संक्षिप्त रूप में दे रहे हैं.

शूद्र कौन : मनु के अनुसार ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य को छोड़ कर शेष सभी शूद्र हैं. उसके अनुसार विद्या अध्ययन रूपी दूसरा जन्म लेने के कारण प्रथम तीन वर्णो अथवा जातियों को द्विज कहा जाता है. विद्या अध्यापन रूपी दूसरा जन्म नहीं होने के कारण एक जन्म वाला शूद्र है. (मनु 10.4) द्विज का अर्थ है दो बार जन्मा हुआ. स्मृति नियमों के अनुसार मनुष्य का पहला जन्म माँ के गर्भ सें होता है तथा दूसरा जन्म उपनयन संस्कार सें होता है. ब्राह्मण क्षत्रिय और वैश्य ही उपनयन संस्कार के अधिकारी माने जाते हैं. **अतः जिनका उपनयन संस्कार नहीं होता वे सभी शूद्र हैं अर्थात हिन्दुओं की वे समस्त जातियां शूद्र है जो जनेऊ धारण नहीं करतीं.**

बुद्ध सें पांच सदी पहले भारत में भरत नामक समुदाय का वर्चस्व था. भरत क्षत्रिय थे. इसी कुल में सें 1150 ईसा पूर्व में सुदास नामक राजा हुआ. ऋग्वेद में सुदास को महानतम राजा बताया गया है. उस समय एक भयंकर युद्ध हुआ था जिसे दशराज्ञ युद्ध के नाम सें भी जाना जाता है. सुदास ने अपने कुल का नेतृत्व किया और युद्ध में विजयी रह कर हीरो बना. उसे सम्राट बनाया गया. ब्राह्मण वशिष्ठ ने उसका राजतिलक किया. उस समय भी ब्राह्मणों और क्षत्रियों में श्रेष्ठता का संघर्ष जारी था. क्षत्रिय ऋषि विश्वामित्र का मत्त था कि कोई भी ब्राह्मण बन सकता है. सुदास ने उसका समर्थन किया और यहां तक फतवा दे दिया कि पुरोहित बनने के लिए ब्राह्मण होना अनिवार्य नहीं है. उसने अपने पुरोहित पद पर ब्राह्मण ऋषि वशिष्ठ को हटा कर क्षत्रिय ऋषि विश्वामित्र को आसीन कर दिया.

ब्राह्मणों के लिए राजा सुदास का यह कदम सीधे सीधे उनकी रोजी रोटी पर ही नहीं बल्कि उनकी इज्जत पर भी हमला था. ब्राह्मणों ने कुपित होकर सुदास कुल के क्षत्रियों का उपनयन संस्कार बन्द कर दिया और उन्हें शूद्र भी घोषित कर दिया. तब भारतीय आर्य समाज में चौथे वर्ण शूद्र का जन्म हुआ. राजा सुदास और

उसके कुल को शूद्र बना देने के बाद जो भी व्यक्ति या कबीला ब्राह्मणों के विरुद्ध बोलता था वे उसे शूद्र घोषित कर देते थे. इसके साथ ही ब्राह्मणों ने चारों वर्णों को एक दूसरे सें ऊंचा नीचा भी घोषित कर दिया.

आर्य इतिहास की यह सबसें बड़ी घटना है. ब्राह्मणवादी इतिहासकारों ने इस घटना का कहीं कोई जिक्र नहीं किया है. इसी घटना की वजह सें करोड़ों लोगों को आज शूद्र बन कर रहना पड़ रहा है.

बाबा साहिब अम्बेडकर ने उपनयन संस्कार बन्द किए जाने का समाज पर जो प्रभाव हुआ उसकों निम्न रूप में परिभाषित किया हैः (Vol. 7.172)

1. जहां पहले जनेऊ का मात्र धार्मिक महत्व था अब उसका सामाजिक महत्व भी बन गया. जनेऊ धारण करना बड़पन की निशानी बन गया था. जनेऊ धारण करने वाले द्विज स्वयं को ऊंचा समझने लगे थे और उपनयन न होने के कारण शूद्र बने क्षत्रिय स्वयं को हेय समझने लगे थे. इसी हेयपन के कारण शूद्र को निम्नतर वर्ण दिया गया.
2. मात्र उपनयन करवा चुके आर्य ही यज्ञ के अधिकारी होते थे. अतः शूद्रों को यज्ञ करवाने का अधिकार नहीं रहा. यज्ञ न करवा पाने के कारण उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा समाप्त हो गई.
3. ब्राह्मणिक पूर्व मींमांसा के नियम अनुसार व्यक्ति को विरासत में सम्पत्ति इसलिए मिलती है ताकि वह यज्ञ कर सके. उपनयन नहीं होने के कारण शूद्र क्योंकि यज्ञ करने के अधिकारी नहीं थे अतः उन्हें अपने बाप दादा की सम्पत्ति के उत्तराधिकार सें भी हाथ धोना पड़ा. मनु ने तो साफ ही घोषणा कर दी थी कि कोई भी ब्राह्मण किसी भी शूद्र की सम्पत्ति छीन सकता है.
4. उपनयन नहीं होने के कारण शूद्र को पढ़ने सें वंचित कर दिए गया. विद्या नहीं मिल पाने के कारण उनके साथ जो हुआ, उसे महात्मा ज्योतिबा सें अधिक सटीक कोई शायद कह ही नहीं सकता. उनके अनुसार एक अविद्या के कारण ही शूद्र धार्मिक आर्थिक व सामाजिक तौर पर पिछड़ गए.
5. आर्यों में हर राजा के लिए यज्ञ करना विशेषतः अश्वमेध यज्ञ करना अनिवार्यता की हद तक परिपाटी बन चुका था. उपनयन नहीं होने के कारण शूद्र क्योंकि यज्ञ करने सें वंचित किए गए, अतः वे राजसत्ता की कल्पना सपने में भी नहीं कर सकते थे.

यहां एक बात स्पष्ट करना आवश्यक है कि यह बदलाव एक दिन में नहीं आ गया था बल्कि धीरे धीरे हुआ था. अतः हम पाते हैं कि मौर्य वंश तक भारत में शूद्रों का राज रहा. शूद्र क्योंकि पहले क्षत्रिय ही थे अतः उनके बारे में यह भी गलतफहमी बनी रही कि भारत पर क्षत्रियों का ही राज रहा. मात्र सम्राट वृहदर्थ के कत्ल के बाद ही भारत सें शूद्रों का शासन समाप्त हुआ. **तथा उसके बाद ही शूद्रों का छूना, देखना अधर्म या पाप बना दिया गया.**

ब्राह्मण शास्त्रों (मनु 2.36-39) के अनुसार अगर द्विज माँ-बाप चाहें कि उनका बेटा ब्राह्मण बने तो उसका आठवें साल में उपनयन संस्कार करवा दें. अगर माँ-बाप चाहें कि उनका बेटा क्षत्रिय बने तो उसका ग्याहरवें साल में उपनयन संस्कार करवा दें और अगर वे चाहें कि उनका बेटा वैश्य बने तो उसका बाहरवें साल में उपनयन संस्कार करवा दें. अगर वे जल्दी करना चाहें तो यह संस्कार क्रमशः पाँचवें, छठे तथा आठवें साल में भी किया जा सकता है. जो यह संस्कार क्रमशः अधिकतम सोलह, बाईस तथा चौबीस साल की उम्र तक नहीं करते वह यज्ञोपवीत व्रत सें गिर जाने के कारण **व्रात्या** कहलाते हैं. उनके साथ किसी भी यज्ञोपवीत धारी द्वारा रोटी बेटी का रिश्ता नहीं बनाया जा सकता. उपनयन संस्कार हो जाने के बाद शिक्षा पूरी होने पर गुरू फिर सें योग्यतानुसार वर्ण निर्धारण करता था.

ब्राह्मण शासत्रों का यह भी मत है : **जन्मना जायते शूद्रः, संस्कार द्विज उच्यते! अर्थात जन्म सें तो सभी शूद्र होते हैं केवल संस्कार (उपनयन) सें ही आदमी द्विज बनता है.**

आचार्य सुरेन्द्र कुमार (मनुस्मृति का पुनर्मूल्याकंन) के अनुसार कुछ लोग उपरोक्त श्लोकों का अर्थ इस प्रकार सें करते हैं कि ब्राह्मण अपने बालक का उपनयन संस्कार आठवें साल में, क्षत्रिय ग्यारहवें साल में तथा वैश्य बाहरवें साल में करवा दे. उनके अनुसार यह अर्थ सही नहीं हैं तथा मनु स्मृति की भावना के विरूद्ध हैं क्योंकि उपनयन सस्कार होने पर ही बालक का वर्ण निर्धारण होता है.

उपरोक्त तथ्यों सें निम्न बातें स्पष्ट होती हैं:

1. यह कि मनु के समय (प्रथम शताब्दी) तक बालक का वर्ण निर्धारण उपनयन के समय माँ-बाप करते थे लेकिन अंतिम वर्ण निर्धारण बालक की योग्यतानुसार गुरू करता था.
2. यह कि मात्र द्विज ही अपने बालकों का उपनयन संस्कार करवा सकते हैं. शूद्र चाह कर भी अपने बालकों का उपनयन संस्कार नहीं करवा सकते उनमें चाहे कितनी भी योग्यता क्यों न हो.

3. यह कि उपनयन संस्कार (दूसरा जन्म) होने पर ही बालक "शूद्रपन'' सें बाहर निकलता था क्योंकि जन्म सें सभी (एक बार जन्मे) शूद्र माने जाते थे. जिनका यज्ञोपवीत नहीं होता वे शूद्र ही रह जाते थे. यज्ञोपवीत होने पर ही वे द्विज (दो बार जन्में) बन पाते हैं.
4. जो द्विज भी समय निर्धारित समय सीमा तक अपने बालक का उपनयन नहीं करवाते थे वे **व्रात्य** बन जाते थे तथा कोई भी द्विज उनसें रोटी बेटी का रिश्ता नहीं रख सकता था.
5. यह कि अधिकतर ब्राह्मण इन निर्देशों का अर्थ इस प्रकार सें करते हैं कि ब्राह्मण, क्षत्रिय अथवा वैश्य अपने बालक का उपनयन संस्कार आठवें, ग्यारहवें तथा बाहरवें साल में करवाएं. अर्थात उनके लिए उपनयन संस्कार का उद्देश्य वर्ण निर्धारण की बजाए मात्र शिक्षा प्राप्ति तक ही सीमित रह गया है. मनु के विचार कुछ भी रहे हों आज के दिन ही नहीं बल्कि सदियें सें ब्राह्मण इस श्लोक का अर्थ बिल्कुल इसी रूप में करते और मानते आ रहे हैं.
6. यह कि यज्ञोपवीत अर्थात जनेऊ उयनयन होने के बाद ही धारण किया जा सकता है. जो जनेऊ पहने वह द्विज जो नहीं पहने वह शूद्र.

1.4.3.2 शूद्र विरोधी अमानवीय नियम बनाए : क्षत्रियों का उपनयन संस्कार बन्द करने के साथ ही ब्राह्मणों ने यह भी कुनिश्चित किया कि शूद्र बनने के बाद वे किसी भी प्रकार सें फिर सें सिर न उठा सकें. अपने शास्त्रों में उन्होंने ऐसे नियम बनाए जिन्हें पढ़ कर आत्मा कांप उठती है. इन नियमों को पढ़ कर कट्टर ब्राह्मणवादी लेखक तथा भूतपूर्व राष्ट्रपति राधाकृष्णन को भी मानना पड़ा कि क्योंकि बुद्ध धर्म शूद्रों को ब्राह्मणों के बराबर अधिकार देता था इसलिए मनु ने यह अमानवीय नियम इसलिए बनाए. (धर्म और समाज 136)

- अगर शूद्र उच्च जातियों वाला काम करके धन कमाये तो राजा को चाहिए कि उसका धन छीन ले और उसे देश सें बाहर निकाल दे. (मनु 10.96)
- ब्राह्मण बिना सोचे, बिना कारण जब चाहे शूद्र का धन छीन ले क्योंकि शूद्र का कुछ भी अपना नहीं है. (मनु 8.417) अगर उसके पास धन रहेगा तो वह ब्राह्मण को ही कष्ट देगा. (मनु10.129)
- शूद्र को मारने पर उतना ही पाप लगता है जितना उल्लू या कौवे को मारने पर लगता है. (मनु11. 131)
- शूद्र खरीदा हुआ हो अथवा वैसे हो, वह ब्राह्मण की दासता में ही रहे. (मनु 8.413)
- जो शूद्र वेद सुने उसके कानों में पिघला शीशा भर दो. जो वेद पढ़े तो जीभ काट दो और अगर वेद समझ ले तो उसके शरीर के टुकड़े टुकड़े कर दो. (गौतम धर्म सूत्र 12.4) (समु 5.141)
- अगर शूद्र ब्राह्मण के बराबर आसन पर बैठ जाए तो उसके नितम्ब गर्म सलाखों सें दाग दिए जाएं. (मनु 8.281)
- द्विज शूद्र के राज में न रहें. (मनु 4.61) अर्थात शूद्र का राज समाप्त कर दें.
- कांई द्विज या ब्राह्मण शूद्र को शिक्षा न दे. हवन का प्रसाद न दे. धर्म का उपदेश न दे. जो उल्लंघना करे वह शूद्र सहित असंवृत नामक नरक में जाए. (मनु 4.61)
- अगर शूद्र द्विज स्त्री सें मैथुन करे तो उसका समस्त धन छीन कर मौत तक की सजा दी जाए. ब्राह्मण चाहे कितना भी पापाचारी क्यों न हो वह अगर बलात्कार भी करे तो उसका मुण्डन कर दिया जाए. या देश निकाला दे दिया जाए. (मनु 8.374–380)
- स्वामी ब्राह्मण शूद्र को कुछ भी गाली दे सकता है. अन्य ब्राह्मण अगर गाली दे तो उसे 12 पण दण्ड दिया जाए. लेकिन अगर शूद्र सामने सें कठोर शब्द भी निकाल दे तो उसकी जीभ काट दी जाए. (मनु 8.267) शूद्र अगर चोट कर दे तो जिस अंग सें चोट करे उसे ही कटवा दो. (मनु 8.271)
- ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र सें क्रमशः 2,3,4,5 रू सैंकड़ा का ब्याज लिया जाए. (याज्ञ. 2.37)(मनु 8. 142)
- ब्राह्मण के मर जाने पर उसकी सम्पत्ति के दस भाग कर लें. उसकी ब्राह्मणी सें जो सन्तान हो उसे चार भाग, क्षत्राणी सें सन्तान को तीन भाग, वैश्या सें सन्तान को दो भाग तथा शूद्रा सें सन्तान को एक भाग दिया जाए. (मनु 9.153) (याज्ञ. 2.125)
- चांडाल को छूना, देखना तथा बोलना पाप है. (आपस्तम्ब 2.1.2.8)

- जो राजा शूद्र को जॅज बनाता है वह दलदल में फंसी गाय की तरह फंस जाता है. (मनु 8.21)
- जो शूद्र ब्राह्मण को कड़वे शब्द बोले उसके मूँह में दस अँगुल की कील ठोंक दी जाए. अगर वह ब्राह्मण के बाल आदि पकड़े तो उसके हाथ कटवा दिए जाएं. (8.270,282)
- अगर चांडाल (अछूत) मंदिर अथवा मेले में प्रवेश कर जाएगा तो देवता की शक्ति क्षीण हो जाएगी, राजा मर जाएगा, फसलें बर्बाद हो जाएंगी तथा उस गांव का नाश हो जाएगा. (पराशर 6.25) (समु 6. 152)

1.4.3.3 ब्राह्मण–पक्षीय शास्त्र बनाए : धन आरम्भ सें लेकर आज तक हर समाज के अस्तित्व का मुख्य आधार रहा है. जो लोग धन सम्पत्ति नहीं उपजा सके वे अधिक दिन तक जिन्दा नहीं रह सके. गौतम बुद्ध जैसा धर्म कोई नहीं चला सका लेकिन वह धर्म भी तब फैला जब सम्राट अशोक ने उसे आश्रय दिया. मौर्य राजाओं का संरक्षण समाप्त होते ही ब्राह्मणों ने भारत सें बौद्ध धर्म का नाश कर दिया. दुनिया में ब्राह्मणवाद ही ऐसा मजहब है जो पैसा बनाने को धर्म का मुख्य आधार मानता है. और यही कारण है कि ब्राह्मणवाद ने हर प्रकार सें पैसा बनाया है. इसके तीर्थ आज भी लूट का केन्द्र हैं लेकिन धनवान होने के कारण बिलकुल निकृष्ट मजहब होने पर भी यह जिन्दा है तथा फल फूल रहा है.

ब्राह्मणवाद के चार सतम्भों : धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष में **अर्थ** का सबसें अधिक महत्व है. ब्राह्मणों ने अपने धर्म को अर्थ यानि पैसा बनाने का जरिया बना रखा है. उन्होंने ऐसे शास्त्रों की रचना की जिससें उन्हें धन की प्राप्ति हो सके. शुरू सें लेकर आज तक ब्राह्मणों के मन्दिर और वह स्वयं धन कमाने में ही लगे हुए हैं. जहां पहले वे सुरा और सुन्दरी का उपभोग भी करते थे अब प्रत्यक्ष में सिर्फ सम्पत्ति का ग्रहण ही करते हैं. उनके शास्त्र इन उपदेशों सें भरे पड़े हैं कि ब्राह्मणों को क्या क्या कब और कैसे दान देना चाहिए. अब तो लोगों में कुछ जारूकता आ गई है वर्ना पहले ऐसा मानना था कि अगर किसी के खोए हुए सोने के जेवर मिल जाएं तो कुछ धन साथ लगा कर ब्राह्मण को दे देना चाहिए वर्ना जिसे गहने मिले हैं उसका अनिष्ट हो जाएगा. मुन्शी प्रेम चन्द की कहानी है जिस में बहू के हाथ सें बिल्ली मर जाती है तो ब्राह्मण बताता है कि प्रायश्चित के लिए बिल्ली के वजन के बराबर सोना दान करना पड़ेगा.

वैसे चाहे उनके ग्रन्थ मुस्लमानों को मलेच्छ बताते हों, उनके हाथ का छूआ पानी भी अपवित्र बताते हों लेकिन जब धन लेने की बात आती हो तो अकबर के चढ़ाए छत्र की महिमा आज भी हर मन्दिर में गाई जाती है. नियम बनाए गए कि जो ब्राह्मण को दान नहीं देता वह सात जन्मों तक पक्षी बनता है. जो उसका धन छीने वह बींठ का कीड़ा बनता है. उससें सोना छीनने वाला तीन जन्मों तक अन्धा पैदा होता है.

जैसे दुकानदार कमाई करने के लिए नित्य नए ब्रांड अथवा मॉडल का सामान लाता है वैसे ही ब्राह्मणों ने भी धन प्राप्ति के लिए नित्य नए ब्रांड के देवता घढ़े. वेद काल में इन्द्र सबसें महान देवता था. आज कोई उसका नाम तक नहीं लेता. दसवीं सदी सें पहले राम को कोई नहीं जानता था आज वह सबसें बड़ा देवता है. 1947 सें पहले वैष्णों को कोई नहीं जानता था. उसके बीहड़ मन्दिर में जाने की किसी की हिम्मत न होती थी. आज वह कमाई करने में सबसें बड़ी देवी है. इसी कमाई के बलबूते पर मन्दिरों के पण्डे पुजारी शराब पीते हैं, व्यभिचार करते हैं, औरतों को बरगलाते हैं और ऐश की जिन्दगी बिताते हैं. (समु 9.257)

ब्राह्मणों ने अपने शास्त्रों के माध्यम सें अपने लिए सुरा, सुन्दरी और सम्पत्ति का विधान बनाया. अपने इस विधान का इस हद तक प्रचार किया कि लोग सचमुच यह मानने लगे कि ब्राह्मण का सुरा, सुन्दरी और सम्पत्ति पर अधिकार है. उदाहरणतः सीता हरण के समय सम्राट रावण ब्राह्मण का वेश धारण करके गए थे. वहां जाकर उन्होंने सीता के सभी अंगों की वैसे ही तारीफ की जैसे एक पति अपनी पत्नि की कर सकता है मगर सीता नाराज होने की बजाए उनके लिए फल और मेवे लेकर आई. और तो और उसने अपनी उम्र भी 18 साल बताई जबकि उस समय वह 32 साल की थी. लेकिन जैसे ही उसे पता चला कि वह ब्राह्मण नहीं हैं तो उसने उन्हें फटकारना शुरू कर दिया. ब्राह्मण ऋषि गालव कोढ़ और खुजली का मरीज था तब भी एक राजा ने, देवी भागवत जैसे ग्रन्थों के अनुरूप, अपनी बेटी उसे भेंट कर दी ताकि वह मोक्ष प्राप्त कर सके. दशरथ के भाई रोमपाद ने अकाल दूर कराने के लिए ब्राह्मण ऋश्यश्रृंग को अपनी कन्या पेश कर दी.

युधिष्ठर ने जब जूआ खेला तो उसने अपनी व प्रजा की सम्पत्ति के साथ साथ अपने भाईयों और अपनी रखैल द्रोपदी तक को दांव पर लगा दिया. लेकिन उसने स्पष्ट कहा कि वह ब्राह्मणों और उनकी सम्पत्ति को दांव पर नहीं लगा रहा है. (भारत एक खोज 05.05.2001) वह भगवान कहे जाने वाले कृष्ण की बहन तक को जूए में हार गया लेकिन ब्राह्मणों की सम्पत्ति की ओर देखने की हिम्मत भी न जुटा पाया. ब्राह्मण की स्थिति राजा और कानून सें सें भी ऊपर होती थी.

जैन तथा बौद्ध धर्म बढ़ने सें ब्राह्मणों को गहरा आघात लगा और ब्राह्मणवाद क्षतविक्षत हो गया था. उसकी जाति, यज्ञ व कर्मकांड सम्बंधी अनैतिक व्यवस्थाएं चरमरा गईं. इन व्यवस्थाओं को पुनः जमाने के लिए

ब्राह्मणों ने शास्त्रों की रचना की. ऋग्वेद में पुरूष सूक्त जोड़ा जिसमें ब्राह्मण मुख सें तो शूद्र पैरों सें जन्मा बताया गया. जाति पाति को पक्का करने के लिए स्मृतियों की रचना की गई. रामायण में "जो चोर की सजा वही बौद्ध की सजा" जैसे प्रावधान बनाए गए. कृष्ण जैसे अवतारों की आड़ में गोधर्म को उचित ठहराया गया.

इन के धर्म–शास्त्रों में कोई सदाचार की बात नहीं है. इनका उद्देश्य शर्मनाक वर्ण व्यवस्था और पुरोहिताई सामंती शोषण की घिनौनी व्यवस्था को कायम रखना था. इनके धर्म–शास्त्रों की बदौलत ब्राह्मण वर्ग की पीढ़ी दर पीढ़ी रोजी रोटी ही नहीं बल्कि ऐयाशी का प्रबंध भी हो गया. (समु 5.141)

- राजा ब्राह्मणों को किसी भी हालत में कभी तंग न करे क्यों कि ब्राह्मण नाराज होकर राजा को सेना तथा वाहन सहित तुरंत नष्ट कर देते हैं. (मनु समृति 9.314)
- यज्ञ करने तथा कराने वाले ब्राह्मणों के आसरे ही धरती तथा देवता टिके हुए हैं. जो मरने की इच्छा करता हो वही ब्राह्मण को मारेगा. (मनु समृति 9.316)
- गैंडे का माँस केवल ब्राह्मण ही खा सकता था. यह उसका विशेष अधिकार था. (अल. भारत 104)
- ब्राह्मण सब वर्णों का प्रजापति है. (शांति पर्व 60) अतः वह किसी भी वर्ण की स्त्री सें बच्चे पैदा कर सकता है.
- ब्राह्मण सबसें ज्येष्ठ (बड़ा) और श्रेष्ठ है. (शांति पर्व 72) मुख सें पैदा होने के कारण ब्राह्मण सबसें बड़े हैं क्यों कि वह जन्म सें ही श्रेष्ठ हैं. (मनु 1.93) देवता भी ब्राह्मण के मुख सें भोजन करते हैं. (1.95) अतः ब्राह्मणों को बढ़िया माल पूअे खिलाना चाहिए. एक ब्राह्मण को खिलाने सें ही एक लाख गाय दान देने जितना पुण्य मिलता है. (ग. पु. 5.48) (समु 1.28)
- राजा अगर मरता हो तो भी ब्राह्मण सें टैक्स न ले बल्कि सुनिश्चित करे कि ब्राह्मण की रोजी रोटी चलती रहे. अगर ब्राह्मण भूख सें मर गया तो तो राजा और उसका राज्य अकाल सें मर जाएंगे. (मनु. 7.133–135)
- संसार में जो कुछ है वह सब ब्राह्मणों का है क्यों कि वे जन्म सें ही श्रेष्ठ हैं. (मनु. 1.100)
- जैसे आग महान है चाहे संस्कार युक्त हो या संस्कार हीन हो, वैसे ही ब्राह्मण महान है चाहे वह विद्वान हो या मूर्ख हो! (मनु. 1.101) आग सब कुछ भक्ष करके भी पवित्र रहती है वैसे ही ब्राह्मण नीच कर्म करे तो भी उसे पूज्य मानना चाहिए क्यों कि ब्राह्मण परम देवता है. (मनु. 9.318)
- तुलसी ने तो यहां तक कहा ''पूजिए बामण गुण ज्ञान सील हीना, शूद्र न गुण ज्ञान परवीणा"
- जो ब्राह्मणों का विरोध करेगा उसे ब्राह्मण वैसे ही नष्ट कर देंगे जैसे उन्होंने गुस्से में आकर आग को सर्व भक्षी बनाया तथा चाँद को दाग लगाया. (मनु. 9.314). तुलसी के अनुसार ब्राह्मण के शाप के कारण तो भगवान को भी सूअर और अर्धपशु बन कर सम्राट हरिण्यकशिपु को मारना पड़ा. (समु 1.18)
- ब्राह्मण सें द्वेश करके लोग वैसे ही नष्ट हो जाते हैं जैसे सर्दी में डांस और मच्छर. (वही)
- गरूड़ पुराण (5.38) के अनुसार आदमी लोहा, पत्थर, जहर तो खाकर पचा सकता है परन्तु ब्राह्मण का धन कोई नहीं पचा सकता. जो कोई ब्राह्मण का धन खाएगा उसकी सात पीढ़ियां तक जलेंगी.
- ब्राह्मण की जीविका छीनने पर बन्दर की योनि मिलती है. (गरूड़ पुराण 5.48) हनुमान ने भी ऐसा ही कुछ किया होगा तभी तो वह भी बन्दर योनि में जन्मा!!
- जो राजा ब्राह्मण को भूमि दान नहीं करता उसे अगले जन्म में एक कुटिया की जगह भी नहीं मिलती. (3.35)
- ब्राह्मण को मारने वाला टी बी रोग सें ग्रस्त हो जाता है, लात मारने वाला लंगड़ा, विवाद में उसे हराने वाला ब्रह्मराक्षस बनता है. (13.55)
- तुलसी ने फरमाया : सापत, ताड़त परूश कहंता! विप्र पूजिए अस गवाहि सन्ता!! अर्थात ब्राह्मण चाहे श्राप दे, मारे पीटे, गाली दे तो भी उसकी पूजा करनी चाहिए क्यों कि ऐसा सन्तों का कहना है. (समु 2.51)
- जिस राजा का पुरोहित ब्राह्मण जाति का नहीं होता, देवता भी उस राजा का अन्न या हवि स्वीकार नहीं करते. (ऐतरेय 8.24) (समु 9.243)
- यजमान प्रतिदिन श्राद्ध करे और ब्राह्मणों को दूध फल मेवे आदि देवे. (मनु 3.170) श्राद्ध की सम्पत्ति के अधिकारी केवल ब्राह्मण हैं. बाप के श्राद्ध में तीन, दादी के श्राद्ध में अनेकों ब्राह्मणों को भोजन करवाए.

श्राद्ध में पाँच प्रकार के भोज बनाए. मछली, हिरण, तीतर, बकरा, सूअर तथा खरगोश का माँस अवश्य खिलाए (याज्ञ स्मृति 221–258)

- देवता तो छिपे हुए देव हैं परन्तु ब्राह्मण तो प्रत्यक्ष देव हैं. उन्हीं की कृपा सें ही देवता स्वर्ग में टिके हुए हैं. ब्राह्मण के शब्द झूठ नहीं होते (विष्णु स्मृति 19.20.22).
- जिसके मुख सें देवता हव्य (यज्ञ की भेंट) और पित्तर कव्य (श्राद्ध का माल) खाते हैं उस ब्राह्मण सें श्रेष्ठ कौन प्राणी हो सकता है. (मनु 1.95) तुलसी ने फरमाया : 'जो विप्रन्ह बस करहु ! तौ तुअ बस ब्रह्मा, विष्णु महेसा" अर्थात जो ब्राह्मणों को खुश कर लेगा तो देव तो अपने आप तेरे वश में रहेंगे. (समु 5.142)
- पदार्थों में प्राणी श्रेष्ठ हैं, प्राणियों में समझ वाले प्राणी श्रेष्ठ हैं उनमें सें मनुष्य श्रेष्ठ हैं मनुष्यों में से ब्राह्मण श्रेष्ठ हैं. ब्राह्मण जीता जागता धर्म है. सारी पृथ्वी ब्राह्मणों की है. वे सारे धन के स्वामी हैं शेष सभी लोग ब्राह्मण की दया पर निर्भर हैं. (मनु 1.96–101)
- अगर कोई ब्राह्मण पर लाठी सें हमला करे तो हमलावर को मार दिया जाए. उसे मृत्युदंड दिया जाए. ब्राह्मण को बचाने के लिए अगर कोई किसी को मार दे तो उसे निर्दोष माना जाए (मनु 8.349)
- अगर कोई क्रोध सें ब्राह्मण के तिनका भी मार दे तो वह 21 जन्मों तक कुत्ता या बिल्ली बनता है. (4. 65)
- ब्राह्मण का नाम कल्याण, शुभ, प्रसन्नता वाचक रखा जाए. शूद्र का नाम दासता भाव वाला होना चाहिए. (2.6)
- वेद विरोधी तथा वेद धर्म (यज्ञ बलि आदि) न मानने वाला अगर अतिथि बन कर आ जाए तो उसका वचन सें भी आदर नहीं करना चाहिए. (मनु 2.29) लेकिन अगर ब्राह्मण आ जाए तो उसे तन तक सौंप दो. (शांति 266)
- राजा ब्राह्मण को छोड़ कर सबका स्वामी है. (गौतम धर्मसूत्र 11.1) क्योंकि पूरी धरती के मालिक तो ब्राह्मण ही हैं (मनु 1.100)
- समृद्ध क्षत्रिय भी ब्राह्मण को तंग न करे क्योंकि वह बांह सें पैदा हुआ है जिसका काम मूँह की रक्षा करना है जहां सें ब्राह्मण पैदा हुआ है. (मनु 9.320) (ब्राह्मण पुष्यमित्र के समय क्षत्रियों के विरूद्ध ऐसे नियम बनाए गए)
- घर में ब्राह्मण और क्षत्रिय मेहमान आएं तो पहले ब्राह्मण को फिर क्षत्रिय को भोजन करवाए. एक साथ नहीं. (मनु 9.311) क्योंकि दस साल का ब्राह्मण भी सौ साल के क्षत्रिय सें बड़ा होता है. (मनु 2.135)
- इसी श्रृंखला में ब्राह्मणवाद का एक अन्य गुण्डा फरमाता है:

  वादहिं सूद्र द्विजन्ह संग हम तुम ते कत घाट!
  जानहि ब्रह्मा सो विप्रवर, आँख दिखावहि डांट!!

तुलसी कहता है कि हम ब्राह्मणों के साथ दलित बहस करते हैं कि वे लोग हम सें कम नहीं हैं. वे शूद्र कहते हैं कि जो ब्रह्म को जानता है वही ब्राह्मण है और ऐसा कह कर हम जन्मजात ब्राह्मणों को आँख दिखाते हैं.

इसका इलाज बताते हुए तुलसी कहता है:

पूजिए बामण गुण ज्ञान सील हीना, शूद्र न गुण ज्ञान परवीणा
सापत, ताड़त परूश कहंता! विप्र पूजिए अस गवाहि सन्ता!!

अर्थात महापुरुषों का कहना है कि ब्राह्मण चाहे गुणहीन हो, चरित्रहीन हो, ज्ञानहीन हो, गालियां बकता हो, मारता पीटता हो फिर भी उसकी पूजा करनी चाहिए क्योंकि ऐसी गवाही सन्त देते हैं.

तुलसी जिन महापुरुषों और सन्तों की गवाही दे रहा है वे परशु, वशिष्ठ, पराशर जैसे लोग हैं जिन्होंने किसी की बहन बेटी की आबरू सलामत नहीं रहने दी. चोर का गवाह गिरहकट.

- शूद्रों पर ही तर्क करने की पाबंदी नहीं लगाई गई बल्कि यह भी नियम बनाया गया कि अगर कोई द्विज भी तर्क का सहारा लेकर वेद और स्मृतियों को गलत बताये तो उसे जाति सें बाहर कर दिया जाये. (मनु 2.11)

इस प्रकार के नियम बना कर ब्राह्मणों ने अपनी सर्वोच्चता पक्की कर ली.

1.5 ब्राह्मणधर्म का वास्तविक चेहरा

1. **ब्राह्मणवाद ने भरी अकर्मण्यता** : ब्राह्मणों ने लोगों को सभी कुछ भाग्य के सहारे छोड़ने का मार्ग सिखाया. उन्होंने तैंतीस करोड़ देवताओं के मन्दिर बनाए और यह प्रचार किया कि मुसीबत के समय यह देवता उनकी रक्षा करेंगे. ब्राह्मणों ने अकर्मण्यता का जो बीज बोया है वह आज भी हर हिन्दू के मन में वट वृक्ष की तरह लहरा रहा है. हम आज भी हर छोटे बड़े काम के लिए मन्दिरों में मन्नतें मानने जाते हैं. कहीं कोई मुसीबत आ जाए ब्राह्मण अपनी अध्यक्षता में यज्ञ कराने बैठ जाते हैं. ब्राह्मणों के आदि गुरू मनु ने समुद्र यात्रा को पाप घोषित कर दिया. याज्ञवलक्य ने समुद्र यात्रा को धन और प्राण नाशक बताया. इस तरह इन्होंने सिन्धु साम्राज्य काल सें लेकर मौर्य काल तक फले फूले व्यापार को नष्ट कर दिया.

यह अकर्मण्यता हम पर इस कदर हावी हुई कि जब विदेशियों ने सोमनाथ जैसे मन्दिरों पर हमला किया, तो लोग विरोध करने के बजाए "तमाशा" देखने के लिए मन्दिरों के बाहर जमा हो गए. उन्हें यकीन दिलाया गया था कि अभी उनके 33 करोड़ भगवान आएंगे और आक्रमणकारियों को मार भगाएंगे. लोग तमाशा देखते रहे और हमलावर मन्दिरों की सम्पत्ति के साथ साथ उनकी बहन बेटियों को भी उठा ले गये. उन्हे अपने भाग्य और 33 करोड़ भगवानों पर भरोसा था कि जैसे कृष्ण द्रोपदी को बचाने आया था वैसे ही वह उनकी बहू बेटियों को बचाने भी आएगा. उन्होंने स्वयं मुकाबला तो क्या करना था किसी ने कोई प्रयत्न भी नहीं किया. नतीजा यह हुआ कि शिव मोहनी के पीछे भागता रहा, कृष्ण राधाओं सें रमण करता रहा, विष्णु वृन्दाओं सें बलात्कार करता रहा और विदेशी हमलावार आर्य बहन बेटियों को अपने वेश्यालयों में नचवाते रहे!

ब्राह्मणों ने 4, 8, 16 अथवा हजारों हाथों वाले भगवान घढ़े. उनके हाथों में एटम बम सें भी भयंकर हथियार थमाए लेकिन इतिहास साक्षी है उन में सें कोई भी हम भारतीयों की बहन बेटियों को बचाने नहीं आया. वे लीडरों की तरह आपस में ही लड़ते मरते रहे. जनता को बचाने तो क्या आना था यह देवता तो तब भी नहीं आए जब हमलावरों ने उन हजारों मन्दिरों को मिटटी में मिला दिया जिनके बारे में यह प्रचार किया गया था कि यह उन भगवानों के घर हैं. उन्हें तो सोमरस पीकर कामांध कर देने वाली उर्वशी, रम्भा मेनका जैसी वेश्याओं के नाच देखने सें ही फुर्सत नहीं मिली.

2. **भारत को गुलाम किया** : ब्राह्मणों ने अपनी चौधर को बनाए रखने के लिए समाज को असंख्य जातियों में बांट कर इसे बेजान बना दिया. हर जाति को दूसरी सें ऊंची या नीची बनाया. परिणाम यह हुआ कि हर जाति सिर्फ और सिर्फ अपने काम तक ही सीमित हो गई. जब विदेशी हमलावरों ने हमारे देश पर हमला किया ब्राह्मण अपने मंदिरों में घण्टी बजाता रहा, वैश्य व्यापार में मस्त रहा, शूद्र का तो हथियार छूना ही गुनाह था. लड़ाई लड़ने के लिए क्षत्रिय बचे, सो उनका कागजी शेरपना जग जाहिर हो गया. दान दक्षिणा लेकर लिखे गए उनके बहादुरी के किस्से किसी भी क्षत्रिय को शेर नहीं बना पाए. नतीजा भारत 2000 साल तक लुटेरों का गुलाम रहा.

जब सोमनाथ मथुरा आदि पर हमला हो रहा था तो लोग लड़े नहीं. उन्हें विश्वास था कि भगवान आकर अपने मन्दिर तो बचाएगा ही, साथ में उन्हें भी बचा लेगा. लोग मूर्तियों के आगे लेट कर प्रार्थना करने लगे. गजनवी के सिपाहियों ने उन्हें एक एक करके मार दिया और मन्दिर तोड़ कर सोना लूट ले गये. मुलतान के विदेशी आक्रमणकारी एक हिन्दू मूर्ति को आगे रख कर लड़ते थे. हिन्दू मूर्ति की ओर तीर न चलाते थे और हार जाते थे. (समु. 7.184) अगर भारत में ब्राह्मणवाद नहीं होता तो भारत कभी भी गुलाम नहीं होता.

यह गुलामी आज तक बरकरार रहती अगर सन 1933 में बाबा साहिब अम्बेडकर ने पूर्ण आजादी की माँग न की होती. बाबा साहिब पहले भारतीय थे जिन्होंने अंग्रेजों सें भारत छोड़ने की माँग की थी. वर्ना गांधी जैसे अंग्रेज भक्त तो मात्र डोमिनियन स्टेट की मांग कर रहे थे. डोमिनियन स्टेट वह तन्त्र होता जहां भारत का राजा, राष्ट्रपति, प्रधान मन्त्री तो अंग्रेज होते लेकिन मन्त्री भारतीय होते. बाबा साहिब ने 1933 की गोलमेज सम्मेलन में पहली बार पूर्ण आजादी की मांग की थी. तब कांग्रेसियों को भी अपनी इज्जत बचाने के लिए ऐसी मांग करनी पड़ी. अब वे दावा करते हैं कि उन्होंने तो 1926 में ही ऐसा प्रस्ताव पास कर दिया था.

भारत को आजादी तभी मिली जब सेना में भर्ती हुए दलित जवानों ने बगावत का झण्डा बुलन्द किया. बाबा साहिब के पूर्ण आजादी के आहवान पर ही विश्व युद्ध समाप्त होने के बाद दलित जवानों में बगावत के स्वर उभरने लगे थे. आज चाहे जाट स्वयं को ऊँची जाति का मानते हैं मगर आजादी सें पहले वे शूद्र ही माने जाते

थे. अतः जब करतार सिंघ सराभा, भगत सिंघ, ऊधम सिंघ, राजगुरु सुखदेव जैसे शूद्र जवानों ने अपना खून बहाया तो उनके साथी दलितों ने फौज में बगावत करने का मनसूबा बनाया. उस बगावत को दबाने के लिए अंग्रेजों के पास एक ही रास्ता था कि वे मात्र अंग्रेजों को भारतीय सेना में भर्ती करें. लेकिन उन हालातों में अंग्रेज भारतीय सेना में भर्ती होना उचित नहीं समझते थे. अतः अंग्रेजों के लिए भारत छोड़ना ही एकमात्र विकल्प रह गया था. गांधीओं और मंगल पांडों को सारी उम्र अपने अंग्रेज आकाओं के पैर धो कर चरणामृत पीने सें ही फुर्सत नहीं थी. उनके भरोसे रहते तो आज तक देश '1911' में ही रह रहा होता जब सभी कांग्रेसी हाथ जोड़कर रोजाना अंग्रेज सम्राट की स्तुति में 'जन गण मन अधिनायक जय हे, भारत भाग्य विधाता जय हे' का राग अलापते थे.

3. **धोखाधड़ी : धर्म का आधार –** ब्राह्मणधर्म के सभी देवी–देवता, नायक–नायिकाएं, ऋषि–मुनि और अवतार अनाचारी थे. उनकी करतूतों का विवरण अध्याय 5 में दिया गया है. शायद अन्य धर्मो में भी ऐसे अनाचारी लोग हुए होंगे. अगर उन्होंने ऐसे काम किए भी हैं तो लुकछिप कर किए होंगे अथवा ऐसे काम करके उन्होंने पश्चाताप अवश्य हुआ होगा परन्तु यह तो ब्राह्मणिक देवों ऋषियों की दिलेरी ही है कि उन्होंने ऐसे काम सबके सामने किए हैं, धड़ल्ले सें किए हैं. किसी ने भी अपने अनाचार को छुपाया नहीं. ब्राह्मण ग्रन्थों ने सरेआम घोषणा कर दी कि ब्राह्मण कुछ भी करें उसे पाप नहीं लगता.

जब लोगों ने कथावाचकों सें पूछा कि इन लोगों ने ऐसा अनाचार क्यों किया तो वे बोले कि प्राचीन काल में इसी को धर्म कहा जाता था. तुलसी सें पूछा गया तो उसने सच्चाई उगल दी. बोलाः समरथ को नहीं दोष गोसाईं अर्थात ताकतवर को दोषी करार देने की किसी में हिम्मत नहीं होती. इसलिए ब्राह्मणवादी भगवान अनाचारी होते हुए भी अनाचारी नहीं कहे जा सकते!!

शायद संकराचारय पहला ऐसा व्यक्ति था जिसने धर्म में दोगली बातें करना शुरू कीं. उसने एक तरफ तो कहा कि हर आदमी ब्रह्म है. अर्थात हर आदमी भगवान का रूप है मगर साथ ही उसने यह बकवास भी की कि ब्राह्मण और शूद्र में समानता नहीं हैं. बाबा साहिब के अनुसार कोई पागल ही ऐसी दोगली बातें कर सकता है. (8. 289)

4. **चापलूसी : धर्म का आधार** : ऐसा कहना शायद अनुपयुक्त नहीं होगा कि ब्राह्मण इस धरती के सबसें बड़े चापलूस हैं. उन्होंने अपना काम साधने के लिए इस हद तक चापलूसी का सहारा लिया कि उनके भगवान भी मात्र चापलूसी करने पर ही खुश होते हैं. उनके बनाए भजन भगवान की चापलूसी मात्र सें ओत प्रोत हैं. उनके भजनों में कहीं भी नैतिकता की बात नहीं होती.

उनके धर्म के चार स्तम्भों में सें एक स्तम्भ "अर्थ" भी है यानि पैसा कमाना भी है. सो ब्राह्मणों ने धन प्राप्त करने के लिए चापलूसी का पूरा सहारा लिया. दशरथ ने उन्हें अच्छा दान दे दिया तो उस टुच्चे से जमींदार को चक्रवर्ती राजा बना कर पेश कर दिया. आचार्य चतुरसेन ने सही कहा है कि जनता के सुखदुख सें न तो ऐसे राजाओं का और न ही ब्राह्मणों का कोई वास्ता होता था. (वैदिक संस्कृति 49) फिर भी चापलूसी करके ऐसे राजाओं को महान बताया जाता है.

5. **धार्मिक क्रूरता** : दुनिया के अन्य देशों की तरह भारत में भी अनेकों धर्म उपजे हैं. अन्य देशों की तरह यहां भी धर्मों में आपसी झड़पें भी हुई हैं. एक ही धर्म के दो सम्प्रदायों में खूनी टकराव भी हुए हैं. मुस्लमानों के शिया–सुन्नी, ईसाइयों के कैथेलिक–प्रौस्टैंट, हिन्दुओं के शैव–वैष्णवों में खूनी टकराव जग जाहिर हैं. लेकिन किसी भी धर्म में ऐसा नहीं हुआ कि अपने ही सम्प्रदाय के लोगों को जन्म के आधार पर लताड़ा गया हो. हिन्दू ब्राह्मणों ने दलित हिन्दुओं को कुचला है. ऐसा एकाध पीढ़ी के साथ नहीं हुआ बल्कि सदियों तक हुआ और हो रहा है तथा **जब तक ब्राह्मणवाद जिन्दा है ऐसा होता ही रहेगा. अतः ब्राह्मणवाद के मरने पर ही दलितों की आजादी संभव है.**

भंगी, चमार, यादव, कोरी, धोबी उतने ही हिन्दू हैं जितने ब्राह्मण हैं लेकिन कोई कसूर, कोई कमी न होने पर भी लालू यादव को बाल संवारने की इजाजत नहीं थी, पासवान को मन्दिर में घुसने की मनाही थी.. आज भी भंगी चमार धनवान होते हुए भी गुजरात राजस्थान में अपने दूल्हे बेटे को घोड़ी पर नहीं बैठा सकता. कारण : यह लोग ब्राह्मण ग्रन्थों के अनुसार नीच हैं. हिन्दुओं की 85% आबादी को 15% तथाकथित ऊंची जाति के लोग सदियों सें लूटते, दबाते आ रहे हैं.

अपने ही धर्म को मानने वालों के विरुद्ध पुरोहितों का अन्याय दुनिया में और कहीं देखने सुनने को नहीं मिलता है. ब्राह्मणों ने मात्र 8–10 % लोगों को छोड़ कर पूरे भारत को शूद्र बना दिया और उनमें सें भी आधों को अछूत बना दिया जिनका छूना तो क्या देखना भी पाप करार दे दिया गया.

ब्राह्मणों ने जैनों और बौद्धों का जो कत्लेआम किया उसके आगे हिटलर के कारनामे तो पहाड़ के आगे राई के समान हैं. हिटलर ने तो एकाध हजार बेगुनाह लोग कत्ल किये होंगे लेकिन ब्राह्मणों ने तो करोड़ों

भारतियों को मारा है. शैव गुरू तमंद के कहने पर सुन्दरपाण्य ने हजारों जैनों को तेल की घाणी में पिसवा दिया. आज भी इन अत्याचारों के चित्र अर्काट के तिरवूर मंदिर की दीवारों पर मौजूद हैं. (खण्ड 8.49) मंदिर की नींव खोदी जाए तो हो सकता है वहां जैन बच्चों बुढ़ों जवानों स्त्रियों के कंकाल मिलें और अगर दीवारों के गारे की जांच की जाए तो शायद उसमें मानव रक्त के कण मिलें! उनकी प्यास अभी बुझी नहीं है. **यह कत्लेआम आज भी जारी है.**

6. **धर्म को सुपर बाजार बनाया** : दुनिया में किस भी अन्य धर्म के ठेकेदार इतने शातिर अथवा तेज नहीं रहे जैसे ब्राह्मणवादी रहे हैं. ब्राह्मण सदा सें ही इस जोड़ तोड़ में लगे रहे है कि किसी तरह सें उनकी धर्म के नाम वाली दुकानदारी फलती फूलती रहे. इसके लिए उन्होंने वह सब कुछ किया जो एक दुकानदार करता है. जैसे दुकानदार नित्य नए ब्रांड का सामान अपनी दुकान में लाकर सजाता है तथा पुराने सामान को निकाल देता है ऐसा ही कुछ ब्राह्मणवादियों ने अपने धर्म के साथ किया है. ब्राह्मणवादियों ने अपने धर्म को सुपर बाजार का व्यपार बना दिया है. उदाहरणतः

हिन्दू शब्द के प्रयोग को ही लें. ''हिन्दू'' शब्द ब्राह्मणों के किसी भी धर्म ग्रन्थ में नहीं है. किसी वेद किसी पुराण किसी महाकाव्य में हिन्दू शब्द का प्रयोग नहीं किया गया है परन्तु फिर भी उन्होंने अपने धर्म को यह नाम दिया हुआ है. क्यों ? क्योंकि ऐसा करने में उनका धन्धा फल फूल रहा है.

राजवाड़े के अनुसार हिन्दू नाम किसी भी शास्त्र ग्रन्थ में नहीं है और उसकी परिभाषा भी नहीं है. (पृ.19) वैद्य माता प्रसाद 'सागर' के अनुसार **हिन्दू शब्द वैदिक भाषा का है ही नहीं और न संस्कृत का है.** हिन्दू शब्द फारसी भाषा का है जिसका अर्थ है काफिर, चोर, डाकू, राहजन, गुलाम और अविश्वासी. (गोमाँस 23) डा. योगेश्वर के अनुसार कबीर काल तक हिन्दू नाम को प्रतिश्ठा नहीं मिली थी. भारतीयों को हिन्दू नाम मुसलमानों ने दिया. उन्होंने भारत आकर हर गैर–मुस्लिम को हिन्दू कहना शुरू कर दिया. (धर्मग्रन्थों का पुनर्पाठ 10)

ब्राह्मणों ने विदेशी हमलावरों द्वारा दिया गया यह नाम अपना लिया क्यों कि जहां पहले उनके धर्म वालों की संख्या गिनी चुनी थी ऐसे में पूरा भारतीय समाज उनके चंगुल में आ गया क्यों कि विदेशी लोग भारतीयों को हिन्दू नाम सें ही बुलाते थे. इस तरह इन विदेशियों की कृपा सें ब्राह्मणों ने पूरे भारत को अपने कब्जे में कर लिया. ब्राह्मणों के सिवाय दुनिया में और कहीं भी ऐसा नहीं हुआ कि विजेताओं द्वारा दिया गया अपमानजनक नाम उन्होंने आदर के साथ अपनाया हो. (पुनर्पाठ 11)

ऐसे ही **एक अन्य नाम "लाला" है**. आज भारत भर में बनिये अथवा किसी भी बड़े दुकानदार को लाला कहने पर वह गौरावित महसूस करता है. लेकिन जैसे हमें हिन्दू नाम विदेशी हमलावरों द्वारा दिया गया वैसे ही लाला नाम उन्होंने उन व्यापारियों को दिया जिन्हें उन्होंने जीत कर अपना गुलाम बना लिया था. "लाला" का अर्थ है गुलाम. (ई टी वी पर प्रवचन 26.05.2006 8 बजे शाम)

ब्राह्मणों का एक ही उददेश्य था और है कि किसी भी तरह सें उन्हें सुरा, सुन्दरी और सम्पत्ति की प्राप्ति होती रहे. अतः उन्होंने धर्म की आड़ में ऐसे नियम बनाए जिससें उनके इस उददेश्य की पूर्ति हो सके. उन्होंने 33 करोड़ देवी देवताओं की रचना कर डाली. हर गली चौराहे पर उन के मंदिर बना डाले. लोग उन पर चढ़ावा चढ़ाते हैं और वह उस चढ़ावे पर ऐश करते हैं. ब्राह्मणों ने कभी स्कूल खोलने का उपदेश नहीं दिया और न कभी हस्पताल खोलने को कहा.

गौतम बुद्ध ने भिक्षु संघ की संरचना की थी ताकि लोग घर परिवार के मोह सें मुक्त होकर समाज सुधार में अपना पूरा समय लगा सकें. बुद्ध के भिक्षु–संघ के समान इन ब्राह्मवादियों ने साधुओं की रचना कर डाली. आज भारत में करोड़ों भगवा भेष धारी साधुओं की फौज खड़ी है जो समाज की गाढ़ी खून पसीने की कमाई उड़ाने में लगे हुए हैं. इन साधुओं ने भारत में भ्रष्टाचार, अनैतिकता का जाल फैला रखा है.

सरिता के अनुसार ब्राह्मणवाद के कारण भारत इतना भ्रष्ट व बेईमान लोगों का देश बना हुआ है. बड़े बड़े पूंजिपति जनता को लूटते हैं. फिर धार्मिक कथाएं करवा कर, मंदिर बनवा कर ब्राह्मणों को दान देकर पुण्यात्मा बने रहते है. ब्राह्मण ग्रन्थ इस बात का प्रमाण हैं कि सुरा, सुन्दरी और सम्पत्ति का दान लेकर ब्राह्मण कुछ भी कर देते थे. आज भी कुछ नहीं बदला है. आज भी उनके ग्रन्थ (देवी भागवत) इस बात का दम भरते हैं कि किसी को स्वर्ग या नरक में भेजना ब्राह्मणों के हाथ है. किसी ने कितने भी पाप किए हों, बस ब्राह्मण को ''कन्या'' भेंट करो स्वर्ग में सीट पक्की हो जाती है. फिर सारी उम्र वहां अप्सराओं (वेश्याओं) के साथ ऐश करो. ब्राह्मण भेंट की गई कन्या सें ऐश करते हैं. धर्मराज का यह उपदेश सावित्री को दिया गया है जो ब्राह्मण को अपनी कन्या देता है वह चन्द्रलोक जाता है. अगर वही कन्या सजा संवर कर देता है तो 1000 जन्म तो उसे साध्वी पत्नि मिलती है.

कन्या देने और लेने वाले दोनों स्वर्ग जाते हैं. दुःख झोलती है तो सिर्फ कन्या.

7. **अनैतिकता तथा भ्रष्टाचार की जड़** : अनैतिकता और ब्राह्मणवाद एक ही वस्तु के दो नाम हैं. ब्राह्मणधर्म आरम्भ में अनैतिक है, मध्य में अनैतिक है और अंत में अनैतिक है. ब्राह्मणधर्म की शुरुआत अनैतिक

कर्मी ब्रह्मा सें हुई है. उसका पालक विष्णु अनैतिकता के कीचड़ में गले तक डूबा हुआ है और हर मंदिर में शिव पार्वती के गुप्त अंगों की पूजा अनैतिकता का खुला प्रदर्शन है. ब्राह्मणों ने गली मौहल्ले में मन्दिर खोले. वहां सें यह प्रचार दिन रात होता रहा कि ब्राह्मणों को दान दो और पापों की सजा सें मुक्ति पाओ. ब्राह्मणों ने यह भ्रम फैला रखा है कि पाप की कमाई में सें भगवान को हिस्सा दे दिया जाए तो पाप मिट जाते हैं. इसलिए हर रिश्वतखोर हर टैक्स चोर ''भगवान'' के हिस्से की कमाई मन्दिर में चढ़ा आता है. इस चढ़ावे पर ब्राह्मण पुजारी ऐश करते हैं कारों में घूमते हैं. उधर जनता का खून चूस कर चढ़ावा चढ़ाने वाले भी बेखौफ घूमते हैं कि भगवान उनके साथ है फिर किसी सें क्या डरना. आज हम उनके पाप छुड़ाने के रास्तों की वजह सें भ्रष्टाचार की दलदल में फंसे हुए हैं. देवी देवताओं को घढ़ने में ब्राह्मणों की व्यापारिक बुद्धि काम करती है.

कृष्ण ने शिक्षा दी है : (समु 9.265)

- **जो व्यक्ति सफलता चाहता है वह बड़ी बड़ी कसमें खाकर, प्रेम व दोस्ती का दावा करके, मीठा बोलकर, आँसू बहाने का दिखवा करके वक्त आने पर सब भूल जाए.**
- **शक्ति अधिकार सें भी बढ़ कर है. शक्ति सें ही अधिकार मिलता है सिर्फ अधिकार सें कुछ नहीं मिलता.**
- **जैसे बड़ी मछली छोटी को मारती है वैसे अगर तुम दूसरों की हत्या नहीं कर सकते तो सफल होने की आशा छोड़ दो.** इसी शिक्षा पर अमल करते हुए पाँडवों ने तमाम कौरवों की हत्या कर डाली.

8. **तांत्रिक वाद का गठन** : बाबा साहिब के अनुसार तांत्रिक धर्म पौराणिक धर्म का विस्तार है. (खण्ड 8.184) राधाकृष्णन जैसे ब्राह्मणिक लेखक तंत्रवाद को बिगड़े हुए बौद्ध धर्म का रूप बताने की कुचेष्टा करते हैं जबकि तथ्य और सच्चाई यही है कि तंत्रवाद के झाड़ फूंक, बलि, दारू, मॉंस के लिए बौद्ध धर्म में कोई जगह ही नहीं है. ऐसा काम सिर्फ और सिर्फ ब्राह्मणवाद में ही होता है जिसके भगवान एक बार में 15–20 बैल खा जाते हैं और घड़े के घड़े सोम पी जाते हैं और जिनके उपनिषद (गूढ़ ज्ञान) यह शिक्षा देते हैं कि कौन से मन्त्र बोल कर स्त्री समागम करने सें स्त्री को गर्भवती किये बिना काम का आनन्द लिया जा सकता है. मान्यवर मुद्रराक्षस का भी मानना है कि झाड़फूंक, जादू आदि ब्राह्मण संस्कृति में ही विकसित हुए. (पुनर्पाठ 13)

आचार्य चतुरसेन के अनुसार तांत्रिकों अथवा वाम मार्गियों की मुख्य निशानियां हैं : (वैदिक संस्कृति 48)

5. जटा रखना
6. भस्म लगाना
7. नंगा रहना या चमड़ा लपेटना
8. नग्न स्त्री अथवा लिंग की पूजा करना
9. दारू मांस का भरपूर सेवन करना.

राधाकृष्णन जैसे ब्राह्मणिक लेखक जो यह बकवास करते हैं कि तंत्रवाद बौद्ध धर्म सें निकला है उनसें यह पूछा जा सकता है कि उपरोक्त में सें कौन सी निशानी बौद्ध भिक्षुओं में बीते समय में उनमें पाई जातीं थीं अथवा अब कब पाई जाती है. इसके विपरीत तथ्य यह है कि उपरोक्त सभी पाखण्ड आदि काल सें लेकर आज तक ब्राह्मण धर्मियों की निशानियां हैं. आचार्य चतुरसेन ने भी कहा है कि गुप्तकाल (चौथी पांचवीं सदी) में राधा को परकीया (वेश्या) के रूप में खुलमखुला आगे लाकर उसके आधार पर वामतत्व ज्ञान स्थापित किया गया. (वैदिक संस्कृति 50)

तंत्र मंत्र के नाम पर उन्होंने पंच मकार के सिद्धांत की स्थापना की. पंच मकार यानि वे पाँच कार्य जो "म" सें शुरू होते हैं. यह पाँच काम हैं :1. मद्य (शराब पीना), 2. मीन (मछली खाना) 3. मैथुन (पराई स्त्रियों सें यौन सम्बंध बनाना) 4. मांस (देवों को आदमी व पशु की बलि देकर उसका मांस खाना) 5. मुद्रा (गले हाथों पैरों में गहने डालना).

मैथुन, मद्य और मांस को धर्म का अंश बनाये जाने पर बाबा साहिब ने सटीक सवाल किया है "हिन्दू धर्म में नैतिकता का क्या स्थान है." और "ब्राह्मणों ने हिन्दू धर्म को इस प्रकार नंगा क्यों किया? उसे नैतिकता विहीन क्यों किया?" आज हिन्दूमत इससें अधिक कुछ नहीं है कि अनगिनत देवी देवता पूजे जाते हैं, तीर्थ यात्राएं की जाती हैं और ब्राह्मणों को दान दिया जाता है. (8.188)

9. **भारत का बंटवारा** : भारत को दो भागों में बांटने का काम भी ब्राह्मणवाद ने ही किया. अगर ब्राह्मण शूद्रों अछूतों पर अत्याचार न करते तो वे लाखों की संख्या में मुस्लमान न बनते और इस तरह मुस्लमानों की संख्या इतनी अधिक न होती कि वे पाकिस्तान की मांग करते. पाकिस्तान का बीज ब्राह्मणवाद ने ही बोया. दलितों के मन में जो कुंठा पनप रही थी उसी के कारण उन्होंने न केवल ब्राह्मणवाद छोड़ा बल्कि ब्राह्मणवाद की धरती सें ही अलग रहने की मांग कर डाली. कश्मीर में भी बहुसंख्या में होने के बावजूद उन्हें कश्मीरी पंडितों की चाकरी करनी पड़ती है.

ब्राह्मणवाद ने भारत का सबसें बड़ा नुक्सान यह किया कि इसने हम भारतियों में देश प्रेम की भावना को पनपने ही नहीं दिया. हमें कभी इस बात का अंतर ही नहीं पड़ा कि राजा विदेशी है अथवा भारतीय है. जो भी राजा आया उसने एकाध ब्राह्मण को अपना मन्त्री बना लिया, उसे प्रचुर मात्रा में दक्षिणा दे दी. उसने बदले में स्तुति में एकाध ग्रन्थ की रचना कर डाली. शेष जनता भी ब्राह्मण राजा की बजाए विदेशी राजा सें ज्यादा सुखी रहती थी.

मौर्य काल में पूरा भारत बौद्ध धर्मी हो गया था. भारत पर शूद्रों का राज था. ब्राह्मणवाद को कोई पूछता ही न था. नतीजा यह रहा कि अफगानिस्तान सें लेकर बर्मा तक कश्मीर सें लेकर कन्याकुमारी तक एक भारत एक राष्ट्र था. किसी विदेशी हमलावर की हिम्मत ही न हुई कि भारत की ओर बुरी नजर सें भी देख सके. लेकिन जैसे ही पुश्यमित्र सुंग नामक हत्यारे ब्राह्मण ने वृहदृथ की हत्या करके सत्ता हथियाई फिर सें देश खंडित होना शुरू हो गया. जब भी भारत पर ब्राह्मणों का दबदबा रहा भारत विदेशियों के चंगुल में फंसता रहा.

- 327 ई पूर्व में जब सिकन्दर ने भारत पर हमला किया तो आर्य राजा आंभी ने न केवल आत्मसमर्पण किया बल्कि अपनी सेना भी सिकन्दर के साथ कर दी ताकि वह भारत के अन्य राजाओं को हरा सके.
- मध्य ऐशिया सें प्रर्थियनों ने शकों को मार भगाया. शक लुटे पिटे भारत आए और सौराष्ट्र गुजरात पर अपना राज्य स्थापित कर लिया. वीर मराठाओं की भूमि पर हारे हुए लोगों का राज हो गया.
- चीन में सें हुणों ने कुशाणों को मार भगाया. उन्होंने भी भारत पर कश्मीर सें बिहार तक 100 साल तक राज किया. उनके राजा कनिष्क के नाम पर हम आज भी अपने जहाजों का नाम रखते हैं.
- हुण अकाल के मारे भारत आए और तथाकथित स्वर्ण काल कहे जाने वाले गुप्त साम्राज्य के टुकड़े टुकड़े कर दिये क्यों कि उस समय ब्राह्मणवाद का वर्चस्व था. मोक्ष प्राप्त करने के लिए नित्य घोड़ों को अश्वमेध यज्ञों में मारा जा रहा था.
- 712 सन् में 17 वर्शीय मुहम्मद बिन कासिम ने हमला किया और ब्राह्मणवाद की शिक्षाओं के अनुरूप भारतीयों ने अधिक ताकतवर राजा का आगे बढ़ कर स्वागत कर दिया. उसने सालों तक सिन्ध सें लेकर कन्नौज तक के इलाके पर हकूमत की.
- 1018 में महमूद लूट पाट करता हुआ मथुरा वृंदावन जा पहुंचा तो वहां के वासी घर छोड़कर भाग खड़े हुए. उसने बिना रोकटोक के खूब मन्दिर लूटे. गीता में यदा यदा हि का वचन थोथा साबित हुआ.
- 1197 में मुहम्मद बिन कासिम ने जब हमला किया तो कुल 18 घुड़सवार उसके साथ थे. उसने सिन्ध सें लेकर बंगाल तक पूरे भारत को रौंद डाला. उसे पूरे भारत में एक भी ''क्षत्रिय'' नहीं मिला जो उसके सामने आने की हिम्मत जुटा पाया हो. यह तो दलितों पर अत्याचार करने मात्र में ही अपनी बहादुरी समझते हैं. कागजी शेर!!
- 1398 में तैमूर लंग ने जब भारत पर हमला किया तो उसके पास कुछ मुट्ठी भर सैनिक थे. जितने क्षत्रिय उसके डर के मारे घर सें भागे उतने अगर बिना लड़े उसकी सेना पर गिर ही पड़ते तो उसकी सेना की चटनी बन जाती!
- अशोक के उतराधिकारी शालीशूक मौर्य कट्टर जैन थे. उन्होंने ब्राह्मणवाद के अन्यायपूर्ण कार्यों के विरूद्ध नियम बनाए. जब युनानी राजा देमित्रियस ने भारत पर आक्रमण किया तो ब्राह्मणों ने उसे धर्ममित्र की उपाधि देकर उसका स्वागत किया. अपनी चौधर के लिए देशद्रोह किया.
- आठवीं सदी में इबिने कासिम ने जब भारत पर हमला किया तो भारत के प्रवेशद्वार सिन्ध का राजा दाहिर था. ब्राह्मणों ने धन (उनके धर्म के चार सतम्भों में सें एक 'अर्थ') के लालच में गद्दारी की. दाहिर का झण्डा कटवा दिया. दाहिर ने समझा देवता नाराज हो गए हैं वह युद्ध के मैदान सें भाग गया. तब सें शुरू हुई गुलामी 1947 में देश के बंटवारे के बाद ही समाप्त हो पाई.

10. **मित्रघात व देशद्रोह ब्राह्मणवाद की देन** : कृष्ण ने गीता में अपने गुण बताते हुए कहा कि धोखेबाज का कपट मैं ही हूँ. सच पूछा जाए तो ब्राह्मणवाद की यही देन है. (समु 9–265) ब्राह्मणवाद के धार्मिक ग्रन्थ उन लोगों की स्तुति सें भरे पड़े हैं जिन्होंने ब्राह्मणों को सुरा, सुन्दरी और सम्पत्ति का दान दिया. रन्तिदेव ने चाहे 2000 गायें रोज काटीं परन्तु उसने ब्राह्मणों को भोज करवाया इसलिए उसे महादानी कहा गया. राम ने दलितों और बनियों को लूट कर ब्राह्मणों को धन दिया वह भगवान बना दिया गया. कृष्ण ने किसी की बहन बेटी नहीं छोड़ी परन्तु उसने ब्राह्मण सुदामा को धन दे दिया तो वह भी भगवान बना दिया गया. अकबर ने राजपूतों की बेटियों सें अपने हरम भर लिए परन्तु उसने मन्दिर में सोने का छत्र चढ़ा दिया तो उसे भी "अकबर महान" बना दिया गया.

1. झांसी की रानी लक्ष्मी ने अंग्रेजों का साथ दिया. जब विद्राहियों ने अंग्रेजों को झांसी के पास हरा कर उनके हथियार छीन लिए तो रानी लक्ष्मी ने अंग्रेजों को अपने किले में शरण दी, उन्हें हथियार और खाना दिया. रानी झांसी ने अंग्रेज गर्वनर जनरल के दूत सें विनति की 'मेरे पति ने **हमेशा** अंग्रेजों का साथ दिया है. इसलिए विनति है कि मेरे बेटे को झांसी का उतराधिकारी स्वीकार किया जाए.' (नेहरू की पुस्तक – भारत की खोज पर आधारित धारावाहिक 10.02.2002). अगर रानी झांसी भारत के विरूद्ध गद्दारी करके अंग्रेजों का साथ न देती तो अंग्रेज कभी के भारत सें भाग गए होते! राणी झांसी की गद्दारी की वजह सें महान वीरांगना झलकारी बाई को अपनी तथा अपने दूधमूंहे बेटे की कुर्बानी देनी पड़ी ताकि उनकी रानी बच सके. लक्ष्मी ने ब्राह्मणवाद को आश्रय दिया इसलिये ब्राह्मणवादी इतिहासकारों ने उसे महान देशभक्त घोषित कर दिया.

2. दयानंद ने ब्राह्मणवाद का विरोध किया तो उसके ब्राह्मण रसोइये घोड़ मिश्र ने उसके साथ विश्वासघात किया. उसने नन्ही जान नामक वेश्या सें मिलकर दयानंद को जहर देकर मार डाला.

3. राणा सांगा के गुणगान किए जाते हैं लेकिन उसी ने 1525 ईस्वी में बाबर को भारत पर आक्रमण करने के लिए बुलाया था. इस महान ब्राह्मणवादी देश भक्त के कारण भारत 331 साल मुगलों का गुलाम रहा.

4. वसुदेव नामक ब्राह्मण ने धनवानों के यहां डाके डाले. कहा जाता है कि उसने आजादी की लड़ाई के लिए धन एकत्र करने के लिए ऐसा किया. आजादी की लड़ाई तो सरदार भक्त सिंह ने भी लड़ी थी. उन्होंने तो कभी डाका नहीं डाला. एक ब्राह्मण को ही देशभक्ति के लिए डाका क्यों डालना पड़ा. इसी ब्राह्मण देशभक्त ने द्विज लोगों सें अंग्रेजों का विरोध करने को कहा तो कोई अपनी स्वामी भक्ति छोड़ने को तैयार नहीं हुआ. अंततः वह दलितों के पास गया और वे लोग देश के लिए मरने को तैयार हो गये. (धरती है बलिदान की पृ. 22)

5. मोहन दास कर्मचन्द गांधी ब्राह्मणवादी देश भक्ति (गद्दारी) का नवीनतम उदाहरण मोहन दास कर्मचन्द गांधी है. जिसे कांग्रेसी बापू कहते हैं. असल में गांधी सचमुच आज के लीडरों का बाप ही है. उसी ने राजनीति में धोखाधड़ी की शुरूआत की. कथनी और करनी में अंतर करने की बात सिखाई. उसका सबसें "महान कार्य" था एक ब्राह्मण को भारत का प्रधान मन्त्री बनवाना. बदले में उस ब्राह्मण जवाहर लाल ने गांधी को भारत का बापू घोषित कर दिया. भारत की आजादी गांधी के नाम कर दी. गांधी ने जो भूख हड़ताल और अहिंसा का दिखावा किया उससें कोई मकान मालिक किसी किरायेदार सें अपना मकान भी खाली नहीं करवा सकता. विदेशियों सें देश खाली करवाना तो बहुत दूर की बात है. जिस समय सरदार भगत सिंह, करतार सिंह, उधम सिंह सरीखे देशभक्त भारत को आजाद कराने के लिए अपना खून बहा रहे थे, गांधी अँग्रेजों के लिए भारतीय नौजवानों को सेना में भर्ती करके इंग्लैंड भेज रहा था. **चौरा चोरी में तो दो चार अँग्रेजों के मारे जाने पर तो गांधी को हिंसा नजर आई और उसने अँग्रेजों के विरूद्ध असहयोग करने का ढोंगात्मक आंदोलन वापिस ले लिया लेकिन जब उसने भारत के हजारों सपूतों को अँग्रेजी सेना में भर्ती करके विदेशों में मरवा दिया तब उसे कहीं हिंसा नजर नहीं आई. उसकी आत्मा एक बार भी भारतीय बेटों के मरने पर नहीं कांपी.**

6. मरहठा शिवा : वह शूद्र कुल सें था. डाकुओं की तरह लड़ाका था. जांबाज था. छुप कर धोखे सें वार करने में माहिर था. औरंगजेब के दरबार में सिपहेसलार था. उसने महाराष्ट्र के कुछ इलाके पर कब्जा कर लिया. राजगद्दी पर बैठना चाहता था लेकिन वहां के ब्राह्मणों ने उसे शूद्र बता कर उसका राजतिलक करने सें इंकार कर दिया. तब उसने बनारस के एक लालची ब्राह्मण गंगू को बुलाया. उसें मूंह मांगा सोना दिया. धन देकर ब्राह्मण सें कुछ भी करवाया जा सकता है. अतः उस गंगू ब्राह्मण ने उसकी "शुद्धि" करके उसे क्षत्रिय घोषित किया लेकिन पैर के अंगूठे सें उसके माथे पर तिलक किया. शिवा ने ब्राह्मण को सोने का छत्र भेंट किया. उसने शिवा का गुणगान कर दिया. तभी सें वह छत्रपति कहलाने लग गया.

अपनी सारी उम्र में उसने कोई जन कल्याण का काम नहीं किया. कोई सड़क, कोई धर्मशाला, कोई स्कूल उसने नहीं बनवाया. उसने तो बस लूटपाट की यहां तक कि नाथद्वारा का मन्दिर भी उसकी लूट सें बच नहीं पाया लेकिन तब भी उसे छत्रपति कहा जाता है. उसका एक ही कारण है कि उसने ब्राह्मणों को लूट के माल में सें खूब दान दिया था. इतिहास लिखने वाले ब्राह्मण ही होते थे. अतः उसे महान देशभक्त करार दे दिया गया वर्ना इतिहास गवाह है कि वह औरंगजेब के दरबार में मामूली सा सिपहेसालार था.

शेरशाह सूरी ने पेशावर सें लेकर कलकता तक सड़क बनवाई. पूरे भारत को एकसूत्र कर दिया. परन्तु किसी मन्दिर में छत्र नहीं चढ़ाया. अतः उसका कोई नाम नहीं लेता. अलाउदीन खिलजी ने सस्ते दामों पर अनाज बांटने के डिपू बनवाए. इन डिपुओं पर किसी सेठ अथवा किसी सरकारी कर्मचारी को अनाज नहीं दिया जाता था. उसने तोल माप के कण्डे बाट निर्धारित किये. उसने तन्त्र मन्त्र करने वालों को कूंए में फिकवा कर ऊपर सें मिट्टी डलवा दी. हर वस्तु का मूल्य निर्धारित किया लेकिन आज उसे एक जालिम राजा की तरह पेश किया जाता है क्योंकि उसने किसी मन्दिर में दान नहीं दिया. लेकिन शिवा ने क्योंकि ब्राह्मण को सोने का छत्र दे दिया तो इतिहास में वह महानता पा गया.

7. सन् 1965 में पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड के स्कूलों में जो किताबें पढ़ाई जाती थीं उसमें एक सच्ची कथा होती थी कि 712 ई. में सिन्ध पर हिन्दू राजा दाहिर का राज्य होता था. इबने कासिम नामक मुस्लिम हमलावर ने उसके राज्य पर हमला किया. दाहिर के सैनिक बहादुरी सें लड़ रहे थे. तभी एक ब्राह्मण उस हमलावर राजा के पास आया और बोला कि अगर राजा उसे धन दे तो वह अपने राजा के हारने का रास्ता बता देगा. धन के लिए ब्राह्मण कुछ भी कर सकते हैं. हमलावर राजा ने उसे धन देने का वायदा किया. उस ब्राह्मण ने बताया कि राजा दाहिर अन्धविश्वासी है. अगर कोई मन्दिर के ऊपर लगा झण्डा गिरा देगा तो राजा हथियार डाल देगा. हमलावर ने ऐसा ही किया. दाहिर मैदान छोड़ कर भाग गया. ब्राह्मण अपना इनाम मांगने गया. हमलावर ने उसे गाय की खाल में सिलवा दिया. इनका यही सही इनाम है.

8. सिखों के दस गुरू हुए हैं. उनके नौवें गुरू थे गुरू तेग बहादुर. एक दिन कश्मीर के ब्राह्मण उनके पास आए और बोले कि मुगल बादशाह औरंगजेब उन्हें तंग कर रहा है तथा इस्लाम कबूल करने के लिए दबाव डाल रहा है. उसे रोकने के लिए किसी के बलिदान की आवश्यकता है. गुरू तेग बहादुर ने ब्राह्मणों को बचाने के लिए अपने जीवन का बलिदान दे दिया. उनके सपुत्र थे गुरू गोबिंद सिंह. उनके चार बेटे थे. दो बेटे मुगलों के साथ युद्ध में शहीद हो गए. दो बेटों को उनकी माता ने अपने पुरोहित गंगू नामक ब्राह्मण के साथ रवाना कर दिया ताकि वह उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाए. उस ब्राह्मण ने अपने पूर्वजों की परिपाटी अपनाते हुए, धन की खातिर, उन मासूम बच्चों को सरहिंद के नवाब के हवाले कर दिया. नवाब ने उन मासूमों को जिन्दा दीवार में चिनवा दिया. गुरू तेग बहादुर का सारा परिवार जिस ब्राह्मण वर्ण को बचाने में शहीद हो गया और उसी वर्ण ने ऐसी गद्दारी की जिसकी दुनिया में कहीं और मिसाल नहीं मिलती.

9. रविन्द्र नाथ टैगोर : एक और ब्राह्मणवादी कवि. वह गांधी की तरह अंग्रेजों का जन्मजात चमचा था. कभी भी उसे भारत की गुलामी नहीं अखरी. उसने सैंकड़ों कविताएं लिखीं मगर कभी भी भारत को आजाद करने के बारे में कविता नहीं लिखी. इंगलैंड का सम्राट जार्ज पंजम 1911 में भारत आया. उसकी स्तुति/चरण वंदना में टैगोर ने एक कविता लिखी जिसे 27 दिसम्बर 1911 को कांग्रेसियों ने अपने कलकत्ता अधिवेशन में गाया. अपनी स्तुति सुनकर सम्राट खुश हो गया. और एक साल के बाद ही टैगोर को साहित्य में नोबल पुरस्कार सें नवाजा गया तथा उसके एक साल बाद 1915 में टैगोर को "knight" अर्थात " अंग्रेजों का सिपहेसालार" बना दिया गया.

रविन्द्रनाथ टैगोर ने जो कविता लिखी वह इस प्रकार सें हैः

जन, गण, मन अधिनायक, जय, हे भारत भाग्य विधाता!
पंजाब, सिन्ध, गुजरात, मराठा, द्रविड़, उत्कल, बंग,
विन्ध्य, हिमांचल, यमुना, गंगा उच्छल जलधि तरंग!
तव शुभ नामें जागे, तव शुभ आशीष मांगें
गायें तव जय गाथा
जन गण मंगलदायक, जय हे, भारत भाग्य विधाता
जय हे, जय हे, जय जय जय हे.

उपरोक्त कविता में प्रयोग किये गए शब्दों का सरल भाषा में अर्थ इस प्रकार सें हैं :

जन = जनता, गण = कबीले, रियासतें अर्थात छोटे राज्य, मन = दिलो दिमाग, अधिनायक = बेरोक टोक के अधिकारी, उत्कल = वर्तमान उड़ीसा, बंग = बंगाल, हिमांचल = हिमालय के साथ लगते प्रदेश, उच्छल जलधि तरंग = पानी की लहरें, तव शुभ नामें = तेरा शुभ नाम

अतः उपरोक्त गीत का अर्थ हुआ हम भारतियों के तन मन धन के अधिनायक तेरी जय हो. तू भारत की किस्मत का मालिक है, भाग्य विधाता है. भारत के सभी प्रांत यानि पश्चिम में सिन्ध सें लेकर पूर्व में बंगाल तक, उत्तर में हिमालय सें लेकर दक्षिण के द्रविड़ तक तेरी जय जय कार कर रहे हैं. भारत के सारे पर्वत, विन्ध्यांचल सें लेकर हिमालय तक तेरी जय जय कार कर रहे हैं. भारत की समस्त नदियों, गंगा यमुना आदि का पानी हिलारें खा खा कर तेरे गुण गा रहा है. हमारा मुख तेरा ही शुभ-नाम रटे, तेरा ही शुभ आर्शीवाद मांगे और तेरी ही जयगाथा गाये. हे, जन और गण का शुभ करने वाले तेरी जय हो. हे, भारत के भाग्य विधाता, तेरी जय हो, जय हो, जय हो!!

इस गान के संदर्भ में कुछेक तथ्य ध्यान देने योग्य हैं :

1. यह गान टैगोर ने दिसम्बर 1911 में लिखा. और तब लिखा जब उसके एक दोस्त ने उससें कहा कि अंग्रेज सम्राट जार्ज पंजम भारत भ्रमण पर आया हुआ है. उसकी स्तुति में कांग्रेसियों ने एक गीत गाना है. अतः वह उनके लिए एक स्तुतिगान लिख दे.
2. कहते हैं कि टैगोर ने अपने एक अन्य दोस्त को पत्र लिखा कि अपने दोस्त सें यह सुन कर उसे आश्चर्य (amazement) हुआ कि उसे सम्राट की स्तुति में गीत लिखने के लिए कहा गया है. तब उसने

उपरोक्त स्तुतिगान उसे लिख कर दे दिया और कहा कि वह गान कांग्रेसियों को दे दे ताकि वे उसे सम्राट की शान में किए जा रहे अधिवेशन में गा सकें. आजकल यह भी कहा जाने लगा है कि टैगोर ने अपने "दोस्त" को यह भी कहा कि उसने यह गान "भगवान" के लिए लिखा है. अतः टैगोर को यह पता था कि उसने जो गीत "भगवान" के लिए लिखा वह **उस भगवान** की शान में गाया जाएगा जिसे लोग जार्ज पंजम कहते हैं.

3. 22 जून 1911 को सम्राट की ताजपोशी हुई थी तथा वह अपनी महारानी के साथ अपनी सबसें बड़ी बस्ती (Colony) भारत में आया था. 11 दिसम्बर 1911 को सम्राट का दिल्ली आगमन हुआ. कांग्रेसियों ने जार्ज पंजम के चित्र को हर गांव में घुमाया तथा हर जगह उसकी पूजा अर्चना करवाई.

4. 27 दिसम्बर 1911 को कांग्रेसियों ने कलकता में एक विशेष अधिवेशन का आयोजन किया जिसका मात्र और मात्र एक ही उद्देश्य था कि भारत आगमन पर अंग्रेज सम्राट जार्ज पंजम की नई नई हुई ताजपोशी का गुणगान किया जाए. यह गीत भी **सर्वप्रथम** उस कलकता अधिवेशन में गाया गया जिस की प्रधानगी सम्राट ने की थी.

5. उपरोक्त बातों सें एक बात तो तय है कि टैगोर को पता था कि उसके द्वारा लिखा गया स्तुति गान सबसें पहले सम्राट की शान में ही गाये जाना वाला था. टैगोर ने जानते बूझते हुए अपने तथाकथित "भगवान" की शान में लिखा स्तुति गान कांग्रेसियों को उनके "भगवान" की स्तुति में गाने को दे दिया. ऐसा कहीं कोई उदाहरण नहीं मिलता जहां भगवान के लिए लिखा गया स्तुति गान सबसें पहले आदमी के लिए गा दिया गया हो. और भारत भूमि में भगवान के लिए भजन लिखे जाते हैं वंदनाऐं लिखी जाती हैं जिसमें उसे ब्राह्मण्ड का विधाता बताया जाता है. हमने आज तक एक भी ऐसा भजन नहीं सुना जिसमें भगवान का कार्यक्षेत्र मात्र भारत तक ही सीमित कर दिया गया हो!! उसे मात्र सिन्ध सें लेकर बंगाल तक का भाग्य विधाता बना दिया गया हो!!

6. सन् 1911 के अंत में टैगोर ने यह स्तुति गान लिखा. एक साल के बाद ही उसे (1913 में) नोबल पुरस्कार दे दिया गया. तथा उसके दूसरे साल ही उसे **"knight"** अर्थात "अंग्रेजों का सिपहेसालार" बना दिया गया. टैगोर ने सभी इनाम खुशी खुशी स्वीकार किए. 1919 के जलियांवाला बाग के हत्याकांड के विरोध में टैगोर ने सिपेहसलारी तो वापिस लौटा दी मगर अपने अंग्रेज आकाओं के विरुद्ध कभी एक शब्द भी नहीं लिखा.

7. एक तथ्य चौंकाने वाला है कि टैगोर को जिस कविता संग्रह (गीतांजलि) के लिए नोबेल पुरस्कार दिया गया, वह गीतांजलि किसी स्कूल किसी कॉलेज के सलेबस में शामिल नहीं की गई है. उसने गीतांजलि में ऐसा क्या लिखा कि उसे भारतीयों सें छिपाया जा रहा है.

8. यह भी एक तथ्य है कि आज तक कभी किसी मजदूर/कम्युनिस्ट लेखक को नोबल पुरस्कार नहीं दिया गया है जो गरीबों मजदूरों के हित के लिए लिखते हैं

9. भारत के किसी भी प्राचीन या नवीन ग्रन्थ में भगवान को या किसी भी देवता को "भारत भाग्य विधाता" कह कर सम्बोधन नहीं किया गया है. अतः सन् 1911 में टैगोर का भारत भाग्य विधाता "अंग्रेज सम्राट जार्ज पंजम" के सिवाय कौन सा देवता या कौन सा भगवान था, इसका खुलासा कोई नहीं कर पा रहा है.

10. अंग्रेजों ने "वंदे मातृम" गाने पर पाबंदी लगाई लेकिन जन, गण, मन पर कभी पाबंदी नहीं लगाई. इसका कारण यह है कि कांग्रेसियों ने "जन गण मन" का गीत अकेले ही नहीं गाया बल्कि वे अपने आका जार्ज पंजम की फोटो गांव गांव लेकर घूमे तथा हर गांव गली मौहल्ले में उस फोटों के आगे लोगों को नतमस्तक करके यह गीत गवाया. (वे दिन वे लोग)

11. ऐसा कहीं भी सुनने अथवा पढ़ने में नहीं आया कि भारत के क्रांतिकारियों ने कभी भी जन, गण, मन गाया हो!!

12. तत्कालीन कांग्रेसियों की अंग्रेज-स्वामीभक्ति की एक अन्य उदाहरण भारत का राष्ट्रमण्डल (कॉमनवैल्थ) संघ में शामिल होना भी है. इस संघ में केवल वही देश शामिल हो सकते हैं जो कभी इंगलैंड के गुलाम रहे हैं. इस संघ का प्रमुख हमेशा ही इंगलैंड का राजा होता है. भारत कितना भी महान बन लें लेकिन वह कभी भी इस संघ का प्रमुख नहीं बन सकता. फिर भी अपनी गुलामी की यादों को तरोताजा रखने के लिए नेहरु ने भारत को इस संघ का सदस्य बनाया जो आज तक जारी है.

13. संविधान सभा में काम करने के लिहाज सें बाबा साहिब अम्बेडकर का सर्वोच्च स्थान है. उन्होंने भारतीय संविधान बनाने और राष्ट्रीय ध्वज अपनाने में सबसें अधिक योगदान दिया. लेकिन जब राष्ट्रीय गान अपनाने की बात आई तो उनकी अनुपस्थिति में ही जन, गण, मन को राष्ट्रीय गान घोषित कर दिया

गया. इस मुद्दे पर बहस भी नहीं की गई बल्कि तत्कालीन राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद ने फतवा दे दिया कि इस गान को कांग्रेसी बरसों सें गाते आ रहे हैं अतः यही राष्ट्रीय गान है. मौलाना इकबाल का गीत "सारे जहां सें अच्छा हिन्दोस्तां हमारा" पर तो बहस ही नहीं की गई.

वैसे यह अत्यंत खुशी की बात है कि इतना भेदभाव होने के बावजूद करोड़ों भारतियों के मोबाइल पर इसी गान की धुन बजती है – सारे जहां सें अच्छा हिन्दोस्तां हमारा!!

14. कांग्रेस की स्थापना विशेष तौर पर इसलिए की गई थी भारतीय कहे जाने वाले "बड़े लोग" इसमें शामिल हो कर आम भारतियों में अंग्रेजों का गुणगान करते रहें ताकि लोग अंग्रेजों के विरुद्ध आवाज न उठाएं. जैसे कार में शॉकर लाए जाते हैं ताकि गढे आने पर चालक को झटके कम लगें वैसे ही एक अंग्रेज महिला ने कांग्रेस की स्थापना की थी ताकि अंग्रेजी सरकार की गाड़ी बिना झटकों के चलती रहे.

15. अपनी स्थापना के सन् 1883 सें लेकर सन् 1942 तक कांगेस ने कभी भी अंग्रेजों को भारत छोड़ने को नहीं कहा. आज चाहे यह ढोल पीटे जाते हैं कि 1930 के अधिवेशन में नेहरू ने पूर्ण आजादी की मांग की थी मगर सच्चाई यही है कि कांग्रेसी अंग्रेजों सें हमेशा (dominion state) अर्थात ऐसे राज्य की मांग करते रहे जहां भारत का सर्वोच्च शासक तो अंग्रेज सम्राट हो और शेष मन्त्री भारतीय हों. आज अगर भारत डोमिनियन स्टेट होता तो इंगलैंड का राजा भारत का राष्ट्रपति होता. प्रधान मन्त्री चाहे भारतीय होता मगर उसे हर काम के लिए अंग्रेज संसद सें मंजूरी लेनी पड़ती. सुप्रीम कोर्ट की जगह इंगलैंड के हाउस ऑफ लॉर्डस द्वारा पारित कानून सर्वोच्च होते. लंदन में 1930 सें 1932 तक तीन गोलमेज अधिवेशन हुए जिसमें भारत के सभी नेता शामिल हुए. कांग्रेस की तरफ सें गांधी गया मगर उसने वहां भी डोमिनियन स्टेट की मांग की. **बाबा साहिब पहले भारतीय थे जिन्होंने गोल मेज अधिवेशन में पूर्ण आजादी की मांग की थी. उनसें पहले किसी भी भारतीय किसी भी कांगेसी ने पूण आजादी की मांग नहीं की थी!**

यहां बस एक बात पर टिप्पणी बकाया है वह है कि जब टैगोर को उसके दोस्त ने स्तुति गान लिखने को कहा तो उसे (amazement) आश्चर्य हुआ. अतः उसने "भगवान" की अराधना में यह गान लिख कर अपने दोस्त को दे दिया ताकि उसे कांग्रेसी अपने स्तुति अधिवेशन में गा सकें!

अंग्रेजी भाषा में आश्चर्य के लिए अनेकों शब्द हैं. वहां दुख सें हुई हैरानी, खुशी सें हुई हैरानी, डर सें हुई हैरानी, अप्रत्याशित घटना सें हुई हैरानी आदि के लिए अलग अलग शब्द हैं. जैसे हिन्दी में प्यार के लिए अनेकों शब्द हैं जैसे कि स्नेह, वात्सल्य, प्रेम, चाह, मोह, लग्न आदि. हिन्दी भाषी बाप बेटी में स्नेह का प्रयोग करते हैं, वात्सल्य तो माँ का अपने बच्चों के प्रति ही होता है, पति पत्नि के सम्बंधों के लिए अक्सर प्रेम का प्रयोग होता है, भगवान सें लग्न या चाह होती है, धन सम्पत्ति के लिए मोह होता है आदि. जैसे वात्सल्य या स्नेह पति पत्नि के सम्बंधों के लिए प्रयोग नहीं किया जाता वैसे ही अंग्रेजी भाषा में (amazement) डर सें, गमी सें हुई हैरानी के लिए प्रयोग नहीं किया जाता. यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि टैगोर को अंग्रेजी लिखने में निपुणता हासिल थी. उसने उसी शब्द का प्रयोग किया जो उस स्थिति में प्रयोग किया जाना चाहिए था.

हिन्दी भाषा में दो मुहावरे हैं : एक है "जमीन पर पैर न लगना" और दूसरा है "पैरों तले सें जमीन निकलना". दोनों ही मुहावरों में व्यक्ति का जमीन सें सम्बंध टूट जाता है. लेकिन जहां पहले में अपार खुशी मिलती है वहीं दूसरे में अत्याधिक दुख मिलता है. अतः जब टैगोर सें यह कहा गया कि वह सम्राट की शान में कविता लिखे तो उसके पैरों तले सें जमीन नहीं खिसकी बल्कि उसके पांव जमीन पर नहीं लगे. और उसने सम्राट को भगवान मान कर पूरे भारत को उसके चरणों में समर्पित कर दिया!! सन 47 में ब्राह्मणों का राजनीति पर वर्चस्व था. अतः एक ब्राह्मणवादी द्वारा रचित 'सम्राट चरण वंदना' दूसरे ब्राह्मणों द्वारा भारत का राष्ट्रीय गान बना दिया गया. और आज पूरा भारत उस चरण वंदना को गाने के लिए मजबूर है. इससें बड़ा धोखाधड़ी और क्या हो सकती है!!

इस स्तुति गान को आज भारत का राष्ट्रीय गान कहा जाता है!!
यह समस्त भारतियों के लिए शर्म की बात है कि हम आज भी अंग्रेज सम्राट की स्तुति को अपने राष्ट्रीय गान के तौर पर गाने को मजबूर हैं.

10. औरों की तो छोड़ो. ब्राह्मणों ने तो अपने कृष्ण नामक भगवान के बीवी बच्चों की भी सुध नहीं ली जिसने स्पैशल तौर पर उनके **धर्म की रक्षा करने के लिये अवतार** लिया था. कृष्ण जब मरा तो अपने पीछे जायज नाजायज बीवियों की पूरी फौज छोड़ गया. किसी ब्राह्मण ने उनकी कोई सुध नहीं ली. अंततः उन अबलाओं को अपना पेट भरने के लिये वेश्या बन कर गुजारा करना पड़ा. (अप्सरा 551) ब्राह्मणों ने अनंगव्रत के नाम पर बिना दाम दिये पचास साल की उम्र होने तक उन अबलाओं का यौन शोषण किया. यह उनका धर्म था. वैसे भी जब ब्राह्मण ऋष्यश्रृंग साधारण सी वेश्याओं के नाच गाने पर मोहित होकर तपस्या छोड़ कर उनके साथ आ सकता है तो यह तो उनके रंगीले भगवान की रंगीली वेश्याएं थीं. ब्राह्मण उनका रस्वादन करने सें भला क्यों चूकते. **अतः जो आदमी अपने बचाने वाले "भगवान" का नहीं हो सका वह किसी और का क्या होगा!!**

11. ऐसे ही उनका "भगवान का सेवक" हनुमान है. वह वानर कुल/गोत्र सें था. उसने जी जान सें राम का काम किया. राम ने तो खुश होकर उसे सोलह कमसिन लड़कियों का तोहफा दिया मगर संकराचारय दयानंद सरीखे ब्राह्मणिक विद्वानों ने उसे वानर सें बन्दर बना दिया. ब्राह्मणिक विद्वानों ने उसे अपने भगवान की सेवाओं का फल यह दिया कि उसे आदमी सें "बन्दर" बना दिया. उन्होंने इस बात का भी लिहाज नहीं किया कि यह "बन्दर" उनके पवन देवता की औलाद है चाहे नाजायज ही सही! जानवरों के नाम पर आज भी भारत में अनेकों कुल/गोत्र के लोग रहते हैं. उदाहरणतः पंजाबियों में कुक्कड़ (मुर्गा), गिदड़ (गीदड़) तथा जाटों में मोर गोत्र के लोग पाये जाते हैं. इसका अर्थ यह नहीं है कि ये जानवर हैं.

12. ऐसा ही कुछ गांधी के साथ हुआ. गांधी ने दुनिया भर में नैतिकता का ढकोसला किया लेकिन उसे भी एक ब्राह्मण यानि नेहरू को प्रधान मन्त्री बनवाना पड़ा जो अपनी ऐशपरस्ती के लिए बदनाम था. नेहरू उन चीजों के बिल्कुल विपरीत था जिनका गांधी ने प्रचार किया. (गोडसे ने गांधी क्यों मारा 23) गांधी ने रघुपति राजा राम का राग अलाप कर ब्राह्मणधर्म का उद्धार किया लेकिन अंत में एक ब्राह्मणवादी संस्था के एक ब्राह्मण की गोली का शिकार हुआ.

13. ब्राह्मणवादियों के अनुसार नदी पर्वत के दूसरी ओर परदेस है. जहां भाषा बदल जाए अथवा जहां की खबर एक दिन में पता न चले वह भी विदेश है. इसी कारण जब विदेशी हमलावरों ने नदी के इस ओर आक्रमण किया तो नदी के दूसरी ओर रहने वालों ने कोई परवाह नहीं की. नतीजा यह हुआ कि हमलावर एक के बाद एक गांव लूटते गए और इस तरह उन्होंने पूरे भारत को गुलाम बना लिया.

सुरेन्द्र अज्ञात (समु. 7.184) ने सही कहा है कि यह बहुत हैरानी की बात है कि जिन ब्राह्मण ग्रन्थों में टट्टी जाकर गुदा धोने तक के विस्तृत नियम लिखे गए हैं उनमें कहीं भी देश सें गदारी करने की निन्दा नहीं की गई है और न ही कहीं देश पर मर मिटने की प्रेरणा दी गई है. **इसी कारण हमारे यहां शहीद के समकक्ष कोई शब्द ही नहीं है.**

इसके विपरीत उनके धर्म ग्रन्थ यह शिक्षा तो देते हैं कि यदि कोई बलवान राजा हमारे कमजोर राजा पर हमला करे तो सब का कर्तव्य है कि आगे बढ़ कर उसका स्वागत करें क्यों कि यह सुविचारित मत है कि बिना परेशान किए दूध देने वाली गाय को मारा पीटा नहीं जाता. (शांति पर्व 67)

तुलसी ने भी तो कहा है 'कोय भी नृप होई, हम को का हानि' अर्थात राजा कोई भी हो हमें का लेना देना! (दैनिक ट्रिब्यून 13.02.2000) ब्राह्मणवाद की इन्हीं बातों के कारण हमने पिछले 2000 सालों सें गुलामी दासता पतन व लूटमार ही सहन की है. युनानी, शक, तुर्क मंगोल, फारसी, अग्रेजों के हम गुलाम रहे. गिने चुने मुठी भर असबीनियों, गुलामों, हबशियों के भी हम गुलाम रहे.

ब्राह्मण साहित्य का सारा दृष्टिकोण और वर्णन शैली आज हमारी राष्ट्रीय एकता के लिये जहर के समान है. अतः केवल राष्ट्रीय एकता के लिये ही इस साहित्य का अंत हो जाना चाहिये. (समु 10.286)

1.6 धूर्त चालें : सर्वोच्चता कायम रखने के हत्थकण्डे

ब्राह्मणों ने क्षत्रियों पर विजय प्राप्त करने के बाद इस बात को पक्का किया कि भविष्य में कोई भी जाति उनकी सत्ता को चुनौती देने लायक न रहे. अपनी सत्ता को कायम रखने के लिए उन्होंने साम दाम दण्ड भेद हर प्रकार की नीति अपनाई. नैतिकता तो उनके धर्म और कर्म में पहले सें ही नहीं थी. अतः अब उन्हें कुछ भी करने सें संकोच नहीं रहा.

1.6.1 धार्मिक गुलगण्डी खाई

क्षत्रियों का नाश करने के बाद ब्राह्मणों ने कमाल की गुलगण्डी खाई. उन्होंने अपने धर्म में आमूल परिवर्तन कर दिया. उन्होंने वर्णों की जगह जातियां बना दीं. गाय, घोड़े की बलि देने वाले यज्ञों की जगह घी वाले यज्ञ करना शुरू कर दिए. तमाम क्षत्रिय देवों का अलविदा कहा तथा उनके स्थान पर नए नए भगवान व देवता घढ़ दिए जिन्हें ब्राह्मणों की पूजा करता दिखाया गया. वेदों की महिमा कम कर दी गई तथा उपनिषदों के आत्मा और मोक्ष के सिद्धांतों को अपने धर्म में शामिल कर लिया.

चाहे मनु स्मृति कितना भी ढोल पीटे या दयानंद गला फाड़ कर चिल्लाए कि वेद ब्राह्मणधर्म का मूल हैं लेकिन वास्तविकता यही है कि वेद कभी भी किसी भी काल में ब्राह्मणों के लिए पवित्र ग्रन्थ नहीं रहे. (पुनर्पाठ 24) उन्होंने मनचाहे ढंग सें उनमें घालमेल किया है जिन देवी देवताओं और कर्मकाण्डों का वेदों में जिक्र ही नहीं

है, उन्हें ब्राह्मण बढ़ चढ़ कर मानते करते है. (पुनर्पाठ 25) अपने लाभ के लिए ब्राह्मणों ने वेदों तक सें गद्दारी की है!

1.6.2 पण्डित यानि ब्राह्मण! ब्राह्मण यानि पण्डित

विद्या प्रप्ति का अधिकार क्योंकि ब्राह्मणों तक सीमित हो गया था इसलिए यह प्रचार भी करना शुरू कर दिया कि ब्राह्मण ही ज्ञानी हैं. ब्राह्मणवादियों ने यह बात इस कदर फैलाई कि जितने भी विद्वान हुए हैं सब के सब ब्राह्मण थे. यह उनकी सोची समझी साम दाम की रणनीति है. चाहे गुरू रैदास ने सीना ठोक कर कहा कि वे चमार है तो भी उन्हें पिछले जन्म का ब्राह्मण घोषित कर दिया. चाहे सन्त कबीर ने स्वयं को जुलाहा कहा तो भी उन को ब्राह्मणी की नाजायज औलाद बता दिया गया. ऐसे ही अन्य विद्वानों के साथ किया गया. लेकिन **वास्तविकता यही है कि भारत के इतिहास में कभी कोई विद्वान जन्म सें ब्राह्मण हुआ ही नहीं.** अन्य शब्दों में कहें तो ऐसा कभी हुआ ही नहीं कि कोई ब्राह्मण विद्वान भी हुआ हो. संकराचारय जैसे लोग बेकार की चिल्लपों मचा कर चले गए. उनकी बात में विद्ववता नहीं थी. गौतम बुद्ध ऐसी थोथी बातों सें बच कर रहने की शिक्षा देते थे.

प्राचीन भारत में जितने भी वैज्ञानिक, वैद्य, खगोलशास्त्री, दार्शनिक हुए वे सब शूद्र थे अथवा अब्राह्मण थे. आर्यभट्ट, वराह मिहिर जैसे खगोल शास्त्री हुए जिन्होंने तारों की सही सही गणना की. ग्रहों की चाल सेकंड के हजारवें भाग तक की सटीक गणना की. उसी आधार पर सूर्य–ग्रहण, चन्द्र–ग्रहण आदि की भविश्यवाणियां कीं. वर्षा, सूखे आदि का अनुमान लगाया.

उनके खानदान का कोई पता ही नहीं है. जिस समय इन्होंने अपने सिद्धांत, अपनी खोजें दुनिया के सामने रखे ब्राह्मणवादियों ने पूरे जोर सें उनका विरोध किया. अगर वे ब्राह्मण होते तो उनका विरोध नहीं किया जाता. उन्हें भगवान का अवतार बना दिया जाता. दूसरे अगर वे ब्राह्मण होते तो तुलसी की तरह अपने सारे खनदान का इतिहास बताते. ब्राह्मण पूजने की बातें करते! परन्तु उन्होंने ब्राह्मणवाद के सभी ढकोसलों की धज्जियां उड़ा दी. लेकिन ब्राह्मणों ने साम की नीति का सहारा लिया. उन्हें ब्राह्मण घोषित कर दिया. उन्होंने सूर्य, चन्द्रमा ग्रह बताए थे. ब्राह्मणों ने उन्हें अपने देवता घोषित कर दिया. उनके बताए ज्योतिष को अपने भविष्य बताने के धंधे में बदल लिया. ग्रहण लगने की गणना तो उन्होंने बताई उसके आधार पर रोजी रोटी का धंधा इन्होंने चला लिया.

1.6.3 ब्राह्मण को ''पाप प्रूफ'' घोषित किया

ब्राह्मणों ने न केवल अपने आप को सर्वोच्च घोषित किया बल्कि उन्होंने स्वयं को पाप–प्रूफ भी घोषित कर दिया. उन्होंने यह घोषणा कर दी कि जैसे आग सब कुछ जला कर भी मैली नहीं होती वैसे ही ब्राह्मण कुछ भी करके पाप का भागीदार नहीं बनता.(मनु 9.318) इसी नियम के तहत उन्होंने सरेआम वह कार्य किये जिसे आज के सभ्य समाज में जुर्म या पाप कहा जाता है. उनके द्वारा किए गए ठगी और बलात्कार के कारनामों सें ग्रन्थ भरे पड़े हैं. अध्याय 5 में इनका विस्तृत वर्णन किया गया है.

दुख की बात है कि न केवल ब्राह्मणों ने ऐसा प्रचार और आचरण किया बल्कि समाज ने उनके इस पापपूर्ण नियम को मान्यता भी दी. उन्होंने इस नियम का इस कदर प्रचार प्रसार किया कि हम यह बात मान बैठे कि ब्राह्मण भगवान सें भी ऊपर की चीज है. और उससें भी ज्यादा दुख की बात है कि **आज भी** उनके कुकर्त्यों को धर्म माना जाता है. आज भी ब्राह्मण वेश धारण किए ब्रह्मा विष्णु महेश द्वारा अनुसुइया को नग्न देखने की जिद्द को धार्मिक कहा जाता है. ब्राह्मण वेश में महाराज रावण द्वारा सीता के अंगों की तारीफ आज भी रामायण में मौजूद हैं. ब्राह्मण ऋषि दीर्घतमा द्वारा सरेआम स्त्री समागम को आज भी धार्मिक माना जाता है. (आदि पर्व 104 राज 44)

आज भी ब्राह्मण हर प्रकार के पापी अनाचारी भ्रष्टाचारी के यहां पाप छुड़ाने के कर्मकांड करके धन प्राप्ति में संकोच नहीं करते. वे खोखला तर्क देते हैं उनकी करणी उनके साथ हमारी करणी हमारे साथ. (समु 10.277) अगर उनकी करणी का फल ही उन्हें मिलना है तो ब्राह्मण वहां क्या करने जाते हैं. वे तो वहां कर्मकांड करते हैं कि ऐसे पापियों को उनके पाप की सजा न मिले. मदिरों तीर्थों में ब्राह्मण चन्दा इसीलिए लेते हैं ताकि दानियों को उनके पापों सें मुक्ति मिल जाए.

इसी "पाप छुड़ाऊ" मान्यता के तहत ब्राह्मणों ने लोगों सें धन के साथ माल खाने का भी प्रबन्ध किया. उन्होंने यज्ञों में इतने पशु (विशेषकर गाय और घोड़े) काट कर खाए कि उनके यज्ञों का वर्णन पढ़ कर ऐसा लगता है जैसे किसी कटघर बुचड़खाने का वर्णन हो. इन पापपूर्ण हत्याओं सें आहत होकर सन्त कबीर ने कहाः

साधो पण्डे निपुण कसाई,

बकरी मार भेड़ को धाये, दिल में दरद न आई!
करे अस्नान तिलक लगाए, विधि सों देव पुजाई,
आतम मार पलक में बिनसे, रूधिर की नदी बहाई!
अति पुनीत ऊँचे कुल कहिए, सभा में अधिकाई,
इनसै दीक्षा हर कोई मांगै, हंसी मोहे आवै भाई!
पाप कटन की कथा सुनावै, करम करावै नीचा,
डूबत दोऊ परस्पर दीखा, गहे बांहि जम खींचा!
भैंसा बधे सो शतरी कहावै, वे क्या इनसे छोटे,
कहै कबीर सुनो भाई साधो, चार जुग ब्राह्मण खोटे!!!

1.6.4 इतिहास में जोड़ तोड़

यह एक तथ्य है कि **जो कौमें अपना इतिहास भूल जाती हैं भविष्य उन्हें भुला देता है.** इसी नीति के तहत ब्राह्मणों ने दलितों सें उनका इतिहास भुला दिया. उनके पास गर्व करने लायक कुछ भी नहीं छोड़ा है. सर्वगुण सम्पन्न होते हुए भी दलित अपनी जाति बताने में संकोच करते हैं. उन्हें इस बात का कभी गर्व ही नहीं होता कि वे विश्व के प्रथम कवि वाल्मिकी, विश्व के प्रथम सन्त सिपाही रैदास, विश्व के प्रथम सम्राट अशोक और विश्व में सबसें अधिक पढ़े लिखे विद्वान बाबा साहिब अम्बेडकर के वंशज हैं. चाहे भारत का निर्माण उन्होंने किया, इसे सोने की चिड़िया उन्होंने ही बनाया लेकिन वे आज यह भी नहीं जानते कि वे असल में हैं कौन!! ब्राह्मणों ने इस कदर उनके इतिहास का नाश किया हैं कि वे यह माननें को ही तैयार नहीं होते कि भारत पर उनका और मात्र उनका राज होता था. महात्मा रावण उनके नायक थे. महान वैज्ञानिक आर्यभट्ट, वैद्य जीवक, गौतम बुद्ध, उपालि, बाल्मिकी, शम्बूक, एकलव्य सब उनके पूर्वज हैं. गुरू रैदास का कथन हैः

नरपति एक सिंहासन सोया, सुपने भया भिखारी !
अछूत राज बिछरत दुख पाया, सोई दसा भई हमारी!!

अर्थात जैसे एक राजा सिंहासन पर बैठा सो जाए और सपने में देखे कि वह भिखारी बन गया है वैसे ही हम दलितों की दशा हो रही है. अपना राज गंवा कर हम भी दुखी हो रहे हैं लेकिन जैसे सपने की उम्र ज्यादा लम्बी नहीं होती वैसे ही हमारा अछूत राज भी ज्यादा समय तक हम सें दूर नहीं रहेगा.

ब्राह्मणों ने एक सोची समझी रणनीति के अनुरूप भारत का इतिहास बिगाड़ा है ताकि बहुसंख्या में होते हुए भी दलित उनकी गुलामी करते रहें. बाबा साहिब ने अपनी सारी उम्र दलितों को इस ब्राह्मणवादी गुलामी सें छुटकारा दिलाने में लगा दी लेकिन प्रचार तन्त्र ब्राह्मणवादियों के हाथ में होने के कारण स्थिति में बहुत अधिक अन्तर नहीं आ पाया.

भारत का इतिहास **महाराजा रावण** सें आरम्भ होता है. उनकी लंका वास्तव में सिन्धु घाटी के नगर हड़प्पा और मोहनजोदड़ो हैं जिन्हें इन्द्र ने तबाह किया था. समय के साथ ब्राह्मणों ने क्योंकि यज्ञ और यज्ञ के देवता इन्द्र दोनों को अपने धर्म–स्टोर सें उठा कर बाहर फैंक दिया था. अतः इन्द्र की जगह राम की कल्पना की गई. महात्मा रावण पता नहीं हारे भी थे या नहीं लेकिन वृहदर्थ की हत्या कर सत्ता पर काबिज हुए ब्राह्मणों ने मन चाहा इतिहास रच डाला. लेकिन लोग इतिहास चाहे भूल गए मगर अपने रिवाज नहीं भूले हैं. वे महात्मा रावण की तो हर वर्ष अंत्येष्टि करते हैं लेकिन सरयू में डूब मरने वाले राम को तो आज तक मुखाग्नि ही नहीं मिली. लोग दशहरे सें एक दिन पहले महात्मा रावण की पूजा करते हैं तथा दशहरे वाले दिन उनका संस्कार किया जाता है. आज भी लोग उनकी अस्थियां घरों में रखते हैं ताकि बला दूर रहे.

दलित वीरांगना झलकारी बाई : रानी लक्ष्मी और उसके सारे खानदान यानि बाप दादा सें लेकर पति ससुर तक सभी ने हमेशा अंग्रेजों के तलवे चाटे. लक्ष्मी ने अपने बेटे को झांसी नगर का सिपेहसलार बनाने के लिए अंग्रेजों की बहुत मिन्नतें कीं. उसके बाप व पति ने दूसरे भारतीय राजाओं के विरूद्ध लड़ाई में भी अंग्रेजों का साथ दिया. लेकिन अंग्रेजों ने रानी लक्ष्मी की मिन्नतें ठुकरा कर झांसी नगर पर हमला कर दिया. अंग्रेजों ने झांसी का किला घेर लिया. जैसे अक्सर तथाकथित योद्धा वर्ण क्षत्रियों का हाल होता था, दुश्मन का हमला होते ही क्षत्राणी लक्ष्मी की हवा सरक गई. उसने अपनी पोशाक व घोड़ा **दलित वीरांगना झलकारी बाई को सौंप दिया.** तब अंग्रेजों का ध्यान बंटाने के लिए उस दलित वीर बाला ने अपने दूध पीते बच्चे को कमर के पीछे बांधा और अंग्रेजी सेना के सामने आ डटीं. अंग्रेजों ने समझा लक्ष्मी घोड़ा लेकर आई है. वे सेना लेकर उनकी तरफ भाग लिये. पीछे सें लक्ष्मी अपने बेटे सहित किला छोड़ कर नेपाल भाग गई. (आदिवासी शौर्य और बलिदान) उधर झालकारी बाई ने अंग्रेजी सेना सें अंतिम सांस तक लोहा लिया और अन्त में अपनी तथा अपने बेटे का बलिदान देकर झांसी के नमक का बदला चुकाया.

ब्राह्मणिक भारत में वीरांगना झलकारी बाई का कहीं जिक्र ही नहीं किया जाता. और हर गली चौराहे पर मूर्ति लगती है अंग्रेजों के तलवे चाटने वाली, झांसी के लोगों सें गद्दारी करने वाली लक्ष्मी की. क्यों? क्योंकि वह ब्राह्मण थी और इतिहास लिखने वाले उसी के कुनबे के लोग हैं.

प्रथम महिला सेनापति सरूपनखा : कोई भी ब्राह्मणिक इतिहासकार इस बात का जिक्र नहीं करता कि महाराज रावण की बहन शूपर्णखा (सरूपनखा) विश्व की पहली महिला सेनापति थीं जिन्होंने विश्व विजेता सम्राट रावण के एक पूरे प्रदेश की सेना का नेतृत्व किया था. उनका चरित्र हनन करने के लिए कथा बनाई गई कि उन्होंने राम सें शादी की पेशकश की. जो आदमी साढ़े पच्चीस साल अपनी पत्नि के साथ रह कर भी बांझ रहा हो उससें शरूपनखा जैसी वीरांगना शादी की पेशकश करे, यह अकल्पनीय है.

मीरा राजपूत घराने सें थी. राजपूतों को ब्राह्मणों ने क्षत्रिय घोषित किया हुआ है जबकि इतिहासकार यह मानते हैं कि राजपूत वास्तव में हुणों के वंशज हैं. यह एक तथ्य है कि मीरा गुरू रैदास की शिष्या बनी और उसने ब्राह्मणवाद के सभी ढकोसलों को तिलांजलि दे दी. गुरू रैदास सें दीक्षा लेकर उसने घर घर में श्रमण संस्कृति के ज्ञान, शील, करूणा के दीप जलाये. ताजा ताजा क्षत्रिय बने राजपूतों और ब्राह्मणों को यह सहन नहीं हुआ कि एक दलित उनकी बहू बेटी का गुरू बन कर मार्ग दर्शन करे. उन्हें डर था कि अगर मीरा गुरू रैदास के ज्ञान का प्रकाश ऐसे ही फैलाती रही तो राजपूतों की तथाकथित क्षत्रियता और ब्राह्मणों के दक्षिणा मार्ग का भंडा फोड़ हो जाएगा. अतः उन्होंने गुरू रैदास तथा उनकी शिश्या मीरा की हत्या कर दी. प्रचार के साधन तो ब्राह्मणों के पास थे ही सो उन्हें यह बात फैलाने में कोई कठिनाई नहीं आई कि मीरा कृष्ण की चेली थी और एक दिन वह उसकी मूर्ति में ही समा गई. मूर्ति के बाहर सिर्फ उनकी चुनरी मिली है.

अगर मीरा सचमुच कृष्ण की भक्त होती तो उसे मारने की आवश्यकता नहीं पड़ती. कृष्ण की भक्त तो अन्य राजपूतानियां भी थी लेकिन उनमें सें तो किसी को नहीं कत्ल किया गया! मात्र मीरा को ही क्यों मौत के घाट उतारा गया. क्योंकि मात्र मीरा ने ही कहा थाः

म्हारो मन लाग्यो सतगुरु में, अब न रहूंगी अटकी!
गुरू मिल्या रैदास म्हानै, दीनी ज्ञान की गुटकी!!

बौद्ध सम्राट बिम्बसार भारत का पहला ऐसा राजा था जिसने सड़कों का महत्व समझा और जिसने सड़के बनवाईं. (रोमिला थापर : भारत का इतिहास पृ.55). उसने जनता सें आमदनी का सोहलवां भाग बतौर टैक्स लिया जबकि मरहठा शिवा ने जनता सें चौथ वसूली और बदले में एक नाली तक नहीं बनवाई. उसने मात्र ब्राह्मणों को दान दिया जिन्होंने बदले में उसके गुणगान में पोथियां रच डालीं. बिम्बसार का कहीं नाम भी नहीं लिया जाता.

नन्द शूद्र थे और नाई जाति के थे. उन्होंने नहरें बनवाई और सिंचाई की व्यवस्था की. (पृ.57) वे जैन धर्मी थे. अतः ब्राह्मणों के पुराण और इतिहासकार उन्हें बुरा बताते हैं क्योंकि उन्होंने पशु मारने वाले यज्ञ नहीं किये.

सन्त कबीर तथा रैदास : ब्राह्मणवाद का सनातन नियम है कि स्वयं धर्म के नाम पर अनाचार फैलाओ और अगर कोई विरोध करे तो उसे साम दाम दण्ड भेद की रणनीति के माध्यम सें मिटा दो. इस नीति के तहत विरोधी को मात्र शारीरिक तौर पर ही समाप्त नहीं किया जाता बल्कि उसका मानसिक बौद्धिक हर स्तर पर सफाया कर दिया जाता है. उदाहरण के लिए चितौढ़ के ब्राह्मणों ने न केवल सन्त रैदास की हत्या की बल्कि उनकी वाणी को भी उनके साथ ही अग्नि के भेंट कर दिया गया. साथ में यह भी प्रचार कर दिया कि वे तो ब्राह्मण ही थे चाहे पिछले जन्म में ही सही! कबीर साहिब को जान सें तो नहीं मार पाए लेकिन उनके बारे में भी यह बात फैला दी कि वे तो ब्राह्मणी की नाजायज औलाद हैं. और तो और उनकी धर्मपत्नि माता लोई को भी चरित्रहीन होने की कहानी गढ़ दी कि शादी सें पहले उनका किसी अन्य पुरुष सें सम्बंध था. जब शादी करके वे सन्त कबीर के घर आईं तो उन्होंने यह बात अपने पति को बताई और उस आदमी के पास जाने जिद्द की. सन्त कबीर उन्हें उस आदमी के पास छोड़ने के लिए ले जाने लगे तो माता लोई को बहुत ग्लानि हुई. उन्होंने अपनी गलती मान ली और सन्त कबीर ने उनको माफ कर दिया.

वैसे तो यह कथा निरी बकवाद् है. कबीर साहिब और माता लोई का आपसी प्यार व सत्कार सभी जानते हैं. एक पल के लिए अगर मान भी लें कि ऐसा हुआ भी था तो भी यह ब्राह्मणों के भगवानों द्वारा किए गए कुकर्मों की तुलना में कुछ भी नहीं है. कृष्ण ने तो अपनी मामी तक को भोग डाला. राम साढ़े सताइस साल सीता के साथ रह कर भी बांझ ही रहा लेकिन महाराज रावण की कैद में मात्र छः महीने रह कर आने के बाद उसने दो बेटे जण दिए. तब कोई क्यों नहीं कहता कि यह बेटे राम के नहीं हैं!! ब्रह्मा को कोई बेटी—भोग क्यों नहीं बताता!! एक दलित सन्त के बारे तें ही अर्नगल बातें क्यों बनाई जाती हैं? कारण एक ही है ब्राह्मणों की रणनीति कि दुश्मन को मारना है हर हाल में, हर प्रकार सें.

इसी कड़ी के अंतर्गत ब्राह्मणवादियों ने यह बात भी फैला रखी है कि सन्त रैदास और सन्त कबीर एक ब्राह्मण रामानन्द के चेले थे. लेकिन अगर इन तीनों की तुलना की जाए रामानन्द इन सन्तों की पैरों की धूल के समान भी नहीं था. सूरज और दीपक की तुलना तो हो सकती है लेकिन इन दो सन्तों और रामानन्द की किसी

भी लिहाज सें तुलना की ही नहीं जा सकती. अगर इन सन्तों का चरित्र और आचरण समुद्र के समान है तो रामानन्द का चरित्र और आचरण सूखी रेत है. जो व्यक्ति आदमी को आदमी न समझे वह सन्त तो हो ही नहीं सकता. जो व्यक्ति अन्य को जाति के आधार पर घृणा करे वह आदमी कहलाने के लायक भी नहीं है. ऐसे नीच को सन्तों का गुरू बताना धूर्तता ही तो है.

ब्राह्मणिक लेखक, उदाहरणतः हिन्दी प्रचारक संस्था के युगेश्वर (कबीर समग्र) तथा राधास्वामी डेरे के वीरेन्द्र और शांति सेठी (सन्त कबीर) यह सिद्ध करने का भरसक प्रयास करने में लगे हुए हैं कि रामानन्द कट्टर ब्राह्मणवादी होते हुए भी सन्त कबीर के गुरू हैं. सभी लेखक पूरी तरह मानते हैं कि दोनों के नजरिये और आचरण में जमीन आसमान का अंतर है फिर भी पता नहीं उनकी क्या मजबूरी है कि वे सन्त कबीर को रामानन्द का चेला बनाने पर तुले हुए हैं.

यह ब्राह्मणिक लेखक अलग अलग कथाओं के माध्यम सें उपरोक्त बात को सिद्ध करने की कोशिश करते हैं. एक कथा दी गई है कि एक बार कबीर घाट पर लेटे हुए थे कि सुबह सवेरे रामानन्द का पांव उनके शरीर सें छू गया और इस तरह वे रामानन्द के चेले बन गए.

कितनी बेतुकी सी बात है कि सन्त कबीर गंगा घाट पर लेटे हुए थे. सतगुरु कबीर ने शुरू सें लेकर आखिर तक गंगा के पवित्र होने, उसमें स्नान करने सें पुण्य मिलने जैसे पाखण्डों का खण्डन किया है. एक बार वे गंगा में अपना लौटा धोने बैठ गए तो ब्राह्मण नाराज हो गए कि अछूत के लौटे सें गंगा अपवित्र हो गई है. वे बोले अगर गंगा मेरे लौटे की मैल नहीं धो सकती तो आप ब्राह्मणों का पाप कैसे धो देगी?

अतः यह सोचना भी बेवकूफी है कि वे गंगा घाट पर लेटे हुए थे. फिर रामानन्द तो दलितों सें बात भी नहीं करता था. मात्र पैर टकरा जाने सें उसमें ऐसा क्या परिवर्तन आ गया कि वह धूर्त ब्राह्मण सें आदमी बन गया. हाँ, यह अवश्य सत्य है कि कबीर पारस थे. लोहे के साथ लगें तो उसे भी सोना बना दें. लेकिन रामानन्द तो लोहा भी न था. वह तो गन्दी मिट्टी का ढेला मात्र था पारस सें टकराने पर भी मिट्टी ही रहने वाला! ऐसे क्रांतिकारी सन्त किसी धूर्त ब्राह्मण के चेले बन जाएं, ऐसा सपने में भी सम्भव नहीं है.

सत्तगुरु कबीर गुरू का अर्थ करते हुए कहते हैं :

सबद गुरू को कीजिए, बहुतक गुरू लबार ।
अपने अपने लोभ को, ठौर ठौर बैठे बटमार।।

वे आगे कहते हैं :

देवल देवल फेरी देहिं, नांव निरंजन कबहुं न लेहीं।
चरन बिरद कासी कू न दैहूं, कह कबीर भल नरकहि जैहूं।

अर्थात सच्ची शिक्षाओं को ही अपना गुरू मानो. अधिकतर जीवित व्यक्ति जो गुरू होने का दावा करते हैं लबार (झूठी बेकार बातें करने वाले) हैं. ऐसे लोग अपने लालच के कारण जगह जगह बटमारों (ठग जो लागों को लूट कर उन्हें मार देते थे) की तरह अपने ठिकाने (आश्रम, मन्दिर) बना कर बैठे हैं. लोग मंदिरों के चक्कर लगाते हैं लेकिन बुद्ध का नाम नहीं लेते. ऐसे लोगों को शांति नहीं मिल सकती. मैं काशी जाने की बजाए नरक में जाना ज्यादा अच्छा समझता हूँ.

सेठी दम्पति आगे लिखते हैं (पृ.14) कि सन्त कबीर के सम्पर्क में आकर रामानन्द भी शब्द मार्गी (आडम्बर छोड़ कर सही काम करने वाला) हो गया जैसा कि आदि ग्रन्थ (सिख धर्म का प्राचीन ग्रन्थ जिसे गुरू माना जाता है) में प्राप्त उसके एक पद सें पता चलता है. राधा स्वामी सेठी दम्पति ने निम्नलिखित पद का हवाला दिया है.

एक दिवस मन भई उमंग, घिस चन्दन चोआ बहुत सुगन्ध!
पूजन चाली ब्रह्म ठाई, सो ब्रह्म बतायो गुरू मन ही माहिं !
वेद पुराण सभ देखे जोई, उहां तब जाइये जो इहां न होई !
सतगुरू मैं बलिहार तोर, जिन सकल बिकल भ्रम काटे मोर !
रामानन्द, स्वामी रमत ब्रह्म, गुरू का सबद काटै कोटि करम!!

इस पद का सरल भाषा में अर्थ इस प्रकार सें हैः एक दिन मन में भगवान को पाने की लहर उठी. तब सुगंधित चन्दन घिस कर माथे पर लगाया और ब्रह्मा को पूजने चल पड़ा लेकिन गुरू कबीर ने राह बताई कि भगवान तो मन के भीतर ही है. गुरू बोले सभी व्यर्थ में वेद पुराणों में भगवान को ढूढने की कोशिश करते हैं लेकिन भगवान तो आदमी के अन्दर ही विद्यमान है. जो अपने अन्दर परमात्मा नहीं ढूंढ सकते वे लोग ही वेद पुराणों की ओर जाते हैं. हे, सत्तगुरू (कबीर) मैं आपका आभारी हँ कि आपने मेरे सब तरह के भ्रम मिटा दिये हैं. आपने मुझे परमात्मा सें मिलवा दिया है आपके द्वारा दिए गए ज्ञान सें मेरे करोड़ों करोड़ काम सुधर गए हैं.

इस पद में रामानन्द स्वयं यह मान रहा है कि सत्तगुरू कबीर सें शिक्षा प्राप्त करके उसने जीवन की सही राह प्राप्त कर ली है. वह सत्तगुरू की शिक्षा मान कर वेद पुराण को भी छोड़ने को तैयार हो रहा है लेकिन इसके

बावजूद भी युगेश्वर, सेठी जैसे लेखकों की गली सड़ी मानसिकता एक शूद्र को ब्राह्मण का गुरू मानने को तैयार नहीं हैं. ऐसा वे लोग बदनीयति सें करते हैं या बेवकूफी सें, वे ही जाने!!

ब्राह्मण ऋषियों, गुरूओं (शकराचार्य) जैसे लोगों की तुलना सन्त सें करते हुए वे बोलेः

- साधु सिद्ध बड़ा अंतरा जैसे आम बबूल, वा की डारी आम फल या की डारी सूल!!
- माला तिलक लगाइ कै भगती न आई हाथ, दाढ़ी मूँछ मुंडाय कै चलै दुनिया कै साथ !!
- मूँड मुंडाय हरि मिलै सब लें मुंडाय, बार बार मूंडते भेड़ न बैकुंठ जाए!!
- बाना पहने सिंह का, चले भेड़ की चाल, बोली बोलै सियार की, कुत्ता खाय फाड़!!
- काम क्रोध मद लोभ की जब लगि घट में खान, क्या मूरख क्या पंडिता दोनो एक समान !!
  (यह बात तमाम ब्राह्मण ऋषियों पर सटीक बैठती है)
- **अजामेध, गोमेध यज्ञ अश्मेध नरमेध, कहै कबीर अधर्म को धर्म बतावैं वेद!!**
- **जीव हनै हिंसा करै प्रगट पाप सिर होय, निगम सुन ऐसे पाप की, सुरग गया ना कोय!!**

(अर्थात यज्ञ में बकरा काटना, गाय काटना, घोड़ा काटना और आदमी को काटना **अधर्म** है लेकिन वेद इनको धर्म बताते हैं. जो जीव की हत्या का पाप करता है उसे ऐसे पापपूर्ण कार्यों की कथा सुनने सें स्वर्ग नहीं मिल जाता.)

भगवान वाल्मिकी को निर्दयी चिड़ीमार घोषित किया : ब्राह्मणों ने अपनी सोची समझी रणनीति के तहत तमाम दलित विद्वानों, नायकों को चरित्रहनन किया है. दलितों में जो जितना बड़ा नायक हुआ उस पर उतना बड़ा लांछन लगाया गया. कबीर साहेब को नाजायज संतान बताया गया तो राम के वंश को चलाने व बचाने वाले भगवान वाल्मिकी को बहेलिया घोषित कर दिया ताकि लोगों में उनकी महानता को नकारा जा सके.

यहां हमें राजा मिलिन्द और भिक्षु नागसेन में हुए वार्तालाप की याद आती है जहां भिक्षु नागसेन ने समस्त प्राणियों के सद्गुण बताए थे और उन सद्गुणों को अपनाने की बात कही थी. उदाहरणतः जैसे गिद्ध की नजर बहुत तेज होती है. वह आकाश में उड़ते हुए भी अपने काम की वस्तु ढूंढ लेता है. अतः मनुष्य को भी तेज नजर रखनी चाहिए ताकि वह अच्छे बुरे में सें अच्छा ढूंढ ले तथा बुरे सें बच सके. इसके विपरीत ब्राह्मणों ने हर प्राणी सें अवगुण प्राप्त किए हैं. उनके पास गिद्ध की तरह मुर्दा खाने की शक्ति है, भेड़िये की तरह बेरहमी है, लोमड़ी की तरह चालाकी है, अपने सें ताकतवर के आगे कुत्ते की तरह दुम हिलाने की आदत भी है, सांप की तरह दूध पिलाने वाले को ही डसने की विश्वासघात का गुण भी है.

इन्हीं गुणों के कारण ब्राह्मण लेखकों ने पुराणों आदि में भगवान वाल्मिकी को चिड़िमार बना दिया. उनसें विश्वासघात करते हुए उनका मन एक बार भी नहीं कांपा कि इसी महात्मा ने उनके भगवान की बेसहारा बीवी को बचाया था तथा उसके बच्चों को पाला था. इसी तरह गुरू गोबिन्द सिंह के नौकर गंगू ब्राह्मण की अन्तरात्मा भी एक बार भी नहीं रोई जब उसने उनके बेटों को जिन्दा दीवार में चिनवा दिया था.

अतः ब्राह्मणिक लेखकों सें यह उम्मीद करना कि वे बिना धूर्तता के इतिहास लिखेंगे तो यह तो मूर्खता ही है. उन में सें कोई भी इतिहास को सच्चाई के साथ बयान कर ही नहीं सकता. इसलिए हर ब्राह्मणवादी लेखक इतिहास को तोड़ मरोड़ कर पेश करता है. पूरी दुनिया के साथ धोखा करता है. **यही ब्राह्मणवाद है!!**

1.6.5 भारत का नाम

ब्राह्मणवादी विद्वान जोर शोर सें प्रचार करते हैं कि हमारे भारत देश का नाम महाभारत के एक पात्र दुष्यंत के नाजायज बेटे के नाम पर पड़ा है. कथा है कि विश्वामित्र इन्द्र की कुर्सी हथियाने की कोशिश कर रहा था. ब्राह्मणों के देवताओं के राजा इन्द्र ने अपनी एक वेश्या मेनका को उसके पास भेज दिया. वेश्या का रंग रूप देखकर उसका ऋषिपण जाग उठा. उसने मेनका के साथ अनैतिक यौन सम्बंध बनाये. यह वही विश्वामित्र है जिसके बलि वाले यज्ञों को बचाने दशरथ ने राम को भेजा था. उस ऋषि और वेश्या के अनैतिक सम्बंधों सें एक लड़की का जन्म हुआ. दोनों उसे फैंक कर चलते बने. एक अन्य ऋषि ने उसे पाल लिया. नाम रखा गया शकुन्तला. बड़ी होकर वह माँ की तरह बदचलन निकली. एक दिन दुष्यंत सें उसकी भेंट हो गई. पहली मुलाकात में ही उसने वही किया जो उसकी वेश्या माँ ने किया था. उसने भी एक नाजायज सन्तान को जन्म दिया. उसके बेटे का नाम रखा गया भरत. वह अपने बाप के बाद राजा बन गया. जैसे अन्य टुच्चे से गांवों के राजाओं को ब्राह्मण चक्रवर्ती सम्राट कहते हैं वैसा ही वह भी राजा था.

कहानी बनाई गई है कि हमारे देश का नाम उसी भरत के नाम पर पड़ा है. कितनी लज्जा की बात है कि हमारे देश का नाम ऐसे अवैध लोगों के नाम पर रखा गया बताया जाता है. जबकि **हकीकत यह है कि आर्य अपने रहने के इलाके यानि अपने देश को "आर्यवर्त" या "ब्रह्मावर्त" कहते थे और उसके बाहर के इलाके को**

"भारत" कहते थे. (दृग स्पर्श 40) अतः आज उन आर्यों की सन्तान जब इस बाहरी भारत को अपने नाजायज पूर्वज के नाम पर रखा बताते हैं तो वे सीधे सीधे अपनी धूर्तता दिखलाते हैं. महाभारत और गीता में भारत का अर्थ है "क्षत्रिय". वहां पांडव और कौरवों सभी को भारत कह कर सम्बोधित किया गया है. वहां यह भी स्पष्ट किया गया है कि महाभारत के भारत वंशी और पुराने भारत वंशी अलग अलग लोग हैं.

1.6.6 विजेता हमलावरों को क्षत्रिय घोषित किया

विदेशी आक्रमणकारी जातियों – शक, हुण, कुशाण, आभीर, यवन आदि के साथ हर संभव समझौता करके ब्राह्मणवादियों ने अपनी सत्ता बनाए रखी. इन हमलावरों में सें जो ज्यादा खतरनाक हो सकते थे उन्हें क्षत्रित्व प्रदान करके ब्राह्मण वर्ग ने उनकी पुरोहिताई कबूल कर ली. गौड़ो और हुणों को क्षत्रिय घोषित करने में ब्राह्मणों की यही चाल थी. (समु 2.51) यह तो अंग्रेज तथा मुगल कुछ ज्यादा ही धर्म भक्त निकल गए वर्ना वे भी किसी न किसी क्षत्रिय जाति में जरूर फिट कर दिए जाते.

हर अंग्रेज वायसराय भारत की धरती पर कदम रखने सें पहले ही ब्राह्मणों द्वारा तिलक लगवाना जरूरी समझता था. इससें ब्राह्मणों को मोटी दक्षिणा मिल जाती थी और अंग्रेजों को पढ़े लिखे वफादार गुलाम मिल जाते थे. जनता दोनों के बीच पिसती रहती थी. **क्या यह आश्चर्य की बात नहीं है कि अपने दो सौ साल के शासन में अंग्रेजों ने एक भी ब्राह्मण को फांसी पर नहीं लटकाया.** अकबर को तो राजपूतानियां नजर कर ही दी गईं थीं. वह तो आधा हिन्दू बन ही गया था. उसका वारिस राजपूतानी के गर्भ सें ही जन्मा था.

जो राजा अकबर की तरह ब्राह्मण भक्त बन गया उसे महान लिख दिया गया. जो राजा औरंगजेब की तरह जनता का भक्त बन गया उसे जालिम का दर्जा दे दिया गया.

1.6.7 नित्य नए हत्थकण्डे :

1. गंगा के पानी को पवित्र गंगाजल घोषित किया

ब्राह्मणों के प्राचीन ग्रन्थों को पढ़ कर आभास होता है कि ब्राह्मण ऋषियों के लिए गंगा नदी का स्थान बिल्कुल वही था जो कि आजकल के ऐयाशों के लिए स्वीमिंग पूल का है. जैसे आज के नए नए अमीर बने लोग स्वीमिंग पूल में रंगरलियां मनाते हैं वैसे ही प्राचीन काल में ब्राह्मण ऋषि गंगा में वेश्याओं के साथ रंगरलियां मनाते थे. शायद ही कोई ब्राह्मण ऋषि ऐसा होगा जिसने गंगा में नहाती वेश्याओं (अप्सराओं) को देख कर अपना वीर्य स्खलित न किया हो. ऐसे कुछेक ऋषियों के कारनामे अध्याय 5 में दिए गए हैं. ऋषियों की ऐसी करतूतों पर लोग उंगली न उठाएं इसके लिए ब्राह्मणों ने गंगा को माँ और गंगाजल को पवित्र घोषित कर दिया.

अगर गंगा के पानी में ही शक्ति होती तो यह उन ऋषियों के मन साफ कर देता जो गंगा में स्नान करते हुए वेश्याओं को देख कर अपना वीर्य स्खलित कर लेते थे. गंगाजल शिव के माथे में सें निकला बताते हैं. अतः उसे कम सें कम इतना तो करना ही चाहिए था कि उसके मन सें काम वासना मिटा देता ताकि वह कामांध होकर गैरस्त्री (मोहिनी) के पीछे नहीं भागता. गंगा विष्णु के पैरों के नीचे सें बहती हुई बताते हैं. अतः उसके पानी में दम होता तो कम सें कम उसके मन सें धूर्तता को तो धो देता ताकि वह वृंदा जैसी पवित्र नारियों सें बलात्कार करके वहीं गंगा में ही डूब मरता.

वैसे यह बात भी गौरतलब है कि अगर गंगा का पानी पवित्र है भी तो भी उसमें ब्राह्मणों का क्या रोल है? उन्हें क्या हक है कि वे गंगा के नाम पर दुकानदारी करें! उन्हीं के ग्रन्थ इस बात को सबूत हैं कि ब्राह्मणों ने तो गंगा को सदा अपवित्र ही किया है. वीर्य त्यागने सें लेकर मांस का चढ़ावा तक उन्होंने गंगा में चढ़ाया है. मुर्दों की हड्डियां तो वे अब भी गंगा में डलवा रहे हैं.

2. नत्य नई माताएं घढ़ीं

वैष्णो : जैसे दुकानदार नित्य नए ब्रांड की वस्तुएं लेकर आता है वैसे ही ब्राह्मणधर्मी नित्य नए भगवान और देवियां लेकर आते हैं. उनकी मार्किट का नया मॉडल वैष्णों नामक देवी है. उत्तर भारत में वैष्णों आज के समय सबसें अधिक कमाई करने वाली देवी है. राम कृष्ण पुराने पड़ते जा रहे हैं. कुछ उनकी करतूतों पर भी आवाज उठने लगी है. सो ब्राह्मणों ने अपना धन्धा निर्विघ्न चलाए रखने के लिए उनके स्थान नया मॉडल वैष्णों लांच किया है. वैसे भी मथुरा अयोध्या गर्मी में घूमने लायक नहीं रहते. वैष्णों का मन्दिर पहाड़ों पर है तो लोगों का हिल स्टेशन पर घूमना भी हो जाता है तथा दर्शन का काम भी हो जाता है.

यह वैष्णो कौन है किस की बेटी है कहां सें आई है. वह कब माँ बनी कैसे माँ बनी किसकी माँ बनी उसको माँ बनाने वाला कौन था किसी को मालूम नहीं. किसी भी ब्राह्मण ग्रन्थ में वैष्णों का उल्लेख नहीं है. (समु 7.204) हां, फिल्म में वह गणेश की बेटी बताई गई है लेकिन गणेश की पत्नि कौन है कोई नहीं जानता. उसके मन्दिर में खूब चढ़ावा आता है. ब्राह्मणों को खूब दक्षिणा मिलती है. जो जाता है ब्राह्मणों की लूट खसोट सें परेशान होकर लौटता है मगर वैष्णों का प्रचार इतना किया जाता है कि लोगों की भीड़ बढ़ती जाती है.

उसके बारे में प्रचार किया हुआ है कि वैष्णों भक्तों का उद्धार करती है. वैष्णों के मंदिर पर जाने सें किसी का कोई भला हुआ हो आज तक ऐसा कोई नहीं मिला. हाँ, वहां के पुजारियों, (बारीदारों) की खूब कमाई होती है. उनका जरूर भला होता है. उनको बारीदार इसलिए कहा जाता है क्योंकि मन्दिर के चढ़ावे की बन्दरबांट में इन पुजारियों का बारी बारी सें नम्बर आता हैं. इस नए मॉडल माता का सबसें अधिक प्रचार किया टी–सारिज के मालिक गुलशन कुमार ने. उसने अपनी कैसेटों के जरिये वैष्णों को घर घर पहुंचा दिया. उसकी मनोकामना थी अपने भाई को हीरो बनाने की. उसने करोड़ों रूपया लाकर फिल्में बनाई पर उसकी माता देखने नहीं आई. और अन्त में जो उसका उद्धार' हुआ सारी दुनिया जानती है. बेचारा हमलावरों की गोलियों सें भागता फिरा मगर उसकी माता न कभी पहले आई थी न तब उसे बचाने आई.

आजादी सें पहले वैष्णों को कोई जानता तक नहीं था. एक बार कुछ सन्यासियों ने यहां ठीक सी जगह देख कर डेरा डाल लिया. धीरे धीरे अन्य और साधु आने लगे. जैसा कि हिन्दुओं की आम मानसिकता है लोग अपने दुख दूर कराने उन बाबाओं के पास आने लगे. उन्होंने चढ़ावा चढ़वाने के लिए छोटा मोटा सा मन्दिर बना लिया ताकि लोग मुफत में सेवा करा कर न जाएं. आजादी तक आसपास के गांवों के दलितों को मन्दिर में घुसने नहीं दिया जाता था. लेकिन माता कभी नहीं बोली कि ये भी तो मनुष्य हैं, इनके साथ दुराचार मत करो.

सत्तर के दशक में जब "जय संतोशी माँ" नामक फिल्म हिट हुई तो वैष्णों भी हिट हो गई. वैष्णों को संतोशी की बहन बना दिया गया. लोगों की आवक बढ़ी तो पुजारियों की आमदन भी बढ़ने लगी. पैसा आया तो बारीदार भी आने लगे. रातपूत बोले चढ़ावा हमारा है ब्राह्मण बोले पुजारी हम हैं सो चढ़ावा हमारा है. मेहनत करके कमाई की जाएं तो सब को पता होता है कि किसने कितनी कमाई की है लेकिन हराम की कमाई पर तो झगड़ा होता ही है. सो यहां भी चढ़ावे के लिए खून खराबा होने लग गया. लोगों को सुख शांति बांटने वाली माता अपने पुजारियों में शांति नहीं करवा सकी.

ब्राह्मणवाद में ही ऐसा सिस्टम क्यों है कि भगवान की पूजा करने के लिए भी ब्राह्मण के माध्यम की आवश्यकता है. साधक सीधे जाकर पूजा क्यों नहीं सकता! जब लोग भगवान को पिता मानते हैं वैष्णों जैसियों को माता कहते हैं तो इन "पिता" और ''माता" सें अपने मन की बात कहने के लिए ब्राह्मण बीच में क्यों आता है? क्यों अपने माता पिता सें मिलने के लिए बिचोलिए पुजारी की जरूरत है जो हमारे गाढ़े खून पसीने की कमाई पर ऐश करते हैं. इसका एक ही कारण है कि सुबह सें लेकर रात तक हर अखबार हर टीवी हर रेड़ियो पर ब्राह्मणवादी ऐसा ही प्रचार करने में लगे हुए हैं. जब मात्र तीन ठग भेड़ को कुत्ता बना सकते हैं तो यह तो तीन करोड़ हैं

3. संस्कृत को पवित्र घोषित किया

इस बात का बहुत अधिक प्रचार किया गया कि संस्कृत देवी देवताओं की भाषा है. यह पवित्र भाषा सभी भाषाओं की जननी है. सत्तर के दशक तक हर सरकारी स्कूल की दीवार पर यह जरूर लिखा होता था कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है. लेकिन समय के साथ साथ सच्चाई लोगों के सामने आने लगी तो नारे भी नदारद होने लग गए. अब संस्कृत को केवल देव भाषा होने तक सीमित कर दिया गया है क्योंकि ब्राह्मणों के सारे ग्रन्थ इसी भाषा में लिखे गए है. चाहे बोलने वाले और सुनने वाले किसी के भी पल्ले न पड़े तो भी हर कर्मकांड के मन्त्र संस्कृत में बोले जाते हैं. संस्कृत को पवित्र घोषित करने का कारण यही था कि ब्राह्मणों के सिवाय कोई अन्य जाति वाला इसे सीख कर उनके धन्धे पर चोट न कर सके.

लेकिन संस्कृत के बारे में निम्नलिखित बातें शत प्रति शत सही हैं:

1. संस्कृत कभी भी भारत की जनता की बोल चाल की भाषा नहीं रही. रामायण में हनुमान के मुख सें कहलवाया गया है कि संस्कृत आम बोल चाल की भाषा नहीं है.
2. संस्कृत केवल कोड–वर्ड अर्थात गुप्त रूप में बात करने की भाषा थी जिसका प्रयोग तथाकथित विद्वान ब्राह्मण करते थे ताकि अन्य लोगों पर उनकी बात चीत का भेद न खुल जाए. इसी कारण संस्कृत में लिखे गए श्लोक का अर्थ दो द्विान एक जैसा नहीं करते. यहां तक कि दयानन्द और संकर भी एक ही श्लोक के दो प्रकार के अर्थ करते हैं.
3. संस्कृत किसी भी भारतीय अथवा विदेशी भाषा की जननी नहीं है क्योंकि संस्कृत और भारतीय भाषाओं में मौलिक अन्तर हैं. जैसे अन्य भाषाओं में वचन दो ही प्रकार के हैं : एक वचन और बहुवचन. संस्कृत में तीन वचन हैं एक वचन, दो वचन और बहुवचन. भारतीय भाषाओं में लिंग के अनुसार क्रिया के रूप बदलते हैं लेकिन संस्कृत में ऐसा नहीं होता.

भाषा कभी पवित्र या अपवित्र नहीं होती. पवित्र या अपवित्र उसे बोलने वालों के काम होते हैं. संस्कृत या किसी भी भाषा को पवित्र मानना बेवकूफी की निशानी है.

अध्याय : 2

साम, दाम, दण्ड, भेद

ब्राह्मणवाद की सनातन नीति : फूट डालो और राज करो

आज चाहे फूट डालो और राज करो की नीति अंग्रेजों के गले मढ़ी जाती है लेकिन ब्राह्मणों ने साम दाम दण्ड भेद की नीति तब आरम्भ की थी जब अंग्रेज पैदा भी नहीं हुए थे. अपनी फूट डलो और राज करो की नीति के तहत ब्राह्मणों ने अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए भारतीय समाज को इतनी अधिक जातियों और उपजातियों में बांट दिया और उन में ऊँच नीच तथा आपसी नफरत की ऐसी दीवारें खड़ी कर दी कि मात्र तीन प्रतिशत सें कम होते हुए भी ब्राह्मण पूरे भारतीय समाज पर राज कर रहे हैं. पूरे भारतीय समाज की जातियां स्वयं को दूसरे सें ऊँचा साबित करने के लिए बिल्लियों की तरह में ही झगड़ रही हैं और ब्राह्मण चालाक बन्दर की तरह सब के हिस्से की रोटियां खाने में व्यस्त है.

ब्राह्मणधर्म के अधिकतर ब्राह्मण ग्रन्थों में इस बात का जिक्र आता है कि दुश्मन को हराने के लिए साम, दाम, दण्ड भेद की नीति को अपनाया जाए. ब्रह्मा सें लेकर गांधी तक सभी ने अपने विरोधियों को परास्त करने के लिए इस नीति का सहारा लिया है.

2.1 साम

साम का अर्थ है विरोधी के जैसा आचरण करना या दिखावा करना. उसे खुश करना, उससें सुलह करना, शांति वार्ता समझौता करना आदि. अर्थ शास्त्र में साम नीति के पाँच प्रकार बताए गए हैं :

1. **गुणसंकीतर्ण** : अपने सें ज्यादा ताकतवर विरोधी के वंश, शरीर, गुणों तथा स्वभाव की प्रंशसा करना, गुण संकीर्तन कहलाता है. गांधी और उसके चेलों ने अंग्रेजों के साथ यही नीति अपनाई. इसी नीति के कारण वे सत्ता में अपनी भागीदारी कायम रख सके.

2. **सम्बन्धोपाख्यान** : विरोधी के कुल को अपने कुल के बराबर बताना, उससें विवाह सम्बन्ध जोड़ना, उससें गुरू शिष्य का सम्बन्ध बनाना इस नीति के तहत आते हैं. अपने सें ताकतवर लम्पट राजा अकबर का अपनी बेटियां सौंप कर सत्ता में हिस्सेदारी प्राप्त करना इसी नीति के तहत किया गया. ब्राह्मणों ने किसी भारतीय को संस्कृत भाषा भी नहीं सिखाई मगर अपने अंग्रेज आकाओं को इसी नीति के तहत वेद तक पढ़ा दिए.

3. **परस्परोपकार** : अपने सें ताकतवर के उपकार का गुणगान करना इस नीति के तहत आता है. अंग्रेजों ने भारत पर अपने पैर जमाने के लिए मुगल राजाओं के गुणगान किए. इसी नीति के तहत पेशवाओं और लक्ष्मी ने अपने अपने कस्बों पर जागीरदारी बनाए रखने के लिए अंग्रेजों के तलवे चाटे .

4. **आयतिप्रदर्शन** : एक विरोधी के साथ "हम दोनों" का रिश्ता बना कर दूसरे विरोधी को नष्ट करना इसी नीति के तहत आता है. बंगाली ब्राह्मण का "वंदे मातृम" के गीत वाला उपन्यास इसी नीति के तहत रचा गया कि ब्राह्मण अपने आका अंग्रेजों के साथ मिल कर मुस्लमानों को भारत सें निकाल दें.

5. **आत्मोपनिधान** : विरोधी के सामने आत्मसमर्पण करके उसके साथ मिल जाना, इस नीति के तहत आता है. अधिकतर राजपूतों ने अपनी बेटियां अकबर को सौंप कर समर्पण किया. बदले में खुश होकर लम्पट राजा ने उन्हें जागीरदारियों सें नवाजा.

ब्राह्मणवाद का सर्वाधिक घातक व कारगर हथियार उनकी यही साम नीति है जिसका प्रयोग विरोधी को नष्ट करने में सबसें सफल रहा है. इस नीति के तहत ब्राह्मणें ने दूसरे धर्मों की उन सब बातों को "अपना" लिया जो उसके रास्ते का रोड़ा बन सकतीं थी. उदाहरणतः उन्होंने अपने सबसें बड़े विरोधी भगवन बुद्ध को विष्णु का

अवतार घोषित कर दिया, महावीर स्वामी का "अहिंसा परम धर्म" को अपने ग्रन्थों का मन्त्र बना लिया. उन्होंने लोगों को समझाया कि उनका धर्म, बुद्ध और जैन धर्म के समान है. अतः वे ब्राह्मण धर्म को छोड़े बिना इन धर्मों का पालन भी कर सकते हैं.

इस का नतीजा यह हुआ कि लोगों ने सन्तों की बात तो सुनी पर उन्होंने ब्राह्मणवाद के कर्मकांड भी नहीं छोड़े. ब्राह्मणवाद के विरूद्ध जितने भी आंदोलन हुए वे लोगों को ब्राह्मणवाद के चंगुल सें दूर नहीं कर पाए. नतीजा यह हुआ कि ब्राह्मणवाद के विरूद्ध जितने भी आंदालन हुए उसको छूए बिना उसकी बगल में स्थापित हो गए. ब्राह्मणवाद अपनी जगह फलता फूलता रहा और जब मौका मिला ब्राह्मणवाद उस आंदोलन को निगल गया जैसे बड़ी मछली छोटी को निगल जाती है.

उदाहरणतः आज कबीर पंथी मन्दिर में पत्थर की मूर्ति के आगे भी माथा रगड़ लेता है और घर आकर "पाथर पूजै हरि मिलै. . . .का जाप भी कर लेता है. राम कृष्ण को कल्पना बताने वाले दयानन्द के आर्य समाजी चेले अपने घर में दयानन्द के साथ साथ राम और कृष्ण की तस्वीरें भी टांगे रखते हैं. ब्राह्मणवाद ने हर हिन्दू को दिमागी तौर पर इतना असहाय और नाकारा बना दिया है कि वह तर्क करने की इच्छा तक खो बैठा है. आर्य समाजी तक इतनी हिम्मत/मनोबल नहीं है कि वह अपने घर सें राम अथवा दयानन्द में सें एक की तस्वीर बाहर फेंक दे! उसके दिमाग को ब्राह्मणों ने इस कदर पंगु कर दिया है कि उसे लगता है कि दोनों को रखने में कोई हानि नहीं है पता नहीं मौके पर कौन सा काम आ जाए. इन में सें उसके तो कोई काम नहीं आता परन्तु ब्राह्मणों का धन्धा बेरोक टोक चलता रहता है.

बुद्ध ने ब्राह्मणवाद के सबसें बड़े शत्रु थे. उन्होंने ब्राह्मणवाद का लगभग सफाया ही कर दिया था लेकिन अपने धन्धे नुमा धर्म को फिर सें स्थापित करने के लिए, अपनी साम नीति का सहारा लेते हुए, उन्होंने अपने सब सें बड़े दुश्मन गौतम बुद्ध को ही अपने व्यभिचारी भगवान का अवतार घोषित कर दिया. ब्राह्मण बड़ी संख्या में बुद्ध धर्म में शामिल हो गए और उन्होंने बुद्ध धर्म के नाम पर तन्त्रवाद शुरू कर दिया. कुमारिल भट्ट ऐसा ही एक ब्राह्मण था. वह अपने गिरोह के साथ दिखावे के लिये बौद्ध भिक्षु बन गया. जब लोग उसे मानने लग गये तो वह अपने असली रूप में आ गया. उसने बौद्ध भिक्षु का चोला पहने पहने ही ब्राह्मणवाद का प्रचार करना आरंभ कर दिया. उससें लोगों को लगने लगा कि जब बौद्ध भिक्षु ही ब्राह्मणवाद का प्रचार कर रहे हैं तो ब्राह्मणवाद अवश्य बौद्ध धर्म सें अच्छा होगा. लोगों को यह भी लगा कि जरूर कोई कारण रहा होगा जिसकी वजह सें इतने भिक्षु बौद्ध संघ को छोड़ कर उसके विरुद्ध प्रचार कर रहे हैं.

ब्राह्मण नागार्जुन भी ऐसा ही धोखेबाज था. उसने जानबूझ कर बौद्ध भिक्षु का भेश बनाया और बुद्ध धर्म का प्रचार करने लग गया. कुछ दिनों के बाद उसने बुद्ध के साथ ब्राह्मणिक देवों और ग्रन्थों का प्रचार करना भी शुरू कर दिया. उसने दोनों को एक समान बता कर प्रचार करना शुरू कर दिया. लोगों को लगने लग गया कि दोनों धर्म एक ही सिक्के के दो पहलू हैं. इस तरह हत्यारे पुष्यमित्र ने बौद्धों को शारीरिक रूप सें समाप्त किया और नागार्जुन और कुमारिल जैसे धोखेबाजों ने भीतर घुस कर बुद्ध धर्म का स्वरूप बिगाड़ दिया. नतीजा यह रहा कि ब्राह्मणों ने विश्व के सर्वश्रेष्ठ धर्म यानि अपने सबसें सक्षम दुश्मन बुद्ध धर्म को तहस नहस कर दिया.

ऐसी ही प्रसिद्ध वैज्ञानिक आर्यभट्ट के साथ किया गया. उन्होंने चौथी सदी में ही बता दिया था कि धरती सूर्य के इर्द गिर्द घूमती है. उन्होंने धरती के चलने की सही सही गति बताई कि धरती पल के छटे भाग में एक कला चलती है. ब्राह्मण उनकी इस बात को सहन नहीं कर पाये क्यों कि :

1. आर्यभट्ट शूद्र थे और ब्राह्मण सदा सें ही शूद्रों के दुश्मन रहे हैं.
2. ब्राह्मणों के वेद यह प्रचार करते थे कि सूर्य देवता है जो सात घोड़ों के रथ पर सवार होकर चलता है. जो समय असमय कुंतीयों के पास बच्चे पैदा करने भी चला जाता है.
3. उन्होंने हर प्राकृतिक घटना जैसे सूर्य ग्रहण, चन्द्र ग्रहण, आंधी तूफान आदि की वैज्ञानिक व्याख्या की. कब कहां ग्रहण होगा, कब कैसे बारिश होगी आदि का सही अनुमान बताया. इसकी वजह सें ब्राह्मणों का धन्धा चौपट होने के आसार हो गए. तब उन्होंने अपने चिर परिचित साम दाम दण्ड भेद की नीति के हथकण्डे अपनाने शुरू कर दिये. सबसें पहले उन्होंने यह नियम बनाया कि जो लोग नक्षत्र विज्ञान पढ़ते हैं उनका सामाजिक वहिष्कार कर दिया जाए. अगर कोई ब्राह्मण नक्षत्र विद्या ग्रहण करे तो उसे यज्ञ तथा श्राद्ध आदि में न बुलाया जाए. उन्हें दान न दिया जाए. ऐसा ब्राह्मण चाहे कितनी भी उम्र का हो अथवा वृहस्पति जैसा विद्वान भी क्यों न हो (अत्रि सं 385)

महाभारत में भी आदेश है कि नक्षत्रों का अध्यन करने वाले ब्राह्मण को अन्य ब्राह्मणों के बराबर पंक्ति में भोजन नहीं परोसना चाहिए. ऐसे ब्राह्मण द्वारा खाया गया श्राद्ध पितरों के पास नहीं जाता बल्कि शैतानों के पेट में जाता है. (अनु पर्व 90) मनु स्मृति में भी ऐसे ही निर्देश दिए गए हैं.

इसके साथ साथ ब्राह्मणों ने यह दुष्प्रचार भी करना शुरू कर दिया कि जब नक्षत्र वैज्ञानिक ग्रहों की चाल देख रहे होते हैं तो उन्हें अपनी पत्नि की चालों का पता नहीं होता कि वह किस के साथ समागम कर रही होती है.

सबसें घातक चाल जो उन्होंने चली वह थी कि वराह मिहिर नामक ब्राह्मण को आर्यभट्ट खेमे में पहुंचा दिया. उसने कुछ समय तक नक्षत्र विद्या पढ़ने का ड्रामा किया. फिर लोगों को ग्रहों की चाल के आधार पर भूत भविष्य बताने का धन्धा शुरू कर दिया. उसने आर्यभट्ट की महान पुस्तक आर्यभट्टीम् में अनेको श्लोक अपने घुसेड़ दिये. नतीजा यह हुआ कि ब्राह्मण एक शूद्र विद्वान को मारने में सफल हो गए तथा साथ में ज्योतिष का धन्धा भी चलाने में कामयाब हो गए. ब्राह्मण आज हर गली मौहल्ले हर टीवी चैनल हर अखबार में यही धन्धा करते नजर आ रहे हैं. जन्मपत्री टेवा और पता नहीं क्या कुछ बनाने लग गए हैं. रिक्शा चालक सें लेकर प्रधान मन्त्री तक को ग्रह चाल में फंसा कर धन ऐंठने में लगे हुए हैं. इन्दिरा गांधी ने कितने ही तांत्रिक पाल रखे थे लेकिन जब गोलियां चली कोई बचाने नहीं आया. राजीव गांधी की जब हत्या हुई तो उसकी लाश तक नहीं मिली. इतना कुछ होने के बावजूद भी लोग इनके चंगुल सें निकल नहीं पा रहे हैं.

गौतम बुद्ध ने भिक्षु संघ की संरचना की थी ताकि लोग घर परिवार के मोह सें मुक्त होकर समाज सुधार में अपना पूरा समय लगा सकें. बुद्ध के भिक्षु–संघ के बराबर इन ब्राह्मवादियों ने आज भारत में करोड़ों भगवा भेश धारी साधुओं की फौज खड़ी कर दी है जो समाज की गाढ़ी खून पसीने की कमाई उड़ाने में लगे हुए हैं. जहां बौद्ध भिक्षु दो जोड़ी सें अधिक वस्त्र नहीं रख सकते या अपनी जमीन नहीं खरीद सकते ब्राह्मणधर्म के ये महाराज विदेशी वस्त्र पीनते हैं महलों सें भी बड़े आश्रमों में ऐश करते हैं. साम नीति के तहत उन्होंने चोला तो भिक्षु का धारण कर लिया मगर कर्मकांड अपने ही किये.

ऐसे में भगवन बुद्ध बोले "पहले तीन ही रोग होते थे इच्छा, भूख और बुढापा किन्तु ब्राह्मणों के पशु हत्या के कारण 98 रोग पैदा हो गये हैं." (गोमाँस 85) साम नीति के तहत ब्राह्मणों ने भगवन बुद्ध की इस बात को अपनाने का ढकोसला किया और गौमांस सहित सभी मांस खाने छोड़ दिए लेकिन बुद्ध को पूजने की बजाए गाय चराने वाला मगर लम्पट भगवान घढ़ दिया.

ब्राह्मण परशु राम सें लेकर नेहरू तक भारत की सामाजिक तथा राजनीतिक व्यवस्था पर ब्राह्मणों का अधिकार तथा श्रेष्ठता बेरोकटोक कायम है. यहां तक कि गरीबों की पार्टी कही जाने वाली कम्युनिस्ट पार्टी की केरल और बंगाल की सरकारें भी ब्राह्मणवाद के चंगुल सें मुक्त नहीं हैं. वहां भी पार्टी के कर्ता धर्ता तथा मुख्यमंत्री तक सभी ब्राह्मण हैं.

इसी साम नीति के तहत ब्राह्मणों ने दूसरों के देवी देवताओं को अपने नाम दिए. मुरूगन को सुब्रह्मण्य, अव्वे को दुर्गा/पार्वती बना दिया गया. मेयन को सूर्य, माल को विष्णु, कावेरी को दक्षिण गंगा, पांड्य वंश को पांडव तथा अगतियन को अगस्त्य बना दिया. मीनाक्षी का विवाह शिव सें कराने की कथा रच दी. (समु 1.11)

अपने सबसें बड़े दुश्मन बुद्ध धर्म को नष्ट करने के लिए साम और दण्ड की नीतियां अपनाई. प्रथम सदी ईसा पूर्व में ब्राह्मणों ने दण्ड नीति के तहत सम्राट वृहदर्थ की हत्या करने के बाद बौद्धों का कत्लेआम किया मगर पूरे भारत को दण्ड नहीं दिया जा सकता था. अतः साम नीति के तहत उन्होंने बुद्ध को विष्णु का अवतार घोषित कर दिया तथा साथ ही बुद्ध धर्म के सारे निशान अपना लिए. उदाहरणतः

1. तब ब्राह्मणों ने बलि वाले बड़े बड़े यज्ञ करने की जगह भगवन बुद्ध द्वारा बताई तथा महात्मा रावण द्वारा स्थापित होम यानि हवन करने की प्रथा को अपनाया. यज्ञों में सें स्त्री भोग की प्रथा को तिलांजलि दी.
2. बलि वाले बड़े बड़े यज्ञ छोड़े तो साथ में यज्ञ के सुप्रीम देवता इन्द्र को भी उठा कर बाहर फैंक दिया.
3. गौतम बुद्ध तथा महात्मा रावण ने यज्ञों में गाय मारने का विरोध किया था. तब ब्राह्मणों ने एक हाथ और आगे जाकर गाय को पवित्र ही घोषित कर दिया.
4. ''बेटी चोद" ब्रह्मा को तिरस्कृत कर दिया. उसकी जगह अन्य अवतारों की रचना कर डाली.
5. बुद्ध के सदाचार के नियमों को तोड़ मरोड़ कर अपने ग्रन्थों में घुसेड़ दिया.
6. बुद्ध को अपना अवतार घोषित कर दिया लेकिन आज तक किसी मन्दिर में बुद्ध की मूर्ति नहीं लगाई. गांधी ने उन्हीं की तर्ज पर अगले जन्म में हरिजन बनने की बातें की.
7. ब्राह्मण ऋषि पतंजलि के उकसाने पर जातिय अपमान का बदला लेने के लिए ब्राह्मण पुश्यमित्र ने सम्राट वृहदर्थ की हत्या की. (समु 5.142) अतः ब्राह्मण जाति के अपमान का बदला लेने के एवज में पुश्यमित्र शुंग सरीखे हत्यारे, जिसने सम्राट वृहदर्थ का कत्ल किया, को अवतार घोषित कर दिया. पुश्यमित्र को "परशु" तथा उसके कत्लेआम को क्षत्रियों का कत्लेआम बना दिया गया.
8. प्राचीन काल में ब्राह्मणों में मूर्तिपूजा नहीं होती थी. किसी भी वेद उननिषद आदि में किसी देव की मूर्ति बनाने का कोई जिक्र नहीं है. वे केवल यज्ञ के कर्मकांडों को ही धर्म मानते थे. भारत में सबसें पहले

भगवन बुद्ध की मूर्ति बनाई गई थी. जब ब्राह्मणों ने बौद्धों का कत्लेआम किया तो अपनी धूर्त रणनीति के तहत उन्होंने मूर्तिपूजा को तो जारी रखा मगर बुद्ध की जगह विष्णु आदि की मुर्तियां बना लीं. आचार्य चतुरसेन भी मानते हैं कि ब्राह्मणों ने मूर्तिपूजा बुद्ध धर्म सें अपनाई. (दृग स्पर्श 34)

इस प्रकार साम नीति का सहारा लेकर ब्राह्मणों ने दुनिया के सबसें सुन्दर धर्म को भारत भूमि सें खदेड़ दिया.

2.1 दाम

अपने शत्रु को समाप्त करने के लिए ब्राह्मणधर्म की दूसरी नीति है **दाम**. अर्थ शास्त्र के अनुसार दाम का अर्थ है : धन आदि के द्वारा उपकार करना. सीधे सपाट शब्दों में इसका अर्थ है रिश्वत खोरी. पैसा देकर या पैसा लेकर अपना काम सिद्ध करना.

इसी नीति के तहत राम ने गद्दार विभीषण को लंका युद्ध सें पहले ही वहां का राजा घोषित कर दिया. राम ने उसे उसकी गद्दारी का एडवांस में दाम दे दिया ताकि कहीं ऐन मौके पर वह उससें भी धोखा न कर जाए. जब ब्राह्मण प्रधान मन्त्री नरसिम्हाराव ने अपनी गद्दी बचाने के लिए विरोधी दल के नेताओं को दाम देकर वोट खरीदे तो उसने भी इसी ब्राह्मणवादी नुस्खे को आजमाया था. दाम की नीति के तहत ही तो बहुतेरे दलित एम पी, एम एल ए को ब्राह्मणवादी दलों ने बिकाउ माल बना दिया है.

ब्राह्मणधर्मियों ने दाम की खातिर देश को गुलाम करवा दिया था, इस तथ्य को सारी दुनिया जानती है. राजा दाहिर को एक ब्राह्मण ने ही हरवाया था जिसके बाद ही भारत में विदेशी लुटेरे राज कर पाए. दाम की खातिर तो गंगू ब्राह्मण ने गुरू गोबिंद सिंह के दो साहिबजादों को जिन्दा दीवार में चिनवा दिया था. दाम की खातिर ही ब्राह्मण ऋषि अजीगर्त स्वयं अपने हाथों सें अपने ही बेटे को यज्ञ में काटने को तैयार हो गया था. दाम लेकर ही तो शूद्र शिवाजी को ब्राह्मणों ने उसे छत्रपति क्षत्रिय घोषित कर दिया था. शेष ब्राह्मणधर्म में तो ब्राह्मण को दाम देकर किसी भी देवता को खुश कराया जा सकता है, किसी भी ग्रह को शांत करवाया जा सकता है. दाम ऐसी चीज है ब्राह्मणों के लिए!!

2.2 दण्ड

विरोधी को जान सें मार देना, उसे पीड़ा पहुंचाना या उसके धन का अपहरण करना आदि कार्य "दण्ड" कहलाता है. आज के समय में शांति प्रेम और भाईचारे का राग अलापने वाले ब्राह्मणों ने अपना वर्चस्व कायम करने के लिए इतना खून बहाया है जिसका दुनिया में कहीं कोई सानी नहीं है. अगर ब्राह्मण गन्थों पर विश्वास कर लें तो अकेले परशु नामक ब्राह्मण ने ऐसे लाखों लोगों की हत्या की है जिन्होंने ब्राह्मण सत्ता को चुनौती देने की हिम्मत की. ब्राह्मणों का कोई देवता या भगवान या देवी ऐसी नहीं है जिसने अपने मत को न मानने वालों की हत्याएं न की हों. वेद सें लेकर पुराण तक ऐसी हत्याओं के किस्सों सें भरे पड़े हैं. काली नामक देवी तो मानव खून पीने तक सें नहीं कतराती थी.

बुद्ध धर्म को भारत सें नष्ट करने में ब्राह्मणों ने सबसें पहले इसी नीति का प्रयोग किया था. आधुनिक नामधारी बद्रिकाश्रम के संकराचारय ने भंडाफोड़ किया है कि आदि संकर ने भारत सें बौद्ध धर्म ज्ञान अथवा तर्क के बल पर नहीं बल्कि राजा सुन्धवा की सेना की मार काट की वजह सें मिटा पाया था. (समु 9.250)

ब्राह्मणों द्वारा दण्ड के बल पर दुश्मन को कुचलने का इससें बड़ा प्रमाण और क्या हो सकता है कि आज भारत की आधी सें ज्यादा आबादी शूद्र और अछूत बना दी गई है. बाबा साहिब के अनुसार ये लोग वे क्षत्रिय और बौद्ध हैं जिन्होंने ब्राह्मणवाद के काले कारनामों के विरुद्ध संघर्ष किया था. ब्राह्मणधर्मियों ने अपने दुश्मनों को कुचलने के लिए दण्ड नीति का खुल कर प्रयोग किया है.

1. चार्वाक ने ब्राह्मणवाद के धोखधड़ी के कामों के विरूद्ध आवाज उठाई अतः उन्हें पीट पीट कर मार डाला.
2. भगवन बुद्ध के सर्वप्रिय शिष्य मोगदलायन तिस्स को भी ब्राह्मणों ने मार डाला.
3. गुरू रैदास ने वेदों पुराणों राम कृष्ण की पोल खोली तो उन्हें लाठियों सें पीट पीट कर मार डाला.
4. मीरा ने राजपूत होने के बावजूद ब्राह्मण को छोड़ कर एक अछूत को गुरू बनाया. ब्राह्मणों के धन्धे पर यह सीधी चोट थी. अगर दलित ही गुरू बनने लग गए तो ब्राह्मणों को कौन पूछेगा उनकी तो रोजी रोटी ही मारी जएगी सो ब्राह्मणों ने उनकी हत्या कर दी. कहानी बना दी कि वह मूर्ति में समा गई जबकि उसने कभी कृष्ण का नाम ही नहीं लिया.
5. आर्यभट्ट की हत्या की गई.

6. मौर्य सम्राट वृहदर्थ की हत्या ब्राह्मणों द्वारा की गई. यह पहली राज हत्या थी जो भारत के इतिहास में हुई और यह हत्या ब्राह्मणों द्वारा की गई. तब सें गुलाम हुए शूद्र आज तक आजाद नहीं हो पाये हैं!!
7. हर रोज ही उन दलितों पर हमले होते ही रहते हैं जो ब्राह्मणधर्म के काले कानूनों के विरुद्ध आवाज उठाने की हिम्मत करते हैं. किसी भी अखबार का कोई दिन खाली नहीं जाता जिसमें दलितों को मारने पीटने या बलात्कार की खबरें नहीं होती. हजारों सालों सें दलितों को दण्ड नीति के तहत ही कुचला जा रहा है.
8. पिछले दिनों गुजरात में मुस्लमानों का कत्लेआम इसी नीति के तहत किया गया. भारत के अधिकतर मुस्लमान दलित जातियों सें बने हैं. अतः ब्राह्मणधर्मी अब भी यही मानते हैं कि उन्हें दण्ड के जोर पर ही अपने अधीन रखा जा सकता है.

2.3 भेद

ब्राह्मणों की भेद नीति का सीधा सा अर्थ है फूट डालो और राज करो. भारतीय समाज में जितना भेद ब्राह्मणों ने पैदा किया है उतना बाकी धर्म वाले सौ जन्म में भी नहीं कर सकते. सारा समाज चार वर्णों में बंटा है. हर वर्ण जातियों में बंटा है. हर जाति उपजातियों में बंटी है. हरेक उपजाति में भी कई भेद हैं. उदाहरणतः अछूतों में रैगर जाति है. इस जाति में भी आगे सिन्धी रैगर, जैपरी रैगर, बागड़ी रैगर और मारवाड़ी रैगर हैं. सिन्धी रैगर अन्य रैगरों को अपने सें हेय समझता है. जैपरी और बागड़ी दोनों मारवाड़ी को हेय समझते हैं. अपने बस पड़े कोई भी आगे वाला रैगर पीछे वाले सें रिश्ता नहीं करता है. अथवा लड़की ले लेता है देता नहीं. स्वयं ब्राह्मणों के गौड़ में जोड़ है. नागर गोत्री ब्राह्मण अपने ही नागरी गोत्र में भेद के कारण दूसरे नागर को हेय मानता है तथा उससें रिश्ता नहीं जोड़ता. (अप्सरा में देखें.)

बाबा साहिब ने सटीक कहा है कि जातिवाद का भेद ब्राह्मणधर्म की आत्मा है और जिस व्यक्ति का किसी मान्यता प्राप्त जाति सें सम्बंध नहीं है वह हिन्दू हो ही नहीं सकता. (खण्ड 8.21) इस जाति भेद का सबसें अधिक लाभ या कहें तो एक मात्र लाभार्थी ब्राह्मण ही रहा है. आज आबादी का मात्र 3 प्रतिशत सें भी कम होने पर भी ब्राह्मण 70 प्रतिशत ए कलास पदों पर ब्राह्मणों का कब्जा है. सेना में चाहे सिख, राजपूत और दलित भरे पड़े हैं लेकिन आम तौर पर कमान ब्राह्मण अधिकारी के पास ही होती है. राष्ट्रपति और प्रधानमन्त्री के पद लगभग ब्राह्मण के कब्जे में ही रहे हैं. बीच में एकाध मनमोहन सिंह या जैल सिंह जैसे रबड़ सटैम्प भी आ जाते है.

सबसें अहम बात यह है कि मन्दिरों पर मात्र और मात्र ब्राह्मणों का कब्जा है. ब्राह्मणों द्वारा समाज में फैलाए जाति भेद के कारण कोई अन्य जाति वाले के दिलो दिमाग में यह बात आती ही नहीं है कि वह भी अपने धर्म के पूजा स्थल का पुजारी बने. बिरला जैसा बनिया पूरे पैसे लगा कर मन्दिर बना लेता है मगर वह कभी सपने में भी यह सोच ही नहीं पाता कि अपने द्वारा बनाए मन्दिर में स्वयं पुरोहिताई कर ले. जहां भी हो, पुरोहित ब्राह्मण ही बनेगा!

भेद नीति यानि "फूट डालो और राज करो" को अंग्रेजों के गले मढ़ा जाता है. यह एक मान्य बात है कि हर राजा नीचे वालों को बांट कर रखता है ताकि वे इक्कठे होकर उसकी कुर्सी के लिए खतरा न बन जाएं. बेशक अंग्रेजों ने भी ऐसा ही किया. मगर यह कहना सरासर गलत है कि भेद यानि फूट डालो और राज करो की नीति के जन्मदाता अंग्रेज हैं. उनके जन्म सें पहले ही वेद में यह लिखा जा चुका था कि ब्राह्मण महान हैं तथा शूद्र नीच हैं. उनके भारत आने सें पहले ही ब्राह्मणों और मुस्लमानों में दुश्मनी हो चुकी थी. अंग्रेजों के भारत आने सें सदियों पहले **सतगुरु कबीर साहिब** इस सच्चाई को उजागर कर चुके थेः

हिन्दु कहत हैं राम हमारा, मुसलिम कहें रहमाना,
आपस में दोउ लड़त मरत हैं, मर्म न कोउ जाना!!

अतः फूट डालो और राज करो की राजनीति ब्राह्मणधर्म की उपज है जिसके कारण वे पिछले दो हजार साल सें भारतीय समाज पर अपना कंट्रोल बनाए हुए है. **यह भी एक तथ्य है कि भारत की सत्ता प्रधान मन्त्री कार्यलय या राष्ट्रपति भवन सें नहीं बहती बल्कि सत्ता मठों, मंदिरों तथा आर एस एस के मुख्यालय सें कन्ट्रोल होती है.** यही कारण है कि आजादी के साठ साल बाद भी ब्राह्मणधर्म की दण्ड भेद की नीति जिन्दा है. आज भी दलित जाति के आधार पर मारे कुचले जा रहे हैं. आज भी अदालतें जाति के आधार पर ब्राह्मणधर्मी बलात्कारियों को इस आधार बरी कर रही हैं कि एक उच्च जाति का पुरुष तो अछूत महिला को छू भी नहीं सकता.

इस ब्राह्मणिक भेद नीति को मात्र बाबा साहिब तोड़ने में सफल रहे हैं जिन्होंने सदियों सें कुचले जा रहे दलितों को समानता का अधिकार दिलवाया. अतः दलितों को बाबा साहिब के इस कथन को हमेशा याद रखना चाहिए कि **केवल दलित ही जाति भेद को समाप्त करेंगे. भविष्य के भारत के वे ही सत्ताधीश होंगे!**

अध्याय 3

ब्राह्मणवाद के चार सतम्भ

धर्म
अर्थ
काम
मोक्ष

बाह्मणधर्म के कट्टर प्रचारक राधाकृष्णन का कहना है कि ब्राह्मणधर्म के चार प्रयोजन हैं : धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष. वह ब्राह्मणधर्मियों को हिन्दू भी कहता है. दूसरे शब्दों में हर हिन्दू के यह चार प्रयोजन हैं. जो आदमी इन चार प्रयोजनों के लिए काम नहीं करता वह हिन्दू यानि ब्राह्मणधर्मी नहीं हो सकता. अतः ब्राह्मणवाद को समझने के लिए इन चार का अर्थ समझना अत्यावश्क है.

3.1 धर्म

सम्राट अशोक ने अपने एक शिलालेख में धर्म का अर्थ साधारण भाषा में इस प्रकार सें लिखा हैः

धम्म साधु, कियम चु धम्मे ति?
अपसिनवे, बहु कयणे, दया, दाने, सच्चे शोचये!!

अर्थात धर्म को सभी अच्छा बताते हैं लेकिन "धर्म" होता क्या है?
उत्तर है बहुल करूणा, दया, उदारता, सच्चाई और शुद्धता धर्म का निर्माण करते हैं.

दूसरे शब्दों में अगर आपके कामों में **करूणा, दया, उदारता, सच्चाई और शुद्धता** है तो इन्हें **धर्म** के काम कहा जायेगा, उसे **धर्म** कहा जायेगा!!

प्रश्न उठता है कि क्या ब्राह्मणधर्म में भी धर्म का यही अर्थ है. ब्राह्मणवाद का संविधान कहे जाने वाली मनु स्मृति में धर्म का अर्थ इस प्रकार सें किया गया है : वेद, स्मृति, बड़े लोगों का आचरण और अपने आत्म ज्ञान सें किये गये काम धर्म के लक्षण हैं. (1.131) तथा चार वर्णों और चार आश्रमों का पालित जो आचार है वह सदाचार कहलाता है. (1.137)

दयानन्द का कहना है कि भगवान ने वेदों के द्वारा जो काम करने की आज्ञा दी है वही धर्म है. जिसे करने की प्रेरणा नहीं की है वह अधर्म है. इस बात को सीधे शब्दों में कहें तो धर्म वह आचरण अर्थात काम है जो वेदों के अनुसार किया जाये, स्मृति के अनुसार किया जाये, जैसे बड़े लोगों (ऋषियों, देवों व ब्राह्मणिक नायकों आदि) ने किया वैसा काम किया जाये और अपने निजि ज्ञान सें किया जाये.

"सदाचार" वह जीवनचर्या अथवा काम है जो अपनी जाति या वर्ण के अनुसार किया जाये और चार आश्रमों (ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और सन्यास) के अनुसार किया जाये.

इन सभी बातों सें एक बात साफ है कि धर्म वह है जो वेदों स्मृतियों में कहा गया है. उससें बाहर की वस्तु अधर्म है. वर्ण व्यवस्था के अनुसार तथा चार आश्रमों के अनुसार जिंदगी गुजारना सदाचार है. दयानन्द ने तो वेद को ही धर्म माना है. मनु ने भी ऐसा ही कहा है. बस उसने बीच में एक शब्द और जोड़ दिया "सत्पुरुषों का आचरण".

ब्राह्मणवाद में सत्पुरुष कौन हुए हैं कि उनका आचरण अपनाया जाये. उनके धर्म में ब्राह्मण ऋषि तथा नायक ही सत्पुरुष हुए हैं. अतः युद्धिश्ठर, वशिष्ठ, दम, ऋश्यश्रृंग जैसे "सत्पुरुषों" द्वारा किया गया आचरण करना ही ब्राह्मणों के लिये धर्म है. सन्त सम्बूक जैसे दलितों को तो तपस्या करने का अधिकार ही न था. अतः उन्हें तो दण्ड स्वरूप तपस्या पर बैठे को ही राम जैसे ब्राह्मणिक नायक कत्ल कर देते थे.

ब्राह्मणधर्म के इन "सत्पुरुषों" या बड़े लोगों ने क्या क्या आचरण किया वह अध्याय 5 में वर्णित है. वेदों और स्मृतियों में जो कुछ वर्णित है वह भी इसी अध्याय तथा पुस्तक में आवश्यकता अनुसार अन्य स्थानों पर भी दिया गया है. **वेदों और स्मृतियों में बनाई गई जाति व्यवस्था ने भारत की जो दुर्दशा की है वह किसी को बताने की जरूरत नहीं. जो सिस्टम आदमी को आदमी नहीं समझता उसे धर्म कहा ही नहीं जा सकता. चार आश्रमों को**

मानने वाला भारत में न कभी कोई था और न अब है. पूरे ब्राह्मणवाद के इतिहास में एक भी आदमी ऐसा नहीं हुआ जिसने 25 साल ब्रह्मचार्य में काटे हों! या जो पचास साल का होकर (वानप्रस्थ) जंगल में चला गया हो! औरों की तो छोड़ें स्वयं दयानन्द ने भी चार आश्रम नहीं अपनाये.

3.1.1 ब्राह्मणिक धर्म का अर्थ

ब्राह्मणवाद में धर्म का अर्थ नैतिकता, पवित्रता, सदाचार अथवा परोपकार नहीं हैं. गीता में जिस यदा यदा हि "धर्मस्य" की बात की गई है यह वह धर्म नहीं है जिसे आम आदमी धर्म (मानवता, प्रेम करूणा आदि) मानता है. ब्राह्मणों का ''धर्म'' क्या है जिसे उनके भगवान समय समय पर बचाने आता है, उसका विवरण उनके धर्म ग्रन्थों में इस प्रकार सें दर्ज हैः

1. युद्धिष्ठर ब्राह्मणवाद का धर्मराज (धर्म का चीफ) कहा गया है. उसका वचन धर्म का वचन है ऐसा भी माना गया है. उसी युद्धिष्ठर के वचन अनुसार जब बड़े भाई का मन छोटे भाई की पत्नि पर डोल जाए तो उस स्त्री को सभी भाईयों द्वारा मिल कर भोगना ''धर्म'' है. पाँचों पांडवों ने सारी उम्र अकेली द्रोपदी को धर्मानुसार भोगा.
2. अगर पति अपनी पत्नि को किसी अन्य सें सहवास करने को कहे तो यह ब्राह्मणों का प्राचीन धर्म है. **सनातन धर्म.** (म भा 121.3)
3. पूर्वकाल (महाभारत सें पहले का समय) सत्ययुग में स्त्रियां कौमार्यावस्था में (शादी सें पहले) ही अनेकों पुरुषों सें मैथुन करती थी क्यों कि उस समय सत्ययुग का यही धर्म था. (म भा 121.122)
4. बालक श्वेतकेतु की माँ को एक ब्राह्मण पकड़ कर बलात्कार करता है तो वह अपने बाप ऋषि उद्दालक सें विनती करता है कि उसकी माँ को बचाया जाए तो ऋषि कहता है यह हमारा **''सनातन धर्म''** है कि ब्राह्मण किसी की भी माँ, बहन, बेटी सें कभी भी, कहीं भी अपनी वासना मिटा सकता है. (आदिपर्व.122)
5. बड़ा होने पर इसी ऋषि श्वेतकेतु ने नियम बनाया कि जो स्त्री अपने पति के कहने पर नियोग (गैर मर्द सें संभोग /बलात्कार) करने सें इन्कार करेगी तो यह ''अधर्म'' होगा तथा उसे भ्रूण हत्या का पाप लगेगा. (आदि.122) (समु 1.19)
6. छोटे भाई की युवा, सुन्दर विधवा (पत्नि) सें समागम क्षत्रियों का **"सनातन धर्म"** है. (आदि 103.25)
7. अश्वमेध यज्ञ में घोड़े के साथ पटरानी का समागम **"धर्म"** की कामना सें होता है. (बाल कांड 14.33) इस बात की पुष्टि दयानन्द भी करता है (स.प्र. 286 समुल्लास 11)
8. गैर पुरूष सें सम्बन्ध (नियोग) बना कर सन्तान पैदा करना धर्म है. (स.प्र. 112 समुल्लास 4) पति चाहे जीवित हो पांडू की तरह, अथवा मर गया हो विचित्रवीर्य की तरह अथवा स्त्री अभी कुंआरी हो विदुर की माँ की तरह! सभी धर्म है!!
9. मैथुन करते समय पति अगर मर जाए तो पत्नि को उसके साथ जल कर सती हो जाना चाहिए ताकि वह अगले जन्म में उसकी अतृप्त कामवासना पूरी करने का धर्म निभा सके. यह प्राचीन सनातन धर्म है. (आदिपर्व 124)
10. अगर बायीं जांघ पर कामासक्त स्त्री आकर बैठे तो उससें समागम **धर्म** है. उसकी वासना अतृप्त छोड़ना अधर्म है. अगर वह दायीं जांघ पर बैठे तो उसे बेटे को काम पूरा करने के लिए सौंप दिया जाना चाहिए. (आदि 97) गंगा जब शांतनु की बायीं जांघ पर आकर बैठी तो उसने ऐसा ही धर्म किया था.
11. कृष्ण अर्जुन को जूए में हारी सम्पत्ति व राज्य पुनः प्राप्त करने के लिए लड़ने मरने के लिए कहता है कि अगर वह ऐसा नहीं करेगा तो इससें धर्म ओर नीति की हानि होगी. अतः जूए में हारी सम्पत्ति के लिए लड़ना मरना आर्यो का धर्म था, सनातन धर्म!! (गीता 2.33)
12. काली को भेंट देते समय बलि को रस्सें सें बांध कर उसका सिर काट कर खून कमल के पत्ते में रख कर देना धर्म है. (खण्ड 4.123)
13. कीमत लेकर कन्या किसी को देना **धर्म** है ऐसा स्वयं ब्रह्मा का माननो है. (आदि 112.9)
14. उत्तर रामचरित के चौथे अंक के अनुसार वेद के ज्ञानी अतिथि अर्थात ब्राह्मण के लिए दो साल तक की बछिया या बड़े बैल को पका कर खिलाना **धर्म** कार्य है. (समु 6.154)
15. कामातुर स्त्री को मांगने पर भोग नहीं दे तो अधर्म होता है. (आदि 83.32) उसके साथ एक रात बिताना धर्म है (आदि 214)

16. स्त्रियां स्वछंद अनियंत्रित हैं वे कुंआरी होते हुए भी किसी सें भी भोग करें यही **सनातन धर्म** है. (आदि 122) पांडू ने बताया कि यह धाार्मिक सिद्धांत सनातन है. कुरू में अब भी ऐसा ही है तथा यही **प्राचीन सनातन धर्म कुन्ती को सूर्य ने बताया था.** (आदि 1112) (राज 84)

17. अपनी पत्नि अथवा दासी को मित्र को उधार देना धर्म है. (उद्योग पर्व 45) (अनुशासन 2) घर आए अतिथि (ब्राह्मण) सें अपनी पत्नि का समागम करवाना धर्म है. भीष्म कहता है ऐसा करवाने वाले पुरूष को स्वर्ग का सुख मिलता है. (अनुशासन 2) यानि पत्नि की दल्लागिरी करने वाले को स्वर्ग!

18. एक पुरुष द्वारा अनेकों स्त्रियों सें यौन सम्बंध बनाना धर्म है. (आदि 158)

19. दक्ष ने अपनी कन्या अपने बाप को ब्रह्मा को भेंट कर दी. ब्रह्मा ने उसके साथ भोग करके नारद पैदा किया. दस प्रचेताओं और सोम ने अपनी बेटी सें कुकर्म किया ओर दक्ष प्रजापति पैदा किया. प्रजापति के जब सन्तान पैदा हुई तो उसने 27 कन्याएं अपने बाप को बच्चे पैदा करने के लिए दे दीं!! (हरिवंश 2).(राज 75)

महाभारत में वैशम्पायन ने यह कहानी जनमेजय को सुनाई तो वह बोला कि **ब्रह्मा और उसके बेटों द्वारा यह अधर्म क्यों किया गया तो वैशम्पायन बोला उस समय (सत्तयुग में) आर्यों का यही धर्म था. ब्राह्मण इसी को धर्म बताते हैं.**(हरिवंश 3).(राज 75)

20. मृत पति के साथ जल मरना प्राचीन सनातन धर्म है. (अथर्व 18.3.1) (समु3.72)

21. ब्राह्मण सें नियोग करवाने पर धर्म होता है. अन्य सें करवाने पर धर्म का नाश होता है. (मनु 9.64)

22. वशिष्ठ जब भगवान वाल्मिकी के आश्रम में गया तो उनकी बछिया पका कर खा गया. धर्म सूत्र लिखने वाले इसे धार्मिक कर्म बताते हैं. (समु 6.154)

23. अबोध बालिका सें बीच नदी के बलात्कार करने वाले को धर्मज्ञ अर्थात **धर्म** का ज्ञाता कहा गया है. (आदि 97)

24. असली ब्राह्मण धर्म की परिभाषा आर्यों के पितामह (बाप के बाप) भीष्म ने दी है. उसका कहना है कि **बलवान मनुष्य जिस चीज को धर्म बतलाता है वही धर्म है क्यों कि लोग उसे धर्म मान लेते हैं. कमजोर जो धर्म बतलाता है वह ताकतवर के बताए धर्म के नीचे दब जाता है. (सभापर्व 69.15)** यही कारण है कि राम कृष्ण बलवान थे इसलिए उनके कुकर्म भी धर्म कहलाते हैं. सन्त बलहीन थे उनका धर्म ब्राह्मणों के अधर्म के नीचे दब गया. ब्राह्मणों ने अपने अधर्म को बनाए रखने के लिए हमेशा ताकत का साथ लिया. **इसलिए पहले उनका गाय खाना भी धर्म था और अब गाय पूजना भी धर्म है!!**

अजामेध, गोमेध यज्ञ अश्मेध नरमेध, कहै कबीर अधर्म को धर्म बतावैं वेद!!
जीव हनै हिंसा करै प्रगट पाप सिर होय, निगम सुन ऐसे पाप की, सुरग गया ना कोय!!

(अर्थात यज्ञ में बकरा काटना, गाय काटना, घोड़ा काटना और आदमी को काटना **अधर्म** है लेकिन वेद इसे धर्म बताते हैं.

25. मनु (5.44) भी कहता है कि वेद ही धर्म है. दयानन्द भी कहता है कि जो कुछ वेद में हे वह सब धर्म है. चाहे इस में नर बलि पशु बलि गाय घोड़े मार कर खाने की बात हो वासना का नंगा नाच हो श्राब पीना हो सब धर्म है ब्राह्मणों का सनातन धर्म!!

26. कृष्ण का कहना है (गीता 1.40) कि जब धर्म नष्ट हो जाता है तो वर्णसंकर बच्चे तब पैदा होते है. अतः एक जाति वाली स्त्री को अपनी जाति के पुरुष सें ही सम्बंध बनाने चाहिए. जहां दो जातियों के स्त्री पुरुष ने बच्चे पैदा किये नहीं कि धर्म नष्ट हुआ समझो. ऐसी सन्तान कुलघाती और कुल को नरक में ले जाने वाली होती है. अगर गीता सही है तब तो इन्दिरा गांधी ने फिरोज सें बच्चे पैदा करके धर्म का नाश किया है. कृष्ण की गीता के अनुसार तो राजीव गांधी और संजय गांधी दोनों कुलघाती हैं और राजीव गांधी के दोनों बच्चे कुलघाती हैं.

27. महाभारत में राजा नल की कथा है कि वह महाधर्मी राजा था. नित्य जूआ खेलता था. नित्य यज्ञों में पशु काट कर ब्राह्मणों को परोसता था. ब्राह्मणों के अनुसार उसने कोई काम भी धर्म के विरुद्ध नहीं किया लेकिन एक दिन बिना मूते संध्या करने बैठ गया. बस धर्म का नाश हो गया. धर्म का नाश हुआ तो उसका भी नाश हो गया. वह जूए में सब कुछ हार गया. बस बीवी बची उसे लेकर वह जंगल में चला गया. सो मूत कर संध्या करना धर्म है बिना मूते संध्या करना अधर्म है.

28. भरत गद्दी का असली हकदार था. उसके बाप ने गद्दी राम को देने की साजिश की लेकिन नाकाम रहा. राम लक्ष्मण सीता वन में चले गए. भरत गद्दी पर नहीं बैठा बल्कि राम को मनाने वन में गया. उसे देख कर लक्ष्मण ने राम सें कहा इसकी वजह सें तुझे गद्दी नहीं मिल पाई है इसलिए इसे मारने में अधर्म नहीं होगा.

अतः जिस आदमी सें कोई हानि होती हो उसे मारना धर्म है. चाहे इसमें उसकी कोई गलती न हो. (अयोध्या 96)

29. माँ चाहे भीख को बांटने के लिए कहे लेकिन अगर सभी भाई अपने एक भाई की पत्नि सें व्यभिचार दुराचार करें तो वह **सनातन धर्म** है. जो धूर्त अपनी वासना मिटाने के लिए माँ की सीधी बात का अपनी मर्जी सें अर्थ निकाले वह ब्राह्मणवाद में धर्म राज कहा जाता है : धर्म पर राज करने वाला!! अगर स्त्री भी अपने पति के अतिरिक्त दूसरों की सहवासनी बने तो यह धर्म–सम्मत है.

30. धर्मज्ञों (धर्म के एक्सपर्ट विद्वानों) का कहना है कि क्षत्रियों द्वारा शादी के मण्डप में सें वधु का बलपूर्वक हरण अच्छा काम है धर्म है. (म भा 121.221) अतः शादी के लिए किसी की बहन बेटी को अगवा कर लेना अधर्म नहीं है. तभी तो तथाकथ्ति ब्रह्मचारी भीष्म ने अंबा और उसकी दो बहनों का शादी के मंडप सें जबरन उठा लिया. ऐसा आदमी आर्यों का पितामह (बाप का बाप) कहलाया. कृष्ण ने शादी के समय अपनी बहन सुभद्रा शादीसुदा अर्जुन के हाथों अगवा करा दी. वह भगवान कहलाया. विष्णु ने साध्वी वृंदा सें जबरन बलात्कार किया तो वह प्रजापालक भगवान कहलाया. हनुमान नें राम सें सोलह कुआंरी कमसिन लड़कियां ली तो वह यति, ब्रह्मचारी कहलाया. पवन ने हनुमान की माँ अंजनि सें व्यभिचार करके हनुमान को पैदा किया तो वह देवता कहलाया. शिव सदा वासना में डूबा रहने के कारण लिंग बना दिया गया. वह सर्वनाशक भगवान कहलाया. यही ब्राह्मणों का धर्म है! सनातन धर्म!!

3.1.2 ब्राह्मण धर्म के गूढ़ रहस्य

ब्राह्मणों ने धर्म को प्राचीन काल सें ही गूढ़ रहस्य बना रखा था और आज भी बना रखा है. भगवन बुद्ध के अनुसार धर्म का मुख्य काम लोगों को नित्य जीवन में शुद्ध और नैतिक आचरण सिखाना है और ऐसे मार्ग पर चलाना है. इसमें रहस्य नाम की कोई चीज नहीं है. भगवन बुद्ध ने जब अपना धर्म चलाया तो वे बोले **एहि पस्सको अर्थात आओ देखो.** उन्होंने धर्म का कोई रहस्य नहीं बनाया. उन्होंने जो कहा, जो किया सबके सामने कहा सबके सामने किया. सब लोगों ने उसको समझा. वे बोले **अत्त दीपो भवः अर्थात अपना दीपक स्वयं बनो.** अपना भला बुरा स्वयं जांचो.

लेकिन ब्राह्मणों ने शुरू सें लेकर आज तक धर्म के नाम पर धन्धा किया है. ब्राह्मणवादियों ने घोषणा की **"धर्मस्य तत्वं निहितं गुहायम" अर्थात धर्म के तत्व अत्यंत गुप्त हैं.** ब्राह्मणों जब भी अधर्म करके लोगों के सीधे प्रश्नों का उत्तर नहीं दे पाये तो उन्होंने अपनी गलती मानने की बजाये यह लाईन दोहरा दी.

- पशुओं की जान की कोई कीमत नहीं होती.
- आदमी दिमाग सें कुछ भी काम न ले. ऐसी कथाओं को भगवान की करनी मान कर चुपचाप सत्य मान ले. ऐसा बिल्कुल न सोचे कि अभी तक कोई हाथी का बच्चा इतना कमजोर पैदा नहीं हुआ कि उसका सिर आदमी के बच्चे की गर्दन पर फिट हो जाए. और न ही आदमी का बच्चा इतना बड़ा हुआ है कि हाथी के बच्चे का सिर उसकी गर्दन पर फिट हो जाए. वैसे भी शिव अगर भगवान था तो उसे इतना कुछ करने की आवश्यकता ही न थी. गणेश का काटा हुआ सिर वहीं वापिस लगा देता. किसी और के बच्चे को मारने की क्या आवश्यकता थी.

ऐसे ही एक बार उसने परशु राम को अंतःपुर अर्थात बैडरूम में घुसने सें रोका तो परशु राम ने उसका दांत तोड़ दिया.

ब्राह्मणधर्म में गणेश की पूजा सबसें पहले की जाती है. कथा है कि एक बार देवताओं में बहस हो गई कि किसकी पूजा सबसें पहले हो. तय हुआ कि जो धरती का चक्कर सबसें पहले लगा लेगा वही जीतेगा. बाकी सारे देवता तो भाग लिए, गणेश ने अपनी माँ का चक्कर लगाया और बोला माँ धरती समान होती है. अतः माँ का चक्कर भी धरती के चक्कर के समान ही है. उसे विजेता घोषित कर दिया गया.

शुक्र है शर्त धरती का चक्कर लगाने की लगी थी. कहीं धरती खोदने की शर्त लग जाती तो शिव तो दुबारा रंडुआ हो जाता. गणेश ने तो शर्त जीतने के लिए पार्वती को खोद डालना था. उसके गुर्दे फेफड़े खोद बाहर करता. शिव ने गणेश के तो हाथी की गर्दन लगा दी थी. पार्वती के लिए गुर्दे कलेजा फेफड़े लाने के लिए पता नहीं शिव को कितने कुत्ते बिल्लियों को मारना पड़ता.

ब्राह्मण–धर्म का आरंभ ही जब ऐसे बेईमान अर्धपशु सें होता है तो उनके धर्म के मध्य और अंत की कल्पना करना सहज है.

कितनी सोचनीय स्थिति बना दी है इन ब्राह्मणों ने हमारी कि एक आदमी जरा सी बात पर एक बच्चे का सिर काट डालता है और हम उसे भगवान मान लेते हैं. इन ब्राह्मणों ने हमें दिमागी तौर पर एकदम पंगु अपाहिज, लाचार बना दिया है. इन्होने कहा ऐसा धोखेबाज भगवान है हमने आँख मूंद कर मान लिया भगवान है.

हनुमान : ब्राह्मणों के हरामी देवताओं की लम्बी सूचि में एक नाम हनुमान का भी है. रामायण के उत्तरकांड में उसका जन्म वृतांत दिया गया है कि हनुमान की माँ का नाम अंजनि था और उसके पति का नाम केसरी था. केसरी उस पहाड़ी एरिया का राजा था. एक दिन अंजनि स्नान करके, साफ महीन वस्त्र पहन कर पर्वत पर घूमने निकली. वहां उसे पवन नाम का देव मिल गया. उसने उसके महीन वस्त्र हटा दिए. पवन उसका सुन्दर रूप और शरीर देख कर उस पर मोहित हो गया और उसने अंजनि सें संभोग याचना की. अंजति पहले तो नहीं मानी लेकिन जब पवन ने उससें पुत्र पैदा करने का लालच दिया तो अंजनि पवन सें संभोग के लिए राजी हो गई. पवन ने वहीं पत्थर पर लिटा कर अंजनि सें संभोग किया. उन दोनों के इस नाजायज समागम अथवा व्यभिचार सें हनुमान पैदा हुआ.

कुछ पुराणकार हनुमान को शिव का अवतार बताते हैं जो इस जन्म में राम की मदद करने जन्म लेता है. अगर उसका जन्म पूर्व नियोजित था तो उसने केसरी की पत्नी अंजति को ही क्यों चुना? अगर उसने अंजनि की कोख सें ही जन्म लेना था तो वह केसरी के वीर्य सें पैदा होता. और अगर उसने पवन के वीर्य सें ही पैदा होना

था तो पवन की पत्नि के गर्भ सें पैदा होता. उसने जन्म लेने के लिए अपनी माँ को क्यों गैर मर्द पवन सें दूषित करवाया?

माननीय ललई सिंह यादव ने आदरणीय पैरियर रामास्वामी नायकर की एक पुस्तक "सच्ची रामायण" को हिन्दी में छापा. सरकार द्वारा पुस्तक जब्त कर ली गई. तब उन्होंने अपनी पुस्तक के एक एक शब्द का सबूत अदालत में पेश किया. इन सबूतों को उन्होंने "सच्ची रामायण की चाभी" नाम सें छापा. उसी पुस्तक में हनुमान का चित्रण कुछ इस प्रकार सें हैः (पृ. 72...)

- हनुमान की माँ गौतम की बेटी थी. एक दिन गौतम बाहर सें आया. इन्द्र वहां था. उसने पूछा यह कौन है. अंजनि बोली "मांजार" अर्थात माँ का यार या मार्जार यानि बिल्ली. बस गौतम ने उसे गर्भवती होने का श्राप दे दिया.
- गुजराती लोककथा के अनुसार नारद ने अंजनी के कान में मन्त्र कह कर उसे गर्भवती कर दिया.
- शिवपुराण के अनुसार जब शिव मोहिनी बने विष्णु के पीछे भाग रहा था तो उसका वीर्य स्खलित हो गया. उस वीर्य सें अंजनी ने हनुमान को जन्म दिया.
- रामकथा के अनुसार राम और सीता ने बन्दर बंदरिया बन कर सम्भोग किया और पुनः आदमी बन गए. राम ने सीता का गर्भ निकाल कर अंजनि के गर्भ में रख दिया हनुमान पैदा हो गया.
- भविष्य पुराण के अनुसार शिव और पवन ने केसरी के शरीर में घुस कर बारी बारी सें अंजनि सें रमण किया. हनुमान पैदा हो गया.
- सेरीयम के अनुसार राम अंजनि को देख कर लट्टू हो गया. मर्यादा पुरुषोत्तम का वीर्य पतन हो गया. पवन ने उठा कर अंजनि के मूंह में डाल दिया. हनुमान पैदा हो गया.

अब हनुमान किस के वीर्य सें उपजा, कौन उसका औरस (असली) बाप है, पाठक स्वयं निर्णय कर लें.

हनुमान जैसे जन्म सें हरामी था उसके कर्म भी हरामीपन सें भरपूर थे. उदाहरणतः

1. हनुमान दूत बन कर गया था लेकिन लंका में घुस कर उसने अशोक वाटिका को उजाड़ दिया.
2. महात्मा रावण के पुत्र अक्षय तथा अनेकों सैनिकों का कत्ल कर दिया. परन्तु महाराज रावण ने उसे राम का दूत मानते हुए अवध्य माना. अतः उसे मौत की सजा न दी.
3. उसने लंका नगरी में आग लगा कर अनेकों बच्चों, बूढ़ों और स्त्रियों जिंदा जला कर मार डाला. ओसामा बिन लादेन ने दो टावर ध्वस्त किए तो सारी दुनिया ने उसे आतंकवादी घोषित कर दिया. हनुमान ने तो पूरा नगर ध्वस्त कर दिया था. ऐसे तो वह बिन लादेन सें भी बड़ा आतंकवादी और क्रूर हत्यारा साबित होता है.
4. उसे यति, ब्रह्मचारी आदि पता नहीं क्या कुछ कहा जाता है. वास्तव में वह भी और आर्यों की तरह पूरा लम्पट था. वह महात्मा रावण सें बोला,'तब जुवतिन्ह समेत सठ जनक सुतिन्ह ले जाउं' अर्थात मैं तुम्हारी स्त्रियों समेत सीता को उठा ले जाऊंगा. अगर वह यति था तो इन स्त्रियों का उसने क्या करना था. शायद उसकी ऐसी नीयत के कारण ही सीता ने उस के साथ आने सें मना कर दिया था.
5. जब राम अयोघ्या पहुंचा और गद्दी पर काबिज हो गया तो अपनी बरसों पुरानी इच्छा पूरी होने पर उसने हनुमान को 16 लड़कियां इनाम में भेंट की जिनके छिपे अंगों पर बाल आने शुरू हुए थे. इनाम में मिली ऐसी षोडशियों का हनुमान ने क्या किया होगा हर दिमाग वाला सोच सकता है.
6. सच्ची रामायण की चाभी के अनुसार उसने लंका में स्वयंप्रभा और सुन्दरी सें यौन सम्बंध बनाए. स्वर्णमच्छा नामक नाग कन्या सें उसने एक पुत्र भी पैदा किया. विभीषण की बेटी बेंजकाया सें भी हनुमान ने यौन सम्बंध बनाए. (पृ 74)

एक बात कुछ अटपटी, अनसुलझी सी है. महात्मा रावण ने सीता की तरह हनुमान के असली बाप पवन को भी तो कैदी बना रखा था. माना कि सीता ने तो हनुमान के साथ आने सें मना कर दिया था लेकिन वह अपने बाप को तो उठा कर ला ही सकता था. उसने महाराज रावण को उनकी स्त्रियां उठा ले जाने की धमकी तो दी लेकिन अपने बाप की सुध ही नहीं ली! हो सकता है उस समय तक महाभारत वाली प्रथा जारी हो जहां पाँडव भिन्न भिन्न पुरुषों द्वारा पैदा होने पर भी पांडू के ही पुत्र कहलाये थे! सो उस समय तक हनुमान भी पवन–पुत्र कहलवाने की बजाए केसरी–पुत्र ही कहलाता हो.

<u>इन्द्र</u> : आर्यों का सर्वाधिक शक्तिशाली पद था इन्द्र का. ऋग्वेद में उसे आर्यों की समस्त लड़कियों और स्त्रियों का जार (उपपति, यार, आशिक) माना गया है. अतः वह किसी भी कुआंरी कन्या अथवा विवाहित स्त्री सें यौन सम्बंध बना सकता था. किसी समय आर्यों में इन्द्र का पद इतना ही महत्वपूर्ण होता था जितना आज के समय में अमरीका में वहां के राष्ट्रपति का पद है अथवा भारत में प्रधान मन्त्री का पद है. इसका प्रमुख कारण इन्द्र की

सभा थी. जहां चौबीसों घंटे शराब व शबाब की महफिलें सजी रहती थीं. एक सें बढ़ कर एक वेश्या उसके दरबार में नाचती थी. चौबीसों घंटे रंडियों का नाच गाना होता रहता था इन्द्र के घर पर. आर्यों का मुख्य काम ही मीट खाना, शराब पीना और पराई स्त्रियों सें ऐश करना था. अतः हर कोई इस ऐयाशी के सर्वोच्च पद पर कब्जा करना चाहता था. इन्द्र इन वेश्याओं को भेज कर ऋषियों देवताओं का मनोरथ सिद्ध कर देता था और अपनी गद्दी सुरक्षित रखता था.

इन्द्र ने कुन्ती सें नियोग करके अर्जुन पैदा किया था. अर्जुन का बेटा परीक्षत था. परीक्षत का बेटा जन्मेजय था. इस तरह जन्मेजय इन्द्र का पड़पौता हुआ. इन्द्र ने जनमेजय की पत्नि वपुश्टमा के साथ कई सालों तक व्यभिचार किया जिसे सभी ने स्वीकार किया. (हरि. भविश्य पर्व–2) (राज. 44) भारतीय समाज में पुत्रवधु को बेटी समान माना जाता है. ससुर के द्वारा ऐसा कुकर्म पाप की चरम सीमा है. लेकिन ब्राह्मण–धर्म के सभी देव और भगवान ऐसे ही नीच कर्म करने वाले हैं. अतः उनके राजा ने भी तो उन सें बढ़ चढ़ कर कुकर्म करने थे. सो किये.

वपुश्टमा सें दिल भर गया या टेस्ट बदलने के लिए एक दिन ऋषि गौतम की पत्नि अहिल्या पर डोरे डाल दिए. पंजाबी में कहावत है चोर नालों पण्ड काहली. (अर्थात किसी के घर में चोर घुस गया और उसने सामान की गठड़ी बांध ली. चोर को तो माल लेकर भागने की जल्दी होती ही है लेकिन गठड़ी उससें भी पहले भागने को तैयार निकली.) ऐसा ही कुछ इन्द्र के साथ हुआ. अहिल्या उससें भी ज्यादा तैयार मिली. दोनों ने वासना का खुल कर खेल खेला. ऋषि ने देख लिया. उसने इन्द्र के अण्डकोश काट दिए. अहिल्या का खाना पीना बन्द कर दिया.

आप्टे के अनुसार गौतम ने इन्द्र को श्राप दिया कि उसने उसकी पत्नि की योनि को दूषित किया है. अतः वह सहस्त्र योनि हो जाए. उसके श्राप की वजह सें इन्द्र के एक हजार योनियां हो गई. यह कथा ब्राह्मणों के धार्मिक कहे जाने वाले ग्रन्थों में लिखी गई हैं. जरा एक पल के लिए सोचें कि इन्द्र का शरीर कैसा दिखता होगा.

खैर देवताओं की बैठक हुई. अर्ध–हिजड़ा बने इन्द्र के इलाज के उपाय सोचे गए. जैसे शिव ने गणेश के काटे सिर की जगह हाथी का सिर लगा दिया वैसे ही देवों ने इन्द्र के कटे अण्डकोशों की जगह बकरे के अण्डकोश लगा दिए. **कितने लोग हैं हम में सें जो यह धार्मिक कथा अपनी माँ, बहन बेटी को सुना सकते हैं.**

ऋषि पत्नियां उसे कुछ ज्यादा ही पसन्द थीं. तभी उसने भृगु की पत्नि पुलोमा सें भी संसर्ग लिया. (स.मु. 4.91)

इसी लम्पट इन्द्र को महाबली मेघनाद ने हरा कर बन्दी बना लिया. तभी सें उनका नाम इन्द्रजीत पड़ा. देवताओं ने महाबली मेघनाद सें मिन्नतें की कि इन्द्र को छोड़ दिया जाए. अंत में देवताओं के प्रमुख ब्रह्म ने यही तय किया कि कोई भी देवता उन पर वार नहीं करेगा. लेकिन वह ब्राह्मण देवता ही क्या जो बेईमानी न करे. एक दिन महाबली मेघनाद ध्यान लगा कर पूजा कर रहे थे कि राम के कहने पर लक्ष्मण ने छुपके सें जाकर उनका सिर काट दिया. (युद्धकांड 851)

कार्तिकेय : कहने को तो कार्तिकेय शिव का बेटा कहा जाता है. वैसे उसका जन्म भी गो–धर्म की एक बेजोड़ मिसाल है. उसकी जन्म कथा कुछ इस तरह सें है कि एक बार शिव और पार्वती सहवास में लीन थे. अग्नि वहां कबूतरी का वेश धारण करके आ गया. शिव ने अपना वीर्य अग्नि पर फैंक दिया. कबूतरी बने अग्नि ने वह वीर्य गंगा में नहाती हुई 6 वेश्याओं पर डाल दिया. उन वेश्याओं ने 6 पुत्रों को जन्म दिया. उन सभी छः को जोड़ कर एक पुत्र बना दिया जिसके बारह बारह हाथ पैर आंखें 6 सिर बन गए. अतः उसका नाम कार्तिकेय रखा गया.

दूसरी कथा के अनुसार शिव ने गंगा में अपना वीर्य छोड़ा अर्थात गंगा सें समागम किया. गंगा ने वीर्य सरकंडों पर फैंक दिया. वहीं कार्तिकेय का जन्म हुआ. इसलिए शरजन्मा भी उसका नाम है.

एक पल के लिए जरा आंखें मूंद कर कल्पना कीजिए कि उपरोक्त कथाओं में वर्णित घटनाएं आपके सामने हो रही हैं. कैसा वीभत्स दृश्य नजर आता है.

कश्यप :

लक्ष्मण : हमेशा बड़े भाई की पूंछ पकड़ कर चलने वाला. उसने किसी काम के लिए भला या बुरा नहीं देखा जो राम ने कह दिया उसने आँखें बंद करके कर दिया. वन में जाना हो या गर्भवती सीता को जंगल में पटक कर आना हो, उसने राम के सिवाय कभी किसी का हित नहीं सोचा. यहां तक कि उसने अपनी पत्नि सें भी कभी कोई सलाह नहीं की. राम के कहने पर उसने आत्महत्या भी कर ली. गुस्सैल इतना कि राम को गद्दी दिलाने के लिए वह अपने बाप को भी मारने को तैयार हो गया.

गद्दी न मिलने पर उसे इतना गुस्सा था कि जब भरत जंगल में राम सें मिलने गया तो उसने राम को सलाह दी कि भरत की वजह सें उसे गद्दी नहीं मिली है इसलिए ऐसे अधर्मी को मार दिया जाना चाहिए. (अयोध्या 96)

स्कंध पुराण (नगर खण्ड 20) के अनुसार दशरथ का श्राद्ध करने के समय सीता कहीं छिप जाती है और लक्ष्मण को ही सारा काम करना पड़ता है. गुस्से में आँखें लाल करके वह राम की हत्या करने और सीता को अपनी पत्नि बनाने की योजना बनाता है. अगले दिन वे आगे का सफर करते हैं और दिन भर लक्ष्मण राम को मारने का अवसर ढूंढता रहता है. (चाभी 44)

खोतानी रामायण में सीता राम और लक्ष्मण दोनों की सांझी बीवी है. (चाभी 45) शायद इसी कारण लक्ष्मण अकेला वन में गया अपनी असली पत्नि उर्मिला को साथ नहीं ले गया. सीता भी उस पर यही दोष लगाती है जब स्वर्ण मृग को मारने वह राम के पीछे नहीं जाता.

रामकथा के अनुसार उसके सोलह हजार पत्नियां थीं. उसने सरूपनखा के नाक कान ही नहीं काटे बल्कि उसकी दो बेटियों को भी मार डाला. (चाभी 18,21)

मित्र : ब्राह्मणों द्वारा कंडम करके फैंका गया उनका एक अन्य भगवान. कभी मित्र नाम का प्राणी भी उनका भगवान होता था. समय के साथ उसकी बिक्री कम हो गई तो ब्राह्मणों ने उसे उठा कर कूड़ेदान में डाल दिया. आज के दिन शायद ही कोई ब्राह्मणधर्मी होगा जो उसके जन्म मरण के बारे में कुछ जानता होगा.

मित्र और वरूण नामक देवों की स्तुति सें ब्राह्मण–ग्रन्थ भरे पड़े हैं. एक दिन उन्होंने नहाती हुई वेश्या उर्वशी को देख लिया. उनका ब्राह्मण–धर्म जाग उठा. उर्वशी तो उनके हाथ न लगी. एक घड़ा मिल गया. उस सें दोनों देवों ने अपनी वासना की भड़ास निकाली. कथा है कि उस घड़े सें राम के कुलगुरू वशिष्ठ का जन्म हो गया. जिस आदमी का कुलगुरू घड़े सें पैदा हुआ हो उसकी कहानी कितनी सच होगी, हर कोई सोच सकता है.

एक अन्य कथा है कि एक दिन मित्र ने उर्वशी सें काम याचना की लेकिन उर्वशी नहीं मानी. मित्र ने उसे स्वर्ग सें निकाल कर धरती पर पटक दिया जहां उसका मिलन पुरुरवा सें हुआ और वह उसके पांच पुत्रों की माँ बन गई.

पवन : भीम, हनुमान का औरस बाप अथवा वीर्यदाता बाप. इनकी माँओं सें किया गया व्यभिचार 'भीम' तथा 'हनुमान' के आगे दिया गया है. पवन का टेस्ट कुछ अजीब सा था वह केवल विवाहितों पर ही डोरे डालता था. जब उसने कुंती के भीम पैदा किया तब वह किसी अन्य की विवाहिता थी. जब उसने अंजनि के हनुमान पैदा किया तब अंजनि भी किसी अन्य की विवाहिता थी. इस प्रकार उसने केवल पहले सें ही शादी शुदा औरतों सें सम्बंध बनाए. दूसरी ओर सूर्य और पाराशर कुआंरियों के दीवाने थे.

पवन सोम नामक शराब पीने का शौकीन था. देव होने के नाते वह हर जगह सोम में सबसें पहले अपना हिस्सा ले लेता था. (संस्कृति कोश). एक दिन उसकी नीयत राम के पौते कुशनाभ की सौ लड़कियों पर बिगड़ गई. उसने इस बात का भी लिहाज नहीं कि राम ने तो उसे महाराजा रावण की कैद सें छुड़वाया था. खैर कुशनाभ ने उसे अपनी बेटियां फ्री में उसे सौंपने से इन्कार कर दिया. गुस्से में आकर उसने सारी लड़कियों को कुबड़ी कर दिया. (वही)

ऐसे दबंग होते थे देव. बिल्कुल गुंडों की तरह हफता वसूलने वाले! जो न दे उसके हाथ पांव तोड़ देने वाले!!

प्रजापति : कुम्हार जाति के कुछ लोग अपने को उच्च जाति का साबित करने के लिए स्वयं को प्रजापति कहलाते हैं. शायद वे लोग प्रजापति की सत्यता सें अनभिज्ञ हैं. प्रजापति का जन्म कुछ इस प्रकार सें हुआ. उसके पिता का नाम सोम था. सोम की पुत्री मारिशा थी. एक दिन दस प्रचेताओं ने अपने पुत्र सोम के साथ मिल कर मारिशा सें वही किया जो ब्रह्मा ने अपनी बेटी सें किया था. परिणाम स्वरूप प्रजापति का जन्म हो गया. इस तरह प्रजापति अपने दादा और बाप के कुकर्मों के कारण अपनी सगी बहन के गर्भ सें पैदा हुआ.
प्रजापति के 50 कन्याएं पैदा हुईं. उसमें सें 27 उसने अपने नाना मार्का बाप सोम को संभोगार्थ सौंप दीं ताकि वह बच्चे/प्रजा पैदा कर सके. (हरिवंश. अ.2) (राज.75)

शिव : ब्राह्मणों के मुख्य तीन भगवानों यानि त्रिमूर्ति में सें एक शिव है. आज के समय में शेष दो भगवान तो मात्र शोपीस रह गए हैं. केवल शिव बाकी बचा है जिसकी लोग मान्यता करते हैं. शिव के बारे में कुछ अजीब सें तथ्य हैं जिनका उत्तर कहीं नहीं मिलता है.

2. उसे "विनाश मन्त्रालय" का भगवान बताया जाता है मगर उसका लिंग हर मंदिर में पूजा जाता है. लिंग सृजना का द्योतक माना गया है. उसके भगवानपने के साथ यह बड़ा विरोधाभास है.
3. उसे काम वासना को नष्ट करने वाला भगवान बताया गया है मगर उसके जितने भी किस्से हैं उनमें वह वासना में ही लिप्त बतलाया गया है. काम वासना नष्ट करने वाले का ही लिंग क्यों पूजा जाता है. कहीं इस बात का उत्तर नहीं मिलता. काम वासना के सबसें ज्यादा कारनामे तो कृष्ण ने अंजाम दिए थे, उसकी पूजा इस रूप में क्यों नहीं होती, यह अजीब गोरखधंधा है.
4. शिव को शूद्रों का देव बताया गया है. विष्णु तो हमेशा ब्राह्मणों को पूजने या उन्हें बचाने के कामों में ही लगा रहा है. उसके सारे अवतार ब्राह्मण सेवा के लिए ही हुए हैं. ब्रह्मा ने ब्राह्मण पैदा किए हैं. शिव का इन ब्राह्मण पूजक देवों के साथ अनेकों बार झगड़ा भी हुआ है. विष्णु के अवतार राम ने तो यहां तक कहा कि शिव का पूजक मेरा दुश्मन है. ब्राह्मणों के इस विरोध के बावजूद त्रिमूर्ति में सें शिव की मान्यता सबसें ज्यादा हैं. ऐसा क्यों है, यह भी एक अनसुलझी पहेली है.
5. ब्राह्मणों के सभी देव सोम नामक शराब पीते हैं मगर शिव कभी भी सोम नहीं पीता. वह अकेला भांग पीता है. शिव बाकी ब्राह्मणिक देवों सें खान पान में अलग क्यों हैं, यह भी एक रहस्य है.
6. ब्राह्मणों के जितने भी देवता या भगवान हुए हैं उसमें शिव ही अकेला ऐसा प्राणी है जिसकी शादी में बाराती गए हैं, चाहे भूत प्रेत या राक्षस ही सही. शेष किसी भी देव या भगवान की कभी कोई बारात ही नहीं निकली. उन्होंने या तो बीवियां जीती हैं या उधाली हैं रखैलें रखी हैं या व्यभिचार किया है. शिव ही अकेला ऐसा ब्राह्मणिक भगवान है जो बारात लेकर पार्वती को ब्याहने गया. **वह अकेला "भगवान" है जिसने असुर पद्धति के अनुरूप शादी की है.**
7. **और शायद वह अकेला भगवान है जिसने अपनी पत्नि के सिवाय दूसरी औरत सें यौन सम्बंध नहीं बनाए या जो व्यभिचार में लिप्त नहीं रहा अथवा जिसने रण्डीबाजी नहीं की. शिव दूसरे ब्राह्मणिक देवों सें हट कर क्यों है, यह एक रहस्य है.**

ब्राह्मणग्रन्थों में शिव द्वारा किए कारनामे इस प्रकार सें हैं :

1. समुद्र मंथन सें अमृत निकला. मंथन की शर्तों अनुसार इस अमृत पर असुरों का अधिकार था. लेकिन वह देवता ही क्या जो ठगी न करे, धोखा न करे. विष्णु ने मोहिनी नामक वेश्या का रूप बनाया और अमृत कलश उठा कर भाग लिया. असुर तो बेचारे अभी सोच ही रहे थे कि क्या करें, शिव मोहिनी के पीछे भाग लिया. वैसे तो ब्राह्मण हर जगह यह प्रचार करते रहते हैं कि शिव ने काम (वासना) को जला कर नष्ट कर दिया था लेकिन उसके सारे कारनामे ऐसे हैं जहां वह काम वासना सें पीड़ित किसी लम्पट की तरह व्यवहार करता है. यहां भी वह मोहिनी के पीछे कामांध यानि वासना में अन्धा होकर दौड़ लिया जैसे हथिनी के पीछे वासना पीड़ित हाथी दौड़ता है. भागते भागते शिव पसीने पसीने हो गया. कुछ दूरी पर जाकर उसने मोहिनी को पकड़ लिया लेकिन वह उसके चंगुल सें निकल भागी. इसी छीना झपटी में शिव का वीर्य भी सख्लित हो गया. कथा के अनुसार जहां उसका पसीना गिरा वहां चांदी की खाने बन गईं और जहां उसका वीर्य गिरा वहां सोने की खानें बन गईं. इस तरह आज जो यह सोने चांदी की खाने पाई जाती हैं उनका निर्माण हो गया. यह ब्राह्मणों के अति धार्मिक ग्रन्थ भागवत (सं 8 अ 12) की अति धार्मिक कथा है. कथा सरित सागर में भी यह कथा पाई जाती है.

एक पल के लिए इस दृश्य की कल्पना करें कि इज्जत बचाने के लिए मोहिनी भागी जा रही है उसके पीछे कामांध सांड की तरह शिव भाग रहा है और पसीनो पसीने हुए शिव का वीर्य गिरता जा रहा है. कैसा मनोहरी दृश्य रहा होगा ब्राह्मणों के भगवान की यह करतूत!! आज कलियुग कहे जाने वाले समय में अगर कोई आदमी हमें ऐसे किसी स्त्री के पीछे भागता दिख जाए तो हम क्या करेंगे. निश्चित रूप सें जूते मार मार कर उसके काम–वासना का सारा भूत उतार देंगे. इन ब्राह्मण–देवताओं के साथ भी होना तो यही चाहिए.

यह तो विष्णु का भाग्य अच्छा था कि वह शिव के चंगुल सें छूट गया. अगर कहीं शिव ने उसे पकड़ कर अपना काम पूरा कर लिया होता तो, कल्पना करें कि क्या होता !! सोचें जरा कि आज जो यह सोने चांदी की खाने पाई जाती हैं वे कहां बनती!! विष्णु आज तक अपने गर्भ में सोने चांदी की खाने लिये घूम रहा होता.
यह और भी ज्यादा शुक्र हुआ कि विष्णु स्वयं वेश्या बन कर चला आया. कहीं अपनी जगह अपनी बीवी लक्ष्मी को भेज देता तो!! तो जो होता कल्पना ही की जा सकती है!

2. शिव आदमी सें लिंग कैसे बना इस की कथा भी कम धार्मिक नहीं है. आप्टे के अनुसार एक बार ब्राह्मणों के तीनों बड़े देवों ब्रह्मा, विष्णु और महेश में झगड़ा हो गया कि कौन बड़ा है. जैसे आज के नेताओं में कुर्सी को लेकर झगड़ा होता रहता है, वैसे ही उन तीनों देवों में भी झगड़ा होता ही रहता था. इन के झगड़े के निपटारे के लिए भृगु नामक ब्राह्मण को जॅज बनाया गया. वह सबसें पहले ब्रह्मा के पास गया. ब्रह्मा ने भृगु का आदर सत्कार नहीं किया. भृगु बोला तूने ब्राह्मण का आदर नहीं किया इसलिए आज के बाद तेरा भी कोई आदर नहीं करेगा.

अतः उस के बाद ब्राह्मा की पूजा बन्द हो गई. उसके बाद वह शिव के पास गया. शिव बारे में प्रचार तो यही किया जाता है कि उसने कामदेव को नष्ट कर दिया था मगर जब भी देखें वह स्त्री मैथुन में जुटा ही मिलता था. यहां भी जब भृगु उसके पास गया वह पार्वती सें मैथुन में लीन था. शिव भी अपने काम में लगा रहा और उसने भी भृगु की कोई सुध न ली. भृगु बोला तू सदैव मैथुन कार्य में ही लीन रहता है इसलिए तू लिंग बन जा. सो शिव योनि सहित लिंग बन गया. इस प्रकार शिव लिंग बन गया.

एक बात ब्राह्मण–ग्रन्थों में बड़ी अजीब सी है कि उन्हें पढ़ कर ऐसा लगता है कि उस समय देव कहे जाने वाले लोग पशुओं की तरह खुले में ही मैथुन करते रहते थे. वर्ना भृगु को कैसे पता चला कि शिव उस समय पार्वती सें मैथुन में व्यस्त था तथा इस कारण उसकी सेवा में हाजिर नहीं हो सका.

बुद्ध महावीर काल सें पहले ब्राह्मण यज्ञों में जी भर कर पराई स्त्रियों सें व्यभिचार करते थे. लेकिन बुद्ध और महावीर की शिक्षाओं के कारण ऐसे यज्ञ बन्द हो गए थे. अतः ब्राह्मणों ने अपनी ऐयाशी फिर सें चालू करने के लिए ऐसे किस्से घढ़ दिए. इस कथा सें शिव का कुछ हुआ हो या न हुआ हो ब्राह्मणों को अपनी उस ऐय्याशी को फिर सें चालू करने का साधन मिल गया जो यज्ञ बन्द होने के कारण बन्द हो गई थी. **इस बार उन्होंने लिंग को ही भगवान बना दिया.** मैथुन करते स्त्री पुरुषों की मूर्तियां मंदिरों के दरवाजों और प्रागणों में सजा दीं गईं. देवदासियों के रूप में मंदिर प्रांगण में वेश्याएं नचवा दीं.

सुहागरात सें पहले वधु के शिव लिंग स्पर्श करवाने की विधि बना दी गई. आज हम चाहे इक्कीसवीं सदी में जाने की कितनी भी डींगें मारें लेकिन आज भी अनेकों जातियां ऐसी हैं जिनमें यह प्रथा अटल रूप में चल रही है जहां सुहागरात सें पहले शिव के लिंग को स्पर्श करवाया जाता है. आज चाहे मंदिर में ब्राह्मण पुजारिनें इस काम को अन्जाम देती हों लेकिन एक समय था जब ढोल, पशु, गंवार, शूद्र और नारी मात्र ताड़न के अधिकारी माने जाते थे. तब यह लिंग छुवाई का कार्य पुरुष ब्राह्मण ही करते थे. अगर ब्राह्मणों के प्राचीन इतिहास का ध्यान करें जब उन्होंने भगवान कहे जाने वाले राम की माँ को ही नहीं बख्शा तो ऐसी स्थिति में आम नारी का शिव लिंग छुआई पर ब्राह्मणों ने क्या हाल किया होगा, हर कोई इसकी सहज कल्पना कर सकता है!

3. शिव को रूद्र भी कहा जाता है. ऋग्वेद (10.61.7) में रूद्र के जन्म की जन्म धार्मिक कथा इस प्रकार सें है : "जब पिता ने अपनी बेटी सें संभोग किया और उसे जमीन पर लिटा कर उस में वीर्य सींचा, शोभन कर्म वाले देवों ने उसी वीर्य सें व्रतरक्षक रूद्र को पैदा किया." अर्थात रूद्र का जन्म बाप और बेटी के पाप मिलन सें हुआ. इस कार्य में न केवल देवों की सहमति थी बल्कि उन्होंने ही उस वीर्य सें रूद्र को पैदा किया. ऋग्वेद ऐसे कर्म करने वालों को शोभन कर्म करने वाले देव कहता है. ऐसे पैदा होते थे ब्राह्मणों के देव!

4. ऐसी ही उसकी कथा कार्तिकेय के जन्म सें सम्बंधित है. एक बार अग्नि शिव को मिलने गया. उसने कबूतरी का रूप धारण किया हुआ था. जैसे भृगु ने पाया वैसे ही अग्नि ने भी उसे पार्वती के साथ सहवास करते पाया. शिव ने भृगु को तो माफ कर दिया मगर जैसे ही उसका वीर्य सख्लित हुआ अग्नि पर डाल दिया. अग्नि ने वह वीर्य गंगा में डाल दिया. वहां नहा रही 6 वेश्याएं उस वीर्य सें गर्भवती हो गईं. सभी ने एक एक पुत्र को जन्म दिया. उन 6 बच्चों को मिला कर एक बच्चा बना दिया गया जिसके 12 हाथ, 12 पैर, 12 आंखें 6 सिर थे. इसका नाम कार्तिकेय रखा गया.

एक पल के लिए कल्पना करें कि यह सारी घटना आपकी आँखों के सामने घटी है. क्या ऐसी नीच हरकत करने वाले को भगवान कहा जा सकता है.

5. शिव ने अग्नि देव में मूंह में वीर्यपात किया (स मु 2.50) इस करतूत पर तो कुछ कहने को शब्द ही नहीं बचते. शायद वेश्यालयों या रण्डीखानों में भी ऐसी घटनाऐं नहीं होती होंगी जैसी ब्राह्मणिक देव करते थे.

सूर्य : आर्यों के सर्वाधिक लम्पट पुरुषों में सें एक सूर्य भी था. उसके द्वारा की गई करतूतें अपने आप में मिसाल हैं.

- सूर्य ने अनेक पराई औरतों सें तो बलात्कार, समागम व्यभिचार किया ही, उसने अपनी दुहिता/दोहित्री उशा को भी नहीं बख्शा. ऐतरीय ब्राह्मण सें यही स्पश्ट रूप में कहा गया है कि सूर्य ने अपनी दुहिता सें पत्नि वाले सम्बंध बनाये. (पं. 3 अंक 3 खण्ड 33)
- आदि पर्व (अध्याय 66) में सूर्य द्वारा घोड़ी सें मैथुन का वृतांत है. (राज.89)
- सूर्य की मुख्य भोग्या संज्ञा थी जिससें उसने यम, यमुना, दोनों अश्विनी तथा शनि को पैदा किया. सूर्य की एक अन्य भोग्या अथवा "पत्नि" थी भारती. (ऋग्वेद 3.62.3)
- सूर्य ने सुग्रीव, कर्ण तथा मनु को भी पैदा किया. यह तो शुक्र हुआ कि कर्ण को एक शूद्र ने पाल पोस कर बड़ा किया जिससें उसमें मानवता के कुछ तत्व पनप सके. वर्ना वह भी मनु जैसा हरामी बनता.

ऐसे होते थे सत्ययुग के ब्राह्मणिक भगवान : अपनी बेटी की बेटी तक को अपनी हवस का शिकार बनाने वाले!

वरुण : वरूण और मित्र देवों ने मिल कर राम के कुलगुरू वशिष्ठ को पैदा करने के लिए जो कारनामा किया उसका वृतांत ''वशिष्ठ'' में दिया गया है. एक दिन वरूण को दीर्घतमा की माँ पसन्द आ गई. जैसे ब्राह्मण ऋषि किसी भी मानव की माँ बहन को भोग सकते थे, देव किसी की प्राणी, चाहे वह ब्राह्मण ऋषि या राजा ही क्यों न हो, की माँ बहन को भोग सकते थे. अतः जब देव को ब्राह्मण ऋषि की माँ पसन्द आ गई तो उसे कौन रोक सकता था. वह उसकी माँ को उठा ले गया. जैसे राम ने हनुमान को दूत बना कर लंका भेजा था, वही रीत निभाते हुए दीर्घतमा के पिता उतथ्य ने नारद को दूत बना कर वरूण के पास भेजा. जैसे हनुमान खाली हाथ लौटा वैसे ही नारद भी खाली हाथ लौट आया. अंततः राम की तरह उतथ्य ने स्वयं सागर सुखा कर अपनी बीवी को वरुण की कैद सें आजाद करा कर वापिस ले आया.

उतथ्य की यह आपबीती लगभग राम की कहानी जैसी है. कुछेक अंतर हैं जैसे कि सीता के केस में महात्मा रावण को खलनायक घोषित कर दिया गया लेकिन वरूण आज भी देव है क्योंकि जहां महात्मा रावण ने बलि वाले यज्ञ बन्द करके ब्राह्मणों की सुरा, सुन्दरी और सम्पत्ति प्राप्ति की राह में रोड़ा अटकाया, वरूण ऐसे यज्ञों का देव और संरक्षक बना रहा. अन्य अंतर यह रहा कि रिहा करवाने के बाद उतथ्य ने अपनी बीवी को आग में नहीं झोंका. वैसे भी राम ने लंका–युद्ध कौन सा सीता के लिए किया था. उसने तो सीता के जन्म सें पहले ही महात्मा को कत्ल करने की योजना बना रखी थी.

अतः बाबा साहिब ने बिल्कुल सत्य कहा है कि आर्य समाज के लोग अपनी स्त्रियों (कुंआरी तथा विवाहित दोनों) पर देवों का अधिकार स्वीकार करते थे. देवों को किसी भी स्त्री के साथ कहीं भी यौन सम्बंध बनाने की छूट थी. यह सम्बंध बलात्कार, व्यभिचार या समागम किसी भी रूप में हो सकते थे.

वेंकटेश्वर : एक सर्वेक्षण के अनुसार तिरूपति के वेंकटेश्वर मंदिर में भारत में सबसें अधिक चढ़ावा आता है. लोग वहां इतना दान क्यों करते हैं इसके बारे में कथा है कि एक बार तिरूपति के वेंकटेश्वर का दिल कमल सें पैदा हुई कन्या पर आ गया. जैसे कि आम ही होता है लड़की पटाने के लिए धन की आवश्यकता होती है, उसे भी धन की आवश्यकता पड़ी अतः उसने कुबेर सें कर्ज ले लिया. उस कर्ज को वापिस करने के लिए लोग उसके मंदिर में चढ़ावा चढ़ाते हैं ताकि वेंकटेश्वर कर्ज मुक्त हो जाए.

कतनी अफसोस की बात है कि हिन्दू अपने तथाकथित देवताओं की ऐयाशी के लिए उधार लिए गए कर्ज की अदायगी के लिए चन्दा देते हैं और उस चन्दे के पैसे सें पुरोहित ऐयाशी करते हैं. (समु 9.269)

विष्णु : विष्णु को मेधज भी कहा जाता है. मेध का अर्थ है वह पशु जो यज्ञ में मारा जाना है. मेधज का अर्थ है वह प्राणी जिसके लिए पशु की बलि दी जाती है. (आप्टे) इस तरह विष्णु वह देवता था जिसके लिए यज्ञ में पशु मारे जाते थे. वेदकाल में विष्णु को इन्द्र सें छोटा यानि जूनियर माना जाता था. उसे उप-इन्द्र (उपेन्द्र) कहा जाता था. समय के साथ ब्राह्मणों ने पलटी खाई और इन्द्र को बाहर फैंक कर विष्णु को सबसें बड़ा भगवान बना दिया.

विष्णु ब्राह्मणों का ऐसा भगवान है जिसने उन्हें यह बताया कि दुश्मन को समाप्त करने के लिए औरत का प्रयोग कैसे किया जा सकता है. उससें पहले इन्द्र अपनी गद्दी बचाने के लिए ऋषियों को यदाकदा वेश्याएं सप्लाई करता ही रहता था. या काम पूरा कर देने पर राम जैसे लोग हनुमानों को तोहफे में लड़कियां भेंट करते ही रहते थे मगर जो विष्णु ने किया वह गुंडागर्दी की चरम सीमा थी.

भागवत में कथा है कि महाबलि जालंधर भारत देश के सम्राट थे जिनके नाम पर आज भी पंजाब में एक बड़ा शहर बसा हुआ है. उनके राज्य में सब ओर अमन चैन और शांति थी. स्त्री आधी रात को भी हीरे, मोती, सोने चांदी के गहने पहन कर कहीं भी अकेली जा सकती थी. उसे अपनी इज्जत अथवा गहनों की कोई चिंता न होती थी. कोई ब्राह्मण, कोई ऋषि, कोई देवता उसकी ओर आंख उठा कर देखने की हिम्मत नहीं कर सकता था. यह ब्राह्मणों का सत्ययुग न था कि ब्राह्मण ऋषि दीर्घतमा राह चलती किसी भी स्त्री की इज्जत पर हाथ डाले ले, केसरी की पत्नि अंजनि को कोई पवन देवता पकड़ कर बलात्कार कर ले और हनुमान पैदा कर दे. न ही उन के राज्य में ब्राह्मण–ऋषि होते थे जो गंगा में नहाती वेश्याओं को देख कर अपना गो–धर्म जगा लेते थे.

भागवत के अनुसार इस अमन शांति सें देवता परेशान हो उठे. उनकी मीटिंग हुई जहां यह प्रस्ताव आया कि अगर असुर सम्राट का शासन ऐसे ही चलता रहा तो लोग देवों को तो भूल ही जाएंगे. अतः यह फैसला किया गया कि सम्राट जालंधर की हत्या के उपाय सोचे जाएं. जैसे महाराज रावण की हत्या के लिए विष्णु ने अवतार लिया था वैसे ही इस बार भी यह हत्या करने की सुपारी उसे ही सौंपी गई.

विष्णु ने पता लगाया कि सम्राट जालंधर की धर्मपत्नि वृंदा उनकी सलाहकार हैं. उनकी सलाह पर ही वे इतने बड़े राज्य को संभाले हुए हैं. अतः माफिया सरगना की तरह विष्णु ने वृंदा को ही समाप्त करने का प्लान बनाया. एक रात जब महारानी वृंदा अकेली थीं तो विष्णु ने बलात्कार करके उनकी हत्या कर दी. जब सम्राट अपनी अर्धांगिनी के गम में डूबे हुए थे तो विष्णु ने उनकी भी हत्या कर दी. **दुनिया के इतिहास में यह पहली घटना थी जब एक गुंडे ने अपने विरोधी को हराने के लिए उसकी पत्नि सें बलात्कार किया हो. इस प्रकार विष्णु ने अपने गुंडे साथियों को अपने विरोधी को हराने की रामबाण दवा बताई.**

भागवत में यह कहानी लिखने वाला चाहे कोई भी रहा हो मगर उसने एक बात सही लिखी कि महारानी वृंदा ने बलात्कारी विष्णु का मूंह काला कर दिया. राम और कृष्ण इसी लिए काले पैदा हुए लगते हैं. समाज ने इस घटना को बुरी तरह सें लिया और आगे सें बलात्कारी का मूंह काला करने की परिपाटी बना दी तथा अवैध सम्बंधों के लिए "मूह काला करना" की लोकोक्ति भी बनाई गई.

दुश्मन को हराने के लिए औरत के प्रयोग की दूसरी घटना मोहिनी बन कर असुरों सें अमृत छीनने की है. इस घटना का वर्णन शिव के कारनामों में किया गया है. विष्णु काम वासना में इतना लिप्त रहता था कि कृष्ण के रूप में उसका एक अवतार तो मात्र ऐयाशी करने के लिए ही बना है.

5.3 ब्राह्मणवाद के ध्वज–वाहक : हरामी और नपुंसक नायक

<u>अरविंद घोष योगी</u> : वह एक ब्राह्मण था जिसकी फोटो नित्य संसद समाचार में बाबा साहिब अम्बेडकर के साथ दिखाई जाती है जबकि अरविंद के पूरे खानदान का भारतीय संविधान सें दूर दूर तक का रिश्ता भी नहीं है. जो कुछ अरविंद ने प्रचारित किया उसका भारतीय संसदीय व्यवस्था सें दूर का भी नाता नहीं है. जहां तक उसकी जीवन कथा का सम्बंध है 24 साल का होने पर सन् 1906 में उसने बंगाल विभाजन के विरूद्ध चल रहे आंदोलन में भाग लिया. 1908 में बम फैंकने के जुर्म में कैद की सजा हुई. जेल में घुसते ही उसकी देशभक्ति हवा हो गई. आंदोलन ही नहीं छोड़ा बल्कि देश छोड़कर ही भाग लिया. पांडिचेरी पहुंचा. रूप बदला. ब्राह्मण तो था ही सो उनके हथकण्डे अपनाने में कोई दिक्कत नहीं आई. आत्माओं को बुलाना, ब्रह्मा के दर्शन कराने का दावा, काली मन्त्र, योग आदि के ढकोसले अपना लिए. आश्रम बना लिया. कमाई होने लग गई. देश और देशभक्ति गए भाड़ में.! 1918 में बीवी मर गई लेकिन उसे देखने भी नहीं आया. डरता होगा या सरता होगा. ध्यान लगाने के चक्कर में एक दिन अफीम कुछ ज्यादा चढ़ा गया परन्तु बच गया. अंततः 1950 में गुर्दे फेल होने के कारण मर गया. देश के लिए उसने क्या किया कि उसकी फोटो बाबा साहिब के साथ दिखाई जाती है.

<u>अर्जुनः</u> अर्जुन के बारे में सभी को पता है कि वह पांडवों का बीचका भाई था. उसे महान यौद्धा बताया जाता है मगर उसकी हकीकत कुछ इस प्रकार सें थी.

~ उसकी माँ कुन्ती ने इन्द्र के साथ व्यभिचार करके उसे पैदा किया. इस पाप कर्म में अर्जुन का दोष यह रहा कि उसे नर का अवतार बताया जाता है. अवतार यानि जो अपनी मर्जी सें जन्म लेता है. अतः अर्जुन ने अपनी माँ को गैर मर्द सें दूषित कराके जन्म धारण किया.

~ द्रोपदी को उसकी पत्नि यानि अर्धाग्नि कहा जाता है मगर उसे जीत कर घर में घुसने सें पहले ही युधिष्ठर ने उसमें अपना तथा अपने भाईओं का हिस्सा डलवा लिया. जब बड़ा भाई होने का लाभ उठाते हुए युधिष्ठर ने द्रोपदी के साथ पहली सुहागरात मनाई तो अर्जुन ऐसा शांत रहा जैसे द्रोपदी मुफ़त का माल हो.

~ द्रोपदी पर भाईयों का कब्जा हो जाने पर, ब्राह्मणिक गो–धर्म का पालन करते हुए अर्जुन ने यहां वहां मूँह मारना शुरु कर दिया. शायद कृष्ण को उस पर तरस आ गया तभी उसने अपनी बहन सुभद्रा उसके हाथों उठवा दी. लेकिन उसने तो ब्राह्मणिक गो–धर्म का पालन करते ही रहना था, अतः मणिपुर की चित्रगंधा के वभ्रुवाहन पैदा कर दिया. फिर नागराज कौरण्य की पुत्री ऊलुपी सें इरावत पैदा कर दिया. (आदि पर्व 215)

~ सबसें बड़ी बात जो उसके बारे में कही जाती है वह यह है कि अर्जुन सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर यानि तीर चलाने में सबसें उत्तम खिलाड़ी था. इसीलिए भारत की ब्राह्मण सरकार ने उसके नाम पर "अर्जुन पुरस्कार" की स्थापना की है जो सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दिया जाता है. महावीर एकलव्य की धनुर्विद्या का कमाल देख कर तो अर्जुन और उसका गुरू द्रोण दोनों चकरा गए थे. तब अर्जुन की सहमति सें द्रोण ने महावीर एकलव्य का अंगूठा काट लिया ताकि वे तीर ही न चला सकें. **और अर्जुन को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित कर दिया गया.**

~ सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर महावीर एकलव्य को अपंग करने के बाद द्रोपदी को जीतने की प्रतियोगिता में अर्जुन को चुनौती दी उसी के माँजाए भाई कर्ण ने! लेकिन उसे भी शूद्र बता कर प्रतियोगिता सें बाहर कर दिया गया. इस प्रकार "सर्वश्रेष्ठ तीरअंदाज अर्जुन" द्रोपदी को जीतने में सफल कर दिया गया. ऐसे आदमी के नाम पर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का इनाम देना, धूर्तता ही है.

~ अर्जुन के बारे में सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर के अतिरिक्त यह भी दावा किया जाता है कि वह महान यौद्धा था. उसकी वीरता के अनेकों किस्से घढ़े गए हैं. सबसें बड़ा किस्सा उसके द्वारा कौरव पक्ष के समस्त वीरों को मारने का है. **जबकि सच्चई यही है कि उसने समस्त कौरव यौद्धा धोखे और कायरता सें मौत के घाट उतारे. एक भी यौद्धा ऐसा नहीं जो उसने आमने सामने लड़ कर मारा हो. कर्ण, भीष्म, दुर्योधन, द्रोण आदि सभी धोखे सें मारे गए. जैसे धोखे सें उसने सर्वश्रेष्ठ तीरअंदाज की डिग्री ली वैसे ही धोखे सें उसने अपने गुरू मामा चाचा ताया दादा की हत्या कर दी.**

~ महाभारत के बाद अर्जुन ने अश्वमेध यज्ञ किया. उसका घोड़ा वभ्रुवाहन ने पकड़ लिया. बाप बेटों में युद्ध हो गया. महाभारत के युद्ध में तो कृष्ण ने धोखधड़ी सें उसे जितवा दिया था तथा कुरुक्षेत्र के युद्ध में लड़ने वाली उसीके खानदान के नपुंसक "योद्धाओं की भीड़" थी. यहां वह आमने सामने लड़ा तथा सामने वाला मर्द था. एक मर्द सें लड़ते ही सच्चाई सामने आ गई. वभ्रुवाहन ने उसे मौत के घाट उतार दिया. बाद में उलूपि ने उसे बचा लिया.

~ जब एक दिन कृष्ण महावीर एकलव्य के बाण का निशाना बना और मारा गया तो सर्वश्रेष्ठ तीरअंदाज तथा महान यौद्धा की असलीयत सब के सामने आ गई. अर्जुन जब कृष्ण की लाश का अंतिम संस्कार करके उसकी बीवीयों, रखैलों तथा प्रेमिकाओं को लेकर जा रहा था कि कुछेक अहीरों और भीलों ने उसका रास्ता रोक लिया. **घूमती मछली की आँख में निशाना लगाने वाले तथा 18 अक्षोहिणी सेना को मार देने वाले "सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर" सें कुल 18 भीलों का निशाना नहीं लगा. वे कुछेक भील कृष्ण के कुनबे की सारी औरतों और लड़कियों को हांक ले गए. ऐसा वीर था अर्जुन!!**

भीम : महाभारत में भीम का पात्र अलादीन के चिराग के जिन्न जैसा है. अंतर मात्र इतना है कि जिन्न टोकरे भर भर कर माँस नहीं खाता था. न ही जिन्न अपने दुश्मनों की छाती तोड़ कर लहू पीता था. भीम को ऐयाश बाप का आवारापन खून में मिला था. जैसे बाप पवन ने गैरों की बीवियों सें अवैध सम्बंध बनाए, भीम ने भी हिडिम्बा नामक राक्षस कन्या के घटोत्कच पैदा किया तथा काशी की जलंधरा के सर्वज्ञ पैदा किया. (संस्कृति)

भीष्म : भीष्म गंगा का पुत्र था. गंगा ने बिना शादी किए ही कुंआरेपने में भीष्म को जन्म दिया था. (धर्म और समाज 202) पांडवों का पितामह यानि उनके बाप का बाप था. वास्तव में अपनी करतूतों में वह सबका बाप था. अतः उसे पितामह कहा गया जबकि उसके न कोई बेटा था और न कोई पोता था.

उसका असली नाम देवव्रत था. एक बार उसके बाप शांतनु का दिल सत्यवती पर आ गया. सत्यवती वही लड़की थी जिसके साथ बलात्कार करके पराशर ने व्यास पैदा किया था. वैसे तो स्मृतियों में शूद्र को देखना भी पाप करार दिया गया है और महाभारत में घनुर्विद्या सीखने वाले शूद्रों के अंगूठे काटने का भी विधान है लेकिन महाभारत की कहानी में टविस्ट लाने के लिए कथाकार ने किस्सा घढ़ा कि सत्यवती के मछुआरे बाप ने राजा के साथ अपनी बलात्कार की शिकार तथा कुंआरेपन में ही माँ बन चुकी बेटी की शादी राजा सें करने सें इंकार कर दिया.

राजा उदास होकर घर बैठ गया. बेटे भीष्म को जब अपने बाप की उदासी का पता लगा तो वह अपने बाप का रिश्ता लेकर सत्यवती के बाप के पास गया. शर्त तय हुई कि सत्यवती की कोख सें पैदा बालक ही गद्दी पर बैठेगा और यहां तक कि भीष्म की औलाद भी गद्दी पर दावा नहीं करेगी. भीष्म बोला वह बच्चे ही पैदा नहीं करेगा. **बस उसकी बच्चे पैदा न करने की प्रतिज्ञा करते ही आर्य जगत में भूचाल आ गया. आर्य होकर स्त्री सें दूर रहेगा, ऐसा कोई सोच भी नहीं सकता था. बस उसका नाम भीष्म रख दिया गया.**

भीष्म ने प्रतिज्ञा तो कर ली मगर अपने नपुंसक भाई विचित्रवीर्य के लिए अंबा अंबिका अंबालिका को उठा कर ले आया. इसी प्रथा का निर्वाह करता हुआ उसका पोता अर्जुन कृष्ण की बहन सुभद्रा को उठा लाया.

भीष्म सारी उम्र दुर्योधन का नमक खाता रहा मगर

युद्धिष्ठर : ब्राह्मणधर्म में युद्धिष्ठर को सबसें बड़ा सत्यवाचक, धर्मात्मा, पुण्यात्मा बताया गया है. उसे धर्म का अवतार बताया जाता है. उस के मूंह सें निकला हर शब्द धर्म का स्वरूप बताया गया है. ब्राह्मणों द्वारा की जाने वाली कथाएं सुन कर, टी वी रेड़ियो पर उसकी कथाएं देख कर तथा पाठ्य पुस्तकों में उसका चित्रण पढ़ कर

ऐसा लगता है कि उससें बढ़ कर भला आदमी न कभी हुआ न कभी हो सकेगा. लेकिन ब्राह्मण–ग्रन्थों में जो उसके कारनामे लिखे गए हैं, उन्हें देखते हुए एक प्रसिद्ध राजस्थानी लोकोक्ति उस पर पूरी फिट बैठती है कि **गधे को गोरख नाथ कहा गया है.**

महाभारत में वर्णित घटनाओं सें उसके चरित्र की निम्न खूबियां सामने आती हैं :

1. पहली यह कि युद्धिष्ठर **हद दर्जे का जुआरी** था. भूतो न भविष्यति. उसके जैसा जुआरी न कभी हुआ न कभी होगा. दुनिया के किसी और धर्म में ऐसी मिसाल नहीं मिलती जहां उनके आदर्श पुरुष ने जूए में अपने छोटे भाई की पत्नि दांव पर लगाई हो. या दूसरे ढंग से कहा जाए तो विश्व में ब्राह्मण–धर्म ही मात्र ऐसा सिस्टम है जहां अपने छोटे भाई की पत्नि को जूए में हारने वाले को धर्मात्मा कहा जाता है. वह इस हद तक जूए का आदी था कि जब उसे दुर्योधन सें जूए का न्योता मिला तो उसकी माँ सहित सभी सम्बंधियों ने उसे जूआ खेलने सें मना किया. माँ की बात मान कर वह द्रोपदी को भोगने को तो तैयार हो गया मगर उसी माँ, तथा दादा के रोकने पर भी वह जूआ खेलने सें बाज न आया.

उसने जूआ खेला. दांव पर दांव लगाए. पहले अपनी सम्पत्ति हारा, फिर अपने भाईयों को हारा और अंत में छोटे भाई की पत्नि को भी हार गया. **बस एक चीज की कसर रह गई कि वह अपनी माँ कुन्ती को दांव पर लगाना भूल गया.** दुर्योधन ने फिर भी अपनापन दिखाया. उसने उसे सारा धन लौटा दिया. जुआरी की जेब में फिर सें धन आ गया तो वह क्यूंकर टिकता. उसने फिर जूआ खेला. फिर सब कुछ हार गया. यहां तक कि राज्य में रहने का अधिकार और अपनी आजादी भी हार गया. लेकिन जूए में हारने के बाद भी युद्धिष्ठर ने राज्य में हिस्सा मांगा. उसका राज्य में हिस्सा मांगना नाजायज ही नहीं बल्कि बेशर्मी की हद पार करने समान थी. दुर्योधन ने एक बार फिर अपनापन दिखाया. उसने पांचों भाईयों और द्रोपदी को अपनी गुलामी सें आजाद कर दिया.

हम सब जानते हैं कि दशरथ ने कैकेयी सें इस शर्त पर शादी की थी कि उसके गर्भ सें उत्पन पुत्र ही राजगद्दी पर बैठेगा. जब राम ने धोखे सें गद्दी हथियानी चाही तो कैकेयी ने अपने बेटे के लिए उसका हक मांगा और धोखेबाज राम के लिए देश निकाला मांगा तो इस बात पर चिल्लपों मचाई जाती है लेकिन जब युद्धिष्ठर ने सबको देश निकाला करवा दिया तो भी उसे धर्म–पुत्र ही कहा जाता है. वन पर्व (34.3) के अनुसार युद्धिष्ठर ने दुर्योधन का राज्य और उसका राजपद छीनने के लिए ही जूए का दांव खेला था मगर हो उलटा गया. वह अपना भी सब कुछ हार गया.

द्रोपदी ने आपत्ति उठाई कि जब युद्धिष्ठर पहले ही अपने को हार चुका था तो वह उसे कैसे दांव पर लगा सकता है. आर्यों के लिए यह उनके धर्म का प्रश्न था. **किसी ने यह नहीं पूछा कि छोटे भाई की पत्नि को दांव पर लगाने का अनैतिक व पापपूर्ण कार्य युद्धिष्ठर ने क्यों किया**. उस पूरी सभा में सें एक भी प्राणी, भीष्म हो या विदुर, यह नहीं बोला कि तथाकथित धर्मपुत्र युद्धिष्ठर ने पाप किया है. और बेचारी द्रोपदी की त्रास्दी देखिए जिस आदमी के विरूद्ध उसने आपत्ति उठाई उसी को इस प्रश्न पर निर्णय करने को कहा गया. चोरी के केस में चोर को ही जज बना दिया गया. अतः जो उत्तर एक शातिर चोर देता वही उत्तर युद्धिष्ठर ने दिया. वह बोला धर्म का रहस्य अति गूढ़ है. इस लिए इस प्रश्न का उत्तर नहीं दिया जा सकता.

होना तो यह चाहिए था कि ऐसे **पापी जुआरी का काला मूंह करके, गले में जूतों की माला डाल कर, गधे** पर उलटा बैठा कर, पूरे नगर का चक्कर कटवाया जाना चाहिए था ताकि फिर कोई ऐसा पाप करने की हिम्मत न करता. लेकिन ब्राह्मणों के लिए तो जूआ खेलना और छोटे भाई की पत्नि को हारना धर्म की बात थी. इसी काम के लिए ही तो उनका भगवान बार बार जन्म लेता है. पाप या अधर्म का अन्त करने के लिए जन्म लेता तो सन 47 में जन्म लेता जब लाखों बच्चे बूढे औरतें दरिंदगी के शिकार बने. या सन 82–92 में जन्म लेता जब पंजाब में हजारों मासूमों का कत्लेआम हुआ या फिर सन 84 में जन्म लेता जब हजारों बेगुनाह सिख मार दिए गए या फिर 2002 में जन्म लेता जब गुजरात में बीजेपी ने हजारों मासूमों को मार डाला. मगर वह तो जुआरियों हत्यारों को बचाने के लिए ही जन्म लेता है. अगर महा–भारत की कथा सच्ची है तो युद्धिश्ठर के इस पाप कर्म की वजह सें लाखों लोगों की जानें गईं.

2. दूसरी यह कि वह हद दर्जे का **लम्पट कामी** पुरुष था. इस मामले में युद्धिष्ठर गिद्ध की तरह था. जैसे गिद्ध स्वयं शिकार नहीं कर सकता और वह केवल मरे हुए या लाचार प्राणियों को ही अपना भोजन बनाता है वैसे ही युद्धिष्ठर ने लाचार द्रोपदी को अपना शिकार बनाया. इस घिनौने काम में उसकी चरित्रहीना माँ ने बखूबी साथ निभाया. कुन्ती को डर था कि कहीं उसकी बहू उसे अनेकों की भोग्या होने का ताना न दे दे इसलिए उसने उसका पहले ही इलाज कर दिया.

जब अर्जुन ने द्रोपदी को दांव में जीत लिया तो उसका रूप लावण्य देख कर धर्म–पुत्र युद्धिष्ठर का मन डोल गया. उसने मक्कारी सें छोटे भाई की पत्नि द्रोपदी सें यौन सम्बंध बनाने की साजिश गढ़ी. कथा है कि पांडव द्रोपदी को जीत कर घर पहुंचे. युद्धिष्ठर बोला माँ हम एक चीज लाए हैं कुन्ती बोली बांट कर लेना.

युद्धिष्ठर को मनोवांछित उत्तर मिल गया. उसने तुरंत व्याख्या दे डाली कि माँ का आदेश भगवान सें भी बढ़कर है. उसे हर हाल में मानना चाहिए. अतः द्रोपदी सब की पत्नि बन कर रहेगी.

कुन्ती ने जो उत्तर दिया उसकी सीधी सी बात अपने स्वार्थ के अनुसार ढाल ली. और वह बोला माँ तो भगवान सें भी बढ़कर होती है. चाहे गलती सें ही दिया गया हो उसका आदेश टाला नहीं जा सकता. लेकिन जब वह जूआ खेलने बैठा तो कुन्ती सचमुच उसके आगे रोई गिड़गिड़ायी कि जूआ मत खेलो. उसकी दूसरी माँ गंधारी भी रोई गिड़गिड़ाई. उसका दादा भीष्म भी चीखा चिलाया लेकिन अपनी जूए की लत पूरी करने के लिये उसने "भगवान सें भी बढ़कर माँ" को दरकिनार कर दिया. तब वह नहीं बोला कि माँ का आदेश तो भगवान सें भी बढ़कर है. (सभापर्व 76.20)

ऐसे ही मक्कार लोगों को धर्म–पुत्र कहते हैं ब्राह्मण–धर्म के प्रवर्तक. उसकी साजिश सफल हुई. अपनी धूर्ततापूर्ण बुद्धि की बदोलत द्रोपदी के साथ पहली सुहागरात भी उसी ने ही मनाई. युद्धिष्ठर की लम्पटता के कारण द्रोपदी को विशालकाय भीम और टुच्चु से नकुल सहदेव की भोग्या भी बनना पड़ा.

3. तीसरा यह कि वह हद दर्जे का **झूठा ही नहीं बल्कि मक्कारी भरा झूठा** था. आम आदमी झूठ बोलता है तो अपना बचाव करने के लिए बोलता है लेकिन युद्धिष्ठर ने जब भी झूठ बोला तो दूसरों का नुक्सान करने के लिए ही झूठ बोला. उदाहरणतः द्रोपदी को पाने के लिए उसने अपनी माँ सें झूठ बोला कि वह कोई चीज लेकर आये है. द्रोपदी कभी भी "चीज" नहीं थी. अश्वत्थामा के मरने की झूठी खबर भी उसने अपने गुरू द्रोण को मारने के लिए बोला. और तो और बनवास में जब पांडव अज्ञातवास करने के लिये विराट के दरबार में पहुंचे तो भी युद्धिष्ठर ने स्वयं को ब्राह्मण बता कर झूठ बोला.

4. वह अत्यंत चालाक, चरित्रहीन और धोखेबाज था. द्रोण को मारना था तो वह शंख की पों पों में बोला कि अश्वत्थामा मर गया. जब उसका मन द्रोपदी पर डोल गया तो उसने अपनी माँ कुन्ती सें द्रोपदी को जीतने की बात इस प्रकार सें बताई कि उसकी माँ से उसे मन चाहा उत्तर मिले. उसने अपनी माँ सें कहा कि वे कोई चीज लेकर आये हैं. शातिर युद्धिष्ठर को पता था कि ऐसी बातों पर हर माँ यही कहती है कि बांट कर लेना.

ऐसे में मन में एक स्वाभाविक प्रश्न उठता है कि युद्धिष्ठर को क्यों महान कहा गया? क्यों उसे "धर्मपुत्र" कहा गया? इसका सीधा सा उत्तर तो यही है कि ब्राह्मण अति दर्जे के लम्पट होते थे. अतः जो ऐसे कामों में उनका "गूरू" था उसे तो महान बताना ही था. दूसरी बात यह थी कि युद्धिष्ठर शातिर गुंडे की तरह था. वह अकेला माल नहीं हड़पता था बल्कि ब्राह्मणों को उनका पूरा हिस्सा देता था. और यह तो कहने की बात ही नहीं हैं कि दक्षिणा देकर ब्राह्मण सें कुछ भी करवाया जा सकता है.

युद्धिष्ठर ने समय समय पर अश्वमेध यज्ञ किए जिससें ब्राह्मणों को न केवल भरपेट दारू मीट मिला बल्कि द्रोपदी तक भोगने को मिली. (देखें यजुर्वेद में यज्ञ की विधि) जब युद्धिष्ठर ने यज्ञ किया तो हर ब्राह्मण को 30–30 दासियां सेवा करने के लिए दीं. ब्राह्मण को तो तीस टक्के मिल जाएं तो वह अपने स्वामी के बच्चे दीवार में चिनवाने को तैयार हो जाता है. 30 जवान दासियां दान देने वाले ऐसे दानी को कौन "व्यास" नहीं धर्मपुत्र कहेगा!! युद्धिष्ठर को सैंकड़ों जवान दासियां तो कृष्ण ने दीं थीं चौदह हजार द्रुपद लेकर आया था. सौ सौ दासियां उसने द्रोपदी जीतने पर अलग सें दी थीं. (आर्यनीति 38) अतः उसने आगे सप्लाई कर दीं.

जिस धर्म में ऐसे नीच जुआरियों और ऐयाशों को धर्म पुत्र कहा जाए उससें नीच धर्म और कौन सा होगा!!

<u>**दशरथ**</u> : अंग्रेजी भाषा में कहा जाए तो दशरथ एक "Typical Perfect Arya" यानि उदाहरणीय पक्का आर्य था. वह अपने खानदानीय आर्यों की तरह नपुंसक था. उसने भी अपनी रघुकुल रीत का पालन करते हुए नियोग द्वारा अपना वंश आगे बढ़ाया. उसने भी अपने अयोध्या कसबे में सोने समान वेश्यायें पालीं. उसने आर्य राजाओं की तरह ब्राह्मणों को दान दिया और अपनी स्तुति लिखवाई. उसके पास केवल सुमन्त नाम का एक नौकर था जो उसका महामंत्री भी था, उसका रथवान भी था रसोइया भी था. वह अकेला सब कुछ था. मगर ब्राह्मणों ने उससें धन और स्त्रियों का दान लेकर उसे चक्रवर्ती राजा लिख मारा.

औरों की तो छोड़ो यहां तक कि उसके पड़ोस की मिथिला नगरी के राजा जनक ने जब सीता को दांव पर लगाया कि जो भी धनुष उठाएगा सीता उसे दे दी जाएगी. उस समय भी जनक ने सभी राजाओं को बुलाया लेकिन दशरथ को टोका तक नहीं. **सीता को जीतने के लिए जनक ने महात्मा रावण को तो न्योता दे दिया लेकिन दशरथ को न बुलाया. बस इतना बड़ा चक्रवर्ती राजा राजा था दशरथ.**

और तो और वह बेटों सें धोखा करने में भी पक्का आर्य था. **आर्य समाजी बाप की रीत निभाते हुए उसने अपने एक बेटे का जायज हक मार कर दूसरे बेटे को नाजायज फायदा देने के लिए अपने ही बेटे के साथ धोखा किया.** सभी जानते हैं कि दशरथ ने कैकेयी सें शादी करते समय वचन दिया था कि उसकी कोख सें पैदा पुत्र ही गद्दी पर बैठेगा. लेकिन दशरथ ने अपना वचन तोड़ते हुए कैकेयी के पुत्र भरत को ननिहाल भेज दिया तथा पीछे

सें गुपचुप राम को गद्दी सौंपने की साजिश की. राम और दसरथ दोनों जानते थे कि गद्दी का असली हकदार भरत ही है मगर दोनों ने अपना आर्यक हरामीपना दिखाया.

दशरथ ने अपनी रघुकुल की आर्य रीत निभाते हुए अपनी रानियों के बच्चे पैदा करने का काम अपने जवांई अथवा जमाता ऋश्यश्रृंग को सौंपा. ऋश्यश्रृंग भी आर्यपने में कम नहीं था. वह भी जंगल में सें वेश्याओं के साथ बाहर आया था और फिर बिना रिश्ते की परवाह किए अपनी सासों को गर्भवती कर गया. इसी बात पर कबीर साहेब ने साखी कहीः देखो लोगो राम की सगाइ! हम बहनोई, राम हमारा साला!! हमहि बाप, राम पुत हमारा !!!
अर्थात राम का सगापाना देखो. जो राम का बहनोई है वही उसका बाप भी है!

कौटिल्य : उसको ब्राह्मण बताया जाता है जिसने नन्द वंश (शूद्र वंश) के विरूद्ध बगावत की तथा उसे नष्ट कर दिया. इस काम में उसने एक अन्य शूद्र का सहयोग लिया जिसका नाम था चन्द्रगुप्त मौर्य. यह अमान्य सी बात है कि कोई ब्राह्मण एक शूद्र कुल का नाश करने के लिए दूसरे शूद्र का सहयोग ले तथा फिर उस शूद्र को राजा बना कर स्वयं उसके अधीन नौकरी करे!!

भारतीय इतिहास की यह एक अति महत्वपूर्ण घटना है कि ब्राह्मण होते हुए भी कौटिल्य ने स्वयं हथियार नहीं उठाए बल्कि एक शूद कुल का राज्य नष्ट करके दूसरे शूद्र को राजा बनाया और फिर स्वयं उसके अधीन नौकर बन कर रहा.

तो इसका अर्थ यह हुआ कि उस समय तक ब्राह्मणों ने हथियार उठाना शुरू नहीं किया था. महाभारत की कहानी बाद में घढ़ी गई जिसमें एक ब्राह्मण (द्रोण) को हथियार चलाने का अध्यापक दिखाया गया है. **इससें महत्पपूर्ण यह तथ्य भी है कि परशुराम की कथा बाद में घढ़ी गई** जिसने ब्राह्मण होते हुए भी हथियार उठाए और क्षत्रियों का समूल नाश कर दिया.

☞ **वास्तव में शूद्र (चन्द्रगुप्त मौर्य) को नीचा दिखाने तथा ब्राह्मण को ऊँचा दिखाने के लिए कौटिल्य के ब्राह्मण होने की कहानी घढ़ी गई. अगर कौटिल्य ब्राह्मण होता तो वह कभी भी शूद्र चन्द्रगुप्त की सहायता नहीं करता. और एक शूद्र कुल को नष्ट करके उसी कुल के दूसरे व्यक्ति को वह कभी राजा बनने नहीं देता.**

☞ **इसका अर्थ यह हुआ कि या तो कौटिल्य नाम का प्राणी हुआ ही नहीं. अगर वह हुआ भी था तो वह भी किसी दलित परिवार सें ही था. ब्राह्मणों की यह सनातन नीति रही है कि जो भी ढंग का व्यक्ति होता है उसे वे ब्राह्मण घोषित कर देते हैं. कबीर साहेब को उन्होंने विधवा ब्राह्मणी की नाजायज औलाद घाषित कर दिया, रैदास साहेब को पिछले जन्म का ब्राह्मण शोषित कर दिया. इतिहासकार कल्हण, लेखक कालिदास व बाण भट्ट, वैज्ञानिक आर्यभट्ट जैसों को वे पहले ही ब्राह्मण घोषित कर चुके हैं.**

भारत के इतिहास में मात्र एक बार ऐसा हुआ है जब किसी विदेशी हमलावर को हार का मूंह देखना पड़ा था और वह अवसर था शूद्र चन्द्रगुप्त के हाथों सेल्यूकस की हार! इससें पहले सिकन्दर ने पूरा विश्व जीता मगर वह भी सम्राट नन्द के राज्य में घुसने की हिम्मत नहीं कर पाया. वह केवल आम्भी और पौरस जैसे क्षत्रिय रजवाड़ों को हरा कर ही लौट गया. **भारत का कोई क्षत्रिय राजा कभी किसी भी विदेशी हमलावर सें जीत नहीं पाया.** वे तो सिर्फ दलितों शोषितों का खून चूसने में ही अपनी बहादुरी दिखाते रहे!! या फिर अकबर जैसों को अपनी बहन बेटियां सप्लाई करके राजा बनते रहे.

सम्राट चन्द्रगुप्त की रगों में बहादुर शूद्र सम्राट नन्द का खून दौड़ रहा था. उन्हें अपनी बहादुरी दिखाने के लिए किसी ब्राह्मण की सहायता दरकार न थी. अतः कौटिल्य का किस्सा व्यर्थ में घढ़ा गया.

राजा राम मोहन राय : मोहन राय ब्राह्मणवादियों द्वारा समाज सुधार करने के ढकोसले की एक सटीक उदाहरण है. वह एक ब्राह्मण था. तुलसी की जात का कट्टर ब्राह्मण! उसने कभी अपनी पत्नि के हाथ का बना खाना नहीं खाया क्योंकि उसकी नजर में 'ढोल, गंवार, पशु, शूद्र अर नारी' मात्र मारने पीटने के लिए ही होते हैं. अतः वह मानता था कि जैसे शूद्र के हाथ सें बना भोजन खाना पाप है उसी तरह स्त्री के हाथ बना भोजन खाना भी पाप है. इसलिए वह केवल ब्राह्मण रसोइये द्वारा बना भोजन ही खाता था. माँ का दूध भी उसने मजबूरी में ही पिया होगा या वह भी किसी ब्राह्मण रसोइये सें ही पिया, कहीं जिक्र नहीं मिलता!

ऐसे आदमी को समाज सुधारक कहा जाता है. स्कूलों कॉलेजों में उसके पाठ पढ़ाये जाते हैं कि उसने सती प्रथा के विरूद्ध आवाज उठाई. सती प्रथा के बदले में उसने जो समाधान बताया वह सती होने सें भी बुरा था. उसने बाल विधवाओं का विवाह अधेड़ उम्र के लोगों सें करने की बात कही. इसी नियम के तहत उसने स्वयं अधेड़ उम्र (लगभग 50साल की उम्र) में एक छः सात साल की विधवा बालिका सें विवाह किया. नतीजा बेचारी फिर सें विधवा हो गई.

रामानन्द : रामानन्द एक ऐसा ब्राह्मण पात्र है जिसे हर दलित सन्त का गुरू बता दिया जाता है जबकि उसने कोई सन्त सरीखा आचरण ही नहीं किया जिससें उसे सन्त भी कहा जा सके. लगभग 500 साल पहले भारत के दलित सन्तों ने ब्राह्मणवाद के विरूद्ध आंदोलन चलाया. उस आंदोलन के विरूद्ध ब्राह्मणों को कोई हल नहीं सूझा तो उन्होंने यह बात फैलाना शुरू कर दी कि उस समय के तमाम दलित वर्ग के सन्त रामानन्द नामक ब्राह्मण के शिष्य थे. जबकि सच्चाई यह है कि तमाम दलित सन्त उसी सत्ता या विचारधारा के विरुद्ध आवाज उठा रहे थे जिस के सिंहासन पर रामानन्द विराजमान था.

अतः रामानन्द को दलित सन्तों का गुरु बताना वैसा ही है जैसे किसी गुंडे को उन लोगों का गुरु बताना जो उसकी गुंडागर्दी के विरुद्ध आवाज उठा रहे हों.

वास्तविक्ता यह है कि रामानन्द कट्टर ब्राह्मणवादी था. वह दलितों, मुस्लमानों सें सीधे बात भी नहीं करता था बल्कि उनसें बात करते समय बीच में पर्दा लटका देता था कि कहीं उनको देखने सें वह अपवित्र न हो जाए. (राधा स्वामी कृत ''सन्त कबीर'')

इसके विपरीत कबीर साहिब ब्राह्मण रामानन्द के कट्टर विरोधी थे, सीना ठोक कर कहने वाले :

तू अगर बामण बामणी जाया तो आन बाट क्यों नहीं आया!!

अर्थात तू अगर ब्राह्मणी के घर जन्म लेने के आधार पर ब्राह्मण है तो तूझे माँ के गर्भ सें पैदा होने की बजाए अन्य रास्ते सें जन्म लेना चाहिए था.

रैदास साहेब ने कहाः

रैदास ब्राह्मण न पूजिए जो होवे गुणहीन, पूजै चरण चंडाल के जो हो प्रवीण!!

अर्थात गुणों के आधार पर ही किसी को बड़ा या छोटा माना जाना चाहिए. जन्म के कारण ब्राह्मण को ऊंचा नहीं माना जाना चाहिए. गुणवान चंडाल भी पूजनीय है.

रामानन्द को ऐसा कहने पर भी अगर कोई दलित सन्तों को उस ब्राह्मण का चेला बताए तो यह तो उस व्यक्ति की धूर्तता ही है. रामानन्द वास्तव में घमण्डी ब्राह्मण था. एक बार उसका सामना गुरू कबीर सें हो गया. जब उसने कबीर साहेब सें बहस की तो उसे अहसास हुआ कि इतनी उम्र उसने व्यर्थ में ही गंवा दी है. कबीर साहेब सें श्रमण धर्म का ज्ञान लेकर वह उनका शिष्य बन गया. गुरु ग्रन्थ साहेब में उसका एक पद है जिसमें उसने इस बात को स्वीकार किया है कि गुरु कबीर ने उसे सम्यक मार्ग दिखाया है. उन्हें अपना गुरू स्वीकार करने के बाद वह गुरू रैदास सें मिला और उनके चरणों में लौट गया.

अतः यह ब्राह्मणिक लेखकों की धूर्तता ही है कि वे रामानन्द को दलित गुरुओं का गुरू बताते हैं.

5.4 : ब्राह्मण–धर्म की देवियां भी कम नहीं

ऐसा नहीं कि ब्राह्मण–धर्म के मात्र देवता, ऋषि व नायक ही कुकर्मी होते थे. कुकर्म करने में उनकी देवियां भी किसी सें कम नहीं थीं. केवल पुरुष वर्ग का ही खताना ऊत नहीं था देवियां भी काजल की कोठरी में सभी काली थीं. जैसे आर्य पुरुष लम्पट होते थे तथा यहां वहां मूँह मारते फिरते थे, अपनी बहन बेटी का भी लिहाज नहीं करते थे वैसे ही उनकी स्त्रियां होती थी. वे भी किसी का लिहाज नहीं करती थीं. इधर उधर मूँह मारने सें उनके जो बच्चे पैदा हो जाते थे उन्हें वे यूं ही फैंक जाया करती थीं. सीता, शकुन्तला आदि इस की प्रमुख उदाहरण हैं. (राजवाड़े पृ 80)

उर्वशी : उसे ब्राह्मणों के भगवान नारायण की सन्तान बताया जाता है जिसे उसने अपनी जांघ सें पैदा किया था. यह अजीब सी बात है कि उनके भगवान द्वारा पैदा करने के बावजूद वह वेश्या बनी. कृष्ण तथा अर्जुन को क्रमशः नारायण और नर का अवतार बताया जाता है. इस प्रकार नारायण अर्थात कृष्ण की बेटी थी वेश्या उर्वशी. (संस्कृति)

एक बार इन्द्र की महफिल में नाचते हुए उसकी नजर अर्जुन के पड़दादा पुरुरवा पर पड़ गई. इन्द्र की महफिल बिगड़ गई. उसे पुरुरवा के साथ भेज दिया गया. दोनों ने पुरु वंश पैदा कर दिया. इस प्रकार रिश्ते में वह अर्जुन की पड़दादी लगती थी. लेकिन जैसे उसके अवतारी बाप ने अपनी मामी राधा नही बख्शी, उसने अपने

पड़पोते अर्जुन को पकड़ लिया. अर्जुन ने अपनी पड़दादी की वासना शांत नहीं की तो उसने अर्जुन को श्राप दे दिया कि वह स्त्री सें सम्बंध बनाने के काबिल ही न रहे. अतः अर्जुन एक साल तक हिजड़ा बन गया. (आप्टे)

ऐसी नीच औरत के नाम पर ब्राह्मणधर्म के चार धामों में सें एक बद्रीधाम पर उसका तालाब बनाया गया है (संस्कृति 149) जहां नहाने सें कहते हैं सारे पाप धुल जाते हैं. ऐसी ब्राह्मणिक देवी है उर्वशी!

देव पत्नियां : ब्राह्मणधर्मी देवियां किसी सें संकोच नहीं करतीं थीं अर्थात अपना 'काम' चोरी छिपे पूरा नहीं करती थीं बल्कि सबके सामने, सीना तान कर करतीं थीं. जब सीता लंका में थी और राम विरह में तड़प रहा था तो देवों की पत्नियां उसकी वासना की आग बुझाने उसके पास आईं. राम ने कहा अगले जन्म में आप सब की वासना शांत करूंगा. अगले जन्म में वे देव पत्नियां गोपियां बन कर पैदा हुई और राम ने कृष्ण के रूप में जन्म लिया. उन्होने मिल कर जो व्यभिचार की होली खेली उसके आगे आज के पश्चिम के नाईट कल्ब भी फीके पड़ जाते हैं.

कितनी आश्चर्य की बात है देवों की पत्नियां तो पतियों के होते हुए भी गैर मर्द सें व्यभिचार करने जाएं तो भी पूजनीय हैं. शरूपनखा कुआंरी होते हुए भी शादी का प्रस्ताव रखे तो उनके नाक और कान काट दिए गए. नाक कटवाने का काम तो देव पत्नियों ने किया था. लेकिन राम और देव पत्नियां एक ही 'खानदान' सें थे जहां व्यभिचार उनका मूल अधिकार था, जीवन था. उनके नाक कान वह क्यों काटता!

अहिल्या : अहिल्या ब्राह्मण ऋषि गौतम की पत्नि थी. देखने में सुन्दर थी. एक दिन इन्द्र की नजर उस पर पड़ गई. ब्राह्मणों के देवताओं का तो काम यही था कि जहां सुन्दर नारी देखी वहीं पसर गए. फिर उनके राजा ने तो ऐसा करना ही था. एक दिन जब ऋषि घर पर नहीं था इन्द्र अहिल्या के पास जा पहुंचा. उसने अहिल्या के हर अंग की तारीफ की जैसे ब्राह्मण वेश में महात्मा रावण ने सीता की तारीफ की थी. अंतर केवल इतना रहा कि महात्मा रावण ने सीता सें काम याचना नहीं की. इन्द्र ने अहिल्या सें काम याचना की. आर्य नारियां कौन सी इस काम में कम थीं, उसने तुरन्त हामी भर दी. दोनों ने अपनी वासना का जी खोल कर खेल खेला. इन्द्र खुश होकर जाने लगा कि इतने में ब्राह्मण ऋषि गौतम आ गया. पता नहीं क्यों वह इन दोनों के गो–धर्म सें वह नाराज हो गया. उसने इन्द्र के अण्डकोश गिरा दिए तथा अहिल्या का अन्न जल बन्द कर दिया. (बाल कांड 48)

गंगा : एक तो गंगा नदी है जो हिमालय सें निकल कर बंगाल की खाड़ी में पहुंच कर सागर में समा जाती है. यह गंगा नदी सदियों सें भारत के खेतों को अपने पानी सें सींचती आ रही है. भारत की अधिकतर आबादी को अन्न जल प्रदान करती रही है इसलिए श्रद्धा सें लोग इसे गंगा–माँ कह कर बुलाते हैं. अपनी ऐयाशी को धर्म का नाम देने के लिए ब्राह्मणों ने इसी गंगा के नाम पर एक ऐसी गंगा की रचना भी कर डाली जो किसी भी लिहाज सें गंगा माँ कहलाने के योग्य नहीं है. उसने वे सब कुकर्म किये जो अन्य आर्य नारियां करती थी.

ब्राह्मण–ग्रन्थों (हरि.27) में गंगा के नाम पर जो कथाएं रची गईं हैं उनमें सें एक इस तरह सें है (राज.73) कि गंगा स्वर्ग में रहती थी. वह धरती पर आई. एक दिन वासना सें भर कर वह सज धज कर निकली. हरिद्वार में प्रतीप नामक राजा की जांघ पर जा बैठी और उससें बोली,''राजन मैं आपको चाहती हूँ. आप मुझे स्वीकार करें. काम वासना सें भरी स्त्री अगर संभोग के लिए प्रार्थना करे तो उसे इन्कार नहीं करना चाहिए क्यों कि ऐसी स्त्री का त्याग साधुओं द्वारा निंदित करार दिया गया है."
प्रतीप बोला,"मैं अपने ही वर्ण की कामातुर स्त्री के अतिरिक्त किसी और सें समागम नहीं करता क्यों कि यह धर्म के विरूद्ध है."
गंगा बोली, "मैं सुन्दर हूँ आप पर आसक्त हूँ कामातुर हूँ संभोग के योग्य हूँ. इसलिए आप मुझ सें संभोग करें."
प्रतीप बोला, "धर्म के अनुसार जो स्त्री बांई जांघ पर बैठे वह भोग्या होती है, जो दांई जांघ पर बैठे वह पुत्री समान होती है. तुम मेरी दाहिनी जांघ पर बैठी हो. इसलिए मेरी पुत्री या पुत्रवधु के समान हो. अगर बांई जांघ पर बैठती तो तुम्हारी काम याचना अवश्य पूर्ण करता. इसलिए अगर इस स्थिति में तुम सें भोग करूंगा तो धर्म का उल्लंघन होगा. अगर तुम मानो तो तुम्हें अपने पुत्र शांतनु के लिए ले चलता हूँ."
गंगा बोली," ठीक है राजन, मैं उससें ही संभोग युक्त हो जाऊंगी"

इस तरह गंगा का शांतनु सें समागम हुआ. उसने शांतनु सें इस शर्त पर समागम किया कि वह उससें कुछ भी नहीं बोलेगा. गंगा ने सात पुत्रों को जन्म दिया और सभी को गंगा नदी में बहा दिया. आठवें पुत्र को जन्म देकर जब वह उसे भी गंगा नदी में बहाने लगी तो शांतनु ने उससें इसका कारण पूछा. शर्त का उल्लंघन होने के कारण गंगा उसे छोड़ कर चली गई.

इस कथा सें निम्न बातें स्पष्ट होती हैं:

1. कि ब्राह्मण–धर्म के देवता और नायक ही आवारा नहीं होते थे उनकी देवियां और नायिकाएं भी कम आवारा नहीं होती थीं.

2. कि जिस तरह उनके देव कभी भी, कहीं भी मूँह मार लेते थे वैसे ही उनकी देवियां होती थीं. वे अपनी काम वासना शांत करने के लिए किसी भी गैर–मर्द की जांघ पर जा बैठती थीं और उससे मैथुन–याचना भी कर लेती थी. ऐसी याचना अकेले में नहीं की जाती थी बल्कि सबके सामने बीच बाजार कर ली जाती थी. ब्राह्मणिक देवियों के लिए गैर मर्दों सें शारीरिक रिश्ता बनाना बिलकुल इतना आसान और आम था जैसे आधुनिक समय में स्त्रियों द्वारा बाजार में सब्जी खरीदना.

3. प्रतीप अथवा वहां गंगा किनारे बैठे किसी भी व्यक्ति ने गंगा को ऐसी अश्लील बातें करने पर नहीं टोका. इसका सीधा सा अर्थ है कि आर्यों में इस प्रकार सें यौन सम्बंध बनाना कोई अजीब या नई बात नहीं थी. उनमें पशुओं की तरह शारीरिक सम्बंध बनाए जाते थे. यौन सम्बंध बनाने के लिए उनमें किसी रिश्ते की जरूरत नहीं होती थी. कोई पुरानी जान पहचान की भी आवश्यकता नहीं होती थी. पशुओं की तरह जो जिसके जंच गया उसी सें काम पूरा कर लिया जाता था.

4. गंगा मात्र बातें ही बेशर्मी की नहीं करती बल्कि वह सजधज कर कामातुर होकर अनजान गैर मर्द की जांघ पर भी जा बैठती है. जैसे आवारा कुतिया कुत्तों में आती है वैसे ही गंगा वहां बैठे लोगों के बीच आकर काम याचना करने लग गई. कितनी अजीब सी बात है कि ऐसे लोगों को पूजनीय माना जाता है. कितने लोग हैं आज के आधुनिक कहे जाने वाले समय में भी, जो अपनी बहन बेटी सें ऐसे आचरण की अपेक्षा कर सकते हैं. एक पल के लिए जरा इस घटना की कल्पना करक देखें कि कोई अनजान या जानकार स्त्री सजघज कर सबके सामने आपकी जांघ पर आकर बैठ जाए और आपसें ऐसी बातें करे. कैसा लगेगा यह दृश्य आपको या सामने बैठे लोगों को. लेकिन आर्य ब्राह्मण–धर्मी ऐसी घटनाओं को धार्मिक कथा बताते हैं. जिन पुस्तकों में ऐसी कथाएं छापते हैं उनको धार्मिक–ग्रन्थ कहते हैं.

5. और अगर कहीं गंगा ने ऐसी काम–याचना उसकी दांई जांघ पर बैठ कर की होती तो? तो निश्चित रूप में गंगा शांतनु के बच्चे की माँ होने की बजाए उसके बाप के बच्चों की माँ होती. विवाह जैसा पवित्र बंधन तो उनमें होता ही न था. अतः गंगा उसकी माँ, चाहे सौतेली ही सही, नहीं बन पाती. और हो सकता है किसी दिन गंगा का मन शांतनु पर आ जाता और वह उसकी जांघ पर जा बैठती. तो? तब भी कुछ विशेष अनहोनी न होती. आर्यों में यह तो मान्य रिवाज था. ऋषि विश्वामित्र और उसके ससुर ने तो आपस में अपनी पत्नियां तक बदल ली थीं.

6. यह कथा एक बात और सिद्ध करती है कि आर्य स्त्रियां आयु अथवा रिश्तों का बंधन न मानती थी. गंगा प्रतीक सें काम–याचना करती है और वह गंगा को अपने बेटे के नाम का प्रस्ताव करता है. गंगा उसके लिए भी राजी हो जाती है. बाप न मिला, बेटा ही सही. वह उससें भी काम चलाने को तैयार हो गई. उर्वशी रिश्ते में अर्जुन की माँ लगती थी मगर उसने भी अर्जुन सें वही कहा जो गंगा प्रतीक सें कहती है. इस तरह जहां एक आर्य स्त्री अपने बेटे सें अनैतिक सम्बंध बनाना चाहती है वहीं दूसरी ओर अन्य आर्य स्त्री अपने ससुर सें काम–याचना करती है. खताना ऊत आर्यों का!! ब्राह्मण–धर्म का!!!

7. और तो और प्रतीक भी ऐसी निर्ल्लज, अवारा, चरित्रहीन स्त्री को अपने बेटे के लिए प्रस्तावित करता हुआ बिलकुल नहीं झिझकता है. इससें साफ जाहिर है कि आर्य ऐसे ही होते थे. वर्ना कौन इज्जतदार बाप अपने बेटे के लिए ऐसी बहू स्वीकार करेगा. हमारे विचार में आज के समय में कोई भी आदमी इतना नीच नहीं होगा कि इस प्रकार सरेआम संभोग याचना करने वाली लड़की को अपनी पुत्रवधु बनाना चाहेगा.

8. नैतिकता ब्राह्मण–धर्म का कभी कोई आधार नहीं रही. यहां वहां मूँह मारना आर्यों की रीत थी बल्कि सनातन धर्म था. ब्राह्मणों ने हमेशा ऊलजलूल नियमों को ही धर्म का आधार बनाया. दांई जांघ पर बैठी स्त्री सें संभोग करना धर्म है तो बांई जांघ पर बैठी स्त्री सें समागम करना अधर्म है. ऐसी स्त्री सें बेटा समागम करले तो धर्म है. सजधज कर आई कामातुर स्त्री को संभोग से मना करे तो साधु इसे धर्म का उल्लंघन बताते हैं. बस ऐसे ऊलजलूल नियमों सें ही भरा पड़ा है ब्राह्मण–धर्म !! ऐसा ही है उनका सनातन धर्म!!

एक किस्सा यह भी है कि मौका आने पर गंगा ने अपने बाप जन्हू सें मैथुन किया.

अग्नि का गंगा सें कोई रिश्ता न था. फिर भी अग्नि द्वारा छोड़े गए वीर्य सें गंगा गर्भवती हो गई. गंगा ने बच्चा फैंक दिया. कार्तिकेय पैदा हो गया. (बा.रा. 1.37–14से 28) यह आर्यों की मुख्य प्रथा थी.

शिव ने गंगा में अपना वीर्य छोड़ा अर्थात गंगा सें समागम किया. गंगा वीर्य सें भर गई. उसने शिव का वीर्य सरकंडों पर फैंक दिया. वहीं कार्तिकेय का जन्म हुआ. इसलिए शरजन्मा भी उसका नाम है.

<u>काली</u> : ''माँ" शब्द जुबान पर आते ही एक ऐसी स्त्री की छवि मन में आती है जो ममता सें ओत प्रोत है, जो दयावान है, स्वयं भूखी रह कर दूसरों को खाना खिलाने वाली स्त्री माँ कहलाती है. लेकिन विश्व में मात्र ब्राह्मण–धर्म एक ऐसा सम्प्रदाय है जिस में लोगों का खून पीने वाली, नर माँस खाने वाली, हत्यारिन स्त्री को भी देवी माँ बना कर रखा गया है. ब्राह्मणों द्वारा रचित काली इतनी क्रूर और बेरहम है कि उसे माँ तो क्या औरत

कहना भी औरत जाति का अपमान करने समान है. बिलकुल नंग धड़ंग रहना, खून सें भीगी लाल जीभ बाहर लटकाए रखना, बाल फैलाए रखना इसकी विशेषता है. प्राणी विशेषतः मानव रक्त, माँस और शराब इसके भोजन हैं. ब्राह्मणों की देवी काली इतनी उद्दण्ड थी कि उसने अपने पति शिव तक को अपने पांवों तले रौंद दिया. वह अपनी नग्नता ढांकने के लिए उन आदमियों की खोपड़ियों और बाजूओं की माला पहनती है जिन्हे उसने मार दिया था. उसकी छातियां नर मुण्डों सें और स्त्री अंग कटे बाजूओं की माला तले छुपे रहते थे. उसके पुरे बदन पर सूत (जिससें कि कपड़े बनते हैं) की एक तार भी नहीं होती. बाजू और मुण्ड भी अंतड़ियों में पिरोये होते हैं. वह बर्तन की बजाए मानव खोपड़ी (खप्पर) में ही खून, माँस, चर्बी और शराब का सेवन करती है.

दुर्गा सप्तशती अ.8 की कथा के अनुसार काली ने रक्तबीज का गला छेदा और उसमें मूँह लगा कर खून पीने लगी. ऐसी वहशी औरत कभी भी "माँ" नहीं हो सकती!!

वास्तव में यह उन धूर्त ब्राह्मणों की चाल है जो पहले यज्ञों में धर्म के नाम पर मीट, शराब के गुलछर्रे उडाया करते थे. लेकिन गौतम बुद्ध, महावीर जैसे सन्तों के विरोध के कारण उनके ये गुलछर्रे बंद हो चले थे. अतः उन्होंने काली की रचना कर डाली जिस पर मीट, शराब का चढ़ावा चढ़ाया जाता है. काली ने तो पता नहीं कभी खाया हो या नहीं, इन ब्राह्मणों के ये गुलछर्रे बेरोकटोक चलते रहे.

महावीर, बुद्ध के प्रभाव सें लोग यज्ञों की हिंसा को नकार चुके थे. सम्राट अशोक ने भगवन बुद्ध का शांति, दया, प्रेम का संदेश सब ओर फैला दिया था. पहली सदी ईसा पूर्व में भारत के सम्राट अशोक के वंशज वृहद्रथ का रज्य था. ब्राह्मण पुश्यमित्र शुंग उनका मन्त्री था. उसने ब्राह्मण–धर्म के अनुरूप अपने मालिक सें गद्दारी की और सोये हुए सम्राट की हत्या कर दी. उसने फिर सें वही यज्ञ आरंभ किए जिनमें ब्राह्मण ऋत्विक निरीह पशुओं की बलि देते थे. लेकिन लोग इनमें साथ न लगे. तब उन्होंने अपने मीट, शराब का धंधा चालू रखने के लिए काली की कहानी गढ़ी ताकि लोग मंदिरों में ही चढ़ावे के रूप में उन्हें इन वस्तुओं की सप्लाई करते रहें.

रामायण के अयाध्या कांड–130 में कहा भी गया है कि जो वस्तु आदमी स्वयं खाता है वही अपने देवताओं के लिए भी कल्पना करता है.

ब्राह्मणों ने समाज को दिमागी तौर पर कितना खोखला कर दिया है इसका प्रमाण काली को माँ कहने की उदाहरण है. हम में सें कितने लोग यह कल्पना भी कर पाएंगे कि उनकी माँ नंगी होकर जीभ लपलपाते हुए आदमियों का खून पीये! गले में मानव खोपड़ियों की माला पहने! अपने गुप्तांग ढकने के लिए कटे हुए मानव हाथों की माला बांधे! हमारा विश्वास है कि पूरी दुनिया में एक भी आदमी अपनी माँ को ऐसा नहीं देखना चाहेगा. किन्तु आश्चर्य है कि पूरा ब्राह्मणधर्मी समाज डायन स्वरूप काली को माँ कहता है.

कुन्ती : कुन्ती आर्य सनातन धर्म की सटीक उदाहरण है. उसने न केवल शादी सें पहले स्वछन्द संभोग का आनन्द उठाया बल्कि शादी हो जाने के बाद भी अपने पति के अतिरिक्त तीन और गैर मर्दों सें समागम किया. इतना ही नहीं उसने अपनी जेठानी माद्री को भी गैर मर्द सें समागम का रास्ता बताया. **कुन्ती ने चार पुत्र जने. चारों के चारों अलग अलग पुरुषों सें पैदा किए.**

1. **कर्ण के लिए सूर्य सें समागम किया.**
2. **युद्धिष्ठर के लिए सूर्य के बेटे यम सें समागम किया.**
3. **भीम के लिए पवन सें समागम किया.**
4. **अर्जुन के लिए इन्द्र सें समागम किया.**

उसने अपना तो जीवन भ्रष्ट किया ही साथ में अपनी **जेठानी माद्री को भी गोधर्म में धकेल दिया. उसके लिए उसने सूर्य के बेटों अश्विनी कुमारों का प्रबन्ध किया.** स्वयं सूर्य के साथ रमणात हुई और जेठानी को उसके बेटों के साथ सैट कर दिया. कितना अपवित्र घालमेल है यह सब! एक बाप तथा उसका बेटा एक साथ चले आ रहे हैं. बाप एक औरत के पास जा रहा है और बेटे उसकी जेठानी के पास जा रहे हैं.

रिश्तों की इस गुत्थी को सुलझाने का प्रयत्न करें : यम सूर्य का पुत्र है तथा युधिष्ठर का बाप है. सूर्य कर्ण का भी बाप है तथा यम का भी बाप है. दो पांडवों नकुल सहदेव का सूर्य सें क्या रिश्ता बना? बाकी तीन पांडवों का अश्विनी कुमारों सें क्या रिश्ता बना?

उसने अपनी जेठानी के साथ साथ अपनी बहू को भी आर्य गोधर्म में धकेला. वैसे तो द्रोपदी को अर्जुन जीत कर लाया था. लेकिन उसने द्रोपदी को पांचों बेटों के हवाले कर दिया. युद्धिश्ठर पक्का जूआरी तो था ही, साथ में लम्पट भी पूरा था. द्रोपदी का रूप देखते ही लार टपकाने लगा. माँ कुन्ती ने उसकी मनोकामना पूरी कर दी. द्रोपदी की पहली सुहागरात उसी ने मनाई. ऐसी थी कुंती.

त्रिदेवियां : ब्राह्मर्णधर्म के त्रिदेव उनके सबसें बड़े भगवान हैं. उन तीनों के एक एक ''बीवी'' भी है. ब्रह्मा की सरस्वती, विष्णु की लक्ष्मी तथा शिव की पार्वती है. इन औरतों का चरित्र अथवा करतूत जान कर स्त्री जाति का

सिर शर्म सें झुक जाता है. किस्सा है कि एक बार उन्होंने नारद सें पूछा कि दुनिया में सबसें चरित्रवान स्त्री कौन है. उसने उन तीनों सें कहा कि अनुसुइया विश्व की सबसें चरित्रवान स्त्री है.

उन्होंने जब स्वयं को चरित्रवान कहा तो नारद ने उन तीनों के चरित्रहीनता के किस्से बयान किए. (बाबा साहिब 8.174) तब उन औरतों ने वह करने की ठानी जो आम नारी सोच भी नहीं सकती. उन तीनों ने अपने पतियों को सामूहिक रूप सें कहा कि वे जायें और अनुसुइया सें यौन सम्बंध यानि समागम या बलात्कार करके आएं. तीनों ने षडयन्त्र की तैयारी की. वे जानते थे कि समाज पर ब्राह्मणों का वर्चस्व है. **कोई भी स्त्री ब्राह्मण को अपने साथ यौन सम्बंध बनाने सें मना नहीं कर सकती.**

अतः वे ब्राह्मण का वेश बना कर अनुसुइया के घर गए. उसने उनके लिए खाना परोसा तो उन्होंने शर्त रखी कि वे खाना तब खाएंगे जब वह नग्न होकर उन्हें खाना परोसेगी. **उस बेचारी को नंगी होकर उन 'भगवानों' को भोजन परोसना पड़ा. ऐसा भय होता था ब्राह्मणों का!** यह तो उस बेचारी की तकदीर अच्छी थी कि उसी समय उसका पति आ गया और उस बेचारी की इज्जत लुटने सें बच गई. अगर उसका पति कुछ पल की देरी सें आता तो अनुसुइया भी वृंदा की तरह उन दरिंदों को शिकार हो जाती और त्रिदेवियां अपने पतियों के इस कारनामे पर फूल बरसातीं.

यह अत्यंत शर्म की बात है कि भारत वासियों को ऐसे ऋषियों मुनियों का वंशज बताया जाता है और भारत को ऐसे नीच लोगों की भूमि बताया जाता है. हम भारतीय ऐसे कदापि नहीं हैं!!

5.5 ब्राह्मणवाद का महानायक : राम

5.5.1 राम जन्म वृतांत

राम का जन्म वृतांत रामायण के बाल कांड (सर्ग 8 सें 15) में दिया गया है. दशरथ कोसल जनपद यानि जिले में स्थित अयोध्या नाम के कस्बे का राजा था. सुमन्त उसका नौकर, दरबान, मन्त्री, सईस, रथचालक, ड्राइवर, सलाहकार आदि सभी कुछ था. जिस राजा के सारे काम एक आदमी सें चल जाते हों, तो सहज कल्पना की जा सकती है कि उसका राज्य कितना बड़ा होगा. आजकल तो घरों में भी हर काम के लिए अलग अलग नौकर होते हैं. छोटी मोटी दुकान पर भी एक सें ज्यादा नौकर मिल जाते हैं.

पहले दशरथ के दो रानियां थीं कौशल्या और सुमित्रा. एक दिन उसने सुन्दरता की मूरत कैकेयी को देख लिया. कृष्ण–काल में तो ऐसी स्त्रियों को उठा लाने का रिवाज था. दशरथ या तो बुढिया चुका था या फिर उसके समय यह रिवाज बन्द हो गया था. अत उसने कैकेयी के पिता के सम्मुख कैकेयी को ले जाने का प्रस्ताव रखा. कैकेयी के पिता ने शर्त रखी कि कैकेयी के गर्भ सें उत्पन्न पुत्र को ही राज्य का वारिस बनाया जाएगा. **दशरथ ने वचन दिया कि कैकेयी के गर्भ सें जन्मा बालक ही राजा उसकी गद्दी का वारिस बनेगा.** अतः कैकेयी भी उसकी रानी बन गई. अब उसके तीन रानियां थी. दशरथ बुढा चुका था मगर अपने बाप दादाओं की तरह उससें सन्तान किसी भी रानी सें उत्पन्न नहीं हो पाई थीं. रघुकुल रीत सदा चली आई, सबे नर नपुंसक भाई.

उसने अपने एकमात्र आल-राउंडर सुमन्त्र सें पुत्र प्राप्ति का उपाय पूछा. उसने दशरथ को उपाय बताते हुए कहा कि आप भी वैसा ही **"पापरहित कार्य"** करें जैसा कि राजा रोमपाद ने किया था. तब सुमन्त्र दशरथ को कथा सुनाता है जो सनत कुमार पुत्र ब्रह्मा ने ऋषिओं को सुनाई थी. कश्यप का पुत्र विभांडक हुआ. (देखिए इसका चरित्र अ.5) एक दिन ब्राह्मण महर्षि विभांडक ने नहाती हुई वेश्या उर्वशी को देख लिया. वह महर्षि था अतः जो दूसरे ब्राह्मण ऋषिओं के साथ होता था, वह उसके साथ भी हो गया. उसका वीर्य स्खलित हो गया. वीर्य को एक हिरणी ने ग्रहण कर लिया. उसके गर्भ सें एक सींग वाला लड़का पैदा हुआ, नाम रखा ऋश्यश्रृंग. सींग वाला ऋषि. इससें राम की कथा का झूठ होने का भी पता चलता है क्योंकि राम को पैदा करने वाला स्वयं हिरणी सें पैदा हुआ था और हिरणी भी गर्भवती कैसे हुई, ब्राह्मण ऋषि विभांडक का वीर्य पी कर. आज कोई भी ब्राह्मण ऋषि, या संकराचारय कितना भी प्रयास कर ले तो भी इस तरह बच्चे पैदा करके नहीं दिखा सकता.

सुमन्त्र ने आगे बताया कि राजा रोमपाद के राज्य में अकाल पड़ा. वेद-विज्ञ ब्राह्मणों सें उपाय पूछा गया. वे बोले आपको ऐसा उपाय बताते हैं ''जिस में कोई अपराध नहीं होगा.''. वे बोले कि महा ऋषि ऋश्यश्रृंग को बुला कर लाओ और उसे अपनी बेटी सौंप दो. अकाल दूर हो जाएगा. ब्राह्मण उस महर्षि को बुला कर लाने का उपाय भी बताते हैं. वे कहते हैं कि अच्छी तरह सें सज धज कर वेश्याएं जाएं, उस ब्राह्मण महा ऋषि को रिझाएं. वह अपने आप इन के पीछे आ जाएगा. राजा ने वेश्याएं भेज दीं. उन्होने अपनी अदाएं दिखाईं. ऋश्यश्रृंग महर्षि

का ऋर्षित्व जाग उठा और सचमुच वह ब्राह्मण महा ऋषि जैसे कुत्ता कुतिया के पीछे पीछे चला आता है वैसे ही उन वेश्याओं के पीछे पीछे राजा रोमपाद के दरबार तक आ गया. आते ही राजा ने अपनी फूल सी बेटी उस सींग वाले को सौंप दी. अकाल दूर हो गया. वेश्याओं के पीछे लार टपकाते आने वाले उस ऋषि ने उस लड़की का क्या हाल किया होगा, इसका कोई भी सहज अनुमान लगा सकता है. **इस कथा सें सीधा सा संदेश मिलता है कि अपना काम निकलवाना हो तो ब्राह्मणों को लड़कियां सप्लाई करो. इसमें कोई अपराध नहीं होगा.**

अभी कुछ समय पहले तहलका कांड हुआ था जिसमें एक साहसिक व्यक्ति ने केन्द्रीय मंत्रियों और अफसरों द्वारा की जा रही वेश्यावृति और रिश्वतखोरी का भंडाफोड़ किया था. तब लगभग सभी अखबारों ने इस काम के लिए वेश्याओं के प्रयोग किए जाने की निन्दा की थी. कैसी विडम्बना है कि राम के ''बाप'' को लाने के लिए वेश्याओं के प्रयोग को यही अखबार धार्मिक कथा बता कर नित्य उसका गुणगान करते हैं. कितनी शर्म की बात है कि वे ही अखबार वाले ऐसे लम्पट व्यक्ति को महर्षि कहते हैं जो वेश्याओं के पीछे राल टपकाता फिरता था.

आल–राउंडर सुमन्त्र ने दशरथ को समझाया कि वही लम्पट ब्राह्मण महा ऋषि ऋश्यश्रृंग उसे पुत्र प्रदान करेगा. दशरथ बोला कि रोमपाद तो उसका भाई ही है. अतः जंवाई समान ऋष्यश्रृंग को लाने में कोई कठिनाई नहीं होगी. कई स्थानों पर ऐसा जिक्र भी आया है कि शांता दशरथ की ही बेटी थी. खैर उसने वशिष्ठ और तीनों रानियों को साथ लिया और ऋष्यश्रृंग के ठिकाने पहुंच गया. दशरथ समझदार था. सुमन्त्र से कथा सुन कर उसे ऋश्यश्रृंग को लाने की विधि का ज्ञान हो गया था. वह जान गया था कि पिछली बार ऋष्यश्रृंग वेश्याओं के साथ आया था. इस बार बूढ़े दशरथ के साथ आने का तो प्रश्न ही नहीं उठता. अतः वह रुपमति रानियों को साथ ही ले गया. अन्यथा रानियों को साथ ले जाने का और कोई औचित्य ही न था क्योंकि पुत्र प्रदान करने का उपक्रम तो ऋष्यश्रृंग ने अयोध्या में आकर ही करना था.

कुछ कथावाचक यह प्रचार करते हैं कि ऋष्यश्रृंग को यज्ञ करने के लिए लाया गया था ताकि दशरथ के सन्तान हो सके **लेकिन वाल्मिकीय रामायण के बालकांड सर्ग 11 में स्पष्ट रूप सें लिखा गया है कि ऋष्यश्रृंग को लाने के लिए दशरथ के तीन प्रयोजन यानि मकसद थे :**

1. **पहला यज्ञ करना,**
2. **दूसरा स्वर्ग जाने का उपाय करना और**
3. **तीसरा पुत्र पैदा करने का उपक्रम करना.**

अतः यज्ञ करना और पुत्र पैदा करना दोनों अलग अलग काम थे. इसी कारण अश्वमेध यज्ञ हो जाने के बाद दशरथ बोला कि अब ऋष्यश्रृग को पुत्र पैदा करने का उपक्रम करना चाहिए. जहां यज्ञ सबके सामने किया गया यह "उपक्रम" अकेले में किया गया जिसमें केवल ऋश्यश्रृंग, दशरथ और तीनों रानियां शामिल हुईं.

सरिता के सम्पादक ने सही लिखा है कि वैसे भी पुराने और बूढ़े ऋषिओं की क्या कमी थी कि पुत्र प्रदान करने के उपक्रम के लिए ऋष्यश्रृंग को ही लाया गया. यह यज्ञ के नाम पर नियोग द्वारा पुत्र पैदा करने की कार्यवाई थी.

उपरोक्त वर्णित तथ्य सन्त गुरु कबीर साहिब को भी मालूम थे. तभी उन्होने कहा थाः

देखहु लोगो राम की सगाइ,
हम बहनोई, राम हमारा साला,
हमहि बाप, राम पुत हमारा. (कबीर समग्र पृ 56)

अर्थात हे लोगो, राम की रिश्तेदारी देखो. मैं राम की बहन शांता का पति हूँ और राम मेरा साला लगता है. और मैं ही राम का बाप हूँ तथा राम मेरा बेटा है. सन्त गुरु कबीर साहिब ने यह बात ऋष्यश्रृंग की तरफ सें कही है क्योंकि उसने राम की बहन शांता सें शादी की थी. अतः राम उसका साला हुआ. फिर इसी ऋश्यश्रृंग ने दशरथ की तीनों रानियों के पुत्र पैदा किए, इसलिए वह राम का बाप लगा तथा राम उसका बेटा हुआ. अस्तु.

दशरथ ऋष्यश्रृंग आदि को लेकर चल पड़ा. रास्ते में भगवन बाल्मिकी का पावन स्थल आया. वे लोग वहां रुके और उनकी कल्याणिका नामक गाय को खा गए. (उतर राम चरित अंक–4) गाय का भोग लगा कर अयोध्या पहुंचे. यज्ञ की तैयारियां शुरू हुईं जो कि ब्राह्मण–शास्त्र के अनुरूप थीं.

उसी काल में भारत के सम्राट महाराजा रावण ने यज्ञ करने के कानून बनाए थे, जिनमें मुख्य नियम थे :

1. **यज्ञ को 16 की बजाए केवल एक पुरोहित /ऋत्विक संचालित करेगा.**
2. **यज्ञ में किसी किस्म की पशु या मानव की बलि नहीं दी जाएगी.**
3. **यज्ञ में किसी किस्म का व्यभिचार नहीं किया जाएगा.**

4. **यज्ञ में किसी किस्म की शराब अर्थात सोम रस का प्रयोग नहीं किया जाएगा.**
5. **जिस यज्ञ में इन बातों का उल्लंघन किया जाएगा, उन्हें ब्रह्मरकक्षों अर्थात महाज्ञानी रक्षकों द्वारा नष्ट कर दिया जाएगा और दोषियों को सजा दी जाएगी. आम तौर पर बलि और व्यभिचार वाले यज्ञ करने वालों को यज्ञ की आग में ही फैंक दिया जाता था. इस कारण ब्राह्मण ऋषि ऐसे यज्ञ महाराजा रावण के रक्षकों सें छिप कर करते थे.**

लेकिन दशरथ ने तो वेद–विधि के अनुसार यज्ञ करने थे. उपरोक्त नियम मान लेने से उसका तो सारा किया धरा ही चौपट हो जाना था. अतः उसने इस बात का विशेष प्रबन्ध किया कि कोई विद्वान, ब्रह्मज्ञानी रक्षक वहां तक न पहुंच पाए. और वेद विधि के अनुसार किये जा रहे यज्ञ में विघ्न न डाल सके. (बाल कांड.8)

दशरथ ने वेद विधि के अनुसार किये जाने वाले यज्ञ के लिए निम्नलिखित प्रबंध किए.

1. यज्ञ में ब्राह्मणिक विधि अनुसार 16 ऋत्विक नियुक्त किए गए. ऋश्यश्रृंग को अध्वर्यु यानि मुख्य ऋत्विक नियुक्त किया गया. वशिष्ठ को ब्रह्मा यानि यज्ञ का मैनेजर बनाया गया.
2. 22 अंगुल अर्थात 18 इंच मोटे अष्टकोणीय खूंटे मजबूती सें गाड़े गए थे ताकि हाथी जैसा जानवर भी खूंटे सें छूट न पाए. उन खूंटों पर हरेक देवता के चढाने/खाने योग्य सर्प, पक्षी, घोड़े और जलचर बांधे गए थे. प्रत्येक देवता का अपना अलग टेस्ट होता था जैसे इन्द्र को गर्भादान योग्य सांड पसंद है, काली को बकरा, ऋषियों को नर्म मांस वाली बछिया, विष्णु को बौना बैल, पूषण को काली गौ, रूद्र को लाल गाय आदि. जैसे आजकल नॉनवैज लोग अपने उत्सवों में अनेक प्रकार के मॉंस पकवाते हैं वैसे ही दशरथ ने अलग अलग प्रकार के मॉंसों का प्रबन्ध किया था.
3. कुल 300 जीव यज्ञ में ***काटे जाने*** और यज्ञ की आग में भून कर खाने के लिए लाए गए थे. उन्हें उन खूंटों सें बांधा गया था. अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा इन 300 के अतिरिक्त था. यानि कुल 301 प्राणी उस यज्ञ में मारे, काटे और यज्ञ की आग में भून कर खाए गए थे.
4. प्रचुर मात्रा में सोमरस यानि घर की बनाई शराब का प्रबंध किया गया. इस शराब सोमरस का भोग ब्रह्मण ऋषिओं व अन्य लोगों ने छक कर किया.
5. व्यभिचार के लिए अयोध्या में स्वर्ण समान वेश्याएं तो पहले सें ही थीं, अब 3 रानियां और दासियां अतिरिक्त उपलब्ध हो गई थीं.

यज्ञ शुरू हुआ. सबसें पहले देवों को बुलाया गया और उनमें सें सबसें पहले उनके प्रमुख इन्द्र को शराब पेश की गई अथवा पिलायी गई. (बाल कांड–14). अगर यह माना जाए कि राम वृतांत सचमुच त्रेता युग की घटना है तो उस समय इन्द्र को सर्वप्रथम शराब पिलाए बिना और बैल का मॉंस खिलाए बिना यज्ञ किया ही नहीं जा सकता था. देव और ऋषि यज्ञ का हिस्सा पाने के लिए कुत्तों की तरह लड़ते थे. हिस्सा न मिलने पर यज्ञ को नष्ट भी कर देते थे. जैसे यज्ञ हवि का हिस्सा न मिलने पर शिव ने अपने ससुर का यज्ञ ध्वंस कर दिया था. (संस्कृति : दक्ष)

उसके बाद कई तरह के कर्म कांड हुए. फिर अश्वमेध यज्ञ की बारी आई. राम की मॉं कौशल्या ने घोड़े की पूजा की और एक रात ''मन शांत करके'' घोड़े के साथ रही. अर्थात घोड़े के साथ रात भर संभोग रत रही. दयानन्द भी मानता है कि अश्वमेध यज्ञ में ब्राह्मण घोड़े के साथ रानी का समागम करवाते थेण इससें एक बार गोरखपुर की रानी मर भी गई थी. (सत्यार्थ प्रकाश–चौथा समुल्लास) उसके बाद ऋष्यश्रृंग आदि ऋषिओं ने दशरथ की अन्य रानियों सें घोड़े के लिंग को "स्पर्श" करवाया गया.

उसके बाद कौशल्या ने तलवार सें तीन वार करके उस घोड़े को मारा. ऋश्यश्रृंग आदि ऋषिओं ने सोम नामक शराब पी तथा घोड़े के 16 हिस्से करके यज्ञ की आग में भूना और शराब के साथ खाया. दशरथ के लिए चर्बी भूनी गई. भूनी गई चर्बी की गंध सें उसके सभी पाप भाग गए. उसके बाद शेष सभी जीवों की बलि दी गई. और उन्हें यज्ञ की आग में भून कर खाया गया.

उस यज्ञ में एक भी आहुति नहीं छूटी, न कोई कांड छोड़ने की भूल हुई. (बाल कांड.14). सभी काम वेद विधि से हुए. तब तीन दिन बाद यर्जुवेद (शुक्ल य.वे.–23 तथा कृष्ण य.वे.–7) में वर्णित विधि के अनुसार ऋष्यश्रृंग, वशिष्ठ आदि ऋषि तथा कौशल्या, सुमित्रा, कैकेयी ने निम्न अनुश्ठान किया गया.

कृष्ण यजुर्वद की विधि अनुसार अध्वर्यु ऋषि ऋश्यश्रृंग घोड़ा बन कर लेट जाता है. कौशल्या अपनी सौतों को सम्बोधित करके वेद–मंत्र बोलती है कि यह मुआ घोड़ा ही मेरे साथ सोयेगा क्योंकि मुझे संभोग के लिए कोई नहीं ले जा रहा. रानी की शिकायत सुन कर घोड़ा बना अध्वर्यु यानि ऋषि ऋश्यश्रृंग हड़बड़ा कर उठता है और कौशल्या सें वेद–मंत्र कहता है आओ हम धुला हुआ वस्त्र ओढ़ कर सोयें. **कौशल्या बोली मैं तुम्हारे पास गर्भ धारण करने आई हूँ. तुम मेरे में बीज डालने आओ.** आओ हम पैर फैला कर सोयें. दोनों पास पास लेट जाते हैं तब एक अन्य ऋषि पास आकर कौशल्या सें कहता है यह ऋषि ऋश्यश्रृंग तुझ में वीर्य सिंचन करे और तुम्हारी

योनि उस वीर्य को ग्रहण करे. ऐसा कहकर वह ऋश्यश्रृंग का लिंग रानी की योनि के पास लाता है और ऋश्यश्रृंग से यह वेद मन्त्र बोलता है रानी की जांघें अपनी जांघों पर रख और अपना लिंग उसकी योनि में डाल. स्त्रियों को लिंग जान सें भी प्यारा होता है क्योंकि वह योनि के काले छेद को कुचलता है.

इस के बाद वहां मौजूद स्त्रियां पटरानी कौशल्या सें बोली जंगल में घास का गट्ठर उठाते हुए जिस प्रकार कूल्हे आगे बढाते हैं उसी तरह तुम अपनी योनि आगे उठाओ और उसका मध्य भाग बढाओ. पटरानी कौशल्या ऐसा ही करती है. घोड़ा बना ऋश्यश्रृंग सो जाता है. रानी फिर बोलती है मुझसे कोई संभोग नहीं करता, इसलिए मैं घोड़े के साथ सोती हूँ. इस पर स्त्रियां बोलीं तुम्हारी योनि वीर्य सें भरी हुई है और वह गुलगुल की आवाज कर रही है, फिर शिकायत क्यों करती हो?

इसके बाद स्त्रियों द्वारा आपस में बोले गए अश्लील मन्त्र हैं जिनका राम जन्म सें सम्बंध नहीं है अतः यहां नहीं दिए जा रहे.

शुक्ल यजुर्वेद की विधि अनुसार जब अध्वर्यु ऋषि ऋश्यश्रृंग घोड़ा बन कर लेट जाता है तब सभी रानियां घोड़ा बने अध्वर्यु ऋषि ऋश्यश्रृंग को सम्बोधित करके वेद–मंत्र बोलती है तू सभी स्त्रियों का पति है मैं तेरे पास गर्भधारण के लिए आई हूँ, तू मुझ में गर्भ डाल. तू वीर्य सम्पन्न है, तू मुझ में वीर्य डाल. **तब दशरथ ऋषि ऋश्यश्रृंग के कान में बोलता है** तू मेरी इस पटरानी की जांघें ऊपर उठा कर अपनी जांघों पर रख और उसकी योनि में अपना लिंग ढकेल क्योंकि शिश्न पर ही स्त्रियों का सुख निर्भर करता है.

इसके बाद पटरानी वही शिकायत करती हैं कि कोई उससे संभोग नहीं करता. तब अन्य स्त्रियां उतर देती हैं कि उसकी योनि तो वीर्य सें भरी हुई है. अतः उसकी शिकायत झूठी है. इसके बाद ऋश्यश्रृंग सबसें छोटी रानी कैकेयी की योनि की ओर उंगली करके कहता है कि तेरी यह योनि चिल्ला रही है मुझे अच्छी तरह तपाओ, अच्छी तरह झुलसाओ. इसलिए मेरा लिंग तेरी योनि में ठूंसता हूँ. इससे तेरी योनि वीर्य सें भर जाएगी और गलगल की आवाज करेगी.

इस कांड के बाद ब्रह्मा ऋषि अर्थात राम का कुलगुरु वशिष्ठ कौशल्या सें कहता है तेरा बाप तेरी माँ के साथ पेड़ पर चढता था तथा वहीं उसकी योनि में अपना लिंग ठूंसता था. कौशल्या जवाब में ऐसा ही कहती है. इसके बाद अन्य ऋषिओं द्वारा दूसरी रानियों सें ऐसे ही अश्लील मन्त्र बाजी है और उन सें संभोग का कांड है. अंत में शराब पीकर सभी का नाच गाना होता है और अश्वमेध यज्ञ की कार्यवाई समाप्त होती है.

उपरोक्त वर्णित कांड हो चुकने के बाद किसी के भी मन में शक की गुंजायश बचती ही नहीं कि ऋष्यश्रृंग को वहां क्यों लाया गया था, उसने आकर क्या किया और राम एवं भाईयों का औरस बाप कौन था.

उपरोक्त वर्णित विधि द्वारा किए गए यज्ञ में ब्राह्मण ऋषिओं ने कोमल अंगों वाली रानियों के साथ क्या कुछ किया इस की सहज कल्पना की जा सकती है. **राजवाड़े के अनुसार इस मादक नाच गान सें ही गायत्री मन्त्र निकला है. (पृ.138)**

यहां ध्यान देने योग्य बातें हैं:

1. बा.रा. बाल कांड–14 यह सत्यापित किया है कि यज्ञ की समस्त कार्यवाई वेद विधि सें सम्पन्न हुई और **कोई भी** कर्मकांड भूल सें भी नहीं छूटा. अतः उपरोक्त विधि के अनुसार ऋश्यश्रृंग और कौशल्या ने यज्ञ मंडप पर शारीरिक सम्बन्ध बनाए. जिससें राम लक्ष्मण भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ.

2. राजवाड़े महोदय के अनुसार ''जिस मालिक की धूनी होती थी, उसकी स्त्रियां आये हुए मेहमानों के साथ रमराण (संभोग रत) होती थीं और स्वयं यजमान ब्रह्मचार्य सें रहते थे.'' (पृ.137)

3. दयानन्द के अनुसार वेद की आज्ञा है कि यज्ञ के दौरान यजमान ब्रह्मचार्य का पालन करे. (सत्यार्थ प्रकाश) अतः दशरथ ने तो वेद विधि सें सम्पन्न हुए इस यज्ञ में ब्रह्मचार्य का पालन किया और ऋषियों ने जो कुछ रानियों के साथ किया, उसका वर्णन ऊपर दिया जा चुका है.

4. यज्ञ में दशरथ को छोड़ सभी संभोगरत हुए. यहां तक कि यज्ञ में मैनेजर बने, उसके कुलगुरू वशिष्ठ ने भी रानियों पर हाथ साफ कर लिया. अतः राम का औरस बाप तो ऋश्यश्रृंग हुआ. उसके सिवाय कौन किस के वीर्य से जन्मा, कोई पता नहीं.

5. यज्ञ के घोड़े को इन्द्र देव माना जाता था. इन्द्र आर्यों में यज्ञों का चीफ था. दशरथ द्वारा कराए गए यज्ञ में इन्द्र के आने का कोई जिक्र नहीं है. अतः उसका रोल ऋश्यश्रृंग ने ही निभाया क्योंकि वह उस यज्ञ का चीफ था. वैसे भी दशरथ को ''रैतोधा'' अर्थात पूर्ण रूप सें वीर्य सींचने वाला घोड़ा चाहिए था.

6. इस यज्ञ में सभी ने विशेषकर ब्राह्मण ऋषिओं ने घर की निकाली गई शराब अर्थात सोमरस पी रखी थी. साथ में वे लोग यज्ञ अग्नि में पशु अंगों को भून कर खा रहे थे. रानियों को गर्भवती होने की प्रबल लालसा थी. और उन ब्राह्मण ऋषिओं सें दशरथ ने कहा कि मेरी पटरानी की जंघाएं उठाओ.

7. गैर मर्द द्वारा हुए राम के जन्म पर चाहे लीपा पोती की गई मगर राम के सहायक वानरों विशेषकर हनुमान आदि के अवैध जन्म पर कोई लीपा पोती नहीं की गई. उत्तरकांड में भगवन बाल्मिकी ने साफ साफ लिखा कि केसरी की पत्नि अंजनि ने गैर मर्द पवन सें व्यभिचार करके हनुमान को जन्म दिया. दूसरे वानर भी गैर मर्दों द्वारा व्यापक व्यभिचार सें पैदा किए गए. स्वयं ब्रह्मा ने अपने देवों को हुक्म दिया था कि वे सभी जाति की औरतों सें व्यभिचार करे राम के सहायक पैदा करें. (बालकांड.17)

इतना कुछ होने के बाद भी रानियां गर्भवती नहीं हुई. अतः उसने फिर सें ऋश्यश्रृंग सें प्रार्थना की कि वह उसकी कुलवृद्धि का उपाय करे. ऋष्यश्रृंग ने कुछ देर सोचा और बोला कि अब मैं अथर्ववेद के मन्त्रों वाला पुत्रेष्टि यज्ञ करूंगा. ऋष्यश्रृंग ने यज्ञ शुरू किया. इसके बाद कथा है कि देवताओं की सभा हुई. उन्होंने हाय तौबा मचाई कि महात्मा रावण द्वारा बलि यज्ञों पर रोक लगाने के कारण उन के गुलछर्रे समाप्त हो गए हैं. ब्रह्मा के कहने पर विष्णु आदमी के रूप में पृथ्वी पर आकर महात्मा रावण **और उनके पुत्रों पौत्रों तक परे खानदान** को मारने का वादा करता है. **इस प्रकार विष्णु और उसके गिरोह ने महाराज रावण के पुत्रों की हत्या की साजिश उनके जन्म सें पहले ही बना ली थी.**

तब ऋष्यश्रृंग ने पुत्रेष्टि यज्ञ आरम्भ किया. इस यज्ञ में ऋष्यश्रृंग, दशरथ और तीनों रानियों के इलावा किसी और के भाग लेने का वर्णन नहीं है. लगता है यह ऋष्यश्रृंग का व्यक्तिगत प्रयास था. (समु 2/50). यज्ञ के दौरान वेदी में सें एक अति वीर्यवान, काले रंग का, लाल मुख वाला, सिंह के समान बालों वाला और पर्वत शिखर के आकार का प्राणी प्रकट हुआ. उसने दशरथ सें कहा यज्ञ करते हुए तूने इस पायस को पाया है जो कि यज्ञाग्नि सें बना, पुत्र उत्पादक एवं आरोग्य वर्धक है. इसे रानियों को दे. जैसे ही रानियों ने उस पायस को ग्रहण किया, वे **''अचिरेण''** (बिना एक पल की देरी के) गर्भवती हो गईं.

इसके साथ ही ऋश्यश्रृंग का वर्णन भी समाप्त हो जाता है. अपना काम करके वह कहां चला गया, इसका कहीं कोई वर्णन नहीं है. इसके बाद इस बात का वर्णन है कि ब्रह्मा ने सभी देवों को आदेश दिया कि वे सभी जाति की स्त्रियों सें व्यभिचार करके राम के सहायक पैदा करें. ब्रह्मा सें ऐसी आज्ञा पाकर देवों ने धरती पर व्यभिचार का खुल कर खेल खेला. उनके इस व्यभिचार सें शायद ही कोई स्त्री बच पाई होगी. इन देवों के व्यभिचार सें जन्मे बच्चे अपने जायज पिताओं सें अधिक बलवान थे. (बा.रा. बाल 17) उदाहरणतः हनुमान की माँ, जो कि केसरी की पत्नि थी, सें देव पवन ने व्यभिचार किया. पवन के अनैतिक समागम सें जन्मा हनुमान अपने असली बाप केसरी सें कई गुणा बलशाली था. अस्तु.

उपरोक्त तथ्यों सें यह तो स्पष्ट है कि **तीनों रानियों के गर्भ धारण में दशरथ का कतई कोई योगदान नहीं है.** उनके गर्भवती होने में प्रथमतः ऋश्यश्रृंग का योगदान है. अगर दूसरा किसी का योगदान हो सकता है तो वह है लाल मुखी के पायस या पयस का. प्रश्न उठना स्वभाविक है कि यह लाल मूंहा कौन है जिस सें पयस/पायस ग्रहण करते ही रानियां अचिरेण गर्भवती हो गई.

सर्वप्रथम तो यह सारा प्रकरण ही रामायण की मुख्य कथा के विपरीत है. जहां भगवन बाल्मिकी ने राम को सारी रामायण में एक साधारण प्राणी की तरह चित्रित किया है, इस प्रकरण द्वारा उसे भगवान घोषित करने की कोशिश की गई है. अतः यह प्रकरण इसी उद्देश्य के साथ बाद में जोड़ा गया है. क़ामिल बुल्के भी सर्ग 14 सें 18 तक को प्रक्षिप्त मानते हैं जिन्हें असली रामायण बाद में किसी ने जोड़ दिया है. (चाभी 14)

बाबा साहिब अम्बेडकर के अनुसार यह लाल मूंहा प्राणी पुरुष लिंग का द्योतक है और पायस पुरुष वीर्य का द्योतक है. लेकिन उनका उद्देश्य राम को विष्णु का अवतार बनाना था. अतः उन्हे इस प्रकार की कथा का निर्माण करना पड़ा. वे इस बात की हिम्मत नहीं कर पाए कि विष्णु को किसी के वीर्य में उपस्थित दिखाएं. इसलिए उन्हें पुरुष लिंग की शक्ल जैसे लाल मूंहे प्राणी और वीर्य जैसे पायस की कल्पना करनी पड़ी.

हो सकता है भगवान बाल्मिकी ने राम का जन्म नियोग द्वारा होना लिखा हो जिसे बाद में मोड़ तरोड़ कर वर्तमान रूप में बना दिया गया हो ताकि बिना घृष्टता किए, राम को उनके विष्णु का अवतार सिद्ध किया जा सके. अगर विष्णु को किसी पुरुष के वीर्य में स्थित दिखाते तो एक तो यह उनके भगवान के प्रति घृष्टता होती दूसरे रामायण को वह मान्यता न मिलती जो अब मिल रही है. अतः उन्हें पुरुष लिंग समरूप ''लाल मुखी'' और पुरुष वीर्य समरूप ''पायस" की कल्पना करनी पड़ी. **पयस का अर्थ वीर्य भी हैं. (आप्टे)**

एक और तथ्य भी यहां विचार योग्य है कि राम को तुलसी सें पहले कोई विशेष मान्यता प्राप्त न थी. यह तो जब तुलसी ने हिन्दी में रामचरित लिखा तभी लोग राम को जान पाए. वर्ना अलबरूनी, फाह्यान आदि के समय आम लोगों में राम को बहुत कम मान्यता थी. यहां तक कि राम के नाम पर बना कोई भी मंदिर 1000 ईस्वी सें पहले का नहीं है. अतः पूरी सम्भावना है राम को भगवान बनाने की यह गड़बड़ तुलसी के आसपास के समय में ही की गई हो और तभी भगवान बाल्मिकी द्वारा रचित रामायण में भी उपरोक्त प्रकरण जोड़ दिया गया हो.

प्रश्न उठता है कि यह लाल मुखी प्राणी कौन था? रामायण के उक्त सर्ग के अध्यन सें निम्न बातें प्रकट होती हैः

1. वह लाल मुखी विष्णु द्वारा भेजा गया अतिथि था.

2. वह लाल मुखी जब प्रकट हुआ तो उसे मात्र दशरथ ने देखा और मात्र उसी सें वार्तालाप किया.

3. उस लाल मुखी के आने का तथा ऋश्यश्रृंग के आने का एक ही प्रयोजन था अर्थात नपुत्रे नपुंसक दशरथ की पत्नियों के सन्तान पैदा करना.

4. रामायण के उक्त सर्ग में उस लाल मुखी और ऋश्यश्रृंग दोनों को "परम तेजस्वी'' के रूप में चित्रित किया गया है.

5. और सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण बात यह कि जैसे ही वह लाल मुखी "अपना काम पूरा करके" अंतर्धान होता है. ऋश्यश्रृंग का भी काम पूरा हो जाता है. इस तरह दोनों अपना काम एक साथ पूरा करके एक ही बार में एक साथ गायब हो जाते हैं.

6. जहां वेद विधि अनुसार किए गए अश्वमेध यज्ञ में दशरथ के कहने पर ऋश्यश्रृंग रानियों की योनियां वीर्य सें भरता है, यहां पुत्रेश्टि यज्ञ में लाल मुखी द्वारा दिए गए पायस सें रानियां तुरंत गर्भवती हो जाती हैं. अतः दानों ही विधियों में गर्भाधान का कार्य ही सम्पन्न होता है जो कि ऋश्यश्रृंग के अतिरिक्त किसी और ने नहीं किया. **दोनों ही विधियों में दशरथ का रानियों सें कोई समागम नहीं हुआ.**

7. पैरियर रामास्वामी नायकर ने सत्य कहा है कि दशरथ उस समय तक साठ साल का बूढ़ा बन चुका था. जब सारी उम्र उससें कुछ नहीं हुआ तो यज्ञ के अगले दिन ही वह "बाप" कैसे बन गया. आर्यों में गैर मर्द विशेषकर ब्राह्मणों सें बच्चे पैदा करवाना धर्म माना जाता था. स्वयं राम के अनेकों पूर्वजों ने ब्राह्मणों सें नियोग करवा कर अपना रघुकुल आगे चलाया था. अतः इस तरह राम का जन्म पूर्णतया "सनातन धर्म सम्मत" था.

8. रामायण बाल कांड में वर्णित ऋश्यश्रृंग का हुलिया एक शक्तिशाली तथा अग्नि समान (लाल) पुरुष के रूप में किया गया है. दशरथ के उस अनुश्ठान में ऋश्यश्रृंग सें बढ़ कर शक्तिशाली तथा लाल पुरुष और कोई न था.

9. इस लाल मुखी के बारे में प्रसिद्ध मनोविज्ञानिक सी.जी.जुंग का उद्धरण देना उपयुक्त होगा. एक व्यक्ति ने उनसें पूछा कि उसे स्वप्न में एक अजीब सी आकृति दिखाई देती है जिसके एक आंख, लाल मूंह, काला रंग, पर्वत शिखर सा आकार आदि है. जुंग के अनुसार यह आकृति पुरुष लिंग की द्योतक है. प्राचीन काल में धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप पुरुष लिंग की कल्पना ऐसे रूप में ही सभी सभ्यताएं व समाज करते आए हैं. स्वयं ब्राह्मणधर्म में शिव का लिंग इसी रूप में पूजा जाता है.

10. इस आकृति का हुलिया रामायण में वर्णित लाल मुखी से लगभग मिलता है. अतः यह आकृति वास्तव में ऋश्यश्रृंग अथवा उसके पुरुषांग की द्योतक है जिससें कि तीनों रानियों ने वीर्य अर्थात पायस ग्रहण कर अचिरेण गर्भ धारण किया. **सरिता के सम्पादक महोदय ने बिल्कुल सही लिखा है कि यह वास्तव में दशरथ की रानियों को ऋश्यश्रृंग का वीर्यदान था. (समु 2.50).**

11. यहां यह बताना भी उपयुक्त है कि गुरू कबीर के जमाने तक लोग ऋश्यश्रृंग को ही राम का असली बाप मानते थे. इसीलिए कबीर साहेब ने बिना लाग लपेट के यह बात कही : **देखो लोगो राम की सगाइ! हम बहनोई, राम हमारा साला!! हमहि बाप, राम पुत हमारा !!! अर्थात राम का सगापाना देखो. जो राम का बहनोई है वही उसका बाप भी है!**

इन तथ्यों सें यह स्पष्ट होता है कि वह लाल मुखी और ऋष्यश्रृंग एक ही प्राणी के दो भिन्न रूप हैं और दशरथ की रानियों को गर्भाधान करने वाला ऋश्यश्रृंग ही था. राम को विष्णु का अवतार सिद्ध करना एक मात्र कारण था जिस की वजह सें इतना पर्दा डाला गया. वर्ना आर्यों में तो नियोग अनिवार्य प्रथा थी. यहां तक कि आधुनिक काल के आर्य समाज के संस्थापक दयानन्द ने भी नियोग द्वारा दस पुत्र पैदा करना जायज और अनिवार्य करार दिया है. अतः दशरथ ने ऋष्यश्रृंग सें नियोग करवा कर आर्य प्रथा का निर्वहण ही किया था.

यहां हनुमान जन्म का उदाहरण देना भी प्रासांगिक है. हनुमान की माँ का नाम अंजनि था और अंजनि के पति का नाम केसरी था. केसरी उस पहाड़ी प्रांत का राजा था. एक दिन अंजनि स्नान करके साफ वस्त्र पहन, श्रृंगार कर पर्वत पर घूमने निकली. वहां उसे देव पवन मिल गया. उसने अंजनि के महीन वस्त्र हटा दिए. पवन उसका सुन्दर रूप, शरीर देख कर उस पर मोहित हो गया और उसने अंजनि सें संभोग याचना की. केसरी की ब्याहता अंजति पहले तो नहीं मानी लेकिन जब पवन ने उससें पुत्र पैदा करने का लालच दिया तो अंजनि पवन सें संभोग के लिए राजी हो गई. पवन ने वहीं पत्थर पर लिटा कर अंजनि सें संभोग किया. उन दोनों के इस नाजायज समागम अथवा व्यभिचार सें हनुमान पैदा हुआ.

उपरोक्त हनुमान जन्म प्रकरण में भगवान बाल्मिकी ने कोई लाग लपेट नहीं की है. उन्होंने बिना पर्दा डाले स्पष्ट लिखा है कि हनुमान की माँ ने गैर मर्द पवन सें व्यभिचार करके हनुमान को पैदा किया. उन्होंने पर्दा इस लिए नहीं डाला क्यों कि उन्होंने हनुमान को "भगवान'' का अवतार सिद्ध नहीं करना था. जबकि जिस किसी ने भी राम के विषय में रामायण के मूल स्वरूप में गड़बड़ की है, उसका उद्देश्य राम को अवतार सिद्ध करने का

था. अतः उसने ऋश्यश्रृंग द्वारा कौशल्या, सुमित्रा और कैकेयी सें किये गए व्यभिचार पर उपरोक्त ढंग सें पर्दा डालने की कोशिश की है.

रामायण कथा में एक बात बड़ी अजीब है तथा सबकी समझ सें परे है कि राम हनुमान आदि ने महात्मा रावण को मारने की योजना या साजिश अपने पिछले जन्म में ही बना ली थी और उसी योजना, साजिश के अनुरूप उन्होंने धरती पर जन्म या अवतार लिया **तो उन्होंने अपने माँ और बाप चुनने में धांधली क्यों बरती? उन्होंने ऐसे बाप क्यों चुने जो नपुंसक थे अथवा बच्चे पैदा करने में असमर्थ थे. उन्होंने जन्म या अवतार लेने के लिए अपनी माँओं को गैरों सें दूषित क्यों करवाया. अगर राम और हनुमान भगवान कहे जाने वाले विष्णु और शिव के अवतार थे और उन्होंने अपनी इच्छा सें मानव और वानर योनि में जन्म लिया था तो वे इतना तो कर ही सकते थे कि ऐसे मानव और वानर पिता का चयन करते जो स्वयं उन्हे पैदा करने की क्षमता रखते थे.**

और किसी भी "भगवान" में इतना सामर्थ्य तो जरूर होना ही चाहिए कि जिसके भी यहां वह जन्म ले, कम सें कम वैध सन्तान के रूप में तो जन्म ले और अपनी माँ को गैरों सें दूषित तो न करवाए. वैसे जो भगवान जन्म लेने के लिए अपनी माँ को गैर मर्द सें दूशित करवाता है तो बड़ा होकर वह स्वयं क्या गुल खिलाएगा, इसकी कल्पना सहज की जा सकती है.

इन बातों का सीधा सा अर्थ यह निकलता है कि ब्राह्मण ऋषि ऐयाशी चाहते थे. जो उनकी ऐयाशी पूरी कर देता था उसे वे "भगवान" बना देते थे. पढ़े लिखे ब्राह्मण ही होते थे अतः जो मन में आता वही स्टोरी लिख देते थे. ब्राह्मणों द्वारा घढ़े गए किस्सों सें तो ऐसा लगता है कि उस समय के शूद्रों को छोड़ कर शेष सभी जातियों में ऐसे ही बच्चे पैदा करवाने का रिवाज था.

5.5.2 राम .... और मर्यादा ?

एक बात का बहुत जोर शोर सें प्रचार किया जाता है कि राम मर्यादा–पुरुषोतम था. "मर्यादा–पुरुषोतम'' अर्थात जिसने पुरुषों की सर्वोत्तम मर्यादायें स्थापित कीं. उसने कौन सी मर्यादाएं स्थापित कीं. कोई धर्म–ग्रन्थ नही बताता. ले दे कर कोई बयान करता है तो इतना कि वह बाप की आज्ञा मान कर 14 वर्ष बनवास में रहा. बनवास जाने के प्रसंग पर टिप्पणी करने के साथ साथ राम के जीवन की विभिन्न अवस्थाओं पर भी नजर डालते हैं.

1. **जन्म** : उसका जन्म ही आज की मान्यताओं के अनुसार ''अवैध, अपवित्र और पापपूर्ण'' है.
2. **लड़कपन** : लड़कपन की उम्र में उसने निरपराध ताड़का तथा अन्य राक्षसों को मार दिया. 12–13 वर्ष की आयु में उसने सीता को जीत लिया और दहेज में करोड़ों की सम्पत्ति के साथ साथ हजारों दासियां भी पाईं.
3. **युवावस्था** :अपने छोटे भाई और गद्दी के असली वारिस भरत सें धोखा करके, बाप के जीते जी गद्दी पर कब्जा करने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहा और 14 साल वनबास की सजा भोगी.
4. **गृहावस्था** : 25 साल सीता के साथ रहा परन्तु फिर भी बाप की तरह निसन्तान ही रहा.
5. **बनवास** : अनगिनत निरीह पशु मारे, यहां तक कि पवित्र पशु (गाय) भी मारी और खाईं.
   बालि की नियोजित तथा कायरतापूर्ण हत्या की.
   रक्ष संस्कृति के अनगिनित बच्चे, बूढों और स्त्रियों की निर्मम हत्या की.
   सीता को छुड़वाने के लिए दो बार दूत भेज कर अपनी "मर्दानगी'' का सबूत दिया.
6. **राज्यकाल** : ऋषि शम्बूक की हत्या की.
   वेश्याओं से रंगरलियां मनाईं.
   गद्दी के लिए सीता को जंगल में फिंकवाया.
   सारी उम्र सेवा करने वाले भाई लक्ष्मण से आत्महत्या करवाई.
7. **अंत** : सरयू में डूब कर आत्महत्या की.

इन मुद्दों का विस्तृत विवेचन इस प्रकार सें है :

<u>जन्म</u> : राम के जन्म लेने की विधि पर पीछे विस्तृत विवेचन कर चुके हैं. हम में सें कितने लोग हैं जो इस ब्राह्मणवादी वेद–विधि सें पैदा हुए हैं. या कितने लोग हैं जो अपनी पत्नी, बहन, बेटी, बूआ, चाची आदि सें इस विधि द्वारा संतान पैदा करवाना चाहेंगे, अथवा कितने लोग इस ब्राह्मणवादी विधि को स्वीकार कर पाएंगे कि

यजमान वेश्याऐं भेज कर ब्राह्मणों को बुलाए, फिर उनको मीट शराब ग्रहण करा कर वैसा कुछ आग्रह करें जैसा दशरथ ने ऋश्यश्रंग सें अश्वमेध में किया था.

हमारा दृढ़ विश्वास है कि राम जन्म की यह मर्यादा कोई भी गैरतमंद आदमी स्वीकार नहीं करेगा, यहां तक कि शिव–सेना, आर.एस एस, विश्व हिन्दू परिषद वाले भी अपनी बहन बेटी सें पण्डों द्वारा इस विधि सें संतान पैदा नहीं करवा पाएंगे. कहा जा सकता है कि ऐसे जन्म लेने में राम का क्या कसूर है. लेकिन यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि राम का जन्म पूर्णतया पूर्व नियोजित था. उसे विष्णु का अवतार बताते हैं जो महात्मा रावण को मारने के लिए ही पैदा हुआ था. अतः राम सोच समझ कर इस विधि सें पैदा हुआ था. वह चाहता तो सही मां–बाप के यहां भी पैदा हो सकता था.

बचपन : राम ने लगभग 10 वर्ष की आयु में पहली हत्या की. वह भी एक निरपराध महिला ताड़का की. बाल्मिकी रामायण के अनुसार ताड़का सीधी सादी स्त्री थी. पूरी रामायण में कहीं कोई जिक्र नहीं है कि ताड़का ने किसी निरपराध व्यक्ति या ऋषि को मारा हो. रक्ष संस्कृति के लोग (राक्षस) मात्र "छिद्र" वाले यज्ञों को नष्ट करते थे जो उनके पूजनीय महात्मा रावण के राज्य क्षेत्र में किए जाते थे. **''छिद्र वाले यज्ञ''** वे यज्ञ होते थे जिनमें कम सें कम 16 ब्राह्मणिक ऋषि एकत्रित होकर ''यज्ञ'' करते थे जिसमें वे ब्राह्मण ऋषि खुल कर सुरा, सुन्दरी और माँस का भोग करते थे. ब्राह्मणवाद के सभी प्राचीन ग्रन्थ इस बात के साक्षी हैं कि ब्राह्मणवादी ऋषि यज्ञ में पशुओं की बलि देते थे, उनके माँस को वहीं यज्ञ की आग में भून कर खाते थे और सोम नामक शराब पीकर वहीं यज्ञ वेदी पर व्यभिचार भी करते थे.

जैसे आज के सभ्य समाज को यह प्रथा अमानवीय और नीचतापूर्ण लगती है वैसे ही धर्म के नाम पर की जा रही यह करतूत महात्मा रावण को असहनीय लगी थी. अतः उन्होने अपने साम्राज्य में यज्ञ करने वाले लोगों के लिए निम्नलिखित मर्यादाएं निश्चित की थीं :

1. उन्होने पहली मर्यादा यह बनाई कि बड़े बड़े आडम्बर पूर्ण यज्ञों की बजाए **हर घर में हवन किए जाएं** जहां **मात्र एक पुरोहित** यह कार्य सम्पादन कर सकता है. स्वयं हनुमान ने लंका में घर घर में इसी प्रथा के अनुरूप हवन होते हुए देखे थे.
2. 16 ब्राह्मण ऋत्विकों के गिरोह द्वारा किए जा रहे अश्लील और वीभत्स यज्ञों पर उन्होंने पूरी तरह पाबन्दी लगा दी थी. हवन कुण्डों के पास किए जा रहे **यौन अनाचार को उन्होंने बन्द करवाया.**
3. उन्होने यज्ञ में किसी भी प्रकार की **बलि देने पर पूर्णतया पाबन्दी** लगा दी थी ताकि लोगों के पास दूध पीने के लिए गाएं और खेत में काम करने के लिए बैल बचे रहें.
4. उन्होंने यह भी व्यवस्था की कि हवन के समय कोई भी पुरोहित ऋषि, यजमान या अतिथि किसी प्रकार के **नशीले पदार्थ (सोमरस) का सेवन न करे.**
5. उनके राज्य की सीमा में जिन यज्ञों में बलि देने, शराब पीने और व्यभिचार करने की घटनाएं होती थीं, ऐसे यज्ञों को **"छिद्र वाले यज्ञ"** यानि अनैतिक यज्ञ कहा जाता था जिसे रक्ष–संस्कृति के रक्षक नष्ट कर देते थे तथा ऐसे यज्ञ कर्ताओं को सजा भी देते थे.
6. **उन्होने यह भी व्यवस्था दी कि हवन अब्राह्मण लोग भी कर सकते हैं. कोई भी यज्ञ या हवन बिना ब्राह्मण के भी किए जा सकते हैं. भारतीय सुप्रीम कोर्ट ने तो अब 21 वीं सदी में यह व्यवस्था दी है कि कोई अब्राह्मण भी ''पुजारी'' बन सकता है. लेकिन इतिहास में पहली बार ऐसा तब हुआ जब महात्मा रावण ने अब्राह्मणों को पूजा करने और करवाने का अधिकार दिया. जहां भारतीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश मात्र कागजों पर छप कर रह गए हैं, महात्मा रावण ने इन नियमों को लागू भी किया.**

महात्मा रावण के इन क्रांतिकारी कदमों ने ब्राह्मणवाद की नींव हिला कर रख दी. इन व्यवस्थाओं के चलते ब्राह्मणों और उनके देवताओं की न केवल पेट पूजा मारी गई बल्कि उन की ऐयाशी भी समाप्त हो गई. उन की लंका में कौन कौन से ऐयाश देवता कैद थे, सभी जानते हैं. औरों की तो छोड़िए, हनुमान का असली बाप पवन भी उनका कैदी था. अस्तु.

प्राचीन समय में लोगों का मुख्य धन पशु होते थे. जो न केवल खेती करने में सहायक होते थे बल्कि दूध, दही और घी के भी स्त्रोत भी होते थे. ऋग्वेद पशुओं के लिए की गईं लड़ाइयों सें भरा पड़ा है. जैसे आज बाबा आम्टे जैसे लोग पर्यावरण बचाने के लिए जी जान सें जुटे हुए हैं वैसे ही उस जमाने में ताड़का और उनके सहयोगी भी इन कसाइयों अर्थात यज्ञ कर्ता ब्राह्मण ऋत्विकों सें पशु धन बचाने में जुटे हुए थे. उस समय वे ऋषि रोजाना सैंकड़ों गायों, बैलों, हिरणों आदि निरीह जीवों को यज्ञ में भून कर खा जाते थे, किसी भी बच्ची, युवति, अथवा स्त्री की इज्जत पर हाथ डाल लेते थे. औरों की बहन बेटी की तो बात छोड़िये ऋग्वेद में तो एक यज्ञ कर्ता द्वारा यज्ञ वेदी पर अपनी ही बेटी सें कुकर्म का वर्णन है. और इसमें घोर शर्मनाक बात यह है कि ऋग्वेद इस कुकर्म को "शोभन कार्य" बताता है. (देखिए अ.5)

महात्मा रावण ने क्योंकि उनकी इन करतूतों पर पाबंदी लगा दी थी, इससें इन ऋषिओं की एयाशी बन्द हो गई थी. अतः उनका सरगना विश्वामित्र दशरथ के पास आया. चोर का भाई गिरहकट. विश्वामित्र की मेनका नामक वेश्या के साथ मनाई गई रंगरलियां किसी सें छुपी नहीं हैं और दशरथ को ऋषिओं सें पुत्र प्राप्ति को ज्यादा दिन नहीं हुए थे. अतः उसने राम को पुत्र दाता ऋषिओं की रक्षा हेतु भेज दिया.

राम ने जाते ही निहत्थी ताड़का को पकड़ लिया तथा उनके गुप्त अंग में तलवार घुसेड़ कर बड़ी बेरहमी सें उनका कत्ल कर दिया. (सीता : जिनोसाइड)

आखिर कसूर क्या था ताड़का का कि राम ने उनको इस बेरहमी सें मार दिया ?

बाल्मिकी रामायण के बाल कांड (सर्ग 24 सें 26 तक) में ताड़का–वृतांत है, जहां ले देकर उनका कसूर मात्र इतना बताया गया है कि अगस्त्य ऋषि और उनका झगड़ा हुआ था जिसमें ताड़का और उनका बेटा मारीच अगस्त्य को मारने दौड़े थे. तब उसने ताड़का को कुरुप और उनके बेटे मारीच को राक्षस बना दिया. अगस्त्य को उन दोनों माँ बेटे ने कुछ हानि की हो, ऐसा कोई जिक्र नही है. औरतों को कुरूप बनाना या अंग भंग करना आर्य मर्यादा थी.

प्रश्न उठता है कि ताड़का और उनका बेटा मारीच अगस्त्य को मारने क्यों दौडे ? इसके लिए अगस्त्य का परिचय जानना जरुरी है. मित्र और वरुण दो देव थे. एक दिन दोनों ने एक वेश्या उर्वशी को नहाते देख लिया. दोनों ने उस वेश्या सें व्यभिचार किया. दो ऋषि, एक अगस्त्य और दूसरा राम का कुलगुरु वशिष्ठ पैदा हो गए. महाभारत के वनपर्व 96–98 मे अगस्त्य की करणी बयान है कि उसके एक लड़की पैदा हुई जिसको उसने विदर्भ के राजा के पास रख दिया. जब वह जवान हो गई तो उसे ले आया और उसके साथ उम्र भर व्यभिचार करता रहा.

फिर एक दिन भूख मिटाने के लिए वह ब्राह्मणऋषि वातापि नामक आदमी को मार कर खा गया.

अतः ऐसे नरभक्षी को अगर ताड़का ने छिद्र वाले यज्ञ करने सें रोका तो कौन सा गुनाह कर दिया कि राम ने उनकी हत्या ही कर दी.

हम फिर वही प्रश्न दोहराना चाहेंगे कि हम में से कितने लोग हैं जो राम की इस मर्यादा को अपने बच्चों पर लागू करना चाहेंगे कि वे 10–12 वर्ष की आयु में निरपराध महिलाओं को बेरहमी सें जान सें मार दें. या फिर ऐसे दरिन्दों के संरक्षक बन जाएं जो नरभक्षी हों और अपनी ही बेटी सें व्यभिचार करते हों.

लड़कपन : राम लड़कपन में था जब उसने सीता को जीता था. सभी ब्राह्मणग्रन्थों मे यही वर्णित है कि जनक ने यह शर्त रखी थी कि जो भी धनुष की डोरी चढ़ा देगा, सीता उसको दे दी जाएगी. अनेकों राजाओं सामन्तों ने जोर लगाया लेकिन असफल रहे. **जनक ने दशरथ, राम आदि को इस काम के लिए बुलाया ही नहीं था**. टोकारा भी न डाला था.

ताड़का आदि की हत्या करके जब राम लक्ष्मण विश्वामित्र लौट रहे थे तो मिथिला के बाहर ही उनकी मुलाकात जनक सें हो गई. उसने अपना दुखड़ा विश्वामित्र के आगे रोया कि कोई भी राजा या सामन्त धनुष की डोरी चढ़ा कर सीता को नहीं जीत पाया, तो विश्वामित्र ने धनुश देखने की इच्छा जाहिर की. जनक ने अपने आदमी भेजे और वे धनुश ले आए. राम ने सन्दूक में सें धनुश निकाला और उस पर डोरी कसने लगा कि वह टूट गया. जनक ने सीता राम को पकड़ा दी.

आर्य अपनी बेटियों को ऐसे ही दांव पर लगाते थे जिसे आजकल के ब्राह्मणिक विद्वान स्वयंवर बताते हैं.

जनक ने सीता ही नहीं दी बल्कि साथ में ''परम सुन्दरी 100 अलंकृत कन्याएं'' भी दीं. आजकल व्यापारी सेल लगाते हैं जहां "एक के साथ एक फ्री" की स्कीम चलाई जाती है लेकिन जनक ने तो **एक के साथ एक सौ फ्री** दे दीं.

प्रश्न उठता है कि इस सारे कांड में सीता की मर्जी कहां थी. उस बेचारी को तो पता ही नहीं था कि किसी निर्मम 'स्त्री हत्यारे' ने उसे जीत लिया है! इसमें वधु द्वारा स्वयं पति यानि वर चुनने का काम कहां हुआ. एक पल के लिए सोचें कि वह संदूक अगर विश्वामित्र खोल कर देख लेता और धनुष पर डोरी चढ़ा देता तो क्या सीता उसके साथ जाने सें मना कर सकती थी?

अगला प्रश्न उठता है कि ये दासियां कहां से आईं ? जनक भी तो दशरथ की तरह बांझ था. फिर किसकी बेटियों की दल्लागिरी उसने की ? कहां सें दल्लागिरी करके वह लाया इतनी सारी परम सुन्दर कन्याएं ? अगर उसने काम करने के लिए ही नौकरानियां देनी थीं तो ''परम सुन्दरियां'' किस लिए दीं. और ये सभी परम सुन्दरियां ''कन्याएं'' अर्थात ''कुंआरी'' ही क्यों दीं ? और उनको अलंकृत करके ही देने की क्यों आवश्यकता पड़ी ?

पूछा जा सकता है कि राम ने इन दासियों का क्या किया ?

फिर वही सवाल उठता है कि कितने लोग हैं जो अपनी बहन बेटियों को इस प्रकार दांव पर लगाने का काम कर सकते हैं और कौन है जो इस प्रकार दांव पर लगाई गई लड़की को जीत कर अपनी पत्नि बनाना स्वीकार करेगा. हमारे विचार में रामचरित लिखने वाला तुलसी भी अपनी बेटी को इस प्रकार दांव पर नहीं लगा पाता और न ही अपनी पुत्रवधु इस प्रकार सें ला पाता.

राम द्वारा स्थापित यह मर्यादा संघी भाई या विश्व हिन्दू परिषद के लोग भी नहीं अपनाना चाहेंगे और न ही अपना पाएंगे. अगर वे राम को मर्यादा पुरुषोत्तम मानते हैं तो उन्हें भी राम की तरह अपनी बहन बेटियों और वधुओं को ऐसे दांव पर लगा कर "स्वयंवर" करने चाहिएं. वे जाति की शर्त न रखें, फिर देखें सिवाय एकलव्यों के कौन उनके स्वयंवर जीतते हैं!!

युवावस्था : भरत समान जुड़वां भाई सें धोखा

इस कथा सें सभी परिचित हैं कि दशरथ ने **गुपचुप** रीति सें राम को गद्दी सौंपने का उपक्रम किया था जिसे राम ने **गुपचुप** ही स्वीकार कर लिया था लेकिन एन वक्त पर कैकेई ने उसकी साजिश चौपट कर दी. राम को बनवास मिला लेकिन भरत गद्दी पर नहीं बैठा और वन सें आते ही राम को गद्दी सौंप दी.

बाल्मिकी रामायण का अयोध्या कांड इस पूरे घटनाक्रम का ब्योरा देता है जिसे सर्ग दर सर्ग नीचे दिया जा रहा है.

जैसे कृष्ण को एक वेश्या ने अपने घर बुलाया, वैसे ही एक बार अपने समय की प्रसिद्ध गणिका अम्बापाली ने गौतम बुद्ध को अपने घर भोजन पर बुलाया. बुद्ध अकेले नहीं गये. भिक्षुओं का पूरा संघ उनके साथ गया. बुद्ध अम्बापाली के घर पहुंचे. बोले,**"भगिनी, भिक्षा दे.**" अम्बापाली के आंसू बह निकले. वर्षों बाद किसी ने उन्हे बहन बोला था. बुद्ध और भिक्षुओं ने भोजन किया. और वर्षों बाद किसी ने उनके हाथ का भोजन स्वीकार किया था. संघ भोजन कर चलने को हुआ तो अम्बापाली उनके कदमों में गिर पड़ी, बोली भगवन् दीक्षा दें. बुद्ध ने दीक्षा दी और वह भिक्षुणी बन गई. आज विश्व उस "**गणिका" अम्बापाली को "माँ अम्बा"** के नाम सें पूजता है.

जरा इन दो एक सी घटनाओं की तुलना करके देखें. हम पाते हैं जैसे कोठे वाली वेश्या के पास एक ऐयाश जाता है कृष्ण भी कुब्जा के पास उसी तरह गया. उसे भोगा और वापिस आ गया. उसे राधा या कुब्जा में मात्र भोग्या मादा के अतिरिक्त कुछ नहीं सूझा. बुद्ध को अम्बापाली में ममता के अतिरिक्त कुछ नहीं दिखाई दिया.

इसीलिए आज लोग राधा या कुब्जा को प्रेयसी या वेश्या सें ज्यादा नहीं मानते. कोई माँ–बाप अपनी बेटी को राधा या कुब्जा की तरह वासना की पिटारी नही बनाना चाहेगा. माँ अम्बा सदैव पूजनीय रही है और रहेगी.

5.6.4 शेष उम्र की घिनौनी जालसाजियां

सुभद्रा सें यौन सम्बंध और उसे अर्जुन के हाथों उठवाना : कृष्ण ने मात्र अपनी मामी राधा, कुब्जा और गोपियों को ही नहीं खराब किया बल्कि उसने तो अपनी सगी बहन सुभद्रा तक को भी नहीं बख्शा. उसने और उसके भाई बलराम ने मिल कर सुभद्रा सें अनैतिक यौन सम्बंध बनाये. **आज भी जगन्नाथ** मंदिर सें जो रथ यात्रा निकाली जाती है उसमें इन तीनों को पति पत्नि के रूप में दर्शाया जाता है. (सीता 6.6) कुछ लोग यह दलील देते हैं कि जगन्नाथ वाली सुभद्रा कोई अन्य स्त्री है लेकिन प्राचीन ग्रन्थों में एक ही सुभद्रा (कृष्ण की बहन) है जिससें कृष्ण और बलराम ने अनैतिक सम्बंध बनाये.

उसे डर था कि कहीं उसकी बहन सुभद्रा किसी और सें शादी न कर ले. अतः उसने उसे शादी के मण्डप सें ही जबरन अर्जुन के हाथों उठवा दिया. (आदि.221 स.मु.1.19) उस समय अर्जुन शादीशुदा था. उसकी इस घिनौनी व नीच हरकत का बलराम और अन्य लोगों ने विरोध किया. वे लोग अर्जुन को मारने भी दौड़े लेकिन कृष्ण ने उन्हे रोक लिया. अपनी बहन को उधाल ले जाने के एवज में कृष्ण ने अर्जुन को गाय, घोड़े, घोड़ियों के अतिरिक्त हजारों लड़कियां भेंट की जो ''उबटन लगाने में निपुण, नवीन वय वाली और थोड़े थोड़े गुह्य रोमों सें युक्त थीं." (आदि 219) (स.मु 1.19). आम हिन्दोस्तानी भाषा में इसका अर्थ है कि कृष्ण ने जो लड़कियां अर्जुन को भेंट कीं वे मालिश करने में कुशल, ताजा ताजा जवान हुई थीं तथा जिनके गुप्त अंगों पर बाल उगना शुरू हुए थे.

यहां ध्यान देने वाली बात है कि अर्जुन सुभद्रा को ब्याह कर नहीं ले गया था, उसे उसकी तथा शेष परिवार की मर्जी के खिलाफ उठा कर ले गया था. अतः कृष्ण ने जो यह नारियां भेंट कीं वह **"दहेज" नहीं था**. यह तो बहन को उठाने के लिए दिया गया मुआवजा या नजराना था.

दूसरी बात ध्यान देने योग्य है कि कृष्ण ने अर्जुन को जो नारियां भेंट की वे बूढ़ी दासियां नहीं थी. सभी कमसिन थीं. महाभारत के आदि पर्व में **बहुत बेशर्मी** सें यह बात लिखी गई है कि वे ताजा जवान उम्र की थीं जिन के गुप्त स्थानों पर अभी रोयें (बाल उगने की शुरूआती अवस्था) उगने शुरू हुए थे.

इस ब्यौरे का क्या अर्थ है? कृष्ण ने अपने शेष जीवन में जो गुल खिलाए उससें साफ जाहिर है कि कृष्ण ने दल्लागिरी में यह लड़कियां भेंट की, वर्ना इतनी लड़कियां वह कहां सें लाया? ये उसकी 16,109 रखैलों सें पैदा हुई अपनी बेटियां तो थीं नहीं. फिर कहां सें लाया वह हजारों लड़कियां और क्यों उसने दी ये लड़कियां अर्जुन को? सीधी सी बात है जैसे उसने अपनी बहन उठवाई वैसे वह दूसरों की बेटियां उठा लाया होगा. या फिर कहीं सें दल्लागिरी की होगी. जो व्यक्ति अपनी बहन को उठवा सकता है उसके लिए किसी और की बेटियां उठाना कौन सा कठिन काम है. हां इतना अवश्य है कि सत्याभामा के साथ दहेज में उसे 3000 सजी सजाई नवयोवनाएं मिली थी. हो सकता है उन्ही की दल्लागिरी कर ली हो.

यह तो ब्राह्मणों की कृष्ण के प्रति **दरियादिली** ही है कि उसने रूक्मणि को उठा लिया व अपनी बहन को उठवा दिया, फिर भी उसे भगवान का दर्जा दे दिया वर्ना महात्मा रावण ने सीता का हरण किया तो उन्हें खलनायक बना दिया.

कृष्ण की गांधीगिरी : कुछ लोग विशेषतः ब्राह्मणों ने इस घटना का खूब प्रचार किया हुआ है कि कृष्ण स्त्रियों की बहुत कदर करता था तभी तो वह नंगी होती द्रोपदी को कपड़ा देने पहुंच गया. यह घटना बिलकुल आज के नेताओं की सी लगती है. कहीं किसी औरत सें बलात्कार हो जाता है तो नेता लोग **बलात्कारी को अपने घर में छिपा कर** लुटी पिटी औरत के पास घड़ियाली आंसू बहाने यानि गांधीगिरी करने पहुंच जाते हैं. उसे कपड़ा देते हैं, पैसा देते हैं. दोषी को सजा दिलाने की सौ सौ बातें करते हैं और कुछ दिनों बाद उसी बलात्कारी के साथ घूमते नजर आते हैं. गांधी ने भारत के तीन टुकड़े करवा दिए. जब बंटवारे के कारण लोग मारे गए तो वह घड़ियाला आंसू बहाता हुआ पाकिस्तानियों तक को धन बांटने चला गया.

ऐसा ही कुछ कृष्ण ने किया. द्रोपदी को उसका पति नं.1 युद्धिश्ठर जूए में हार गया. कृष्ण कुछ न बोला. द्रोपदी शोर मचाती रही कोई न आया. उसे बालों से पकड़ कर घसीट कर दरबार में लाया गया. कृष्ण कुछ न बोला. जब उसे भरी सभा में नंगी कर दिया गया तब कृष्ण आया. **उसने द्रोपदी पर कपड़ा डाला और चलता बना.**

उसने किसी सें कुछ न कहा. न तो युद्धिश्ठर सें पूछा कि उसने उसकी बहन को जूए के दांव पर क्यों लगाया और न ही कौरवों सें पूछा कि उन्होंने द्रोपदी सें दुर्व्यवहार क्यों किया.

और कुछ दिनों बाद जब महाभारत का युद्ध अटल हो गया तो अपनी **लीडरी** अथवा **गांधीगिरी** चमकाने दोनों पक्षों में सें एक को अपनी सेना दे दी और एक ओर स्वयं हो गया. कोई जीते हारे, कोई जीए मरे, उसकी चौधर पक्की. **अगर उसे द्रोपदी का इतना ही ख्याल था तो उसने कौरवों को स्वयं और सेना में सें एक को चुनने के लिये क्यों कहा.!! अगर दुर्योधन उसकी सेना की बजाये उसे ही अपनी ओर मांग लेता तो!! तो क्या वह द्रोपदी को नंगा करने वालों के पक्ष में युद्ध नहीं करता.**

किसी भी ब्राह्मण–ग्रन्थ में कहीं भी कोई जिक्र नहीं है कि उसने **द्रोपदी की बेइज्जती** करने वाले किसी भी प्राणी को कभी कोई सजा दी हो. न युधिष्ठर को सजा दी जिसने अपनी पत्नि को दांव पर लगाया और न ही कौरवों को सजा दी जिन्होंने उसे भरे दरबार में नंगा कर दिया. निश्चित रूप में आज के लीडरों ने कृष्ण सें बहुत कुछ सीखा है. कम सें कम स्त्री की बेइज्जती होने पर उसके सामने घड़ियाली आंसू बहाना और बलात्कारियों के साथ यारी रखना तो सीखा ही है. अगर उसके मन में नारी के लिए सम्मान होता तो वह अपनी उन रखैलों को भी बचाने जरूर आता जिन्हे लेकर अर्जुन द्वारका सें हस्तिनापुर आ रहा था. इन्हे रास्ते में लुटेरों ने लूट लिया. महान धर्नुधर कहा जाने वाला अर्जुन लुट पिट कर खाली हाथ लौट आया.

सरिता मुक्ता के संपादक ने बिलकुल सही लिखा है कि कृष्ण बेहद महत्वाकांक्षी था. वह प्रमुख व्यक्ति बनना चाहता था. द्रोपदी प्रकरण के रूप में उसकी चिरकाल की अभिलाषा फलीभूत हुई. इस घटना को लेकर उसने दोनों पक्षों में फूट पक्की करने का अवसर मिल गया. उसकी महत्वाकांक्षा का जो परिणाम हुआ, अगर महाभारत सच्ची है, तो इसका अर्थ यह हुआ कि मथुरा वृंदावन के तमाम पुरुष मारे गए और उनकी माँ बहनों बेटियों को भील संथाल व अन्य जंगली लोग हांक ले गये. कुछ ऐसा ही स्त्री रक्षक था कृष्ण.

जामवन्त सें कृतघ्नता : ब्राह्मण–ग्रन्थों के अनुसार कृष्ण राम का अवतार था अथवा पिछले जन्म में वह राम था. सभी जानते हैं कि राम को लंका ले जाने के लिए वानरों ने समुद्र पर पुल बनवाया था. उस पुल को बनाने का श्रेय जापवन्त को जाता है. अगर जामवन्त समुद्र पर वह पुल न बनाता तो राम का लंका में जाना लगभग असंभव ही था. जामवन्त के कारण ही राम सीता को पुनः मिल पाया.

जैसे कि कथा है राम का अंत सरयु नदी में डूब मरने सें हुआ और अगले जन्म में वह कृष्ण बन कर पैदा हुआ. जामवन्त अभी जिन्दा था. उसके पास स्यमंतक मणि थी. कृष्ण को यह तो याद रहा कि राम होते हुए उसने गोपियों सें वादा किया था कि अगले जन्म में वह उन की वासना पूर्ति करेगा परन्तु यह जामवन्त का एहसान भूल गया कि उसने उसे सीता दिलवाई थी. अगर जामवन्त पुल न बनाता तो वह आज भी समुद्र किनारे खड़ा सीता सीता चिल्ला रहा होता. खैर जैसे आर्य होते थे, पिछले जन्म का राम और इस जन्म का कृष्ण भी काम निकलते ही लोगों के एहसान भूल गया. कृष्ण ने मणि के लिए जामवन्त पर धावा बोल दिया. मणि तो हथियाई ही, उसकी बेटी भी लेता आया. उपकार का अच्छा बदला दिया कृतघ्न ने.

कर्ण को घिनौनी ऑफर : ब्राह्मणों ने अधिकतर अवतारों की रचना विष्णु के नाम पर की है. विष्णु पहला आदमी था जिसने दुश्मन को समाप्त करने के लिये स्त्री को प्रयोग करने का रास्ता सिखाया था. वृन्दा माँ अथवा तुलसी सें बलात्कार करके उसने महाराज जालन्धर का कत्ल किया तो मोहिनी बन कर असुरों सें दगा किया. कृष्ण सचमुच उस नीच का अवतार था. वह जानता था कि महाभारत की लड़ाई में केवल कर्ण ही उसके रास्ते का रोड़ा बन सकता है. अतः वह कर्ण के पास गया और उसने कर्ण को जो ऑफर दी उसे सुन कर आज के जमाने के दल्लों को **उसकी दल्लागिरी** सें सीख लेनी चाहिए. कृष्ण बोला कि अगर कर्ण पांडवों के साथ मिल जाये तो जैसे दूसरे पांडव द्रोपदी को भोगते हैं वह भी द्रोपदी को भोग सकता है. उसका भी द्रोपदी पर अधिकार होगा बल्कि सबसें बड़ा कुन्ती–पुत्र होने के नाते उसे द्रोपदी को भोगने का सबसें पहला अधिकार होगा. ( )

यह तो शुक्र है कि कर्ण बचपन सें ही किसी दलित परिवार में पला बढ़ा था. अतः उसमें मानवता के संस्कार मौजूद थे. अगर वह भी कहीं आर्य कृष्ण जैसा ही होता तो? तो आज महाभारत की कथा कुछ और ही होती. वैसे कृष्ण ने तो ब्राह्मणिक भगवानों वाला काम ही किया था. अगर वह अपनी सगी बहन को शादीशुदा मर्द के हाथों अगवा करवा सकता था तो मूंह बोली बहन को किसी और को ऑफर करने में उसे क्या संकोच हो सकता था. ऐसे प्राणियों पर लानत है!

5.6.7 महाभारत युद्ध

इस युद्ध में कृष्ण ने जो जालसाजियां की उन को पढ़ कर ऐसा लगता है जैसे कि वे किसी भ्रष्ट राजनीतिज्ञ या अंडरवर्ल्ड के किसी डॉन के कारनामे हों. निश्चित रूप सें आज के **भाई लोगों** ने कृष्ण की जालसाजियों सें प्रेरणा अवश्य ली होगी.

महाभारत का औचित्य : महाभारत की कथा सभी जानते हैं कि कौरव और पाँडव दो जुआरी परिवार थे. वे इस हद तक गिरे हुए लोग थे कि जूए में अपनी बहन बेटियों तक को दांव पर लगा देते थे. एक बार जूए में पाँडव अपना घर बार एवं सारी सम्पत्ति तक हार गये. यहां तक कि शर्त में जीत कर लाई गई कृष्ण की बहन द्रौपदी तक को दाव पर लगा दिया और उसे भी हार गए. कौरवों ने द्रौपदी तो लौटा दी मगर सम्पत्ति न लौटाई. अंत में उसी सम्पत्ति को लेकर झगड़ा हो गया. कुरूक्षेत्र के मैदान में सेनाएं आमने सामने आ खड़ी हुई. अर्जुन में थोड़ी बहुत इनसानियत बाकी थी. वह बोला इस सम्पत्ति के लिए अपने गुरू, दादा, भाई भतीजों को नहीं मारूंगा. लेकिन कृष्ण ने अपनी नीचता और चालाकी का ऐसा खेल खेला और ऐसा भयंकर युद्ध करवाया कि भारतवर्ष वीरों सें खाली करके रख दिया. अर्जुन ने तो जूए की सम्पत्ति के लिए युद्ध करने सें मना कर दिया था. लेकिन कृष्ण ने उसे ऐसी पट्टी पढाई कि उनका समूल नाश करवा दिया. युद्ध के बाद कृष्ण अर्जुन जैसों की बहन बेटियों और उन गोपियों को जो कृष्ण के आगे पीछे डोलती थीं, उन्हें भील व अन्य जंगली लोग भेड़ बकरियों की तरह हांक ले गये.

ऐसा मात्र और मात्र कृष्ण की जालसाजियों की वजह सें हुआ. अगर कृष्ण इमानदारी और समझदारी सें काम लेता तो महाभारत का रूका रूकाया युद्ध निश्चित रूप सें टाला जा सकता था. लेकिन कृष्ण को क्या अंतर पड़ना था गोपियां कोई उसकी ब्याहताएं तो थी नहीं और न ही वे गोपियां कोई सति सावित्री थीं. कृष्ण ने भोगी या किसी और ने किसी को क्या फर्क पड़ा वेश्याओं के लिए सब मर्द एक समान.

5.6.5.1 : कर्ण की हत्या : पूरे महाभारत में कर्ण एक अलग ही पात्र है. **अवैध माँ बाप की जायज सन्तान**. दुर्योधन के नमक का हक अदा करने की खातिर उसने अपने माँ जाए भाईओं के विरूद्ध हथियार उठाने पड़े. पाँडवों द्वारा बार बार अपमानित करने पर भी यह उसकी महानता ही थी कि उसने अपनी अवैध माँ कुन्ती को यह वचन दिया कि वह युद्ध में अर्जुन को नहीं मारेगा. लेकिन कृष्ण इतना नीच निकला कि उसने एक छोटे भाई अर्जुन के हाथों अपने निहत्थे बड़े भाई कर्ण की हत्या करवा दी. अकेला अर्जुन कभी ऐसा महापाप न करता. मात्र कृष्ण के उकसाने पर अर्जुन ने ऐसा घोर पाप किया. और ऐसे कायर पापी के नाम पर भारत की सत्ता पर विराजमान ब्राह्मणवादी सरकार खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार देती है.

5.6.5.2 : द्रोण को मारा: महाभारत के निकृष्टतम पात्रों में से एक द्रोण भी है. द्रोण न केवल जन्म के आधार पर हरामी था बल्कि अपने कामों सें भी पूरा हरामी था. एक वेश्या के गर्भ सें जन्मा था वह, पता नहीं किस का बीज था वह. भारत के श्रेष्ठतम धर्नुधारी महात्मा एकलव्य का अँगूठा काटने वाला धूर्त द्रोण ही था. युद्ध में वह मारा नहीं जा रहा था. अतः कृष्ण ने अपनी चालाकी दिखाई. कौरव मानते थे कि युद्धिश्ठर झूठ नहीं बोलता. कृष्ण उससें बोला कि वह बोले कि उसका पुत्र अश्वथामा मारा गया. युद्धिश्ठर ने कृष्ण के साथ सांठगांठ करके झूठ बोल दिया. द्रोण पुत्र मरने के गम में हथियार छोड़ कर बैठ गया और तब ब्राह्मणों के भगवान कहे जाने वाले कृष्ण ने अर्जुन के हाथों उसके निहत्थे गुरू को मरवा दिया. पुत्र–मृत्यु में गमगीन बैठे बुर्जुग को इस तरह मरवाने की उदाहरण दुनिया में और कहीं नहीं मिलती.

खैर इस तरह एक बड़े हरामी ने एक छोटे हरामी के हाथों एक निकृष्टतम हरामी मरवा दिया. शुक्र है धरती का बोझ कुछ तो कम हुआ.

5.6.5.3 भीष्म का हनन : कहते हैं कि भीष्म ने प्रण किया था कि वह हिजड़ों पर तीर नहीं चलाएगा. कृष्ण ने अर्जुन को हिजड़े की ओट में खड़ा कर दिया. भीष्म ने हथियार रख दिए. और कृष्ण के कहने पर अर्जुन ने हिजड़े की ओट लेकर अपने निहत्थे दादा को मार गिराया. इस तरह जहां पिछले जन्म में उसने राम के रूप में बाली की छिप कर हत्या की थी इस बार ऐसा काम अपने चमचे के हाथों करवा दी. अपने निहत्थे दादा को मारने वाला ऐसा ही महान तीर अंदाज था अर्जुन. और उसके नाम पर ब्राह्मणिक सरकार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को पुरस्कार देती हैं.

5.6.5.4 क्रान्तिकारी दुर्योधन : भारत के आदि क्रांतिकारियों में सें एक दुर्योधन था जिस ने ब्राह्मणों और ब्राह्मणवाद के विरूद्ध आवाज उठाई थी. उसने कभी यज्ञ में बलि नहीं दी, कभी ब्राह्मणों को दक्षिणा नहीं दी, कभी भी ब्राह्मणों द्वारा स्थापित वर्ण व्यवस्था जाति पाति को नहीं माना. ऐसे वीर को नीच कृष्ण ने भीम के हाथों मरवा दिया. नैतिकता का नियम था कि कोई भी वीर कमर सें नीचे गदा का वार नहीं करेगा. दुर्योधन ने समझा कि भीम वीर है, अतः उसकी कमर के नीचे वार नहीं करेगा. लेकिन उसे ध्यान नहीं रहा कि भीम के साथ धूर्त कृष्ण भी है. कृष्ण ने इशारा किया और भीम ने गदा का वार उसकी जांघ पर किया. दुर्योधन शहीद हो गया. इस तरह दो भेड़ियों ने मिल कर एक सिंह मार दिया.

तब महाभारत के **रचनाकार** ने दुर्योधन के मुख सें सत्य कहलवाया था,'' हे कृष्ण, तू अत्यंत निर्लज्ज है. भीम को मेरी जांघ पर प्रहार करने की प्रेरणा देकर तूने पाप सें मेरी हत्या करवाई है, तूने ही कपटपूर्ण आचरण करके भीष्म, द्रोण कर्ण आदि को मरवाया है. धर्म के लिए लड़ने वाले कौरवों सें पांडव कभी न जीत सकते थे. तूने ही अपनी कुटिल चालों सें उन्हें विजयी बनवाया है. मैने जीवन भर असहायों को दान दिया, उत्तम ढंग सें

प्रजा पालन किया. धर्म सें युद्ध करता हुआ वीर गति को प्राप्त हो मैं स्वर्ग में सुख भोगूंगा परन्तु **तू पाप पथ का पथिक निसंदेह नरक की यातनाएं झेलेगा. इस यथार्थ वाणी पर देवताओं और गंधर्वों ने फूल बरसाए.**

5.6.5.7 आम जनता का हनन : कृष्ण ने मात्र नायकों को ही नहीं मरवाया बल्कि उसने आम जनता को भी मरवाया. उसके कहने पर ही भीम की नाजायज औलाद घटोत्कच ने रात को सोये पड़े सैनिकों को मार दिया. दो हरामी मिल कर और कर भी क्या सकते थे.

5.6.5.8 सारथि के वेश में जनरल : कहने को तो कृष्ण सारथि बना हुआ था मगर पांडवों की तरफ सें पूरे युद्ध का संचालन उसी ने किया था. उसने सेनापति वाला सारा काम किया. सारथि का वेश तो इसलिए धारण किए हुआ था ताकि कौरव उसे मार न दें. अतः कौरवों ने उस पर एक बार भी वार नहीं किया. लेकिन उसने न केवल अर्जुन के हाथों निहत्थे कौरवों की हत्या करवाई बल्कि स्वयं भीष्म को मारने दौड़ पड़ा. अतः जिन्दगी का कोई पल कोई काम ऐसा नहीं था जहां कृष्ण ने कपट, छल धोखा न किया हो.

5.6.6 गो–हत्या में भागीदार कृष्ण :
हर जगह यह प्रचार किया जाता है कि कृष्ण गाय–प्रेमी था, गो पालक था. उसके नाम पर परे भारत में गौशालाऐं चलाई जाती हैं. परन्तु मौका पड़ने पर वह भी गो हत्या में कम भागीदार नहीं रहा. रूक्मणि की शादी में उसके भाई ने **एक लाख गाएं**, दो लाख हिरण, चार चार लाख खरगोश और कछुए ,दस लाख बकरे तथा 16 लाख भेड़ें पकाने का प्रबन्ध किया. निश्चित रूप सें यह संख्याएं शेखी मारने के लिए बढा चढा कर लिखी गई हैं. फिर भी उसकी शादी में 100 गाएं, 200 हिरण तथा 400 खरगोश भेड बकरे तो काटे गए ही होंगे. (ब्र.वै.पु. प्रकृति खंड 61)

4.6 स्त्री उधालक : कृष्ण के लिए औरत मात्र भोगने की वस्तु थी. उसने न केवल राधा, कुब्जा और अन्य गोपियों को भोगा बल्कि रूक्मणि जिसे कि उसकी ब्याहता पत्नि करार दिया जाता है, को भी वह जबरन उठा कर लाया था. जब वह रूक्मणि को अगवा करके ला रहा था तो लोगों ने उस का विरोध किया. युद्ध हुआ जिसमें अनेकों लोग मारे गए. (हरि. 59) अतः कृष्ण द्वारा रूक्मणि का हरण दिखावा मात्र न था. यह उतना ही सत्य और घृणित था जितना सत्य और घृणित महात्मा रावण द्वारा सीता का हरण था. अंतर मात्र इतना था कि महात्मा रावण ने अपनी बहन के अपमान का बदला लेने के लिए हरण किया था, कृष्ण ने मात्र भोग के लिए सुन्दरता की मूरत रूक्मणि का हरण किया था. अगर उसने घर बसाने के लिए रूक्मणि का हरण किया होता तो वह अपनी मामी राधा सें अनैतिक सम्बंध न बनाता. उसे रूक्मणि सुन्दर दिखी उसे उठा लाया, जब राधा दिख गई तो रूक्मणि को लात मार दी और राधा के संग हो लिया. इसी प्रकार उसने अपनी भूआ की दो बेटियों मित्रविन्दा और भद्रा सें यौन सम्बंध बनाए. (धर्म और समाज 178)

मौत : जरस नामक योद्धा ने मार गिराया. धरती पर सें एक अनाचारी कम हुआ.

अध्याय 6

यज्ञ

यज्ञ के मूल उद्देश्य

जैसा कि यज्ञ शब्द के शाब्दिक अर्थ तथा उसके इतिहास सें प्रमाणित होता है कि मूल रूप में सामूहिक रूप में मिलजुल कर बच्चे पैदा करने की कार्यवाही को यज्ञ कहा जाता था. ऋग्वेद में आर्यों द्वारा अन्य समाज के लोगों के साथ युध करने के किस्सों की भरमार है. महाभारत की कहानी में चाहे पांच आदमियों ने करोड़ों प्राणियों को मार दिया हो मगर वास्तव में जब युध होता है तो आमने सामने दोनों तरफ के लोग मारे जाते हैं. आर्यों द्वारा किए गए युधों में भी उनके युवक बहुतात में मारे जाते थे. अतः उन्हें युध करने के लिए आदमियों की जरूरत तो रहती ही थी. इस लिए वे यज्ञ के रूप में एकत्रित होकर सामूहिक तौर पर बच्चे पैदा करते थे.

समूह में स्त्री भोग करना हर किसी के बस की बात नहीं होती. अतः इस शर्म या झिझक को दूर करने के लिए वे सोमरस नामक शराब पीते थे. फिर नशे में मस्त होकर बच्चे पैदा करने का यज्ञ करते थे. किसी सामारोह में शामिल होने के लिए माँस आज भी एक प्रेरणा या लोभ बना हुआ है. वे लोग जो घर पर कभी अण्डा भी नहीं खाते शादी विवाह की पार्टियों में इन चीजों का अनन्द लेते हैं. लड़के लड़कियों द्वारा की जाने वाली जो हरकतें शादी विवाह के समारोह में सही मानी जाती है वही हरकत बाजार में की जाए तो शायद किसी को अच्छी नहीं लगेंगी.

यही हाल पुराने समय में यज्ञ का होता था. वहां लोग इसी उद्देश्य सें शामिल होते थे कि दारू मीट खाएंगे तथा स्त्रियों सें ऐश करेंगे. राजवाड़े महोदय के अनुसार आर्या पूर्वजों की नकल उनके वंशज हूबहू करते थे. आज के समय में भी शादी के समय बोले जाने वाले संस्कृत के मन्त्रों में अश्लीलता की झलक मिलती है.

इस प्रकार यज्ञों के तीन उद्देश्य होते थे.

1. **बच्चे पैदा करना यानि स्त्री भोग करना.**
2. **शराब पीना तथा**
3. **यज्ञ की आग में माँस भून कर खाना.**

यज्ञों के इतिहास सें स्पष्ट जाहिर होता है कि यज्ञ का मूल उद्देश्य सामूहिक प्रयत्न द्वारा बच्चे पैदा करना होता था. आर्य समाज के सभी वर्ण के स्त्री पुरुष एक ही जगह इक्कठे होकर बिना भेदभाव के सन्तान पैदा करते थे. इसीलिए यह कहावत बनी कि बच्चे सब के सांझे होते हैं. राजवाड़े महोदय के अनुसार आर्य पूर्वजों की नकल उनके वंशज यज्ञ में हू ब हू करते थे.

समय के साथ इन नकल किए जाने वाले यज्ञों पर देवों और फिर ब्राह्मण जाति का अधिकार हो गया. सुरा सुन्दरी और माँस वैसे तो शुरू सें ही यज्ञ का हिस्सा थे मगर बाद में इन्हें धार्मिक अनिवार्यता का रूप दे दिया गया. इस प्रकार ब्राह्मणिक यज्ञों के माध्यम सें ब्राह्मणों का सुरा, सुन्दरी और माँस पर लगभग पूर्ण अधिकार हो गया. ब्राह्मण ऋषिओं का मानना था कि सोम नामक सुरा पीने सें वीर्य बनता है तथा मांस खाने सें शरीर बनता है. उनका यह भी विश्वास था कि स्त्री भोग सें परे सें आदमी की मर्दानगी समाप्त हो जाती है.

यज्ञों में ब्राह्मणों को तीनों चीजें मिल जाती थीं. धर्म के नाम पर ऐसा नंगा नाच दुनिया में कहीं और नहीं हुआ. अगर कहीं हुआ भी तो जल्द ही समाप्त हो गया. ब्राह्मणवाद की तरह सदियों तक ऐसा अनाचार कोई नहीं कर पाया.

आज के समय में यज्ञ कोई अधिक महत्वपूर्ण कार्य नहीं रह गया है लेकिन कभी ऐसा समय भी था कि यज्ञ करना लगभग अनिवार्य होता था. विशेषकर राजा को तो यज्ञ करने ही पड़ते थे. पुष्यमित्र सें लेकर शिवाजी तक कोई ब्राह्मणिक राजा ऐसा नहीं हुआ जिसे अपनी हैसीयत मनवाने के लिए यज्ञ न करने पड़े हों!

आज कोई हिन्दू सोच भी नहीं सकता कि वह यज्ञ में किसी गाय की बलि चढ़ा दे और उसे भून कर खा जाए. आर्यों में ब्राह्मण कभी नरमेध, गोमेध व अश्वमेध यज्ञ किया करते थे और वे यज्ञ में इन सब प्राणियों को भून कर खा जाते थे. लेकिन समय समय पर ब्राह्मणों ने गुलगंडियां खाईं. जैन महावीर, भगवन बुद्ध के अहिंसा के आंदोलनों के चलते उन्होंने यज्ञ का स्वरुप ही बदल लिया. वे यज्ञ का साईज दिनों दिन छोटा करते गए. 2000 गाएं प्रतिदिन काटने वाले यज्ञ आज सिमट कर ड्राईंगरूम में समा गए हैं. वेद काल में जब बड़े बड़े यज्ञ किये जाते थे इन्द्र उनका सर्वोच्च भगवान होता था. लेकिन जैसे जैसे यज्ञों का आकार छोटा होता गया इन्द्र का आकार भी घटता गया. आज स्थिति यह है कि इन्द्र को कोई जानता भी नहीं.

6.1 यज्ञ शब्दावली

यज्ञ के वास्तविक अथवा मूल स्वरुप को जानने के लिए यज्ञ सें जुड़े कुछ शब्दों का अर्थ जानना आवश्यक है.

1. **यज्ञ** : यज्ञ शब्द यज् + नड्. सें बना है. यज् क्रियावाचक है और नड्. भाववाचक. यज् का अर्थ है प्राप्ति के लिए उपक्रम करना, प्रयास करना, पैदा करना. नड्. इसे बहुवाचक बनाता है. अर्थात यज्ञ का अर्थ हुआ बहुत सारे लोगों द्वारा मिल कर एकसाथ किया गया उपक्रम, प्रयास अथवा उत्पति.

राजवाड़े के अनुसार आर्य यज्ञ में यज् का अर्थ है संतान पैदा करना और नड्. इसे बहुवाचक बनाता है. अतः यज्ञ का अर्थ हुआ बहुत सारे लोगों द्वारा एकसाथ मिल कर संतान पैदा करने के लिए किया गया उपक्रम अथवा प्रयास. उनके अनुसार संतान प्राप्ति के लिए **एक जगह इक्कठे होकर संतान पैदा करने के उपक्रम अथवा प्रयास को यज्ञ कहा जाता था.**

पुराने समय में आर्यों के पूर्वज आग जला कर उस के चारों ओर इक्कठा होते थे. वहीं बैठ कर अपने सुख दुःख बांटते थे. वे लोग अन्य कबीलों सें लड़ाई झगड़ा करते ही रहते थे. इन युद्धों में अनेकों लोग मारे जाते थे. अतः दुश्मनों सें युद्ध करने के लिए उन्हें अपनी संख्या बढ़ाने की आवश्यकता सदैव बनी रहती थी. इसलिए वे लोग आग के चारों ओर एकत्रित हो जाते थे और मिलजुल कर समूह में सोम नामक शराब पीते थे. आग में पशुओं का माँस भून कर खाते थे. वहीं फिर नशे में मस्त हो सामूहिक मैथुन करते थे. **इसी को यज्ञ कहते थे**. समय के साथ ब्राह्मण ऋत्विकों ने इसे सनातन धर्म का नाम देकर धार्मिक रिवाज बना दिया. इस प्रकार यज्ञ

उनके लिए सुरा, सुन्दरी तथा सम्पत्ति प्राप्त करने का पक्का साधन बन गए. सदियों तक उनका यह धन्धा बेरोकटोक चलता रहा.

2. **ऋत्विक** : यज्ञ संचसलन करने और कराने वाले ब्राह्मण को ऋत्विक कहा जाता है. ब्राह्मणिक, सनातन, अथवा आर्य यज्ञ में ऋत्विकों की संख्या कम सें कम 16 होती थी. वे 16 ऋत्विक इस प्रकार सें थे :

2.1 **अध्वर्यु** : यह सारे यज्ञ का एकछत्र मुखिया होता था. सारे अनुष्ठान उसी के कहे अनुसार किए जाते थे. यज्ञ में मारे गए पशु उसी के निर्देशानुसार काटे और बांटे जाते थे. अश्वमेध यज्ञ में "घोड़े" का अभिनय वही करता था. उदाहरणतः राम के जन्म के लिए किए गए अश्वमेध यज्ञ में ऋश्यश्रृंग अध्वर्यु बना था.

2.2 **ब्रह्मा** : यज्ञ के किसी एक भाग या एक काम के मुखिया को ब्रह्मा कहा जाता था. एक यज्ञ में एक सें अधिक ब्रह्मा ऋत्विक हो सकते थे. कोई लकड़ी का प्रबंध करने वाला, कोई दारू का प्रबंध करने वाला, कोई मांस का प्रबंध करने वाला तो कोई लड़कियों का प्रबंध करने वाला. एक बड़ा यज्ञ साल भर चलता था. अतः उसके हर काम के लिए एक अलग आदमी की जरूरत तो पड़ती ही थी. `कभी कभी छोटे मोटे यज्ञ में एक ब्रह्मा ही पूरे यज्ञ का प्रबंध देख लेता था. राम के जन्म के लिए किए गए अश्वमेध यज्ञ में उसका कुलगुरू वशिष्ठ अकेला ही ब्रह्मा बना था.

2.3 **उद्‌गाता** : वह ऋत्विक होता था जो श्लोकों को गाकर बोलता था. एक यज्ञ में कई उद्‌गाता होते थे जो एक सुर में श्लोक गाने के अंदाज में बोलते थे. इसे **उद्‌गीथ** भी कहा जाता था.

2.4 **होतृ या होता** : यह वह ऋत्विक होता था जो यज्ञ में मारे गए पशुओं का माँस और अन्य चढावे का हिस्सा देवों के घरों तक ढोकर ले जाता था. बड़े यज्ञों में सात होतृ ऋत्विक होने का उल्लेख ऋग्वेद में कई जगह आया है. (ऋग्वेद 10.63.7,10.61.1) **अग्नि और उसके भाई ऋग्वेद काल में होता का काम करते थे**.

ऋग्वेद (मंडल10 सूक्त 51एवं 52) में एक कथा है कि अग्नि और उसका भाई होता का कार्य करता था. देवों के घरों तक यज्ञ में मारे गए पशुओं का माँस, सोम और अन्य चढावे का हिस्सा ढोते ढोते थक कर उसके तीन भाई मर गए. तब उसने यह ढुलाई करने सें मना कर दिया और डर कर जंगलों, तालाबों में छिप गया. देवों का माल–पानी बंद हो गया. तब उसे देव ढूंढने निकले. अंततः यम ने उसका छिपने वाला स्थान देख लिया और वरुण ने उसे पकड़ लिया. अग्नि बोला इतने से हिस्से के लिए इतना भारी बोझा नहीं उठाऊंगा. जब **3339 देवों** ने उसकी मिन्नतें की तथा माँस और अन्य चढावे में उसका हिस्सा बढाया तथा उसे सुरक्षा भी प्रदान की गई. तब वह दुबारा काम करने के लिए राजी हुआ.

अतः उसे होता की बजाए खोता (गधा) कहना अधिक सही होगा. हो सकता है खोता शब्द यहीं सें बना या निकला हो. यज्ञ का माल ढोने वाला ''होता'' तथा अन्य माल ढोने वाला "खोता"

2.5 **प्रस्तोता** : इसे प्रशास्ता भी कहा गया है. इस का काम वैसा ही होता था जैसे किसी गाने में संगीत निर्देशक का होता है. इसका काम मन्त्र गाने वाले ऋष्सियों को सुर लय सम्बंधी निर्देश देना होता था.

2.6 **मैत्रय** : जैसे फिल्मों में एक्सटरा कलाकार होते हैं वैसे ही यज्ञ में मैत्रय ऋत्विक होते थे. बड़े यज्ञों में चढ़ावे को संभालना या उस काम में सहायक होना इसका काम होता था.

2.7 **वरुण** : उसका काम भी लगभग मैत्रय जैसा होता था. मित्र और वरुण दो देव जोड़े में रहते थे. उसी प्रकार यह दोनों प्रकार के ऋत्विक भी जोड़े में पाए जाते थे. यज्ञों में वरुण की मान्यता कुछ ज्यादा थी. सो हो सकता है इन दोनों ऋत्विकों को दोनों देवों के अलग अलग काम सौंपे जाते हों.

2.8 **प्रतिष्ठाता** : जैसा कि नाम सें ही स्पष्ट है इस ऋत्विक का काम यज्ञ मण्डप, वेदी बनाना आदि होता था. आधुनिक भाषा में इसे सैट डिजाइनर कहा जा सकता है.

2.9 **प्रतिहारी** : इस ऋत्विक का सीधा सा काम यज्ञ में पशु काटना होता था. कबीर साहेब ने जो साखी कही है : पण्डे निपुण कसाई साधो! वह इन्हीं ऋत्विकों के लिए कही गई है. पशु को यज्ञ की आग में काट कर भूनने सें पहले नशा खिला कर शिथिल करना, उसे बांधना काटना इन्हीं प्रतिहारियों का काम होता था.

2.10 **पोतृ** : यज्ञ में ब्रह्मा नामक पद वाले ऋत्विक का सहायक होता था. वह यज्ञ का सहायक–प्रबंधक अथवा सहायक–ब्रह्मा होता था.

2.11 **अच्छावाक** : यज्ञ में होतृ ऋत्विक के सहायक के रूप में काम करता था अर्थात सहायक–होतृ होता था. देवों के लिए ले जाने वाले माल की लोडिंग अनलोडिंग (लदाई उतराई) का काम इसी का होता होगा.

2.12 **नेष्टृ** : संस्कृत भाषा में नेष्टृ का अर्थ है मिट्टी का ढेला. अतः इस ऋषि का काम यज्ञ कुण्ड के लिए मिट्टी जुटाना, सालों चलने वाले यज्ञ के कुण्ड का रख रखाव करना, उसे रखना आदि हो सकता है.

2.13 **अग्निधर** : यज्ञ वेदी की आग को लगातार जलाए रखना इस ऋत्विक की जिम्मेवारी होती थी.

2.14 **ग्रवन** : माल चढ़ावे को ढक कर रखने वाला ऋत्विक.

2.15 **उन्नेत्री** : उठाने वाला या जगाने वाला ऋत्विक.

2.16 **ब्रह्मण्य** : ब्रह्मा सें सम्बंधित अन्य काम करने वाला ऋत्विक.

इस प्रकार सें आर्यों के यज्ञों में यह **सोलह ऋत्विक** काम करते थे.

3. हवि : यानि आहूति. यज्ञ की आग में कोई भी पदार्थ अथवा बलि किए गए पशु के अंग डालने की क्रिया हवि कहलाती है. जब नरमेध यज्ञ होता था तो उसमें आदमी के अंग भी काट कर हवि किए जाते थे. अश्वमेध यज्ञ में घोड़ा तो गोमेध में गाय के 16 टुकड़े करके भूना जाता था.

4. हव्य : वह कोई भी पदार्थ जैसे घी, अन्न अथवा जीव जो यज्ञ की आग में डाला या भूना जाता है, हव्य कहलाता है. नरमेध में आदमी हव्य होता था तो गोमेध में गाय और अश्वमेध में घोड़ा हव्य होता था.

5. हव्यशेष, हुतशेष और हव्यवाहन : ब्राह्मण जब यज्ञ करते थे तो हव्य कुछ भाग ही आग में झोंकते थे और इस प्रकार यज्ञ में मारे गए पशुओं तथा चढाए गए अन्य प्रकार के अन्न यानि हव्य लगभग पूरा बच जाता था, उसे **हव्यशेष** कहा जाता था. ब्राह्मणग्रन्थों में यज्ञ में बलि किए गए पशु का बंटवारा जिस प्रकार सें किया जाता था, उसे पढ़ कर लगता है कि पशु की अंतड़ियां ही यज्ञ की आग में हवि की जाती थीं. बाकी सारे पशु को ऋत्विक ही चट कर जाते थे. उस हव्यशेष में सें देवों का हिस्सा उन तक उठा कर ले जाने वाले को **हव्यवाहन** कहा जाता है. ऋग्वेद काल में अग्नि और उसके भाई हव्यवाहन का काम करते थे.

कुछ ब्राह्मणिक लोग हव्यशेष का अर्थ करते हैं : होम करने के बाद बचा हुआ प्रसाद या अन्न आदि वस्तुएं. वे प्रचार करते हैं कि यज्ञ में काटा पीटी नहीं होती थी मगर दयानंद हुतशेष शब्द का प्रयोग करता है जिसका सीधा अर्थ है : बलि देकर बचा हुआ हिस्सा. और बच्चा भी जानता है कि बलि मात्र जीवित प्राणी की दी जाती है. अन्न की "बलि" नहीं दी जाती.

6. यजमान : यज्ञ का आयोजन करने वाला अथवा यज्ञ करवाने वाला आदमी यजमान कहलाता था. आजकल पुरोहित के पास जाने वाले हर आदमी को यजमान कह दिया जाता है. यज्ञ के दौरान उसे ब्रह्मचार्य का पालन करना होता था. जिस मालिक की धूनी होती थी उसकी स्त्रियां आये हुए मेहमानों के साथ रममाण होती थी और स्वयं यजमान ब्रह्मचार्य में रहते थे. (राज.137)

7. अयोनिज : योनि का प्राचीन अर्थ है घर. अतः घर सें बाहर जन्मे बच्चे अयोनिज कहलाते थे. विशेष रूप सें वे बच्चे जो यज्ञों में पैदा होते थे. यज्ञ में ऋत्विकों का काम प्रजा अर्थात बच्चे पैदा करना होता था. ऐसे पैदा हुए बच्चे अयोनिज बच्चे कहलाते थे. (राज.पृ. 51) द्रौपदी, द्रुपद आदि इसकी उदाहरण हैं. अक्सर ऐसे बच्चों को यूं ही छोड़ दिया जाता था. सीता, शकुन्तला, कृप, कृपी आदि इसकी उदाहरण हैं.

8. वामदेव्य व्रत : ऋत्विक यह ''व्रत'' यज्ञ भूमि पर ही करते थे अर्थात जो स्त्री संभोग की इच्छा करती थी (बच्चे के लिए या अपनी काम पिपासा शांत करने के लिए) ऋत्विक लोग वहीं यज्ञ भूमि/वेदी पर ही उससें संभोग करते थे. इसे यज्ञ में किया जाने वाला वामदेव्य व्रत कहा जाता था. ऐसे पैदा हुए बच्चे अयोनिज बच्चे कहलाते थे. राजवाड़े (पृ. 80) सीता, राम और भाई इसके उदाहरण हैं.

9. यज्ञोपवीत : इसका शाब्दिक अर्थ है यज्ञ का वस्त्र अर्थात वह वस्त्र जो यज्ञ के समय तन पर धारण किया जाता था. आपसतंब सूत्र, गोपथ गृह्य सूत्र, आदि में भी दो तीन लड़ वाले या दो तीन अंगुल चौड़े वस्त्र की पट्टी डालने का विधान है. (स.मु.1.25)

ऐसे धागे या दो तीन अंगुल चौड़ी कपड़े की पट्टी सें तन "ढक" कर, सोम नामक शराब पीकर मस्ताए हुए और यज्ञाग्नि में भूने मॉस को खाकर यह सांडनुमा ऋषि यज्ञ में आई स्त्रियों के साथ क्या गुल खिलाते होंगे, इसकी सहज कल्पना की जा सकती है.

और ऐसे में बेचारी स्त्रियों का क्या हाल होता होगा जब आर्य समाज का संस्थापक दयानन्द वेदों को ईश्वरीय घोषित कर यह आदेश सुनाता है कि जिस स्त्री के 10 पुत्र पैदा नहीं हुए उसे मोक्ष नहीं मिलता. अगर 10 पुत्र होने सें पहले उसका पति मर जाए तो भी उसे ब्राह्मणों सें 10 पुत्र पैदा करने आवश्यक हैं.

10. समिध : हवन कुंड में डाली हुई लकड़ी अथवा अन्य ईन्धन आदि

11. मेध : वह पशु अथवा प्राणी जिसकी बलि यज्ञ में दी जाती है. जैसे अश्वमेध अर्थात वह अश्व या घोड़ा जिसकी बलि यज्ञ में दी जाती है. गोमेध अर्थात वह गाय जिसकी यज्ञ में बलि दी जाती है. नरमेध अर्थात वह आदमी जिसकी बलि दी जाती है.

12. प्रोक्षण : यज्ञ वेदी पर पशु अथवा मानव की बलि देने यानि काटने सें पहले उसे नहला धुला कर शुद्ध किया जाता था. उसे नशीले पदार्थ खिलाए जाते थे ताकि वह भाग न सके. इस प्रक्रिया को प्रोक्षण कहते हैं. अनुशासन पर्व (115) के अनुसार प्रोक्षण किये गए पशु के माँस सें देवता और पितर प्रसन्न हो जाते हैं.

13. यज्ञहनः, यज्ञअरि : यज्ञ को नष्ट करने वाला, यज्ञ का दुश्मन. यह विशेषण शिव के लिए प्रयोग किया जाता है. शिव की कथाओं आदि सें जाहिर होता है कि किसी समय शिव ब्राह्मण–धर्म का भाग न होता था लेकिन समय के साथ ब्राह्मणों ने शिव का ब्राह्मणिकरण कर दिया. उसके साथ इतनी घिनौनी कथाएं जोड़ दीं कि आज उसमें और शेष ब्राह्मण देवों में कोई अन्तर नहीं रह गया है.

14. पुरोडाश : जो हव्य चावल को पीस कर तथा बलि दिए जाने वाले पशु या आदमी के **कपाल** में रख कर यज्ञ अग्नि में डाला जाता था, उसे **पुरोडाश** भी कहा जाता है.

15. चरू : देवों और पितरों को दी जाने वाली आहुति. जहां तक चरू का प्रश्न है कौशिक सूत्र 3.5 (राज. 61) के अनुसार चरू तैयार करने के लिए चावलों को वीर्य मिला कर उबाला जाता है.

6.2 यज्ञ यानि खूनखराबा

ब्राह्मणग्रन्थ पढ़ कर एक सच्चाई सामने आती है कि बाबा साहिब ने सत्य कहा था कि अगर हिन्दू अपने धर्मग्रन्थ पढ़ लें तो वे स्वयं उनके आग लगा देंगे. यज्ञों के बारे में ब्राह्मण ग्रन्थों में जो कुछ बयान किया गया है उसे पढ़ कर सचमुच उन्हें आग लगा देने को मन करता है. यज्ञ के बारे में रोंगटे खड़े कर देने वाली एक सच्चाई यह है कि **जितना खून ब्राह्मणों ने यज्ञों में बहाया है, सात समुद्रों का पानी भी उससें कम है.**

ब्राह्मणों द्वारा "यज्ञ" के लिए बहाये गए खून को चार वर्गों में बांटा जा सकता है.

1. **यज्ञ करने के अधिकार को प्राप्त करने के लिए बहाया गया खून!**
2. **यज्ञ बलि में हिस्सा प्राप्त करने के लिए बहाया गया खून!!**
3. **यज्ञ करने में बहाया गया खून !**
4. **यज्ञ विरोधियों का का बहाया गया खून!**

1. यज्ञ करने के लिए खूनखराबा : प्राचीन काल में आर्यों के पास धर्म के नाम पर केवल यज्ञ होता था. यज्ञ सें देवों और उनके पुरोहितों को तीन चीजें प्राप्त होती थीं : **सुरा, सुन्दरी और सम्पत्ति!** (wine, wealth and women) इसलिए प्राचीन काल सें ही यज्ञ करने के अधिकार को लेकर ब्राह्मणों और क्षत्रियों में झगड़ा हुआ. पहले तीन ही वर्ण होते थे : ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य. वैश्य वर्ग को अपने काम धन्धे सें ही फुर्सत नहीं होती थी. क्षत्रिय और ब्राह्मणों में यज्ञ करने के अधिकार की खातिर खूनी संघर्ष हुआ जिसमें अंततः क्षत्रिय हार गए और उनको चौथा वर्ण शूद्र बना दिया गया. इस संघर्ष में **ब्राह्मणों ने क्षत्रियों का इतना खून बहाया** कि पढ़ कर दिल दहल जाता है. हत्यारे ब्राह्मण परशु ने बच्चे बूढ़े जवान क्षत्रिय तो मारे ही, उसने तो यहां तक मारकाट की कि क्षत्राणियों के गर्भ में पल रहे बच्चे तक निकाल कर काट डाले!! ऐसा भयंकर खूनखराबा दुनिया के किसी अन्य धर्मग्रन्थ में नहीं मिलता!

2. यज्ञ बलि में हिस्सा प्राप्त करने के लिए खूनखराबा : यज्ञ बलि में हिस्सा पाने के लिए आम ब्राह्मण ही नहीं उनके देव भी कुत्तों की तरह लड़ते थे. सभी इस कथा सें परिचित हैं कि शिव को उसके ससुर ने यज्ञ में न बुलाया था और न ही उसे यज्ञ बलि में हिस्सा दिया था. अतः उसने यह सिद्ध करने के लिए कि "यज्ञ" पर देवों का एकाधिकार है उसने अपने आदमी भेज कर ब्रह्मा के बेटे तथा अपने ससुर दक्ष का यज्ञ तहस नहस कर दिया तथा यज्ञकर्ताओं को वहीं यज्ञ स्थल पर ही मार दिया था. यहां तक कि इसी बात को लेकर उसकी प्रथम पत्नी सती को भी आत्महत्या करनी पड़ी थी. ब्राह्मणग्रन्थों में ऐसे किस्सों की भरमार है जब ब्राह्मणों और देवों ने हिस्सा बांटने के लिए आपस में ही खूनखराबा किया.

3. यज्ञ में कत्लेआम : ऋग्वेद में वर्णन है कि देवों के राजा इन्द्र के लिए यज्ञ में बीस बैलों की बलि दे दी जाती थी यानि इन्द्र के लिए बीस बैल काट कर यज्ञ की आग में भून लिए जाते थे. किसी भी युग में इन्द्र का पद खाली नहीं रहा. अतः हर युग में हर दिन उसके लिए यज्ञों में बैल काट कर भूने गए. अन्य देव और ब्राह्मण जो मारकाट करते थे उसका अनुमान इस बात सें लगाया जा सकता है कि अकेला एक राजा रंतिदेव दो हजार

गायें रोजाना यज्ञ में काट कर ब्राह्मणों को खिला देता था. अयोध्या जैसे टुच्चे सें गांव के राजा दसरथ ने भी 310 पशु यज्ञ में काट कर भून दिए थे.

गाय बैल हिरण आदि जानवर ही नहीं ब्राह्मण तो यज्ञ में आदमी तक मार कर खा जाते थे. यज्ञ में जो भी हवि यानि बलि दी जाती थी उसका बचा हुआ हिस्सा खाना अति पुण्य का काम माना जाता था. अतः यज्ञ करने वाले ब्राह्मण, यजमान और मेहमान छक कर यज्ञ में हर प्रकार का मांस खाते थे. देव यानि ब्राह्मणों के देवताओं को यज्ञों में माँस खाना, शराब पीना और स्त्री भोग बेहद प्रिय था. सही कहा जाए तो उन्हें यज्ञ में यह तीनों चीजें देना अनिवार्य था. **कबीर साहेब** के जमाने तक यज्ञ में पशु काट कर खाना आम बात थी. इसीलिए **उन्होंने पण्डों को निपुण कसाई** बताया था.

4. यज्ञ विरोधियों का कत्लेआम : ब्राह्मण और देव यज्ञ का हिस्सा पाने के लिए तो कुत्तों की तरह ही लड़े मगर यज्ञ विरोधियों का कत्लेआम करने में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी. एक समय कुछ चरित्रवान व्यक्तियों ने ब्राह्मणों और देवों के इन कुकर्मों के विरुद्ध आवाज उठाई. मगर उनकी आवाज इतनी बेरहमी सें कुचली गई कि सदियों तक कोई ब्राह्मणों के अनाचार के विरुद्ध आवाज उठाने की हिम्म्त ही नहीं कर पाया. नतीजा यह रहा कि यज्ञों में मारकाट अनवरत जारी रही.

अनाचारी ब्राह्मणिक यज्ञों के विरुद्ध एक मात्र सशक्त आवाज भगवन बुद्ध की बुलंद हुई थी. उनके बाद उनके ही शिष्य महात्मा रावण ने ब्राह्मणों द्वारा यज्ञों में किए जा रहे कत्लेआम को बन्द करवाया मगर अंत में वे भी ब्राह्मणों की घिनौनी चाल के शिकार हुए और मारे गए. सारे के सारे ब्राह्मणग्रन्थ उन रक्षकों और असुरों के खून सें लथपथ हैं जिन्होंने यज्ञों में किए जारे अनाचार के विरुद्ध आवाज उठाई थी.

महात्मा रावण ब्राह्मणों की भेद अर्थात फूट डालो और राज करो की घिनौनी नीति के शिकार हुए. विभीषण को राजगद्दी का लालच गद्दारी करवाई गई. महात्मा रावण का एक मात्र कसूर यही था कि उन्होंने यज्ञ में सुरा, सुन्दरी और बलि पर प्रतिबन्ध लगाया था. 16 ब्राह्मणों द्वारा यज्ञ करने की जगह एक ही पुरोहित सें "होम" कराने का विधान बनाया था. इससें ब्राह्मणों और देवों को सुरा, सुन्दरी तथा सम्पत्ति मिलना बन्द हो गयी. अतः देवों और ब्राह्मणों ने ठण्डे दिमाग सें महात्मा रावण की हत्या की साजिश रची और उसे पूरा भी किया.

इस प्रकार सें ब्राह्मणों ने देवों के साथ मिल कर यज्ञों अर्थात सुरा, सुन्दरी तथा सम्पत्ति पर एकाधिकार जमा लिया. **इस सुरा, सुन्दरी और सम्पत्ति की प्राप्ति के लिए यज्ञों में तथा यज्ञों की खातिर इतना खून बहाया गया है कि यज्ञ शब्द सें ही घिन्न होने लगती है.**

6.3 यज्ञ में स्त्री भोग अनिवार्य

देव आर्यों के अगुवा होते थे. इन का लक्ष्य खाना, पीना और ऐश करना होता था. अपने लक्ष्य पूर्ति के लिए स्थानीय निवासियों की गाय बैल धन दौलत लूट लेना इनका नित्य का काम था. लड़ाई झगड़ों में लोग मरते भी थे. आर्यों का अन्य स्थानीय लोगों सें लड़ाई होती रहती थी. ऋग्वेद ऐसी लड़ाईयों के ब्योरे सें भरा पड़ा है आर्य स्थानीय निवासियों की तुलना में गिनती में कम ही थे. वैसे भी किसी भी समाज में चोर, लुटेरे, डाकू बहुसंख्या में होते ही नहीं.

अतः आर्यों को युद्ध के लिए युवकों की आवश्यकता होती थी. इसलिए अपनी संख्या बढाने के लिए प्रजापतियों ने यज्ञों की पद्धति अपनाई. (राज.134) पण्डों को परस्त्री गमन का इससें अच्छा अवसर और कहां मिलना था. अतः उन्होंने समय के साथ इस व्यभिचार को धर्म का रंग दे दिया. अस्तु.

राजवाड़े के अनुसार प्राचीन ब्राह्मणिक आर्यों के तीन ही काम थे खूब शारीरिक काम करना, खूब खाना पीना और बच्चे पैदा करना. वे लोग आग के आसपास इक्कठा होते थे. खूब दारू पीते थे, आग में भून कर माँस खाते थे, अश्लील बातें करते थे. नशे में धुत हो, माँ बहन बेटी आदि का रिश्ता भूल कर वहीं सब के सामने संभोगरत होते थे. आगे चल कर ब्राह्मणों ने इसे धार्मिक अनिवार्यता के तौर पर ''यज्ञ'' के रूप में प्रचलित कर दिया. चारों वेद ऐसे ही अश्लील मन्त्रों (ऋचाओं) सें भरे पड़े हैं. जिन्हें आवश्यकता अनुसार इस पुस्तक में उद्धृत किया गया है.

राजवाडे के अनुसार ऋषि पूर्वज (1) आग के आसपास जमा होते थे. (2) गुप्त अंगों के बारे में बातें करते थे. (3) और वहीं गर्भादान भी सम्पन्न करते थे. इन तीनों क्रियाओं को मिला कर उसके लिए वे यज्ञ शब्द का प्रयोग करते थे. उनके वंशज भी यज्ञ प्रक्रिया में आग के चारों ओर इक्ठे होकर, अश्लील बातें करने और संभोग करने की नकल अश्वमेध यज्ञ में हूबहू करते थे. (राज. 132.133)

बच्चे पैदा करने या अपनी मर्दानगी बनाए रखने के लिए यज्ञ में स्त्री समागम करने के अनेकों मन्त्र और नियम ब्राह्मणिक ग्रन्थों में लिखे गए हैं. उदाहरणतः

1. ब्रह्मचार्य सें मैथुन शक्ति कम हो जाती है. इसलिए यज्ञ वेदी पर ब्रह्मचारी और वेश्या का संभोग देख कर मैथुन शक्ति पुनः विकसित हो जाती है. (यर्जुवेद तैतरीय संहिता कांड 7, प्रपाठक 5 अनुवाक 10)
2. योनि में डाला वीर्य जैसे वहां जमा हो जाता है वैसे ही यज्ञ में डाली हवि भी वहां रेतरूप (वीर्य) बन कर जमा हो जाती है क्योंकि यज्ञ अग्नि जनन इन्द्री है. शाम को यज्ञ करने सें वीर्य संचित होता है और सुबह यज्ञ करने का अर्थ है शाम को संचित वीर्य सें गर्भ धारण करना. (वही 1—5—9)
3. बर्हिशा वै प्रजापतिः प्रजा असृजत (वही 1—7—4) अर्थात प्रजापति (बच्चे पैदा करने वाले) ने यज्ञ की अग्नि के चारों ओर बिछी घास पर समागम कर बच्चे पैदा किए. ब्राह्मणिक ऋषि यज्ञ अग्नि के पास बैठ कर सोम रूपी शराब पीते, गाय बैल अथवा अन्य पशुओं का माँस यज्ञ अग्नि में भून कर खाते, अश्लील बातें करते, फिर नशे में मस्त हो कर यज्ञ वेदी के चारों ओर बिछी घास पर वहां आई स्त्रियों सें यथेच्छ संभोग करते थे. (राज. 122) वहां यज्ञ की अग्नि के चारों ओर पुरुषों के पीछे लगने वाली स्त्रियां और स्त्रियों के पीछे लगने वाले पुरुष इक्कठे होते थे और इच्छा अनुसार समागम करते थे.(राज.137)
4. प्रजननम् ज्योति अर्थात यज्ञ अग्नि के समान पुरुष लिंग सें बच्चे अर्थात प्रजा पैदा होती है. (वही 7—1—1)
5. यज्ञ अग्नि स्त्री गर्भ है. (वही 5—6—10)
6. बृहदारण्यक उपनिषद इस विषय पर सभी शंकाएं दूर कर यह स्पष्ट कर देता है कि आर्यों ब्राह्मणों के लिए यज्ञ और स्त्री मैथुन एक ही काम के दो नाम थे. इसका अध्याय 6, ब्राह्मण 2, श्लोक 13 इस प्रकार सें है. ''स्त्री ही अग्नि है. उपस्थ ही उसकी समिध् है, लोम धूम हैं, योनि ज्वाला है, जो भीतर को करता है वह अंगार है, आन्दलेश विस्फुलिंग हैं. इस अग्नि में देवगण वीर्य होमते हैं, उस आहुति सें पुरुष उत्पन्न होता है. ''

इस श्लोक का उपरोक्त अर्थ ब्राह्मणों के प्रथम शंकराचार्य ने अपने शंकरभाष्य में किया हैं. अर्थात यज्ञ की अग्नि और स्त्री सें समागम एक समान है. योनि का मध्य भाग यज्ञ वेदी में रखी लकड़ी जैसा है, वहां उगे हुए बाल यज्ञ वेदी के धूआं जैसा है, योनि यज्ञ की वेदी जैसी है, योनि में लिंग का प्रवेश यज्ञ वेदी के अंगार जैसा हैं और स्त्री संभोग सें जो आन्नद मिलता है वह यज्ञ वेदी की चिन्गारियां जैसा हैं. इस यज्ञ अग्नि समान स्त्री योनि में देव अपना वीर्य डालते हैं जिससें बच्चे पैदा होते हैं.

प्रथम शंकर आगे (अध्याय 6, ब्राह्मण 4, श्लोक 3) लिखता है ''स्त्री की उपस्थ इन्द्री वेदी है, वहां के रोएं कुशा हैं, योनि का मध्य भाग प्रज्वलित अग्नि है, योनि के पार्श्वभाग में जो दो कठोर माँसखण्ड हैं उनको मुश्क कहते हैं, वे दोनों मुश्क ही अधिशवण नाम सें प्रसिद्ध चर्ममय सोमफलक हैं. **वाजपेय यज्ञ** करने सें यजमान को जो जितना पुण्यलोक प्राप्त होता है, उतना ही उसे भी प्राप्त होता है जो इस प्रकार जान कर मैथुन का आचरण करता है. वह इन स्त्रियों के पुण्य को अवरुद्ध कर लेता है और जो इसे नहीं जानता है, वह यदि मैथुन करता है तो स्त्रियां उसके पुण्य को अवरुद्ध कर लेती हैं.''

उपरोक्त श्लोक का सरल हिन्दोस्तानी भाषा में अर्थ इस प्रकार सें हैः

यज्ञ—वेदी स्त्री की बीच वाली इन्द्री है, वेदी की सूखी घास वहां पर उगे बाल हैं, जलती हुई आग योनि का बीच वाला भाग है, इसके दोनों ओर जो सख्त माँस है वे दोनों उस मूसल समान हैं जिससें यज्ञ करते समय पी जाने वाली सोम नामक शराब बनाई जाती हैं. जो व्यक्ति यह जान कर स्त्री (अपनी अथवा पराई) सें संभोग करता है उसे वाजपेय यज्ञ करने जितना पुण्य मिलता है. अगर संभोगकर्ता व्यक्ति को इस बात का ज्ञान है तो वह जिस भी स्त्री सें संसर्ग करेगा उसके पुण्य ले लेगा, अगर कोई व्यक्ति यह नहीं जानता कि संभोग करने सें उसे वाजपेय यज्ञ करने जितना पुण्य मिलता है तो वह जिस भी स्त्री सें संसर्ग करेगा वह स्त्री उसके पुण्य ले लेगी.

पुण्य कमाने का इस सें आसान रास्ता कोई दूसरा धर्म बता ही नहीं सकता. बस स्त्रियों सें संसर्ग करे जाओ और उनके पुण्य लिए जाओ. यही कारण है कि ब्राह्मणों का धर्म व्यभिचार का ही दूसरा नाम है. तभी तो ब्रह्मा सें लेकर कृष्ण तक उनके सभी भगवान इसी व्यभिचार रूपी पुण्यकारी कर्म में लिप्त रहे हैं.

यहां यह बात भी ध्यान देने योग्य है कि उपरोक्त श्लोक में पुरुष का जिक्र एकवचन में है और स्त्री का बहुवचन में. इसका अर्थ यह हुआ कि यज्ञ में एक पुरुष कई कई स्त्रियों सें पुण्य—कर्म कर सकता था. तभी तो राम के जन्म के लिए किए गए यज्ञ में ऋषिश्रृंग ने भी कई वाजपेय यज्ञों का पुण्य लिया था.

ब्राह्मणों का प्रथम शंकराचार्य आगे लिखता है (अध्याय 6, ब्राह्मण 4, श्लोक 7) कि अगर कोई स्त्री किसी मर्द को समागम न करने दे तो वह उसे मारपीट का भय दिखाए और उसके साथ बलात्कार करे. अगर कोई स्त्री तब भी राजी न हो तो उसे यह मंत्र बोल कर श्राप दे '' मैं अपनी यश स्वरूप इन्द्रिय अर्थात लिंग सें तेरे यश को छीने लेता हूँ''. इस प्रकार श्राप देने सें वह स्त्री निश्चित रूप सें बांझ या दुर्भगा हो ही जाती है.

ब्राह्मणवाद के प्रणेता कुछ लोग यह दलील दे सकते हैं कि ब्राह्मण ग्रन्थों में उपरोक्त कर्म पति पत्नि के लिए निर्धारित किए गए हैं क्योंकि संतान पैदा करना आवश्यक है और उसके लिए मैथुन कर्म आवश्यक है. परन्तु उनकी यह दलील निराधार है क्योंकि ब्राह्मणवाद का वास्तविक चेहरा दिखाने वाले इसी उपनिषद के अगले दो श्लोक (अध्याय 6, ब्राह्मण 4, श्लोक 9 तथा 10) इस बात की पुष्टि करते हैं कि **ब्राह्मणिक लोग मात्र मजे लेने के लिए भी स्त्री समागम करते थे तथा समागम कर्ताओं के लिए पति पत्नि होना भी आवश्यक न था**.

श्लोक 9 की व्याख्या करते हुए ब्राह्मणों का प्रथम शंकर कहता है कि जो पुरुष किसी भी स्त्री के बारे में ऐसी इच्छा करे कि वह उसके प्रति कामासक्त हो, उसे मन सें चाहे तो उसकी योनि में अपना लिंग डाल कर उसके मुख सें अपना मुख मिलाए और उसकी योनि का स्पर्श करते हुए इस 'अंगादंगादित्यादि'. मन्त्र का जप करे. अगर वह आसानी सें न माने तो श्लोक 7 के अनुसार बलात्कार करे, श्राप देने का सहारा ले.

आगे श्लोक 10 में कहा गया है कि जो पुरुष किसी स्त्री के बारे में ऐसी इच्छा करे कि वह उसके संभोग सें गर्भधारण न करे तो उसकी योनि में अपना लिंग डाल कर उसके मुख सें अपना मुख मिलाए और उसकी योनि में अपना लिंग अंदर बाहर करते हुए इस मन्त्र का जाप करे 'इन्द्रियेण ते रेतसा रेत आददे' अर्थात ''मैं तेरे रेतस् को ग्रहण करता हूँ.'' तो वह गर्भधारण नहीं करेगी.

यही उपनिषदों का गूढ़ ज्ञान है जिसे ब्राह्मण सदियों सें आम लोगों सें छिपा कर रखे हुए थे. इस प्रकार उपनिषद मात्र स्वाद के लिए यज्ञ में किए गए संभोग को भी वाजपेय यज्ञ समान मैथुन कर्म मानता है. श्लोक 9 में वर्णित ''स्पर्श'' का कार्य और श्लोक 10 में वर्णित बिना गर्भ के प्रयोजन हेतु मैथुन को एक साथ मिला कर देखें तो, क्या उपनिषदों में वर्णित मैथुन की क्रिया मात्र वासना अथवा स्वाद की वस्तु नहीं बन जाती जिसे ब्राह्मण–ग्रन्थ पुण्य कर्म बताते हैं.

7. स्त्री–योनि और यज्ञपात्र की समानता सिद्ध करने के लिए महा भारत के आदि पर्व 131 में ब्राह्मण महा-ऋषि भारद्वाज की कथा है कि एक दिन वह गंगा किनारे अग्निहोत्र यज्ञ करने गया. उसने वहां गंगा में स्नान करती हुई वेश्या घृताची को देख लिया. उसका ऋषिपन जाग उठा. उसने यज्ञ के बर्तन 'द्रोण' में अपना वीर्य डाल दिया, जहां सें द्रोण पैदा हो गया. मानने की बात है कि मानव शिशु का जन्म कभी भी बर्तन सें नहीं हो सकता. उपरोक्त श्लोकों में जिस तरह सें यज्ञ वेदी की तुलना स्त्री योनि सें की गई है उससे साफ जाहिर है कि भारद्वाज ने भी वेश्या के यज्ञ–पात्र अर्थात उसकी योनि में अपना वीर्य डाल दिया. बाद में उसने द्रोण को जन्म दिया. वैसे भी वह गंगा किनारे अग्निहोत्र यज्ञ करने ही तो गया था.

8. वीर्य की महिमा गाने में ब्राह्मण ऋषि और उनके धर्म ग्रन्थ थकते नहीं हैं. वे स्त्री समागम में वीर्य को महत्वपूर्ण मानते थे. ब्राह्मण ऋषि यह भी मानते थे कि सोम नामक शराब पीने सें मनुष्य में वीर्य पैदा और संचित करता है. (तैतरीय संहिता कांड 7) (राज.124) इसीलिए ऋग्वेद सें लेकर उपनिष्द तक उनके सभी धर्म ग्रन्थ सोम की महिमा गाने और पीने सें भरे पड़े हैं. और क्योंकि यज्ञों का मूल उद्देश्य ही स्त्री समागम था अतः कोई भी यज्ञ बिना सोम पिए किया ही नहीं जाता था.

9. राजवाड़े के अनुसार प्राचीन समय में ऋषिओं द्वारा किए जाने वाले यज्ञों की नकल उनके प्रगतिशील वंशज भी हूबहू करते थे. स्वयं दयानंद ने माना है कि गोरखपुर के राजा ने अश्वमेध यज्ञ करवाया. यर्जुवेद में दी गई पद्धति के अनुरूप जब पण्डों ने रानी का समागम घोड़े सें करवाया तो रानी मर गई. (स.प्र. पृ. 286 समुल्लास 11)

ऐसा लगता है वे पण्डे यज्ञ में किस देवता को "भेंट" देनी है इस वारे में मनुस्मृति के आदेश सें अन्जान थे. मनुस्मृति (4–124) यह आदेश देती है कि "ऋग्वेद के देवता ''देव'' हैं, यर्जुवेद के देवता ''मनुष्य'' और सामवेद के देवता ''पितर'' हैं. सामवेद अपवित्र है क्योंकि मरा हुआ पितर तो आ नहीं सकता." अतः जिस वेद का यज्ञ करो उसी के "देवता" को भेंट दो. अश्वमेध यज्ञ क्योंकि यर्जुवेद का यज्ञ है इसलिए इस आदेश के अनुसार राजा को चाहिए था कि वह यज्ञ के मुख्य मनुष्य (अध्वर्यु पुरोहित) को अपनी रानी भेंट करता. दयानंद ने भी सही कहा है कि घोड़े सें समागम कराने का तो कहीं प्रावधान ही नहीं है. यह काम तो अध्वर्यु जैसे ऋत्विकों का है. राजा दशरथ ने भी तो इसी आदेश के अनुरूप सफलता पूर्वक अश्वमेध यज्ञ करवाया था.

10. ऋग्वेद (10.40.2) में कहा गया है कि यज्ञ करने वाला (ऋत्विक) वैसे ही बुला रहा है जैसे विधवा अपने दूसरे पति देवर को बुलाती है. दयानंद के अनुसार हर स्त्री के लिए चाहे वह विधवा ही क्यों न हो, ग्यारह पुत्र पैदा करने आवश्यक थे. अतः विधवा को भी बार बार देवर को बुलाना पड़ता था. अतः जिस काम के लिए विधवा देवर को बुलाती है वैसे ही ऋत्विक द्वारा यज्ञ में स्त्रियों को बुलाया जाना सिद्ध करता है कि यज्ञ में स्त्री भोग अनिवार्य था.

11. मनुस्मृति का भी आदेश है कि माँस खाने, शराब पीने तथा मैथुन करने में कोई बुराई नहीं है. (5.56) यह तीनों काम एक साथ यज्ञों में धड़ल्ले सें होते थे. धर्म के नाम पर ऐसा व्यभिचार और कहीं देखने को नहीं मिलता.

6.4 यज्ञ में शराब पीना अनिवार्य

बाबा साहिब के अनुसार आर्य समाज पियक्कड़ों का समाज था. ब्राह्मणग्रन्थ इस बात के सबूत हैं कि उनकी स्त्रियां भी दारू पीती थीं. ब्राह्मणियां तक शराब पीने की आदी थीं. इसी कारण उनके सबसें महत्वपूर्ण धार्मिक काम यानि यज्ञ में दारू की भरमार रहती थी. यज्ञ के दौरान नशा करना अनिवार्य होता था क्योकि बिना नशा किए यज्ञ वाले कुकर्म कोई साधारण आदमी कर ही नहीं सकता था.

आर्य समाज के लोग अनेकों प्रकार की शराब पीते थे. ब्राह्मण ऋषि पुल्तस्य ने अलग अलग चीजों सें बनी बारह प्रकार की शराब का उल्लेख किया है.

	वस्तु का नाम	**शराब का नाम**
1.	पनसा	कटहल
2.	अंगूर	द्राक्षा
3.	खजूर	खरजूरी
4.	ताड़ी	ताड़ी
5.	नारियल	नारिकल
6.	गन्ना (ईख)	इक्षु
7.	माधविका	मदिरा
8.	पीपल	सैरा
9.	बेर	आरिष्ट
10.	शहद	मधुका
11.	शीरा	मैरेय या गौडी
12.	अरक, चावल अन्य अनाज	सुरा, वारुणी या पैश्ती

सांकलिया महोदय के अनुसार वारुणी नामक शराब रोम सें सप्लाई की जाती थी. रोम सें औरतों की दल्लागिरी भी होती थी. ब्राह्मण ऋषि भरद्वाज के अड्डे (आश्रम) पर भरत और उसके लोगों को जो शराब और औरतें सप्लाई की गई वे रोम सें आई थीं. (रामायण : झूठ या सच्च पृ. 57)

सोमरस : यज्ञिक अथवा धार्मिक शराब : ब्राह्मण ग्रन्थों में यज्ञ में सोमरस नामक शराब पीने की महिमा बहुत गायी गई है. उनका कोई भी यज्ञ सोमरस पिए बिना नहीं हो सकता था. सोमरस की इतनी मान्यता या इज्जत थी कि ऋग्वेद के अनेकों सूक्त अर्थात अध्याय सोम नामक शराब की महिमा गाने के लिए लिखे गए हैं. शराब को धार्मिक रंग देने के लिए सोम नामक एक देवता भी घढ़ा गया. ऋग्वेद काल यानि ब्राह्मणों के सतयुग काल में सोम का तीसरा स्थान था. पहले नम्बर पर इन्द्र तथा दूसरे नम्बर पर वरुण होता था. यह दोनों भी पक्के पियकड़ थे.

सोमरस क्यों : सवाल पैदा होता है कि यज्ञ में सोमरस क्यों पीया जाता था. ब्राह्मणग्रन्थों में इस बात का उत्तर मौजूद है. ब्राह्मण ऋषि बच्चे पैदा करने के लिए यज्ञ करते थे. उनकी धारणा थी कि सोम पीने सें शरीर में वीर्य बनता है जिससें अधिक सें अधिक बच्चे पैदा किए जा सकते हैं. दूसरा उनका मानना था कि सोम पीने सें शरीर में ताकत तथा उत्तेजना आती है.

सोम के बारे में ब्राह्मणगन्थों सें निम्न जानकारी मिलती है :

- **सोमवल्लरी** : वह पौधा जिसे कूट कर निकाले गए रस सें सोमरस नामक नशीला पदार्थ या शराब बनाई जाती थी.
- **सोमाभिषव** : ऋग्वेद में उसें बालों वाली खाल सें छानने का वर्णन भी है. इस क्रिया को सोमाभिषव कहा जाता था.
- **सोमेश्वर** : ब्राह्मणों के नशेड़ी शिव नामक भगवान को सोम–ईश्वर कहा जाता है जिसकी मूर्ति सोमनाथ के मंदिर में लगी हुई थी.
- **सोमग्रह** : जैसे आजकल शराब बोतल में रखी जाती है वैसे ही सोमरस सोमग्रह नामक बर्तन में रखा जाता था.
- **सोमपति** : जैसे राष्ट्रपति देश का सर्वोच्च अधिकारी होता है वैसे ही सबसें अधिक सोमरस पीने या रखने वाला सोमपति कहलाता था. बेशक इन्द्र ही वह व्यक्ति था. ऋग्वेद में बयान है कि इन्द्र उन लोगों सें खुश होता था जो उसके लिए यज्ञ में बीस बैल भून लेते थे तथा उसके कंधों पर

सोमरस की मश्कें लाद देते थे. (मश्क खाल की थैली को कहते हैं. गाय बैल की पूरी खाल को चारों ओर सें सिल कर थैली बना ली जाती थी. एक मश्क में लगभग 50 लीटर सोमरस आ सकता है)

- **सोमपाथिन व सोमपीथिन** : जैसे शराब पीने वाला शराबी होता है वैसे ही सोमरस पीने वाला सोमपीथिन तथा पीने वाली सोमपाथिन कहलाती है.
- **सोमप्रवाक** : सोमयज्ञ में ऋत्विकों को सोमरस पीने के लिए बुलाने वाला कोई व्यक्ति. दारू पीने वालों की भाषा में इसे साकी कहा जा सकता है.
- **सोमिन व सोमिनी** : सोमयज्ञ करने वाला यजमान व उसकी पत्नि.
- **सोमविक्रियन** : सोमरस बेचने वाला आदमी. आजकल ऐसे आदमी को ठेकेदार कहा जाता है.
- **सोमसुत्** : सोमरस निकालने या बनाने वाला आदमी.
- **सोम्य** : भला, मिलनसार आदमी जो सोम की आहुति देता है. दूसरे शब्दों में ब्राह्मण ऋषियों को दारू पिलाने वाला आदमी मिलनसार तथा भला कहा जाता था.

जैसे शराब बनाने की विधि हर कोई नहीं जानता वैसे ही सोमरस बनाने की विधि हर कोई नहीं जानता था. पहले पहल केवल इन्द्र जैसे देव ही सोम पीते थे. बाद में ब्राह्मण ऋषियों को भी हिस्सा मिलने लग गया. आम आदमी सोम पीने को तरसता था. अतः सोमरस बनाने की विधि भी गुप्त ही रखी गई. यहां तक कि ब्राह्मण ग्रन्थों सें भी इसकी विधि छिपा कर रखी गई. इतना जरूर है कि सोम को भांग की तरह कूट कर बनाया जाता था तथा भेड़ या किसी अन्य बालों वाले जानवर की खाल में छाना जाता था.

खैर जैसे भी बनाते हों सोमरस नशीला पदार्थ था जिसे पीकर आर्य ऋषि मस्त हो जाते थे तथा फिर मस्ती में अपना "काम" पूरा करते थे.

6.5 यज्ञ में माँस अनिवार्य

यज्ञ के मुख्य तथा मूल तीन उद्देश्यों में सें एक उद्देश्य माँस भक्षण भी है. ब्राह्मणों भगवान कहे जाने वाले मनु की यह धर्माज्ञा थी कि यज्ञ में माँस खाया जाए. (मनु. 5.37) अतः उनका कोई भी यज्ञ बिना सुरा, सुन्दरी और माँस के होता ही न था. ब्राह्मणों के मुखिया देव प्रजाति के लोग माँस के बिना यज्ञ होने ही नहीं देते थे. एक बार कुछ समझदार ऋषियों ने यज्ञों में अन्धाधुन्ध पशु मारने का विरोध किया मगर देवों के बल के आगे उनकी कुछ नहीं चली और यज्ञों में पशु मारना अनवरत जारी रहा.

इसीलिए आप्टे महोदय ने "**पशु–घात**" का अर्थ "**यज्ञ में** पशु मारना" ही किया है. उन्होंने यज्ञ में बलि देने सें पहले पशु के कान में बोले जाने वाला गायत्री–मन्त्र भी अपने शब्दकोश में दिया है जो इस प्रकार सें हैः

"पशुपाशाय विग्रहे शिरश्छेदाय (विश्वकर्मणे) धीमहि, तन्नो जीव प्रचोदयात्"

यज्ञ में पशु मारने के बारे में ब्राह्मण–धर्म के **मुख्य नियम** इस प्रकार सें हैंः

1. पशु बलि दिए बिना नए अन्न तथा माँस को न खाया जाए. क्यों कि जो बिना बलि दिए नए अन्न और नए पशु माँस को खाता है, यज्ञ अग्नि उस मनुष्य को खा जाती हैं. (मनु. 4.27–28) आज भी लोग होली की लपटों में नए अन्न की बलियां अवश्य सेंक कर खाते हैं. महावीर एवं भगवन बुद्ध की शिक्षाओं के कारण लोगों ने बलि वाले यज्ञ छोड़ दिए वर्ना पहले ब्राह्मण ऐसे माँस भून कर भी खाते थे.
2. चार प्रकार सें माँस खाया जाना चाहिए (मनु. 5.27)

(i) मन्त्रों सें पवित्र किया गया माँस खाया जाना चाहिए. जैसे श्राद्ध के समय मन्त्रों द्वारा पवित्र किया गया माँस खाया जा सकता है. मन्त्रों सें पवित्र किए बिना माँस नहीं खाना चाहिए (मनु. 5.36) इसी नियम के तहत राम ने जटायु का पिण्डदान करते हुए मोटे हिरण के माँस के गोल पिण्ड बना कर श्राद्ध किया. (चाभी 25)

(ii) **ब्राह्मणों की इच्छा हो तब माँस खाया जाना चाहिए.**

(iii) शास्त्रों में दी गई विधि के अनुसार यज्ञ में अर्पित माँस खाया जाना चाहिए.

(iv) प्राणों पर संकट पड़ जाने पर माँस खाया जाना चाहिए.

इसके विपरीत **भगवन बुद्ध ने तीन अवस्थाओं में माँस** खाना जायज करार दिया है :

(i) जब आदमी किसी रोग सें ग्रस्त हो और वैद्य अर्थात डाक्टर ने जान बचाने के लिए माँस खाना आवश्यक करार दिया हो, तब आदमी अपनी जान बचाने के लिए मांस खा सकता है. उदाहरणतः आम तौर पर तपेदिक के रोगी को डाक्टर मांस खाने की सलाह देते हैं. ऐसे में मांस खाना बुरा नहीं है.

(ii) संकट की स्थिति में जब और कुछ खाने को उपलब्ध न हो. उदाहरणतः अगर कोई समुद्र, जंगल अथवा रेगिस्तान में भटक जाए और वहां खाने को फल आदि कुछ न मिलें तो मनुष्य अपने को जिंदा रखने के लिए किसी पशु को मार के उसका माँस खा सकता है.

(iii) ऐसे ही अचानक आए अतिथि को अगर मेजबान के घर खाने में अगर मात्र माँस परोसा जाए तो भी अतिथि को चाहिए कि मेजबान को सब्जी बनाने के लिए तंग करने की बजाए वह माँस खा ले.

बाबा साहिब ने इस बात को बिल्कुल सही शब्दों में बयान किया है. उन्होंने कहा कि ब्राह्मणधर्मी **इच्छा** होने पर मांस खाते थे. बौद्ध **आवश्यकता** होने पर मांस खाते हैं. उनमें **wish** और **need** का अंतर है.

3. ब्राह्मणों को चाहिए कि वे यज्ञ में **उत्तम** पशुओं और पक्षिओं को काट लें. सेवकों के पालन पोषण के लिए भी इन को मार लें. प्राचीन काल में अगस्त्य महा ऋषि ने भी ऐसा ही किया था. (मनु. 5.22) ब्राह्मणों के साधारण ऋषि गाय आदि उत्तम पशुओं को खाते थे लेकिन अगस्त्य तो महा ऋषि था इसलिए उसने कुछ महा कारनामा करना था अतः वह भूख लगने पर वातापि नामक आदमी को ही मार कर खा गया था.

4. ब्राह्मणों को चाहिए कि वे यज्ञ में पशु मार लें क्यों कि पहले भी ब्राह्मणों और क्षत्रियों के संयुक्त यज्ञों में भक्ष्य कहे जाने वाले पशु और पक्षिओं के पुरोडाश (यज्ञ की बलि) बने हैं. (मनु. 5.23) मनु स्मृति के आदेशानुसार एक ओर दांतों वाले पशुओं में सें ऊंट को छोड़ कर शेष सभी पशु यज्ञ में मार कर खाए जा सकते हैं. गाय, बैल आदि एक ओर दांतों वाले उत्तम पशु हैं. अतः इन्हें यज्ञ में मार कर खाया जाता था. मनु स्मृति की पाबंदी के कारण ही ब्राह्मण–ग्रन्थों में ऐसे किसी यज्ञ का उल्लेख नहीं मिलता जिस में ऊंट को मार कर खाया गया हो. जबकि गोमेध तथा अश्वमेध यज्ञों में गायों तथा घोड़ों को मार कर खाने के अनेकों उदाहरण हैं.

5. **यज्ञ में माँस खाना देवविधि है**. इससें भिन्न विधि सें माँस खाना तो राक्षस विधि है.(मनु. 5.31) लेकिन खाने के अधिकारी मनुष्य को भक्ष्य प्राणियों को नित्य खाने सें भी पाप नहीं लगता. क्योंकि परमात्मा ने खाए जाने वाले पशु और उन्हें खाने के अधिकारी मनुष्य भी बनाए हैं. ब्राह्मण क्योंकि अपनी इच्छा सें जब चाहे मांस खाने का अधिकारी था अतः उसे कभी भी मांस खाने सें कोई पाप नहीं लगता था.

6. यज्ञ, श्राद्ध आदि के उदेश्य बिना पशु न मारा जाए. अगर अन्यथा माँस खाने की इच्छा हो तो आटे का पशु बना कर खा ले. (मनु. 5.37) जो कोई बिना यज्ञ, श्राद्ध अथवा देवता आदि के कारण पशुओं को मारता है वह जितने पशु के बाल हैं उतनी बार मारा जाता है. (मनु. 5.38) दूसरे शब्दों में बिना ब्राह्मण के कोई भी पशु मार कर न खाए.

7. भगवान ने स्वयं सारे जीव यज्ञ में मारने के लिए ही बनाए हैं. इसलिए **यज्ञ में पशु मारना हिंसा नहीं बल्कि अहिंसा ही है**. इस चर अचर संसार में जो हिंसा (गाय, घोड़ा आदि पशुओं या आदमी को यज्ञों में मारना) वेदों द्वारा निश्चित की गई है, उसे अहिंसा ही समझना चाहिए क्यों ऐसा धर्म वेद सें पैदा हुआ है. (मनु. 5.44)

इस श्लोक पर सन्त कबीर ने सही टिप्पणी की है:

अजामेध, गोमेध यज्ञ अश्वमेध, नरमेध ! कहहिं कबीर अधर्म को धर्म बतावें वेद !!

8. मनु की आज्ञा है कि केवल इन अवसरों पर पशु मारा जाए **(1)** मधुपर्क के लिए **(2)** यज्ञ में **(3)** श्राद्ध में और **(4)** देव कर्म में. वेद का रहस्य जानने वाला ब्राह्मण इन अवसरों पर पशु मार कर स्वयं तो उत्तम गति प्राप्त करता है मरने वाले पशु को भी उत्तम गति प्रदान करवाता है. (मनु. 5.39–42)

9. अश्विनी कुमारों का यज्ञ बकरे की ताजा चर्बी के साथ करना चाहिए. (यर्जुवेद 21.43) (समु 6.154)

10. तैंतीस देव और उनकी पत्नियां अन्न लेने के लिए आओ लेकिन हमारे गाय और घोड़ों को मत मारना. (ऋग 3.6.9)

11. जो व्यक्ति यज्ञ में घोड़े की बलि देता है अर्थात अश्वमेध यज्ञ करता है उसके सभी पाप नष्ट हो जाते हैं. (मनु. 11.260)

भगवन बुद्ध का कथन है कि पाप मात्र प्रायश्चित सें नष्ट होते हैं. पाप कभी किसी अनुष्ठान सें नष्ट नहीं होते और पाप–पूर्ण अनुष्ठान सें तो पाप बढ़ता ही है कम नहीं होता. इस विषय पर सन्त कबीर ने सटीक शब्द कहे हैं:

जीव हनै, हिंसा करै, प्रगट पाप सिर होय! निगम सुने, पर पाप ते सुरग गया न कोय!!

अर्थात जो आदमी जीवों को मारता है, उन पर जुल्म करता है, पाप उसके सिर चढ़ कर बोलता है. दूसरों के साथ पाप करने वाले वेद की कथा सुनने सें कोई स्वर्ग में नहीं जा सकता.

जैसे माँस पसु की, तस मास नर की, रूधिर रूधिर एक सारा!
पसु मास भखे सब कोय, नरहिं न भखे सियारा !!

माटी की करे देवी देवा, काट काट जीव देइया !
जो तेरे है सांचे देवी देवा, खेत चरत क्यों न लेइया !!
कहै कबीर जो कुछ किया जिभ्या के स्वारथ, बदला परैगा देइया!!

अर्थात हे ब्राह्मणों, तुम माटी के देवी देवता बना कर उन पर पशु काट काट चढ़ाते हो, अगर तेरे देवी देवता सच्चे हैं तो वे खेत में घूमते हुए पशुओं को क्यों नहीं खा लेते. कबीर साहेब का कहना है कि अपनी जीभ के स्वाद के लिए तुम पशु मार कर खा रहे हो जिसका तुम्हें एक न एक दिन हिसाब देना पड़ेगा!

अंकुर भखे सो मानवा, माँस भखे सो स्वान, जीव को मुरदा करे, सोइ राकस परमान!

अर्थात अनाज खाने वाला मनुष्य है, मांस खाने वाला कुत्ता है. जो जीव को मारता है वही राक्षस है.

यज्ञ में जिन प्राणियों की बलि दी जाती थी उनमें मानव भी शामिल हैं. ब्राह्मण–ग्रन्थों में नर बलि दिए जाने की अनेकों उदाहरण हैं. घोड़े की बलि देने वाले अश्वमेध यज्ञ तो लगभग हर देव व राजा ने किए थे. यज्ञों में हमेशा अन्न सें अधिक माँस को प्रधानता दी जाती थी. कई बार देवताओं और ऋषिओं में वाद विवाद भी हुआ कि यज्ञ में अन्न की आहुति दी जाए या माँस की. देवता यज्ञ में माँस खाने पर अड़ गए. राजा वसु को जज बनाया गया. उसने निर्णय दिया कि यज्ञ में माँस की ही आहुति दी जाए क्योंकि यही सनातन पद्धति है. अश्वमेध के अतिरिक्त गोमेध व नरमेध यज्ञ भी किए जाते थे जिसमें गाय व मनुष्य की बलि दी जाती थी. **नरमेध यज्ञ पर तो ब्रिटिश सरकार ने 1845 में एक्ट संख्या 21 द्वारा प्रतिबंध लगा दिया था. (समु 1–1).**

यज्ञ में चढ़ाई गई सोम नामक शराब और मारे गए पशुओं के माँस में हिस्सा पाने के लिए देवता और ऋषि गिद्धों की टूट पड़ते थे और कुत्तों की तरह लड़ते थे. इसलिए उनके प्रमुख इन्द्र को यह आदेश पारित करना पड़ा कि जो यजमान यज्ञ में मारे गए पशु के माँस और शराब में सें उसे हिस्सा नहीं देंगे उसे वह मार डालेगा. जो हिस्सा देगा उसकी रक्षा करेगा. (ऋग्वेद 10.27.1–3) इस बात पर ऋषिओं ने 15 दिन तक लगातार खूब तेज शराब और 15 बैल काट कर यज्ञ अग्नि में पका कर इन्द्र को भेंट किए. इन्द्र खुश हो गया. अथर्ववेद (18.4.20) में भी आदेश है कि माल पूऐ और माँस मिले चरू (पुलाव) यज्ञ वेदी पर लेकर आओ क्योंकि उस में सें देवों को उनका हिस्सा देना है.

ऐसे यज्ञ धार्मिक अनुष्ठान न होकर मात्र **बूचड़खाने** का स्वरूप होते थे. महात्मा रावण और उनके सैनिक ऐसे ही छिद्रों वाले यज्ञों को नष्ट कर देते थे. अगर उनके रक्षक यज्ञों सें गाय हिरण आदि पशु नहीं बचाते तो आज हमें इन पशुओं के मात्र चित्र ही मिलते!

6.5.1 नरमेध यज्ञ : यानि यज्ञ में आदमी को सेक कर खाना भी धर्म

आर्य और उनके ब्राह्मण ऋषि मात्र पशुओं का माँस खाकर ही संतुष्ट नहीं हो पाते थे. उन्हें नर माँस का भी स्वाद मूँह लग चुका था. अनेक ब्राह्मण-ग्रन्थों में नर बलि की घटनाएं या कथाएं भरी पड़ी हैं. ब्राह्मण ऋषिओं द्वारा भी मानव माँस खाने की घटनाएं भी ब्राह्मण-ग्रन्थों में भरी पड़ी हैं.

ऋग्वेद को ब्राह्मण-धर्म का प्राचीनतम् धर्म-ग्रन्थ माना जाता है. अतः ऋग्वेद में वर्णित नर बलि की घटना को भी नरमेध यज्ञ की प्राचीनतम् घटना माना जा सकता है. इस नर बलि की घटना सें इतना तो स्पष्ट है कि मानव माँस खाना आर्यों का प्राचीनतम् रिवाज है. यह उस समय का रिवाज है जिस समय को ब्राह्मण लोग सत्ययुग कहते हैं. इसका अर्थ यह हुआ कि सत्ययुग में ऋषि नर बलि देते थे और नर माँस खाते भी थे. ऋग्वेद (मण्डल 1 सूक्त 24–30) में वर्णित नर बलि की पहली घटना इस प्रकार सें हैः

6.5.1.1 ऋग्वेद में नरमेध यज्ञ की घटनायें

1. **पुरुषसूक्त यानि नरमेध** : ऋग्वेद के पुरुषसूक्त में एक रहस्यमय जीव "पुरुष" की बलि चढ़ाए जाने का वर्णन है. उसकी बलि सें तीनों वेद पैदा हुए. वैसे यह समझ सें बाहर की बात है कि आदमी को काटने सें वेद कैसे पैदा हो गये. आदमी को मारने काटने सें तो खून ही बहता है वेद कैसे बह निकले, वेद बनाने वाला जाने.

   ऋग्वेद के मण्डल 10 के श्लोक 90 में प्रथम नर बलि का वर्णन है जो कुछ इस प्रकार सें हैः

उस आदमी के एक हजार सिर, एक हजार आँखें और एक हजार पैर थे. (बड़ा अजीब सा दिखता होगा क्योंकि उसके हर सिर पर केवल एक ही आँख थी.) देवों ने उसे बांध कर बलि देने के लिए घास पर लिटा दिया. फिर ऋषियों देवों और सन्ध्या ने मिल कर उसकी बलि दी. उसके अनेकों टुकड़े किए गए. उसके टुकड़ों सें ब्राह्मण क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, आकाश, हवा और पता नहीं क्या कुछ निकला!!

2. **शुनःशेप की कथा :** राजा हरिशचन्द्र का नाम सभी भारतीय जानते हैं. कहते हैं कि उसने सपने में एक ब्राह्मण को अपना राज पाट सब कुछ दान में दे दिया था. सवेरे उठ कर जब उसने यह बात ब्राह्मण को बताई तो उस ब्राह्मण ने सपने में दान की गई सम्पत्ति सचमुच दान में मांग ली. राजा ने उस ब्राह्मण को सपने में दिए गए दान की रकम पूरी करने के लिए अपनी पत्नि और बेटे को बेच दिया. फिर स्वयं भी बिक गया. उसने क्यों कि एक ब्राह्मण के दान की रकम पूरी करने के लिए अपने बीवी बच्चे तक बेच दिए थे इसलिए ब्राह्मणों ने उसका नाम सत्यवादी रख दिया. वर्ना अपने जीवन में जो काम उसने अंजाम दिए, वे किसी भी जल्लाद सें कम नहीं थे.

कथा है कि राजा हरिशचन्द्र के कोई औलाद न थी. वह भी दशरथ के सूर्यवंशी खानदान सें था. अतः उसने भी बांझ रहने की अपनी वंश परम्परा को जारी रखा. दशरथ ने तो ऋषिओं को बुला कर बेटे प्राप्त किए. राजा हरिश्चन्द्र ने मन्नत मांगी कि अगर उसे पुत्र प्राप्त हो जाए तो वह **उस पुत्र को देवताओं के बलि चढ़ा देगा.अर्थात उस बालक को काट कर देवताओं को खिला देगा.** देवों की कृपा सें उसकी रानी के पुत्र पैदा हो गया. स्वभाविक है कि माँ बाप को पुत्र सें स्नेह होता ही है. उन्हें भी था. उन्होंने अपने पुत्र रोहताश की बलि न दी. देवताओं का मन बालक का नर्म माँस खाने को तड़प रहा था. उन्होंने हरिशचन्द्र को कई संदेश भेजे. चेतावनियां भी दीं. मगर राजा ने अपना वायदा न निभाया. अंततः देवता वरूण ने हरिशचन्द्र को जहर दे दिया जिससें उसे जलोधर रोग हो गया. अब उसे अपनी जान के भी लाले पड़ गए. उसने देवताओं सें वार्ता की. राजा ने अपने बेटे की जगह किसी और बच्चे की बलि देने की पेशकश की. देवताओं को तो नर्म नर्म मानव माँस खाने सें मतलब था. अतः देवता राजी हो गए. (ऐसे होते थे ब्राह्मणों के देवता जिन्हें सुधारने का दायित्व महात्मा रावण ने लिया था)

तब राजा ने रोहताश के समान किसी बालक की तलाश शुरू की. कोई भी माँ-बाप अपने बेटे को यज्ञ में काटने यानि बलि देने के लिए तैयार न हुए. अंततः एक ब्राह्मण कुछ धन के बदले में अपने बेटे को इस धार्मिक कहे जाने वाले कुकृत्य के लिए अपने बेटे को देने के लिए तैयार हो गया. ब्राह्मण का नाम अजीगर्त था और जिस बालक को वह यज्ञ में कटने के लिए देने को तैयार हुआ उस का नाम शुनःशेप था. अजीगर्त के तीन पुत्र थे. सबसें बड़ा बाप को प्यारा था. सबसें छोटा माँ को प्यारा था. अतः ब्राह्मण अजीगर्त अपने मझोले बेटे को बलि के लिए देने को तैयार हो गया. शुनःशेप आम बच्चों की तरह भोला और प्यारा सा था. मगर ब्राह्मण अजीगर्त को अपने बेटे की मासूमियत पर कोई तरस न आया. उसने धन लिया और बेटे के गले में रस्सी बांध कर राजा को सौंप दिया. सत्यवादी कहे जाने वाले राजा हरिशचन्द्र का मन बच्चे का क्रंदन सुन कर बिलकुल भी न पसीजा. वह सत्यवादी उस बालक को पशु के समान घसीटता हुआ यज्ञ वेदी पर ले आया.

फिर उस सत्यवादी राजा ने उस बिलखते हुए बालक को यूप (खूंटे) के साथ रस्से सें बांध दिया ताकि वह बालक भाग न जाए. ब्राह्मण ऋषिओं ने उसका प्रोक्षण किया. बालक शुनःशेप की भोली सूरत और उसका रूदन देख कर जल्लादों ने भी उसे यज्ञ वेदी पर काटने सें मना कर दिया. तब राजा पुनः उस ब्राह्मण अजीगर्त के पास गया और उससें आग्रह किया कि वह यज्ञ वेदी पर अपने बेटे की बलि दे दे यानि उस बच्चे को काटे और उसके छोटे छोटे टुकड़े करके आग में भून दे ताकि देवताओं को उनका हिस्सा पहुंचाया जा सके. ब्राह्मण अजीगर्त ने और ज्यादा धन की मांग की. सत्यवादी ने उसकी शर्त मान ली. वह ब्राह्मण अजीगर्त हाथ में खड़्ग लेकर राजा के साथ हो लिया.

शुनःशेप अपने लालची ब्राह्मण बाप को जानता था. उसने रो रो कर सब सें प्रार्थना की कि उसे बख्श दें. सब ब्राह्मणिक देवताओं को आवाजें लगाईं. लेकिन वे तो सब गिद्धों की तरह मुर्दार खाने को तैयार बैठे थे. बे तो इस ताक में थे कि कब शुनःशेप के टुकड़े टुकड़े करके यज्ञ की अग्नि में पकाया जाए और उन्हें भेंट किया जाए और वे उसके नर्म नर्म गोश्त का आनन्द ले सकें. बालक का क्रंदन सुन कर उधर सें गुजर रहे जैन धर्म के संस्थापक तीर्थंकर ऋशभनाथ वहां आए. उन्होंने ब्राह्मणों और देवताओं के विरोध के बावजूद बालक को आजाद करवा लिया. वह बालक फिर अपने बाप के साथ न गया. वह तीर्थंकर ऋशभनाथ का शिष्य बन गया.

ऋग्वेद के उपरोक्त सूक्त में बालक शुनःशेप का क्रंदन इतने मार्मिक रूप में दिया गया है कि जो कोई उसे आज भी पढ़ता है, उसके आंसू बह निकलते हैं. यह तो जल्लादों सें भी क्रूर ब्राह्मणों और उनके देवताओं का ही पत्थर दिल था जो उस बालक का क्रंदन प्रत्यक्ष देख सुन कर भी नहीं पिघला. कसाई चाहे

रोज कितने ही जीव काटता होगा परन्तु वह भी इतना क्रूर नहीं होता कि धन के लालच में अपने ही बेटे को काट कर बेच दे. ये ब्राह्मण और उनके देवता तो कसाई सें भी गए गुजरे निकले! थू!!

पता नहीं क्यों इतिहास में ब्राह्मणों में सें ही ऐसे आदमी क्यों निकले जो पैसे के लिए कुछ भी करने को तैयार हो गए. अजीगर्त जैसा ब्राह्मण धन के लिए अपने बेटे को ही काटने को तैयार हो गया, गंगू जैसा ब्राह्मण धन के लिए अपने मालिक गुरू गोबिंद सिंह के बेटों को जिन्दा दीवार में चिनवा आया. तो एक अन्य ब्राह्मण ने धन के लिए अपने मालिक राजा दाहिर सें गद्दारी करके देश को गुलामी की भट्ठी में झोंक दिया.

3. **श्राद्ध में नरबलि की कथा :** अन्य कथा जो ऋग्वेद में मिलती है वह सामान्य कथा है. जो यह दर्शाती है कि आर्यों, ब्राह्मणों और देवों के लिए नरमेध कोई अनहोनी या कभी कभार होने वाली घटना न थी. यह उनके लिए नित्य प्रति दिन होने वाली घटना थी. जैसे आज की गृहणी नित्य यह पूछती है कि आज कौन सी सब्जी बनानी है,, कैसे बनानी है, वेदों में नरमेध का उल्लेख लगभग ऐसे ही मिलता है कि आदमी को कैसे पकाना है. उदाहरणतः ऋग्वेद (मण्डल10 सूक्त 16) में ही वर्णित नरमेध जैसी घटना कुछ ऐसा ही आभास देती है. ऋचाक्रम सें इसका विवरण इस प्रकार सें है:

- ऋचा 1 सें 4 तक आग सें प्रार्थना की गई है कि वह व्यक्ति को पूरी तरह न जलाए. उसके चमड़े और माँस को छिन्न भिन्न न करे. आग सें पुनः प्रार्थना की गई है कि वह उस व्यक्ति को अच्छी तरह सें पका दे. फिर अग्नि (होता) सें कहा गया है कि जब उस व्यक्ति का माँस पूरी तरह पक जाए तो उसे पितरों के पास ले जाए.
- ऋचा 5 में आग सें कहा गया है कि मरा हुआ व्यक्ति उसकी आहूति है. आग उसे पितरों तक ले जाए.
- ऋचा 6 में आहूत हुए व्यक्ति सें कहा गया है कि ब्राह्मणों द्वारा पी जाने वाली सोम नामक शराब उसको भी नीरोग बनाए.
- ऋचा 7 में प्रेत यानि मारे हुए व्यक्ति सें कहा गया है कि वह गाय की खाल ओढ़ ले और चर्बी तथा माँस सें ढक जाए ताकि आग उसे जला न सके.
- ऋचा 8 में अग्नि (होता) सें कहा गया है कि वह शराब के बर्तन चमस को ध्यान सें ले जाए ताकि यह छलके नहीं. यह शराब देवताओं के पीने के लिए है क्यों कि शराब उनको प्रिय है.
- ऋचा 9–10 में यज्ञकर्ता द्वारा बताया गया है कि वह तेज आग को दूर हटा रहा है ताकि माँस जल न जाए. वह अग्नि सें प्रार्थना करता है कि वह यम प्रांत के देवों के लिए हव्य (माँस) ले जाए. वहां उसे उसके जैसे अन्य होता भी मिलेंगे. आगे माँस जलाने वाली आग का घर में घुसने का उल्लेख है. अर्थात उस आग सें घर में आग लग गई.
- ऋचा 11 में यज्ञकर्ता कहता है कि मैं यज्ञ सामग्री उस अग्नि (होता) को देकर आता हूँ जो श्राद्ध का सामान देवों तक ले जाता है.
- ऋचा 12 में यज्ञकर्ता द्वारा अग्नि (होता) सें कहा गया है कि वह होम सामग्री अर्थात हव्य (माँस) देवों तक ले जाए ताकि वे उसे खा सकें.

उपरोक्त सारे विवरण सें ऐसा स्पष्ट होता है कि यह सारा कर्मकांड श्राद्ध कर्म के लिए किया गया नरमेध यज्ञ है जिस में एक मनुष्य को मार कर उसके शरीर की बलि दी गयी है. उसके माँस को अच्छी तरह ध्यान सें पकाया जा रहा है कि कहहीं वह जल न जाए. अग्नि, जिसका काम देवों के लिए हव्य ढोना था, उसे यह काम सोंपा गया कि वह पितरों तथा देवों के लिए नर–माँस ले जाए ताकि वे उसे खा सकें. इस अवसर पर देवों और ब्राह्मणों के लिए विशेष रूप सें चसक भर कर शराब का प्रबन्ध किया गया था.

मनु स्मृति में श्राद्ध के समय माँस खाना अनिवार्य करार दिया गया है. ऋग्वेद में वर्णित उपरोक्त क्रियाकर्म भी श्राद्ध के समय नर–माँस खाने के रिवाज को इंगित करता है. यह सभी यह सिद्ध करते हैं कि ब्राह्मण धर्म को मानने वाले व्यक्ति, ब्राह्मण पुरोहित, ऋषि और उनके देवता हर प्रकार के यज्ञ व श्राद्ध में खूब शराब पीते थे और माँस खाते थे. न केवल पशुओं का माँस खाते थे बल्कि मानव माँस खाने सें भी न चूकते थे. बच्चों का माँस उन्हें बहुत अधिक पसन्द था. आज के समय इन ब्राह्मण ऋषिओं मुनियों व उनके देवताओं की कितनी भी महान छवि क्यों न बनाई गई हो, वास्तव में यह सब **गुन्डों, लुटेरों और ऐयाशों का गिरोह** था. इन्होंने पूरे भारतवर्ष को रौंदा है. आज उन्हीं के वंशज शराफत का मुखोटा लगा कर उन्हीं ऐयाश गुन्डे लुटेरों को हम सें पुजवा रहे हैं.

ब्राह्मणों की सबसें पवित्र कही जाने वाली किताब में किसी मासूम बच्चे को यज्ञ में काटने के लिए खंभे सें बांधे जाने का उल्लेख मिलना और एक अन्य व्यक्ति को आग में पकाये जाने का उल्लेख मिलना, यह दर्शाते हैं

कि प्राचीन काल में ब्राह्मण ऋषि और उनके देवता किस प्रकार के लोग होते थे. शराब पीकर वे बच्चों तक को भून कर खा जाते थे.

6.5.1.2 पुराणों में नरमेध

सोमक एवं जन्तु की कथा

महाभारत के वन पर्व में नर बलि की कथा दी गई है. इसे नर बलि की बजाए बाल–बलि कहा जाए तो अधिक सही होगा. कथा है कि एक सोमक नाम का राजा था. उसके एक सौ पत्नियां थीं. लेकिन उन एक सौ पत्नियों में सें उसके यहां केवल एक ही पुत्र जन्मा. उसका नाम जन्तु रखा गया. जन्तु बहुत ही सुन्दर और भोला भाला बालक था. आपस में सौत होते हुए भी सभी रानियां उसे बहुत प्यार करती थीं. उनके प्यार को देख कर कोई बता ही नहीं सकता था कि उसकी जन्मदायी माँ कौन सी है. सौ माताओं का एकेला लाल होने के कारण वह सब का लाडला था. अगर भूले सें भी उसे मामूली सी चोट लग जाती तो घर में कोहराम मच जाता था. एक बार उसे एक चींटी ने काट लिया. किसी भी छोटे बालक को चींटी द्वारा काट लेना कोई अनहोनी अथवा बड़ी बात नहीं होती. लेकिन जन्तु अपनी माताओं का इतना लाडला था कि मात्र चींटी के काटने पर ही सभी माताएं रोने चिल्लाने लग गईं.

ऐसे में सोमक को चिन्ता हुई कि अगर कहीं सचमुच जन्तु को कुछ हो गया तो उसकी माताएं तो बेमौत मर जाएंगी. अतः उसने तय किया कि उसके जन्तु के अतिरिक्त और भी पुत्र होने चाहिए. उसने एक वेदवेता ब्राह्मण ऋषि सें इसका उपाय पूछा तो वह बोला कि पुत्र प्राप्ति के लिए यज्ञ करना पड़ेगा और उस **यज्ञ में अपने बेटे जन्तु की बलि देनी पड़ेगी.** वैसे तो जन्तु राजा को बेहद प्यारा था. प्रमथतः वह अपने एकमात्र पुत्र को यज्ञ वेदी पर काटने को नहीं माना. लेकिन ब्राह्मण के आश्वासन देने पर सोमक को विश्वास हो गया कि यज्ञ में जन्तु के टुकड़े टुकड़े करके यज्ञ में चढ़ाने सें उस की सभी रानियों को पुत्र जन्मेंगे. अतः वह यज्ञ में जन्तु की बलि देने को तैयार हो गया.

यज्ञ की तैयारियां हो गईं. वह वेदज्ञ ब्राह्मण ऋषि उस मासूम बालक जन्तु को यज्ञ की आग में झोंकने के लिए ले जाने लगा तो सभी रानियां रोने लगीं. उन्होंने उस बालक को घेर लिया और उसे यज्ञ में मारने के लिए ले जाने सें रोकने का प्रयत्न किया. उन सब माताओं के रोने गिड़गड़ाने का उस वेदज्ञ ब्राह्मण ऋषि पर कोई प्रभाव न पड़ा. उसने उन रोती बिलखती माताओं सें उस मासूम बालक को छीन लिया. फिर **उस ब्राह्मण ने बालक के सब अंगों के टुकड़े टुकड़े कर दिए और शास्त्रों में दी गई विधि के अनुसार सब अंगों की यज्ञ में आहूति दी. फिर उस बालक की चर्बी को यज्ञ अग्नि में पकाया. चर्बी की गंध सें शोकपीड़ित माताएं बेहोश हो गईं.** तदन्तर वे सब रानियां गर्भवती हो गईं. राजा ने सभी रानियों को गर्भवती करने के एवज में उस ब्राह्मण ऋषि को एक भव्य आश्रम बनवा दिया जहां उसने सब भोगों का उपभोग किया. महा भारत में कहा गया है कि जो व्यक्ति वहां 6–7 रात गुजार लेता है उसे **मोक्ष मिल जाता है.**

क्या संदेश देती है यह धार्मिक कहे जाने वाली कथा? यह कथा यही संदेश देती हैः

1. कि अगर पुत्र चाहिए तो सौत के पुत्र के अंगों के टुकड़े टुकड करके यज्ञ की आग में में डाल दो.
2. कि अबोध बालक की चर्बी की गंध सें स्त्री गर्भवती हो जाती है. चाहे वह बांझ ही क्यों न हो.
3. कि यज्ञ के दौरान ही स्त्रियां गर्भवती हो जाती हैं, उन्हें अपने पतियों सें सम्पर्क बनाने की भी जरूरत नहीं होती. विचारने की बात है कि स्त्रियों को यज्ञ में कौन गर्भवती करता है!
4. कि नरमेध यज्ञ करना और उसमें मासूम बच्चों की बलि देना वेद सम्मत है. किसी बालक को टुकड़े टुकड़े करके यज्ञ करने की प्रथा वेद सम्मत है क्योंकि कथा के अनुसार यज्ञ कराने वाला ब्राह्मण था, ऋषि था तथा वेदवेता था.
5. कि ऐसे बूचड़ों के ठिकानों को आश्रम कहा जाता था. और जो उन आश्रमों में 6–7 दिन रूक जाए उसके पाप नष्ट हो जाते हैं और उसे मोक्ष मिल जाता है. ऐसा ब्राह्मण–ग्रन्थों का दावा है.
6. कि ब्राह्मण ऋषि रानियों की भी परवाह नहीं करते थे. एक सौ रानियों के विरोध के बावजूद ब्राह्मण ऋषि ने उनके बेटे के की हत्या करके उसकी चर्बी निकाल कर यज्ञ अग्नि में भून डाली.
7. कि ब्राह्मण ऋषि कसाईयों सें भी ज्यादा निर्दयी होते थे जिन्हें मासूम बालकों के टुकड़े करने में जरा भी संकोच, दर्द न होता था. ब्राह्मण ऋषि न केवल जीवित बालक को काट लेते थे बल्कि उसकी चर्बी निकाल कर उसे आग में भून भी लेते थे. इतना क्रूर कर्म करते हुए उनका ***मन एक बार भी न कांपता था.***

पुराणों में नरमेध के नियम

ब्रह्मावैवर्त पुराण (प्रकृति खण्ड.2 अध्याय 64) में भी नरमेध की पूरी विधि दी गई है. उसके अनुसार नरमेध के लिए ऐसा आदमी चुना जाए जो स्वस्थ हो, कुंआरा हो, व्यभिचारी न हो और जिसका जन्म व्यभिचार सें न हुआ हो. (इस तरह कोई भी ब्राह्मण बलि देने लायक नहीं था.) साल भ्र उसकी सेवा की जाए. फिर अष्टमी और नवमी के बीच वाली रात को उसकी बलि दे दी जाए. बलि करवाने वाले ब्राह्मण को दान दिया जाए.

6.5.1.3 नरभक्षी देवियां

ब्राह्मणों ने पुराणों में नर माँस भक्षण के नए नए तरीके खोजे गए. काली की कल्पना की गई जो मनुष्य का खून पीती है उसका माँस कच्चा ही खा जाती है. वह नंग धड़ंग रहती है. अपने तन पर सूत की एक डोर तक नहीं रखती. अपने गुप्त अंग छिपाने के लिए वह उन लोगों की सिरों और बाजूओं की माला पहनती है जिन्हें मार कर वह खा गई थी. काली के मंदिर में आजकल जो मीट शराब की भेंट चढ़ती है उसे "श्रद्धालुओं" में बांट दी जाती है.

सहज कल्पना की जा सकती है कि जब ब्राह्मणधर्म अपने चरम पर था तो काली को चढ़ाए गई नर बलि के मांस को कौन खाते होंगे! अगर अपने चरम काल में ब्राह्मण तुलसी बीच बाजार खड़ा होकर पशु शूद्र और नारी को मारने पीटने की बात कह सकता था तो अपनी मां को चढाए नर मांस को खाने सें उन्हें कौन रोक सकता था. विशेषकर जब उनके धर्म ग्रन्थ यह आज्ञा देते हैं कि यज्ञ के हव्य को खाना पुण्य है तथा देवी देवताओं पर चढ़ाया प्रसाद खाना पुण्य है.

ब्राह्मण जरूर नर मांस खाते रहे होंगे वर्ना कबीर साहेब यूं ही नहीं कहतेः

> पण्डे निपुण कसाई साधो, पण्डे निपुण कसाई!
> बकरी मार भेड को धावै, मन में दया न आई, साधो पण्डे निपुण कसाई!!

पुराण पढ़ कर दिमाग घूम जाता है कि ऐसी पुस्तकें भी धर्म ग्रन्थ कहलाती हैं. ऐसी अश्लील और वीभत्स किस्से उनमें लिखे गए हैं कि पढ़ कर रोंगटे खड़े हो जाते हैं. ऐसे में बाबा साहिब के वचन याद आते हैं कि अगर हिन्दू स्वयं अपने धार्मिक कहे जाने वाले ग्रन्थ पढ़ लें तो वे स्वयं उनें आग लगा देंगे! हमारा तो यह भी कहना है कि उन्हें धार्मिक कह कर प्रचार करने वालों का भी यही हाल होना चाहिए.

ऐसा ही वीभत्स प्रकरण काली पुराण का रुधिर अध्याय है. इसमें चण्डी का आदेश हैः

- सभी अवसरों पर सभी देवों को बलि चढाई जाए.
- पानी, हवा और धारती पर रहने वाले लगभग **सभी प्राणी** खासकर आदमी बलि के लिए उचित है.
- बलिदाता का स्वयं का खून चण्डी और भैंरों के लिए उचित पदार्थ है. **ब्राह्मण की बलि नहीं दी जा सकती.**
- भक्त अशुद्ध माँस न चढाएं क्योंकि वे सिर और खून को अमृत मानते हैं.
- जीव (आदमी पशु पक्षी) काटने के लिए चन्द्रहास (गंडासा या फरसा) सबसें अच्छा हथियार है. छुरे का दूसरा स्थान है कुदाली घटिया हथियार है.
- सारे दिन में दोबार पानी पीने वाली इकरंगी बकरी सर्वोत्तम हव्य (यज्ञ बलि का भाग) और कव्य (श्राद्ध) है.
- नीली गर्दन, लाल सिर, काली टांगों और सफेद पंखों वाला पक्षी चण्डी और विष्णु का प्रिय भोजन है.
- **ब्राह्मण के खून की बलि न दी जाए.**
- शेर और बाघ की बलि न दी जाए.

कौन से देवी देवता को क्या पसंद है

चण्डिका : आदमी समेत लगभग सारे जीवित प्राणियों का खून और उनका खून उसे पसंद है. जीवित प्राणी का अर्थ है कि आदमी या पशु वहीं मंदिर में काटा जाना चाहिए. उसका ताजा मांस और बहता हुआ खून ही ब्राह्मणों की देवी को चाहिए. बासी मांस और खून उसें माफिक नहीं आते!

कामाख्या और भैरव : आदमी का माँस खाने सें एक हजार साल प्रसन्न रहते हैं. कामाख्या को मानव **सिरी** बहुत पसंद है. आदम खोर दरिंदी !!

शिव : बलि में वृषभ यानि सांड पसंद हैं. इसीलिए हर समय सांड उसके लिंग के पास बैठा रहता है. पता नहीं "भगवान" का कब खाने को मूड बन जाए. मौके पर न मिला तो तांडव शुरू हो जाएगा. पता नहीं कितने ही मारे जाएंगे. आश्वलायन गृह्यसूत्र में शिव को सांड की बलि कैसे दी जाए, इसका विस्तार सें वर्णन किया गया है.

विष्णु : **ब्राह्मण और शेर** को छोड़ कर बाकी सब को काट कर देवी और विष्णु के चढ़ाया जाना चाहिए. इसीलिए विष्णु को मेधज कहा जाता है जिसका अर्थ है जिसके लिए पशु काटा गया.

बलि देने का ढंग

आदमी को पूर्व दिशा की ओर काटा जाए. सिर दक्षिण दिशा में चढ़ाया जाए. खून पश्चिम की ओर डाला जाए. यानि कुल मिला कर आदमी को न केवल दरिंदगी सें काटा जाए बल्कि उसके टुकड़े और खून सब तरफ फैला दिया जाए. ऐसा वीभत्स काम तो कसाई भी करने सें कतराते होंगे. मनोवैज्ञानिक अगर इन पुराणों को पढ़ें तो निश्चित रूप में इनके लेखकों को साइकोपैथ पागल कहेंगे. अर्थात ऐसा पागल जिसके दिमाग में ही क्रूरतम हत्याएं करने के कीटाणु बस चुके हों.

एक दिन पहले उसे नहला धुला कर हार पहनाया जाए, भोजन खिलाया जाए उसकी पूजा की जाए. **साथ में यह भी निर्देश दिये गए हैं कि जल्लाद बलि-मनुष्य सें नजरें न मिलाये. पुराण लिखने वाले हत्यारे को पता था कि मरने वाले की आंखें दया की भीख मांगती हैं और कहीं उन आंखों में झांक कर उसे काटने वाला पिघल न जाए. इसलिए उसे निर्देश दिया गया है कि वह अपनी नजरें दूर रखे.**

बलि का फल या लाभ : चण्डी या काली ने केवल यही नहीं बताया कि उसे कौन कौन सा जीव खाना पसंद है उसने यह भी बताया है कि उसके लिए काटा और चढ़ाया गया किस किस का माँस कितना लाभ देता है.

क्रमांक	काटा गया प्राणी	देवी कितनी खुश
1	मछली कछुआ	एक महीना
2	मगरमच्छ	तीन महीने
3	वन्य जीव	नौ मास
4	नीलगाय का खून	एक साल
5	हिरण, जंगली सूअर	बारह साल
6	सरभ का खून	पच्चीस साल
7	भैंस व हिप्पो का खून	एक सौ साल
8	हिरण व हिप्पो का माँस	पाँच सौ साल
9	शेर बारहसिंगा	एक हजार साल
10	**एक आदमी का खून**	**एक हजार साल**
11	**एक आदमी का माँस**	**एक हजार साल**
12	**तीन आदमियों का खून**	**एक लाख साल**
13	**तीन आदमियों का खून**	**एक लाख साल**
14	**आदमी का सिर**	**कामख्या अति प्रसन्न**

कहने को तो महाभारत कहती है कि ऐसे नरमेध यज्ञ कलियुग में बन्द हो गये. (वन.146) लेकिन वास्तव में ब्राह्मणों का यह कलियुग तब आया जब अंग्रेजों ने 1845 में एक्ट संख्या 21 के द्वारा नरबलि पर प्रतिबन्ध लगा दिया. अगर कहीं अंग्रेज भी इन ब्राह्मणवादियों की तरह मासूमों का माँस भक्षण करने वाले होते तो आज हर गली मौहल्ले में ये पण्डे नर माँस की हाट लगाए बैठे होते!!

पन्द्रहवीं सदी में जब कबीर बोले :

पण्डे निपुण कसाई साधो, पण्डे निपुण कसाई!!

तो पण्डों ने उनकी परवाह नहीं की लेकिन उनीसवीं सदी में अंग्रेज के डण्डे के आगे उन्हें अपना स्वाद छोड़ना ही पड़ा.

बाबा साहिब ने सत्य ही कहा है कि ऐसे मंदिर बुचड़खाने ही थे.

6.5.1.3 यर्जुवेद में नरमेध

यर्जुवेद (अध्याय 30.2) में कहा गया है कि जो ब्राह्मण या क्षत्रिय **देवताओं सें भी ऊपर की पदवी** पाना चाहता हो तो उसे चाहिए कि वह **पुरुषमेध** यज्ञ करे. अध्याय 31 में नर मेध की विधि का विवरण दिया गया है. वहां (मन्त्र 9) वर्णन है कि सर्वप्रथम बलि दिए जाने वाले मनुष्य को जल छिड़क कर प्रोक्षण किया गया. जैसे गृहिणी सब्जी काटने सें पहले धोकर उसे साफ करती हैं वैसे ही ब्राह्मण ऋषि नरमेध यज्ञ के लिए मनुष्य को काटने सें पहले उसे अच्छी तरह धो कर साफ कर लेते थे. इस विधि को प्रोक्षण कहते हैं. मन्त्र 10 में इस विधि का उल्लेख है कि यज्ञ में आहूति देनेके लिए मनुष्य के कितने टुकड़े करने हैं तथा उन टुकड़ों में सें ब्राह्मण ऋषि, देवता तथा यजमान को कौन कौन सा भाग खाने के लिए मिलेगा. मन्त्र 14 में पुनः पक्का किया गया है कि यज्ञ में मानव माँस की हवि दी गई है.

दयानन्द कहता है, "जो इस संसार में बहुत पशु वाला होम करके हुतशेश का भोक्ता वेद वित् मनुष्य होवे, सो प्रशंसा को प्राप्त होता है." (यर्जुवेद अ.19 मन्त्र 20 पर दयानन्द का भाष्य) (समु.6.154) साधारण भाषा में इस का अर्थ है कि **जो वेद का ज्ञानी (ब्राह्मण) यज्ञ में बहुत सारे पशु मार कर उन्हें यज्ञ की आग में भून कर खाता है, उसे संसार में प्रशंसा मिलती है.** नरमेध यज्ञ में मारे जाने वाला मनुष्य भी "यज्ञ–पशु" ही होता है. अतः दयानन्द के अनुसार यज्ञ में अगर मनुष्य मारा जाए तो उसके बचा माँस खाया जाए तो वाही वाही मिलती है.

कहीं लोग इस पाप के विरुद्ध आवाज न उठाएं इसलिए संकराचारय ने व्यवस्था दी कि धर्म अधर्म, पाप पुण्य का निर्णय धर्म ग्रन्थों में किया गया है. वहां पशु और आदमी मारने वाले यज्ञों को **धर्म** बताया गया है. अतः ऐसे यज्ञ करने सें कोई पाप नहीं लगता. (ब्रह्मसूत्र 3.1.2 पर संकरभाष्य) (अज्ञात : स्मृतियों में 53)

उसके साथी **रामानुज ने तो हद कर दी**. वह बोला हमारे धर्म ग्रन्थों में सही लिखा है कि जिस आदमी या पशु को यज्ञ में काटा जाता है वह सोने का बन कर स्वर्ग में जाता है. इसलिए यज्ञ में गला कटवाने या आग में सिकने का थोड़ा सा कष्ट उठाना घाटे का सौदा नहीं है. (अज्ञात : स्मृतियों में 53) काश उसने यह बात महाराज रावण के समय कही होती तो उसका सारा खानदान सोने को बनकर स्वर्ग गया होता!!

यर्जुवेद के नरमेध में ऋग्वेद के पुरुषसूक्त का उच्चारण आवश्यक माना जाता था क्योकि ऋग्वेद ब्राह्मणों का सबसें प्राचीन ग्रन्थ है तथा उसके पुरुषसूक्त में पहली नरबलि का वर्णन है.

नरमेध में अलग अलग रंग रूप वाले तथा अलग अलग काम करने वाले 184 स्त्री पुरुषों की बलि दी जाती थी. (अप्सरा 527)

6.5.1.4 राम राज्य में नर माँस

आर्य ब्राह्मण और उनके देवता नर माँस खूब चाव सें खाते थे. यज्ञ ही नहीं नर माँस उनके यहां वैसे भी मिल जाता था. स्वयं तुलसी ने बालकांड में लिखा है कि राम नित्य ही जंगल में हिरणों का शिकार करता था. इसी बालकांड में वह आगे लिखता है,

"बिबिध मृगन्ह कर आमिश रांधा!
तेहि महुं विप्र माँस खल सांधा!!"

अर्थात कई प्रकार के हिरणों का माँस पकाया गया जिसमें किसी दुष्ट आदमी ने ब्राह्मण का माँस मिला दिया. इस दोहे सें तुलसी रामराज्य की वास्तविकता बयान करता है कि राम के राज्य अयोध्या में नर माँस आसानी सें मिल जाता था. हिरण तो सरेआम पकाए जाते थे. आदमी का मांस भी आराम सें मिल जाता था. यहां तक कि ब्राह्मण का मांस भी मिल जाता था. ब्राह्मण का मांस ही अगर ऐसे मिल जाता था तब तो क्षत्रिय, वैश्य का मांस तो रामराज्य में ऐसे मिलता होगा जैसे आजकल बाजार में मुर्गी के अण्डे मिल जाते हैं.

6.5.1.5 अन्य प्रसंग

इनके अतिरिक्त ब्राह्मण–ग्रन्थों में अनेकों ऐसे प्रसंग मिलते हैं जो यह दर्शाते हैं कि आर्य और उनके ब्राह्मण पुरोहित नर माँस खाने में बिलकुल न झिझकते थे.

- उदाहरणतः भीम ने दुशासन को मार कर उसका खून पीया.
- ब्राह्मण ऋषि अगस्त्य भूख लगने पर वातापि नामक मनुष्य को मार कर खा गया.

- राम का पूर्वज कल्माशपाद नर माँस खाता था. (राज.50)
- जब दादा परदादा ऐसा कुकृत्य करते थे तो राम के राज्य में तो नर मांस की बिक्री होनी ही थी.
- जब शिव को उसके ससुर दक्ष ने यज्ञ का हिस्सा न दिया तो उसने वीरभद्र की अगुवाई में अपने आदमी भेजे. उसने "यज्ञ मण्डप में यज्ञ पशुओं को जैसे मारा जाता है, उसे देख कर उसी प्रकार दक्ष रूपी उस यजमान पशु का सिर धड़ सें अलग कर दिया.'' और सिर को यज्ञ की दक्षिण अग्नि में डाल दिया. (भागवत पुराण स्कन्ध 4 अध्याय 4 सें 6)

यह तो शुक्र है कि नरमेध यज्ञ पर ब्रिटिश सरकार ने 1845 में एक्ट संख्या 21 द्वारा प्रतिबंध लगा दिया वर्ना आज भारत में स्थान स्थान पर ब्राह्मण नरमेध का आयोजन किए बैठे होते. दूसरे शब्दों में वे नर माँस की दुकानें खोले बैठे होते.

इन ब्राह्मण–ग्रन्थों की ही यह देन है कि नित्य प्रतिदिन भारत के गांवों कस्बों में ऐसी घटनायें होती रहती हैं कि मासूम बालकों को मार कर उनके अंग भंग करके देवी के चढ़ा दिए गए. दैनिक भास्कर 15.04.2005 में छपी खबर के अनुसार ऐसी ही एक धार्मिक परम्परा को निभाते हुए पश्चिम बंगाल में दो गांवों के लोगों ने पाँच बच्चों के शवों के सिर काट लिए. फिर वे लोग उन नर मुण्डों के साथ नाचते गाते हुए गए और उन नर–मुण्डों को शिव मंदिर में चढ़ा दिया. यह सारा कांड धर्म के नाम पर किया गया क्योंकि ब्राह्मण–ग्रन्थ ऐसा करने को धार्मिक कर्म बताते हैं.

3 मई 1983 को ऐसी ही एक धार्मिक कथा को सुनकर एक 15 वर्षीय बालक ने स्वयं को शिव के चढ़ाने का निश्चय किया. अतः उसने स्वयं के आग लगा ली और शिव लिंग की ओर भागा मगर रास्ते में ही गिर कर मर गया. उसके पास सें एक पत्र मिला जिस में उसने लिखा कि निज बलि की धार्मिक कथा से प्रभावित होकर वह ऐसा कर रहा हैं. (समु 5.147)

6.4.2 गोमेध यज्ञ

किसी समय आर्य ब्राह्मणों का सर्वाधिक लोकप्रिय यज्ञ **गोमेध यज्ञ** था. गोमेध का इतना महत्व था कि एक सौ गोमेध यज्ञ करने वाले को "इन्द्र" (ब्राह्मण देवताओं का राजा) बना दिया जाता था. (गोमाँस 68) ब्राह्मण ऋषि बहुत चाव सें गाय का माँस खाते थे. घर आए अतिथि विशेषकर ब्राह्मण के आगमन पर गाय का माँस पेश करना लगभग वैसे ही आम था जैसे आजकल घर आए मेहमान को चाय बिस्कुट पेश किये जाते हैं. कहते हैं कि अगर शेर के मूँह एक बार आदमी का खून लग जाए तो वह उसके बाद किसी अन्य पशु का माँस नहीं खाता. ब्राह्मण ऋषिओं को कुछ ऐसा ही स्वाद गाय के माँस सें मिलता था. इसी कारण यज्ञों में गाय मारना अनिवार्य किया गया. (गोमाँस 37)

ब्राह्मणों ने इतनी संख्या में गाएं खाईं कि आज भी अगर उनके खून की जांच की जाए तो असली ब्राह्मण के खून में निश्चित रूप में गाय के खून के अंश मिलेंगे. गाय काटना और खाना इतना आम था कि ऋग्वेद के समय गाय काटने की लकोक्तियां बनी हुई थीं. जिस तरह हम आज कल एक लकोक्ति 'गाजर मूली की तरह काटना' का प्रयोग करते हैं वैसे ही प्राचीन आर्य लोग 'गाय की तरह काटना' की लकोक्ति का प्रयोग करते थे. (ऋग 10.89.14)

ब्राह्मण–ग्रन्थों में जिस काल को सत्ययुग कहा गया है, उस काल में गाय ही मुख्य माँसाहारी आहार होता था. ऋग्वेद में उल्लेख है कि देवताओं के राजा इन्द्र के लिए एक बार में 15–20 बैल यज्ञ की आग में भूने जाते थे और उसे शराब सें सरोबार कर दिया जाता था.

आर्य समाज के संस्थापक दयानन्द ने अपने ग्रन्थ सत्यार्थ प्रकाश में गोमाँस और गोमेध के विषय को लेकर बहुत लीपापोती की, अनेक शब्दों के अर्थ बेअर्थ किए. लेकिन अंततः उसे भी सच्चाई माननी ही पड़ी कि जिन आर्यों के समाज को वह पुनः आर्य–समाज के रूप में स्थापित करना चाहता था, वे सब लोग यज्ञ में गाय का माँस भून कर खाते थे. उसे सच्चाई तो कबूलनी पड़ी परन्तु वह अपनी धूर्तता सें बाज न आया. वह लिखता है," जहां गोमेध आदि यज्ञ लिखे हैं वहां नर पशु मारना लिखा है क्योंकि जितना तगड़ा बैल होता है वैसी गाय नहीं होती. जो वंध्या गाय है, उसे भी मारना लिखा है."(स.प्र. 303) (समु.6.154) वह आगे कहता है,"जो इस संसार में बहुत पशु वाला होम करके हुतशेश का भोक्ता वेद वित् मनुष्य होवे सो प्रशंसा को प्राप्त होता है."(यर्जुवेद अ.19 मन्त्र 20 पर दयानन्द का भाष्य) (समु. 6.154)

दयानंद के उपरोक्त अर्थ सें निम्नलिखित तथ्य स्पष्ट होते हैं:

1. **गोमेध का अर्थ यज्ञ में गाय मारना है.**
2. गोमेध में गाय, बैल और सांड मारे जाते थे.
3. बैल और सांड इसलिए मारे जाते थे क्योंकि गाय के शरीर सें उतना चर्बी और माँस नहीं मिलता थे जितना बैल और सांड सें मिलता था. बैल और सांड तगड़े होते थे अतः उन सें गोल गोल बोटियां और चर्बी अच्छी मात्रा में मिल जाती थीं. दशरथ का अश्वमेध हो या सोमक का पुत्रबलि यज्ञ, ब्राह्मण ऋषि चर्बी जरूर भूनते थे. सो **यज्ञ में चर्बी भूनना अति जरूरी थी.**
4. यज्ञ में गाय काटी जाए अथवा बैल यह बहस ब्राह्मण ऋषिओं में होती ही रहती थी. जैसे दयानन्द ने अपना विचार दिया कि गाय में चर्बी कम होती है इसलिए बैल मारा जाना चाहिए, वैसे ही याज्ञवल्क्य का मत था कि दोनों में जिस का माँस नर्म हो, उसी की बलि देकर खाया जाना चाहिए.
5. जिस गाय के बच्चे होने बंद हो गए थे अथवा जो बच्चे पैदा नहीं कर सकती थी, उसे भी यज्ञ में मारा जाता था. अतः बूढ़ी गायों का अंतिम स्थल ब्राह्मणों के गोमेध यज्ञ ही होते थे. अगर किसी कारणवश कोई जवान गाय भी बच्चे पैदा न कर सकती हो तो उस बेचारी का भी यही हश्र होता था.
6. गाय, बैल, बछिया अथवा सांड आदि को मार कर यज्ञ की आग में डालने मात्र सें ही काम पूरा न होता था बल्कि उसके **हुतशेष** अर्थात आग में भूने गए अवशेषों का खाना भी जरूरी था. गीता में भी कहा गया है कि यज्ञ बलि का बचा खाना परम पुण्य का काम है. (गीता 3.13) दयानंद कहता है कि हुताशेष यानि बलि देकर बाकी बचा मांस खाने सें आदमी जग में प्रसिद्ध हो जाता है.
7. यज्ञ में थोड़े सें नहीं बल्कि बहुत से पशु काटे जाते थे. जैसे रंतिदेव के यज्ञ में रोजाना 2000 गाएं काटी जाती थीं. एक बार तो उसने एक ही दिन में 21,000 गाएं काटी थीं. (गोमाँस 62) इन्द्र के लिए 15–20 बैल एक बार के यज्ञ में ही भूने जाते थे. अथवा राम को पैदा करने के लिए किए गए यज्ञ में 300 सें ज्यादा पशु काटे गए थे.
8. दयानंद की हुतशेष अर्थात यज्ञ में मारे गए पशुओं को खाने की बात पर गोपथ–ब्राह्मण में नियम दिये गए हैं. गोपथ–ब्राह्मण (3.18) के अनुसार गाय के जीभ, गला, कंधा, नितम्ब और टांगें यज्ञ करने वाले ब्राह्मणों को खाने के लिए दी जाएं. यजमान को गाय की पीठ की हड्डी और उसकी पत्नि को पेडू का भाग दिया जाना चाहिए.

दयानन्द की तरह **अन्य ब्राह्मण ग्रन्थ गोमाँस भक्षण** के बारे में इस तरह सें कहते हैंः

9. आश्वलायन गृहसूत्र (1–11–12) के अनुसार गाय के 11 भाग करके यज्ञ अग्नि में पकाया जाए. उसके दिल को शूल में गाड़ कर तपाया जाए. फिर उसका स्थालीपाक किया जाए. स्थाली का अर्थ है मिट्टी का बर्तन, पाक का अर्थ है पकाना. अर्थात गाय के कलेजे को पहले शूल में गाड़ कर सेका जाए (सींक कबाब की तरह) फिर उसे हांडी में पकाया जाए. अश्टमी के दिन जो पशु मारा जाए उसी का माँस ब्राह्मणों को खाने के लिए दिया जाए. (2–5–2)
10. मानव गृहसूत्र में आदेश है कि हर पुर्णिमा तथा अमावस्या को पशुयज्ञ (गोमेध भी) करें. यज्ञ में बचा माँस, शहद आदि को भी खाया जाए. दयानन्द ने भी हुताशेष खाने के लिए ऐसा ही कहा है.
11. पारस्कर गृहसूत्र का आदेश है कि घर पर अगर आचार्य, ऋत्विक, राजा अथवा द्विज मित्र आये तो गवालम्भ अर्थात गाय काटनी चाहिए. गृहस्वामी मेहमान को गाय और खड़ग दोनों सौंप दे अगर वह गाय खाना चाहे तो उसे मार ले, छोड़ना चाहे तो छोड़ दे. परन्तु यज्ञ और शादी में आये मेहमान को गाय छोड़ने की मनाही थी. अतः **यज्ञ और शादी में गाय मारना अनिवार्य था.** आज भी पंजाब में लगभग हर शादी में मीट शराब अनिवार्य है.
12. आश्वलायन गृहसूत्र (4) के अनुसार अग्निहोत्र ब्राह्मण के मरने पर उसकी चिता में यज्ञपात्र, बकरी और **गाय** भी जलाई जाती थी. (राज. 45)
13. ब्राह्मणों का मुखिया आदि–संकर का वृहदारण्यक उपनिष्द पर टिप्पणी करते हुए आदेश देता है कि जो स्त्री पुरुष (जरूरी नहीं कि वे पति पत्नि ही हों) चाहते हैं कि उनका पुत्र ज्ञानी, वेद पढ़ने वाला, मीठा बोलने वाला तथा सौ साल तक जीने वाला हो तो उनको चाहिए कि वे उक्षा और ऋषभ का माँस चावल के साथ पका कर खायें. उक्षा जवान सांड को कहते हैं. संकराचारय अपनी ब्राह्मणिक लीपापोती करते हुए लिखता है कि यहां माँस खाने का अर्थ उक्षा और ऋशभ नामक जड़ी बूटियों का गूदा खाना है लेकिन आगे टिप्पणी करते हुए स्वयं कहता है कि **उक्षा और ऋशभ नामक जड़ी बूटियों में गूदा नहीं होता बल्कि केवल त्वचा अथवा छिलका ही होता है. (वृ** उ 6.4.18) अतः उक्षा और ऋषभ का मांस खाने का अर्थ है जवान व तगड़े सांड का मांस खाना!

14. ऋग्वेद में इन्द्र के लिए 15 बैल पकाने का आदेश दिया गया है. (10.28, 10.27) जैसे आज के समय राम कृष्ण सबसें बड़े भगवान हैं वैसे ही प्राचीन काल में इन्द्र सब देवताओं का राजा होता था. विष्णु भी उसका उप इन्द्र होता था. उस समय ब्राह्मण सिर्फ इन्द्र की ही पूजा सर्वोपरि मानते थे. अतः उसके लिए वैसे ही बैल काटे जाते थे जैसे आजकल गणेश के लिए लड्डू चढ़ाए जाते हैं.

15. आश्वलायन गृह्य सूत्र के अनुसार शिव के लिए मोटे ताजे बैल की बलि दी जानी चाहिए. उसकी पूंछ खाल और पैर (खुर) अग्नि को दिये जाएं. (बाबा साहिब 8.171)

16. ऋग्वेद के शतपथ ब्राह्मण (11.7.1.3) में गोमाँस को सर्वोत्तम आहार माना गया है. (गोमाँस 109) अथर्व वेद में अतिथि सें पहले गोमाँस खाने की मनाही की गई है तथा मेहमान को माँस खिलाने पर 12 यज्ञों का फल मिलने की बात भी कही गई है. (9.6.39) (समु 3.80)

17. ब्राह्मण ऋषियों में यह बहस आम ही होती रहती थी कि किस पशु का माँस अधिक स्वादिष्ट होता है, कौन से पशु का माँस खाया जाना चाहिए कब खाया जाना चाहिए आदि. आपसतम्ब सूत्र (2.2.5.15) में गाय और सूअर को खाने की मनाही की गयी है लेकिन बैल का माँस खाना पवित्र कहा गया है. जनक का गुरू याज्ञवलक्य का कहना था कि गाय और बैल में जिस का माँस नर्म हो वह खा लिया जाना चाहिए. (शतपथ ब्राह्मण 3.1.2.21)

18. प्रसिद्ध इतिहासज्ञ रोमिला थापर के अनुसार आम आदमी गोमाँस खाना अमान्य, बुरा, (टैबू) समझता था लेकिन विशेष अवसरों पर गाय खाना अति पवित्र माना जाता था. (रोमिला 34) सभी जानते हैं कि यज्ञ, शादी, श्राद्ध आज भी विशेष अवसर माने जाते हैं. पुराने समय में राजा और ब्राह्मण का अतिथि बन कर आना भी विशेष अवसर माना जाता था. जयचन्द्र विद्यालंकार ने भी अपनी पुस्तक "भारतीय इतिहास में प्रमाणित किया है कि आर्य समाज के लोग पूरे माँसाहारी थे तथा शादी विवाह व अतिथि के आने पर गाय अथवा बैल मार कर पका लेते थे. (पृ. 252)

19. आज भी बंगाल आसाम के ब्राह्मणवादी काली की मूर्ति के आगे भैंसे की बलि देते हैं और केरल तथा दुर्ग के ब्राह्मणवादी गोमाँस खाने में धर्म का उल्लंघन नहीं समझते. (समु 10.287)

20. विष्णु पुराण के अध्याय 10 में गोहत्या करने और गोमाँस खाने का प्रबल समर्थन किया गया है. (गोमाँस 71)

21. देवी भागवत (स्कंध.1,अ.18) में ऐसे ही एक अन्य ब्राह्मणवादी "महात्मा" की कहानी दी गई है. राजा शषबिंदु ने इतनी गायें तथा अन्य पशु काट कर ब्राह्मणों को खिलाये कि उनकी खालों और हड्डियों का पहाड़ जैसा ढेर लग गया. जब बारिश आई तो उसके पानी के साथ मिल कर खून की नदी चम्बल बह निकली. (गोमाँस 72)

22. ब्रह्मा वैर्वत पुराण (1.140.48) के अनुसार मनु ने तीन करोड़ ब्राह्मणों को भोजन करवाया जिसमें अन्य वस्तुओं के साथ साथ उसने घी में अच्छी तरह तला हुआ पाँच लाख गायों का माँस उन्हें खिलाया था. (गोमाँस 73) अर्थात एक गाय को साठ ब्राह्मणों ने खाया. यह तो ज्यादती कर दी गई ब्राह्मणों के साथ. एक गाय और साठ ब्राह्मण!! एक के हिस्से किलो गोमाँस भी नहीं आया होगा!

23. तैतरीय ब्राह्मण में पंचशारदीय यज्ञ का वर्णन है जिसमें तीन साल की आयु के 17 बौने बछड़े तथा पाँच वर्ष की आयु के 17 बौन बैल मारे जाते थे. (आर्य नीति 32)

24. राजवाड़े के अनुसार गोवध महाभारत के व्यास के बाद भी चलता था.

25. ब्राह्मण–ग्रन्थों में गोमेध यज्ञ करने की सबसें बड़ी घटना का वर्णन महाभारत (वन पर्व 208) में मिलता है. वहां एक रंतिदेव नामक राजा की कथा दी गई है जो रोजाना तो 2000 गाएं काटता ही था. कभी आवश्यकता पड़ ताए तो 21000 तक गाऐ काट लेता था. उसके यज्ञ में भारत भर सें आए मुफतखोर ब्राह्मणों का जमावड़ा लगा रहता था. (द्रोण पर्व 66) उसके यज्ञ में ब्राह्मण वैसे ही भीड़ लगाए रखते थे जैसे कसाई की दुकान के आगे कुत्ते भीड़ लगाए रखते हैं. ब्राह्मणों को वहां पेट भर गो–माँस मिल जाता था. अतः वे महाभारत में रंतिदेव को महादानी कह कर पूजते हैं. यह तो आज कल उन्होंने गो–माँस खाना छोड़ रखा है वर्ना राम की कथा तो कहीं सुनने को ही न मिलती. हर जगह जय रंतिदेव! जय रंतिदेव!! के नारे गूंज रहे होते, जैसे महाभारत के समय गूंजते थे.

    रंतिदेव इतनी गायें कटवा कर ब्राह्मणों को खिलाता था कि गायों की खालों और आंतों आदि सें रिसने वाले खून सें चम्बल नदी का पानी भी खून जैसा जाता था. (शांति पर्व 29) वहीं अध्याय 265 में विरचक्षु नामक राजा की कहानी है जो कटे हुए पेडों की तरह यज्ञ में कटे पड़े बैलों और रोती हुई गायों को देखकर विलाप करता है. (गोमाँस.65)

गाय कैसी हो

चाहे ब्राह्मण हजारों गायें एक बार में खा जाते थे तो भी वे इस बात का ख्याल रखते थे कि उनके खाने के लिए स्वस्थ सुंदर गाय ही काटी जाये. उन्होंने व्यवस्था दे रखी थी कि उनके लिए गाय वही काटी जाए जो पूर्णतया स्वस्थ हो. उन्होंने नियम बना रखे थे कि ऐसी गाय मारी जाए :

- जो सात या नौ खुर वाली न हो, (पूरे आठ खुर हों यानि लंगड़ी न हो)
- जिसके सींग टूटे हुए न हों, (लड़कर किसी सें सींग न तुड़वाये हों यानि तगड़ी गाय हो)
- काली न हो (शायद उन्हें लगता होगा कि काली गाय खाने सें उनका रंग भी काला न हो जाए)
- कानी न हो (दोनों आँखें खाने को मिलें. बहुत से माँस खाने वालों का मानना है कि आँखें खाने सें नेत्र ज्योति बढ़ती है. शायद ऐसा ही मत वैदिक ब्राह्मणों का भी रहा हो.)
- कान कटी न हो (ताकि सुब्रह्मण्य ऋत्विक को स्वस्थ गाय का सिर दानों कानों समेत मिले.)

गाय को काटने और बांटने का विधान

ब्राह्मण ग्रन्थों में इस बात का विस्तार सें वर्णन किया गया है कि यज्ञ में गाय और अन्य पशुओं को कैसे काटा जाये तथा काटने के बाद उन्हें ब्राह्मणों और यजमान में कैसे बांटा जाये. गाय और अन्य पशुओं को काटने की विधि इस प्रकार सें है:

- **यूप संधि** : सर्वप्रथम गाय को मजबूत रस्सी के साथ मजबूत खूंटे के साथ बांधा जाता था ताकि वह भाग न पाये. यज्ञ के लिए बनाये गये खूंटे को यूप कहा जाता है. रामायण में जिन यूपों का वर्णन किया गया है उन्हें हाथी भी नहीं उखाड़ सकता था.
- **प्रोक्षण** : काटने सें पहले वेद मन्त्र पढ़ते हुए गाय तथा अन्य बलि पशुओं को पानी छिड़क कर अच्छी तरह साफ किया जाता था. इस विधि को प्रोक्षण कहा जाता है. जिस पशु को काटना होता था उसी का प्रोक्षण किया जाता था. प्रोक्षण का अर्थ था कि अब यह पशु कटेगा.
- यज्ञ वेदी पर गाय को काटते समय वेद मन्त्र बोलते हुये गाय के पैर बांध दिये जाते थे. फिर वज्र के समान मजबूत तलवार सें एक ही वार में गर्दन धड़ सें अलग कर दी जाती थी. (शतपथ ब्राह्मण 2.8.2) (गोमाँस 45)
- **वेदमन्त्र : "पशुपाशाय विग्रहे शिरश्छेदाय (विश्वकर्मणे) धीमहि, तन्नो जीव प्रचोदयात्"** का मन्त्र पढ़ कर जीव यानि गाय, घोड़ा, बकरी, आदमी आदि को यज्ञ में काट लिया जाता था.
- सत्ययुग अथवा वेदकाल में यज्ञ वेदी पर गाय और अन्य पशु काटने का काम 'होता' ऋत्विक करता था. त्रेता युग अथवा महाभारत के समय केवल वेद पढ़े लिखे ब्राह्मण ही यह काम करते थे. (गोमाँस 65)
- गाय की गर्दन काट देने के बाद वेद का आदेश है कि गाय के ऊपर की खाल को बिना काटे साबुत ही उतारो. नाभि को काटने सें पहले आंतों के ऊपर की झिल्ली को चीर डालो. (ऐतरेय ब्राह्मण 2.6.6) (गोमाँस 42) खाल इसलिये साबत उतारी जाती थी क्योंकि यह सोम बनाने में काम आती थी. (गोमाँस 48)
- खाल उतार लेने के बाद छाती का एक टुकड़ा बाज के आकार का काटो. अगली दोनों टांगों को कुल्हाड़ी और धान की बाली की शक्ल में काटो. फिर कमर के नीचे का हिस्सा साबत निकालो. ढाल के आकार वाले जांघों के ऊपरी दो भागों को काटो. दोनों घुटनों और 26 पसलियों को निकालो. (ऐतरेय ब्राह्मण 2.6.6) (गोमाँस 42)
- इस तरह मारी गई प्रत्येक गाय और पशु के **कुल 36 टुकड़े** कर दिये जाते थे. हर टुकड़े को संभाल कर रखने का आदेश भी दिया गया है ताकि आपसी बंटवारे में कोई अड़चन न आये. (ऐतरेय ब्राह्मण 2.6.6) (गोमाँस 42)

गाय काटने की विधि पढ़ कर बरबस कबीर साहिब की बात याद हो आती है:

पांडे निपुण कसाई! साधो, पांडे निपुण कसाई!!
भेड मार बकरे को धावै, मन में दया न आई!
साधो, पांडे निपुण कसाई!!

कबीर साहेब के समय में गाय तो नहीं खाई जाती थी लेकिन बकरे और मेंढे खूब मारे और खाये जाते थे अन्यथा वे कहते "गाय मार बैल को धावै, मन में दया न आई"

गाय और बलि पशुओं का बंटवारा

यज्ञ में काटे गये पशुओं और चढावे के लिये ब्राह्मण ऋषि और उनके देव कुत्तों की तरह लड़ते मरते थे. इसलिये ब्राह्मण ग्रन्थों में गाय और पशु काटने मात्र का विधान नहीं है बल्कि उनमें इस बात का भी पक्का विधान है कि पशु का कौन सा हिस्सा किस ऋत्विक (यज्ञ करने वाला ब्राह्मण ऋषि) को मिलेगा तथा कौन सा हिस्सा यज्ञ करवाने वाले यजमान को मिलेगा. **नरमेध यज्ञ में काटे जाने वाला आदमी भी "यज्ञ-पशु" माना जाता था.** अतः यह बंटवारा उस पर भी लागू होता था. **ऐतरेय ब्राह्मण के अध्याय 31** में बंटवारे का विधान इस प्रकार सें है :

1. जबड़े की दोनों हड्डियां और जीभ प्रस्तोता नामक ऋत्विक को दी जाये.
2. बाज की आकार जैसी छाती का टुकड़ा उद्गाता नामक ऋत्विक को दिये जाये.
3. गला और तालू प्रतिहर्ता नामक ऋत्विक को दिये जाये.
4. कमर के नीचे का दाहिनी ओर का हिस्सा होता नामक ऋत्विक को दिया जाये.
5. कमर के नीचे का बाईं ओर का हिस्सा ब्रह्मा नामक ऋत्विक को दिया जाये. दशरथ के अश्वमेध यज्ञ में उसका कुलगुरू वशिष्ठ ब्रह्मा बना था. अतः उसे घोड़े की कमर का बायां भाग मिला.
6. दायीं जांघ मैत्रावरुण को दी जाये.
7. बांयीं जांघ ब्राह्माछंसी को दी जाये.
8. दाहिने कंधे का हिस्सा अध्वर्यु को दिया जाये. दशरथ के अश्वमेध यज्ञ में ऋश्यश्रृंग अध्वर्यु बना था. अतः उसे घोड़े के दाहिने कंधे का हिस्सा मिला.
9. बांया कंधा प्रतिप्रस्थाता को, कुछ हिस्सा मन्त्र उप गायकों को, दाईं टांग का निचला हिस्सा नेश्टा को तथा बाईं टांग का निचला हिस्सा पोतृ को दिया जाये.
10. दाहिनी जांध का ऊपरी भाग अच्छावाक को, बाईं जांघ का ऊपरी भाग अग्निधर को, अगली दाहिनी टांग का ऊपरी भाग आत्रेय को तथा बाईं टांग का ऊपरी भाग सदस्य को दिया जाये.
11. सिर सुब्रह्मण्य को, गर्दन का कुछ भाग प्रावस्तुत को, पीठ का माँसल भाग उन्नेता को तथा गर्दन को कुछ भाग गाय काटने वाले को दे दिया जाये.
12. ऊपर दिये गये विवरण में हिस्सा पाने वाले सभी ब्राह्मण ऋत्विक हैं. यज्ञ करवाने वाले दम्पति के हिस्से में आते थे : **पीछे की हड्डी और अण्डकोश.** अगर गाय काटी जाये तो उसे मात्र पीछे की हड्डी मिलती थी.
13. अगर यज्ञ के बिना गाय काटी जाती थी तो यजमान को मिलता था दायां खुर और उसकी पत्नि को मिलता था बांया खुर तथा दोनों को सांझे में मिलता था आधा आधा ऊपरी होंठ.

मान्यवर सागर अपनी पुस्तक "प्राचीन भारत में गामाँस भक्षण–एक तथ्य" में लिखते हैं कि वैदिक युग का यज्ञस्थल पूरा बुचड़खाना था. हम इस तथ्य को सुधारना चाहेंगे कि वैदिक काल ही नहीं ब्राह्मणों के पूरे काल में उनके यज्ञ बूचड़खाने ही होते थे जहां कुछ ब्राह्मण ऋषि कसाइयों का काम करते थे और उनके बाकी साथी माँस के लिये वैसे ही लड़ते थे जैसे बुचड़खाने में कुत्ते हड्डी के लिये लड़ पड़ते हैं.

हर काल में गाय औा अन्य पशु काटे गये हैं चाहे वह वैदिक काल हो, दशरथ का त्रेता काल हो, युधिष्ठर और रंतिदेव का द्वापर काल हो या अभी के समय में गुप्त काल और कबीर काल हो. गायों को मुक्ति मिली तो मात्र महात्मा रावण के काल में जब उन्होंने बुद्धम शरणम का नारा लगा कर ऐसे बूचड़खानों का अंत किया. गायों के इलावा भेड बकरियां तो अब तक काटी जाती थीं. काली मंदिर में तो आज भी बकरे काटे जाते हैं.

गोहत्या अथवा गोमेध के ब्राह्मणिक लाभ

प्रसिद्ध ब्राह्मण भाष्यकार महीधर का कहना है कि यज्ञ मे भून कर खाई गई गाय का खून और हड्डियां क्रमशः दूध और कपूर बनते हैं. गोमेध करने वाले यजमान को स्वर्ग और गाय को गोलोक मिलता है. इस बात पर महामुनि चार्वाक ने सही कहा है कि अगर यज्ञ में कट कर गाय अगर स्वर्ग जाती है तो ब्राह्मण अपने माँ बाप की बलि यज्ञ में क्यों नहीं दे देते. वास्तव में कोई स्वर्ग जाए न जाए ब्राह्मणों को खूब मीट शराब मिल जाता था. गाय खाकर उन्हें तो यहीं स्वर्ग मिल जाता था. किसी और सें उन्हें क्या लेना देना.

गोमेध यज्ञ केवल कुछ प्राप्त करने के लिए ही नहीं किये जाते थे बल्कि किसी का कुछ नष्ट करने के लिए भी किये जाते थे. शल्य पर्व में दालभ्य नामक ऋषि ने गोमेध यज्ञ करके धृतराष्ट्र का राज्य क्षीण कर दिया

था. (गोमाँस 65) अतः गोमेध करने सें दोहरा लाभ मिलता था. करने वाला सुखी रहता था और उसका दुश्मन मारा जाता था. इसी सें कहावत बनी : एक तीर सें दो शिकार!

गोहत्या के नाम पर लीडरी करने वाले ऐसे ही एक नाम था राम कृष्ण डालमिया का. साठ सत्तर के दशक में जब जनसंघियों ने गोहत्या बंद करने के बारे में जलसे जलूस किये तो यह बड़े नेताओं में सें एक था. लेकिन यह वही आदमी था जिसने दूसरे महायुद्ध के समय अंग्रेजों को गोमाँस सप्लाई करने का ठेका लिया था. उसने अपने बुचड़खानों में काटा गया लाखों टन गाय का माँस अंग्रेजों को बेचा. (गोमाँस 108) गांधी ऐसे सेठों द्वारा बनाये मंदिर में ही मरा था.

6.5.3 अश्वमेध यज्ञ

अथर्व वेद फतवा देता, "हे पुरुषो, उस उर्वरा नारी में बीजारोपण करो!" अर्थात वेद लिखने वाले ब्राह्मणों की नजर में उपजाऊ मिट्टी और औरत में कोई अन्तर नहीं है. वेद एक स्त्री के लिए अनेकों आदमियों को आदेश देता है कि वे अपना बीज उस स्त्री में डालें. कौन कब बीज डाले इसमें स्त्री की कतई कोई अनुमति की आवश्यकता नहीं है.

6. गरूड़ पुराण (अ.10)की आज्ञा है कि जब पति मर जाए तो पत्नि को चाहिए कि वह नहा धोकर श्रृंगार करे. ब्राह्मणों को सम्पत्ति दान करे, शमशान घाट पर चिता में पति की लाश को लेकर बैठे. जलती हुई लपटों को गंगा की धारा समझे और पति के साथ जल जाए. जो स्त्री ऐसा नहीं करती वह पतिव्रता नहीं है, उसे स्वर्ग नहीं मिलेगा तथा उसे हर बार स्त्री शरीर ही धारण करना पड़ेगा. (स.मु.1.28)

नारी सम्बंधी ब्राह्मणों की अमानवीय प्रथायें

1. कीचक के मरने पर सैरंध्री बनी द्रोपदी को जलाने के लिए उसके शव के साथ ले जाया जाता है. महाभारत काल में विधवाओं व **रखैलों** को मृत पति के साथ जला दिया जाता था. (विराट पर्व 22,23) रुक्मणि आदि कई स्त्रियां कृष्ण की लाश के साथ जल मरी थीं. राधा सती क्यों नहीं हुई, इस सवाल का किसी के पास कोई !
2. पुण्यक व्रत में लोग **स्त्रियां खरीद कर** ब्राह्मणों को दान में दे देते थे. बाद में धन देकर उन्हें वापिस ले लेते थे. (हरि. 79) (राज. 58) जब तक प्रयाप्त धन का प्रबन्ध न होता था, ब्राह्मण उस स्त्री सें कुछ भी करने के लिए आजाद होता था.
3. आर्य लोग **अपनी बेटी का मूल्य एक गाय के बराबर** आंकते थे और एक गाय के बदले में अपनी बेटी का लेन देन कर लेते थे. इसीलिए विवाह की आठ पद्धतियों में सें एक पद्धति के अनुसार वधु का पिता वर सें एक गाय/बैल लेकर अपनी बेटी उसे सौंप देता था. इस विवाह पद्धति को "**आर्य विवाह**" कहा गया है.
4. आर्यों में अपने अतिथियों एवं मित्रों को अपनी पत्नि संभोगार्थ देने की प्रथा थी. (राज.70) ब्राह्मण सबसें बड़ा अतिथि होता था. अतः वह किसी के भी घर अतिथि के रूप में जाकर उसकी पत्नि के साथ हम बिस्तर हो सकता था. म.भा. (उद्योग पर्व.45) में सच्चें मित्र के छः गुण बताए गए हैं. उन में सें एक गुण यह भी है कि आवश्यकता पड़ने पर अपनी पत्नि भी अपने मित्र को अर्पित कर दे. आर्यों में ऐसे दो मित्रों की संतान को

"द्वैमित्रि" कहा जाता है. ब्राह्मण–ग्रन्थों में इस प्रथा के अनेकों उदाहरण हैं. अनुशासन पर्व में सुदर्शन नामक व्यक्ति की कथा है. एक ब्राह्मण उसके यहां अतिथि बन कर गया. ब्राह्मण की नीयत सुदर्शन की पत्नि ओघवती की सुन्दरता पर खराब हो गई. ब्राह्मण ने अपना हक जताया और ओघवती को उस ब्राह्मण की वासना का शिकार होना पड़ा. भीष्म ने यह कथा युद्धिश्ठर को सुनाते हुए कहा,''इस सत्कृत्य के कारण सुदर्शन की कीर्ति त्रिभुवन में फैल गई और उसे इन्द्रलोक प्राप्त हुआ."

कितनी अजीब बात है ऐसे कुकर्मी लोगों को हम धर्म के ठेकेदार मानते हैं. ब्राह्मण ने तो ओघवती का रस्वादन कर लिया. सुदर्शन को तो वेश्यालयों का मुख्यालय इन्द्रलोक मिल गया. लुट गई तो बेचारी ओघवती! अपना सतीत्व गंवा कर उसे क्या मिला? अपनी पत्नि को गैर मर्द सें व्यभिचार करने पर मजबूर करना ब्राह्मण–धर्म में सत्कृत्य है. बस ऐसा ही है ब्राह्मणवाद.

5. ऐसी ही एक और कथा भीष्म युद्धिश्ठर को सुनाता है (शांति पर्व 266) कि इन्द्र ब्राह्मण का वेश धारण करके गौतम ऋषि की पत्नि अहिल्या सें समागम करता है. इस घटना की जानकारी मिलने पर गौतम ऋषि एक बार तो गुस्सा होता है परन्तु बाद में इसे **धर्म सम्मत प्रथा** मान लेता है क्योंकि स्त्री द्वारा घर आए अतिथि की "बात'' न मानना, ब्राह्मण–धर्म के विरूद्ध है.

6. ब्राह्मण अतिथि बन कर त्रिदेव द्वारा अनुसुइया के सतीत्व भंग करने की कुचेष्टा करने की कथा सर्वव्यापी है. ब्राह्मणों के तीनों प्रमुख देवता ब्रह्मा विष्णु और महेश को उनकी पत्नियां इस बात के लिए उकसाती हैं कि वे तीनों मिल कर अनुसुइया का सतीत्व भंग करें. इस काम के लिए वे तीनों ब्राह्मण का वेश धारण करके जाते हैं. अनुसुइया उन्हें ब्राह्मण अतिथि मान कर खाना परोसती हैं. वे शर्त रखते हैं कि वे खाना तभी खाएंगे जब वह निपट नग्न होकर उन्हें खाना परोसे. अनुसुइया को उनकी बात माननी पड़ी. इससें पहले कि तीनों कुछ कर पाते अनुसुइया का पति आ गया और उस बेचारी का सतीत्व लुटने सें बच गया.

7. रामायण काल में इस प्रथा का कुछ विरोध होने लगा था. तभी सीता ने महात्मा रावण का अनुरोध ठुकरा दिया था. लेकिन क्योंकि वे ब्राह्मण वेश में थे अतः उनके मुख सें अपने स्त्री अंगों की तारीफ करना, सीता ने बिना विरोध के सुन लिया. चाहे अतिथि अथवा ब्राह्मण को पत्नि सौंपने का विरोध होना शुरू हो गया था मगर कालिदास के समय तक स्त्री को बेचना, उसे दान में देना, जान सें मार देना, घर सें निकाल देना अथवा बतौर सम्पत्ति प्रयोग करना ब्राह्मण–धर्मी लोगों में सर्वमान्य था.

8. आर्य अपनी बेटियों को दांव पर लगाते थे. दांव जीतो लड़की को ले जाओ. इस प्रथा को वे स्वयंवर कहते थे.सीता व द्रोपदी के "स्वयंवर" में भी ऐसा ही हुआ था. इन स्वयंवरों में चाहे कोई भी जीता हो सीता या द्रोपदी की "इच्छा" का इस जीत में कहीं कोई स्थान नहीं था.

9. याज्ञवल्क्य एवं नारद का आदेश है कि विधवा को सम्पत्ति में हिस्सा नहीं मिलेगा. (समु1.19)

10. मनु का आदेश है कि अगर किसी स्त्री के मात्र लड़कियां ही पैदा होती हों तो उसे त्याग दिया जाए. (मनु 9.) क्योंकि वेद का फतवा है कि बेटी कष्ट देने वाली और दुःख देने वाली होती है. (ऐत ब्रा 7.3.1) (समु 3. 72)

11. विधवा को दोबारा शादी करने कर अधिकार नहीं है. (मनु 5.157) लेकिन दयानन्द के अनुसार वेद की आज्ञा है कि हर स्त्री के लिए ग्यारह पुत्र पैदा करना जरूरी है अतः विधवा ब्राह्मणों की वासना का शिकार होने पर मजबूर थी. **कितनी दुख की बात है कि ब्राह्मणों के लिये विधवा का नियोग तो धर्म कार्य है लेकिन विधवा का दुबारा घर बसाना अधर्म है. अगर कोई पुरुष विधवा सें विवाह करने का अधर्म कर ले तो उसे तुरंत पश्चाताप (ब्राह्मणों को दान) करना चाहिए और उस स्त्री सें सम्बंध तोड़ लेना चाहिए.** (लघु आश्वलायन 21.6) (सीता 4.7)

12. पत्नि, दास और सन्तान (बेटी बेटा) जो भी कमाई करें उस पर इन तीनों का हक नहीं होता. जो धन यह कमाएं अपने पति, मालिक अथवा पिता को दे दें. (मनु 8.416) तुलसी ने फतवा दे दिया कि नारी ताड़न की अधिकारी. इसीलिये आज भी भारत भर की बाइयां और कामकाजी महिलायें महीने भर अपने खून का पसीना करती हैं और तनखाह उनके मर्द हक सें छीन लेते हैं.

13. स्त्री चल सम्पत्ति के समान मानी जाती थी. इसलिए युद्धिश्ठर ने द्रोपदी जूए में हारी, ययाति ने अपनी पुत्री को ब्राह्मण ऋषि गालव को दक्षिणा में दिया जिसने उसे आगे तीन राजाओं के पास गिरवी रखा. हरिश्चन्द्र ने अपनी पत्नि को बेच दिया. राम का जब मूड बना सीता को कबाड़ की तरह उठा कर जंगल में फिंकवा दिया.

14. लगभग सभी ब्राह्मण ऋषि और देव लड़कियों की दल्लागिरी में लिप्त रहते थे. विवाह या अन्य समारोहों में हजारों लड़कियां दहेज या तोहफे में एक दूसरे को सप्लाई की जाती थीं. वे किसी की बेटियां तो होंगी ही!

15. आर्यों में स्त्री को मादा पशु के समान माना जाता था. आर्य लोगों में वधुऐं शर्त में ही जीती जाती थीं अथवा भगाई जाती थी या उठाई जाती थीं या उधाली जाती थीं. आर्यों में एक पुरुष के अनगिनित पत्नियां या रखैलें होती थीं. एक नारी के कई कई पति और जार होते थे. **एक पुरुष एक नारी यानि शादी की प्रथा चला कर महात्मा रावण ने नारी जाति को वरदान दिया है.**

16. आर्यों में **वाग्दान** अथवा कन्या दान इस बात का द्योतक हैं कि कन्या बाप के स्वामित्व सें निकल कर पति के स्वामित्व में चली गई है. मनु के अनुसार स्त्री कभी आजाद रखा ही नहीं जा सकता. बचपन में बाप के अधीन तो जवानी में पति के अधीन तथा बुढ़ापे में बेटे के अधीन रहे.(5.152 एवं 5.148)

17. लड़की की दूसरी बार शादी नहीं हो सकती क्योंकि वाग्दान अथवा कन्यादान केवल एकबार हो सकता है. जैसे एक को दान में दी गई वस्तु पुनः किसी अन्य को दान में नहीं दी जा सकती वैसे ही कन्या का दान भी दो बार नहीं हो सकता. (मनु 9.)

18. आर्यों के सबसें पवित्र ग्रन्थ ऋग्वेद (8.33.17) का आदेश है कि स्त्री, (माँ, बहन, बेटी, पत्नि, पुत्रवधु) को शिक्षित नहीं किया जा सकता क्योंकि उनकी अक्ल कम होती है.

19. स्त्रियों को यज्ञोपवीत का अधिकार नहीं है. (समु 10.270) यज्ञोपवीत अर्थात जनेऊ धारण करने का अधिकार शूद्र को भी नहीं है. अतः स्त्रियां शूद्रों की तरह शिक्षा ग्रहण करने सें वंचित रखी गईं चाहे वे ब्राह्मणी हों या क्षत्राणियां. सभी अनपढ़ रहने पर मजबूर की गईं.

20. जब जूए में हार जाने के बाद द्रोपदी को जब आर्य सभा में नंगा किया जाने लगा तो उसने कहा कि किसी पति को यह अधिकार नहीं है कि वह जूए में अपनी पत्नि को दांव पर लगा दे. तब भीष्म, ब्राह्मणवाद का पितामह ने आदेश जारी किया कि पति कैसा भी हो पत्नि पर उसकी सत्ता सदा कायम रहती है. **अतः युद्धिश्ठर ने उसे जूए में हार कर कोई गुनाह नहीं किया है.** ऐसा करना तो उसका अधिकार था. (सभा पर्व 67, 70) मनु का भी आदेश है कि पति चाहे अवगुणों सें भरा हो, व्यभिचारी हो तो भी पत्नि उसे भगवान मान कर पूजा करे. (5.154) मनु भी तुलसी का रिश्तेदार था. एक ने पुरुष पुजवा दिया तो दूसरे ने नारी को पिटवा दिया.

21. मासिक धर्म शुरू होते ही कन्या का विवाह करना अनिवार्य बनाया गया. ऐसा न करने वाले माता पिता का सामाजिक बहिष्कार करने का आदेश दिया गया. यह भी कहा गया कि जो लोग मासिक धर्म शुरू होने के बाद कन्या की शादी नहीं करते वे हर महीने उस कन्या का मासिक रज पीते हैं. बारह साल सें बड़ी लड़की सें शादी करने वाले व्यक्ति को पापी घोषित किया गया और उसके लिए तीन साल तक गायत्री मन्त्र जपने की सजा नियत की गई. (मनु 7.8)

22. ब्राह्मणग्रन्थों में कहीं भी विधवा विवाह का आदेश नहीं दिया गया है. इसके उलट विधवाओं के लिए नियोग करना अनिवार्य बनाया गया है. वशिष्ठ का आदेश (17.55.56) है कि विधवा होने के बाद स्त्री 6 महीने तक जमीन पर सोए. उसके बाद उसका पिता उससें सन्तान पैदा करने के लिए किसी नियोगी को नियुक्त करेगा. (धर्म और समाज 183)

8.5 आर्य नारी – मात्र जूए का दांव

ब्राह्मणवादी विद्वान बहुत हो हल्ला मचाते हैं कि आर्यों में स्वयंवर की प्रथा थी. कन्या को पूरी आजादी थी कि वह चाहे जिसे अपना वर चुन ले. स्वयंवर का अर्थ भी स्वयं वर को चुनना किया जाता है. उदाहरण दिये जाते हैं सीता द्रोपदी के स्वयंवर की!

लेकिन क्या इन दोनों में सें किसी को यह आजादी थी कि वह अपनी मर्जी सें वर चुन ले. अगर राम की बजाए कोई और धनुश उठा लेता तो क्या सीता उसके साथ जाने सें मना कर सकती थी या उसका बाप उसे उस धनुष उठाने वाले को सौंपने सें मना कर सकता था! जनक ने जब सीता को दांव पर लगाया : "धनुश उठाओ सीता को ले जाओ" तो उसने राम को तो इस समारोह में बुलाया ही नहीं था.

अगर तुलसी की बात सत्य मान लें कि महात्मा रावण को इस दांव–समारोह में आमंत्रित किया गया था लेकिन उन्हें समारोह को बीच में ही छोड़ कर जाना पड़ा. अगर वे अपनी बारी तक रुक जाते तो धनुश उठाना उनके लिए कोई मुश्किल बात ही न थी. **वे तो धनुश के मालिक शिव को उसके कैलाश पर्वत समेत उठा लेते थे.** तब क्या शर्त के अनुसार जनक सीता को उनके हाथ नहीं सौंप देता!! सीता की मर्जी का तो सवाल ही नहीं था अपने "स्वयंवर" में!!!

आर्यों के किसी भी स्वयंवर में वधू ने अपनी इच्छा सें कभी भी किसी वर को नहीं चुना. उसे हमेशा ही खुली बोली की तरह दांव पर लगाया गया. सीता के स्वयंवर का उदाहरण देखें तो जनक ने तो दशरथ अथवा

राम को तो स्वयंवर के दिन बुलाया ही न था. उस दिन महात्मा रावण सहित अनेकों राजाओं को बुलाया गया था. महात्मा रावण को तो सभा छोड़ कर जाना पड़ा तथा शेष लोग धनुश तोड़ न पाए.

राम तो ताड़का को मार कर लौट रहा था कि मिथिला के बाहर रास्ते में जनक मिल गया. विश्वामित्र ने हाल चाल पूछा तो जनक ने अपना दुखड़ा रो दिया. विश्वामित्र ने ऐसे धनुश को देखने की चाह व्यक्त की. जनक ने वहीं रास्ते पर ही धनुश मंगवा लिया. राम जब उस पर डोर कसने लगा तो धनुश टूट गया. और इस तरह राम ने सीता को जीत लिया. अगर पहले कोई और तोड़ देता तो सीता को वह जीत ले जाता और राम की बारी ही न आती.

स्वयंवर की प्रथा भी आर्यों में जूए की लत का ही साक्ष्य है. ब्राह्मणों द्वारा धर्मपुत्र कहा जाने वाला युद्धिश्ठर दांव में अपने छोटे भाई की पत्नि को लगाता है लेकिन अन्य आर्यों और देवताओं में तो बेटी को दांव पर लगाने की परम्परा ही थी. पूर्ण इतिहास में अथवा समस्त ब्राह्मण–ग्रन्थों में एक भी ऐसा उदाहरण नहीं है जहां स्वयंवर के नाम पर वधू दांव पर न लगाई गई हो. हर स्वयंवर में वधु का बाप ही शर्त तय करता था कि फलां दांव जीतो और लड़की को ले जाओ.

वीर एकलव्य को जाति के कारण भाग न लेने दिया गया और कर्ण को शूद्र द्वारा पालित होने के कारण भाग न लेने दिया गया. अगर वीर एकलव्य को भाग लेने दिया गया होता तो शेष किसी की बारी ही न आती.

स्वयंवर के नियम :

1. **शर्त तयकर्ता** : स्वयंवर के दांव की शर्त दुल्हन का बाप तय करता था. ऐसा कहीं कोई उदाहरण नहीं है कि किसी लड़की ने अपनी मर्जी सें शर्त तय की हो या अपनी मर्जी सें आर्य स्वयंवर में पति चुना हो!

2. **लड़की का समर्पण** : ऐसा कोई किस्सा नहीं है जहां वधु ने उसे जीतने वाले आदमी के साथ जाने सें मना किया हो. जो भी स्वयंवर का दाव जीता लड़की चुपचाप उसके साथ चली गई.

3. **उम्र का बन्धन नहीं** : स्वयंवर के दांव में अपनी किस्मत आजमाने के लिए उम्र का कोई बन्धन नहीं होता था. रामायण के अनुसार महाराज रावण जब राजा बन कर तीनों लोकों को जीत चुके थे उसके बाद सीता का जन्म हुआ था. अतः महाराज रावण और सीता की उम्र में तीस चालीस साल का अंतर था लेकिन सीता के बाप ने उन्हें भी स्वयंवर में दांव खेलने के लिए बुलाया.

4. **कोई भी दांव खेलो** : स्वयंवर में बाहर वाले ही नहीं घरवाले भी भाग लेते थे तथा अगर जीत जाते तो लड़की को ले जाते थे चाहे रिश्ते में वे भाई बहन ही क्यों न लगते हों! सूर्य के बेटे अश्विनी कुमारों ने अपनी बहन के स्वयंवर में हिस्सा लिया और अपनी बहन को जीत लिया. अतः उन्होंने अपनी बहन को पत्नि की तरह घर में रखा तथा बच्चे पैदा किए. आचार्य चतुरसेन द्वारा दी गई वंशावली के अनुसार सीता और राम एक ही वंश परम्परा सें हैं. दसरथ जातक के अनुसार राम और सीता दोनों दसरथ की औलाद हैं.

5. **सभी की सम्पति** : स्वयंवर में जीती गई स्त्री पूरे कुनबे की जायदाद बन जाती थी. अश्विनी कुमार दो भाई थे दोनों ने स्वयंवर में जीती हुई अपनी बहन को सयुंक्त रूप में भोगा. अर्जुन ने अकेले ही द्रोपदी को स्वयंवर में जीता मगर पांचों भाईयों ने भोगा. यहां तक कि छोटे भाई द्वारा जीते जाने पर भी युधिष्ठर ने उसे धन की रह जूए के दांव पर लगा दिया. अर्जुन एक बार भी नहीं बोला कि द्रोपदी पर उसका अधिकार है. लेकिन जब उसने चित्रांगदा सें "शादी" की तो उसने अकेले ने ही उसके साथ सम्बंध बनाए. किसी दूसरे भाई को पास भी फटकने नहीं दिया.

6. **दलित नहीं** : पहले पहल स्वयंवर के दांव में सभी मानव जाति के लोग शामिल होते थे. आर्य लड़कियों के स्वयंवर में यक्ष किन्नर राक्षस असुर देव आदि सभी दांव खेलने आते थे. लेकिन दलितों को इसमें भाग लेने की मनाही थी. यहां तक कि दास पुत्रों को भी राजाओं के स्वयंवर में दांव लगाने का मौका बन्द कर कर दिया गया. सीता के स्वयंवर में तो महाराजा रावण जैसे असुर भी बुलाए गए मगर द्रोपदी के स्वयंवर में दास पालित कर्ण को भाग नहीं लेने दिया गया.

7. **स्वयंवर विवाह नहीं** : मनु स्मृति में जो आठ प्रकार के विवाह दिये गए हैं स्वयंवर उसमें कहीं फिट नहीं होता. अतः मनु के बनाए नियमों के अनुसार भी स्वयंवर में लड़की जीत कर लाना शादी ही नहीं है. यह बड़ी अजीब सी बात है कि आर्यों की इस पद्धति को उनका एक भगवान शादी ही नहीं मानता तथा दूसरे (राम) का पूरा कुनबा इसी पद्धति सें घर बसाता है.

8. **सेल का सामान** : जैसे आजकल दुकानदार अपना माल निकालने के लिए सेल लगाते हैं वैसे ही स्वयंवर का समारोह हेता था. जैसे सेल में एक के साथ एक फरी की स्कीम होती है ऐसा ही

कुछ स्वयंवर में होता था. सीता के साथ राम के तीनों भाईयों को भी इनाम में लड़कियां मिल गईं. द्रोपदी के साथ इनाम नहीं मिला तो बेचारी द्रोपदी को बाकी चार पांडवों का हमबिस्तर होना पड़ा.

8.6 सती प्रथा

ब्राह्मणों द्वारा स्त्री के विरुद्ध स्थापित क्रूरतम प्रथओं में से एक प्रथा सती प्रथा है. धर्म के नाम पर कितना जुल्म किया जा सकता है यह प्रथा उस स्थिति को दर्शाती है. धर्म के नाम पर यह प्रथा उन स्त्रियों को सजा देने के लिए बनाई गई जो स्त्रियां ब्राह्मणवाद में व्याप्त मुक्त व्यभिचार को मानने सें इन्कार करती थीं.

महात्मा रावण ने देवों, ब्राह्मणों और ऋषियों के खुले सैक्स पर अंकुश लगाया था. उन्होंने पूरे समाज में "एक स्त्री एक पुरुष" की शादी करने का नियम सख्ती सें लागू किया. मगर उनके कत्ल होने के बाद ब्राह्मण ऋषियों ने फिर सें नग्नता का नाच शुरू कर दिया. अतः जो स्त्रियां एक पति के नियम का पालन करती रहीं उन्हें विधवा होते ही पति के साथ ही उसकी चिता की आग में झोंक दिया जाने लगा.

सती प्रथा का मूल कारण : सत्ययुग में स्त्री को मात्र भोग की वस्तु माना जाता था. कोई भी पुरुष, विशेषकर ब्रह्मण किसी भी स्त्री सें कहीं भी मैथुन अथवा बलात्कार कर सकता था. इस काम में ब्राह्मण ऋषियों का तो कोई सानी ही न था. आर्य स्त्रियां, विशेषकर देव स्त्रियां भी कम नहीं थी. वे भी आवारा कुतियों की तरह घूमती रहती थीं.

महात्मा रावण ने अपने शासन काल में इस खुले व्यभिचार पर अंकुश लगा रखा था. उन्होंने सख्ती के साथ "एक स्त्री एक पुरुष" का नियम लागू किया था. उन्होंने ही **"एक स्त्री एक पुरुष"** में शादी करके घर बसाने का नियम बनाया. देवों ऋषियों और ब्राह्मणों ने इसका विरोध किया मगर ऐसे ऐयाश लोग महाराज रावण के आगे टिक नहीं पाये. आम लोगों को महाराज रावण द्वारा बनाये गए नियमों के कारण बहुत राहत मिली. उनकी बहन बेटियां सुरक्षित हो गईं थीं. अतः किसी भी व्यक्ति ने देवों का साथ नहीं दिया. जब भी इन ऐयाश देवों ने महाराज रावण सें युद्ध किया तो उन्हें हमेशा मूंह की खानी पड़ी. ब्राह्मण ग्रन्थ ऐसी घटनाओं सें भरे पड़े हैं कि कब कब देव राक्षसों अथवा असुरों सें हारे. लगभग सभी देव महाराज रावण की कैद में बन्द थे.

महात्मा रावण की हत्या करने के बाद देवों और ब्राह्मणों ने पुनः वासना का खेल खेलना चाहा मगर लोगों ने इस का विरोध किया. **तब ब्राह्मणों ने अपनी हवस मिटाने के लिए वेद में यह फतवा जारी कर दिया कि जो भी स्त्री किसी एक पुरुष सें शादी करेगी उसे अपने पति की मृत्यु होने पर उसके साथ ही जिन्दा जल कर मरना पड़ेगा.** जो स्त्रियां अनेकों सें सम्बंध बनाती थीं उन्हें किसी के साथ भी जल कर नहीं मरना पड़ता था.

ब्राह्मण ग्रन्थ गवाह हैं कि जब कृष्ण मरा तो "एक पति" व्रत का पालन करने वाली रुकमणि उसके साथ चिता में जल कर मर गई लेकिन उससें अवैध यौन सम्बंध बनाने वाली गैर–पत्नि राधा उसकी चिता के पास भी नहीं आई. साथ में जलने का सवाल ही पैदा नहीं हुआ. **यह प्रथा सभी स्त्रियों को सीधी सपाट चेतावनी थी कि या तो राधा कुन्ती की तरह व्यभिचारणी बनो या फिर रुक्मणि की तरह चिता में जल मरो!**

इस संदर्भ में **दयानन्द के सत्यार्थ प्रकाश** में वर्णित नियम उल्लेखनीय हैं. **विधवाओं के साथ नियोग करने के नियम को भगवान की आज्ञा** बताते हुए दयानन्द लिखता है कि जब किसी स्त्री का पति मर जाता था तो पति का संस्कार करने सें पहले ही उस स्त्री का किसी अन्य सजातीय पुरुष अथवा ब्राह्मण सें नियोग (बलात्कार) करवा दिया जाता था. दयानन्द इसे ईश्वरीय वेद की आज्ञा बताता है तथा वेद मन्त्रों का हवाला देकर कहता है कि हर स्त्री को दस पुत्र पैदा करने ही पड़ेंगे चाहे वह विधवा हो जाए तो भी उसे गैर मर्दों सें पुत्र पैदा करने पड़ेंगे!

हमारे विचार में किसी भी स्त्री पर इससें अधिक अन्याय नहीं किया जा सकता कि जैसे ही उसका जीवन साथी मृत्यु को प्राप्त हो उस स्त्री को बलात्कारियों के हवाले कर दिया जाये. ऐसी स्थिति में पतिव्रता स्त्री को यही श्रेयकर लगेगा कि वह भी अपने पति के साथ ही जल मरे. पता नहीं कितने ही दयानन्दों ने ऐसी भोली भाली विधवाओं को नियोग के रूप में बलात्कार किया होगा कि भारतीय नारी ने पति के साथ जल कर मरना ही उचित समझा होगा.

पता नहीं कितनी ही रुकमणियों ने सारी उम्र पतियों की बेवफाई को सहन किया होगा तथा विधवा होने पर गैरों के हाथों नियोग का शिकार होने सें बेहतर यही समझा होगा कि ऐसे आवारा पति के साथ जल मरा जाए!

यही सती प्रथा का मूल है!!

सती प्रथा कब सें शुरू हुई

ब्राह्मणवादियों ने हमारे भारत का सबसें बड़ा नुक्सान यह किया है कि उन्होंने भारत के इतिहास को मटिया मेट कर दिया. उन्होंने सोची समझी बदनीयति के अंतर्गत हम भारतीयों का इतिहास इस प्रकार सें नष्ट किया है कि कोई पता ही नहीं चलता कि कौन सी घटना कब घटित हुई थी. सती प्रथा के बारे में भी स्थिति भिन्न नहीं है. केवल कुछ अन्य तथ्यों के आधार पर हम अनुमान लगा सकते हैं कि सती प्रथा कब शुरू हुई होगी.

1. पति के साथ सती होने का पहला नियम अथवा आदेश अथर्व वेद में ही मिलता है. बुद्ध वाणी सें ऐसा आभास होता है कि भगवन बुद्ध के समय अर्थात ईसा सें 500 बरस पहले तक केवल तीन वेद होते थे. चौथा वेद (अथर्व वेद) उनके महापरिनिर्वाण के बाद बनाया गया. अतः कहा जा सकता है कि बुद्ध काल के बाद ही सती प्रथा की शुरुआत हुई.

गौतम बुद्ध के पास लोग न केवल अपनी निजि समस्यायों का समाधान करवाने आते थे बल्कि समाज में व्याप्त अन्य समस्याओं व रीति रिवाजों पर भी उनका मार्ग दर्शन प्राप्त करने आते थे. बौद्ध त्रिपिटक में ऐसी अनेक घटनाएं दर्ज हैं जब लोग उनसें जाति, आत्मा, यज्ञ जैसी जटिल समस्याओं पर चर्चा करने आये **लेकिन पूरे त्रिपिटक में सती होने की किसी घटना पर कहीं भी कोई प्रश्न अथवा चर्चा नहीं की गई है जो इस बात का द्योतक है कि उनके समय तक सती प्रथा की कोई घटना नहीं हुई थी.** अगर सती की घटना हुई होती तो लोग उनसें इस अमानवीय प्रथा के विषय में अवश्य बात करते.

2. महात्मा रावण ने **"एक पुरुष एक स्त्री"** की शादी का नियम बनाया जो उनको कत्ल किये जाने का एक मुख्य कारण बना क्योंकि ऐसा करने सें आर्यों के उच्छृंखल यौन सम्बंधों पर पाबन्दी लग गई थी. लंकावतार सूत्र के अनुसार महात्मा रावण ने भगवन बुद्ध सें दीक्षा ली थी. इस तरह सें "एक पुरुष एक स्त्री" की शादी का नियम लगभग 600 सदी ईसा पूर्व में बनाया गया. अतः स्वभाविक हैं कि पतिव्रता विधवा को पति के साथ जला कर मारने की सती प्रथा भी तभी बनी जब एक आर्य स्त्री का "एक ही पति" होने का नियम लागू हुआ. सत्ययुग में जब आर्य पशुओं की तरह मैथुन करते थे, तब न कोई 'पति' था और न कोई 'पत्नि' थी. अतः सती होने का सवाल ही नहीं उठता.

यहां तक कि स्वयं भगवन बुद्ध के साथ घटित हुई ऐसी ही घटना इस बात का साक्ष्य है कि **आर्यों में शादी की प्रथा बुद्ध काल तक भी पूरी तरह लागू नहीं हुई थी.** कुमारी यशोधरा ने युवराज सिद्धार्थ को स्वयंवर में जीवन साथी चुन लिया था लेकिन जैसे ही सिद्धार्थ यशोधरा को अपने घर ले जाने के लिए चले तो अन्य आर्य राजाओं ने उन्हें रोक लिया. उन्होंने इस शादी को वैध नहीं माना क्योंकि युवराज सिद्धार्थ ने कुमारी यशोधरा को प्रतियोगिता में आर्य पद्धति के अनुरूप जीता नहीं था. बहुत बहस तकरार होने के बाद अंततः युवराज सिद्धार्थ को अन्य प्रतिद्वंदियों को प्रतियोगिता में हराना पड़ा. तभी उन्हें कुमारी यशोधरा को अपने साथ ले जाने दिया गया. इसका अर्थ यह हुआ कि बुद्ध काल तक भी आर्यों में स्त्री को दांव में "जीता" ही जाता था उनकी शादी नहीं होती थी.

3. एक बात और ध्यान देने योग्य है कि सम्राट अशोक ने जब बौद्ध धर्म अपनाया तो उन्होंनें उस समय समाज में व्याप्त सभी बुराइयों पर पाबंदी लगाई उदाहरणतः उन्होंने यज्ञ बलि पर पाबंदी लगाई, चोरी व्यभिचार न करने के आदेश दिये. जूए शराब पर पाबंदी लगाई. **लेकिन उनके किसी भी शिलालेख में सती प्रथा का उल्लेख भी नहीं है.** अतः ब्राह्मण ग्रन्थों में जितनी भी सती होने की घटनाएं दर्ज हैं वे सभी घटनाएं बुद्ध काल ही नहीं मौर्य काल अर्थात 200 ईसा पूर्व के बाद की हैं.

4. वैसे भी ब्राह्मण ग्रन्थों के अनुसार सत्ययुग, त्रेता तथा द्वापर युगों में खुले सैक्स का रिवाज था. शादी का रिवाज तो कलियुग में ही शुरू हुआ. ब्रह्मकुमारी संस्था ने काल गणना के अनुसार कलियुग को सन 2000 में समाप्त हो जाना था. कलियुग 1200 साल का होता है. अतः 800 ईसवी में कलियुग शुरू हुआ है. इस काल गणना को अगर सही मान लें तो ब्राह्मणवादियों ने 800 ईसवी के बाद सती की प्रथा की शुरुआत की है.

अतः कुल मिला कर यह निष्कर्ष निकालता है कि महाराजा रावण ने भगवन बुद्ध के समय अर्थात छटी सदी ईसा पूर्व में "एक पुरुष एक स्त्री" की शादी का नियम लागू किया. मौर्य शासन काल में "एक पुरुष एक स्त्री" की शादी की प्रथा ने अपनी जड़ें पक्की कर लीं. पहली सदी ईसा पूर्व तक जब तक भारत में बुद्ध शासन रहा सती करने की कोई घटना नहीं हुई.

अतः जब महाराज वृहदर्थ का कत्ल करके ब्राह्मणधर्म की पुनः स्थापना की गई, उसके बाद ही "एक पति" रखने वाली स्त्रियों के विरुद्ध यह नियम बनाए गए. उस समय ब्राह्मण सत्ययुग कालीन मुक्त यौन वाला नियम

लागू नहीं कर पाये अतः उन्होंने यही नियम बना दिया कि एक पति वाली स्त्री को पति के साथ ही जला दिया जाए. अपनी यौन विकृति को उन्होंने नग्न स्त्री मूर्तियां बना कर प्रदर्शित किया. गुप्त काल और उसके बाद यानि ब्राह्मणधर्म के स्वर्ण काल में बने खजुराहो व पुरी जैसे यौनालयों में नग्न मैथुनरत स्त्री पुरुषों की मूर्तियां बनाई गईं. ऐसे वेश्याघरों को "मंदिर" बताया गया!! जो विधवाएं सती नहीं हुईं वे इन मंदिरों की भक्तिनियां बन कर वेश्यालयों में पहुंचीं. आज भी ये मंदिी इस प्रथा का जीता जागता सबूत हैं.

ब्राह्मण ग्रन्थों में सती होने के नियम

ब्राह्मण ग्रन्थों में कौन सती हो, कौन नहीं, इस विषय पर जो नियम बनाये गए हैं वे (Mind Bongling) दिमाग को झझकोर देने वाले हैं.

उनका सबसें बड़ा नियम यही था कि पतिव्रता विधवाओं को ही सती किया जाए. जिन औरतों के एक सें ज्यादा पुरुषों सें अवैध सम्बंध थे उन्हें सती होने सें मना किया गया. ऐसी चरित्रहीन स्त्रियों को बाल कटवा कर साध्वी बन कर रहने के लिए भी मजबूर नहीं किया गया. अतः यह सिर चकराने वाला सवाल है कि उन्होंने ऐसे नियम क्यों बनाए कि केवल "एक पति" व्रत का पालन करने वाली स्त्रियां ही सती हों!

दशरथ की तीनों रानियों ने अश्वमेध तथा पुत्रेश्टि यज्ञ में दूसरे पुरुषों और ब्राह्मण ऋषियों सें शारीरिक सम्बंध बनाये अथवा व्यभिचार किया. इसलिए जब दशरथ मरा तो किसी ने भी उन रानियों को सती होने के लिए नहीं कहा. कौशल्या मरना चाहती थी मगर उसे रोक दिया गया. (अयोध्या कांड 66)

राधा भी इसकी सबसें मुख्य उदाहरण हैं. कृष्ण के मरने पर रुक्मणि तो उसकी लाश के साथ जल मरी लेकिन राधा बच गई. राधा को कृष्ण के पिछले जन्म की पत्नि बताया गया. इसलिए इस जन्म में उसने अपने असली पति को नपुंसक बना कर कृष्ण सें मजे किये लेकिन उसका चाहे असली पति मरा या कृष्ण मरा उसे किसी के साथ भी सती होने के लिये नहीं कहा गया. एक पतिव्रत वाली रुक्मणि तो कृष्ण के साथ जल कर सती हो गई लेकिन राधा बिना जले ही सती कही जाती है.

पांच पुरुषों सें यौन सम्बंध बनाने वाली द्रोपदी पर भी सती होने का नियम लागू ही नहीं किया गया. **अन्य अहम उदाहरणें गांधारी, माद्री तथा कुंती की हैं.** गांधारी ने एक पति व्रत का पालन किया. उसे धृतराष्ट्र की लाश के साथ जला दिया गया यानि सती कर दिया गया. पांडू माद्री तथा कुंती दोनों का पति था. लेकिन जब वह मरा तो माद्री को उसके साथ जला दिया गया लेकिन कुन्ती को बख्श दिया गया. क्यों! क्योंकि कुन्ती ने न केवल अनेकों मनुष्यों सें यौन सम्बंध बनाये बल्कि देवों तक को कुंआरेपन सें ही प्रसन्न किया था. अतः उसे सती करने की कौन हिम्मत या हिमाकत कर सकता था.

अतः ब्राह्मणों ने मात्र उन स्त्रियों को जला कर मारने के लिए सती प्रथा चलाई जो महात्मा रावण के बनाये नियम के अनुरूप केवल एक ही पुरुष को अपना पति मानती थीं. यहां तक जो स्त्रियां विधवा होने के बाद नियोग के लिये भी राजी हो जाती थीं उन्हें भी बख्श दिया जाता था. केवल पतिव्रताओं पर यह प्रथा थोपी गई थी. ब्राह्मणों के लिए उनके जीवित रहने का कोई लाभ न था. अतः उनका मारना ही उचित था.

जिन करोड़ों गोपियों ने अपने पतियों के मना करने पर भी कृष्ण सें ऐयाशी की उन्हें भी न तो अपने पतियों के साथ सती होने के लिए कहा गया और न ही कृष्ण के साथ सती होने को कहा गया. भारतीय समाज में अवैध यौनाचार फैला कर इस देश का बेड़ागर्क करने की ब्राह्मणधर्मियों की यह साजिश थी जिसमें वे काफी हद तक सफल भी रहे.

ब्राह्मण ग्रन्थों में जो अन्य नियम बनाए गए वे इस प्रकार सें हैं :

1. सती प्रथा के बारे में पहले पहल मन्त्र अथर्व वेद में ही मिलते हैं. इसका आदेश है, "हे मृत पुरुष, प्राचीन धर्म का पालन करती हुई यह स्त्री तेरे पास आती है. तू इसे परलोक में भी इसी तरह सन्तान वाली बनाना और इसे धन देना." (18.3.1)

इस श्लोक सें एक बात जाहिर होती है कि किसी बहुत ही धूर्त व्यक्ति ने यह श्लोक बनाया है. उसने सती प्रथा को प्राचीन धर्म कहा है ताकि कोई इस पर उंगली न उठा सके. इस श्लोक सें यह भी जाहिर होता है कि यह श्लोक वेद में तब घुसेड़ा गया जब सती प्रथा प्राचीन हो चुकी थी.

2. पदम पुराण में वशिष्ठ के अनुसार **पतिव्रता पत्नि** को अपने पति की चिता में उसके साथ अवश्य जल जाना चाहिए. (सीता अ.5)
3. गरुड़ पुराण के अनुसार जो पतिव्रता स्त्री विधवा होने पर अपने पति के साथ जल कर सती नहीं होती उसे अगले जन्म में बीमार स्त्री का शरीर मिलेगा. वह जब तक अपने पति की चिता में जल

कर सती नहीं होगी तब तक हर बार उसे ऐसा ही जन्म लेना पड़ेगा. मात्र गर्भवती स्त्रियों को सती होने सें छूट दी गई थी. (11.4.91) (सीता अ.5)

4. दक्ष स्मृति (4.18) : पति की चिता पर जल कर सती होने वाली स्त्री अनन्त काल तक स्वर्ग में रहती है. (सीता अ.5)

5. आपस्तम्ब सूत्र में याज्ञवल्क्य का आदेश है कि **पतिव्रता विधवा** के लिए सती होना ही एक मात्र विकल्प है. मनु के बाद याज्ञवल्क्य ही ब्राह्मणों का सबसें बड़ा कानूनविद् है. (सीता अ.5)

6. योगिनी तन्त्र (2.303) भी **पतिव्रता विधवा** के लिए सती होना ही विकल्प बताता है. अतः जो स्त्रियां "एक पति" के अतिरिक्त अन्य पुरुषों सें भी सम्बंध रखतीं थी उनके लिए सती होना मना था. (सीता अ.5)

7. ऋग्वेद (10.18.8) के नियम सें स्पष्ट है कि पहले "वर" के दाह संस्कार सें पहले ही स्त्री को दूसरे वर के हवाले कर दी जाती थी. जो स्त्रियां अपने पति की लाश के साथ जल कर सती नहीं होती थीं अथवा नियोग के लिए राजी नहीं होती थीं उनके बाल काट दिए जाते थे. **अथर्व वेद का आदेश है कि जो स्त्री ऐसे आदमी को नहीं अपनाती थी उसके बाल काट दिये जाते थे. (14.2.60)**

8. **मनु का आदेश है कि बेटी का कन्यादान (विवाह) केवल एक बार हो सकता है. पति के मर जाने पर विधवा हुई कन्या का फिर सें विवाह नहीं हो सकता. (8.226) साथ में वेद की दो आज्ञाएं हैं कि हर स्त्री को दस पुत्र पैदा करने अनिवार्य हैं तथा विधवा होते ही स्त्री को नियोगी के हवाले कर दिया जाए.**

इस प्रकार विधवा के पास दो ही विकल्प बचते थे कि या तो वह पति की लाश के साथ जल मरे या फिर ब्राह्मणधर्मियों की हवस का शिकार हो!

9. कुछ लोगों के अनुसार ऋग्वेद का श्लोक (10.18.7) भी सती प्रथा की ओर इंगित करता है. राम मोहन राय के अनुसार इस श्लोक का अर्थ है, **"हे आग, ये औरतें जिनके तन पर घी मला हुआ है तथा जिनकी आँखों में सुरमा है, आँसू नहीं हैं, तेरे में घुस रही हैं. तू इन्हें अपने पतियों सें अलग मत करना. ये निश्पाप हैं और स्त्रियों में रत्न के समान हैं."**

सरिता मुक्ता समूह द्वारा प्रकाशित ऋग्वेद में गंगा सहाय ने इस श्लोक का अर्थ करते हुए "आग" की जगह "घर" शब्द का प्रयोग किया है. उनके अनुसार यह श्लोक नव वधुओं को गृह प्रवेश के समय दिया गया आशीर्वाद है. श्री गंगा सहाय ने सरिता में अनेकों विद्वता पूर्ण और पक्षपात रहित लेख लिखे हैं. अतः उनके द्वारा किया गया अर्थ अधिक उपयुक्त लगता है.

वैसे भी सती प्रथा के इतिहास पर नजर दौड़ायें तो ऋग्वेद के समय आर्यों में पति–पत्नि का रिश्ता अभी पक्का नहीं हुआ था. अतः उस समय सती होने का प्रश्न ही नहीं उठता. हाँ, इस बात की सम्भावना सें इन्कार नहीं किया जा सकता कि जैसे जातिवाद को पक्का करने के लिए पहली सदी में पुरुषसूक्त को ऋग्वेद में घुसेड़ दिया गया था वैसे ही सती प्रथा को प्राचीन सिद्ध करने के लिए भी यह श्लोक ऋग्वेद में घुसेड़ दिया गया हो!!

पुनर्विवाह बनाम पुनर्भु

अथर्व वेद (9.5.27) कहता है जो स्त्री पहले पति को प्राप्त होकर दूसरे पति को प्राप्त होती है वह और दूसरा पति दोनों मिल कर यदि पंचोदन यज्ञ करें और बकरे की बलि दें तो इनका कभी वियोग नहीं होता. यदि वह साथ में सोना भी दक्षिणा में दें तो **पुनर्भु स्त्री** का दूसरा पति समान लोक को प्राप्त होता है. (9.5.27) (समु 6. 163)

उपरोक्त मन्त्र अथवा श्लोक में "पुनर्भु" शब्द का प्रयोग किया गया है. अन्य ब्राह्मण ग्रन्थों में भी पुनर्भु शब्द का उल्लेख हुआ है. राधाकृष्णन जैसे ब्राह्मणधर्मी 'विद्वान' पुनर्भु शब्द का अर्थ करते हैं "विधवा का दुबारा विवाह होना". इस तरह का अर्थ करके वह ताल ठोंकते हैं कि उनके समाज में विधवा का पुनर्विवाह हो जाता था और उसे सती होने की आवश्यकता नहीं पड़ती थी.

परन्तु वास्तविकता इसके विपरीत है. **ब्राह्मण ग्रन्थों में ऐसी एक भी घटना दर्ज नहीं है जहां किसी विधवा की दुबारा शादी की गई हो!** पुनर्भु शब्द का अर्थ "विधवा की पुनः शादी" कभी रहा ही नहीं.. उपरोक्त श्लोक स्वयं तथा दूसरे ब्राह्मण ग्रन्थ इस बात का प्रमाण हैं कि पुनर्भु शब्द का वास्तविक अर्थ विधवा का पुनर्विवाह नहीं है **बल्कि एक पति को प्राप्त करके दूसरे को प्राप्त करने वाली स्त्री पुनर्भु कही जाती है.** इस शब्द के सही

अर्थ के अनुरूप कार्य करने वाली स्त्रियां राधा, कुन्ती, अहिल्या, अंजनि, कौशल्या आदि हैं जो अपने एक पति को प्राप्त होकर दूसरे "पति" को प्राप्त हुईं.

इस श्लोक में **कहीं भी पहले पति के मरने का उल्लेख नहीं** है और न ही इस श्लोक में स्त्री को पहले पति द्वारा त्यागे जाने का कहीं कोई उल्लेख है और न ही विधवा के दूसरे विवाह की कोई बात की गई है. इस श्लोक में पहले पति के अतिरिक्त दूसरे पति को भी अपनाने वाली स्त्री **(पुनर्भु)** सें कहा गया है कि अगर वह बकरे की बलि वाला यज्ञ करेगी तो दूसरे पति सें उसका वियोग नहीं होगा. लगता है कृष्ण और राधा ने खूब अजामेध यज्ञ किये थे!

अन्य ब्राह्मण ग्रन्थ भी पुनर्भु का अर्थ विधवा विवाह नहीं करते हैं. उदाहरणतः विष्णु स्मृति (15.8) के अनुसार पुरुष संग न की हुई स्त्री अगर पहला पति छोड़ कर अन्य दूसरे सें सम्बंध करे तो उसे पुनर्भु कहा जाता है. पराशर एवं अंगिरा स्मृति के अनुसार एक सें ब्याही हुई कन्या को अगर दूसरे सें ब्याह दी जाये तो उसे पुनर्भु कहा जाता है. वैसे भी संस्कृत क्योंकि कूट भाषा है अतः हर कोई अपने स्वार्थ के अनुसार इस शब्द का अर्थ कर लेता है.

दूसरे पति को प्राप्त होना : उपरोक्त श्लोक में एक बड़ी अजीब सी बात कही गई है कि

- ☞ स्त्री पहले पति को प्राप्त होकर दूसरे पति को "प्राप्त" होती है.
- ☞ यहां "प्राप्त" होने का अर्थ क्या है? सीधे शब्दों में इसका अर्थ है कि स्त्री पुरुष में पति पत्नि का रिश्ता बनना यानि वंश वृद्धि के लिए बच्चे पैदा करना.
- ☞ फिर सवाल उठता है कि स्त्री पहले पति को प्राप्त होकर दूसरे को प्राप्त कैसे हो सकती है.
- ☞ यहां "पहला" पति मरने का जिक्र नहीं है. इसका अर्थ हुआ कि **स्त्री दूसरे पति को पहले पति के जीते जी प्राप्त होती थी**.
- ☞ यहां पर दयानन्द का सत्यार्थ प्रकाश सचमुच में प्रकाश डालता है. दयानन्द अथर्ववेद के एक श्लोक का अर्थ करता है, हे पति और देवर को दुख न देने वाली स्त्री तू पुत्र जनने वाली हो. **देवर** की कामना करने वाली और पति को सुख देने वाली तू **पति और देवर को प्राप्त होकर** इस अग्निहोत्र का सेवन कर. (पृ 114)
- ☞ दयानन्द **देवर का अर्थ** करते हुए लिखता है **देवरः कस्माद द्वितयो वर उच्चयते** अर्थात **दूसरा वर** ही देवर है. (पृ 115). **शब्दों के अर्थों में घालमेल न हो इसलिए यह जान लेना जरूरी है कि देवर का अर्थ पति का छोटा भाई नहीं है. यह देवर भाभी वाला देवर नहीं है. बल्कि पति के अतिरिक्त जिस भी आदमी सें स्त्री यौन सम्बंध बनाती है वह "देवर" है.**
- ☞ इस प्रकार उपरोक्त श्लोक में पुनर्भू का जो विधवा विवाह कह कर शोर मचाया जा रहा है दयानन्द उसे ठण्डा कर देता है.
- ☞ **वह साफ कर देता है कि विवाह के समय ही आर्य स्त्री दो प्रकार के पतियों को प्राप्त होती थी.**
- ☞ **पहली किस्म का पति वह होता था जो उससें विवाह करता था तथा उस स्त्री की कोख सें जन्मे बच्चे उसकी सम्पति के वारिस बनते थे.**
- ☞ **दूसरी किस्म के वे पति होते थे जो उसके साथ नियोग करने के लिए मिलते या नियुक्त होते थे. वे देवर कहलाते थे. इन दूसरे पतियों सें पैदा बच्चे न तो उनके वंश के होते थे और न ही उन दो नम्बर के पतियों की सम्पति के वारिस होते थे.**
- ☞ **दयानन्द "दूसरे पति" यानि देवरों की गिनती ग्यारह बताता है : नम्बर एक सोम, नम्बर दो गंधर्व, नम्बर तीन अग्नि तथा नम्बर चार सें ग्यारह तक आम आदमी. (पृ. 115)**
- ☞ इस प्रकार पुनर्भु को प्राप्त होने वाले दूसरे पति का अर्थ विधवा सें शादी करने वाला व्यक्ति कदापि नहीं है!
- ☞ विधवा विवाह को पूरी तरह नकारते हुए दयाननद इसें वेद विरोधी करार देता है.

उपरोक्त वेदाज्ञाओं सें निम्न बातें स्पश्ट होती हैं :

1. जो स्त्री (बिना दूसरा पति किये) "विधवा" हो जाए तो उसे पति के साथ जल मरना चाहिए लेकिन जो स्त्री एक सें ज्यादा पतियों को प्राप्त होती है उसके सती होने की बात नहीं की गई है.
2. दूसरे पति सें वियोग न हो इसका तो उपाय वेद बताता है मगर पहले पति सें वियोग न हो इसका उपाय वेद में नहीं है उसके साथ तो सती होना ही उपाय है.

3. पति का अर्थ शादी करने वाला नर नहीं बल्कि उस स्त्री सें सम्बंध बनाने वाले को पति कहा जाता था.

एक बहुत ही हैरानी वाली बात ब्राह्मण ग्रन्थों में मिलती है कि आर्यों, देवों, ब्राह्मणों में कभी भी विधवा का दुबारा घर नहीं बसाया गया लेकिन अन्य जातियों व धर्मों लोगों में जब भी कोई स्त्री विधवा हुई उसका समयानुसार घर बसा दिया गया. बालि मरा तो तारा को सुग्रीव ने बसा लिया. महाराज रावण के बाद उनकी विधवा को विभीषण ने बसा लिया.

सो आज जो हम विधवा का पुनः घर बसाते हैं यह रीत ब्राह्मण धर्म की नहीं है. यह रीत हमारे उन पूर्वजों की है जिन्हें ब्राह्मण नीच कहते हैं. यह रीत महाराज रावण की चलाई हुई है जिसे ये लोग राक्षस कहते हैं.

पुनर्विवाहिता के सम्बंध में ब्राह्मण ग्रन्थों के नियम

ब्राह्मणधर्मियों ने अपने धर्मग्रन्थों में दुबारा घर बसाने वाली नारी के बारे में ऐसे फतवे जारी किए :

1. कश्यप सात प्रकार की कन्याओं को अधम तथा वर्जनीय बताता है उनमें छटी पुनर्विवाहिता तथा सातवीं उसकी सन्तान बताई गई है. अतः पुनर्विवाहिता तथा उसकी जायज सन्तान को अधम जाता था. जबकि नियोग व व्यभिचार सें पैदा भगवान तथा देवता कहे जाते थे.
2. पुनर्विवाहिता के हाथ का अन्न खाने योग्य नहीं है. (अंगिरा 4.56) जबकि नियोग अथवा व्यभिचार करने वाली कुन्ती को पंचकन्या बताया जाता है जिसका नाम जपने मात्र सें ब्राह्मणधर्मियों के पाप धुल जाते हैं.
3. ब्राह्मणों में पुनर्विवाह होने पर जो सन्तान हो उसे भोजन की पंक्ति में न बैठाएं क्योंकि ऐसी सन्तान पंक्ति में बराबर बैठने योग्य नहीं है. (याज्ञ 1.224) लेकिन नियोग सें पैदा होने वालों को अवतार बताया गया.
4. जिस घर में पुनर्विवाहिता हो वह घर सदा अपवित्र रहता है. अतः ऐसा घर सब प्रकार के पवित्र कार्यों के अयोग्य है. (पराशर 5.65)
5. अन्य ब्राह्मण तो पुनर्विवाह को अपवित्र बता रहे थे लेकिन मनु ने तो स्पश्ट शब्दों में कह दिया कि स्त्री विधवा हो जाने पर पुत्रों के अधीन रहे. वह चाहे तो घास फूस खाकर शरीर को मिटा दे मगर दूसरे विवाह के बारे में सोचे भी नहीं क्योंकि **पतिव्रता स्त्रियों** के लिए दूसरा विवाह करने का कोई विधान ही नहीं है. (मनु 5.148–162) उनके लिए तो जल मरना ही विकल्प है.
6. ब्राह्मणधर्म का आधुनिक विद्वान दयानन्द कहता है कि स्त्री का दुबारा विवाह हो ही नहीं सकता. विधवा का केवल नियोग हो सकता है जो कि अनिवार्य है. (सत्यार्थ. 4)

वैसे तो आर्यों में विधवा स्त्री को पुनः घर बसाने की इजाजत ही नहीं थी. फिर भी अगर कोई हिम्मत करके किसी अन्य पुरुष सें घर बसा लेती थी तो अगर साफ शब्दों में कहा जाए तो ब्राह्मणों का एक शिकार कम हो जाता था. इसलिए उन्होंने अपने धर्म का सहारा लेकर स्त्री के पुनर्विवाह को बिल्कुल बन्द करा दिया. बीसवीं सदी तक आर्यों में कभी किसी विधवा या त्यागी हुई स्त्री का फिर सें विवाह नहीं हुआ. गांधी तक इस सवाल पर मक्कारी भरी चुप्पी साध गया. केवल 1956 के बाद जब बाबा साहिब ने हिन्दू कोड बिल में इस बात का प्रावधान बनाया तब कहीं जाकर हिन्दू नारी को फिर सें जीने का अधिकार मिला.

8.7 नारी को गर्क करने वाला ब्राह्मण : तुलसी

भारत के इतिहास में स्त्री और शूद्र की कहानी लगभग एक जैसी है. शूद्रों की तरह भारतीय नारी वेदकाल (सत्तयुग) सें लेकर अब तक ब्राह्मणधर्म में सताई जा रही है. ब्राह्मण ऋषि और उनके देव स्त्री का शोषण करने अथवा कराने के धन्धे में जुटे हुए थे. उस समय के राजे रजवाडे भी उनकी इस लूट में सम्मिलित थे. स्त्री

शोषण के नियम क्योंकि संस्कृत भाषी धर्म ग्रन्थों में होते थे तथा संस्कृत आम आदमी की भाषा नहीं होती थी इसलिए आम आदमी ब्राह्मणों और देवों की तरह स्त्री शोषण में लिप्त नहीं हुआ था.

लेकिन तुलसी ने हिन्दी में रामचरित लिख कर धर्म के नाम पर ब्राह्मणों के मन में नारी के प्रति जो घृणा थी उसे घर घर पहुंचा दिया. उसकी रामचरित पढ़ कर ऐसा लगता है कि जैसे तुलसी का बचपन सें लेकर मरने तक कभी माँ बहन पत्नि बेटी सें आत्मीयता का नाता रहा ही नहीं. उसने जिस तरह सें नारी जाति के विरूद्ध जहर उगला है अथवा जिस तरह सें उसने नारी को प्रताड़ित करने की बातें कही हैं उससें लगता है कि तुलसी की माँ, बहन, पत्नि, बेटी सभी चरित्रहीन थीं. तभी उसने पूरी नारी जाति को चरित्रहीन घोषित कर दिया. उसने नारी के विरूद्ध जो फतवे दिये वे इस प्रकार सें हैं:

♦ **नारी सुभाव सत्य सब कहहिं, अवगुण सदा आठ उर रहहिं!**
साहस अनृत चपलता माया, भय अविवेक असोच अदाया!!

अर्थात सभी ब्राह्मणों ने सत्य कहा है कि नारी के आठ गुण सदा उसके पेट में रहते हैं – हिम्मत, झूठ, चंचलता छल, डर, मूर्खता, अपवित्रता और निर्दयता.

तुलसी जब यह फतवा देता है कि नारी के ये गुण उसके पेट में होते हैं तब वह अपनी बेवकूफी को दर्शाता है. उसकी इस बात सें तुलसी की "विद्वता" का पता चलता है. तुलसी समझता था कि क्योंकि सारा खाया पिया पेट में जाता है अतः आदमी के सारे गुण भी पेट में ही होते हैं. उसके जैसा ही विद्वान रोम युनान में भी हुआ था जो अपने पेट के चारों ओर लोहे की जंजीरें लपेट कर रखता था ताकि अधिक ज्ञान होने पर उसका पेट न फट जाए. अस्तु!

खैर तुलसी के अनुसार हर नारी में साहस होता है लेकिन तीन शब्दों बाद ही वह नारी में डर होने का गुण भी बताता है. नारी के प्रति उसके दृश्टिकोण को देखते हुए उसके अनुसार नारी स्वभाव सें डरपोक है लेकिन उसमें अपनी मनमानी करने का साहस होता है जैसे गोपियां अपने घरवालों के रोकने पर भी कृष्ण सें भोग करने आ जाती थीं.

इसके अतिरिक्त तुलसी के अनुसार नारी में अन्य गुण होते हैं : नारी झूठी होती है, चंचल होती है लक्ष्मी की तरह एक के पास सारी उम्र टिकने वाली नहीं होती, धोखेबाज होती है, मूर्ख होती है, चरित्रहीन होती हैं और निर्दयी होती हैं.

असौच का अर्थ चरित्रहीन करने पर कईयों को एतराज हो सकता है लेकिन तुलसी स्वयं इस की पुश्टि करता है जब वह कहता है:

♦ **भ्राता पिता पुत्र उरगारी, पुरुष मनोहर निरखत नारी!**
होइ विकल मनहिं न रोकी, जिमि रविमनि द्रव रबिहि बिलोकी!!

तुलसी कहता है कि नारी पुरुष की सुन्दरता देखते ही उस पर मोहित हो जाती है चाहे वह उसका भाई, पिता अथवा पेट सें जन्मा पुत्र ही क्यों न हो. जैसे सूर्य की गर्मी में मक्खन पिघल जाता है वैसे ही सुन्दर नर को देखते ही नारी का मन तड़प उठता है.

तुलसी तो खैर कभी का मर लिया लेकिन उसके वारिस ब्राह्मणवादी तो अभी तक मौजूद हैं हैं जो नित्य इन श्लोकों का पाठ करते हैं. हम उनसें एक ही बात पूछना चाहते हैं कि क्या उनकी माँ बहन बेटियां ऐसे ही चरित्र की नारियां हैं. क्या सीता भी ऐसे ही चरित्र की नारी थी ? क्या सावित्री भी ऐसी ही थीं? आधुनिक युग में पैदा हुई कस्तूरबा, इंदिरा, राणी लक्ष्मी आदि इसी प्रकार के "गुणों" वाली नारियां थी?

एक राधा के चरित्रहीन होने पर, अथवा एक काली के निर्दयी होने पर पूरी नारी जाति को लांछित करना तो अन्याय है, दिमागी पागलपन है! लेकिन यह ब्राह्मणों का विशेष गुण है वे एक बुरे के कारण पूरे समाज को ही बुरा बता देते हैं. ब्राह्मण परशु की एक क्षत्रिय सें झगड़ा हुआ और उसने पूरे क्षत्रिय समाज का कतलेआम कर मचा दिया.

♦ **ढोल गंवार पशु शूद्र अर नारी, सकल ताड़न के अधिकारी!**

अर्थात जैसे ढोलक को बजाने के लिए उसे पीटना पड़ता है, कम अक्ल आदमी, पशु और शूद्र सें काम करवाना हो तो उन्हें भी पीटना पड़ता है, वैसे ही नारी भी मार पिटाई करने पर ही बाज आती है.

♦ **काम क्रोध आदि मद मोह के धारि, तिन मंह अति दारुण दुखद रूपी नारी!**

♦ **जप तप नेम जलाश्रय धारी, होइ ग्रीसम सोसई नारी!!**

तुलसी ने स्वयं तो नारी के विरुद्ध जहर उगला ही उसने राम के मूंह सें भी यह कहलवाया कि नारी का तन वासना, गुस्से, अहंकार और मोह सें भरा होता है इसलिए उनकी इतनी दयनीय हालत रहती है. जैसे सूरज की गर्मी तालाब के पानी को सुखा देती है वैसे ही स्त्री आदमी की भक्ति, तपस्या, व्रत और प्रतिज्ञा को सोख लेती है.

तुलसी स्त्री विरोधी ही नहीं था बल्कि अक्ल सें भी पैदल था. वह लिखता है कि जब राम जन्म ले रहा था यह **कौतुक देख कर** सूर्य एक महीने तक अपनी चाल ही भूल गया और अयोध्या के ऊपर ही टिका रहा. तुलसी इतना बेअक्ल था कि उसे यह भी मालूम नहीं था कि कोई भी स्त्री बच्चा जनने के लिए कुछ ही पल का समय लेती है. राम को जनने में कौशल्या को कुछ पलों का ही समय लिया होगा, महीने भर का नहीं. सो महीने भर सूर्य वहां रुक कर क्या कौतुक देखता रहा, तुलसी जाने!!

भगवन बुद्ध ने स्त्री की खोई हुई प्रतिश्ठा को पुनः बहाल किया. आम स्त्री को ब्राह्मणवाद के चंगुल सें निकाला. उन्होंने स्त्री को अम्बपाली "वेश्या" सें अम्बा माँ का दर्जा दिया. जब तक भारत में बौद्ध धर्म का बोलबाला रहा स्त्री की स्थिति ठीक रही लेकिन गुप्त काल में ब्राह्मणवाद ने फिर सिर उठाया और स्त्री का पतन पुनः शुरू हो गया. रही सही कसर तुलसी ने पूरी कर दी.

8.8 दासी प्रथा यानि ब्राह्मणिक दल्लागिरी

ब्राह्मण-धर्म या आर्य-धर्म के भगवानों, देवताओं, पुरोहितों, ऋषिओं और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने स्त्रियों की लेन देन इस व्यापक स्तर पर की कि एक बार तो ऐसा लगता है कि **ब्राह्मण-धर्म या आर्य-धर्म स्त्रियों की दल्लागिरी का ही दूसरा नाम है.** उनमें दासियों का लेन देन बहुत व्यापक स्तर पर होता था. सैंकड़ों हजारों की संख्या में इन असहाय लड़कियों का लेन देन होता था.

कभी किसी लेखक ने इस घिनौने रिवाज पर आपति नहीं की. दासी कोई पेड़ों पर उगने वाली वस्तु नहीं है. वह भी मानव स्त्री की जाई बेटी ही होती है. उसकी माँ ने भी उसे नो महीने गर्भ में पाला होता है, उसके लिए प्रसव पीड़ा भी सहन की होती है. उसके मन में भी अपना घर बसाने की कामना रहती है. उसे भी सुख दुख महसूस होते हैं.

अतः किसी असहाय बच्ची को दासी बना कर किसी देव या ऋषि को भेंट करना कभी भी धर्म कार्य नहीं हो सकता. लेकिन ऐसे नीच काम सभी देवों और ब्राह्मण ऋषियों ने अन्जाम दिये हैं. अत्यंत दुख की बात है कि ऐसे लोगों को साधु देवता और भगवान कहा जाता है तथा उनके कुकृत्यों को धार्मिक कहा जाता है. मात्र सत्गुरू कबीर ने सीना ठोक कर कहा : .... अधर्म को धर्म बतावैं वेद!!

सन 1843 में अंग्रेजों ने इस अमानवीय लेन देन पर पाबंदी लगा दी वर्ना ब्राह्मण तो अब तक दास दासियों के लेन देन के व्यापार में लगे रहते. देवराज चानना महोदय के अनुसार मिथिला के ब्राह्मण बकायदा रजिस्ट्री करा कर दासियों व दासों का व्यापार करते थे. (सलेवरी 3)

देव कहे जाने वाली कौम, जिसमें कि समस्त देव जैसे ब्रह्मा, विष्णु, पवन, अरूण, वरूण, राम, कृष्ण, हनुमान आदि सभी शामिल हैं, किसी न किसी रूप में औरतों की लेन देन में शामिल रहे हैं. **सीधे साफ़ शब्दों में कहें तो लगभग समस्त देव और ब्राह्मण ऋषि औरतों की दल्लागिरी में लिप्त रहे हैं.** ब्राह्मण ग्रन्थ ऐसी दल्लागिरी की घटनाओं सें भरे पड़े हैं. देवों और ब्राह्मण ऋषियों के लिए स्त्रियों का लेन देन न केवल साधारण सी बात थी बल्कि धर्म सम्मत भी थी. उनके धर्म ग्रन्थ स्त्रियों की दल्लागिरी करने पर मिलने वाले "पुण्य कथाओं" सें भरे पड़े हैं. उदाहरणतः

1. ब्राह्मण ऋषि कण्व को राजा ने पचास दासियां रथ समेत प्रदान कीं. (ऋग 6.27.8,1.126.3) अगर कण्व सन्त था तो उसने दासियों का क्या करना था. परन्तु वह तो ब्राह्मण ऋषि था. ऋषि यानि स्त्रियों की लेन देन करने वाला दल्ला!!
2. दीर्घतमा को सभी जानते हैं कि वह ब्राह्मण ऋषि सरेआम सबके सामने औरतों सें मैथुन या बलात्कार करता था. उसके बेटे कक्षिवान को भी रथ भर भर कर दासियां मिली थीं. (ऋग 8.19.36) सरिता के अनुसार अक्सर ये दासियां वेश्यावृति के काम आती थीं. (3.72) पैसा कमाना भी तो ब्राह्मणवाद का एक अंग है. ऋषि ऐसे भी कमाई कर लेते थे. माधवी प्रकरण इस का सबूत है.
3. राम और उसके सभी रिश्ते नाते वाले स्त्रियों की दल्लागिरी में लगे रहे. औरों का तो क्या कहना यति, ब्रह्मचारी आदि कहे जाने वाले हनुमान तक को राम ने लड़कियां स्पलाई की. और हनुमान ने वे लड़कियां स्वीकार की, प्राप्त की. हनुमान ने यह लड़कियां बेटी बना कर गोद नहीं ली थीं बल्कि रामायण के अनुसार यह वे लड़कियां थी जो मालिश करने में एक्सपर्ट थीं और उनके गुप्तांगों पर

रोंऐ उगने शुरू ही हुए थे. हर कोई सहज कल्पना कर सकता है कि ऐसी लड़कियों का हनुमान ने क्या किया होगा!!

4. राम के जन्म वृतांत सें स्पष्ट है कि राम को पैदा करने जो ब्राह्मण ऋषि आया था उसे जंगल सें बाहर लाने के लिए दशरथ के भाई रोमपाद ने उसे पहले वेश्याएं भेजी (स्पलाई) की थीं. जनक ने जब सीता को दांव पर लगाया और राम ने उसे दांव में जीत लिया तो जनक ने राम और उसके तीनों भाईयों को एक एक सौ सुन्दर लड़कियां भी स्पलाई की. जनक के तो दशरथ की तरह कोई औलाद थी नहीं. फिर राम को सप्लाइ करने कहां सें लेकर आया वह चार सौ लड़कियां. (बाल कांड 74) दहेज और दास दासियां इसके अतिरिक्त दिये गये थे.

   तुलसी कहता हैः दासी दास तुरंग रथ नागा...... दाइज दीन्ह न जाई बखाना. अर्थात राम को दहेज में इतने दास दासियां मिलीं कि उनकी गिनती बताई नहीं जा सकती. दासी भी किसी की तो बेटी होती ही है. कोई माँ ही उसे जन्म देती है. दासियां आसमान सें नहीं टपकतीं. **काश इन दासियों में एकाध तुलसी की बेटी या बहन भी होती. तब शायद उसे पता लगता कि किसी की बेटी को दासी बनाने का क्या अर्थ होता है.** लेकिन जो तुलसी अपनी माँ के लिए यह कह सकता है : नारी ताड़न की अधिकारी, वह अपनी बेटी के लिये भी ऐसा ही कहता.

   राम उन दासियों को ले आया. जब राम को बनवास हुआ तो वह उन दासियों को अपने साथ वन में ले गया. (आनंद रामायण विलास खण्ड.7)

5. रामायण में ही कथा है कि जब भरत राम को मिलने गया तो अयोध्या सें कुछ लोग भी उसके साथ चल पड़े. रास्ते में भारद्वाज का आश्रम आया. अब ब्राह्मण ऋषि का आश्रम हो और वहां स्त्रियों की स्पलाई न मिले, ऐसा तो हो ही नहीं सकता. भारद्वाज ने सभी पुरुषों को सात सात स्त्रियां स्पलाई कर दीं. बढ़िया मीट शराब पेश कर दीं. अगले दिन भरत ने उन अयोध्या वासियों सें आगे चलने को कहा तो उन्होंने मना कर दिया. जैसा गुरू वैसे चेले. बहुत हैरानी की बात है कि हम लोग सदियों सें यह कथाएं सुनते आ रहे हैं लेकिन आज तक किसी ने यह नहीं पूछा कि वह ऋषि इतनी औरतें कहां सें लेकर आया. ये औरतें उसकी अपनी बेटियां तो थीं नहीं तो किस की बेटियां उसने सप्लाई कीं.

6. सीता हरण और खोज के समय सुग्रीव ने राम को तेरह कन्याएं भेंट की. (चाभी 18)

7. जब अर्जुन ने दांव पर लगी द्रोपदी को जीत लिया तो उसके बाप द्रुपद ने पांचों पांडवों को सौ सौ ऐसी लड़कियां भेंट की जो ताजा जवान हुई थीं. (आदि 197)

8. अगर कृष्ण की कथा को सच मान लिया जाये तो शायद दुनिया में उससें बड़ा दल्ला न कभी हुआ और शायद न कभी पैदा होगा. उसने तो अनेकों देशों की ताजा जवान हुई लड़कियां स्पलाई कीं. (आदि 198) कृष्ण के कहने पर जब अर्जुन ने उसकी बहन सुभद्रा को अगवा कर लिया तो कृष्ण ने इनाम के तौर पर उसे एक हजार गौरे रंग की लड़कियां सप्लाई कीं.

कहां से लाया कृष्ण इतनी लड़कियां? यह लड़कियां उसने अपनी 16128 रखैलों सें पैदा की अथवा राधा सें या कुब्जा सें पैदा की! अथवा उन करोड़ों गोपियों सें पैदा की जो पिछले जन्म में ऋषि थे और उसका सुन्दर शरीर "पाना" (भोगना) चाहते थे. किस किस की बेटियां उठा कर लाया कृष्ण अपने जीजा अर्जुन को देने के लिए!

कृष्ण जब सत्याभामा को लेकर आया तो उसके बाप ने कृष्ण को तीन हजार सुन्दर जवान लड़कियां सप्लाइ की थीं. हो सकता है उनमें सें एक हजार उसने आगे अर्जुन को सप्लाइ कर दीं हों.

9. कहां

10.

ब्राह्मण-धर्म ग्रन्थों में औरतों की दल्लागिरी के बारे में मिली कुछ कथाएं तो दिल दहला देने वाली हैं. यह कथाएं दर्शाती हैं कि ब्राह्मणवादी लोग जब दल्लागिरी करने पर उतरते थे तो उन्हें अपनी बहन बेटी का भी ख्याल नहीं रहता था.

1. **माधवी प्रकरण** : महाभारत के उद्योगपर्व 106 व 123 में माधवी की कथा मिलती है. वह ययाति नामक राजा की बेटी थी. ययाति कोई आम पुरुष नहीं है. **वह पाँडवों का आदि पुरुष है**. कौरव तथा पाँडव उसी के ही वंशज हैं. ययाति को एक दिन ब्राह्मणों के ''ब्रह्म-ज्ञान'' प्राप्त करने की धुन सवार हुई. गहरी छानबीन के बाद उसे मालूम हुआ कि गालव नामक ब्राह्मण ऋषि उसे ''ब्रह्म-ज्ञान'' दे सकता है.

गालव की खोज की गई. वह एक बैल गाड़ी के नीचे छिपा मिला क्योंकि उसके कोढ़ निकला हुआ था. राजा उसके पास पहुँचा. ''ब्रह्म-ज्ञान'' देने का मोल भाव शुरू हुआ. आखिर सौदा इस बात पर पटा कि राजा अपनी कमसिन बेटी उस कोढी ब्राह्मण ऋषि को कुछ समय के लिए उधार दे देगा. राजा ने एडवांस में लड़की सौंप दी. उस ब्राह्मण ऋषि ने जो ब्रह्म-ज्ञान दिया, वह यह था, 'वायु सबसें महान है क्योंकि यह सब कुछ अपने में मिला लेता है. आग भी बुझ कर उस में लीन हो जाती है. सूरज और चाँद भी वायु में ही अस्त होते हैं. जल भी वायु में ही लीन होता है'.

अगर आज कोई ऐसी बकवास करे तो लोग उसे पागल कहेंगे मगर राजा ने ब्राह्मणों के बनाए इस ब्रह्म-ज्ञान के लिए अपनी बेटी की आबरू एक दल्ले अर्थात ब्राह्मण ऋषि को सौंप दी.

उस ब्राह्मण ऋषि ने जो व्यवहार उस मासूम लड़की के साथ किया, उसे जान कर रोंगटे खड़े हो जाते हैं. वह ब्राह्मण ऋषि उस मासूम बच्ची को एक राजा के पास ले गया. वहां राजा के सामने उसने लड़की के अंग अंग की जो तारीफ की उसे सुन कर फिल्मी दल्ले भी फीके पड़ जाते हैं. वह ब्राह्मण ऋषि के लड़की के अंगों का वर्णन ऐसे कर रहा था जैसे कि उसने उस मासूम बाला को अपने सामने नग्न खड़ी कर रखा हो. राजा ने तारीफ सुनी, लड़की देखी और उसे भोगार्थ रख लिया.

ब्राह्मण ऋषि को खूब सारा माल यानि दक्षिणा मिल गई. कुछ समय बाद वह राजा के बच्चे की माँ बन गई तो राजा ने उस ब्राह्मण ऋषि को लड़की लौटा दी. वह ब्राह्मण ऋषि उसे फिर दूसरे राजा के पास ले गया. वहां भी वही कुछ हुआ. ब्राह्मण ऋषि को माल मिल गया. राजा को रखैल मिल गई. लड़की फिर माँ बन गई. फिर उस ब्राह्मण के पास आ गई. उस ब्राह्मण ऋषि ने तीसरी बार फिर एक और राजा को लड़की सप्लाइ कर दी. वहां वह लड़की फिर गर्भवती हो गई. उस बेचारी को पुनः उस दल्ले के पास आना पड़ा. इतने में उस ब्राह्मण ऋषि के गुरू विश्वामित्र को पता लगा कि उसके चेले के हाथ एक सुन्दर लड़की लगी है. वह भी अपनी गुरू-दक्षिणा मांगने चला आया. चौथी बार वह बेचारी ब्राह्मणों के महा ऋषि विश्वामित्र की हवस का शिकार बनी. अब वह चार बच्चों की माँ बनाई जा चुकी थी लेकिन उस माँ का अपने किसी बच्चे पर अधिकार नहीं था. उसका रूप सौंदर्य ढल गया था. ब्राह्मण ऋषि उससें और अधिक कमाई नहीं कर सकता था. अतः उस ब्राह्मण ऋषि ने माधवी को वापस उसके बाप को लौटा दिया.

ऐसे ही थे महान ब्राह्मण ऋषि! वे थे ही दल्ले!! निपट दल्ले!! ऐसे ही दल्लों का धर्म है ब्राह्मण-धर्म!! क्या संदेश देती है ब्राह्मणों की यह धार्मिक कथा? यह कथा सबूत है इस बात का कि

(1) ब्राह्मणवादी आर्य पिता अपनी बेटी को किराये पर उठाते थे. उसे धन के बदले में किसी के पास बतौर जमानत रख देते थे. शायद इसी लिए माँएं भगवान सें बेटी की बजाए बेटा ही मांगती थीं. गैर मर्द के यहां जमानत के तौर पर बंधक रहने की पीड़ा नारी ही समझ सकती है.

(2) ब्राह्मण ऋषि गुरू दक्षिणा के रूप में लड़कियां भोगार्थ लेते थे, जिसे धर्म सम्मत माना जाता था.

(3) ब्राह्मण ऋषि लड़कियों की दल्लागिरी करते थे और यह उनका धर्म कार्य माना जाता था.

(4) ब्राह्मणधर्म में ऐसी कथाएं धार्मिक कथाएं कही जाती हैं. उनका दावा है कि ऐसी कथा सुन कर आदमी मोक्ष प्राप्त कर लेता है.

.

2.

3.

तेरह किस्म की दासियां

1. **गृहजात** : घर की दासी सें पैदा हुई बेटी दासी ही बनती थी. चाहे उसे पैदा करने वाला घर का मालिक ही क्यों न हो.

2. **क्रीत** : पैसे सें खरीदी गई दासी. धन की खातिर बिकने वाली दासियां हर जाति की होती थीं जैसे कि तारामती क्षत्राणि थी. ऐसी दासियों के पैदा हुई संतान को दासी का ही गोत्र मिलता था. अतः आज कोई भी ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य या शूद्र अपने खून की पवित्रता की डींग नहीं मार सकता.

3. **लब्ध** : उपहार या दान में मिली दासी. ब्राह्मण ऋषियों, राजाओं व अन्य नायकों ने इस वर्ग में इतनी दासियां ली और दी हैं कि गिनती करना ही संभव नहीं है.

4. **दाय** : विरासत में मिली हुई दासी. बाप के मर जाने पर बेटे के अधिकार में आने वाली दासियां. जिस प्रकार पहले बाप उन दासियों का उपभोग करता था बाद में बेटा करता था. दासी के गर्भ सें बाप द्वारा पैदा की गई लड़की को विरासत में बेटा भोगता था चाहे रिश्ते में वह उसकी बहन ही लगती थी. ऐसा था आर्य समाज!!

5. **गिरवी** : पैसे के लिए गिरवी रखी गई लड़की गिरवी दासी कहलाती थी. माधवी की कथा सभी जानते हैं. पाण्डवों के आदि पुरुष ययाति ने अपनी बेटी ब्राह्मण ऋषि गालव के पास गिरवी रख दी थी. उस ऋषि ने उस बेचारी को तीन राजाओं के पास गिरवी रखा. तीनों ने उस लड़की को गर्भवती किया. जब तक उसके बाप ने छुड़वाया वह चार लोगों के बच्चों की माँ बन चुकी थी. अनुमान लगाया जा सकता है कि जब राजा की बेटी के साथ यह हाल हुआ तो आम दासी के साथ क्या हाल होता होगा!

6. **कर्जदासी** : परिवार में किसी द्वारा लिया गया कर्ज न उतार पाने पर जो स्त्रियां साहूकार के यहां काम करने पर मजबूर होती थीं, इस वर्ग में आती थी. भारत को आजाद हुए साठ साल होने के बावजूद आज भी यह ब्राह्मणिक प्रथा जारी है. आज भी ईंट भट्टा व पत्थर की खानों में इस प्रकार के कर्जदास और दासियां भरे पड़े हैं.

7. **स्वयंदासी** : अपने निजि कारणों सें किसी की दासी बन कर रहना इस वर्ग में आता हैं. बनवास के दौरान द्रोपदी राजा कीचक की स्वयंदासी बन कर रही थी. दासत्व के उस दौर में कीचक ने अनेकों बार द्रोपदी पर नीयत खराब की. यहां तक कि कीचक की बहन ने भी दासी द्रोपदी को अपने भाई की हमबिस्तर बनाने में मदद की.

8. **युद्धजिता** : युद्ध में जीती गई स्त्रियां इस वर्ग में आती थीं. अधिकतर इतिहासकार यह मानते हैं कि आर्य बाहर सें भारत आए और उन्होंने यहां के मूल निवासियों को युद्ध में हरा कर बन्दी बना लिया. मुद्राराक्षस महोदय ने सिद्ध किया है कि केवल ब्राह्मण ही बाहर सें आए तथा उन्होंने यहां के निवासियों को तहस नहस कर दिया. बाबा साहिब के अनुसार केवल क्षत्रियों ने ब्राह्मणों के विरुद्ध संघर्ष किया था. हार जाने पर वे समाज का चौथा वर्ण शूद्र बनाए गए.

   युद्ध में हारे क्षत्रियों यानि शूद्रों को सबक सिखाने के लिए ब्राह्मणों ने नियम बनाए. अब तक मालाबार जैसे एरिया में शूद्र स्त्रियों को नंगे बदन सड़क पर आना पड़ता था, वह युद्धजिता दासीत्व का ही परिणाम है.

9. **पणजिता** : वे स्त्रियां जो उनके पतियों द्वारा या पिताओं द्वारा जूए में हारी जाती थीं, पणजिता कहलाती थीं. ऋग्वेद में अनेकों श्लोक हैं कि जूआ खेलना आर्यों का धर्म था तथा अपने धर्म को पूरा करने में आर्य पुरुष अपनी पत्नियों को जूए के दांव पर लगाने में बिल्कुल भी नहीं झिझकते थे. जूए में हारी गई स्त्रियों (पणजिताओं) को जब बाजी जीतने वाला लेकर जाता था तो उनके द्वारा किए गए विलाप के किस्से वेदों में वर्णित हैं. विश्व प्रसिद्ध पणजिता द्रोपदी के किस्से को तो सारी दुनिया जानती है.

10. **अकालदासी** : हर युग में भारत भूमि अकालग्रस्त रही है. अकाल पड़ने पर धनवान ब्राह्मण पुजारियों और साहुकारों की मौज बन जाती थी. भूख सें मरते हुए किसान और मजदूर अपनी बेटियां बीवियां इन दरिंदों को बेचने या गिरवी रखने को मजबूर होते थे. आज भी कालाहांडी जैसे इलाकों सें बच्चियां बेचने के किस्से अखबारों में आते रहते हैं. हर काल में ये अकालदासी बच्चियां यौन शोषण का शिकार हुई हैं.

11. **विवाहदासी** : घर के दास के साथ विवाह करने वाली स्त्री भी मालिक की दासी बन जाती थी. उसके साथ भी मालिक अपनी मन मर्जी का बर्ताव करता था.

12. **भुक्तदासी** : शूद्र कुल की स्त्री के अवैध गर्भ सें उत्पन बच्ची भुक्तदासी कहलाती थी. मालिक अथवा उसके दोस्तों द्वारा दासियों सें सम्बंध तो बनाए ही जाते थे. ऐसे में यह बताना सम्भव नहीं

होता था कि संतान का बाप कौन है. ऐसी संतान को किसी का भी गोत्र नहीं मिलता था तथा वे दास दासी बनने पर ही मजबूर होते थे.

13. **स्वयंबिक्रत** : हरीशचन्द्र की तरह स्वयं को बेचने वाली स्त्रियां इस वर्ग में आती थीं.

दासी प्रथा सम्बंधी ब्राह्मणिक नियम

मनु के अनुसार गाय भैंस घोड़ी ऊंटनी **दासी** भेड़ बकरी सें उत्पन्न सन्तान पर माँ का ही अधिकार होता है पैदा करने वाले नर का नहीं होता. (9.48) अतः दासी सें पैदा सन्तान का भरण पोशण करने की जिम्मेवारी माँ की होती है पैदा करने वाले बाप की नहीं. अर्थात आर्य मालिक अपनी दासी को पशुओं की तरह रखता था. उसके रूप यौवन का आनन्द लेता था लेकिन उससें पैदा बच्चों को पालने की जिम्मेवारी दासी की ही होती थी. महान आर्य समाज!!

द्रोपदी जूए में हारी गई.

गर्भवती सीता को जंगल में फिकवा दिया गया.

अहिल्या पत्थर की बनी पर इन्द्र के बकरे के अण्डकोश लगा दिए गए.

कृष्ण नहाती हुई औरतों के कपड़े उठा लेता है उन्हें तब तक नहीं लौटाता जब तक वे नग्न हो कर उसके सामने नहीं आती

अध्याय 9

सुधारकों का क्रूर दमन

भारत में युगों सें दो विचारधाराएं चली आ रही हैं एक श्रमण संस्कृति तथा दूसरी ब्राह्मण नीति. बाबा साहिब के अनुसार भारत का इतिहास वास्तव में इन दो विचारधाराओं के संघर्ष का इतिहास ही है. जहां श्रमण संस्कृति सदाचार, नैतिकता का दूसरा नाम है वहीं अनाचार, कपट, धोखाधड़ी व अश्लीलता का संयुक्त नाम ही ब्राह्मणधर्म है. ब्राह्मणधर्मियों और उनके देवों के अनाचार के विरूद्ध सदियों सें लोग संघर्ष करते आ रहे हैं. वेद काल में शंबर सें लेकर आधुनिक काल में बाबा साहिब अम्बेडकर तक, यह टकराव अनवरत चला आ रहा है.

हर काल में ब्राह्मणों ने साम दाम दण्ड भेद हर प्रकार के हत्थकण्डे प्रयोग करके अपने विरोधियों का दमन किया है. उन्हें जैसा भी ठीक लगा वैसा ही ढंग अपना कर अपने विरोधियों का दमन किया है.

भगवन वाल्मिकी तथा गुरू कबीर का चरित्र हनन किया. एक को चिड़ीमार तो दूसरे को नाजायज औलाद बताने की घृष्टता की गई. भगवन बुद्ध को बलात्कारी हत्यारे विष्णु का अवतार बताने की घृष्टता की गई. बाबा साहिब को आधुनिक 'मनु' घोषित करने की घृष्टता की जा रही है.

महाराज रावण, गुरू रैदास, सन्त शम्बूक, हरिण्यकशिपु सम्राट वृहदर्थ जैसों की उन्होंने निर्मम हत्या की गई ताकि जनता में दहशत फैले और कोई ब्राह्मणों की ओर अंगुली उठाने की भी हिम्मत न कर पाए. महावीर एकलव्य को अपंग बना दिया गया.

लेकिन यह भी एक तथ्य है कि इतने जुल्मों के बावजूद भारतीयों ने ब्राह्मणों और उनके अनाचारी देवों के विरुद्ध अपना संघर्ष जारी रखा है. अगर इस संघर्ष को काल गणना के अनुसार देखें तो हम पाते हैं कि हर काल में भारतीय वीरों ने ब्राह्मणवाद के विरुद्ध अपनी आवाज बुलन्द की है :

1. **सिन्धु काल** : आदि काल सें पूर्व बुद्ध काल तक : शंबर, बाल्मिकी, रावण, एकलव्य, शम्बूक, बली, हरिण्यकशिपु, प्रहलाद, विरोचन
2. **बुद्ध काल** : बुद्ध सें लेकर मौर्य काल के अंत तक : नंद, मौर्य
3. **मध्य काल** : रैदास, कबीर,
4. **आधुनिक काल** : ज्योतिबा, पैरियर, अम्बेडकर, वी टी आर,

आदि सम्राट शंबर

ब्राह्मणवाद के विरूद्ध जो सर्व प्रथम योद्धा उठा उनका नाम हैं शंबर. ऋगवेद में इन्द्र द्वारा उनके सैंकड़ों नगरों को नष्ट करने और जलाने का जिक्र आया है. उनके पानी के बांध तोड़ने का जिक्र आया है. सिन्धु साम्राज्य के लोग आर्य ब्राह्मणों और उनके देवों के अश्लील तथा वीभत्स यज्ञों के विरूद्ध संघर्ष कर रहे थे. जहां आर्य गुण्डे किस्म के लोग थे स्थानीय मूल निवासी सीधे सादे लोग थे.

अतः गुण्डे आर्य–सेनापति इन्द्र के हाथों मारे गए. ब्राह्मणों ने इन्द्र को भगवान घोषित कर दिया. उसके गुणगान करने के लिए वेद रच डाले. जैसे अधिक भिक्षा पाने के लिए भिखारी हरेक स्त्री को पुत्रवती होने का वरदान देते है, लम्बी आयु की दुआ देते हैं वैसा ही कुछ ब्राह्मण ऋषियों ने इन्द्र के लिए किया. ब्राह्मण ऋषियों ने इन्द्र की शान में अनेको श्लोक बना डाले क्यों कि उसने इन ब्राह्मणों की ऐयाशी की राह आसान कर दी थी.

ऋषि और देवता शराबी कबाबी और चरित्रहीन होते थे. अतः ब्राह्मणिक देव कभी भी रक्ष संस्कृति के जवानों के सामने नहीं टिक पाये. वे बार बार हारे. वेद पुराण उनकी ऐसी हारों के किस्सों से भरे पड़े हैं. तब वे देव इक्ठे होकर अपने मुखिया ब्रह्मा या विष्णु के पास जाते थे. वे सब लोग मिल कर कोई साजिश रचते थे तथा उसी साजिश पूर्ण नीति का सहारा लेकर रक्ष संस्कृति के नायकों को मार देते थे.

उनके किसी ग्रन्थ में ऐसा एक भी किस्सा नहीं है जहां देवों ने बिना छल कपट के विजय प्राप्त की हो!!

देवों और बाह्मणों के जितने भी हीरो अर्थात भगवान हुए हैं उन्होंने हमेशा कपटपूर्ण साम दाम दण्ड, भेद की नीति का सहारा लिया और जन नायकों का कत्ल किया. जैसे ही मूलनिवासी जननायक की हत्या होती थी आम जनता को रौंद दिया जाता था. उनके घर जला दिये जाते थे. मवेशी अगवा कर लिए जाते थे.

आदि सम्राट शंबर की हत्या भी इसी प्रकार सें की गई. जब वे सोये हुए थे तो इन्द्र ने धोखे सें उनका सिर काट कर हत्या कर दी. उनकी हत्या करने के बाद ब्राह्मणिक आर्यो ने इन्द्र के नेतृत्व में हैवानियत का नंगा नाच किया. इन्द्र ने सिन्धु साम्राज्य के 99 नगरों को तहस नहस कर दिया गया. बच्चे बूढ़े जवानों को निर्दयता सें कत्ल कर दिया गया. सिन्धु साम्राज्य के नगरों की खुदाई में इस बात के सबूत मिले हैं कि वहां के निवासियों को कत्ल किया गया था तथा उनके घरों को आग लगाई गई थी.

ऋग्वेद में इन्द्र की इन करतूतों का बार बार बखान किया गया है. भोली भाली जनता को कत्ल करने, उनके घरों दुकानों व अनाज भण्डारों को जला देने की निर्मम घटना को वेदों में ईश्वरीय चमत्कार बताया गया है. ऐसी वहशियाना घटनाएं एक बार ही नहीं हुई बकल्क बार बार हुईं.

जैसे दिल्ली अनेकों बार उजड़ी तथा फिर सें बसाई गई वैसे ही सिन्धु साम्राज्य के नगर उजाड़े जाने के बाद फिर सें बनाए गए. सबसें हैरानी की बात यह है कि सभी भवन, घर, दुकानें या अनाज भण्डार वैसे की वैसे ही बना दिए गए. प्राचीन नगरों की खुदाई में यह पाया गया कि सभी घर अनेकों बार टूट कर बने मगर उनके नक्शे तक में कोई बदलाव नहीं आया. कोई गली कोई मौहल्ला नहीं बदला.

शायद यही कारण रहा है कि भगवन बुद्ध ने अपनी बाणी में सिन्धु साम्राज्य के नष्ट होने की बात नहीं की है. उनके समय में भी सिन्धु साम्राज्य वैसे ही फल फूल रहा था जैसे ब्राह्मणों के आगमन सें पहले अपने शिखर पर था. सम्राट शंबर के कत्ल के बाद सिन्धु साम्राज्य नष्ट नहीं हुआ. भारतीयों ने फिर सें अपना साम्राज्य बनाया.

हरिण्यकशिपु

एक बात जिसने हमें बार बार हैरान परेशान किया है वह यह है कि प्राचीन मूल निवासी सम्राटों के नाम स्वर्ण यानि सोने सें सम्बंधित रहे हैं. उनके पास सोने के ढेर होते थे. हरिण्यकशिपु का अर्थ है सोने का पहाड़. महाराज रावण की लंका को सोने की नगरी बताया जाता है. **सिन्धु साम्राज्य के नगरों में कहीं भी लोहे की बनी हुई वस्तु प्राप्त नहीं हुई है. उनके हथियार तक तांबे तथा सोने सें बने हुए मिले हैं. जब भारत के मूल निवासी**

ब्राह्मणों सें हार गए तो मनु स्मृति आदि ब्राह्मणिक ग्रन्थों में यह नियम बनाया गया कि यह लोग सोना धारण नहीं करेंगे. उनके गहने लोहे के तथा बर्तन मिट्टी के होंगे!

इसी बात पर गुरू रैदास बोले : दारिद देख हर कोई हंसे, ऐसी दशा हमारी!

हरिण्यकशिपु को मारने के लिए उनके बेटे प्रह्लाद को गद्दी का लालच दिया गया. बेटे सें गद्दारी करवा कर उनकी नृशंस हत्या की गई. बाद में प्रह्लाद, उसके बेटे विरोचन तथा उसके बेटे बली ने इन्हीं देवों के विरूद्ध घमासान किया और अंत में वे भी कपट का शिकार हुए. राम ने विभिशण को बरगलाया और महात्मा रावण की हत्या करने में सफल हुआ. विभिशण सें अगर गद्दारी न करवाई जाती तो राम आज तक महाराजा रावण के पास दूत भेज कर सीता को वापिस लौटाने की फरियादें ही कर रहा होता!! विष्णु ने वृंदा सें बलात्कार करके महाराज जालंधर की हत्या की.

आदि काल सें लेकर पहली सदी तक ब्राह्मणों और दूसरे वर्णों में वर्चस्व की लड़ाई चलती रही जिसमें ब्राह्मण हारते ही रहे थे क्योंकि कोई भी उनके मत को स्वीकार करने को तैयार नहीं था. लोग ब्राह्मणों द्वारा किये जा रहे बलि यज्ञों सें परेशान थे. ब्राह्मण यज्ञों में गाय, बैल, घोड़े मार कर खा जाते थे. यज्ञ वेदी पर अश्लीलता का नंगा नाच होता था. अतः जब गौतम बुद्ध ने धर्म–चक्र चलाया तो लोग ब्राह्मणवाद सें मुक्ति का मार्ग मिल गया. उन्होंने ब्राह्मणवाद के हरेक सिद्धांत की धज्जियां उड़ा दी.

बुद्ध की शरणागत शूद्रों ने नन्द वंश की नींव रखी. उन्हीं के बारे में कथा है कि ब्राह्मण चाणक्य जब उनके दरबार में बेइज्जत किया गया तो उसने नंद वंश को समाप्त करने की कसम खाई तथा चन्द्रगुप्त मौर्य के साथ मिल कर उसने नंद वंश का नाश कर दिया. लेकिन इतिहास में इसका कोई प्रमाण नहीं मिलता. वास्तव में चन्द्रगुप्त मौर्य भी नंद सम्राट रासयसय का पुत्र ही था. अशोक सें पहले तक के शूद्र राजा निजि जीवन में श्रमण धर्मी थे. कोई भी उनमें ब्राह्मणधर्मी नहीं था. अशोक ने बुद्ध धर्म को राज धर्म घोषित किया. मौर्य सम्राटों ने उनका मानवता का संदेश घर घर तक पहुँचा दिया.

तब पहली बार ब्राह्मणों ने वह किया जिसकी पूर्व में कहीं मिसाल नहीं मिलती. उन्होंने सम्राट अशोक के पौत्र राजा वृहदर्थ का कत्ल कर दिया तथा राजगद्दी पर कब्जा कर लिया. तब भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि सत्ता पर शूद्र के अतिरिक्त किसी अन्य वर्ण का अधिकार हुआ हो. सम्राट वृहदर्थ का कत्ल करके पहली बार एक ब्राह्मण सत्ता पर काबज हुआ अन्यथा उससें पहले भारत पर शूद्रों और सिर्फ शूद्र राजाओं का ही शासन रहा था. सत्ता हथियाते ही उन्होंने बौद्धों का कत्लेआम शुरू किया. मनु स्मृति की रचना की. पुराण रच डाले. शूद्र–विरोधी साहित्य रचा गया. उनके विरूद्ध अमानवीय नियम बनाए. बुद्ध काल में केवल दास प्रथा थी. शूद्र भी थे मगर उनको घृणा नहीं की जाती थी. जिन लोगों ने बुद्ध की शरण ली ब्राह्मणों ने उन्हें दैत्य, दानव, असुर राक्षस आदि नाम दे डाले.

ब्राह्मण ऋषि पतंजलि के उकसाने पर जातिय अपमान का बदला लेने के लिए ब्राह्मण पुश्यमित्र ने सम्राट वृहदर्थ की हत्या की. (समु 5.142)

शंबर : बलि, विरोचन : दीवाली

9.1 प्रथम सुधारक : महात्मा रावण

[Façade of Ravana ka kÈi], Ellora

Photograph of the entrance to the Ravana ki kÈi temple at Ellora, part of the Allardyce Collection: Album of views and portraits in Berar and Hyderabad, taken by J. Johnston in the 1860s. The site of Ellora Ès a spectacular series of Hindu, Buddhist and Jain cave temples excavated into the rocky façade of a cliff of basalt. The works were carried out under the patronage of the Kalachuri, the CÈlukya and the Rashtrakuta dynasties between the 6th and the 9th Centuries. The cave known as Ravana ki kÈi was a Buddhist viÈra tÈt was converted to a temple dedicated to Shiva in the early 7th century. It consists of a small sanctuary adjoining a square columned mandapa and verandah. Inside, figural panels depict SÈivite and Vaishnava figures.

9.1.1 महात्मा रावण का भारतीय समाज पर किये उपकार

9.1.1.1 विवाह प्रथा : ब्राह्मणों के किसी भी ग्रन्थ : वेद, पुराण, महाभारत, रामायण में शादी का कहीं कोई जिक्र नहीं है. किसी भी आर्य ब्राह्मण, देव अथवा उनके भगवानों में सें कभी किसी ने शादी नहीं की. राम सीता को शर्त में जीत कर लाया. कृष्ण अपनी मामी राधा को उधाल कर लाया था. आर्यों में स्त्री या तो शर्त में जीती जाती थी अथवा हरण की जाती थी या फिर भगाई जाती थी. या फिर अधिकाधिक माँ बाप किसी को थोड़े समय अथवा पक्के तौर पर उधार दे देते थे. एक पुरुष एक स्त्री का नियम महात्मा रावण ने शुरू किया. आर्यों का मुक्त व्यभिचार उन्होंने बन्द किया. भारतीय नारी को इज्जत बख्शी. नारी की इसी इज्जत सें दुखी होकर ब्राह्मणों ने फतवा दिया कि जो नारी पतिव्रता होगी उसे अपने पति के साथ सती होना पड़ेगा.

9.1.1.2 यज्ञों की जगह हवन : 16 ब्राह्मण ऋत्विकों की जगह एक व्यक्ति सें यज्ञ करवाने अथवा स्वयं करने का आदेश जारी किया. उनसें पहले केवल ब्राह्मण ही किसी के यहां यज्ञ सम्पन्न कर सकता था. ब्राह्मण अपने घर में स्वयं यज्ञ कर सकता था लेकिन किसी अन्य को यज्ञ स्वयं करने का अधिकार नहीं था. यज्ञ बहुत मंहगे होते थे अतः मनु ने आदेश दिया कि आम आदमी यज्ञ न करवाये. महात्मा रावण ने न केवल हरेक आदमी को अपने घर में सस्ते सुलभ हवन करने की इजाजत दी बल्कि उन्होंने घर पर शांतिमय हवन करने की विधि भी बनाई. यही उनकी हत्या करने का प्रमुख कारण था. सीता हरण सें उनकी हत्या का कोई सम्बंध नहीं था क्योंकि जब उनकी हत्या की साजिश रची गई उस समय तो सीता का जन्म भी नहीं हुआ था. उसके हरण का तो प्रश्न ही नहीं था.

9.1.1.3 गो–हत्या पर पाबंदी : महाराज रावण ने धर्म के नाम पर हर प्रकार की हत्या पर सख्ती सें पाबंदी लगाई. चाहे कोई यज्ञ करे, श्राद्ध करे या कोई अन्य त्योहार मनाये उसमें किसी भी प्रकार के पशु : गाय, घोड़ा, बैल, बकरा मेढा आदि के मारे जाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया. अवहेलना करने वालों को सख्त सजायें दी. पवन, अग्नि, अरुण वरुण जैसे देवों ने थोड़ी चूं चपड़ की तो सम्राट रावण ने उन्हें बन्दी बना कर जेल में डाल दिया. एक बार ब्राह्मणों के देवताओं के राजा इन्द्र को वहम हो गया कि वह "बहादुर राजा" है. उसे यह वहम इसलिए हुआ क्योंकि ब्राह्मण ऋषि रोज उसकी चापलूसी में उसे वेद मन्त्र सुनाया करते थे. उसे लगा वह सचमुच बहादुर है, राजा है. अतः पशु हत्या की यह पाबंदी उस पर लागू नहीं होती. उसने ऐसा यज्ञ करना शुरू किया. सम्राट रावण को यह बात पता लगी. उन्होंने अपने वीर सपुत्र मेघनाद को भेजा. उनके सामने आते ही इन्द्र की हवा सरक गई. उन्होंने इन्द्र को बन्दी बना कर अपने सम्राट के सामने वैसे ही ला पटका जैसे ब्राह्मण यज्ञ में काटने के लिए गायें लाकर पटकते थे. सभासदों की प्रार्थना पर महाराज रावण ने वीर मेघनाद को **"इन्द्रजीत"** की उपाधि सें सम्मानित किया.

इन्द्र को निरीह पशु काटने मारने के लिए मुकद्दमा चला और लंका की न्यायलय ने उसे कैद की सजा सुनाई. जब ब्रह्मा को इन्द्र की कैद का पता लगा तो वह भागा भागा महाराज रावण के दरबार में आया. उसने इन्द्र को रिहा करने की अपील की. लम्बी वार्ता के बाद अंततः ब्रह्मा को यह आश्वासन और वचन देना पड़ा कि कोई भी देव गंधर्व आदि कुल का आदमी न तो यज्ञों में पशुओं को मारेगा और न ही उन पर धोखे सें वार करेगा. उन्होंने इन्द्र को तो छोड़ दिया लेकिन बाकी सारे देव उन्हीं की कैद में सड़ते रहे.

लेकिन वह देव ही क्या जो गद्दारी न करे, बेईमानी न करे!! सभी जानते हैं कि देवों ने साजिश करके महात्मा रावण का धोखे सें कत्ल कर दिया.

गोमाता सदा महात्मा रावण की इस उपकार के लिए आभारी रहेगी !!

9.1.1.4 नरमेध समाप्त किये : ब्राह्मणग्रन्थ (वेद सें लेकर पुराण तक) इस बात के साक्षी हैं कि ब्राह्मण और उनके देव यज्ञों में आदमियों को भी काट कर आग में भून कर खा जाते थे. महात्मा रावण ने इस प्रथा को बिना रहम दिखाये समाप्त किया. जो लोग नर मेध यज्ञ करते पाये गये उन्हें उसी यज्ञ की आग में झोंक दिया गया. उनको वैसें ही काट कर यज्ञ की आग में झोंका गया जिस तरह सें उन ऋत्विकों ने बलि-मानव को काटा था. बस उनको आग में झोंकने के लिए वेद मन्त्र गाने की आवश्यकता नहीं पड़ी.

9.1.1.5 वर्ण व्यवस्था का नाश : ब्राह्मणों को महात्मा रावण सें जो दूसरा मुख्य दुख था वह था कि उन्होंने ब्राह्मणों द्वारा बनाये गये वर्ण व्यवस्था के सिस्टम को ध्वस्त कर दिया था. उन्होंने पूरे विश्व समुदाय को एक बना दिया था. आज के भारतीय संविधान की तरह उन्होंने सभी मनुष्यों पर एक ही कानून लागू किया. कोई भी व्यक्ति अपनी योग्यता अनुसार कोई भी काम करने को आजाद था. एक भंगी भी पुरोहिताई कर सकता था. और एक ब्राह्मण को पेट भरने के लिए सफाई कार्य करना पड़ सकता था. गांधी की तरह उसे "अगले जन्म" भंगी के घर पैदा होने का इन्तजार नहीं करना पड़ता था. बलि–यज्ञ समाप्ति और जाति प्रथा का नाश सीधे तौर पर ब्राह्मणवाद पर चोट थी. माँस, मदिरा और मैथुन वाले यज्ञ बंद हो गये तो देव भी भूखों मरने लगे. तब उन्होंने अपनी धूर्त चालें चली और महात्मा रावण की हत्या कर दी.

9.1.1.6 यक्ष की जगह रक्ष संस्कृति की नींव रखी : ब्राह्मण ऋषियों और उनके देवों का काम माँस खाना, दारू पीना और स्त्रियों सें ऐयाशी करना था. उनकी संस्कृति यक्ष संस्कृति कहलाती थी. उनका

नारा था "वयम भक्षाम" हम भक्षण करेंगे, हम भोग करेंगे. इसे भक्ष संस्कृति कहना ज्यादा सही होगा. महात्मा रावण ने इन ऐयाशों की आवारगी पर रोक लगाई तथा उसकी जगह "रक्ष संस्कृति" की स्थाप्ना की जिसका नारा था "वयम रक्षाम" अर्थात हम रक्षा करेंगे : निरीह पशुओं की, अबलाओं की, कमजोरों की, सदाचार की. इस संस्कृति को अपनाने वाले को "रक्षक" कहा जाता था मगर ब्राह्मणों ने महाराज रावण की हत्या करने के बाद उनके अनुयाइयों को राक्षस का नाम दे दिया जबकि राक्षसों वाले काम ये ब्राह्मण ऋषि और देव करते थे.

9.1.1.7 **प्रथम महिला सेनापति शरूपनखा :** रामायण में दो प्रकार की महिलाओं का चरित्र चित्रण है. एक ओर आर्य महिलाएं कौशल्या कैकेयी सीता आदि तथा दूसरी ओर अनार्य महिलाएं शरूपनखा, मन्दोदरी

9.1.2 महात्मा रावण बौद्ध थे – एक तथ्य

लंकावतार सूत्र में महात्मा रावण को बौद्ध बताया गया है. इस सूत्र में वर्णन है कि उन्होंने भगवन बुद्ध सें अनेक विषयों पर विचार विमर्श किया था तथा उनका मार्ग दर्शन लिया था. उन्होंने भगवन बुद्ध सें विज्ञानवाद पर पूरे एक सौ प्रश्न पूछे थे. भगवन बुद्ध को विज्ञानमातृक भी कहा जाता है अर्थात विज्ञानवाद की सृजना करने वाले. महात्मा रावण ने विज्ञानवाद पर जो मुक्ष्य सवाल पूछे वे इस प्रकार सें हैं.

थाईलैंड में अभी हुई खुदाई में भिक्षुओं के मिट्टी के प्याले मिले हैं. इन प्यालों पर तमिल–ब्रह्मी लिपि में "tu Ra von" "त्रावॅन" शब्द उकेरे गये हैं जिसका अर्थ है "भिक्षु". (द हिन्दू 17.07.2006) अतः जैसे "बुद्ध" का वास्तविक नाम सिद्धार्थ था लेकिन आज पूरा विश्व उनको बुद्ध के नाम सें ही जानता है वैसे ही महात्मा रावण का वास्तविक नाम उउउउ था मगर बौद्ध भिक्षु बन जाने के कारण उनका नाम "रावण" ही प्रसिद्ध हो गया.

9.1.3 **क्या उनकी लंका सिन्धु साम्राज्य है?** (तबाह की इन्द्र ने. कहानी गढी राम की)

9.2 **असुर आंदोलन**

9.2.1 **शंबर**

9.2.2 **जालन्धर** दैत्यराज का यूटोपिया नष्ट किया विष्णु ने

9.2.3 **प्रहलाद**

9.2.4 **भैरव**

9.2.5

9.3 **क्षत्रियों का विद्रोह यानि शूद्रों की उत्पत्ति**

9.4 **बौद्ध व जैनों का नर संहार**

9.5 **आंतरिक संघर्ष**

9.6

02 . 2006 प्रथम समाज सुधारक : महात्मा रावण

महात्मा रावण के भारतीय समाज पर उपकार :

1. हिंसक यज्ञ की जगह होम करने का प्रचलन किया.
2. सोलह ब्राह्मणों की बजाए एक पुरोहित अथवा स्वयं होम करने का प्रचलन किया.
3. विवाह प्रथा का प्रचलन : आर्य समाज में माँ, बहन बेटी आदि का कोई रिश्ता नहीं था. वे पशुओं की तरह सरेआम किसी सें भी यौन सम्बंध बना लेते थे. महात्मा रावण ने इस पशु व्यभिचार को बन्द किया. साथ में उन्होंने माँ, बहन, बेटी, पोती सें यौन सम्बंध बनाने पर भी रोक लगाई. यज्ञ विशेष तौर पर आर्य समाज के उन्मुक्त व्यभिचार के अड्डे थे. इस तथ्य को इस पुस्तक में यथासंभव बताया जा चुका है. यज्ञों को विशेष तौर पर अनुशासित किया गया.
   उनके हरम में हनुमान ने अनेकों स्त्रियां देखी मगर उनके शयन कक्ष में उनके साथ मात्र महारानी मंदोदरी सो रहीं थीं. उनकी जो भी संताने थी सभी उन दो की संतान थीं. दशरथ की तरह अलग अलग रानियों सें न थी तथा न ही कुन्ती की तरह अलग अलग पुरुषों सें थीं.
4. देवताओं तथा ऋषियों के अनाचार सें समाज को मुक्ति

5. वयम् रक्षाम् समाज की स्थापना
6. अंतर्जातीय विवाह शुरू किए

अध्याय 10
दिमागी गुलामी के सिद्धांत

क्षेत्र = खेत कूरूक्षेत्र = वह खेत जो कौरवों पाण्डवों के पूर्वज कुरू ने जोता था. 1.1

10.1 दिमागी गुलामी की परकाश्ठा : गीता

आज के समय में गीता ब्राह्मण-धर्म की सबसें प्रसिद्ध पुस्तक मानी जाती है. आज के समय में लोग वेद, उपनिषद आदि को भूल चुके हैं. वस्तुतः उन्हें रद्दी की टोकरी में डाल चुके हैं. हिन्दुओं की 99 प्रतिशत आबादी चारों वेदों का नाम भी नहीं जानती. मात्र कुछेक विद्यार्थी तथा कुछेक ब्राह्मण पुरोहित हैं जो चारों वेदों का नाम जानते हैं. और शायद ही कोई होगा जिसने चारों वेद पढ़े होंगे. 108 उपनिषदों की तो किसी ने शक्ल भी न देखी होगी. 18 पुराणों के पुलिंदे भी किसी ने खंगालने की जहमत नहीं की होगी. ले दे कर मात्र बचती है गीता. और गीता ही वह पुस्तक है जो अब तक ब्राह्मण-धर्म को बचाये हुए है. अगर गीता न होती तो ब्राह्मणों की रोजी रोटी का साधन कभी का समाप्त हो लिया होता तथा ब्राह्मण-धर्म अपनी मौत कभी का मर लिया होता.

अतः प्रश्न उठना स्वभाविक है कि ऐसा क्या है गीता में जो इसे इतना मान दिया जा रहा है. इस प्रश्न का सीधा सा उत्तर है कि गीता ब्राह्मण-धर्म का आईना है. ब्राह्मण-धर्म वास्तव में धर्म न होकर राजनीति, व्यापार और जालसाजी का ऐसा संगठन है जिसका एक मात्र लक्ष्य पैसा कमाना और सत्ता पर काबिज रहना है. इस लक्ष्य के लिए इस धर्म के ठेकेदार अर्थात ब्राह्मण कुछ भी करने को तैयार रहते हैं. इनके लिए धर्म वही है जो इनको धन और सत्ता दिला सके. गीता इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए इनका मुख्य हथियार है.

जैसे एक ही सुपर मार्किट में बाल उगाने सें लेकर बाल उड़ाने तक के सभी प्रसाधन होते हैं वैसे ही गीता में सभी कुछ है. चाहे साधु बनो या चोर बनो सारे रास्ते गीता में मौजूद हैं. विश्वविद्यालय के कुलपति सें लेकर अंगूठाछाप मजदूर तक सभी को गीता में अपने जैसा बने रहने का साधन मिल जाता है. गांधी को अहिंसा रूपी कायरता और सरदार भगत सिंह को बम फोड़ने की बहादुरी गीता सें मिल जाती हैं. कुल मिला कर जैसे सुपर मार्किट में अलग अलग खानों में अलग अलग किस्म की वस्तुएं रखी होती हैं और ग्राहक अपनी मन मर्जी सें कोई भी वस्तु ले सकता है वैसे ही गीता है. इसके भिन्न भिन्न अध्यायों में भिन्न भिन्न प्रकार के संदेश भरे पड़े हैं. वैसे व्यक्ति को इसके भिन्न भिन्न अध्यायों में जाने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती क्योंकि हरेक को एक ही अध्याय में अपनी जरूरत का सामान मिल जाता है. जैसी भक्त की आवश्यकता हो वैसा श्लोक छांट ले. कई जगह तो लगातार दो श्लोक एक दूसरे के विपरीत हैं. एक श्लोक में आत्मा एक शरीर सें दूसरे में जाने वाली वस्तु है तो दो श्लोकों के बाद यही आत्मा अचल व स्थिर है. एक श्लोक में ईश्वर न तो संसार को बनाने वाला, न चलाने वाला है दूसरे श्लोक में उसकी इच्छा के बिना पत्ता भी नहीं हिलता. एक श्लोक में वेद बेकार वस्तु है तो अन्य श्लोक में वे परम पद दायक हैं. एक श्लोक में ज्ञान सें मुक्ति मिलती है तो दूसरे में ज्ञान सें कुछ होने वाला नहीं है. जिसकी जैसी इच्छा हो वही श्लोक अपना ले.

गीता के इन्हीं गुणों के कारण भदन्त आनन्द कोसलायन ने गीता को भानुमति का पिटारा कहा है. पिटारा खोला जो इच्छा हुई, निकाल लिया. जैसे सुपर मार्किट वाले एक ही ग्राहक को वजन घटाने और वजन बढ़ाने की दवा दे सकते हैं वैसे ही ब्राह्मण गीता में सें आत्मा और अनात्मा, ज्ञान और अज्ञान सभी कुछ दे सकते हैं. आचार्य चतुरसेन ने बिल्कुल सही कहा है कि जिसने भी गीता लिखी उसने चाहे कुछ और दिया या न दिया हो, ब्राह्मणों को सारी उम्र की रोटी जरूर दे दी है. ब्राह्मणों की रोजी रोटी के लिए गीता में तीन तरह के शोशे गढे गए हैं जिनके चक्कर में फंस कर प्राणी सारी उम्र इन ब्राह्मणों के चक्कर काटता रहता है. यह तीन शोशे हैं :

1. **अवतारवाद का सिद्धांत :** ईश्वर धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेता है. अतः जब भी धर्म का नाश होता है भगवान उसे बचाने के लिए धरती पर अवतार ले लेता है.
2. **आत्मा का सिद्धांत :** प्रत्येक जीवित प्राणी में आत्मा होती है. उस आत्मा को परमात्मा सें मिलाना अर्थात मोक्ष प्राप्त करना हर प्राणी का परम धर्म है. मोक्ष के रास्ते ब्राह्मणों के पास हैं.
3. **कर्म का सिद्धांत :** आदमी को काम करना चाहिए, फल की उम्मीद नहीं करनी चाहिए.

गीता के उरोक्त सिद्धांतों के बारे में जो प्रचार किया जाता है उस संदर्भ में पंचतन्त्र में एकदम सटीक एक कथा है कि एक बार एक भोला भाला आदमी अपनी भेड़ लेकर कहीं जा रहा था. रास्ते में उसे तीन ठग

मिले. भेड़ पर उनकी नीयत खराब हो गई. उन्होंने उससें भेड़ हथियाने की साजिश रची. साजिश के अनुसार तीनों अलग अलग स्थानों पर खड़े हो गए. पहले एक ठग उसके पास आया. हाल चाल पूछने के बाद बोला, ''यह कुत्ता कहां लिए जा रहे हो ?'' आदमी हैरानी सें बोला यह तो भेड़ है. पहला ठग मुस्कराया और आगे बढ़ गया. आदमी ने भेड़ की ओर ध्यान सें देखा. उसे लगा कि उसके पास भेड़ ही है. वह आगे चल पड़ा. कुछ देर के बाद दूसरा ठग उसे मिला. उस आदमी को देखते ही बोला, '' यह गंदा सा कुत्ता कहां लेकर जा रहे हो ?'' वह आदमी बेचारा परेशान होकर धीरे सें बोला यह तो भेड़ है. वह ठग उसकी तरफ देखकर जोर सें मुस्करा दिया. तभी वहां तीसरा ठग आ गया. आते ही बोला, ''यह कुत्ता बीमार है क्या ?'' उस व्यक्ति ने भेड़ को गौर सें देखा. उसे यह भेड़ जैसी ही दिखी मगर तीन अलग अलग लोगों सें उसे कुत्ता सुनकर उसे लगा कि वे तीनों झूठे नहीं हो सकते. उसने भेड़ को वहीं छोड़ा और आगे बढ़ गया. रात को उन तीनों ठगों ने मजे सें उस भेड़ की दावत उड़ाई.

ऐसा ही कुछ भारतीय समाज के साथ हो रहा है. कश्मीर सें कन्या कुमारी तक पंजाब सें आसाम तक ऐसे ठग भरे पड़े हैं. सुबह सें शाम तक टीवी रेड़ियो फिल्में अखबार, हर जगह पर यह ठग चिल्ला रहे हैं : आत्मा है, अवतार हुए हैं, जैसे तुम हो यह तुम्हारे कर्मो का फल है. जब तीन ठगों के कहने सें आदमी भेड़ को कुत्ता समझ लेता है यहां तो तीन करोड़ हैं. सभी एक सुर में चिल्ला रहे हैं. अभी कुछ दिन पहले एक ही दिन पूरे भारत के मंदिरों में मूर्तियों ने दूध पीया. इनका तन्त्र इतना सशक्त है कि पूरे भारत में एक साथ एक ही दिन मूर्तियों को दूध पिलाने का प्रपंच रच दिया गया. पूरी भारत सरकार का प्रचार तन्त्र चाहे तो भी वह इस तरह का प्रपंच नहीं रच सकता जो इन ब्राह्मणवादियों ने कर दिखाया.

ऐसा ही गीता का प्रचार है.

10.1.1 अवतार का सिद्धांत

26.05.05 आज 12.06.2006

अवतार का सिद्धांत गीता के अध्याय 4, श्लोक 7 एवं 8 में मिलता है. यह श्लोक इस प्रकार सें हैः

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानि भर्वतिभारत !
अभ्युत्थानमधर्मस्यतदात्मानं स्जाम्यहम् !! (7)
परित्राणाय साधूनां विनाशाय दुष्कृताम् !
धर्मसंस्थापनार्थय संभावमि युगे युगे !! (8)

इन श्लोकों का अर्थ इस प्रकार सें हैः

जब जब भी धर्म की हानि अथवा कमी होती है, हे भारत, अधर्म बढ़ता है तब मैं स्वयं अपनी सृजना अर्थात रचना करता हूँ. साधुओं की सुरक्षा के लिए तथा दुश्टों के विनाश के लिए तथा धर्म की संस्थापना करने के लिए मैं युग युग में संभव होता हूँ अर्थात अवतार या जन्म लेता हूँ.

इस सिद्धांत के अनुसार "अवतार" घटित होने सें सम्बंधित तीन बातें प्रमुख हैं :

1. ईश्वर स्वयं की सृजना करता है अर्थात स्वयं को पैदा करता है.
2. धर्म की हानि और अधर्म की बढोतरी को समाप्त करके धर्म की स्थापना करता है.
3. साधुओं की सुरक्षा करता है तथा दुश्टों का नाश करता है.

सुननें में यह सिद्धांत बहुत कर्णप्रिय है. पूरे विश्व में कोई नहीं चाहेगा कि भगवान ऐसा न करे. हर कोई मानता है कि भगवान होता इसीलिए ही है कि वह धर्म को बचाए, भले लोगों को बचाए. शैतानों और पापियों को हटाए.

प्रश्न उठना स्वभाविक ही है कि क्या सच में अवतार संभव होता है? और जैसा यह सिद्धांत है क्या वास्तव में ब्राह्मण-धर्म में ऐसा हुआ भी है ?. क्या उनके जितने भी अवतार हुए हैं उन्होंने वास्तव में धर्म की स्थापना की है? क्या उन्होंने वास्तव में साधु लोगों की रक्षा की है और दुश्टों को मारा है? इस अध्याय में आगे इन्हीं प्रश्नों की विवेचना की गई है.

अवतार का अर्थः उपरोक्त श्लोक के अनुसार ब्राह्मणों का भगवान स्वयं अपनी इच्छा सें देह धारण करता है. वह किसी की जीवित प्राणी की शक्ल में अपनी रचना कर सकता है. अब तक वह सूअर, मछली, कछूए, अर्धनर के रूप में तो आ चुका है. शेषकभी भी गधे घोड़े कुत्ते बिल्ली सांप आदि की शक्ल में भी आ सकता है. कई बार अजीवित वस्तुओं के रूप में भी आया है जैसा झण्डा शोर आदि.

अन्य धर्मों में तो भगवान सर्वशक्तिमान, निराकार और असीमित है. अन्य धर्मों के संस्थापकों अथवा गुरुओं ने स्वयं को भगवान का बेटा बताया अथवा उसका दूत बताया. केवल ब्राह्मणवाद के अवतारों ने स्वयं को भगवान

बताया.केवल ब्राह्मणों का भगवान ही सीमित आकार का तथा घटिया मानव भावनाओं के बस में रहने वाला है. उनके तीन भगवान हैं ब्रह्मा, विष्णु और महेश. तीनों एक नम्बर के आवारा और काम वासना में लिप्त रहने वाले.

अवतार के बारे में उनकी एक बात सांझी है कि अवतार कब लेना है क्यों लेना है अवतार लेकर कौन कौन से कारनामे अंजाम देने हैं यह सब अवतार लेने सें पहले ही तय कर लिया जाता है. राम ने महात्मा रावण को कत्ल करने के लिए ही अवतार लिया था. वह चाहे सीता का हरण करते या न करते राम ने उनका कत्ल करना ही था. जैसे भेड़िये ने बकरी के बच्चे को खाना ही था चाहे वह पानी गंदा करे या चाहे उससें जुबान लड़ाये! कृष्ण ने राम के रूप में ही सभी देव पत्नियों और ऋषियों को बता दिया था कि अगले अवतार में वह उन सब की काम वासना शांत कर देगा. कंस चाहे पाप करता या न करता कृष्ण ने तो उनकी काम वासना मिटाने के लिये अवतार लेना पहले ही तय कर लिया था.

अवतार की सम्भवता : उपरोक्त श्लोक के आधार पर निम्नलिखित चार शर्तें पूरी होने पर ही ''अवतार'' होने की सम्भावना बनती है :

1. ईश्वर का अस्तित्व होना चाहिए.
2. ईश्वर सर्वशक्तिमान होना चाहिए और भला होना चाहिए.
3. धर्म की ग्लानि होनी चाहिए.
4. साधुओं का दमन होना चाहिए.

1. जहां तक ईश्वर के अस्तित्व की बात है तो बुद्ध धर्म और जैन धर्म किसी भी साकार भगवान के अस्तित्व को स्वीकार ही नहीं करते. उनके अनुसार ईश्वर अगर कोई है तो वह ऐसा बिल्कुल भी नहीं है कि वह किसी प्राणी के वीर्य सें मादा की कोख सें पैदा हो! अतः उनके लिए अवतारवाद एक झूठ, पाखंड के अतिरिक्त कुछ नहीं है. ईश्वर का अस्तित्व मात्र पुरोहितों के लिए ही लाभकारी रहा है. ब्राह्मण पुरोहितों के अतिरिक्त किसी आम आदमी को ईश्वर के होने सें कभी कोई लाभ हुआ हो, ऐसा कोई उदाहरण नहीं है. ब्राह्मणों के लिए ''भगवान'' का अस्तित्व कमाई का मुख्य साधन है. भगवन बुद्ध और जैन तीर्थंकर को कमाई करने का लालच न था. अतः उन्होंने उसके अस्तित्व को नकार दिया.

अन्य सभी धर्म एक ही ''भगवान'' को मानते हैं जो कि निराकार है. सिख धर्म में भी ''एकमकार" अर्थात एक निराकार भगवान को मान्यता दी गई है. समस्त सन्तों ने भी निराकार ईश्वर की सत्ता को स्वीकार किया है. सभी धर्म ईश्वर को एक प्रकाश पुन्ज के रूप में मान्यता देते हैं जिसका कि कोई निश्चित आकार नहीं होता. लेकिन ब्राह्मणों ने तो कमाई करने के लिए अनगिनत भगवान पैदा कर रखे हैंः हत्यारे, बलात्कारी, जुआरी, नपुंसक, पशु नरपशु सभी उनके भगवान हैं जिसको जैसा चाहिए ले जाए!

जहां तक भगवान के भला तथा सर्वशक्तिमान होने की बात है तो यह दोनों बातें परस्पर विरोधी हैं. अगर भगवान भला और सर्वशक्तिमान दोनों है तो वह दुश्ट पैदा ही क्यों करता है या पैदा होने ही क्यों देता है जिससें कि उसे अवतार लेने का कश्ट उठाना पड़े. यह भी सच्चाई है कि दुश्ट तो पैदा होते ही रहते हैं. अतः या तो भगवान सर्वशक्तिमान नहीं है या फिर वह भला नहीं है. अगर वह भला नहीं है तो वह शैतान है और कुदरती तौर पर शैतान भगवान नहीं हो सकता! अगर वह सर्वशक्तिमान नहीं है तो हम जैसा एक साधारण प्राणी है. और हम सब जानते हैं कि साधारण प्राणी भगवान नहीं होता है. अतः अगर वह ''भगवान'' नहीं है तो अपनी इच्छा सें अवतार नहीं ले सकता. अतः कुल मिला कर अवतार का सिद्धांत एक झूठा, कल्पित और पाखंडपूर्ण सिद्धांत है जिसका सच्चाई सें कोई सरोकार नहीं है. किसी भी स्थिति में अवतार होने की सम्भवना नहीं है.

जहां तक ब्राह्मण–धर्म के तथाकथित भगवान के अवतारों की बात है तो इस सिद्धांत को झूठ और पाखंड सिद्ध करने के लिए एक ही तथ्य काफी है कि उनका **कोई भी ''भगवान'' तथा कोई भी ''अवतार'' भला नहीं था**. सभी ने एक सें बढ़ कर एक अनैतिक धन्धे किये हैं. उनके कारनामे पढ़ कर फिल्मी तथा असली गुंडे अथवा डॉन के कारनामे टुच्चे से लगते हैं. उदाहरण के तौर पर आज के समय में ओसामा बिन लादेन को सबसें बड़ा आतंकवादी घोषित किया हुआ है. लादेन का कसूर यह बताया जाता है कि उन्होंने अमरीका के दो व्यापारिक टॉवर ध्वस्त करने की साजिश रची थी. लेकिन ब्राह्मणों के भगवानों अथवा उनके अवतारों ने जो कारनामे अंजाम दिये हैं उसकी तुलना में लादेन का काम तो ''एटम बम के सामने गुलेल की कंकरी" के समान है.

राम के दूत हनुमान ने पूरी लंका को जला डाला जिसमें बच्चे बूढ़े स्त्रियां, बीमार, अपाहिज सभी जल कर मर गए थे. अगर सीता को महात्मा रावण लेकर गये थे तो लंका में रहने वाली बेचारी आम जनता का क्या दोश था. दूध पीते बच्चों का क्या दोश था ? जो उन्हें भी जिन्दा जला कर कत्ल कर दिया गया.

कृष्ण और अर्जुन ने खाण्डव वन में आग लगा दी. उस जंगल में रहने वाले नाग कबीले के लोग जला कर मार दिए गए. ब्राह्मण–ग्रन्थों में बड़े गर्व सें वर्णन किया गया है कि जो बच्चे, बूढ़े, जवान व स्त्रियां जान बचाकर जंगल सें बाहर भागे उन को पकड़ पकड़ कर वापिस आग में फैंक दिया गया. बच्चे बूढ़ों स्त्रियों ने रहम की भीख मांगी, रोये, गिड़गिड़ाये मगर कृष्ण और अर्जुन की रक्त पिपासा पर उनकी सिसकियां बेअसर रही. जब तक पूरे खाण्डव वन के समस्त नर नारी बच्चे जल नहीं मरे इनकी दरिंदगी शांत न हुई.

इन ब्राह्मणों का एक और अवतार ब्राह्मण कुल में पैदा हुआ परशुराम था. उसका बाप जमदग्नि एक ऋषि था. उसका किसी अर्जुन नामक आदमी सें झगड़ा था जो कि क्षत्रिय था. उनके झगड़े में परशुराम का बाप मारा गया. बदले में ब्राह्मणों के भगवान के अवतार ने पूरी धरती पर जितने क्षत्रिय थे उन सबको कत्ल कर दिया. जो धरती पर आ चुके थे उन्हें ही नहीं मारा बल्कि जो बच्चे क्षत्राणियों की कोखों में पल रहे थे, उनको भी मार दिया. उसने अपने परशु (फरसा) सें गर्भवती स्त्रियों के पेट फाड़ दिये. गर्भ सें बच्चे निकाल कर उन्हें काट दिया. ब्राह्मणों के उस ''भगवान के अवतार'' ने एक बार नहीं बल्कि 21 बार ऐसा किया. काश ! बिन लादेन मियां ब्राह्मणवादी होते! तो आज वे भी इनके अगर भगवान नहीं तो छोटे मोटे देवता तो जरूर बना दिए जाते.
अतः ब्राह्मणों के किसी भी भगवान ने कभी भी ''अवतार'' लेकर भला काम नहीं किया.

ब्राह्मणों का भगवान यानि आत्महत्या का मार्ग

वैसे तो भगवान का अस्तित्व लगभग सभी धर्म वाले मानते हैं लेकिन ब्राह्मणवाद में भगवानों की लाईन लगी हुई है. तरह तरह के भगवान इसमें मौजूद हैं लेकिन यह भी तथ्य है कि अनेकों ब्राह्मणवादी भगवान को न पाकर आत्महत्या करने पर मजबूर हुए हैं. श्री एस एन शास्त्री ने अपनी पुस्तक "ईश्वर चक्र धर्म चक्र प्रवर्तन सूत्र और चुनाव चक्र" में ऐसे कुछ भगवानों की सूचि दी है.

- रामतीर्थ ने विदेशों में वेदान्त का प्रचार किया. "अहं ब्रह्मास्मि अर्थात मैं ब्रह्मा हूँ" का प्रचार किया लेकिन अंत में ब्रह्म न पाकर उसने अलखनंदा में डूब कर आत्महत्या कर ली
- कुमारिल भट्ट ब्राह्मण था. साम की नीति अपनाते हुए उसने बौद्ध धर्म को अपनाने का दिखावा किया. जब लोग उसे बौद्ध समझने लग गये तो उसने बौद्ध धर्म विरोधी आचरण करना शुरू कर दिया. भगवान की खोज करने लग गया. अन्त में भगवान न पाकर तथा बुद्ध धर्म के विरुद्ध झूठा प्रचार करने की ग्लानि में स्वयं को आग लगा कर आत्महत्या कर ली.
- संकराचारय ने भी कुमारिल भट्ट जैसा आचरण किया. संकराचारय उससें भी दो कदम आगे निकल गया. एक तो उसने राजा सुन्धवा की सेना लेकर बौद्ध भिक्षुओं का कत्लेआम किया तथा उसने स्वयं को ब्रह्म अर्थात भगवान घोषित कर दिया. लेकिन अंत में जब उसका भंडा फोड़ हुआ तो उसने भी आत्महत्या कर ली.
- चैतन्य ने स्वयं को भगवान सें भी ऊपर की चीज बताया. अपने आप को महाप्रभु कहलवाया लेकिन भगवान न पाकर वह भी समुद्र में डूब मरा.
- ज्ञानेश्वर के सामने भैंस रंभाई. उसने लोगों सें कहा कि भैंस के मूंह सें वेद की आवाज निकल रही है. उसने भैंस के रंभाने और वेद मन्त्रों के पाठ में एकसमानता को सिद्ध किया. लेकिन अंत में वेदों के द्वारा भगवान की प्राप्ति न होने पर उसने भी आत्महत्या कर ली.
- मरहटा शिवा के गुरू रामदास ने भी भगवान को न पाकर आत्महत्या कर ली.
- ब्राह्मणों के तथाकथित भगवान ने पांडवों के हाथों उनके सभी भाई बन्धु मरवा दिये. अंत में पांडवों ने भी हिमालय की बर्फ में दब कर आत्महत्या कर ली.
- औरों का तो क्या कहना स्वयं विशणु का एक चौथाई अवतार कहे जाने वाले लक्ष्मण ने राम के कहने पर सरयू में डूब कर आत्महत्या कर ली थी और विशणु का एक आधा अवतार कहे जाने वाला राम भी अंत में जीवन भर दुख उठा कर सरयू में डूब मरा.

जहां तक धर्म का सम्बंध है, अब तक भगवान मात्र ब्राह्मणों का ही धर्म बचाने आया है. स्वयं तुलसी भी कहता है कि "विप्र धेनु सुर संत हित लीन्ह मनुज अवतारा" अर्थात ब्राह्मण और गाय के भले के लिए ही अवतार होते हैं. शेषदुनिया गई भाड़ में! किसी भी अन्य धर्म में भगवान उसके पुरोहितों को बचाने अवतार बन कर नहीं आया. तो क्या भगवान का दायरा सिर्फ ब्राह्मणों तक ही सीमित है? जैसे आगे दी गई सूचि सें स्पश्ट है अवतारों ने नैतिकता की बजाए मात्र ब्राह्मणों की रक्षा की है. धर्म के नाम पर जो कुकर्म ब्राह्मण करते थे, उनका भगवान उन कुकर्मों को ही बचाने आया है.
दूसरों का तो कहना ही क्या, भगवान कभी जो उसके अपने धर्म के आम आदमी हैं उनको बचाने भी नहीं आया. औरंगजेब पर जबरन धर्म परिवर्तन करवाने का आरोप है. तब भगवान नहीं आया. पंजाब में एक दशक तक हजारों बेगुनाहों को बसों सें उतार कर मारा गया, तब भी ब्राह्मणों का भगवान नहीं आया. और तो और जब लुटेरों ने ब्राह्मणों के मंदिर लूटे और उनकी बहन बेटियां अगवा कर ले गये तब भी वह अवतार नहीं हुआ. गुजरात में हजारों बेगुनाह मारे गए, हिन्दु भी मुस्लिम भी, तब भगवान अवतार बनके क्यों नहीं आया? इन्दिरा गांधी के कत्ल के बाद हजारों बेगुनाह जिन्दा जलाये गए. तब क्यों नहीं उसने आकर मोदी, अडवानी, भगत राजनीतिज्ञ नरपिशाचों को सज़ा दी?

लेकिन ब्राह्मणों का भगवान तो स्वयं ऐसे काम करता रहा है. इन्द्र ने 99 घर जलाए, हनुमान ने लंका जलाई, कृष्ण ने खांडव वन जलाया. बेगुनाहों को जिन्दा जलाना तो इनका सनातन धर्म है इसीके लिए ही तो उनका भगवान 'संभवामि युगे युगे' होता है.
धर्म को लेकर गीता में जो बयान बाजी की गई है उसके अनुसार धर्म का अर्थ नैतिकता नहीं है. कृष्ण ने गीता का भड़काऊ भाशण तब दिया जब कौरव और पांडव जूए में हारी सम्पत्ति को लेकर लड़ने मरने को तैयार हो गए थे. जूआ खेलना और उसमें प्रयुक्त सम्पत्ति को लेकर लड़ना मरना, मात्र ब्राह्मणवाद में ही धर्म कहे गए हैं. पूरे विश्व में किसी भी अन्य धर्म में इन जैसे कुकर्मों को धर्म नहीं कहा गया है.
अगर मान लें कि गीता कृष्ण के मुख सें ही फूटी है तो वह एक जगह तो (4.7/8) तो कहता है कि जब भी धर्म की हानि होती है वह धर्म को बचाने के लिए अवतार ले लेता है. लेकिन आगे चल कर वह अर्जुन सें फिर कहता है कि वह सब धर्मों को छोड़ कर उसकी शरण में आ जाए. सो अगर भक्तों सें धर्म ही छुड़वा देना है तो अवतार लेने की आचश्यकता ही क्या रह जाती है. लगता है गीता लिखते समय ग्रन्थकार ने सोम कुछ ज्यादा ही चढ़ा ली थी. अतः एक जगह तो भगवान धर्म बचाने आ गया, दूसरी जगह धर्म छुड़वाने यानि नष्ट करवाने आ गया. श्लोक 1.40 में हर कुनबे का अपना कुलधर्म होता है. 1.43 के अनुसार वर्णसंकर संतान का जाति ही धर्म होता है. 2.39 के अनुसार योग अथवा कसरत भी धर्म है. सो कौन सा धर्म बचाने ब्राह्मणों का भगवान अवतार लेता है यह गोरख धन्धा समझ सें परे की बात है. इसी गोरख धन्धे को पंजाबी में भंभल भूसा कहा जाता है.
हितोपदेश की एक कथा है कि एक स्त्री व्यभिचारिणी (राधा) थी. जब उसके पति को इस बात का पता लगा तो उसने स्त्री को मार पीट कर बांध दिया ताकि वह घर सें बाहर न जा सके. तभी उसकी दूसरी साथिन उसे बुलाने आई कि उसका जार उसे बुला रहा है. वह स्त्री बोली कि वह ऐसा कश्टदायक काम नहीं करेगी. दूसरी स्त्री बोली,'' यह कुलटाओं का धर्म नहीं है कि कश्ट के डर सें वे अपने जारों को छोड़ दें.'' निश्चित रूप में ऐसे ही धर्म को बचाने के लिए ब्राह्मणों के भगवान अवतार लेते हैं.
ब्राह्मणवाद के अवतारों पर सटीक टिप्पणी, अनजाने में ही सही, तुलसी ने राम चरित में की है. जब राम ने छुप कर बालि की हत्या की तो तुलसी ने लिखा.

धरम हेत अवतार गोसाईं,
मारेहु मोहि व्याध की न्याईं

अर्थात गोसाईं तुलसी का कहना है कि राम ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लिया है. इसीलिए उसने बालि को वैसे ही कत्ल किया है जैसे शिकारी छिप कर पशु पक्षियों को मारता है.

जहां तक साधुओं को कश्ट होने का प्रश्न है तो सबसें पहले तो यही प्रश्न उठता है कि साधु कौन होता है? हम सब इस बात सें सहमत होंगे कि साधु होने के लिए शुद्ध आचरण सबसें प्रमुख कसौटी है. जिस व्यक्ति का आचरण शुद्ध नहीं है , वह चाहे किसी कुल, किसी जाति में पैदा हुआ हो वह साधु कहलाने के योग्य नहीं है. मात्र ब्राह्मण कुल में पैदा होना ही किसी को साधु नहीं बना देता. राम ने तो तप करते महान ऋषि शम्बूक की हत्या कर दी थी! एक निर्मल साधु की हत्या करके राम ने अवतारवाद के झूठ होने की पुश्टि की है. हनुमान ने जब लंका में आग लगाई तो अनेकों साधु उसमें जिन्दा जल कर मर गए! हनुमान को शिव का अवतार बताया जाता हैं! सो अवतारों ने कभी किसी साधु की रक्षा नहीं की.
आधुनिक काल में बर्बर हमलावरों ने तक्षशिला और नालंदा में शिक्षा ग्रहण करने वाले हजारों भिक्षुओं को मार दिया, सन्त रैदास को ब्राह्मणों ने लाठियों सें पीट कर मार डाला, सन्त कबीर को अनगिनत कश्ट दिए गए. साधु सन्तों को कश्ट देने की उदाहरणों सें इतिहास भरा पड़ा है लेकिन तब एक बार भी अवतार नहीं हुआ! मात्र ब्राह्मण पुराहितों को बचाने ही अवतार क्यों आए? जहां तक साधुओं की रक्षा करने का सवाल है किसी भी अवतार ने कभी किसी असली साधु की रक्षा तो दूर सहायता भी नहीं की.
अतः अवतारवाद का सिद्धांत मात्र ढकोसला है. ब्राह्मणों की कमाई का एक जरिया मात्र है.

03.06.2005 अवतारवाद के झूठ

अवतारी त्रिदेव : लगभग सारे अवतार तीन देवों ब्रह्मा, विष्णु और महेश ने लिये हैं. लेकिन त्रिदेव कैसे पैदा हुआ इसकी कथा भी कम धार्मिक नहीं है. एक बार नारद को इन तीनों की बीवियों ने पूछा कि दुनिया में सबसें पतिव्रता नारी कौन है. नारद ने कहा अत्रि की पत्नि अनुसुइया सबसें बड़ी पतिव्रता है. यह सुन कर तीनों ने पूछा कि वे तीनों सबसें बड़ी पतिव्रता क्यों नहीं हैं. तब नारद ने उन तीनों के व्यभिचार के किस्से बयान किये. सुन कर उनकी बोलती बंद हो गई. तब उन्होंने यह ठाना कि अनुसुइया को अपने बराबर बना देंगी.
अतः उन्होंने उस भोली भाली स्त्री के विरुद्ध एक भयंकर षडयन्त्र रचा. उन्होंने अपने पतियों सें कहा कि वे तुरंत जाकर अनुसुइया सें संभोग (बलात्कार अथवा व्यभिचार) करें. तीनों देवों को तो जैसे मूंह मांगी मुराद मिल गई. वे ब्राह्मण का वेश बना कर अनुसुइया के पास गए. उसने उन तीनों को ब्राह्मण समझ उनके लिए खाना बनाया. वे बोले खाना तब खाएंगे अगर वह नंगी हो कर उनके सामने आये. वह जानते थे कि ब्राह्मण की बात मानने सें

कोई भी नारी मना नहीं कर सकती. वह नंगी होकर खाना परोसने लगी कि तभी अत्रि आ गया. अत्रि अगर कुछ देर लेट हो जाता तो अनुसुइया का भी वही हाल होता जो सरस्वती, वृंदा अथवा मोहिनी का हुआ था.
अत्रि को आया देख कर तीनों नवजात बच्चे बन गये. अनुसुइया ने उन तीनों को एक ही पालने में सुला दिया. वहीं पड़े पड़े उन तीनों के धड़, हाथ पैर आपस में जुड़ गये. अतः उन तीनों का एक नया बालक बन गया जिसके तीन सिर और एक धड़ था. यह त्रिदेव के पैदा होने की धार्मिक कथा है. (बाबा साहिब 8.174)
क्या सबक मिलता है हमें ऐसी कथा सें. यही कि ब्राह्मणों के भगवानों की बीवियां भी चरित्रहीन थीं, व्यभिचारी थीं. वे न केवल शरीर सें चरित्रहीन थीं बल्कि मन आत्मा सें भी चरित्रहीन थीं. उन्होंने अपने पतियों सें यह कहा कि वे किसी गैर की पतिव्रता स्त्री का सतीत्व भंग करें.
एक पल के लिए कल्पना करें कि यह घटना आपकी आँखों के सामने हो रही है. तीनों देव बैठे हैं और वे तीनों चरित्रहीना अपने पतियों को अनुसुइया सें यौन सम्बंध बनाने के लिए कह रही हैं. उन्होंने अपने पतियों को अलग अलग नहीं कहा बल्कि छओं ने एक जगह बैठ कर ही आमने सामने बात की है. ऐसी बातें आजकल वेश्याओं के कोठे पर ही होती हैं या फिर अनैतिक चरित्र वाले लोग ही ऐसी बेहयाई की बातें कर सकते हैं.
इस षडयंत्र के सिवाय तीनों अवतारी आपस में अगर कुत्तों की तरह नहीं तो सांडों की तरह अवश्य लड़ते रहते थे. स्कंद पुराण की कथा के अनुसार एक बार ब्रह्मा और विष्णु में इस बात पर लड़ाई हो गई कि कौन पहले जन्मा है. वे मरने मारने को तैयार हो गए. तभी शिव बोला सबसें पहले तो मैं पैदा हुआ हूँ. ब्रह्मा गाय को ले आया जिसने झूठी गवाही दे दी. गुस्सें में आकर शिव ने ब्रह्मा का सिर काट डाला और विष्णु को प्रथम जन्मा बता दिया. ब्रह्मा भक्तों ने बदले में विष्णु को ब्रह्मा की नाक सें निकला सूअर बना दिया.
रामायण के अनुसार जब राम सीता को जीत कर आ रहा था तो परशुराम ने राम को रोक लिया और कहा कि उसने शिव का धनुष तो तोड़ दिया अब विष्णु का धनुष तोड़ कर अपनी बहादुरी साबित करे. इस बात पर शिव और विष्णु आपस में भिड़ गये. देवों ने दोनों को अलग किया. अंत में विष्णु को बड़ा मान लिया गया. (पहेली 10)
बाबा साहिब के अनुसार ब्राह्मणधर्म में अनेकों देवों भगवानों का होना और उनका आपस में टकराना यह दर्शाता है कि यह धर्म अनेक कबीलों सम्प्रदायों का जमघट है जिनमें हरेक का अपना अपना देवता है. इसी कारण सें हिन्दू की परिभाषा नहीं है और यह बताना लगभग असंभव है कि "हिन्दू" कौन है.
त्रिदेवों का आपसी रिश्ता : अगर ब्राह्मण ग्रन्थों को पढ़ा जाए तो एक अजीब सी बात सामने आती हैं कि देवों में आपस में बड़ी अजीब सी रिश्तेदारी है. आज के समय में हम ऐसे रिश्ते बनाने की कल्पना भी अनैतिक समझते हैं. पार्वती दक्ष की बेटी और ब्रह्मा की पोती है और शिव की बीवी है. अतः शिव ब्रह्मा का पोता-जंवाई है. दुर्गा कृष्ण की बहन है तथा शिव की बीवी है. कृष्ण विष्णु का अवतार है. अतः शिव कृष्ण यानि विष्णु का जीजा है. काली .... की बेटी है और शिव की बीवी है. यहां तक तो रिश्ता कुछ ठीक है.
अब एक कथा है देवी भागवत पुराण सें (पहेली 11). कथा है कि श्री नामक देवी ने हथेलियां रगड़ कर पहले ब्रह्मा को पैदा किया. पैदा करते ही उससें बोली कि वह उससें विवाह (यौन सम्बंध) करे. ब्रह्मा बोला कि वह तो उसकी माँ है उससे विवाह करना पाप है. देवी ने उसे जला कर राख बना दिया. फिर विष्णु को पैदा किया. उसके साथ भी वही हुआ. अंत में देवी ने शिव पैदा किया. शिव के सामने भी वही प्रस्ताव रखा गया. शिव बोला अपने भाईयों के बिना शादी कैसे करूं. देवी ने उन दोनों को दुबारा पैदा (जिंदा) कर दिया तथा साथ में दो लड़कियां भी पैदा कर दीं. तीनों भाईयों की शादी तीनों स्त्रियों सें हो गई.
यहां स्थिति बड़ी विचित्र हो गई है. एक तरफ तो त्रिदेव आपस में मांजाए भाई हैं दूसरी तरफ एक शिव का दादा ससुर तो दूसरा साला है. साथ में वे देवी के पुत्र हैं उन तीनों में सें एक ने तो अपनी माँ सें तथा दो ने माँ द्वारा पैदा दो बेटियों सें विवाह (यौन सम्बंध) बनाया. इस तरह उन में सें एक तो ससुर हुआ बाकी दो उसके जंवाई हुए. एक ही माँ के जाए पुत्र आपस में ससुर जंवाई आज के समय में हो नहीं सकते.
एक और बात बड़ी अजीब सी है कि वैदिक काल में त्रिदेव ही राक्षसों और अन्य दुश्मनों सें टक्कर लेते थे लेकिन जब सें देवियां पैदा हुईं यह त्रिदेव खुडेलाईन लगा दिया गया. हो सकता है वे बुढया गये हों. हाथ पांवों की ताकत जवाब दे गई हो. पुराणों में देवियां घढ़ दी गईं. तब सें वे ही दुश्मनों सें लड़ रही हैं. त्रिदेव चूड़ियां पहन कर घर के अंदर बैठे हैं.

एक और अचरज वाली बात यह है कि केवल शिव की बीवियां ही लड़ने मरने को गईं. उसकी दादी सास सरस्वती या सालेहज (साले की बीवी) लक्ष्मी कभी किसी सें लड़ने नहीं गई. बाबा साहिब ने भी इस बात पर हैरानी प्रकट की है. (पहेली 11) लेकिन इस बात का उत्तर किसी के पास नहीं है. इसका बस इतना ही उत्तर हो सकता है कि चतुर दुकानदारों की तरह ब्राह्मण नित्य नये ब्राण्ड के देव देवियां लेकर आते रहे हैं. जैसे ही एक ब्राण्ड का देव कमाई करना बन्द करता है उसे उठा कर कचरे/स्टोर में डाल दिया जाता है तथा उसकी जगह नया ब्राण्ड रख दिया जाता है.

एक बात और भी है कि कई देवियां इस त्रिदेव ने अपनी शक्ति सें "सांझे" में पैदा की हैं. बाबा साहिब पूछते हैं कि ऐसे कायर देवों के पास शक्ति कहां सें आई कि वे शक्ति की देवी को ही पैदा कर दें.. अगर उनमें

शक्ति थी तो वे स्वयं क्यों नहीं लड़े! अगर उनमें स्वयं में लड़ने की शक्ति नहीं थी तो देवियों को कहां सें दे दी. बाबा साहिब इसे देवों का अपमान मानते हैं (पहेली 12)

अवतार मात्र भारत में, और भारत में भी उत्तर प्रदेश तक ही सीमित रहे हैं. क्या उत्तर प्रदेश के बाहर भगवान की धरती नहीं है. या यू पी सें बाहर धर्म की ग्लानि नहीं होती?

दशरथ के चारों बेटे विष्णु के अवतार बताए जाते हैं. रामायण के अनुसार राम विष्णु का आधा भाग था, लक्ष्मण एक चौथाई भाग था तथा भरत व शत्रुध्न शेषबचे एक चौथाई का आधा आधा भाग थे. इस तरह पूरे विष्णु के यह चारों चार भाग थे. लेकिन विष्णु के आधे भाग राम को परशुराम सें टक्कर लेनी पड़ी थी. परशुराम पूरे विष्णु का पूरा अवतार था. तो एक ही भगवान के दो गुणा अवतार पाँच प्राणियों में पैदा हो गए. और सबसें हैरानी की बात तो यह है कि एक ही भगवान के दो अवतार आपस में लड़ मरे. और फिर पूरे विष्णु वाला (परशु) आधे विष्णु वाले अवतार (राम) सें हार गया!! बड़ी अनहोनी बात है कि एक विष्णु अपने सें दोगुना में पैदा हो गया. फिर एक पूरा विष्णु, दूसरे आधे विष्णु सें भिड़ गया और हार भी गया. बड़ा अजीब भगवान है ब्राह्मणों का. उसे पता ही नहीं है कि वह अपने आप सें ही लड़ रहा है!! फिर सबसें पहले विष्णु का एक चौथाई (लक्ष्मण) आत्महत्या कर लेता है, फिर आधा (राम) सरयू में डूब मरता है. भरत और शत्रुघ्न कब मरे पता नहीं. परशु अभी तक नहीं मरा, ऐसा दावा किया जाता है. सो विष्णु ऐसे हिस्सों में मर कर वापिस आया!! यह गोरख धन्धा सभी की समझ सें बाहर है.

लक्ष्मण एक चौथई विष्णु है और साथ में पूरा शेशनाग है. एक ही शरीर में भिन्न भिन्न डेढ भगवान? सारी उम्र तो विष्णु शेशनाग पर पसरा रहता है. अब वह आधा पूरे शेशनाग के साथ लक्ष्मण के शरीर में पैदा हो गया. ये डेढ भगवान लक्ष्मण के शरीर में कहां और कैसे रहे, अनबूझ पहेली है.

ब्राह्मणों का भगवान स्त्री रूप में, वह भी एक वेश्या (मोहिनी) के रूप में अवतार लेता है. वह बालिका बन कर पैदा नहीं होता बल्कि ''पूरी जवान'' ही पैदा हो जाता है. फिर उसका रूप देख कर दैत्य, दानव, राक्षस कोई भी विचलित नहीं हुआ. मात्र ब्राह्मणों का वह भगवान जिसने कामदेव को जीत लिया बताते हैं, उस मोहिनी के पीछे भाग लिया. यह तो शुक्र हुआ कि भागते भागते शिव का वीर्य स्खलित हो गया वर्ना विष्णु तो शिव के कई बच्चों की माँ बन गया होता!! कितनी जोरदार धार्मिक कथा बन जाती अगर एक भगवान ने दूसरे भगवान के बच्चे पैदा कर दिये होते!! लानत है ऐसे भगवानों के!! और लानत है उनके जो ऐसों को भगवान बताते हैं.!!

19.06.2005 (अडतालीस साल) इस अवतार लेने का झूठ तो इस बात सें ही प्रकट हो जाता है कि जहां उपरोक्त श्लोक (4.7) में तो कृष्ण कहता है कि धर्म की रक्षा करने के लिए मैं अर्थात भगवान अवतार लेता हूँ वहीं श्लोक में वह कहता है कि वह तथा अर्जुन दोनों क्रमशः नारायण और नर के अवतार हैं. इस तरह गीता रचियता स्वयं अपनी बात का खण्डन कर देता है कि भगवान ही ब्राह्मण–धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेता है. वैसे दोनों को ब्राह्मणवाद के नर नारायण का अवतार बता कर गीता रचियता ने सत्य ही बोला है क्योंकि कृष्ण ने तो जूए की सम्पत्ति के लिए कौरवों और पांडवों में युद्ध करवा कर तथा राधा व गोपियों के साथ हवस का खेल खेलकर ब्राह्मण–धर्म की पुर्नस्थापना कर दी. वैसे ही अर्जुन ने धोखाधड़ी सें अपने सगे संबधियों को मार कर अपने अवतार होने का प्रमाण दे दिया था.

गीता (2.1) में कृष्ण को मधु–सूदन अर्थात मधु को मारने वाला कहा गया है. जबकि भागवत आदि पुराणों में मधु की हत्या ब्राह्मणों की ''माता'' ने की थी. वास्तव में ब्राह्मण–ग्रन्थ हत्याओं के किस्सों सें ही भरे पड़े हैं. किसने किस को मारा, कोई ध्यान रख ही नहीं सकता. कसाई भी इतने जानवर नहीं मार पाता होगा जितने प्राणी ब्राह्मणों का प्रत्येक देवी देवता मार देता था.

तब भगवान क्यों नहीं आया जब • • • •

1. 1018 ईस्वी में महमूद गजनवी ने मथुरा तथा वृंदावन के मंदिरों और मूर्तियों को तोड़ा. वह मंदिरों में सें 30 मन सोना तथा हीरे लूट कर ले गया. (पंजाब केसरी 26.11.2000 में प्रकाशित सत महाजन का लेख ''चार शाही लुटेरों की कहानी'') ब्राह्मणों का भगवान कहे जाने वाला कृष्ण अपनी कर्मस्थली अथवा ऐयाशगाह को बचाने भी न आया.
2. उग्रवाद के समय पंजाब तथा कश्मीर में 53000 निर्दोश लोग मौत के घाट उतारे गए. यह कत्लेआम 10 साल सें अधिक चलता रहा. लेकिन भगवान का अवतार न हुआ. क्या मात्र जुआरियों के धन के लिए अवतार लेना ''धर्मस्य ग्लानि" है?
3. सम्राट अशोक के राज्य की समाप्ति कर जब ब्राह्मणों ने सत्ता हथियाई, विदेशियों ने भारत पर पर अधिकार जमाना शुरू कर दिया. तब सें लेकर 1947 तक हम भारतीय विदेशियों की गुलामी करते रहे. हर प्रकार के हमलावरों ने न केवल हमारा धन माल लूटा, मंदिर तोड़े बल्कि हर कोई हमलावर हमारी बहन बेटियों को भी अगवा करके ले गया. बड़ी विडम्बना है कि कृष्ण को जुआरियों द्वारा जूए में हारे धन के लिए किए गए युद्ध में तो धर्म की ग्लानि नजर आई मगर जब जीती जागती मासूम लड़कियों को लुटेरे हांक ले गए, तो उसे धर्म की हानि

नहीं सूझी. जलियांवाले बाग में जब हजारों निरपराध लोग कत्ल किए गए तब भी उसे धर्म की ग्लानि नजर न आई. नील की खातिर अंग्रेजों ने भारतीयों पर जो अत्याचार किए उसे सुन कर ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं. मगर ब्राह्मणों के किसी भगवान को उन्हें बचाने की फुर्सत न थी. और तो और अवतार का शोशा इजाद करने वाले ब्राह्मणों पर गुलामों के भी गुलाम भी राज कर गए तथा उनकी बहन बेटियों को अगवा करके ले गये मगर उनका भगवान तब भी न आया. अकबर ने ब्राह्मणों और क्षत्रियों की बेटियों सें अपने हरम भर लिए, तब भी उनका भगवान न आया.

4. भुवनेश्वर के लिंगराज मंदिर के दरवाजे तोड़ कर लुटेरे 8.5 किलो चांदी तथा सोना लूट ले गये. (द हिन्दू 7.11.2001) माना जा सकता है कि यह तो छोटी मोटी घटना थी मगर सोमनाथ का मंदिर तो 17 बार लूटा गया. तब भी भगवान न अवतरित हुआ. मोहिनी के पीछे भागने के लिए तो उनका भगवान साक्षात ही आ गया था. ऐसा नहीं है कि पुराने समय में लोग इन ब्राह्मणों की नीयत पर शक नहीं करते थे. पहले भी लोग इन की नीयत पर शक करते थे. इसलिए इन्होंने अपने ग्रन्थों में यह बात घुसेड़ी ''धर्मस्य तत्वं निहितं गुह्यम" अर्थात धर्म के तत्व बेहद सीक्रेट हैं. हर किसी को समझाए नहीं जा सकते. अतः जब भी किसी ने शंका जाहिर की, उसके सामने ब्राह्मण यह श्लोक दोहरा देते थे. इसलिए ब्राह्मणों और उनके भगवानों की नजर में मोहिनी के पीछे भागने में तो ''धर्म" है मगर मासूमों की इज्जत बचाने में कोई धर्म नहीं है.

5. पिछले दिनों में रघुनाथ मन्दिर जम्मू तथा अक्षरधाम मन्दिर गुजरात में आतंकी हमले हुए जिसमें पचासों श्रद्धालू मारे गए. कोई भगवान बचाने न आया. जो पुलिस वाले बचाने आए उन में सें भी कई शहीद हुए. पता नहीं अर्जुन के जूए में हारे धन में ऐसा क्या था कि मात्र उसी में ब्राह्मणों के भगवान को धर्म दिखाई दिया. 04.11. 2005

6. ईटीवी राजस्थान अक्तूबर 2005 के समाचार अनुसार राजस्थान के एक प्रसिद्ध मन्दिर में एक नाबालिग लड़की सें चार लोगों द्वारा बलात्कार किया गया. लेकिन मन्दिर के अंदर भी भगवान उस अबला को बचाने न आया.

ब्राह्मण—धर्म के अवतार

सबसें महत्वपूर्ण प्रश्न यही है, जैसा कि गीता में कहा गया है, क्या ब्राह्मण-धर्म के अवतार वास्तव में ऐसे ही थे? अर्थात जो भी अवतार हुए क्या उनका आचरण गीता में बताए गए सिद्धांत के अनुरूप ही रहा है ? इस प्रश्न के उत्तर के लिए यह जानना जरूरी है कि ब्राह्मण—धर्म ने कुल कितने अवतार पैदा किये हैं और उनका उद्देश्य क्या था और आचरण कैसा रहा है.

ब्राह्मण—धर्म के भिन्न भिन्न ग्रन्थों ने अवतारों की भिन्न भिन्न सूचियां दी हैं जो कि इस प्रकार सें हैं.

क्र. सं.	हरिवंश पुराण	नारायणी आख्यान	वाराह पुराण	वायु पुराण	भागवत पुराण
1.	वाराह (सूअर)	हंस	कूर्म (कछुआ)	नरसिंह	सनत्कुमार
2.	नरसिंह	कूर्म (कछुआ)	मछली	वामन (बौना)	वाराह (सूअर)
3.	वामन (बौना)	मछली	वाराह (सूअर)	वाराह (सूअर)	नरनारायण
4.	परशुराम	वाराह (सूअर)	नरसिंह	कूर्म (कछुआ)	कपिल
5.	राम	नरसिंह	वामन (बौना)	संग्राम (लड़ाई)	दतात्रेय
6.	कृष्ण	वामन (बौना)	परशुराम	आदिवक	यज्ञ
7.		परशुराम	राम	त्रिपुरारि	ऋशभ (सांड)
8.		राम	कृष्ण	अंधकार	पृथि
9.		कृष्ण	बुद्ध	ध्वज (झंडा)	मछली
10.		कल्कि	कल्कि	वर्त	कूर्म (कछुआ)
11.				हलाहल (जहर)	धन्वंतरि
12.				कोलाहल (शोर)	मोहिनी
13.					नरसिंह
14.					वामन (बौना)
15.					परशुराम
16.					वेदव्यास
17.					नरदेव
18.					राम
19.					कृष्ण

20.					बुद्ध
21.					कल्कि

इन सूचियों को प्रथम दृश्टि सें देखने पर ही इनकी सत्यता का अंदाजा हो जाता है. हर ग्रन्थकार अपनी अपनी हांक रहा है. जैसे स्पर्धा के चलते एक दुकानदार दूसरे सें ज्यादा वैरायटी का सामान अपनी दुकान पर रखता है कि कहीं ग्राहक वापिस न चला जाए, वैसी ही इन पुराणकारों में होड़ लगी हुई लगती है. हर कोई अपने पुराण में दूसरे सें बढ़ कर अवतार बना रहा है. 21 तक की वैरायटी तो भागवत में बन चुकी. देखें अभी और कितने बनने बाकी हैं. कहा जाता हे कि मानव जीवन सर्वश्रेष्ठ होता है. लेकिन ब्राह्मणों पर पता नहीं क्या भूत सवार हुआ कि उन्होंने अपने भगवान को कछुआ, मछली, सांड और यहां तक कि नित्य गंदगी में मूँह मारने वाला सूअर तक बना दिया. लड़ाई, झण्डा एवं शोर बना दिया. ऐसा रूप धारण करके इनके भगवानों ने ऐसा क्या किया है कि जो भगवान मानव रूप में नहीं कर सकता था? न केवल इन सूचियों में अंतर है बल्कि कौन किसका अवतार है इस बारे में भी ग्रन्थकारों ने अपनी अपनी हांकी है. जिस ग्रन्थकार को जो पसन्द आ गया उसी का नाम छाप दिया. न केवल इनकी सूचियों में अंतर है बल्कि उनके उद्देश्यों में भी अंतर है. ऐसा लगता है कि ग्रन्थकार के सोम अथवा भांग कुछ ज्यादा चढ़ गई और वह लोर में उसे जैसे ख्याल आते रहे वह वैसा लिखता रहा.
हरिवंश के अनुसार कुल में कुल 6 अवतार हुये हैं. वाराह पुराण तथा नारायणी आख्यान के अनुसार 10–10 अवतार हुए हैं. वायु पुराण के अनुसार 12 तो भागवत के अनुसार 21 अवतार हुए हैं. गीता 2 ही अवतारों की बात करती है. गीता ईश्वर के अतिरिक्त मनुष्य के अवतार की भी बात करती है. भगवान तो, मान लेते हैं कि धर्म बचाने आता है लेकिन मनुष्यों की तो धरती पर भरमार है. फिर भगवान को अपने साथ आदम के अवतार की क्या आवश्यकता है! कृष्ण को अपने साथ अर्जुन को लाने की क्या आवश्यकता थी. पृथ्वी पर उसे बहुतेरे जुआरी मिल जाते जो माल के लिए, बिना गीता ज्ञान सुने ही लड़ने मरने को तैयार हो जाते! लड़ाई के लिए तैयार करने के लिए कृष्ण को 18 अध्याय लम्बी बकवाद् न करनी पड़ती.

- वायु पुराण के अनुसार राम कृष्ण परशु आदि के अवतार हुए ही नहीं हैं.
- भागवत में अवतरित सनतकुमार कपिल आदि को अन्य ब्राह्मण ग्रन्थ अवतार नहीं मानते.
- भागवत के अनुसार वेश्या मोहिनी भी भगवान का अवतार है. हो सकता है कल को राधा भी अवतार बना दी जाए.

चाहे सभी ग्रन्थ अवतारों की अपनी अपनी सूचियां देते हैं मगर एक बात पर सभी सहमत हैं कि कोई भी अवतार वैध तरीके सें पैदा नहीं हुआ है. कोई तो नाजायज बाप की औलाद है तो कोई बिना माँ के ही जन्मा हुआ है.

क्या बुद्ध कभी ब्राह्मणों के अवतार हो सकते हैं?

उपरोक्त सूचियों में कुल 30 अवतारों के नाम हैं. जिनमें सें एक नाम ''बुद्ध'' भी है. ''बुद्ध'' का नाम अपने पतित अवतारों के साथ जोड़ना उनकी सोची समझी एवं धूर्त चाल का नतीजा है. भगवन बुद्ध पहले ऐसे पुरुष थे जिन्होंने ब्राह्मणवाद के विरूद्ध सफलता पूर्वक आवाज उठाई थी और जिन्होंने भारत में सें ब्राह्मणों द्वारा धर्म के नाम पर किए जा रहे अनाचार को उखाड़ फैंका था. लेकिन ब्राह्मणों ने अपनी साम, दाम, दंड, भेद की नीति अपनाते हुए, भारत भूमि सें बौद्धों को समाप्त कर दिया. जहां एक ओर अशोक के पौत्र वृहदर्थ को मारने के बाद ब्राह्मणों ने राजसता पर कब्जा करके प्रत्येक भिक्षु के सिर पर सौ दीनारों का ईनाम घेशित कर दिया, वहीं अपनी ''साम'' की नीति अपनाते हुए भगवन बुद्ध को अवतार घोषित कर ''अपना ही आदमी'' बना दिया.
लेकिन नकली काँच के टुकड़ों में हीरा कब तक छुपा रह सकता है. आज कोई भी ब्राह्मण कथाकार जब अपने अवतारों की कथा सुनाता है तो भगवन बुद्ध का नाम नहीं लेता क्योंकि वह जानता है कि जिस दिन उसने भगवन बुद्ध का नाम लिया, उनकी शिक्षाएं बताईं तो ब्राह्मणवाद का बंटाधार हो जाएगा. असली हीरे की चमक देखते ही लोग इन नकली काँच के टुकड़ों को कूड़े में फैंक देंगे. वैसे भी बुद्ध ने ब्राह्मणों के अवतारों जैसा कोई ''कारनामा'' नहीं किया. न उन्होंने अपनी मामी संग रास रचाया, न गर्भवती पत्नि को जंगली जानवरों के सामने फेंका, न मोहिनी के पीछे भाग कर सोने चांदी की खाने बनाई. अतः उनकी ऐसी कोई ''कथा'' है ही नहीं जो इन के अवतारों के साथ सुनाई जा सके.
''बुद्ध'' और ब्राह्मण–धर्म के अवतारों में कहीं कोई तुलना भी नहीं हो सकती. सिद्धार्थ ने घायल हंस को बचाया तो राम ने निरीह पशु मार मार कर जंगल में दहशत फैला दी. सिद्धार्थ ने अपने परिवार को कश्टों सें बचाने के लिए देश निकाला स्वीकार कर लिया वहीं राम अपने भाई भरत के पीछे सें उसकी गद्दी हड़पने की साजिश रची. सिद्धार्थ ''बुद्ध'' बन कर जब अपने पुराने घर आते हैं और यशोधरा उन्हें मिलती है तो बुद्ध उन्हें ''बहन'' कह कर बुलाते हैं. दूसरी ओर कृष्ण और ब्रह्मा ऐसे अवतार हैं जिन्होंने गैरों की तो क्या अपनी माँ, बहन, बेटियों को भी

अपनी हवस का शिकार बनाया. सिद्धार्थ बुद्धत्व प्राप्त करने के लिए ''मार'' अर्थात काम वासना को मन सें हटाते हैं जबकि ब्राह्मण–धर्म के भगवानों का सारा जीवन ही काम वासना के चक्कर में बीता है. हम में सें कोई भी ''बुद्ध" बन सकता है. उसके लिए दस पारमिताएं ग्रहण करनी पड़ती हैं. ब्राह्मणों के भगवानों के कारनामे कोई भी साधारण प्राणी करने की सोच भी नहीं सकता. हम में सें कितने लोग कृष्ण की तरह अपनी सगी मामी सें भोग कर सकते हैं! कितने लोग राम की तरह पूरी दिनों की गर्भवती पत्नि को जंगली जानवरों के आगे डाल सकते हैं! कितने लोग परशु की तरह गर्भवती स्त्रियों के पेट चीर कर उन में पल रहे बच्चे काट सकते हैं और कितने लोग विष्णु की तरह अपने विरोधी की पत्नि सें बलात्कार कर सकते हैं अथवा ब्रह्मा की तरह अपनी बेटी सें ही बलात्कार कर सकते है!! सूचि अंतहीन है.

इसके विपरीत ''बुद्ध'' बनने के लिए 10 पारमिताएं यानि अवस्थाएं हैं जो हर बोधिसत्व (बुद्ध बनने का प्रयास करने वाले व्यक्ति) को ग्रहण करनी पड़ती हैं. यह दस पारमिताएं इस प्रकार सें हैंः

1. मुदिता : जैसे सुनार मैल हटा कर सोने चांदी को शुद्ध करता है वैसे ही बोधिसत्व अपने पहले चरण में अपने मन सें मैल हटाते हैं. उनका मन बादलों सें मुक्त चंद्रमा की तरह संसार को आलोकित करता है.

2. विमला : दूसरे चरण में बोधिसत्व काम वासना सें मुक्त हो जाते हैं. उनका मन सब के प्रति करूणा भाव सें भरा होता है.

3. प्रभा : तीसरे चरण में बोधिसत्व अपनी प्रज्ञा को दर्पण की तरह साफ कर लेते हैं. आम भाषा में प्रज्ञा का अर्थ है भले बुरे, सत्य असत्य का ज्ञान होना. इस ज्ञान को बहुजन के हित में प्रयोग करते हैं.

4. अर्चिश्मती : चौथे चरण में बोधिसत्व अपना घ्यान पंचशील तथा अश्टांगिक मार्ग पर लगाते हैं. पंचशील अर्थात पांच प्रकार के शील इस तरह सें हैं

1. किसी भी जीव की हिंसा न करना.
2. दूसरों की वस्तु पर नीयत न डिगाना.
3. व्यभिचार न करना.
4. असत्य न कहना.
5. नशीली चीजों का सेवन न करना.

अष्टांगिक अर्थात आठ अंगों वाला मार्ग इस प्रकार सें हैः

1 सम्यक दृश्टि : मन सें अविद्या का नाश करना, पाखण्ड पूर्ण जीवन का त्याग करना. किसी भी काम अथवा चीज को करने सें पहले उसका भला बुरा जांचना. अपने मन, वचन तथा कर्म को सब के प्रति बिना भेद भाव वाला बनाना.

2 सम्यक संकल्पः यह ठान लेना कि सब अच्छा ही अच्छा करना है. किसी का बुरा नहीं करना. मन, वचन तथा कर्म सें सही करने का संकल्प लेना. बुरी चीजों को त्यागने का संकल्प करना.

3 सम्यक वाणी : सत्य बोलना, चुगली न करना, अफवाह न फैलाना, गाली न निकालना. मूर्खतापूर्ण और तर्कहीन बातें न करना. डींगें न मारना.

4 सम्यक कर्मांत : अपना कोई भी छोटा बड़ा काम करते समय यह ध्यान रखना कि इस काम सें किसी और का नुकसान अहित न हो.

5 सम्यक आजीविका : अपनी जीविका कमानें के लिए भले काम करें. दूसरों को हानि पंहुचा कर धन न कमाएं.

6 सम्यक व्यायाम : अच्छाई अथवा भलाई के मार्ग पर चलना और लगातार चलना. जैसे शरीर को स्वस्थ रखने के लिए लगातार कसरत करने की आवश्यकता होती है वैसे ही जीवन को नैतिक बनाये रखने के लिए भी लगातार अच्छे काम (सम्यक व्यायाम) करने की आवश्यकता होती है.

7 सम्यक स्मृति : इस बात के प्रति सचेत रहना और इस बात को हमेशा याद रखना कि मन, वचन तथा कर्म सें किसी का बुरा नहीं करना है.

8 सम्यक समाधिः सत्य के मार्ग पर चलना बहुत कठिन होता है. मन को लोभ, द्वेश, आलस्य, संदेह की भावनाएं घेरे रहती हैं. इन भावनाओं को दूर करने के लिए समाधि की आवश्यकता होती है. सम्यक समाधि सें मन एकाग्र होता है तथा व्यक्ति को सही रास्ते सें भटकने नहीं देता.

5. सुर्दुजयाः इस चरण में बोधिसत्व सापेक्ष और निरपेक्ष के सम्बन्ध को अच्छी तरह सें जान लेते हैं. साधारण भाषा में सापेक्ष का अर्थ है कि कौन सा काम कब, कहां करना उचित है और कब, कहां अनुचित है. निरपेक्ष का अर्थ है वह काम जो बिना बाहरी प्रभाव सें उचित अथवा अनुचित है. चोरी कभी भी की जाए, पाप है. अतः चोरी निरपेक्ष पाप है.

6. अभिमुखी : इस चरण में बोधिसत्व चीजों के विकास उनके बारह निदानों को पूरी तरह जान लेते हैं.

7. दूरगमा : इस चरण में बोधिसत्व देश, काल के बन्धनों सें परे हो जाते हैं. किसी सें कोई निजि सम्बन्ध नहीं रह जाता है. उनके लिए सारा संसार एक हो जाता है. वह लोगों को धर्म इस प्रकार सें समझाते है कि सब की समझ में आ जाए.
8. अचल : इस चरण में बोधिसत्व को अच्छे काम करने के लिए प्रयत्न नहीं करना पड़ता बल्कि उनसे सही काम अपने आप होने लग जाते हैं. उनसें गलत काम होता ही नहीं है.
9. साधुमतिः इस चरण में बोधिसत्व सब प्रकार के कार्यों और उनकी पद्धतियों में पारंगत हो जाते हैं. सब दिशाओं को जीत लेते हैं. समय की सीमा को लांघ जाते हैं.
10. धर्म मेधाः उपरोक्त सभी पारमिताओं को ग्रहण कर लेने के बाद बोधिसत्व 'धर्म–मेधा' बन जाते हैं. तब उनको किसी गुरू अथवा सहारे की आवश्यकता शेषनहीं रह जाती.

इन पारमिताओं सें बोधिसत्व को ''बुद्धत्व'' प्राप्त होता है. लेकिन ब्राह्मणों का भगवान बनने के लिए नैतिकता की कहीं कोई कसौटी नहीं है. सबसें बड़ी बात ब्राह्मण–धर्म के किसी भी भगवान ने नैतिकता का आचरण कभी किया ही नहीं. सबके सब मारने, काटने, लूटने तथा बलात्कार व्यभिचार में डूबे रहे. इन पारमिताओं की कसौटी पर अगर ब्राह्मण अवतारों को परखा जाए तो हरेक अवतार निम्न सें निम्नतर स्तर का पाया जाएगा. बुद्ध के सामने सब के सब अवतार वैसे ही हैं जैसे हंस के सामने गन्दी नाली के कीड़े! बुद्ध और ब्राह्मण अवतारों का कहीं कोई मेल ही नहीं है.

ब्राह्मणों के अवतारों के आचरण की समीक्षा करने सें पहले उन भगवानों का चरित्र जानना भी आवश्यक है जो अवतार लेते हैं अथवा जिन का अवतार होता है. उपरोक्त सूचि के अनुसार सारे अवतार ब्रह्मा, विष्णु और शिव के हुए हैं.

ब्रह्मा : ब्रह्मा के चरित्र का वर्णन अध्याय 5 में पहले ही किया जा चुका है. अगर ब्राह्मणों की बात सत्य मान ली जाए कि ब्रह्मा उनका आदि पुरुष है तथा सभी आर्य लोग उसी के वंशज हैं तो निश्चित रूप में वे सब ''खताना ऊत'' की पैदावार हैं क्योंकि :

1. ब्रह्मा ने अपनी बेटी सरस्वती सें बलात्कार करके नारद को पैदा किया. उसके जैसा चुगलखोर न कभी हुआ न कभी पैदा होगा. आज के समय किसी को नारद कहना उसे गाली देना जैसा है.
2. अन्य बेटी पोतियों सें संभोग करके मनु को पैदा किया जिसकी मनुस्मृति के जातिवाद के जहर को हम भारतीय आज तक झेल रहे हैं.
3. ब्रह्मा ने अपनी बेटी पोतियां ही नहीं भोगी बल्कि दुल्हन बनी पार्वती पर भी नीयत खराब कर ली थी. यह तो शुक्र है कि पार्वती की रक्षा करने शिव अपना त्रिशूल लिए वहीं मौजूद था वर्ना सरस्वती की तरह पार्वती सें भी वह कितने मनु या नारद पैदा करता, आज ब्राह्मण ग्रन्थ इन कथाओं सें भरे मिलते. यहां ध्यान देने वाली बात है कि ब्रह्मा रिश्ते में शिव का दादा–ससुर लगता था. लेकिन जो आदमी अपनी बेटी और पोती को भोग सकता है वह पौत्र–जंवाई की वधु पर नीयत खराब कर ले तो कौन सी बड़ी अनहोनी बात हो गई.

सीधी सी बात है कि अगर ब्रह्मा भगवान होकर ऐसे कारनामे करता है तो वह अवतार लेकर वह कौन से धर्म की रक्षा करेगा, किस प्रकार के ''साधुओं'' की मदद करेगा, इसकी हर कोई सहज कल्पना कर सकता है.

विष्णुः विष्णु के चरित्र का वर्णन अध्याय 5 में पहले ही किया जा चुका है. सब सें अधिक अवतार इसी के नाम हैं. इसकी अपनी कहानी बहुत कम है. इसने अधिकतर करतूतें अवतार लेकर ही की हैं. अपने जीवन में इसने दो ऐसी करतूतें की हैं जो हर बड़ा गुण्डा अपना काम साधने के लिए प्रयोग में लाता है. मानव इतिहास में अपना काम साधने के लिए ''स्त्री'' का प्रयोग सबसें पहले विष्णु ने शुरू किया था. इस अभूतपूर्व देन के लिए गुण्डे सदा विष्णु के ऋणी रहेंगे.

1. सभी यह कथा जानते हैं कि देवों और असुरों ने मिल कर समुद्र मंथन किया. उसमें सें अनेकों वस्तुएं निकलीं. असुरों के हिस्से में अमृत निकला. नैतिकता का तकाजा था कि उन्हें अमृत दे दिया जाता. लेकिन नैतिकता और देवों का तो दूर दूर का भी शिता न था. शराफत सें मान जाना तो देवों का काम ही न था. विष्णु के दिमाग में धोखे का कीड़ा कुलबुलाया. अमृत हासिल करने के लिए उसने सुन्दर वेश्या का भेश बनाया और अमृत का घड़ा उठा कर भाग लिया. असुर बेचारे अभी कुछ समझ ही न पाये थे कि काम को मारने का दावा करने वाला शिव कामांध होकर वेश्या बने विष्णु के पीछे भाग लिया. विष्णु को भूतों के राजा शिव सें अपनी इज्जत बचानी मुश्किल हो गई. इसी छीना झपटी में अमृत भी छलक गया. साथ में ही शिव का वीर्य पतन हो गया वर्ना किस्सा कुछ और ही बन जाता.
2. पहली बार तो विष्णु स्वयं स्त्री बन कर आ गया लेकिन अगली बार उसने वह महापाप किया जिसकी मिसाल किसी अन्य धर्म में नहीं मिलती. भारत भूमि पर असुर सम्राट जालंधर का राज्य था. सती वृन्दा उनकी

पत्नि थी. पाँच सतियों में एक नाम उनका भी गिना जाता है. महारानी वृन्दा अपने पति की अंतरंग मित्र, सलाहकार और शक्ति थीं. उनके राज्य में सब ओर अमन शांति थी. पराये सामान अथवा पराई स्त्री की ओर कोई आँख उठा कर भी न देख सकता था. देवों और ब्राह्मणों की ऐयाशी बन्द हो गई थी. तब उन्होंने एक ऐसी साजिश रची जिसके बारे में किसी ने पहले कल्पना भी न की थी. विष्णु ने वृन्दा सें बलात्कार करने की कुत्सित योजना बताई जिसे सुन कर सभी देव और ब्राह्मण अत्यंत खुश हुए.

अपनी कुत्सित योजना को पूरी करने के लिए विष्णु ने जैसे वेश्या मोहिनी का वेश धारण किया था वैसे ही उसने सम्राट जालंधर जैसा वेश बनाया और उसने वृन्दा की इज्जत लूट ली. वृन्दा इस आघात को सहन नहीं कर पाई और उहोंने आत्महत्या कर ली. मरने सें पहले उन्होंने विष्णु को श्राप दिया कि उसका मूंह काला हो जाए. इसी कारण राम कृष्ण आदि अवतार अपना उसका मूँह काला लेकर पैदा हुए. यहां तक कि आज तक अनेक मन्दिरों में विष्णु भी काले मूँह वाला है. **बलात्कारियों और चोरों का मूँह काला करने की परिपाटी तभी सें हमारे समाज का अंग बन गई है.**

वृन्दा की जहां अस्थियां डाली गईं वहां तुलसी का पौधा उग आया. आज हिन्दु लोग उस तुलसी के पते तोड़ कर उसी बलात्कारी विष्णु के चरणें में चढाते हैं!! एक पल के लिए सोचें कि जो हृदय विदारक घटना वृन्दा के साथ हुई अगर हमारी बहन बेटी के साथ ऐसी हुई होती तो!! तो क्या हम उसके बलात्कारी के चरणों में हम हमारी बहन बेटी की समाधि पर उगे फूल चढ़ाते!! हर बार जब भी कोई तुलसी की पत्तियां तोड़ कर बलात्कारी विष्णु के चरणों में चढ़ाता है तो वृन्दा की आत्मा को लगता होगा कि जैसे फिर सें किसी ने उसके फटे वस्त्र उतार कर उसे विष्णु के आगे फैंक दिया है!! विष्णु ने तो उसके शरीर सें ही बलात्कार किया था, हम तो हर रोज उसकी आत्मा को ही विष्णु के आगे बलात्कार के लिए भेंट कर देते हैं. उसकी आत्मा हर रोज़ बलात्कार सें चीत्कार करती होगी! काश हम उनकी चीत्कार सुन पाते!!

इस तरह विष्णु को आदि–गुण्डा भी कहा जा सकता है क्योंकि उसने ही यह पाठ पढ़ाया है कि अपना काम निकालने के लिए 'स्त्री' का उपभोग कैसे किया जाए. उसके कृत्यों के अनुसार या तो मोहिनी के रूप में स्त्री भेंट कर दो अथवा वृन्दा के रूप में भेंट ले लो. दोनों ही हालातों में सफलता मिलेगी! हम आम लोगों में अभी तक बुद्ध और तीर्थंकर की शिक्षाओं का असर बाकी है इसलिए हम ऐसे कुत्सित काम नहीं करते वर्ना विष्णु की बात मान लेते तो आज कोई भी स्त्री सलामत न रहती. हर स्त्री को मोहिनी अथवा वृन्दा में सें एक तो बना ही दिया जाता!!

अभी कुछ समय पहले ही तहलका काण्ड हुआ था जिसमें एक बहादुर पत्रकार ने उन केन्द्रीय मंत्रियों और उच्च अधिकारियों का पर्दा फाश किया था जिन्होंने सेना के लिए खरीदे गए सामान में रिश्वत खाई थी. उन पत्रकार पर आरोप लगा कि इस काम को करने के लिए उन्होंने वेश्याओं की मदद ली. लगभग सभी अखबारों ने इस बात पर उनकी निन्दा की. कितनी हैरानी की बात है कि वे ही अखबार रोजाना उस विष्णु की स्तुति में कुछ न कुछ छापते रहते हैं जिसने आदि काल में ही स्वयं वेश्या बन कर अपना काम साधा था.

महेश : शिव के चरित्र का वर्णन भी अध्याय 5 में पहले ही किया जा चुका है. त्रिमूर्ति में महेश कहे जाने वाला शिव, शंकर आदि नामों सें भी जाना जाता है. अभी कुछ समय पहले तक शिव मात्र शूद्रों का देवता माना जाता था. तुलसी ने अपनी पुस्त्क रामचरित तक में शिव की निन्दा की है. स्वयं राम के मुख सें कहलवाया है 'सिव पूजक मम द्रोही'. अगर शिव को ऐतिहासिक प्राणी मानें तो वह ब्रह्मा–विष्णु विरोधी गुट का नायक था. अगर इस सिद्धांत को मान लिया जाए कि आर्य बाहर सें आये थे तो शिव यहां भारत में उस समय रहने वाले मूल निवासियों का राजा, देवता अथवा नायक था. पुराणों व अन्य ब्राह्मण ग्रन्थों में वर्णित कथाओं के अनुसार लगभग सभी असुर कहे जाने वाले राजा शिव को अपना नायक अथवा देव मानते थे. शिव और आर्य देवों में कई बार खूनी संघर्ष भी हुआ.

ऐसा लगता है कि अन्त में ब्राह्मण देवों ने अपनी साम दाम की नीति का सहारा लिया. दण्ड अथवा लड़ाई में वे सफल न हो पाये थे. अतः उन्होंने साम अथवा समझौते वाला दांव चला. हरि वंश पुराण के अनुसार ब्रह्मा के तीन बेटे–दक्ष मारीचि और धर्म तथा एक बेटी सरस्वती थी. उस सरस्वती सें ब्रह्मा ने तो नारद पैदा किया ही, दक्ष ने भी अपनी बहन के 50 कन्याएं पैदा कर दीं. उन्हीं में सें एक सती नामक कन्या उन्होंने शिव को भेंट कर दी. (शादी का रिवाज आर्यो में था ही नहीं). इस प्रकार ब्रह्मा शिव का दादा ससुर लगा. सती की कथा सभी जानते हैं कि उसके बाप ने जब यज्ञ किया तो शिव को नहीं बुलाया और न ही उसे यज्ञ में चढ़े माल में सें हिस्सा दिया. नतीजा यह रहा कि शिव ने अपने आदमी भेजे और अपने ससुर का यज्ञ नष्ट करवा दिया. यज्ञ में आए अधिकतर देवों व मनुष्यों तथा दक्ष को मार दिया गया. उसके आदमियों ने यज्ञ वेदी में पेशाब तक कर दिया. यज्ञ वेदी में मूत्र करना इस बात का संकेत है कि शिव तथा उसके आदमी यज्ञ को कोई पवित्र अथवा धार्मिक क्रिया नहीं मानते थे. शिव को अपने पक्ष में बनाए रखने के लिए सती के आत्महत्या कर लेने पर दक्ष की दूसरी बेटी उमा शिव को सौंप दी गई.

शिव के ''धार्मिक कृत्य'' अध्याय 5 में दिए जा चुके हैं. ब्राह्मणों ने शिव का ब्राह्मिकरण करते हुए उसके नाम भी कुछ कारनामे जोड़ दिए हैं:

1. राजस्थानी भाषा में एक लोकगीत है जिसे कि ''हरजस'' कहा जाता है. यह गीत अक्सर स्त्रियां उस समय गाती हैं जब घर में किसी के निधन पर रातिजगा (रात भर जाग कर भजन करना) किया जाता है. इस हरजस के अनुसार जब शिव 12 वर्ष की तपस्या करके घर लौटा तो 9 वर्ष के गणेश ने उसे घर के अंदर नहीं जाने दिया. फलतः शिव ने उसकी गर्दन काट डाली.

इस कथा का सीधा सा अर्थ है शिव गणेश का बाप नहीं था. अगर वह उसका बाप होता तो उसकी गर्दन नहीं काटता. भगवान तो वह हो ही नहीं सकता क्योंकि जब उसे यही पता नहीं चला उसके तपस्या में लीन रहते उसकी पत्नि ने पुत्र पैदा कर लिया है तो उसे शेष त्रिलोक की खबर कहां सें रहेगी! फिर भगवान इतना निर्दयी तो नहीं हो सकता कि एक 9 साल के बच्चें की गर्दन ही काट डाले!!

2. दूसरी कथा मोहिनी बने विष्णु के पीछे कामांध होकर भागने की है. सभ्य समाज की तो बात ही क्या है वेश्यालयों में भी शायद पुरुष इस तरह सें स्त्रियों के पीछे नहीं भागते होंगे जिस तरह शिव कामांध होकर मोहिनी के पीछे भाग लिया था. ऐसा ''भगवान'' अवतार लेकर क्या गुल खिलाएगा, हर कोई सहज कल्पना कर सकता है. शायद उसकी इसी कामेच्छा को पूरी करने के लिए, जब उसने हनुमान के रूप में अवतार लिया था तो राम ने उसे 16 कमसिन कन्याएं भेंट की जिनके गुप्त अंगों पर अभी रोंएं उगना शुरू हुए थे! (बा.रा. उत्तर कांड)

3. तीसरी कथा शिव के गुप्त अंग अर्थात शिव लिंग की पूजा सें सम्बंधित है. कथा है कि एक बार तीनों ''भगवान'' यह दावा करने लगे कि वही सबसें बड़ा है. अतः भृगु को इस बात का फैसला करने के लिए जॅज नियुक्त किया गया. वह जब ब्रह्मा के पास गया तो उसने भृगु की सेवा नहीं की. सो भृगु बोला तूने ब्राह्मण की पूजा नहीं की है अतः आज के बाद तेरी भी कोई पूजा नहीं करेगा. तब वह शिव के निवास पर गया. शिव पार्वती के साथ मैथुन में लीन था. उसने भी भृगु की सुध नहीं ली. सो भृगु बोला तू हमेशा लिंग के कामों में लीन रहता है अतः तू लिंग बन जा. अतः शिव योनि सहित लिंग बन गया. विष्णु ने उसकी सेवा कर दी सो उसने उसे भगवान घोषित कर दिया.

इस कथा में कहीं कोई सच्चाई नहीं है. अगर सजा अथवा श्राप के कारण ही अगर शिव को ''लिंग–योनि" बनना पड़ा तो आज हर मंदिर में उसी लिंग की पूजा क्यों होती है? ऐसा मात्र ब्राह्मण धर्म में ही होता है कि किसी को श्राप देकर आदमी सें कुछ और बना दिया जाए और फिर उसके शापित तथा असली दोनों रूपों को पूजा जाए. ''लिंग–योनि" बनने के बाद शिव का जीवन समाप्त क्यों नहीं हो गया? असली शिव मोहिनियों के पीछे भागने के कारनामे करता रहा, ब्राह्मण उसका लिंग पुजवाते रहे!

लिंग पुराण का कथाकार एक और ही कथा बताता है. उसके अनुसार एक बार ब्रह्मा और विष्णु में इस बात को लेकर लड़ाई हो गई कि वही सबसें बड़ा है. वे दोनों लड़ रहे थे कि उन दोनों के बीच वहां एक लिंग आ गया जो कि आकार में बहुत बड़ा था. तय हुआ कि जो उस लिंग का छोर ढूंढ लेगा वही बड़ा कहलायेगा. ब्रह्मा लिंग का ऊपरी छोर ढूंढने निकल पड़ा और विष्णु नीचे वाला छोर ढूंढने निकल पड़ा. दोनों कई साल इसी काम में लगे रहे मगर वे उस लिंग का छोर नहीं ढूंढ पाये. अंत में उन्हे पता चल गया कि यह तो शिव का लिंग था. अतः उन्होंने शिव के उस वृहदाकार लिंग की पूजा की और उन्होंने यह मान लिया कि शिव उन दोनों सें भी बड़ा है.

ऐसा लगता है कि यह कथा मजमा लगा कर सैक्स की दवा बेचने वाले किसी विद्वान डाक्टर द्वारा लिखी गई है क्यों कि वे लोग ही ऐसी ''विद्वता पूर्ण'' बातें करते हैं.

वास्तव में सच्चाई यह है कि ब्राह्मण यज्ञों में जी भर कर ऐय्याशी करते थे. बुद्ध और तीर्थंकर की शिक्षाएं अपना कर लोग यज्ञों को छोड़ चुके थे. ब्राह्मणों की ऐय्याशी बन्द हो चुकी थी. सम्राट अशोक के पौत्र वृहदर्थ की हत्या करके ब्राह्मण सत्ता पर काबिज हुए. उन्होंने यज्ञ फिर सें चालू किये मगर लोगों ने साथ न दिया. तब जैसे चतुर व्यापारी समय के अनुरूप नई नई वस्तुएं लेकर आता है, वैसे ही ब्राह्मणों ने एक बिलकुल ही नई चीज खोज निकाली. उन्होंने अपने भगवान को ही ''लिंग–योनि'' बना डाला. आज भी ब्राह्मण लोगों सें अपने इस लिंग को पुजवाते आ रहे हैं!

जो व्यक्ति चौबीसों घंटे काम वासना में लीन रहता हो उसे भगवान बताना ही पाप है, अधर्म है. विश्व में अनेकों धर्म हैं लेकिन किसी भी अन्य धर्म में "लिंग" भगवान नहीं है. और न ही अन्य किसी धर्म में चौबीसों घंटे काम वासना में लीन रहने वाला भगवान अवतार लेता है!

अन्य कथा उसके द्वारा अग्नि नामक देव के मूंह में अपना वीर्य डालने की घटना है. (स मु 2/50)

कितनी अजीब और शर्म की बात है कि हम लोग ऐसी करतूतें करने वालों को भगवान मानते हैं. अगर यह सब काम भगवान के हैं तो शैतान की तो कोई आवश्यकता ही नहीं है! जब ऐसे भगवान अवतार लेंगे तो वह ऐसे ही गुल खिलायेंगे, इस बात का प्रमाण अवतारों द्वारा किए गये कारनामे हैं. राजस्थानी भाषा में सत्य कहा गया है कि आकड़ा कै तो आकड़ा ही लागींगा. अर्थात आक के तो आक ही लगेंगे, आम नहीं. यह भी सत्य कहा गया है जैसी माटी तैसी पाटी अर्थात जैसी मिट्टी होगी वैसे ही बर्तन बनेंगे!

ब्राह्मणों के इन भगवानों के कारनामे इस प्रकार सें रहे हैं:

1. **वाराह यानि सूअर** : ब्राह्मणों का भगवान सूअर भी है, आश्चर्य नहीं!! तैतरीय संहिता (7.1.5.1)(स.मु. 4.97) के अनुसार पहले जल ही जल था. ब्रह्मा ने सूअर का अवतार लिया और पानी में घुस गया. पानी में सें उसे धरती मिली जिसे उठा कर वह बाहर ले आया. लेकिन वाराह पुराण वाले को यह कथा कुछ हज़म नहीं हुई. अतः उसने नई कहानी गढ़ी कि एक बार हिरण्याक्ष पृथ्वी को उठा कर पाताल में भाग गया. विष्णु ने अवतार लिया, सूअर बन कर पाताल में गया और धरती को उठा लाया. एक अन्य कथा के अनुसार एक बार ब्रह्मा को छींक आई तो उसकी नाक सें विष्णु सूअर बन कर निकल पड़ा. (दसवीं पहेली पृ.83)

सर्वप्रथम तो जिस जिस ने भी यह कथाएं गढ़ी हैं वह महामूर्ख रहा होगा. उसने सूअर को पानी कीचड़ में लोटते देखा होगा. उसे लगा होगा कि सूअर पानी के भीतर भी रह सकता होगा. सो उसने ब्रह्मा को सूअर बना कर जल में घुसेड़ दिया. दूसरे ब्रह्मण ने सूअर को अपनी थुथनी सें मिट्टी खोदते देखा होगा तो उसने सोचा कि सूअर ऐसे धरती खोदते हुए पाताल तक जा सकता है. सो उसने अपने विष्णु को सूअर बना कर पाताल में भेज दिया. कथाकार के दिमागी दिवालियेपन की झलक इस बात सें भी मिलती है कि उसे इतना तक पता नहीं कि पाताल भी पृथ्वी का ही हिस्सा है. अतः पृथ्वी को उठा कर कोई भी पाताल में नहीं ले जा सकता. वैसे ही जैसे घर को उठाकर कोई छत पर नहीं ले जा सकता.

खैर इस कथा में कौन से धर्म की ग्लानि हुई थी, कौन से साधु को कश्ट हुआ था, ऐसा कहीं उल्लेख नहीं है. सो गीता का कथन झूठा है कि ईश्वर किसी धर्म को बचाने के लिए अवतार लेता है. वास्तव में यह कथाएं इस बात का सबूत हैं कि ब्राह्मणों के भगवान पशुओं की तरह अपने वर्चस्व की लड़ाई लड़ते थे. इसलिए उनके गुट वालों ने ऐसी कहानियां गढ़नी पड़ी कि उनका भगवान दूसरों सें महान है. एक ने कहा कि उनका भगवान सूअर बन कर जल में सें धरती निकाल कर लाया तो दूसरे ने कथा गढ़ दी कि उनका भगवान सूअर बन कर धरती खोदता हुआ पाताल तक जा पहुंचा. तीसरे ने अपने ब्रह्मा को ऊँचा दिखाने के लिए यह कथा गढ़ दी कि विष्णु तो उनके भगवान की नाक सें निकली मैल सें बना सूअर मात्र है.

2. **हंस**

3. **मत्स्य अर्थात मछली** : लगता है कुछ काम ऐसे भी होते हैं जो भगवान अथवा उसका अवतार मनुष्य रूप में नहीं कर सकता. इसलिए ब्राह्मण–धर्म के भगवानों को जानवरों के रूप में जन्म लेना पड़ता है. एक कथा के अनुसार मनु पानी पी रहा था कि उसकी अंजलि (ओक) में मछली आ गई. देखते ही देखते वह मछली 1 लाख योजन लम्बी हो गई. एक योजन लगभग 8 मील अथवा 11 किलोमीटर के बराबर होती है. यानि वह मछली धरती सें चाँद की दूरी सें भी लगभग 4 गुणा लम्बी हो गई. पृथ्वी का कोई समुद्र इतना बड़ा नहीं है कि उस मछली को अपने में समा सके. तब कहां पर रही वह मछली ?

पदम पुराण के अनुसार यह कथा झूठी है. उसके अनुसार मकर नामक दैत्य वेद उठा कर भाग गया. तब विष्णु ने मछली बन अवतार लिया और मकर को मार कर वेद वापिस ले आया. इस कथा में और कुछ हो न हो इतना सत्य अवश्य है कि इस कथा की रचना तब हुई जब वेद किताब के रूप में छप गए थे. अतः यह कथा बहुत अधिक पुरानी नहीं है.

गीता की कसौटी पर इसे परखें तो इस में धर्म का कोई प्रश्न नहीं है, साधुओं तथा दुश्टों का भी कोई रोल नहीं है. अगर मकर एक किताब उठा ले गया था तो दूसरी छाप लेनी थी. आज पूरे भारत में 10 घर ऐसे नहीं होंगे जहां चारों वेद मौजूद हो और उनका पाठ किया जाता हो. बावजूद इसके लोग धार्मिक हैं. अतः वेद सें धर्म का कोई सम्बंध नहीं है. लोगों के लिए वेदों की कीमत कबाड़ की पुस्तकों सें अधिक नहीं है. मकर भी लगता है कबाड़ी था. वह भी उठा कर भागा तो कबाड़ की पुस्तकें. कबाड़ कौन रखता है घर में!!

4. **कूर्म (कछुआ)** : शतपथ ब्राह्मण (7.5.1.15) के अनुसार ब्रह्मा ने प्रजा पैदा करने के लिए कछुए का अवतार लिया. लेकिन भागवत पुराण इसे झूठ मानता है. उसके अनुसार जब देव और दैत्य समुद्र मन्थन कर रहे थे तो उनकी मथनी बना मंदर पर्वत नीचे धसने लगा तब विष्णु ने कछुए का अवतार लिया और पर्वत को ऊपर की ओर धकेल दिया. (भागवत 8.7)

सबसें पहले तो इस अवतार का झूठापन इस बात सें ही स्पश्ट हो जाता है कि किसी को यही पता नहीं है कि अवतार लिया किसने था. जिसको जो बहाना मिल गया, चिपका दिया. या फिर हो सकता है जैसे पहले दिलीप कुमार की देवदास बनी. बाद में शाहरूख खान की बनी. ऐसे ही अलग अलग कथाकारों ने अपने अपने हीरो को कछुआ बना दिया हो. और सच्चाई यही है कि अवतार किसी ने नहीं लिया.

वैसे भी इस अवतार को गीता के सिद्धांत पर परखें तो गीता का सिद्धांत एक बार फिर बकवास सिद्ध होता है. ब्राह्मणों के भगवान तो प्रजा पैदा करने आते हैं. ब्रह्मा ने अपनी बेटी सें बलात्कार करके हर प्रकार के जीव तो

पैदा कर दिए थे. कछुआ बन कर उसने कौन सी नई किस्म की जनता पैदा करनी थी, यह कथाकार ने नहीं लिखा. अपनी बेटी की इज्जत सें खेल कर कौन से धर्म की रक्षा की गई ?

5. **नरसिंह** : उपरोक्त अवतार तो ब्राह्मणों का भगवान पूरा पशु था लेकिन नरसिंह ऐसा अवतार था जो आधा पशु आधा पुरुष था. अर्थात नरपशु था. नरसिंह ने हरिण्यकश्पु की हत्या की थी. उनकी हत्या करने के दो कारण थे. पहला यह कि उनके पास असीमित धन था. सोने के पहाड़ बन जाएं इतना सोना उनके पास था. इसीलिए उनका नाम पड़ा था 'हरिण्यकश्पु' अर्थात सोने के पर्वत वाला. इसी धन पर देवों की नजर थी. ऋग्वेद आदि में ऐसे श्लोक भरे पड़े हैं जो इस बात का द्योतक हैं कि ब्राह्मणों के भगवान लूट मार का ही धन्धा करते थे. देवों का राजा इन्द्र तो विशेष रूप में इसी काम में लगा रहता था. दूसरा कारण यह था कि उन्होंने तीर्थंकर सें दीक्षा ले कर वैदिक धर्म छोड़ दिया था. अहिंसा की दीक्षा लेकर उन्होंने यज्ञों में माँस, मदिरा तथा मैथुन पर पाबंदी लगा दी थी. यज्ञ बिना माँस, मदिरा तथा मैथुन के होने लगे तो ब्रह्माणों और देवताओं को सहन नहीं हुआ. उनकी रोजी रोटी व ऐयाशी के साधन बन्द हो गये थे. अतः उन्होंने साजिश रची. अपने चिर परिचित साम दाम दंड भेद के हथियार का प्रयोग किया. वही साधन जिसे अपना कर राम ने प्रथम क्रांतिकारी समाज सुधारक महात्मा रावण की हत्या की थी. जैसे राम ने विभीशण को गद्दी का लालच दिया. वैसे ही देवों ने प्रह्लाद को गद्दी का लालच देकर अपनी ओर मिला लिया.

31.05.2005 प्रह्लाद ने अपने पिता सें गद्दारी की. एक दिन शाम को जब दोनों वक्त मिलते हैं हरिण्यकश्पु पूजा घर में थे तो विष्णु शेर की खाल ओढ़ कर आया. उसने हाथों में बघनखे पहन रखे थे. प्रह्लाद उसे भीतर ले आया. उसने पूजा करते हरिण्यकश्पु पर खम्भे के पीछे छिप कर हमला कर दिया. इससें पहले कि हरिण्यकश्पु संभल पाते वह नरपशु उन्हें घसीटता हुआ बाहर दहलीज/चौखट पर ले आया. प्रजा में दहशत फैलाने के लिए उसने शाम के धुंधकले में सब के सामने उनका पेट चीर दिया. आंतें बाहर निकाल दीं. बहुत दिनों सें उसे यज्ञ में माँस नहीं मिला था. आज उस नरपशु ने जी भर कर नर माँस खाया. लोगों में दहशत फैल गई. पूरे राज्य में भय का वातावरण छा गया.

प्रह्लाद को राजा घोषित कर दिया गया. ब्राह्मणों की पुनः चल निकली. फिर सें माँस, मदिरा तथा मैथुन वाले यज्ञों का प्रचलन शुरू हो गया. शीघ्र ही प्रह्लाद को अपनी गलती का अहसास हो गया. उसने भी अपने पिता की तरह माँस, मदिरा तथा मैथुन वाले यज्ञों का विरोध करना शुरू कर दिया. नतीजा वही हुआ जो होना था. देवों और ब्राह्मणों ने प्रह्लाद के विरूद्ध युद्ध छेड़ दिया. युद्ध में देवों ने प्रह्लाद के पुत्र विरोचन को बन्दी बना लिया. लेकिन प्रजा देवों और ब्राह्मणों सें तंग आ चुकी थी. प्रजा ने विद्रोह कर दिया और विरोचन को आजाद करवा लिया.

विरोचन कार्तिक महीने की अमावस्या को देवों की कैद सें छूटे. **देवों में इन्द्र और असुरों में विरोचन श्रेष्ठ थे.** उस दिन लोगों ने खुशी सें घी के दीप जलाये. विरोचन राजा बन गए. लोगों को देवों और ब्राह्मणों के चंगुल सें मुक्ति मिल गई थी. फिर हर वर्ष यह पर्व मनाया जाने लगा. दीवाली अर्थात दीपावली तब सें ही कार्तिक महीने की अमावस्या को मनाई जाने लगी.

लेकिन सोहलवीं सदी में जब तुलसी ने रामचरित लिखी तो ब्राह्मणों ने कार्तिक में मनाये जाने वाली दीपावली का सम्बंध राम के बनवास वापसी सें जोड़ दिया. जबकि सच्चाई यही है कि राम अयोध्या सें **चैत्र मास में गया** था तथा 14 साल पूरे होते ही वह **चैत्र मास में ही वापिस** अयोध्या लौट आया था. कार्तिक महीने में मनाई जाने वाली दीपावली सें राम का कहीं कोई लेना देना नहीं है.

यहां एक बात और भी अपना ध्यान आकर्शित करती है कि प्रह्लाद तथा विभीशण में कई बातों की समानता थी. उदाहरणतः दोनों ही राक्षस कुल सें सम्बंधित थे. दोनों ने अपने तत्कालीन राजा सें गद्दारी की थी. दोनों अपने पिता अथवा भाई को मरवा कर गद्दी पर काबिज हुए. दोनों ने ब्राह्मण धर्मियों सें मदद ली अथवा उनके उकसाने पर गद्दारी करने को तैयार हुए.

इन दोनों में सें विभीशण तो चुपचाप कठपुतली बन कर राज करता रहा. लेकिन प्रह्लाद व उसके पुत्र विरोचन ने देवों के विरूद्ध बगावत की तथा उनसें युद्ध भी किया. फिर क्या कारण है कि ब्राह्मणों और देवताओं के विरूद्ध युद्ध करने वाले दैत्यराज प्रह्लाद के नाम पर तो लोग अपने बच्चों के नाम रख लेते हैं लेकिन विभीशण सें लोग आज भी नफरत करते हैं. उसका नाम लेना भी अपशकुन समझते हैं. जबकि अगर देखा जाए तो उसने तो ब्राह्मणों के भगवान की पत्नि को अगवा करने वाले महात्मा रावण को शहीद करवाया था. प्रह्लाद ने तो अपने पिता को मरवा कर गद्दी हथियाइ थी और बाद में उसी प्रह्लाद ने देवों और ब्राह्मणों सें युद्ध भी कर लिया था.

तब ऐसी क्या बात है कि लोग प्रह्लाद तथा विरोचन को आदर सें मानते हैं परन्तु विभीशण को बुरा मानते हैं ? इसी प्रश्न के उत्तर में ब्राह्मणवाद की सच्चाई छिपी है.

वास्तव में भारतीय समाज ने कभी भी ब्राह्मण धर्म को स्वीकार नहीं किया है. उन्होंने हमेशा श्रमण धर्म को अपनाया है. भगवन बुद्ध और तीर्थंकर की शिक्षाओं को अपनाया है. ब्राह्मणों और उनके देवों के कार्यों को कभी नहीं अपनाया गया. ब्राह्मण सें लोग इतनी नफरत करते हैं कि शुभ काम पर जाते समय ब्राह्मण के दर्शन होना

अपशकुन माना जाता है. चाहे लोग राम कृष्ण या दूसरे देवताओं का कितना भी नाम रटें उनके मन में कहीं न कहीं उनके द्वारा किये गए कुकर्म खटकते ही रहते हैं. कोई अन्य विकल्प न होने के कारण लोग इन ब्राह्मणों और उनके कुकर्मी देवताओं का भार ढोने को मजबूर हैं. पिछले हजार साल सें भारत पर इन ब्राह्मणों का वर्चस्व रहा है. भारतीय लोग धर्म के नाम पर इन लोगों द्वारा परोसा गया अधर्म हजम करने को मजबूर रहे हैं. लेकिन विरोचन के समय में लोगों के पास ऐसी मजबूरी न थी. लोगों के पास श्रमण धर्म था. देवताओं की करतूतों को उन्होंने अपनी आँखों सें देखा था. अनेकों लोग इनके भुगत भोगी भी थे.

इसीलिए देवों की कैद सें जब विरोचन के छूटे तो लागों ने घी के दीप जलाये. देवों के विरूद्ध युद्ध करने वाले प्रह्लाद को लोग सम्मानित मानते हैं. देवों की गुलामी करने वाले विभीशण को लोग आज भी गद्दार मानते हैं.

अग्नि पुराण में भी हरिण्यकश्पिु की कथा है परन्तु वहां प्रह्लाद का उल्लेख ही नहीं है. अग्नि पुराण में प्रह्लाद का उल्लेख न होना यह दर्शाता है कि भागवत पुराण में प्रह्लाद द्वारा गद्दारी करने का किस्सा बाद में जोड़ा गया है. यह भी तथ्य है कि भागवत में अधिकतर किस्से मनगढ़ंत हैं तथा बाद में जोड़े गए हैं. लेकिन प्रह्लाद ने देवों सें युद्ध किया था, यह एक अकाट्य सत्य है. देवों के विरूद्ध युद्ध करना यह दर्शाता है कि प्रह्लाद ने या तो अपने पिता सें गद्दारी की ही नहीं. और अगर उन सें भूल हो भी गई थी तो बाद में उसका पाश्चाताप कर लिया. देवों सें युद्ध करके उन्होंने अपने श्रमण धर्म का झण्डा बुलन्द किया.

लिंग पुराण (1.95) में एक अन्य किस्सा है कि शिव ने नरसिंह को मार दिया तथा उसकी खाल उतार कर अपने शरीर पर लपेट ली. यह वही खाल है जो शिव अपने शरीर पर ओढ़े रखता है अथवा बैठे हुए अपने नीचे बिछाए रहता है.

अगर नरसिंह सचमुच अवतार था तो शिव ने उसकी खाल क्यों उतार ली?

जहां तक भागवत में वर्णित कथा की सत्यता की बात है तो यह कथा अपने आप में झूठ है. कथा है कि हरिण्यकश्पिु ने तप किया तो ब्रह्मा ने उन्हें अमर होने का वर दिया. और शर्त रखी कि कोई उनको न दिन में मार सकेगा न रात में, न घर के भीतर न बाहर मार सकेगा, न धरती पर मार सकेगा न आकाश में. न पशु मार सकेगा न मनुष्य.

इसलिए विष्णु नरपशु बन कर शाम के समय आया और उसने चौखट अथवा दहलीज पर हरिण्यकश्पिु की हत्या कर दी. वास्तव मे देखा जाए तो उस समय वह नरपशु आधा मनुष्य था आधा पशु था. अगर सही कहा जाए तो शरीर सें तो वह मनुष्य था मगर दिलो दिमाग सें दरिंदा था. अतः वह मनुष्य भी था और पशु भी था. दोनों ही हालात में हरिण्यकश्पिु को न मारने योग्य.

जब उनकी हत्या की गई तब शाम का समय था. ब्राह्मण ग्रन्थों में तर्क दिया गया है कि उस समय न रात थी न दिन था. पूछा जा सकता है कि क्या कोई ऐसा समय भी हो सकता है जो दिन और रात के बाहर होता हो? पश्चिमी काल गणना के अनुसार दोपहर 12 बजे के बाद शाम का समय शुरू हो जाता है तथा रात के 12 बजे के बाद अगली सुबह का समय शुरू हो जाता है. भारतीय काल गणना के अनुसार सूर्य निकलने सें लेकर सूर्य डूबने तक दिन का समय होता है तथा सूर्य डूबने सें लेकर सूर्य निकलने तक रात का समय होता है. दिन और रात के 24 के घण्टों को तीन तीन घण्टों के 8 पहरों में भी बांटा गया है. अतः जब विष्णु ने यह नृशंश हत्या की उस समय अगर सूर्य दिख रहा था तो दिन था अगर सूर्य डूब चुका था तो रात थी. अतः ब्रह्मा के वरदान के अनुसार उनकी हत्या नहीं हो सकती थी.

जहां तक घर के अंदर या बाहर की बात है तो उन की दहलीज पर हत्या की गई. तब उनका आधा शरीर अंदर तथा आधा बाहर था. अतः वे घर के अंदर भी थे तथा घर सें बाहर भी, हर हालत में अवध्य. और घर चौखट तक ही नहीं होता है उसके आगे जो दालान होता है वह भी घर का हिस्सा होता है. हरिण्यकश्पिु सम्राट थे. अतः महल में रहते थे. हर महल के चारों ओर एक चारदीवारी अर्थात परकोटा होता है. उनका घर उस परकोटे तक था जबकि उस नरपिशाच ने उन्हें महल की चौखट पर मारा.

जहां तक ''न धरती न आकाश'' का प्रश्न है, उस नरपिशाच ने हरिण्यकश्पिु की हत्या अपने घुटनों पर लिटा कर की थी. तो क्या घुटनों पर लेटा व्यक्ति धरती पर नहीं होता? क्या जब हम बस अथवा रेलगाड़ी सें सफर कर रहे होते हैं तो क्या हम धरती पर नहीं होते? क्या छत पर बैठा व्यक्ति धरती सें जुड़ा नहीं होता. जो भी व्यक्ति जब तक धरती सें जुड़ा रहता है वह धरती पर ही रहता है. जब उसका धरती सें जुड़ाव नहीं रहता तो वह आसमान में होता है. उदाहरण के तौर पर हवाई जहाज में बैठा व्यक्ति तब तक धरती पर होता है जब तक विमान धरती पर खड़ा होता है या दौड़ रहा होता है. जैसे ही जहाज जमीन छोड़ कर हवा में उठता है, ऐसा कहा जा सकता है कि जहाज व उसमें सवार व्यक्ति आसमान में हैं. अतः जब हरिण्यकश्पिु की हत्या की गई वे धरती पर ही थे. अपने घर की छत अभी भी उनके सिर के ऊपर ही थी.

अतः इन परस्थितियों में सम्राट हरिण्यकश्पिु की हत्या दिन दिहाड़े, घर के अंदर, धरती पर एक नरपिशाच द्वारा की गई. ब्रह्मा द्वारा वर दिए जाने की कथा निरी बकवास है. जो आदमी अपनी बेटी पोती पर नीयत बिगाड़ सकता है, वह भगवान हो ही नहीं सकता. इतना नीच आदमी किसी को वर अथवा आर्शीवाद तो क्या, किसी को

बद्दुआ देने के काबिल भी नहीं होता है. ब्रह्मा जैसा नीच प्राणी, सन्त सरीखे सम्राट को कुछ दे ही नहीं सकता. यह तो बिल्कुल ऐसा है जैसे कोई कहे कि बिन बाती के दीये ने सूर्य को रोशनी दे दी !!

एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रश्न है कि सम्राट हरिण्यकश्पु का दोश क्या था कि उनकी हत्या की गई.

20.09.05 उनका कसूर मात्र इतना था कि उन्होंने ब्राह्माणों के धार्मिक कर्मकांड मानना छोड़ दिया था. उन्होंने यज्ञों में पशु बलि पर पाबन्दी लगा दी थी. किसी भी ब्राह्मण ग्रन्थ में ऐसा कहीं वर्णन नहीं है कि उन्होंने आम जनता को परेशान किया हो अथवा उनके राज्य में जनता दुखी रहती हो. दुख था तो मात्र ब्राह्मणों को क्योंकि सम्राट हरिण्यकश्पु उनका धर्म न मान कर वे श्रमण धर्म को मानते थे. अतः वे अपने राज्य में धर्म के नाम पर निरीह दुधारू पशुओं का कत्लेआम नहीं होने देते थे.

ब्राह्मणों को यज्ञों में मिलने वाले माँस, मदिरा तथा महिला पर रोक लग गई थी. अतः देवों को भी उनका हिस्सा पहुंचना बन्द हो गया था. दोनों पक्ष माँस, मदिरा तथा महिला के लिए छटपटाने लगे. तब उन्होंने सम्राट हरिण्यकश्पु की हत्या करने की साजिश रची. शाम के धुंधकले में जब लोग दीया बाती अथवा सन्ध्या करने लगते हैं उस समय इन लोगों ने उनकी नृशंस हत्या कर दी. दोनों वक्त मिले जब लोग भगवान का नाम लेने, धूप बत्ती करने में व्यस्त होते हैं, ब्राह्मणों और उनके देवता ने ऐसी भयंकर हत्या की कि जिस की विश्व इतिहास में कहीं कोई मिसाल नहीं मिलती! हाँ, ब्राह्मण ग्रन्थों में ऐसी उदाहरणें अवश्य मिलती हैं. ऐसी बेरहम हत्याएं ब्राह्मणों के ही भगवान कहे जाने वाले परशु ने जरूर की थीं जब उसने क्षत्राणियों के गर्भ में पल रहे बच्चे निकाल कर अपने परशु सें काट दिए थे!

बड़ी अजीब सी बात है कि ब्राह्मणों के अवतार ही ऐसी बेरहम हत्याएं क्यों करते थे? कृष्ण ने खांडव वन में रहने वाले नाग कबीले के समस्त स्त्री, पुरुष और बच्चों को जला कर मार डाला! परशु ने तो गर्भ में पल रहे बच्चे तक निकाल कर कुल्हाड़ी सें काट डाले! हनुमान ने पूरी लंका नगरी जला डाली जिसमें रहने वाले बच्चे, बूढ़े, स्त्रियां तथा बीमार जल कर मर गए! राम ने परशु राम को मारने के लिए तीर चढ़ाया लेकिन जब उसे पता चला कि सामने वाला भी उसके जैसा अवतार है तो उसने वह तीर दूसरे नगर पर चला दिया जहां रहने वाले सैंकडों नर नारी व बच्चे मारे गए.

6. परशुराम : इस प्राणी /दरिंदे के नाम जो कारनामे दर्ज हैं उन्हें आज भी पढ़ कर ही आत्मा थर्रा उठती है. जिन बेचारों के साथ यह बीती होगी उनका क्या हाल हुआ होगा, असोचनीय है. परशुराम का असली नाम तो लेकिन क्यों कि उसने बचपन में अपनी माँ का सिर कुल्हाड़ी सें काट दिया था तथा वह हमेशा हाथ में कुल्हाड़ी फरसा अर्थात परशु लेकर घूमता रहता था, अतः उसका नाम परशु राम पड़ गया.

परशुराम के बाप का नाम जमदग्नि तथा माँ का नाम रेणुका था. जमदग्नि को ऋचीक नामक ऋषि ने सत्यवती सें पैदा किया था. शायद परशु पहला ब्राह्मण था जिसने मनुष्य अथवा क्षत्रिय के विरूद्ध हथियार उठाया था. अन्यथा उससें पहले तो ब्राह्मण मात्र यज्ञ में निरीह पशु काटने के लिए ही हथियार उठाते थे. सबसें पहले परशुराम ने अपने बाप जमदग्नि के कहने पर अपनी माँ की हत्या की. उसकी माँ का दोश मात्र इतना था कि उसने जल में खेलते हुए दो यक्षों को देख लिया था. घर आकर उसने अपने पति को बात बताई. बस इसी सें नाराज होकर उसने अपनी पत्नि का सिर काटने का आदेश दे दिया. शेषभाईयों ने तो मना कर दिया परन्तु परशुराम ने, कहते ही, कुल्हाड़ी मार कर अपनी माँ के दो टुकड़े कर दिये. उसे एक पल के लिए भी विचार नहीं आया कि वह उसकी जन्मदायी माँ है. जितनी बेरहमी सें उसने अपनी माँ का सिर काटा, उतनी बेरहमी सें तो कसाई भी पशु नहीं काटते होते होंगे. जब परशु ने यह कत्ल किया तो उस समय वह बाल्यावस्था में था. (आप्टे) बाल्यावस्था अर्थात आठ दस बरस का था जब उसने पहला कत्ल किया.

एक बार जमदग्नि का क्षत्रिय वंश के अर्जुन सें झगड़ा हो गया. अर्जुन जमदग्नि के आश्रम में सें उसकी गाय चुरा ले गया. जमदग्नि ने अपना ऋषिपन दिखाया अर्थात अर्जुन को मार डाला. बदले में अर्जुन के बेटों ने जमदग्नि को मार दिया. तब परशुराम ने निर्णय किया कि वह धरती पर सें क्षत्रियों का नामो निशान मिटा देगा. अतः उसने अर्जुन के गांव पर धावा बोल दिया. अगर ब्राह्मण ग्रन्थों को सत्य मानें तो परशु ने अर्जुन की 100 अक्षौणी सेना अपनी कुल्हाड़ी सें काट डाली. एक अक्षौणी सेना की रचना ऐसे होती है:

(1) हाथी	:	21,870
(2) रथ	:	21,870
(3) घोड़े	:	87,480 (65,610 घुड़सवार सैनिकों के लिए तथा 21,870 रथों में जुते हुए.)
(4) हाथी सवार	:	65,610 प्रत्येक हाथी पर सवार 3 मनुष्य (1 चालक, 1 योद्धा तथा 1 सहायक) अतः 21780 हाथियों पर सवार कुल मनुष्य = 65610
(5) रथ सवार	:	65,610 प्रत्येक रथ पर सवार 3 मनुष्य (1 चालक, 1 योद्धा तथा 1 सहायक) अतः 21780 रथों पर सवार कुल मनुष्य = 65610
(6) घुड़सवार	:	65,610 प्रत्येक घोड़े पर एक सवार

(7) पैदल सैनिक 1,09,350 (अतः एक अक्षौणी में कुल मनुष्य (4)+(5)+(6)+(7) = 3,06,180)

अतः 100 अक्षौणी सेना में हुए : 21,87,000 हाथी, 87,48,000 घोड़े अर्थात कुल 1,09,35,000 (एक करोड़ नौ लाख पैंतीस हजार जानवर) तथा 3,06,18,000 (तीन करोड़ छः लाख अठारह हजार) मानव.
इस तरह सें कुल मिला कर 4 करोड़ सें अधिक जीवित प्राणियों की हत्या कर दी ब्राह्मणों के एक अवतार ने!!

ब्राह्मणों के भगवान परशु ने कुल 4 करोड़ 15 लाख 53 हजार प्राणी कत्ल किये. परशु को इतने प्राणी मारने में कितना समय लगा होगा ? अगर समय की गिनती की जाए और यह मान लिया जाए कि उसने एक मिनट में एक प्राणी की हत्या की तथा यह कत्लेआम बिना रूके चलता रहा तो परशु को इतने प्राणी काटने में 79 साल का समय लगा. अर्थात वह कातिल 79 साल तक बिना रुके इसी काम में लगा रहा. ऐसा था ब्राह्मणों का भगवान!!
जमदग्नि झगड़ालू तथा गुस्सैल था. उसने अर्जुन की हत्या की परन्तु फिर भी जन्म सें ब्राह्मण होने के कारण वह ऋषि कहलाया. उसका बेटा परशुराम क्रूर, बेरहम, बेदर्द हत्यारा था. वह अपने बाप सें भी हजार हाथ बढ़ कर था. इसलिए जहां उसका बाप तो मात्र ऋषि बन पाया, उसे ब्राह्मणों के भगवान का अवतार बना दिया गया. हैरानी और दुख होता है कि ऐसे वहशी दरिंदे को भी भगवान का अवतार माना जाता है.!!
उस दरिन्दे अवतार की खून की प्यास यहीं समाप्त नहीं हुई. इतने प्राणियों को मार कर वह क्षत्रियों का नाश करने निकल पड़ा. उसने इस पृथ्वी पर जितने क्षत्रिय मिले, बच्चे, बूढ़े, जवान, अपाहिज रोगी जो भी क्षत्रिय मिला, उसने उनकी हत्या कर डाली. उसके बाद उसने वह किया जिस दृश्य की कल्पना मात्र सें रोंगटे खड़े हो जाते हैं. उसे जितनी गर्भवती क्षत्रिय स्त्रियां मिली, उसने उनके पेट चीर डाले. और गर्भ में पल रहे बच्चों को निकाल कर अपनी कुल्हाड़ी सें काट डाला!!! कसाई में भी इतनी दया, रहम की भावना तो होती ही है कि वह गर्भवती भेड़ बकरी को नहीं मारता. लेकिन ब्राह्मणों का भगवान तो कसाई सें भी गया गुजरा निकला. उसने न केवल गर्भवती माँओं की हत्या की बल्कि गर्भ में सें निकले बच्चे भी कुल्हाड़ी सें काट डाले!!
पूरी पृथ्वी पर एक भी जीवित क्षत्रिय उसने नहीं छोड़ा. ऐसा उसने एक बार नहीं बल्कि 21 बार किया. 21 बार उसने गर्भ में पल रहे बच्चों की हत्या की. अगर परशुराम जैसे हत्यारे भगवान का अवतार हैं तो ऐसे भगवान का तो न होना ही अच्छा है. ओसामा मियां तो परशुराम के आगे वैसे ही हैं जैसे लकड़बग्घे के सामने चींटी.

परशुराम अगर अवतार है तो गीता में जो कुछ कहा गया है वह निरी बकवास है कि भगवान धर्म की रक्षा करने के लिए अवतार धारण करता है. गर्भ में पल रहे बच्चों की हत्या करने में कौन से धर्म की रक्षा हुई?
पूरे विश्व में ऐसी वीभत्स हरकत कहीं और नहीं मिलती.

परशु द्वारा विधवा बनाई गई क्षत्राणियों को सड़कों पर जाकर खड़ा होना पड़ा, वहां सें गुजरने वाले हर ब्राह्मण सें याचना करनी पड़ी कि वह उसके साथ संभोग कर ले ताकि उसके पुत्र पैदा हो सके और वह मोक्ष की हकदार बन सके. तब ब्राह्मणों ने लाचार क्षत्राणियों सें व्यभिचार/ब्लातकार किया जिसके लिए उन्हें भरपूर दक्षिणा भी मिली. ऐसा मात्र ब्राह्मण–धर्म में ही हुआ है कि किसी को ब्लातकार करने के लिए दक्षिणा दी गई हो!! यह पाप का धंधा कई दशकों तक चला क्यों कि परशु ने एक बार नहीं बल्कि 21 बार क्षत्रियों का समूल नाश किया था.

वास्तव में परशु की कहानी पुश्यमित्र शुंग की कहानी है जिसने ब्राह्मण ऋषि पतंजलि के उकसाने पर जातिय अपमान का बदला लेने के लिए ब्राह्मण पुश्यमित्र ने सम्राट वृहदर्थ की हत्या की. (समु 5.142) अतः ब्राह्मण जाति के अपमान का बदला लेने के एवज में पुश्यमित्र शुंग सरीखे हत्यारे, जिसने सम्राट वृहदर्थ का कत्ल किया, को अवतार घोषित कर दिया. पुश्यमित्र को "परशु" तथा उसके कत्लेआम को क्षत्रियों का कत्लेआम बना दिया गया. सत्ता हथियाने के बाद ब्राह्मणों ने बौद्धों को कत्लेआम किया. उस समय तक अधिकतर क्षत्रिय शूद्र घोषित नहीं किये गए थे. जैसे बौद्ध मौर्यों का अकसर 'क्षत्रिय' भी बताया जाता है वैसे ही उस समय अन्य बौद्ध भी 'क्षत्रिय' थे. अतः जब पुश्यमित्र ने बौद्धों का कत्ल किया तो उसे भगवान का अवतार बना दिया गया ताकि लोग उस कत्लेआम को भगवान का भाणा समझ लें.

7. **राम :** राम का जीवन चरित्र अध्याय 5 ''ध्वज वाहक" में दिया गया है. अगर उसके जैसा भाई-घाती, पत्नि हत्यारा, नामर्द भी भगवान का अवतार है तो ऐसे भगवान मात्र ब्राह्मणवाद में ही पैदा हो सकते हैं. गद्दी की खातिर धोखे सें बालि की हत्या, गर्भवती सीता का जंगल में फिकवाना, पूजा करते इन्द्रजीत मेघनाद की हत्या, लक्ष्मण जैसे भाई को आत्महत्या करने पर मजबूर करने, महात्मा शंबूक की निर्मम हत्या करने वाला राम कभी भगवान हो ही नहीं सकता. और तो और अंत में अपने जीवन सें तंग आकर राम ने सरयू में डूब कर आत्महत्या कर ली. क्या सारी उम्र कुंठाओं में जीकर अंत में आत्महत्या करने वाला कभी भगवान हो सकता है?

8. **कृष्ण :** कृष्ण का जीवन चरित्र अध्याय 5 ''ध्वज वाहक" में दिया गया है. उसके जैसा व्यभिचारी न कभी हुआ और न कभी होने वाला है. भूतो न भविश्यति्. दो जुआरी परिवारों में जूए में जीती सम्पत्ति को लेकर युध की नौबत आ गई. अर्जुन में कुछ मानवता बाकी थी. उसने जूए की सम्पत्ति की खातिर अपनों को मारना उचित नहीं

समझा. कृष्ण ने ऐसी पट्टी पढ़ाई, जिसे गीता कहा जाता है, कि टला टलाया युध करवा दिया. अगर महाभारत को सत्य मानें तो कृष्ण ने भारत भूमि वीरों सें खाली करवा दी. परशु ने क्षत्रिय मारे तो क्षत्राणियां सड़कों पर आ गईं, कृष्ण ने महाभारत करवा कर गोपियों को सड़कों पर ला खड़ा किया. धन्य हैं ब्राह्मणों के भगवान!!
  4. 1992 में किये गये सर्वेक्षण के अनुसार पूरे भारत में खच्चरों और घोड़ों की कुल संख्या 8 लाख 62 हजार है. द्वापर में अकेले कुरुक्षेत्र कस्बे में 20 लाख घोड़े मार दिये गये!! इससें बड़ी गप्प और क्या होगी.
  5. ऐसे ही इस "युद्ध" में 3 लाख 94 हजार हाथी मारे गये. अफ्रीका को हाथियों का घर कहा जाता है. वहां के सबसें बड़े जंगल में कभी 4300 हाथी होते थे. पूरे अफ्रीका में एक लाख होंगे. विश्व भर में

दो लाख होंगे. लेकिन अकेले कुरुक्षेत्र में चार लाख के करीब हाथी "मार" दिये गये. गप्प मारने में कौन सा टैक्स लगता है.

6. ऐसे ही इस "युद्ध" में चार लाख के करीब रथ नष्ट किये गये. सन् 1950 तक भारत में बैलगाड़ी और टांगा ही यातायात का प्रमुख साधन थे. 1950 में जब भारत की आबादी 36 करोड़ थी तब भी पूरे भारत में चार लाख बैलगाड़ियां और टांगे नहीं थे. अकेले कुरुक्षेत्र में चार लाख रथों का नष्ट होना, भांग खाकर गप्प हांकने के समान है.
7. सबसें मुख्य बात यह भी है कि इस तथाकथित युद्ध में पांच पांडव और एक कृष्ण कुल छः प्राणी एक तरफ थे और बाकी सभी लोग दूसरी तरफ थे. कृष्ण ने तो किसी को अपने हाथ सें मारा नहीं. अतः कुल पांच पांडवों ने यह 82 लाख प्राणी मारे. यानि प्रतिदिन साढे चार लाख प्राणी मारे. प्रति पांडव ने 90 हजार प्राणी रोज मारे. महाभारत के अनुसार दिन ढलते ही सब लड़ाई बंद कर देते थे. अतः प्रतिदिन 12 घण्टे सें ज्यादा देर तक लड़ाई नहीं होती थीं. 12 घण्टे में 90 हजार आदमी, हाथी और घोड़े मारना यानि 7500 प्राणी प्रति घण्टे यानि एक सैकिंड में 2 प्राणी मार देना. एक सैकिंड में दो आदमी अथवा हाथी तो क्या अगर चींटियां भी एक एक करके मारनी हों तो उन्हें भी नहीं मारा जा सकता.
8. सबसें मुख्य बात यह कि आज पूरे भारत की सेना में जवानों की संख्या 11 लाख है जो कश्मीर सें लेकर कन्याकुमारी और कच्छ सें लेकर अरूणाचल तक की हजारों मील लम्बी सीमाओं की रक्षा करते हैं. अतः यह कहना कि मात्र कौरवों पांडवों और उनके रिश्तेदारों के 55 लाख सेनिक युद्ध करने के लिए कुरुक्षेत्र में आ गये थे, अपने आप में बकवास करने के समान है.
9. कहते हैं कि महाभारत के "युद्ध" में 18 अक्षौहिणी सेना मारी गई. एक अक्षौहिणी में निम्न प्राणी और वस्तुएं होती हैं.

(1) हाथी : 21,870
(2) रथ : 21,870
(3) घोड़े : 87,480 (65,610 घुड़सवार सैनिकों के लिए तथा 43,740 रथों में जुते हुए.)
(4) हाथी सवार : 65,610 प्रत्येक हाथी पर सवार 3 मनुष्य (1 चालक, 1 योद्धा तथा 1 सहायक)
अतः 21780 हाथियों पर सवार कुल मनुष्य = 65610
(5) रथ सवार : 65,610 प्रत्येक रथ पर सवार 3 मनुष्य (1 चालक, 1 योद्धा तथा 1 सहायक)
अतः 21780 रथों पर सवार कुल मनुष्य = 65610
(6) घुड़सवार : 65,610 प्रत्येक घोड़े पर एक सवार
(7) पैदल सैनिक 1,09,350 (अतः एक अक्षौणी में कुल मनुष्य (4)+(5)+(6)+(7) = 3,06,180 तथा जानवर हुए 21870+87480 यानि 1,09,350 तथा रथ हुए 21870)

इस आधार पर 18 अक्षौहिणी में हुए :

मनुष्य = 3,06,180 x 18 = 55,11,240
घोड़े = 1,31,220 x 18 = 23,61,960
हाथी = 21,870 x 18 = 3,93,660
रथ = 21,870 x 18 = 3,93,660

पूरी महाभारत में कहीं भी ऐसा जिक्र नहीं है कि कभी सेना में जगह की तंगी महसूस की गई हो. सेनिकों के लिए तम्बू भी लगाये गये थे. पशुओं के लिए चारा पानी आदि भी स्टोर किया गया था. अतः माना जा सकता है कि सेनिक और जानवर सभी खुले स्थान में रहे. महाभारत में इस बात का भी जिक्र नहीं हैं कि एक तरफ के सैनिक दूसरी तरफ की सेना के अंदर तक घुस कर लड़े हों. अतः माना जा सकता दो सौ गज सें कम चैड़ाई में ही सेनिक लड़े होंगे. अतः 55 लाख सेनिकों के लड़ने के लिये कम सें कम 60 किलो मीटर लम्बा मैदान चाहिए. आज के समय भी कुरुक्षेत्र में 60 किलोमीटर का मैदान नहीं है. 27 लाख घोड़े हाथी और रथ खड़े करने के लिये 80 किलोमीटर लम्बा मैदान चाहिये था. अतः पूरी सेना के लिये 140 किलोमीटर लम्बा मैदान चाहिए था. 5000 साल पहले इस धरती पर बिना जंगलों के इतना बड़ा मैदान होना ही संभव नहीं है.

असल बात तो इतनी सी है कि पुराने समय में आर्यों को लिखना नहीं आता था. उनमें सदियों तक पीढ़ी दर पीढ़ी जुबानी बातें आगे चलती रहती थीं. कौरवों और पांडवों में जूए की सम्पत्ति को लेकर झगड़ा हो गया. इस झगड़े में कौरव मारे गये. यह झगड़ा कुरू के खेत में हुआ था जिसे संस्कृत में

कुरूक्षेत्र कहते हैं. लेकिन जैसे ब्राह्मणों की आदत रही है वे हमेशा ही घूंसे को पंचतत्व बनाते और बताते आये हैं उन्होंने कुरू के खेत को कुरूक्षेत्र बना दिया. आपसी झगड़े को विश्व युद्ध सें भी भयानक युद्ध बना दिया. कहानी कहने वाले इसे अगर दो परिवारों का झगड़ा बताते तो उन्हें बात बताने में मजा नहीं आता और शायद कोई सुनता भी नहीं. सो हर कोई इस कथा को बढ़ा चढ़ा कर पेश करने लगा. अतः जब तक यह कथा लिखित रूप में आई तब तक "मरने" वालों की संख्या लाखों में पहुंच गई. खास करके जब कृष्ण इस कथा में जोड़ा गया तो उस "भगवान" के हाथों दस बीस आदमियों को मरवाना मजे की बात नहीं थी. यह बिल्कुल वैसा ही है जैसे कोई आजकल मंत्री बन जाये और उसके साथ केवल एक ही सुरक्षा कर्मी हो. मंत्री बनने का मजा तो तभी है जब बलैक कमांडो की पूरी भरी गाड़ी आगे आगे सायरन बजाती चले. बस ऐसा ही कुछ महाभारत के साथ हुआ. इसके न केवल श्लोक 2400 सें बढ़ कर एक लाख हुए बल्कि इसकी कहानियों में टविस्ट का मसाला भी आता गया.

10. महाभारत के तथाकथित विश्व युद्ध को गप्प साबित करने के लिये एक तथ्य और है. वह तथ्य यह है कि इस सौ डेड सौ किलोमीटर के मैदान में हो रहे युद्ध को संजय नामक आदमी न केवल देख रहा था बल्कि वह हरेक की आवाज भी सुन रहा था. कौन किस के साथ क्या कर रहा है, कौन किसे क्या कह रहा है वह सब देख और सुन रहा था. जैसे आजकल रेड़ियो पर क्रिकेट मैच की कमेंटरी आती है संजय नामक वह आदमी 150 किलोमीटर दूर बैठ कर इस विश्व युद्ध की रनिंग कमेंटरी अन्धे धृतराश्ट्र को सुनाये जा रहा था. उसे न केवल हो रही घटनायें दिख रही थीं बल्कि कोई मन में क्या सोच रहा है उसे वह भी दिखाई और सुनाई दे रहा था.
11. विश्व में दो बार महा युद्ध हो चुके हैं जिसमें दुनिया के लगभग सभी देश या तो सीधे लड़े अथवा अपनी फौजें साथी देश को सौंप दीं. कई कई सालों तक लगातार युद्ध हुए मगर इन दोनों विश्व युद्धों में भी कुल मिला कर उतने प्राणी नहीं मरे जितने पांडवों ने कुल 18 दिनों में मार दिये!! गप्प मारने में कुछ तो शर्म आनी चाहिए थी. और बेशर्मी की बात देखो इस गप्प का प्रचार भी किया जा रहा है.
12. महाभारत का झूठ इससें भी साबित होता है कि इसके अधिकतर पात्र अमानवीय ढंग सें "उपजे" हैं. कोई डोंगे सें उपजा है तो कोई सरकण्डों सें. कौरव तो सारे के सारे मॉंस के टुकड़े सें घी के बर्तनों में उपजे हैं. कईयों को घोड़ी सें पैदा हुए बच्चों ने पैदा किया है. कईयों को उन लोगों ने पैदा किया है जो दो युग पहले ही मर खप लिये थे. और तो और कहानी लिखने वाला और पांडवों का औरस (असली) बाप उस लड़की सें पैदा हुआ था जो मछली के पेट सें जन्मी थी. कहानी कलमबद्ध करने वाला भी मैल सें उपजा था. कहानी की हिरोइन भी यज्ञ के कुण्ड सें उपजी थी. **आज चाहे कोई "विद्वान" कितना भी महाभारत को सत्य सिद्ध करने की दलीलें दे मगर वह उस ढंग सें एक भी बच्चा पैदा करके नहीं दिखा सकता जैसे महाभारत के हीरो हिरोइन विलेन लेखक आदि उपजे हैं.**
13. रामायण त्रेता काल की घटना बताई जाती है. हनुमान उसका मुख्य पात्र है. हनुमान को पवन ने अंजनि सें व्यभिचार करके पैदा किया. महाभारत द्वापर काल के अंत की घटना बताई जाती है. भीम इसके मुख्य पात्रों में सें है. उसका बाप भी पवन है. एक ही आदमी दो युगों तक बच्चे पैदा करने के लिये जिन्दा रहा? ऐसा सम्भव ही नहीं है.
14. और तो और महाभारत के पात्रों कृष्ण, पाण्डू, दुशासन, अर्जुन युधिश्ठर कर्ण आदि का किसी भी प्राचीन वैदिक ग्रन्थ में जिक्र भी नहीं है. (गोमॉंस 62) भगवन बुद्ध ने आज सें लगभग ढाई हजार साल पहले भारत भूमि को आलोकित किया था लेकिन उनकी वाणी में कहीं भी महाभारत के किसी पात्र का जिक्र नहीं है. यहां तक कि सम्राट अशोक के शिलालेखों में भी किसी का जिक्र नहीं है. यह सभी पात्र सम्राट वृहदर्थ की हत्या करने के बाद पहली सदी में घढ़े गये.
15. महाभारत की सारी कहानी सत्यवती सें शुरू होती है. सत्यवती एक मछुआरे की बेटी थी जिससें भीष्म का बाप शादी करना चाहता था. **लेकिन अजीब बात है कि शूद्र होते हुए भी सत्यवती का बाप एक क्षत्रिय और वह भी उसके प्रदेश का राजा, सें अपनी बेटी का रिश्ता करने सें मना कर देता है. ऐसा करना संभव ही नहीं था. लेकिन अगर कथाकार ऐसी कहानी नहीं बनाता तो महाभारत की कहानी ही नहीं बनती. भीष्म प्रतिज्ञा नहीं करता और राजा बन जाता. कौरवों पांडवों के पास जूआ खेलने के लिए कुछ बचता ही नही!**

-

10.8 जातिवाद

ब्राह्मणोंने सबसें बड़ा धोखा जो लोगों के साथ किया है वह यह हैं कि उन्होंने पूरे भारतीय समाज को जातियों उपजातियों में बांट दिया है. इसमें सबसें घातक बात यह हैं कि हर भारतीय अपने आप को एक जाति विशेष सें सम्बधित ही मानता है. कोई भी जातिवादी भारतीय अपने आप को सबसें पहले अपनी जाति का मानता है फिर अपने आप को आदमी मानता है. हर कोई इसी काम में लगा हुआ है कि उसकी जाति सामने वाले की जाति सें ऊँची है. न केवल सामने वाले सें बल्कि अपने ही लागों में भी उसकी जाति/कुल /गोत्र दूसरों सें ऊँचा है.
हम जब अपने बच्चों की शादी करते हैं तो मात्र यही देखते हैं कि हमारी जाति में कौन लड़का लड़की योग्य हैं. राष्ट्रीय मुद्दों पर भी हम जाति के आधार पर विरोध या समर्थन करते हैं. वोट देते वक्त भी हम "अपने" ही आदमी को वोट देते हैं. हम कभी सोचते ही नहीं कि हमारे दिमाग की पंगु हालत किसने की है. हम बजाए दोषी को पकड़ने के इसी बात में लगे हुए हैं कि हमारी जाति दूसरों सें ऊँची है. सबसें बड़े दुख की बात तो यह है कि जिनकी जाति नीची बताई गई है वह भी अपने आप को दूसरी जाति वालों सें नीचा और हेय मानने लगे हैं.
कितने शर्म की बात है कि आज तक **एक भी सन्त** ब्राह्मणों में पैदा नहीं हुआ लेकिन समस्त मंदिरों पर उनका कब्जा है. सभी सन्त दलित या वैश्य समाज सें हैं लेकिन इन जातियों में सें एक भी आदमी किसी मंदिर का पुजारी बनने का अधिकारी नहीं है, पुजारी होना या बनना तो बहुत दूर की बात है. जातिवाद ने उनके दिमाग को इस कदर पंगु कर दिया है यह बात उनके दिमाग में आती ही नहीं है कि वे भी मंदिर के पुजारी बनने के अधिकारी हैं. हम सभी जानते हैं कि कृष्ण यादव था लेकिन कोई यादव यह सोचता भी नहीं कि कृष्ण के मंदिरों में कृष्ण के यादव कुल वाले ही पुजारी क्यों नहीं हैं.
जातिवाद का लाभ केवल और केवल बाह्मण वर्ग ही क्यों उठा रहा है, यह बात कोई भी गैर ब्राह्मण सोच ही नहीं पा रहा है. क्यों ? क्योंकि सदियों सें जातिवाद का जहर पीकर हम लोग अपने आप को अपनी जाति सामाजिक पोजीशन के समान ही समझने लग गये हैं अर्थात दलित राष्ट्रपति बनकर भी दलित ही रहता है. दलित राष्ट्रपति को कभी वह सम्मान नहीं दिया जाता जिसका वह अधिकारी होता है अथवा जो एक ब्राह्मण राष्ट्रपति को दिया जाता है. उदाहरणतः भारत में दो बहुत पढ़े लिखे राष्ट्रपति हुए हैं एक माननीय के आर नारायणन (दलित) और दूसरे राधा कृष्णनन. (ब्राह्मण) राधा कृष्णनन के नाम पर हर 5 सितम्बर को अध्यापक दिवस मनाया जाता है क्योंकि वह ब्राह्मण थे माननीय नारायणन अपने विश्वद्यिालय में प्रथम रहे भारत की सबसें महान यूनिवर्सिटी जे एन यू के वाइस चांसलर भी रहे लेकिन उनका नाम भी नहीं लिया जाता. राधा कृष्णनन ने जितनी भी पुस्तकें लिखीं सभी में पक्षपात की बू आती है. हर पुस्तक ब्राह्मवाद के "झूठ" को "सत्य" साबित करने के उद्देश्य सें लिखी गई है. भगवन बुद्ध ने ब्राह्मणवाद की धज्जियां उड़ा दी. जिस समय भगवन बुद्ध ने मानवता का संदेश दिया, "हिन्दू" शब्द कोई जानता भी नहीं था लेकिन ब्राह्मण राधा कृष्णनन की घृष्टता (शायद धूर्तता अधिक उपयुक्त शब्द है) देखो वह उन्हें हिन्दू बताता है. फिर भी ऐसे आदमी के नाम पर अध्यापक दिवस घोषित किया जाता है. कारण एक ही है जातिवाद का जहर!!
भारत में पहला बालिका स्कूल माननीय सावित्री बाई फूले ने शुरू किया. पूजनीय ज्योतिबा ने भारत में पहला स्कूल खोला. उनके नाम पर कोई अवार्ड नहीं है लेकिन महानीच द्रोण (ब्राह्मण) जिसने वीर एकलव्य का अंगूठा काटा उसके नाम पर सर्वोत्तम अध्यापक का इनाम दिया जाता है. सदा अंग्रेजों के तलवे चाटने वाला मंगल पांडे आज हर पाठ्य पुस्तक का हिस्सा है लेकिन देश पर जान लुटाने वाले मदन लाला ढींगरा उधम सिंह कमोअ जैसे वीरों का नाम किसी सरकारी स्कूल की पुस्तक में नहीं है. क्योंकि ये लोग पांडे की तरह ब्राह्मण नहीं हैं.
आम आदमी ही नहीं गैर दलित धार्मिक गुरू भी इस जहर सें बच नहीं पाये. गुरू गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ स्थापित किया. इस पंथ में अधिकतर दलित गुरू के प्यारे बने. इसलिए उन्होंने कहा रंगरेटे गुरू के बेटे अर्थात चमड़ा रंगने वाले गुरू के बेटे हैं. निश्चित रूप में सदियों सें कुचले जा रहे लोगों के लिए यह एक महान सम्मान था लेकिन विडम्बना देखो उनकी खालसा फौज उन ब्राह्मणों को बचाने में ही लगी रही जो सदियों सें इन गुरू के बेटों का ही शोषण करते आ रहे थे.

अध्याय 11
सत्य दमन

11.1 ऋषि आश्रम : यानि ऐयाशी के अड्डे

जितनी दासियां और हथियार ब्राह्मण ऋषियों के आश्रमों पर होते थे उतने हथियार और स्त्रियां तो अंडरवर्ल्ड के सरदार भी अपने अड्डों पर नहीं रख पाते होंगे.

11.2 ब्राह्मणों की रक्त शुद्धता : नहीं

अक्सर यह दावा किया जाता है कि द्विज शुद्ध रक्त के हैं अर्थात ब्राह्मणों, क्षत्रियों तथा वैश्यों का अपनी जाति के इलावा अन्य लोगों से खून का रिश्ता नहीं रहा है. आम तौर पर यह कहा और समझा जाता है कि शूद्रों का खून शुद्ध नहीं है. उनकी स्त्रियों का अन्य जाति के लोगों से सम्बंध रहा है. लेकिन वास्तविकता में सभी जातियों की स्त्रियों के दूसरी जाति के लोगों से सम्बंध रहे हैं. भारत का कोई भी व्यक्ति यह दावा नहीं कर सकता कि उसके खानदान अथवा जाति का रक्त एकदम शुद्ध है. इसके कारण हैः

- मनु का आदेश है "जन्मना जायते शूद्रः, संस्कारत् द्विज उच्चयते" अर्थात जन्म से तो सभी शूद्र पैदा होते हैं. केवल संस्कार ही उन्हें द्विज (दूसरी बार जन्मा) बनाता है. मनु स्मृति अध्याय 2 के अनुसार जो माता पिता अपने बालक को द्विज बनाना चाहते हों वे उसका मुण्डन पहले या तीसरे साल में करवा लें. उसके बाद उसका उपनयन संस्कार करवा लें. उपनयन संस्कार का साधारण भाषा में अर्थ है जनेऊ धारण करना.

  इसके नियम थे :

  1. जो माता पिता चाहें कि उनका बालक ब्राह्मण बने तो गर्भ से आठवें वर्ष में उपनयन संस्कार करवा लें. अगर जल्दी हो तो पांचवें साल में करवा सकते हैं.
  2. जो माता पिता चाहें कि उनका बालक क्षत्रिय बने तो गर्भ से ग्याहरवें वर्ष में उपनयन संस्कार करवा लें.
  3. जो माता पिता चाहें कि उनका बालक वैश्य बने तो गर्भ से बाहरवे वर्ष में उपनयन संस्कार करवा लें.
  4. जिनका उपनयन नहीं होता वे अद्विज यानि शूद्र रह जाते हैं. वे चाहे किसी भी वर्ण के क्यों न हों. अतः सम्भव है कि शूद्रों ने भी अपने बालकों को द्विज बनाया हो.
  5. जो व्यक्ति जिस वर्ण में दीक्षा दिलाना चाहे वह इन तीनों में किसी भी वर्ण में प्रवेश ले सकता है. पुनः शिक्षा दीक्षा के बाद आचार्य अन्तिम रूप से उसके वर्ण का निश्चय करता है. (121—123)

- उपरोक्त पैरा 4 में जो बात कही गई है वैसा ही कुछ महाभारत के लेखक ने कर्ण के मुख से कहलवाया है. उसके अनुसार गंधार से लेकर केरल तक शूद्रों से अन्य स्त्रियों द्वारा उत्पन्न अधम ब्राह्मण वहां रहते हैं. (कर्ण 44,45) अतः **महाभारत के अनुसार पूरे भारत में शूद्र मर्दों द्वारा पैदा किये गये ब्राह्मण रह रहे हैं** लेकिन क्योंकि वे शूद्र पिता की औलाद हैं इसलिये अधम ब्राह्मण हैं. शायद यही कारण है कि सभी ब्राह्मण अपने कुल को दूसरे ब्राह्मण कुल से उच्चतर बताता है.
- कर्ण यह भी कहता है कि कुछ प्रदेशों में मनुष्य पहले ब्राह्मण बनता है फिर क्षत्रिय वैश्य शूद्र और अंत में नापित (अछूत) बन जाता है तथ फिर पुनः ब्राह्मण बन जाता है. (कर्ण.44) (राज 53) अतः जिस समय आदमी जिस वर्ण में होता था उसके बच्चे वही वर्ण अपनाते थे. राजवाड़े के अनुसार पूर्व काल में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र आपस में वर्ण बदलते थे. (पृ. 19)
- हरिवंश (32) के अनुसार एक ही भार्गव वंश में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र का जन्म हुआ. (समु 1.4)
- राजवाड़े के अनुसार वशिष्ठ और ऋष्यश्रृंग दोनों ही कश्यप व द्रोण की तरह अशुद्ध योनि थे परन्तु उन्हें बड़े होकर बाप का वर्ण मिला. ये सभी ब्राह्मण ऋषि वेश्याओं के समागम से पैदा हुए. वेश्या की रक्त शुद्धता पर टिप्पणी करना बेमानी होगा.
- ब्राह्मण कहे जाने वाले व्यास में ब्राह्मण पराशर के साथ साथ निषाद सत्यवती का रक्त भी था.
- वशिष्ठ का पुत्र सुकाली है. वह शूद्रों का पितर है. पुलस्त्य का पुत्र आज्यपा है जो क्षत्रियों का पितर है. (मनु 3.198)
- अलबरूनी के समय तक यानि 1100 ई स्वी तक वैश्य और शूद्रों में विशेष अंतर नहीं था. उनमें रोटी बेटी का रिश्ता था. (पृ.) शायद यही कारण है कि आज बनियों और दलितों के बहुत से गोत्र मिलते हैं.
- कौटिल्य का अर्थशास्त्र पढ़ कर ऐसा लगता है कि पहली सदी के आसपास पूरा आर्यवर्त वेश्यावृति से ओतप्रोत था. उनके गर्भ से जन्में बच्चे राजा तक बने. अप्सराएं भी वेश्यायें ही होती थीं. उनके गर्भ से अनेकों ब्राह्मण ऋषि पैदा हुए हैं. वेश्या के गर्भ से पैदा बच्चे का बाप कौन है कोई नहीं बता सकता. ऐसे बच्चे बाद में ब्राह्मण बने और ब्राह्मण कुल को आगे बढ़ाया.
- पराशर ब्राह्मण भृगु का पोता था. (दृग स्पर्श 64) सभी जानते हैं कि पराशर ने केवट कन्या सत्यवती से व्यास को पैदा किया था. अतः ब्राह्मणों की रगों में केवट अथवा निषादों का खून भी दौड़ रहा है.
- सत्यकाम जाबालि वेश्या का पुत्र था जो बड़ा होकर ब्राह्मण बना. उसकी रगों में किस वर्ण का खून दौड़ रहा था उसकी माँ भी नहीं बता पाई. वह ऋषि बना. अतः पता नहीं उसने कितनी ब्राह्मण कन्याओं को वीर्यदान दिया होगा.

- कौटिल्य का अर्थशास्त्र पढ़ कर लगता है कि उस समय पूरे आर्य समाज की स्त्रियां वेश्यावृति करने को मजबूर थीं. अतः कोई भी भारतीय शुद्ध रक्त की बात कर ही नहीं सकता.

11.3 ब्राह्मणों की शांति प्रियता यानि रक्त पिपासा

ब्राह्मण अपने धर्म को अहिंसावादी प्रचारित करने में कोई कसर नहीं छोड़ते. वे अपने धर्म को विश्व का सबसें बड़ा शांति प्रिय धर्म बताते नहीं थकते. लेकिन उनकी शांति प्रियता बिल्कुल वैसी ही है जैसे ड्रैकूला (पिशाच) को लोगों का खून पीकर शांति मिलती है. ब्राह्मण ग्रन्थ उनके देवों भगवानों हीरो हिरोइनों द्वारा किये गए काले कारनामों सें भरे पड़े हैं जहां उन्होंने शांति के नाम पर मासूमों और निर्दोषों का खून बहाया. चाहे यह कारनामे और उन्हें करने वाले सभी पात्र काल्पनिक हैं लेकिन ऐसे किस्से यह जरूर दर्शाते हैं कि उन्हें रचने वाले ब्राह्मणों की मानसिकता कैसी है.

- यही कारण है कि उनका कोई भी देवता देवी भगवान हीरो हिरोइन बिना हथियारों के नहीं है. कईयों के तो आठ आठ हाथ बनाये गये हैं और सभी हाथों में हथियार हैं
- उनके जितने भी देवता देवी भगवान हीरो हिरोइन हुए हैं उन्होंने विरोधियों के साथ धोखा छल कपट किया और उन्हे मौत के घट उतार दिया. ऐसा शायद कभी हुआ ही नहीं कि उनके किसी देवता देवी भगवान हीरो हिरोइन ने आमने सामने की लड़ाई में विरोधी को हराया हो.
- उनके तमाम देवता देवी भगवान हीरो हिरोइन ने मात्र और मात्र ब्राह्मणों के हित के लिये हत्यायें कीं. उन्होंने कभी किसी को इसलिये नहीं मारा कि उसने आम जनता को तंग किया था. ब्राह्मणों के भगवान तो विप्र और उनकी गाय को बचाने ही आते थे.
- उनका कोई देवता देवी भगवान हीरो हिरोइन ऐसा नहीं है जिसने भोले भाले पशुओं का शिकार न किया हो.
- उनके ऋषियों के आश्रम हथियारों के अड्डे होते थे. जैसे आजकल आतंकवादियों के ट्रेनिंग कैम्प होते हैं वैसे ही इन ऋषि अड्डों पर ब्राह्मण विरोधियों को कत्ल करने की ट्रेनिंग दी जाती थी. इन ऋषि अड्डों पर हथियारों की ट्रेनिंग लेकर कोई भी आम आदमी के भले के लिये नहीं लड़ा. सब आतेकवादियों की तरह मात्र अपने आकाओं के लिये लड़े मरे. अगर ऋषि संत होते थे तो वे हथियार क्यों रखते थे? संत तो कबीर और रैदास भी हुए हैं उन्होंने तो कभी कोई हथियार नहीं रखा जबकि गुरू रैदास की तो ब्राह्मणों ने पीट पीट कर हत्या कर दी थी.
- ब्राह्मणों और उनके देवता देवी भगवान हीरो हिरोइनों का कोई भी यज्ञ बिना माँस के नहीं होता था. हर यज्ञ में सैंकड़ों हजारों निरीह प्राणी काटे जाते थे. इस बारे में विस्तार सें चर्चा अध्याय "यज्ञ" में की जा चुकी है.
- ब्राह्मण न केवल शांति प्रिय होने का दावा करते हैं बल्कि सहिष्णु (मिलजुल कर रहने वाले) होने का दावा भी करते हैं जबकि सच्चाई यह है कि उन्होंने अपने विरोधियों का बेरहमी सें दलन किया है. उदाहरणतः

14. जैनों ने अहिंसा का प्रचार किया जिससें ब्राह्मणों के हिंसामयी यज्ञ बंद हो गये लेकिन जैसे ही जैन धर्म कमजोर पड़ा उन्होंने पूरे वहशीपन सें बदला लिया. ब्राह्मणवादी रामानुज के कहने पर राजा विष्णुवर्धन ने हजारों जैनों को जीवित तेल की घाणी में पिसवा दिया. महेंद्र वर्मन ने जैन मंदिर तुड़वा कर वहां शिव मंदिर बनवाये. तंजौर के मंदिरों में आज भी ऐसे चित्र मौजूद हैं जहां जैनों को सूली पर चढ़ाया गया. (समु 1.6)

15. ब्राह्मण राजा शशांक ने बुद्ध विहार नष्ट किये. बोधि वृक्ष उखाड़ा और बोद्धों को कत्लेआम किया. (समु 1.6)

16. सिद्धांतों और नैतिकता के संघर्ष में बुद्ध धर्म के सामने ब्राह्मणवाद टिक नहीं सका. अतः मौर्य काल में भारत सें उसका सफाया हो गया था लेकिन ब्राह्मणों ने अपनी साम दाम दण्ड की नीति अपनाते हुए महाराज वृहदर्थ का धोखे सें क्त्ल कर दिया और सत्ता पर कब्जा कर लिया. ब्राह्मण पुष्यमित्र राजा बन गया और फिर उसने बौद्धों के खून सें वहशियाना होली खेली. बोधि वृक्ष जला दिया गया. भारत में बसने वाले सभी भिक्षु कत्ल कर दिये गये. गृहस्थ बौद्धों को या तो ब्राह्मणवाद अपनाना पड़ा या फिर वे भी उस दरिंदे की तलवार का शिकार हुए. लोग घर बार छोड़ कर जंगलों में जाकर छिप गये. आज के आदिवासी उन्हीं बौद्धों की सन्तान हैं. उसने हर बौद्ध भिक्षु के सिर के बदले में 100 दीनार इनाम दिये.

17. जिन लोगों ने उस समय ब्राह्मणवादियों के आगे आत्मसमर्पण कर दिया उन्हें ब्राह्मणों ने अछूत करार देकर सेवा करने के लिये रख लिया. **आज भी भारत में इन अछूतों की संख्या अमरीका इंगलैंड की जनसंख्या सें भी अधिक है. आज भी इन लोगों को मंदिरों में घुसने नहीं दिया जाता. उनके दूल्हे को घोड़ी पर नहीं बैठने दिया जाता. उन में सें कोई यह सोच भी नहीं सकता कि वह खाने पीने की चीजों**

की दुकान खोल ले. ऐसे मिल जुल कर रहने वाले हैं ब्राह्मण !! पिछले 2000 साल सें दलित इन ब्राह्मणों द्वारा पीसे जा रहे हैं.

18. ऋग्वेद व अन्य ब्राह्मण ग्रन्थ ऐसी प्रार्थनाओं सें भरे पड़े हैं जहां उन्होंने उन लोगों को मार देने की बात कही है जो ब्राह्मणवादी नहीं हैं अथवा जो यज्ञ नहीं करते, जो दारू नहीं पीते, अथवा जो उनके भगवानों को अपना भगवान नहीं मानते अथवा जो दूसरे धर्म को मानते हैं. (ऋग 10.22.8) यह सिर्फ प्रार्थनाएं ही नहीं हैं बल्कि वास्तविकतायें हैं. इनके भगवानों ने लाखों लोगों को मारा है जो इनके धर्म के नहीं थे. हनुमान द्वारा लंका जला कर तथा कृष्ण द्वारा खांडव वन जला कर गैर–ब्राह्मण धर्मियों को जिंदा जला दिया गया.
19. संकराचारय अपने साथ राजा सुन्धवा की सेना लेकर चलता था. जो भी उससें बहस करने का साहस करता था सेनिक उसे वहीं कत्ल कर देती थे. स्कंदगुप्त की तरह सुन्धवा ने भी ऐलान करवा दिया था कि रामेश्वर सें हिमालय तक सभी बौद्धों को मार डालो. और जो उन्हें मारने में हिचके उसे भी मार डालो!! (समु 1.6) भारत सें बुद्ध धर्म संकराचारय के तर्क सें नहीं मिटा बल्कि सुन्धवा की सेना के दमन सें मिटा है.
20. औरों की तो छोड़ो, ब्राह्मणों ने तो अपने जातिभाई दयानन्द को जहर देकर मार डाला क्योंकि उसने राम और अन्य अवतारों को ढोंग बताया था. भागवत को झूठा कहा था. उसने गैर ब्राह्मणों को शुद्ध करके ब्राह्मण बनाने की गुस्ताखी की थी. **दयानंद ने तो सिख जैन बौद्ध मुस्लमान इसाई सभी धर्मों की बुराई की थी मगर कोई भी सिख जैन बौद्ध मुस्लमान इसाई उसे मारने पर उतारू नहीं हुआ. उसे मारा तो केवल सहिष्णु होने का दावा करने वाले ब्राह्मणों ने.** खैर जहां उन्होंने लाखों दूसरे मारे एक ब्राह्मण भी मार दिया तो क्या अंतर पड़ गया!! रोजी रोटी दक्षिणा पर आंच नहीं आनी चाहिए बस!!
21. सीधा धर्म के लिये न सही फिर भी गांधी को मारने वाला भी सनातनी "सहिष्णु" ब्राह्मण ही था.
22. ब्राह्मण परशु राम तो इतना अधिक "सहिष्णु" था कि उसने क्षत्राणियों के पेट फाड़ कर उनमें पल रहे बच्चे तक काट डाले!!
23. गीता का कहना है कि जो कृष्ण को भगवान नहीं मानते वे पापी और मूर्ख हैं. (7.15) ऐसे लोगों को उनका भगवान नीच योनियों में फैंकता है. (16.19) सहिष्णु भगवान!!!
24. जैसे चोर दंडनीय (मौत की सजा) है वैसे ही बौद्ध दंडनीय (मारने योग्य) है. (अयोध्या कांड 109.34)

-

11.4

अध्याय 12

ब्राह्मण पूजक महान घोषित किये गये चाहे.......

पांडवः पांडव विशेष कर युधिष्ठर ब्राह्मणों का पूजक था. सो महाकुकर्मी होते हुए भी ब्राह्मणों ने उसे धर्मराज घोषित कर दिया. वर्ना एक ही स्त्री को पाँच भाईयों की भोग्या बना डालने वाले पांडवों जैसे कुलकलंकी झूठे और अन्यायी मिलने दुर्लभ हैं. दुर्योधन ने ब्राह्मणों की जातिवाद के विरूद्ध आवाज उठाई अतः वह दुष्ट घोषित कर दिया गया. अगर पाँडवों द्वारा राज्य में हिस्सा मांगने की मांग जायज होती तो परिवार में सें कोई तो उनके साथ लगता. उनका दादा भीष्म, मामा मद्र नरेश शल्य तक ने कौरवों का साथ दिया. अगर कृष्ण कपट षडयंत्र का मार्ग न अपनाता तो पाँडव यह लड़ाई कभी नहीं जीत पाते.
वैसे जिस हस्तिनापुर के लिए वे लड़े मरे वह इतनीक बड़ी थी कि **गंगा** ? की एक बाढ़ में बह गई और आज तक उसका नामो निशान तक नहीं मिला. (इंडियाःअर्ली हिस्ट्री 17)

12.1 गांधी : दोगला

20.09.05 गांधी के गोधर्म चरित्र पर अध्याय 5 में लिखा जा चुका है. उसके जैसा धूर्त कभी कभार ही पैदा होता है.

उसने लोगों सें भाषण दिया कि लक्ष्य सें साधन अधिक महत्वपूर्ण होते हैं. Means justify the ends. अर्थात यह महत्वपूर्ण नहीं है कि आप क्या प्राप्त करना चाहते हैं बल्कि यह महत्वपूर्ण है कि आप अपने लक्ष्य को कैसे प्राप्त करना चाहते हैं. उसने सारी उम्र लोगों को इसी बात का भाषण दिया कि गलत ढंग सें सही लक्ष्य की प्राप्ति नहीं करनी चाहिए. लेकिन साथ में विष्णु का गुणगान भी किया. विष्णु मानव इतिहास में पहला व्यक्ति था जिसने अपना काम साधने के लिए "स्त्री" का प्रयोग किया. मोहिनी बन कर अमृत हथिआया तथा वृंदा सें बलात्कार करके सम्राट जालंधर की हत्या की.

अतः गांधी बातें तो नैतिकता की करता रहा लेकिन असलीयत में गुण्डों को पूजता रहा. राम ने अपना काम निकालने के लिये विभीषण को गद्दी का लालच दिया. उसने महात्मा रावण सें गद्दारी की. लोग आज भी उसे गद्दार ही मानते हैं. उसके नाम सें भी नफरत करते हैं. गांधी ने नारा तो दिया Means justify the ends लेकिन सारी उम्र पूजा उनकी की जो अपना काम साधने के लिये नीच सें नीच साधन अपनाते रहे. वह स्वयं भी अपने बताये मार्ग पर नहीं चला. जब सरदार भगत सिंह जैसे देशभक्तों ने अंग्रेजों की ईंट का जवाब पत्थर सें दिया तो गांधी बोला मैं हिंसा सें आजादी प्राप्त करने के खिलाफ हूँ. इसलिए भगत सिंह जैसे हिंसावादी लोग फांसी पर चढ़ने ही चाहिए. लेकिन उसी गांधी ने स्वयं गांव गांव घूम कर भारतीय नौजवानों को विश्व युद्ध के समय अंग्रेजी सेना के लिए भर्ती किया.

गांधी राम की तरह था. राम रहा तो वन में लेकिन दासियां साथ ले गया. वैसे ही गांधी था. रेलगाड़ी के थर्ड क्लास डिब्बे में सफर करता था मगर पूरे डिब्बे में अकेला होता था. उसके साथ होते या होती थीं उसके निजि सहायक सहायिकायें. पूरे डिब्बे में उसके लिए खादी के गद्दे बिछाये जाते थे. ऐसा कभी नहीं हुआ कि गांधी ने कभी थर्ड क्लास के डिब्बे में लटक कर सफर किया हो और न ही कभी ऐसा हुआ कि उसने अपने थर्ड क्लास के डिब्बे में किसी आम आदमी को घुसने दिया हो. ऐसा दोगला था गांधी.

प्रचार किया जाता है कि गांधी ने भारत को आजाद करा दिया लेकिन सच्चाई यह हैं कि दूसरे विश्वयुद्ध के बाद सें अंग्रेजी सेना में काम कर रहे भारतीय बगावत पर उतारू हो रहे थे क्योंकि उन्हें अंग्रेजों के लिए भारत सें बाहर जाकर भी अपने प्राण गंवाने पड़े थे लेकिन बदले में उन्हें वह सम्मान और मुआवजा नहीं मिला जो एक सैनिक को मिलना चाहिए था. अतः भारत को अपने कब्जे में रखने के लिए अंग्रेजों को मात्र अंग्रेज सैनिकों पर ही विश्वास रह गया था और भारत जैसे विशाल देश के लिए केवल गोरों की सेना बनाना उनके लिए संभव नहीं था. अब उनके पास मंगल पांडे जैसे स्वामी भक्तों की कमी हो चली थी.

गांधी के बारे में प्रचार किया जाता है कि देश को आजाद कराने के लिए उसने साईमन कमीशन का विरोध किया था लेकिन असलियत यह है कि गांधी की लाख मिन्नतों के बावजूद उसकी कांग्रेस पार्टी का कोई आदमी इस कमीशन में शामिल नहीं किया गया था. लाजपत राय भी इसलिए मारा गया क्योंकि उसके पीछे इतनी भीड़ इक्कठी हो गई थी कि उसे पीछे हटने की जगह ही नहीं मिली. (धरती है बलिदान की 90)

23 मार्च को भारत के तीन सपूतों भगत सिंह राजगुरू और सुखदेव को फांसी पर लटकाया गया और दो दिन बाद ही गांधी ने इरविन के साथ समझोता करके कराची अधिवेशन में जश्न मनाया. प्रो. बसंत सिंह के अनुसार गांधी ने सरदार भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव की फांसी की सजा को जल्द पूर्ण करवा दिया.

गांधी का ब्रह्मचर्य : गांधी अपने देवों की तरह था. गैर पत्नियों सें सैक्स के तजुरबे करता था. गांधी न केवल औरतों के साथ वास करता था बल्कि नंगे होकर अपनी मालिश करवाता था. अपनी पत्नि को तो माँ कहता था. अन्य लड़कियों को नंगी करके अपने साथ सुलाता था.

अतः बाबा साहिब अम्बेडकर ने सही कहा है कि अगर "महात्मा" ऐसे आदमी को कहा जा सकता है जिसके बगल में छुरी और मूंह में राम हो तो गांधी सचमुच महात्मा है.

12.2 शिवाजी : लुटेरा

12.3 अकबर : जंवाई

1562 में जयपुर के राजपूत राजा बिहारी लाल ने अकबर को अपनी बेटी दे दी. उसी के अन्य वंशज मानसिंह और भगवान दास अकबर के लिए शिकार फांसते थे. मारवाड़, बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर के राजपूत राजाओं ने भी अकबर को अपनी बहन बेटियां भेंट कीं. ऐसे थे बहादुर वीर राजपूत! केवल मरे हुओं को मारने वाले!! निरीह शूद्रों पर जुल्म ढाने वाले!!!

क्षत्रिय कब बहादुरी सें लड़े? किस के विरूद्ध लड़े? भारत के इतिहास में एक भी उदाहरण नहीं है! ब्राह्मणों ने मात्र दक्षिणा लेने के लिए क्षत्रियों और राजपूतों के दरबार में उनकी स्तुति गाई. बस और कुछ नहीं! अगर यह बहादुरी या अणख सें लड़ने वाले होते तो तो अपनी बहन बेटियां विदेशी विधर्मी और अपवित्र मलेच्छ राजा अकबर को क्यों देते? अकबर को अपनी बेटियां भेंट करते हुए वे गीता में कृष्ण का दिया उपदेश भी भूल गए कि स्वधर्म सबसें अच्छा होता है. औरंगजेब सच्चा राजा था. अतः उसने किसी सें किसी की भी बेटी नहीं ली वर्ना उसके राज्य में भी ऐसे "बहादुर" राजपूतों की कमी न थी!!

ले देकर एक राणा प्रताप बचता है जिसने अकबर सें रिश्तेदारी नहीं बनाई. वह भी सारी उम्र उससें डर अरावली की कंदराओं में छिपा रहा. एक बार हल्दी घाटी के मैदान में उसका सामना अकबर की सेनाओं सें हो गया. नतीजा यह हुआ कि वह डर कर मैदान सें भाग लिया. अकबर की सेनिक उसके पीछे दौड़े. तब उसने अपना घोड़ा चेतक इतनी तेजी सें भगाया और तब तक भगाया जब तक कि घोड़ा थक कर मर नहीं गया.

ऐसे बहादुर होते थे राजपूत!!

12.4 पेशवा : अंग्रेजों के पिठू

मराठों के पेशवा अंग्रेजों के पिठू थे. ब्राह्मण पेशवाओं में आर्यों की यह प्रथा प्रचलित थी कि वे घर आये मेहमान को रात को अपनी बीवी सौंप देते थे. (राज.110) पता नहीं कितनी बार अंग्रेज उनके रात को मेहमान बन कर रुके होंगे. जब ऐसे लोगों को सिंहासन मिलता हो तो वे कुछ भी कर सकते थे. उनके पूर्वज ब्राह्मण ऋषि गौतम ने भी घर आए अतिथि शंबर को अपनी पत्नि रात को सौंप दी थी. (शांति पर्व 168) सनातन धर्म! सनातन रीत!

अध्याय 13

अगर उन्होंने आज ऐसा किया होता तो..........................

ब्राह्मण ऋषियों और उनके देवों भगवानों ने अत्याधिक कुकर्म किये हैं. अगर उन्होंने यह काम आज किये होते तो उनका अंजाम कुछ इस प्रकार सें होताः

नाम	अपराध	धारा	सजा
ब्रह्मा	1. अपनी बेटी और पोतियों सें बलत्कार 2. अपनी बच्चियों सें कुकर्म	376	7 साल की कैद की सजा साल कैद की सजा
विष्णु	महारानी वृंदा सें बलात्कार, आत्महत्या के लिए मजबूर करना	376 302	7 साल की कैद की सजा उम्र कैद या फांसी
राम	बालि की कुनियोजित हत्या	302	सजा ए मौत अथवा उम्र कैद
राम	सन्त शम्बूक ही हत्या	304	सजा ए मौत. क्योंकि तब वह बालि हत्या में कम सें कम उम्र कैद काट रहा होता.
राम	सीता को मरने के लिए जंगल में फिकवाना		इरादा कत्ल के लिए साल की सजा
लक्ष्मण	सीता को मारने के लिये राम का साथ देना	20, 32	जो सजा राम को वही लक्ष्मण को
लक्ष्मण	शरूपनखा के कान और नाक काटना		
विभांडक	मृगी सें अप्राकृतिक संभोग		
ऋष्यश्रृंग	कौशल्या, सुमित्रा एवं कैकेयी सें व्यभिचार		

युधिष्ठर	जूआ खेलना		
	द्रोपदी को जूए के दांव पर लगाना		
	भाईयों को जूए के दांव पर लगाना		
कृष्ण	मामी राधा सें व्यभिचार		
	बहन सें अवैध यौन सम्बंध		
	राधा के पति को नपुंसक करना		
	अर्जुन को गीता में अपने विरोधियों को मारने के लिये उकसाना		
	कुब्जा सें व्यभिचार		
	विवाहित गोपियों सें व्यभिचार		
वामन	साजिश करके धोखे सें महात्मा बलि की हत्या	302	फांसी अथवा मौत की सजा या सारी उम्र जेल में चक्की पीसने की सजा

अध्याय 14

तो समाधान क्या है!

समाधान है फिर सें अपने भगवन बुद्ध की शरण में जाना. वह बुद्ध जिन्होंने 2500 साल पहले कहा था पूजा पाठ करना, कर्म कांड करना धर्म नहीं हैं. धर्म का अर्थ है नैतिक आचरण. वह व्यवहार करना जो तुम चाहते हो कि दूसरे तुमसें करें बस यही धर्म है. आत्मा परमात्मा धर्म नहीं है. किसी दुखी की आत्मा शांत करना धर्म है. यज्ञ में घी, लकड़ी जलाना, मन्त्र जाप करना और पशुओं की बलि देना धर्म नहीं है. धर्म है ऐसा घी, लकड़ी जरूरतमंदों को देने में, मन्त्रों की बजाए आपस में शुभ वचन बोलने में धर्म है. यज्ञ में हिंसा धर्म नहीं है जीवन में अहिंसा ही धर्म है.

1. ब्राह्मणों के चंगुल सें इस धर्म को मुक्त किया जाये. कोई भी हिन्दू खुली प्रतियोग्यता सें पुजारी बन सकता है यह नियम हो.
2. सब भारतीयों का केवल एक शब्द का नाम हो. जाति का दुमछल्ला लिखना अपराध हो.
3. जितने भी धर्म ग्रन्थ है जिनमें जातिवाद को धर्म बताया गया है उन्हें जला दिया जाये.
4. जितने भी धर्म ग्रन्थ हैं जिनमें पशु बलि को धर्म बताया गया है उन्हें जला दिया जाये.
5. जितने भी धर्म ग्रन्थ हैं जिनमें व्यभिचार को धर्म बताया गया है उन्हें जला दिया जाये.
6. जितने भी धर्म ग्रन्थ हैं जिनमें अत्याचारियों को भगवान और उनके कुकृत्यों को धर्म बताया गया है उन्हें जला दिया जाये.
7. समस्त ऐसे भगवान जिन्होंने अनाचार अथवा कदाचार किया है उनकी मूर्तियां तोड़ कर सड़कों पर बिछा दी जायें.
8. नैतिकता के पुजारी सन्तों (कबीर, रैदास, बुल्लेशाह आदि) को राष्ट्र पुरुष घोषित किया जाये. समस्त भारतीय कानून उनकी वाणी के आधार पर बनाये जायें. समस्त भारतीय कानूनों को अंग्रेजी व ब्राह्मणिक प्रभाव सें मुक्त किया जाये.

1. मैं ब्रह्मा, विष्णु और महेश में विश्वास नहीं रखूंगा और न ही उनमें सें किसी की पूजा करूंगा.
2. मैं राम अथवा कृष्ण में विश्वास नहीं रखूंगा जिसको भगवान का अवतार बताया जाता है. और न ही उनमें सें किसी की पूजा करूंगा.
3. मैं गौरी गणपति अथवा किसी भी हिन्दू देवी देवता में आस्था नहीं रखूंगा और न ही उनमें सें किसी की पूजा करूंगा.
4. मैं भगवान के अवतार लेने की बात पर विश्वास नहीं करता हूँ.
5. मैंने कभी भी इस पर विश्वास नहीं किया और न ही कभी करूंगा कि भगवन बुद्ध कभी विष्णु के अवतार हो सकते हैं. मेरा मानना है कि ऐसी बातें कहने वाले धूर्त अथवा पागल हैं.
6. मैं कभी श्राद्ध नहीं करूंगा और न ही कभी पिण्डदान करूंगा.
7. मैं कभी ऐसा काम नहीं करूंगा जो भगवन बुद्ध की शिक्षाओं अथवा उनके आदर्शों के विपरीत हैं.
8. मैं कभी कोई संस्कार ब्राह्मण सें नही करवाउंगा.
9. मैं सब को एक समान मानूंगा.
10. मैं सब में समानता स्थापित करने की कोशिश करूंगा.
11. मैं अपनी दिनचर्या भगवन बुद्ध के अष्टांगिक मार्ग के अनुरूप बनाऊंगा.
12. मैं अपनी भगवन बुद्ध द्वारा स्थापित पारमिताओं का अनुसरण करूंगा.
13. मैं सब जीवों के प्रति करुणा और प्यार की भावना रखूंगा तथा उनकी रक्षा करूंगा.
14. मैं चोरी नहीं करूंगा.
15. मैं झूठ नहीं बोलूंगा.

16. मैं व्यभिचार नहीं करूंगा.
17. मैं कोई नशा नहीं करूंगा.
18. मैं अष्टांगिक मार्ग, दयाभाव और करूणा को अपनी दिनचर्या बनाऊंगा तथा अपना सारा जीवन उनके अनुरूप ही व्यतीत करूंगा.
19. मैं ब्राह्मणवाद का त्याग करता हूँ जो कि मानवता के लिये खतरा है क्यों कि यह असमानता पर आधारित है तथा मानव की प्रगति में बाधा है. मैं बुद्ध की शरण में जाता हूँ.
20. मैं दृढ़ता सें विश्वास करता हूँ कि मात्र बुद्धधर्म ही सच्चा धर्म है.
21. मैं मानता हूँ कि भगवन बुद्ध की शरण में आने सें मेरा नया जन्म हुआ है.
22. मैं पवित्रता सें सौगंध खाकर प्रतिज्ञा करता हूँ कि अब सें भगवन बुद्ध द्वारा बताये नियमों और सिद्धातों के अनूरूप अपना जीवन व्यतीती करूंगा.

Dr.B.R.Ambedkar prescribed 22 vows to his followers during the historic religious conversion to Buddhism on 15 October 1956 at DeeksÈ Bhoomi, Nagpur in India. The conversion to Buddhism by 800,000 people was historic because it was the largest religious conversion, the world Ès ever witnessed. He prescribed these oaths so tÈt there may be complete severance of bond with Hinduism. These 22 vows struck a blow at the roots of Hindu beliefs and practices. These vows could serve as a bulwark to protect Buddhism from confusion and contradictions. These vows could liberate converts from superstitions, wasteful and meaningless rituals, which Ève led to pauperisation of masses and enrichment of upper castes of Hindus.

The famous 22 vows are:

1. I sÈll Ève no faith in Brahma, Vishnu and Mahesh nor sÈll I worship them.
2. I sÈll Ève no faith in Rama and Krishna who are believed to be incarnation of God nor sÈll I worship them.
3. I sÈll Ève no faith in "Gauri", Ganapati and other gods and goddesses of Hindus nor sÈll I worship them.
4. I do not believe in the incarnation of God.
5. I do not and sÈll not believe tÈt Lord BuddÈ was the incarnation of Vishnu. I believe this to be sheer madness and false propaganda.
6. I sÈll not perform "ShraddÈ" nor sÈll I give "pind-dan".
7. I sÈll not act in a manner violating the principles and teachings of the BuddÈ.
8. I sÈll not allow any ceremonies to be performed by Brahmins.
9. I sÈll believe in the equality of man.
10. I sÈll endeavour to establish equality.
11. I sÈll follow the "**noble eightfold path**" of the BuddÈ.
12. I sÈll follow the "**paramitas**" prescribed by the BuddÈ.
13. I sÈll Ève compassion and loving kindness for all living beings and protect them.
14. I sÈll not steal.
15. I sÈll not tell lies.
16. I sÈll not commit carnal sins.
17. I sÈll not take intoxicants like liquor, drugs etc.
18. I sÈll endeavour to follow the noble eightfold path and practise compassion and loving kindness in every day life.
19. I renounce Hinduism which is Èrmful for humanity and impedes the advancement and development of humanity because it is based on inequality, and adopt Buddhism as my religion.
20. I firmly believe the DÈmma of the BuddÈ is the only true religion.
21. I believe tÈt I am Èving a re-birth.
22. I solemnly declare and affirm tÈt I sÈll hereafter lead my life according to the principles and teachings of the BuddÈ and his DÈmma.

आज 15 अगस्त 2006 है आज यह पुस्तक 200 पेज तक पहुंच गई है. आज अप्सरा सें नोट करने का कार्य सम्पन्न हुआ. कुलदीप 15.08.2006 समय 18.24

11. रैदास कबीर ने संतोश, शील का उपदेश दिया. वे बोले :

साधु भूखा भाव का, धन का भुखा नाहिं !
धन का भूखा जो फिरै सो तो साधु नाहिं!!

कोई भी ब्राह्मण ग्रन्थ, देवी, देवता, ऋषि शील संतोश की शिक्षा नहीं देता. इस बात के प्रमाण इसी पुस्तक में अनेकों स्थानों पर दिए गए हैं.

12. कबीर रैदास कहते हैं : एक जोत सें सब जग उत्पना, कौन बामण कौन सुदा!! इसके विपरीत ब्राह्मणवादी ऋग्वेद, मनु स्मृति कहते है कि ब्राह्मण मुख सें तो शूद्र पैर सें जन्में हैं. इस कारण बामण बड़े तो शूद्र छोटे हैं.

13. कबीर रैदास बुद्ध के वंशज थे श्रमण संस्कृति के महान सपूत थे वे! हर प्रकार के झूठ पाखण्ड का पर्दाफाश करने वाले. इसके विपरीत रामानन्द जैसे ब्राह्मण मात्र धोखाधड़ी फरेब सें धन कमाने वाले!! इसी कारण सन्त पीपा को कहना पड़ा :

जो कलि में कबीर ना होते, तो वेद अर कलियुग मिल भगती करि रसातल देते'

काजी कथै कतेब कुराणा, पंडित सवारथी वेद पुराणा
वो अच्छर तो लखा ना जाइ, मात्रा लगे ना काना!!

अर्थात काजी कहता है कि परमात्मा कुराण में हैं, स्वार्थी ब्राह्मण कहता है कि वेद पुराणों में है लेकिन परमात्मा जिस स्थान पर रहता है उस स्थान को न तो देखा जा सकता है और उस स्थान के नाम के साथ कोई मात्रा भी नहीं लगती. अर्थात परमात्मा मन हरेक के मन में बसता है.

1.2.4 **शब्दावली** : असुर, राक्षस, दैत्य, देव, किन्नर, गंधर्व, यक्ष, दानव, अप्सरा, इन्द्र,गणिका, नियोग, गोधर्म, साम–दाम, यज्ञ, मेध, गौमेध, अश्वमेध, नरमेध, हवि, यज्ञशेश, आश्रम, अवतार, चार आश्रम, चार युग, चार लक्ष्य, श्राद्ध, उपनिषद, गायत्री

असुर : असुर का अर्थ है प्राणवान, बलवान, सामर्थ्यवान. वह व्यक्ति जो सुरा नहीं पीता. ऋग्वेद (8.96.9) में असुर शब्द देवताओं के लिए भी प्रयोग हुआ है. मय और तारक नामक असुरों ने मिश्र के महल और पिरामिड बनाये थे. असुर राजा सरगन ने 2650 ईसा पूर्व यानि 4650 साल पहले अपने पूरे राज्य में सड़कें बनवाई थीं. (वैदिक संस्कृति 57) भगवन वाल्मिकी ने असुर की परिभाषा देते हुए कहा है वे लोग असुर हैं जो शराब नहीं पीते. देव शराब पीकर खुश होते हैं, हल्ला करते हैं तथा तगड़े होते हैं. (कांड सर्ग 45)

ब्रह्मज्ञान : कौशीतकी उपनिषद (3.1) के अनुसार जो आदमी ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर लेता है उसे मातृहत्या, पितृहत्या, भ्रूणहत्या का पाप नहीं लगता. उसे कोई पाप नहीं सताता. **उसके मन में चाहे पाप हो लेकिन उसके चेहरे पर नहीं झलकता.** (समु 206) माना जाता है कि बच्चे भगवान का रूप होते हैं क्योंकि जो उनके मन में होता है वही उनके चेहरे पर भी झलकता है. अतः अगर कोई आदमी यह हुनर/चालाकी सीख ले कि उसका चेहरा उसके मन के पाप न दिखलाए तो वह ब्रह्मज्ञानी बन जाता है. ठीक ही है जैसा ब्रह्मा वैसे ब्राह्मण, वैसा ही उनका ज्ञान!!

पाणिग्रहण : अथर्व वेद (5.17.8) स्त्री के ब्राह्मण सें अतिरिक्त जो दस पति हैं जब ब्राह्मण उसका हाथ पकड़ ले (पाणिग्रहण कर ले) तो वही उसका "पति" होता है. स्त्री का ब्राह्मण ही असली पति है क्षत्रिय वैश्य नहीं! आज चाहे पाणिग्रहण को शादी के समानार्थ बना दिया गया है लेकिन प्राचीन काल में ब्राह्मण की जब "इच्छा" होती थी, किसी भी स्त्री का हाथ पकड़ लेता था. विवाह के लिए नहीं मात्र वासना पूर्ति के लिए!! उद्दालक, पराशर जैसों के उदाहरणों सें ग्रन्थ भरे पड़े हैं. औरों का तो क्या कहना यहां तक कि भगवान कहे जाने वाले राम की पत्नि सीता ने भी महात्मा रावण को आदर सहित फल मेवे भेंट किए जब उन्होंने ब्राह्मण वेश में उसके स्तनों जांघों की अश्लीलता पूर्ण तारीफ की! सहज कल्पना की जा सकती है कि अगर वह ब्राह्मण वेश में सीता का हाथ पकड़ लेते तो क्या होता!!

इन्हीं पाणिग्रहण मन्त्रों के आधार पर अभी तक नम्बूदरी ब्राह्मण मालाबार और कालीकट में अन्य जातियों की महिलाओं सें पहली सुहागरात व धार्मिक वेश्यावृति का अधिकार मानते आ रहे थे.

व्रात्या : व्रात्या वे लोग थे जिन्होंने आर्य समाज के "खाओ पीओ और ऐश करो" और चार वर्णों वाले नियमों का विरोध किया अतः जिन्हें समाज सें बाहर कर दिया गया. उदाहरणतः जो ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य उपनयन संस्कार क्रमशः अधिकतम सोलह, बाईस तथा चौबीस साल की उम्र तक नहीं कराते थे वह यज्ञोपवीत व्रत सें गिर जाने के कारण **व्रात्या** (जाति सें बाहर) कर दिये जाते थे. उनके साथ किसी भी यज्ञोपवीत धारी द्वारा रोटी बेटी का रिश्ता नहीं बनाया जा सकता. (मनु 2.39)

महाभारत : आरम्भ में व्यास नामक लेखक ने 8800 श्लोकों की एक कहानी लिखी. इस कहानी को ''जय" नाम दिया गया. इसमें कुल इतनी बड़ी कहानी थी कि कौरव पाँडव जूआरी थे. जूए में अपनी धन सम्पत्ति बीवी तक हार गए. अंत में लड़ाई हुई और पूरा खानदान जूए के कारण समाप्त हो गया. फिर वैशम्पायन ने अपनी कहानी इसमें और घुसेड़ दी. श्लोक हो गए 24000. कुछ भारी भी हो गई. सो नाम रख दिया गया ''भारतः" उसके बाद तो जिसका जी किया वह इसमें अपने किस्से जोड़ता गया. कृष्ण गीता सब कुछ जोड़ दिया गया. किताब बहुत अधिक भारी हो गई सो नाम रख दिया गया महा भारतः

देव : ब्राह्मणों ने ठगी के अनेकों काम किए. उनमें एक काम "देव" समुदाय के लोगों को ''देवता" बनाना भी शामिल है. जैसे आज के समय में सरदार अथवा गोरखा समुदाय के लोग लड़ाके और वीर माने जाते हैं वैसे ही पुराने समय में देव समुदाय के लोग ताकतवर माने जाते थे. वे आम आदमी की तरह ही आदमी होते थे. जैसे आम धारणा है कि जाट बनिये सें ज्यादा तगड़ा होता है वैसे ही उस समय में आर्य यह धारणा रखते थे कि देव उनसें तगड़े हैं.

पंजाब हरियाणा राजस्थान की लगती सीमाओं पर एक समुदाय के लोग रहते हैं. अभी कुछ साल पहले तक उनमें तगड़े स्वस्थ बच्चे पैदा करने के लिए एक ''गोधा'' परम्परा प्रचलित थी. इस परम्परा के तहत वे अपने इलाके में एक हट्टे कट्टे युवक को चुन लेते थे. उसे गोधा अर्थात सांड कहा जाता था. वह उनके समुदाय के किसी भी परिवार की वधु के साथ मैथुन कर सकता था. बल्कि वे लोग चाहते भी थे कि गोधा उनके घर में आए और उनके जो पुत्र पैदा हो वह उसके जैसा तगड़ा पैदा हो. यह परम्परा बहुत ज्यादा पुरानी नहीं है. आज भी वे लोग जिन्दा हैं जो गोधा रह चुके हैं तथा वे लोग भी जिन्दा हैं जो गोधा द्वारा उत्पन हैं.

ऐसे ही प्राचीन काल में देव होते थे. आर्य लोग उनसें पुत्र पैदा करवाने में गौरव महसूस करते थे. गोधा परम्परा और देव परम्परा में अन्तर यह रह गया कि जहां गोधा परम्परा में अन्त तक पवित्रता बनी रही, देवों ने इसे व्यभिचार का रूप दे दिया. इन देवों ने ब्राह्मणों के साथ मिल कर वासना का वह नंगा नाच रचा कि किसी की बहन बेटी सुरक्षित नहीं रही. यहां तक कि केसरी की पत्नि और हनुमान की माँ अँजनि भी स्वयं को देव पवन की वासना का शिकार होने सें बचा नहीं पाई. आर्यों की हर लडकी पर देवों का अधिकार मान लिया गया. आर्यों की हर लड़की शादी सें पहले तक तीन देवों की हवस वासना का शिकार हो चुकी होती थी. अक्सर वह "पुत्र सहित" पति को शादी में दी जाती थी.

गंधर्व : गंधर्व आर्यों में सबसें ऐयाश लोगों समुदाय था. इनमें रिश्तों की नैतिकता नाम मात्र भी नहीं होती थी. स्त्री पुरुष कभी भी किसी के साथ सम्बंध बना लेते थे. बच्चे पैदा हो जाएं तो फैंक का आगे बढ़ जाते थे. (आदि 8) (राज.45)

ऋत्विक : यज्ञ करने वाला ब्राह्मण. ऋत्विक केवल ब्राह्मण ही हो सकता था. (मनु 2.118)

अप्सरा : आप्टे के अनुसार अप्सरा का अर्थ है 'स्वर्वेश्या' अर्थात स्वर्ग की वेश्या. यह इन्द्र के दरबार की रक्कासा होती थीं.

द्रुपद : द्रोपदी का सगा भाई तथा द्रोण का दोस्त था. राजा बन गया तो द्रोण को भूल गया. द्रोण ने सहायता मांगी द्रुपद ने नहीं की. दोनों में लड़ाई हुई. द्रुपद हार गया. अतः उसने यज्ञ किया जहां धृश्टधुमन पैदा हुआ. धृश्टधुमन ने महाभारत की लड़ाई में द्रोण का सिर काट दिया. आर्य गुण्डों की तरह लड़ते थे.
वास्तव में आर्यों के समाज में स्वयंवर में जीती गई औरत की हैसीयत ही इतनी होती थी द्रोपदी सब भाईयों की भोग्या बनी तो सीता को जंगल में फैंक दिया गया.

अग : वेण के पिता अग ने अपनी बहन सुनीता को पत्नि बना कर घर में रखा. (समु 1/50)
व्यास जब जनमेजय की सभा में गया तो तो उसे मधुपर्क के लिए गाय दी गई लेकिन उसने गाय को मारा नहीं. महाभारत में गाय अवध्य मानी जानी लगी थी. (आदि.60) (राज. 142) लेकिन बुद्ध काल तक गाय खाना आम बात थी. अतः महाभारत बुद्ध के बाद की रचना है.

उदाहरण के तौर पर किसी भी ब्राह्मण ग्रन्थ में ऐसी किसी घटना का वर्णन नहीं है जहां किसी ब्राह्मणधर्मी विधवा का दोबारा घर बसाया गया हो लेकिन अनार्यों में ऐसी बातें आम थीं. तारा मन्दोदरी की उदाहरणें हमारे सामने हैं. अतः आज जो हम विधवा का दोबारा घर बसाते हैं यह ब्राह्मणधर्म की रीत नहीं है. यह हमारे उन पूर्वजों की रीत है जिन्हें ब्राह्मण नीच राक्षस और पता नहीं क्या कुछ कहते हैं. इस प्रकार हिन्दू वे लोग बन गए जो आचरण तो रक्ष संस्कृति वाला करते हैं मगर कर्मकांड ब्राह्मणधर्म वाले करते हैं.